जैन-सिद्धान्त-भास्कर

भाग १३ किरण १

THE JAINA ANTIQUARY

Vol. XII. No. I.

Edited by

Prof. Hiralal Jain, M. A., LL.B.
Prof. A. N. Upadhye, M. A., D Litt.
B. Kamata Prasad Jain, M. R. A. S., D. L.
Pt. K. Bhujabali Shastri, Vidyabhushana.
Pt. Nemi Chandra Jain Shastri, Sahityaratna.

PUBLISHED AT

THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY
(JAINA SIDDHANTA BHAVANA)
ARRAH, BIHAR, INDIA.

Inland Rs. 3. Foreign 4s. 8d. Single Copy Rs. 1/8.

JULY, 1946.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन-पुरातत्त्व-सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

भाग १३ | श्रावण | किरण १

सम्पादक

प्रोफेसर हीरालाल जैन, एम. ए., एल-एल. बी., डी. लिट्.
प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये, एम.ए., डी. लिट्.
बाबू कामता प्रसाद जैन, एम. आर. ए. एस., डी. एल.
पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण.
पं० नेमिचन्द्र जैन शास्त्री, साहित्यरत्न.

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ३) | विदेश में ३।) | एक प्रति का १।।)

सन् १९४६ ई०

विषय-सूची।

श्रीजिनाय नमः

जैन सिद्धान्त-भास्कर

जैनपुरातत्त्व और इतिहास-विषयक षाण्मासिक पत्र

भाग १३ | जुलाई, १९४६ । श्रावण, वीर नि० सं० २४७२ | किरण १

गोम्मटेश प्रतिष्ठापक

[ले०—श्रीयुत प्रो० गो० खुशालजैन एम० ए०, साहित्याचार्य, आदि]

दीपक की लौपर प्राण निछावर करने वाला पतंग ही दीपक की उपेक्षा नहीं करता है, अपितु मनुष्य इस प्रवृत्ति में उससे बहुत आगे बढ़ा हुआ है। वह संसार के अनेक सुकृत्यों से लाभ उठाता है किन्तु उनके कर्त्ताओं की कभी भूले भटके भी चर्चा नहीं करता है। यही कारण है कि हम वीरता के अवतार पुरुनन्दन बाहुबलि की मूर्ति को देखते ही उसकी प्रशान्त नासादृष्टि, संसार की उपेक्षा के द्योतक ओष्ठ तथा सकल विघ्न बाधाओं और कष्टों को चुनौती देने वाले विशाल वक्षस्थल तथा भुजदण्डों पर मुग्ध हो जाते हैं। मूर्ति के गुण गाते है, मूर्तिमान के जीवन को स्मरण करके अपने जीवन की अनेक गुत्थियों को सुलझाते हैं। किन्तु भूलकर भी उस मातृभक्त, जिनशासन प्रभावक तथा महा कर्त्तव्य परायण मंत्रिवर चामुण्डराय का स्मरण नहीं करते है, जिसके अनन्य मातृस्नेह और अडिग जिन भक्ति का मधुर मिश्रण श्रवणबेलगोलास्थ १००८ बाहुबलि (गोम्मटेश) का रूप धारण करके उसे युग युग तक अमर बनाये हैं।

<u>स्थान</u>—महीसूर (मैसूर) ईसा की चौथी शती के लगभग वर्तमान मैसूर राज्य महीसूर नाम से ख्यात था। इसी शती में इस देश में दोदिग कोङ्गनीवर्मन ने आचार्य सिंहनन्दिकी[1] सहायता से अपनी राजसत्ता जमायी थी। यद्यपि इस वंश के शिलालेख कोङ्गनीवर्मन को सूर्यवंशी और चन्द्रवंशी कहते हैं तथा इसी आधार पर इतिहासज्ञ इनके इक्ष्वाकुवंशी होने का भी भी अनुमान करते हैं तथापि यह निश्चित है कि यह वंश उत्तर भारत में गंगा के आसपास के किसी स्थान से दक्षिण भारत गया था। क्योंकि इनकी छत्रछाया में आते ही महीसूर देश

1. मैसूर-मद्रास प्रा० जै० स्मा० पृ० १४६-७।

गंगवाडी नाम से ख्यात हुआ। शिलालेखों से यह स्पष्ट है कि इस वंश के स्थापन,[1] परिवर्द्धन और संरक्षण में जैनियों का पर्याप्त हाथ रहा है। वंश प्रतिष्ठापक कोङ्गनीवर्मन महाराज आचार्य सिंहनन्दि के आशीर्वाद के साथ ही सिंहासन पर बैठे थे[2]। इस वंश के लिये ८ वीं और ९ वीं शती दुर्भाग्य के दिन थे। इस अन्तराल में वेङ्गी के चालुक्यों तथा मालखेड के राष्ट्रकूटों के आक्रमणों से राज्य ही ध्वस्त नही हुआ था अपितु गंगराजाओं को विजेताओं का बन्दी बनकर रहना पड़ा था। राजमल्ल प्रथम ने वंश की प्रतिष्ठा बढ़ाने का प्रयत्न किया था किन्तु राष्ट्रकूटों के मारे उनकी एक भी न चली थी। किन्तु महाराज मारसिंह द्वितीय के राज्यकाल में हम देखते हैं कि इस वंश ने चेर, चोल, पाण्ड्य तथा नोलम्बवाड़ी पर विजय पायी थी[3]। जब हम इस परिवर्तन के कारणों की खोज करते हैं तो हमारी दृष्टि वीरकेशरी चामुण्डराय पर पड़ती है।

वंश तथा समय—अपने चामुण्डराय पुराण की उत्थानिका में चामुण्डराय अपने को जगत् पवित्र ब्रह्मक्षत्रिय वंश में उत्पन्न हुआ[4] कहते हैं। श्रवण बेलगोलाके शिलालेख[5] भी इसी बात की पुष्टि करते हैं। उन्होंने अपने माता पिता का भी नाम से निर्देश नहीं किया है; बाहुबली चरित्र में इनकी माता का उल्लेख कालिका देवी के नाम से मिलता है। इसी प्रकार उनकी जन्म तिथि का भी कोई उल्लेख नहीं मिलता है। इतना निश्चित है कि इनके पिता तथा पूर्वज गंगवंश के श्रद्धाभाजन राज्याधिकारी[6] रहे होंगे इनका जीवन काफी लम्बा था। वे महाराज मारसिंह तथा राजमल्ल द्वितीय के प्रधान मंत्री थे। अर्थात् ९६५ ई० से ९९६ ई० तक चामुण्डराय गृहस्थाश्रम में ही थे और पूर्णरूप से राज्यभार सम्हाले थे।

शिक्षादीक्षा—जैन साहित्य चामुण्डराय को जन्मना जैन बताता है। ऐसा होना सर्वथा संभव भी है, क्योंकि शिलालेखों से इनकी माता का जैनी होना निर्विवाद रूपसे सिद्ध है[7]। तथापि आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती के "सो अजियसेणणाहो जस्स गुरू[8]" निर्देश ने इतिहासकारों को ऐसी कल्पना करने के लिए प्रलुब्ध किया है कि आचार्य अजितसेन ने उन्हें जिन धर्म में दीक्षित किया था। वास्तविकता यह है कि आचार्य अजितसेन चामुण्डराय के

१ "गंगराज्य माडिद्...," ए० कर्ना० प्र० शि० सं० ११०

२. स्वस्तिश्रीमत्कोंगुणिधर्मवर्ममहाधिराजप्रथम गंगस्य...। ए० कर्ना० पृ० ३

३. श्रवणबेलगोला के शिलालेख भूमिका पृ० १८ शि० सं० १८, ए० इ० प्र० ५ शि० १८।

४. "जगत्पवित्र ब्रह्मक्षत्रिय वंशभागे ·" चा० पु० पृ० ५।

५. श्रव० शि० पृ० ८५, ए० कर्ना० पृ० २ शि० सं० २८१।

६. एम० वी० कृष्णराव रचित ताळकाडका गंगवंश (मद्रास)

७. जैन शि० संग्र० प्र० २३-२८।

८. गोम्मटसार कर्मकाण्ड गाथा सं० ९६१।

दीक्षा (व्रतादिके) गुरू थे। मंत्रिवर चामुण्डराय की शिक्षा के बाबत इतना निर्विवाद है कि उन्होंने आचार्य अजितसेन से सब गुणों को ग्रहण किया था[1]। तथा आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती ने भी इन्हें शिक्षा दी थी[2]। वे अपनी मातृभाषा कन्नड में ही पारंगत न थे अपितु उनका संस्कृत तथा प्राकृत का पाण्डित्य भी प्रगाढ़ था जैसा कि इन भाषाओं में उपलब्ध उनकी कृतियों से स्पष्ट है।

कुटुम्ब—ऊपर देख चुके हैं कि इनकी माता पुण्यश्लोका कालिकादेवी थीं। चामुण्डराय को अपनी माता से कितना स्नेह था इसका अनुमान केवल इसी एक घटना से लगाया जा सकता है कि वे अपनी माता की दर्शनेच्छा को पूर्ण करने के लिये वन, वन घूमे और अन्त में श्री १००८ बाहुबलि स्वामी की मूर्ति को पाकर ही रहे। इनकी श्रीमती अजिता देवी थी। इस परम धार्मिक दम्पती को एक पुत्र रत्न भी प्राप्त हुआ था। जो अपनी योग्यताओं के कारण यथार्थनाम देवन था।

विजय—वीरवर चामुण्डराय के सैनिक जीवन का प्रारम्भ बड़ा साधारण था। किन्तु गुणों के पारखी महाराज मारसिंह द्वितीय ने एक युद्धयात्रा में ही यह देख लिया था कि यदि गंगवंश की प्रतिष्ठा का संरक्षण और संवर्द्धन भावी है तो वह युवक चामुण्डराय की तलवार से ही होगा। श्रवण बेलगोला के शिलालेखों[3] तथा चामुण्डराय[4] पुराण के प्रारम्भ तथा अन्तिम अध्याय में चामुण्डराय ने अपनी विविध उपाधियों का निर्देश ही नहीं किया है अपितु वे किस, किस उपलक्ष्य में उन्हें प्राप्त हुई थीं इसका भी वर्णन किया है:—

१ समरधुरन्धर—खेडग युद्ध में अपने स्वामी तथा इन्द्र (चतुर्थ, पौत्र कृष्ण तृ०)[5] की आज्ञा से पाताल मल्ल के भाई वाजलदेव को हराने पर वे समरधुरन्धर की उपाधि से भूषित हुए थे।

२ वीरमार्तण्ड—नोलम्बबाडी (गोन्दुर) का युद्ध ऐसा दारुण था कि इस विजय के बाद महाराज ने स्वयं 'नोलम्ब कुलान्तक' विशेषण अपने नाममें जोड़ा था तथा सेनापति चामुण्डराय को 'वीरमार्तण्ड' पद से भूषित किया था।

३ रणरंगसिंह—उच्छङ्गी के किले पर डाले गये सफल घेरेके कारण उन्हें यह उपाधि प्राप्त हुई थी।

---

१. गोम्मटसार जीवकाण्ड गाथा सं० ७३३।
२. गोम्मटसार कर्मकाण्ड गाथा सं० ९६७।
३. 'त्यागद्ब्रह्मदेव स्तम्भ शिलालेख' श्र० शि० पृ० ३४, ८५।
४. चामुण्डराय पुराण (कर्ना० साहित्य परिषद् बैङ्गलूर)
५. ए० इ० पृ० ५ शि० सं० १८।

४ वैरीकुल कालदण्ड—जिस समय त्रिभुवनवीर के पराक्रम के कारण गोविन्दराज को बागलूर गढ़ का जीतना असंभव हो गया था, तब वीरवर चामुण्डराय ने शत्रु के रणकौशल को ही व्यर्थ न किया था अपितु उसे यमलोक भेजकर गोविन्द को सुख से गढ़ में प्रवेश कराकर यह पदवी पायी थी।

५ भुज विक्रम—सामन्तराज काम के गढ़ में जिस समय चामुण्डराय ने राजा को हराया था उस समय गंगराज सभा में वे 'भुजविक्रम' पद से सम्मानित किये गये थे।

६ चलवङ्कगङ्ग—इसी सामन्त के छोटे भाई नागवर्म को मारकर उन्होंने इस उपाधि को प्राप्त किया था।

७ जिस समय वे विद्रोही गंगभट मुदु राचय्य की इहलीला समाप्त करके लौटे थे उस समय राजसभा ने उनका 'समर परशुराम' तथा 'प्रतिपक्ष राक्षस' कहकर अभिनन्दन किया था।

८ इसी प्रकार किसी विद्रोही सेनापति वीर के किले को मिट्टी में मिला देने पर वे 'भटमारि' नाम से सम्बोधित हुए थे।

चामुण्डराय की ये विजयें कवि की कल्पना ही नहीं हैं। वे उस समय पैदा हुए थे जब राष्ट्रकूटों और चालुक्यों की प्रतिद्वन्द्विता तथा शक्ति के क्षणिक ह्रास के कारण दक्षिण भारत साहसी सेनानायकों की महत्वाकांक्षा की पूर्ति में साधक हो रहा था। अतएव चामुण्डराय ऐसे स्वामिभक्त, कर्त्तव्यपरायण तथा निःस्वार्थ सेनापति को अनेक युद्ध करने पड़े तथा अपने नैतिक बल और रणकौशल के कारण सदा विजयी हुए तो इसमें आश्चर्य ही क्या है।

चामुण्डराय की विजयों के वर्णन को देखकर ऐसा लगता है कि वे कोई कर्कश सेनापति रहे होंगे किन्तु उनकी अन्य उपाधियाँ हमारी संभावना को निराधार कर देती हैं:—

९ वे अपनी पवित्रता, उदारता, आदि विशेषताओं के कारण 'सम्यक्त्वरत्नाकर', परस्त्री तथा परसम्पत्ति को न छूने के कारण 'शौचाभरण' सदा सत्य बोलने के कारण सत्य-युधिष्ठिर, स्वयं स्थिर रहने तथा दूसरों का स्थितिकरण करने के कारण 'गुणवङ्काव' तथा वीरों के अग्रणी होने से 'सुभट चूडामणि' नामों से गंग राजसभा में ख्यात थे।

नैतिक राजनीतिज्ञ—उपर्युक्त विजयवर्णन तथा गुणशालिता से स्पष्ट है कि गंगवंश की प्रतिष्ठा तथा राज्य को चामुण्डराय ने ही बचाया था। उनके प्रभाव तथा प्रसिद्धि के सामने गंग राजाओं का व्यक्तित्व फीका पड़ गया था। वे वास्तविक शासक होते हुए भी वादिराज के सत्यंधर या शेक्सपियर के डंकन थे किन्तु जिनधर्मपरायण चामुण्डराय के मन में कभी काष्ठाङ्गार और मैकबैथ बनने की कल्पना भी न आयी थी। पाश्चात्य इतिहासकार[1] चामुण्डराय के आत्म-उत्सर्ग को देखकर दंग रह जाते हैं। उनके लिये चामुण्डराय को

१. तालकाडका गंगवंश पृ० १११।

नैतिकता 'भयंकर आश्चर्यजनक' है। उनका उदात्त जीवन इस बातका साक्षी है कि किस प्रकार नैतिक पुरुष महा राजनीतिज्ञ भी हो सकता है। गंगवंश तथा राष्ट्रकूटों की प्रतिद्वन्द्विता ऐतिहासिक तथ्य है। किन्तु नीतिज्ञ चामुण्डराय ने दोनों वंशों के बीच संधि करादी थी[1]। परिणाम यह हुआ कि थोड़े ही समय में गंगराज विद्रोहियों से ही शून्य न हुआ अपितु उसकी सीमाएं और प्रभाव भी विस्तृत हो गया था।

साहित्यकार—अधिकतर यही देखा जाता है कि योद्धा तथा राजनीतिज्ञ संसार को ललित कलाओं से अछूते ही रह जाते हैं, किन्तु चामुण्डराय इसके अपवाद हैं। उन्होंने अपने समकालीन समस्त विद्वानों को प्रश्रय दिया था तथा स्वयं भी साहित्य की रचना की थी। उनकी प्रथम प्रवृत्ति का ही फल था जो महाकवि रन्न सुललित काव्य गदायुद्ध को लिखकर ख्यात हो सके, और चालुक्य महाराज तैलप (९७३, ९९७ ई०) की राजसभा में भी सम्मानित हुए थे। महाकवि पम्प को भी राय का अभिभावकत्व प्राप्त था। जिसमें रहकर उन्होंने आदि पुराण, शवरभीमविजय, आदि अमर कृतियों को जन्म दिया था। कवि शिरोमणि नागवर्मने छन्दोम्बुधि की रचना तथा कादम्बरी का अनुवाद इसी राज सभा में किया था।

आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती, अजितसेन तथा माधवचन्द्र त्रैविद्य तो चामुण्डराय की सभा के भूषण ही न थे अपितु उनके गुरू भी थे। इन तीनों आचार्यों की समस्त कृतियों का आविर्भाव वीरमार्तण्डकी तत्त्वबुभुत्सा को ही शान्त करने के लिये हुआ था। इस प्रकार चामुण्डराय के कारण ही आगम के दुरूह अंगों को देशी लौकिक साहित्य का रूप प्राप्त हुआ था।

संस्कृत तथा प्राकृत के विद्वान होने के कारण चामुण्डराय ने स्वयं भी सैद्धान्तिक तथा काव्यात्मक विषयों पर अपनी लेखनी सफलतापूर्वक चलायी है उनका चरित्रसार ग्रन्थ आज भी उनके सैद्धान्तिक पाण्डित्य को सिद्ध करने के लिये पर्याप्त है। कर्मकाण्ड पर लिखी गयी देशी टीका[2] तो स्पष्ट ही बतलाती है कि धर्म शास्त्र के रूक्ष से रूक्ष विषयों को उन्होंने किस प्रकार हृदयंगम किया था। यही कारण है कि नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती ऐसे वीतराग पुरुष को भी "सो राओ गोम्मटो जयउ।" कहकर उनका स्मरण करना पड़ा। उनका *'त्रिषष्ठि लक्षण पुराण'* चामुण्डराय पुराण नाम से अधिक ख्यात है। *यह ग्रन्थ कन्नड़ गद्यका* सबसे प्रथम ग्रन्थ है। यद्यपि कवि परम्परा से आगत लेखक के प्रसाद और माधुर्य की झलक इस ग्रन्थ में पर्याप्त है तो भी स्पष्ट है कि यह कृति सर्व साधारण के उपदेश के लिये रची गयी थी। यद्यपि इसमें पम्प का उपयुक्त शब्द-अर्थ चयन, रन्नका लालित्य तथा बाण

१. जै० शि० सं० पृ० ७१।

२. गोम्मटसार कर्मकाण्ड गाथा सं० ९७२।

का शब्द-अर्थ माधुर्य नहीं है तो भी इसका अपना सौष्ठव निराला ही है। इसमें जातक कथा की सी झलक मिलती है।

धर्मप्रभावना—शिला लेख 'स्थिर जिन शासनोद्धरणरादियोलोर'[1] कहकर चामुण्डराय का उल्लेख करते हैं। विन्ध्यगिरि और चन्द्रगिरि साधारणतया गंगवंशी राजा, और उनके धर्मगुरुओं के, तथा विशेप रूपसे चामुण्डराय के स्मारक हैं। आचार्य नेमिचन्द्रजी ने अपने कर्मकाण्ड की प्रशस्ति में "गोम्मटराय विणिम्मिय दक्खिण कुक्कड जिणो, पडिमावयणं, वज्जयणं जिणभवणं, तथा जेणुब्भिय थंभु।"[2] करके उनकी मंगल कामना की है। इसमें सन्देह नहीं कि 'प्रतिमा का मुख', वज्रमय ईषत्प्राग्भार मन्दिर अथवा स्तंभ. इनमें से एक, एक भी उनको अमर बनाये रहने के लिये पर्याप्त हैं। फिर 'दक्षिणकुक्कट' जिनका तो कहना ही क्या है। उनके वाम पार्श्व में उल्लिखित "श्री चामुण्डराजेम···कर वियले।" मराठी शिलालेख तथा दक्षिण पार्श्व में अंकित "श्री चामुण्डराजम् माड़िसिदम्।" आदि कनारी तथा तामिल शिलालेखों[3] ने उन्हें संसार के अष्टम आश्चर्य का निर्मापक[4] बना दिया है। इस मूर्त्ति की प्रतिष्ठा कराके ही उन्हे 'राय' पदवी प्राप्त हुई थी। संग्राम विजय मे प्राप्त समस्त उपाधियां धर्मविजय के उपलक्ष में मिली इस राय पदवी के सामने स्वयं ही फीकी पड़ गयी थी। यही कारण है कि उनके धर्मगुरुओं ने उन्हें 'राओ' करके ही स्मरण किया है। आज भी जब पर्याप्त समय तक गोम्मटेश के नयन, ओष्ठ, वक्षस्थल तथा पुष्ट भुजदण्डों में उत्तर कर चक्षु चरण-चञ्चरीक हो जाते हैं, तब शिलालेखों पर दृष्टि पड़ते ही युद्ध तथा धर्मवीर गोम्मटेश प्रतिष्ठापक चामुण्डराय के अविकल जीवन को जानने के लिये अन्तस्तल आकुल हो उठता है।

---

१. श्र० शिलालेख शि० सं० १३७।

२. गोम्मटसार कर्मकाण्ड गाथा सं० ९६८, ६९, ७०, ७१।

३. दुरश-तीन महान जैनमूर्ति शिलालेख ए० इ० प्र० ७ पृष्ठ १०८, ९।

४. इम्पीरियल गज़ेटियर ऑफ इण्डिया पृ० १२१।

चन्दवार या चन्द्रपाठ

[ले०—श्रीयुत् पं० जगन्नाथ तिवारी]

जैन संस्कृति के अभी अनेकों स्थान अन्वेषकों की बाट जोह रहे हैं। यदि अन्वेषण किया जाय तो बहुत-से स्थानों का राजनैतिक एवं धार्मिक आदि विभिन्न दृष्टियों से बड़ा महत्व प्रकट होगा। अनेक जैन राजाओं ने विभिन्न स्थानों पर राज्य किया तथा जैन संस्कृति के मूर्त्तरूप जिनालय एवं जिन-प्रतिमाएँ स्थापित की हैं। दक्षिण भारत के जैन शासकों के अतिरिक्त उत्तर भारत में भी कई जैन शासक हुए हैं, जिन्होंने जैनधर्म के प्रचार के लिये जी-जान से प्रयत्न किया है। आज भी इतिहास उनकी गुण गाथा पुकार-पुकार कर बतला रहा है।

प्रस्तुत चन्दवार जैन शासकों की बहुत काल तक राजधानी रहा है। किम्बदन्ती है कि वि० सं० १००० से लेकर वि० सं० १६०० तक के छह सौ वर्ष के काल में दिगम्बर जैनियों का राज्य इस नगर में रहा है। वि० सं० १०५२ में चन्द्रपाल पल्लीवाल दिगम्बर जैन राजा हुआ, जिसका दीवान रामसिंह हारुल था। इन प्रतापी राजा चन्द्रपाल के नाम से ही इस नगर का नाम चन्दवार या चन्द्रपाठ पड़ा है। किम्बदन्ती यह भी सुनी जाती कि इससे पहले इस नगर का नाम असाइखेरा था। किम्बदन्ती[1] के इस कथन का समर्थन हिन्दी विश्वकोश में भी हो जाता है। विश्वकोश में चन्द्रपाल के सम्बन्ध में लिखा है कि "चन्द्रपाल—इटावा अञ्चल के एक राजा का नाम। यह असाइखेरा नामक दुर्ग के प्रतिष्ठाता थे।"

चन्दवार फिरोजाबाद से करीब ४ मील के फासिले पर जिला आगरे का एक छोटा सा कस्बा है। श्री० ब्र० शीतलप्रसाद जी ने "युक्त प्रान्तीय जैन स्मारकों में चन्द्रपाठ को एक एतिहासिक स्थान बतलाया है। वास्तव में यह स्थान जैन इतिहास में गौरव पूर्ण है, राजा चन्द्रपाल ने राज्य प्राप्त करने के बाद १०५३ में प्रतिष्ठा कराई तथा इनके द्वारा निर्मापित एक फुट अवगाहना की स्फटिक मणि की चन्द्रप्रभु भगवान की प्रतिमा फिरोजाबाद के मन्दिर में अब भी विराजमान है।

चन्द्रपाल राजा का दीवान रामसिंह हारुल जो लम्बकाञ्चुक अर्थात् लमेचू दि० जैन था, उसने वि० सं० १०५३ और वि० सं० १०५६ में कई प्रतिष्ठाएँ कराई हैं। चन्दवार के जैन मन्दिर में इनके द्वारा प्रतिष्ठित मूर्त्तियाँ आज भी वर्त्तमान हैं। जिनके मूर्त्ति लेख निम्न प्रकार हैं—

देशी पाषाण की बादामी रंग की तीन फुट की मूर्त्ति—सं० १०५६ अगहन सुदी ५ गुरौ तिथौ रमाद्य कान्त्यावलि कनकदेवः सुतः कोकः निर्मापितः।

२ देशी पाषाण की बादामी रंग की पौने तीन फुट की मूर्त्ति—<u>सं० १०५३ बैसाख सुदी ३ रामसिंघ हारुल</u>...

---

१. देखें—हिन्दी विश्वकोश भाग ७ पृ० १७१।

२ देशी पाषाण की बादामी रंग की सवातीन फुट की मूर्त्ति—ॐ मनु ''सं० १०५३ वैसाख सुदी ३ शुभौ मास वक प्रतिमानां माथुर मं प्यनिम्मुनमयः शुभ वंशद ''मवोद कुल वर सुकवि...प्रतिष्ठापितम् ।

चन्द्वार में ५१ जैन प्रतिष्ठाएँ हुई हैं। पन्द्रहवीं और सोलहवीं शताब्दी में भी यह नगर जैन शासकों के आधीन था और वहाँ वि० सं० १४३८ ज्येष्ठ सुदी १५ को जैन प्रतिष्ठा हुई है। फिरोजाबाद के एक छिपैठी मोहल्ला के जैन मन्दिर के निम्न मूर्त्ति-लेख से यह बात स्पष्ट हो जाती है:—

पाषाण की श्यामवर्ण दो फुट की प्रतिमा—"सिद्धि" संवत् १४२८ वर्षे ज्येष्ठ सुदी १५ शुक्रे काष्ठासंघे माथुरान्वये पुष्करगणे प्रतिष्ठाचार्य श्री अनन्तकीर्त्तिदेवा इन्द्र रामचन्द्रानन्दे कंचुकान्वये श्रीचन्द्रपाठदुर्गे निवासिनः राऊत गञो पुत्र महार जा तत्पुत्र राऊत हीतमो तत्पुत्र चुन्नीददेव तद् भार्या भट्टो तयाः पुत्र साधु तउवा सिंघ साधू जी उत्तासी हेम प्रतिष्ठा कारापिता।

इस मूर्त्ति लेख में चन्द्पाठ दुर्ग निवासी महाराज गञो, उनके पुत्र हीतम और उनके पुत्र चुन्नीददेव, इन चुन्नीददेव की स्त्री भट्टो और इन दोनों के पुत्र साधु या साधुसिंह का स्पष्ट उल्लेख है। इससे सिद्ध होता है कि पन्द्रहवीं शताब्दी तक इस नगर के शासक जैन थे।

फिरोजाबाद के मोहल्ला अटावाले जैन मन्दिर के मूर्त्ति लेख से भी वहाँ का महत्त्व प्रकट होता है तथा चन्द्वार की प्राचीनता और उसकी ऐतिहासिकता पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है—

पाषाणमयी सफेद वर्ण की सवाफुट ऊँची प्रतिमा – संवत् १६६९ चैत सुदी १५ दिने शनि सतसहस्रकीर्त्ति श्री मूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कार गणे कुन्दकुन्दाचार्य आम्नाय श्रीरत्न-कीर्त्ति उपदेशात् श्री दिगम्बर अग्रोतकान्वये गर्गगोत्रे सा० श्रीहरलाल मानसिंह···आदि।

इस प्रकार फिरोजाबाद और चन्द्वार के मूर्त्ति लेखों से चन्द्वार के सम्बन्ध में बहुत कुछ मालूम पड़ जाता है। यदि अन्वेषण किया जाय तो संभवतः यहाँ का एक खासा इतिहास तैयार हो जायगा। जैन अन्वेषक विद्वानों से नम्र अनुरोध है कि वे इस दिशा में प्रयत्न करें। आज के युग में वही जाति या समाज जीवित रह सकता है जिसका इतिहास जीवित है, जिसने अपने प्राचीन गौरव का पता लगा लिया है तथा जिसके पास अपना निजी साहित्य है। इतिहास और साहित्य के अभाव में कोई भी संस्कृति पनप नहीं सकती है। जिस प्रकार जैन विद्वानों ने महापुरुषों के इतिहास का निर्माण किया है तथा मूर्त्तिलेख, शिलालेख एवं दानपत्र आदि के द्वारा प्राचीन जैन संस्कृति की छान-बीन की है, उसी प्रकार ऐतिहासिक जैन स्थानों के अन्वेषण की बड़ी भारी आवश्यकता है। इन स्थानों की शोध करने पर अनेक जैन राजा, जैन सामन्त और जैन दीवानों का पता लगेगा।

——०——

विश्व-इतिहास और भूगोल के लिये जैन-साहित्य की महत्ता।

[ले०—श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद जैन, *D. L M. R A. S.*]

विश्व इतिहास से अधुना मानव जाति का इस कल्पकालीन इतिहास अभिप्रेत है और मानव जहाँ २ रहा वहाँ का विवरण विश्वभूगोल का स्थापक है। इन दोनों विषयों में आधुनिक विद्वानों की शोध-प्रक्रिया अभी परिपूर्णता का दावा नहीं कर सकती। विद्वानों ने जैसी जो शोध की, वैसी ही उन्होंने अपनी धारणायें बनाई। एक समय पाश्चात्य विद्वानों को ही शोध क्रिया का सारा श्रेय प्राप्त था—वे ही उस दिशा में एकमात्र कार्य करनेवाले पंडित थे; परन्तु अब समय बदला है। भारत में भी शोध और अन्वेषण कार्य को वैज्ञानिक रीति से करने वाले विद्वान् और संस्थायें दिखती हैं। वे ऐतिहासिक अन्वेषण के लिये सच्चे हृदय से उद्योगशील हैं। किन्तु पाश्चात्य विद्वानों की प्रणाली को ही अपनाये हुए हैं। यह ठीक नहीं है। पाश्चात्य विद्वानों का दृष्टिकोण हम से भिन्न है। पाश्चात्य जगत का इतिहास और भूगोल भारत के इतिहास और भूगोल से समता नहीं रखता। पाश्चात्य विद्वानों ने पहले-पहल विश्व-इतिहास का निर्माण 'बाईबिल' के आधार से किया था, जिसके अनुसार सर्व प्रथम मानव 'आदम' की उत्पत्ति ईसा से ४००४ वर्ष पूर्व प्रमाणित है। उस समय उनकी यह दृढ़ धारणा थी कि उन्हें मानव का इतिहास आदि से लेकर तब तक का पूर्ण ज्ञात है। किन्तु उपरान्त भूगर्भ विद्या, पुरातत्त्व-विद्या आदि विषयों की खोज हुई और उनसे मानव इतिहास की प्राचीनता ४००४ ई० पूर्व से भी प्राचीन सिद्ध हुई। आज ईसा से हजारों वर्षों पहले की घटनाओं का उल्लेख इतिहासकार करते हैं। मिश्र देश के गुम्मट (Pyramids) जहाँ एक ओर ईसा से पाँच हजार वर्ष पहले बने घोषित किये जाते हैं, वहाँ दूसरी ओर शाल्डिया (Chaldea) और मेसोपोटामिया के सांस्कृतिक ध्वंशावशेष छे-सात हजार वर्ष ईस्वी पूर्व के बताये जाते हैं। आज भारतवर्ष में मोहनजोदड़ो, हरप्पा और चन्द्रहल्ली से उपलब्ध हुआ पुरातत्त्व भी ईस्वी पूर्व पांच-छे हजार वर्षों जितना प्राचीन घोषित किया गया है। ऐसी सूरत में पाश्चात्य विद्वानों के मत को सर्वथा निर्भ्रान्त मानकर उसके आधार से शोधकार्य का परिचालन करना खतरे से खाली नहीं कहा जा सकता। पाश्चात्य विद्वानों की विचार-सरणी में बहकर हमें भारतीय मान्यताओं और अनुश्रुतियों को ठुकरा नहीं देना चाहिये। भारतीय साहित्य में पुराणगत-साहित्य एक सीमा तक इतिहास की कोटि में आता है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में पुराण, इतिवृत्त, आख्यायिका, उदाहरण, धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र का समावेश इतिहास में ही किया गया है। ('पुराणमितिवृत्तमाख्यायिकोदाहरणं

धर्म्मशास्त्रमर्थशास्त्रं चेतिहासः ।') किन्तु भारतीय विद्वानों ने पुराणों की कथाओं और धर्म्म-शास्त्रों की बातों को उतना महत्त्व नहीं दिया है, जितना कि देना चाहिये । स्व० जायसवालजी सदृश इने गिने ही भारतीय विद्वान् हैं जिन्होंने भारतीय पुराणों को महत्व दिया है। यह सच है कि हिन्दू पुराणों में विशुद्ध इतिहास ही सवथा नहीं है—उनमें अधिकांश रूपक अलंकृत भाषा के हैं जिनसे अद्भुत घटनाओं और देवी देवताओं का सृजन हुआ है। फिर भी, भारतीय इतिहासकार अनेक आधार से विश्व-इतिहास का निर्माण कर सकता है। भारतीय साहित्य की विशेषता एक बात में निर्विवाद है कि उसमें कोई भी ऐसा कथानक नहीं मिलता जिससे यह सिद्ध हो कि भारत में पहले अनार्य लोग बसते थे और आर्य लोग भारत में बाहर से आये। किन्तु भारतीय विद्वान् पाश्चात्य मान्यता को ही श्रेय देते हैं। प्रस्तुत लेख में हमें जैन साहित्य की महत्ता विश्व-इतिहास के अध्ययन में दृष्टव्य है।

निस्सन्देह जैन साहित्य वैदिक साहित्य से विलक्षण है। जैन पुराणवार्ता इतिहास के अति निकट है। जैन पुराणों में अलंकृत (Pictographic) भाषा में लिखित रूपकों का अभाव है। उनमें आर्य जगत के महापुरुषों का वर्णन ओत-प्रोत है अथवा कर्म सिद्धान्त को स्पष्ट करने के लिये विश्वसनीय दृष्टान्तों का समावेश है। यदि हम अनेक आधार से विश्व-इतिहास का संकलन करने बैठें तो आधुनिक ऐतिहासिक मान्यता का प्रतिरूप-सा ही उनमें मिलेगा। जैन अङ्ग साहित्य में इतिहास और पुराण का समावेश है और वह अङ्ग साहित्य स्वयं भ० महावीर द्वारा ही निरूपित हुआ था। जैनपुराण उस अङ्ग साहित्य के आधार से ही रचे गये हैं। अतएव उनकी आधार परम्परा स्वयं भ० महावीर के समय से ही मानना उपयुक्त है, उनको उपरान्त की स्वतन्त्र रचना मानना भूल भरा है। प्रत्येक जैन पुराणकार ने अपनी कथावार्ता का मूल स्रोत भ० महावीर को बताया है और अपने पूर्वज पुराणकारों का भी उल्लेख किया है। ऐसी सूरत में जैनपुराणगत कथावार्ता का आधार ईस्वी पूर्व ५ वीं ६ ठीं शताब्दी में प्रचलित परम्परा ही माननी पड़ती है। खेद है, जैनों ने साहित्यिक अथवा ऐतिहासिक खोज के लिये कोई भी संगठित उद्योग नहीं किया है। सबही जैनपुराण और कथाग्रन्थ अभी प्रकाश में भी नहीं आये हैं। व्यक्तिगत रूप में इने गिने विद्वानों के किये गये प्रयत्न समुद्र में विन्दु के समान हैं। अतः जैनों का यह प्रथम कर्त्तव्य है कि वे एक संशोधक संस्था की स्थापना कर के शोध-खोज के कार्य को आगे बढ़ावें।

यह निस्संकोच कहा जा सकता है कि जैन-पुराण-साहित्य में मानव जाति के इतिहास विषयक मूलतत्त्व विद्यमान हैं—इस कल्पकालीन मानव की आदिकालीन अवस्था से लेकर आज तक का इतिहास संकलित करने के लिये जैन पुराणों में पर्याप्त सामग्री बिखरी पड़ी है। इस रूप में ही जैन पुराणों की महत्ता आंकने में आती है। इतिहासकारोंसे यह छिपा नहीं

है कि अधुना मानव इतिहास का प्राङ् ऐतिहासिक काल (१) पाषाणयुग, (२) ताम्रयुग और (३) लोहयुग में विभक्त मिलता है। इन तीनों युगों में मानव जीवन सभ्य और सुसंस्कृत नहीं था—मानव प्रकृति का होकर ही जीवन-यापन कर रहा था। क्रमशः उन्नति करके मानव ने सभ्य और सुसंस्कृत जीवन यापन करना सीखा। अब पाठक, आइये जैनपुराणों के कथन को देखिये। जैन पुराण बताते हैं कि पहले इस दक्षिण भारत खंड में भोगभूमि का स्वर्णकाल था। इस क्षेत्र के भोग भूमियाँ मानव सुख से बिना श्रम के कालयापन करते थे। उनके जीवन की आवश्यकतायें कल्पवृक्षों से पूरी हो जाया करती थीं। मानव मानवी युगल आनन्द विभोर हो कालक्षेप करते थे। उनके घर सम्पत्ति नहीं थी; उनमें 'मेरे'—'तेरे' का भेदभाव नहीं था। बस, सन्तति के उत्तराधिकार का उनमें झगड़ा ही न था। भोग-भूमि की यह सुखद दशा क्या प्राकृतिक जीवन (Life according to Nature) का प्रतिरूप नहीं है? पाषाणयुग से लोहयुग तक का मानव प्रकृति के आश्रय में ही तो रह रहा था। उसका न अपना कुछ था और न उसे अपनी सम्पत्ति या सन्तति की फिक्र थी। जैन पुराण बताते हैं कि भोगभूमि की यह सुखद दशा क्रमशः बदली। कल्पवृक्षों का लोप हुआ—मानव को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये श्रम करना आवश्यक हुआ? पसीने की कमाई से मानव को मोह होना स्वाभाविक था। 'मेरा' और 'तेरा' का भेद मानव हृदय में जागृत हुआ। मानव गृहस्थी मांड कर बैठा—'कुलों' में अखण्ड मानव समुदाय खंड-खंड हो बँट गया। व्यक्तिगत संपत्ति का मालिक जो बना था वही अब उसकी पत्नी थी—उसके बच्चे थे। उसके कुटुम्बी थे। कृषि आदि उद्यम उसने किये—कलाओं में वह निष्णात होता गया। चौदह 'कुलकर' अथवा मनु' हुये, जिन्होंने मानव को सभ्य सुसंस्कृत होने योग्य बनाया। आधुनिक इतिहास भी तो यही कहता है कि आधुनिक सभ्यता के आदि धुरंधरों ने विविध उद्यमों और कलाओं का आविष्कार कर मानवों को सभ्यता का पाठ पढ़ाया। पहले तीर्थङ्कर ऋषभदेव ने मानव को कर्मभूमि के योग्य बना दिया। जैन उन्हीं को सभ्यता और संस्कृति का आदि स्रष्टा मानते हैं। इस प्रकार जैन पुराणों में मानव इतिहास के प्रारंभ का विश्वसनीय वर्णन मिलता है। जैन मतानुसार हम प्राङ्—ऐतिहासिक काल को निम्न लिखित युगों में विभक्त कर सकते हैं:—

(१) **भोगभूमि काल**—जिसमें मानव प्राकृतिक सुखी जीवन बिताता था। इस काल के अन्त में मानव इस योग्य बन सका था कि वह सभ्यता का पाठ पढ़ सके। पाषाण युग से लोहयुग तक के मानव को 'भोगभूमियां" कहा जावे तो अतियुक्ति नहीं।

(२) **कर्मभूमि का उदय काल**—जिसमें मानव ने सभ्य होकर असि-मसि-कृषि आदि कर्मों को करना सीखा और वह श्रमपूर्वक जीवन यापन करके सभ्य और संस्कृत हुआ। कर्मभूमि काल के प्रारंभिक अंश को पाँच भागों में बांटना ठीक दिखता है; यथा:—

(१) अहिंसा संस्कृति का अरुणोदय काल—जिसमें मानव ने सभ्यता और संस्कृति का पाठ पढ़ा और अहिंसाधर्म की शिक्षा ऋषभनाथ जी से ली। यह दृष्टव्य है कि ऋषभदेव के अहिंसाधर्म का उपदेश देने के पहले ही मारीचि ने सांख्यमत अहिंसेतर धर्म की घोषणा की थी। किन्तु ऋषभदेव और उनके पुत्र भरत चक्रवर्ती ने अहिंसा धर्म का महती उत्कर्ष किया था। अधुना इतिहासकार पूर्व भारत में (१) श्रमण और (२) ब्राह्मण दो भिन्न विचारधाराओं का उल्लेख करते ही हैं। जैनशास्त्र सारे आर्यखंड में पहले अहिंसा संस्कृति का ही आधिपत्य हुआ बताते हैं।

(२) अहिंसा संस्कृति का अभ्युदयोत्कर्ष-काल—जिसके अन्तर्गत श्री अजित, संभव, अभिनन्दन, सुमति, पद्म, सुपार्श्व, चन्द्रप्रभ, पुष्पदन्त—इन आठ तीर्थङ्करों द्वारा अहिंसा संस्कृति का पूर्ण अभ्युदय हुआ था। अहिंसा का प्रयोग जीवन की प्रत्येक आवश्यकता में सफल सिद्ध किया गया था। मानव अहिंसादेवी की गोद में सुखी रहा था। जैन इतिहासकार विश्व साहित्य का अध्ययन करके इस जैन मान्यता को प्रमाणित करें, यह वाञ्छनीय है।

(३) अहिंसा संस्कृति का अवसान काल दसवें तीर्थङ्कर शीतलनाथ के समय से अहिंसा संस्कृति के सूर्य को पाखंड रूपी राहु ने ग्रस्त कर लिया। अब तक ब्राह्मणवर्ग ब्रह्म में चर्या करता हुआ आत्मानुभूति में आनन्द विभोर था। ब्राह्मण विद्वानों ने आत्मविद्या के ज्ञान से ओत-प्रोत काव्यों को रचा था। उनके काव्यों के रहस्य को जानने वाला समुदाय तब अहिंसासंस्कृति का अनन्य उपासक था। किन्तु शीतलनाथ जी के समय में वह शिथिलाचार का शिकार बना। ऋषि मुण्डशालायन ने परिग्रह-पोट को सिर पर उठाया—हाथी, घोड़ा, कन्या, सुवर्ण आदि का दान लेना उसने स्वीकार किया। अब से एक अन्य विचारधारा बह निकली, जिसमें 'आत्मा' नहीं, परिग्रह को—शरीर पुष्टि और इन्द्रिय-लिप्सा को प्रमुख स्थान मिला। यह विचारधारा ऐसी बलवती हुई कि "आत्मा" की बात लोग भूल से गये—धर्ममार्ग तब निर्जन—सूना सा हुआ। ग्यारहवें तीर्थङ्कर श्रेयांसनाथ के तीर्थ में हम उसकी प्रतिक्रिया हुई देखते हैं। श्रेयांसप्रभु ने अहिंसा संस्कृति का महत्व मानव को यद्यपि बताया, परन्तु मानव तो वासना के मद में मदहोश हो गया था। अभी तक वह मान और लोभ के चंगुल में उतना बुरा नहीं फँसा था, जैसे वह अब फँसा है। इसी समय हम संगठित रूप में प्रलोभन के वशवर्ती हुई मानवीय शक्तियों में घोर संघर्ष होता पाते हैं। भरत और बाहुबलि का अहिंसक युद्ध अहिंसासंस्कृति की विजय का प्रतीक था अरुणोदयकाल में; पर यह तो अहिंसा का अवसानकाल था। इसमें अश्वग्रीव और तृपृष्ठ से हिंसक युद्धों का श्रीगणेश हुआ दिखता है। क्या वह हिंसा-प्रगति का प्रतीक नहीं है? तारा का अपहरण

हिंसक-वासना की जीत का गीत नहीं है क्या? जैन पुराणों में इन सबका इतिहास पढ़िये।

(४) **हिंसक-प्रगति का काल**—श्रेयांसनाथ जी के पश्चात् श्रीमुनिसुव्रतनाथ जी के समय तक ऐसा मालूम होता है कि अहिंसेतर विचारधारा बलवती होती गई थी। बीच में धर्म की रक्षा करने के लिये तीन तीर्थङ्कर अर्थात् शान्ति, कुन्थु और अरह ने चक्रवर्तीपन भी धारण किया था। सारे लोक को दिग्विजय कर के उन्होंने धर्म-साम्राज्य की स्थापना की थी और अहिंसासंस्कृति के पुनरुद्धार का उद्योग किया था। किन्तु अहिंसा और हिंसा के इस संघर्ष में आखिर तीर्थङ्कर मुनिसुव्रतनाथ के तीर्थ में हिंसा ही विजयी होकर निकली। वैदिक ऋचाओं का शब्दार्थ लगाया गया और हिंसक आहुति का विधान हुआ—मांस और सुरा के बिना कोरी कामनी का काययोग वासना की तृप्ति नहीं करता। परिणामतः हिंसक क्रियाकाण्ड और इन्द्रियवासनातृप्ति का बोलबाला हुआ। पर्वत और नारद का संवाद हिंसा और अहिंसा का संघर्ष था—शक्ति ने उसका निबटारा किया। राजा बसु में तब शक्ति केन्द्रीभूत थी। बसु ने जबान हिलाकर हिंसा को सिंहासन पर बैठाया। सत्य-शील-संयम का आसन क्षमाशील पृथ्वीमाता ने अपनी छाती में चीर कर रख लिया। उसकी प्रतिच्छाया क्षीण हुई श्रमण विचारधारा में झलकती रही! "महाभारत" की कथा और "सुत्तनिपात" का वर्णन भी तो यही बताता है कि पहले ब्राह्मणवर्ग अहिंसक-यज्ञ किया करता था, परन्तु उपरान्त वह पशुयज्ञों को करने में संलग्न हुआ। देश में तामसिक पाशविकता का प्राबल्य हुआ। लोक में मूढ़ता फैली। भूत-प्रेतों के भय मे मानव घबड़ाया। पशुबलि देकर उसने उनको प्रसन्न करने का स्वांग रचा। पर्वत जैसे कठोर तामसी जीवों की पाँचों उँगलियाँ घी में हुई। प्रतिष्ठा मिली और वासना की तृप्ति हुई। भूतों और यक्षों के आवास वृक्षों की भी पूजा और मान्यता होने लगी। वैदिक ऋचाओं की आत्मिक मान्यता का रहस्य दृष्टि से ओझल हो गया—उनके शब्दार्थ लगाये गये। इन्द्र, वरुण आदि देवता पूजे जाने लगे। यों प्रकृति की उपासना चल पड़ी। हिंसा खिलखिला कर हँसी, पर श्रमण इससे घबड़ाये नहीं। तीर्थङ्कर नमि और नेमि ने पुनः अहिंसा का झंडा ऊँचा उठाया। उनके समयों में कामिनी-कंचन और मद्य-मांस की वासना में लोक बहा जा रहा था। अहिंसा के इन महारथियों ने समय के उस प्रवाह को एक दम न बहने दिया—वह प्रवाह तितर-बितर हुआ। पुत्र और कामिनी का मोह मानव से छूटने लगा। नेमि ने बाड़े में घिरे पशुओं में बिलबिलाती हुई युगवर्ती घोर हिंसा को देखा था। महाभारत-युद्ध में घटित मानव के नैतिक पतन का अन्यतम दृश्य उनकी आँखों के आगे नाचता था। मानव आत्मा का नहीं, अपने पार्थिव व्यक्तित्व का पुजारी हो रहा था। द्रोण ने अपनी मान-रक्षा के लिये पंचाल के दो

टुकड़े कर डाले। धर्ममूर्ति युधिष्ठिर सती द्रौपदी को जुए में दाँव पर लगा बैठे। यादव सुरा-पान में अपने कुल का नाश कर बैठे। नेमि ने युग-प्रवाह को पलटने के लिये महान् अनुष्ठान किया। पुत्र और पत्नी ही जीवन की सार्थकता के लिए आवश्यक नहीं।[1] राजुल सी कमनीय कामिनी के प्रेम में वह नहीं फंसे। लोकोद्धारक जो थे वह। राजुल भी उनके पदचिन्हों पर चल कर लोक के लिये कल्याणकर्त्री हुईं। मानव समाज में प्रतिक्रिया जन्मी। मानव विचारशील हुआ। भारत में उपनिषदों द्वारा आत्म-विद्या का प्रचार किया गया। भारत के बाहर भी यह प्रतिक्रिया अपना प्रभाव छोड़ गई। पारसी, यहूदी और यूनानी आदि भारतेतर प्राचीन दर्शन और मत प्रारंभ में अहिंसा-संस्कृति के ही पोषक थे। किन्तु उनके धार्मिक विधान अलंकृत-भाषा (Pictographic Language) में उसी तरह लिखे गये थे जैसे वेद काव्यमयी वाणी में गुम्फित थे। यह कोरा अनुमान नहीं है, बल्कि स्वयं उन मतों के पूर्वजों की वैसी मान्यता थी। ईस्वी पूर्व दूसरी-तीसरी शताब्दी में रचे गये 'अरिस्टियस के पत्र' (the Letter of Aristeas) में इस रहस्यमई भाषा का घूंघट उघाड़ा गया है। उसमें स्पष्ट कहा है कि संकेत रूप में आत्मशुद्धि की शिक्षा हमारे पूर्वजों ने दी है और संकेतों का रहस्य भी बताया है।[1] यहूदियों के पवित्र ग्रन्थ 'जोहर' (Zohar) में एक अध्याय "गुप्त रचना" (the Concealed Treatise) शीर्षक का है और उसमें यहूदी संकेतों का रहस्य बताया गया है। उसमें स्पष्ट कहा है कि शब्दार्थ में धर्मग्रंथों के उपदेश और कथावार्त्ता को ग्रहण नहीं करना चाहिये। यूनानी तत्ववेत्ता सिसरो (Cicero) ने लिखा है कि "ऐसे विद्वान् हो चुके हैं जिन्होंने अलङ्कारों में रचनायें कीं कि शायद खुली भाषा में उनके भाव को भ्रष्ट किया जावे।" (There have been those who have written allegorically, Lest open speech should betray them.—The Influence of Greek Ideas & usages on the Christian Church, p. 84) यह सब उल्लेख यही बताते हैं कि प्रारंभ में आत्मज्ञान और अहिंसा संस्कार सारे लोक में व्याप्त थे। गुरुओं ने वह सत्य विज्ञान अपनी मान्यता के लिये अथवा अन्य किसी कारण से अलंकृत भाषा में लिखा। दुर्भाग्यवश एक समय ऐसा आया जिसमें अलंकारों का रहस्य ओझल हो गया और शब्दार्थ में हिंसा का विधान धर्मग्रन्थों के आधार से किये जाने लगा! वासना और पशुता इस काल में खूब थिरकी!

१. नेमि-निर्वाण के उपरान्त हुये ब्राह्मण ऋषि याज्ञवल्क्य हुए। उन्होंने पुरातन वैदिक परम्परा में सुधार उपस्थित किया। अपने "आत्मकाम" में उन्होंने पुत्र और कामिनी के प्रेम के साथ ही परमात्म प्रेम का समावेश किया। किन्तु श्रमण प्रतिक्रिया बलवान थी जिसमें आसुरी व्यवस्था में परमात्म प्रेम ही सर्वोपरि माना गया।

१. Encyclo: of Religion & Ethics. Vol XII, pp. 143-144.

(५) ज्ञान के प्रतिशोध का काल—किन्तु हिंसा का भयावह युग अधिक न चल सका। तीर्थङ्कर नमि-नेमि के उपदेश से प्रतिशोध की भावना लोक में व्याप्त हो गई थी। भारत में श्रमणों के अतिरिक्त ब्राह्मण परम्परा ने भी क्रियाकाण्ड की सार्थकता के लिये शुष्क ज्ञान और योगविद्या को अपनाया। पशुयज्ञों के साथही हठयोग को प्रधानता मिली। अलङ्कारों का सहारा लेने पर विवाद हुआ। अजातशत्रु और ऋषि बालाकि जो याज्ञवल्क्य के समकालीन थे उनमें परस्पर जो वाद हुआ, वह कुछ ऐसा ही था। बालाकि सूर्य में आत्मा का ध्यान करना उचित समझता था, पर अजातशत्रु सूर्य को प्रकृति का एक अङ्ग मानता था[१]। जनता में जिज्ञासा और शोध की भावना बलवती है। सूर्य की उपासना भी इसी समय चली प्रतीत होता है। जैन पुराण उसकी उत्पत्ति का प्रसंग तेइसवें तीर्थङ्कर पार्श्वनाथ के पूर्व "भव-वर्णन" में करते हैं। पार्श्वनाथ जी का जीव आनन्दकुमार राजा था, जिसने अहिंसक जिन-यज्ञ किया और सूर्यस्थित जिनबिम्ब को नमस्कार किया। कहते हैं, तभी से उनकी देखा देखी जनता ने सूर्य को पूजना प्रारंभ कर दिया[२]। किन्तु उसके रहस्य को जनता न समझ पायी। सूर्योपासना का प्रचार ईरान वासियों में अधिक हुआ। संसारव्यापी "हीलियोलिथिक कलचर" इस उथल-पुथल के जमाने में पैदा हुआ और फला-फूला अनुमानित होता है। उसके द्वारा सूर्योपासना, हिंसक बलि और मंदिरनिर्माण की कला को प्रोत्साहन मिला। किन्तु प्रतिशोध के जमाने में वह अधिक चल न सका। तीर्थङ्कर पार्श्वनाथ, म० गौतम बुद्ध, भ० महावीर आदि श्रमण परम्परा के नेताओं द्वारा सत्य और अहिंसा का जयनाद हुआ। यूनान के तत्त्ववेत्ता भारत में आये और अहिंसा संस्कृति से प्रभावित हुए। अलङ्कारों का रहस्य उनको अपने धर्मग्रन्थों में दृष्टि पड़ा। जैन श्रमण अरब, ईरान और यूनान तक विचरे थे[३]। उनके द्वारा अहिंसा संस्कृति का प्रचार उधर हुआ। परिणामतः हम देखते हैं कि ईरान में जहाँ पहले करीब ६००० ई० पूर्व में जरस्तु प्रथम (Zoroaster I) द्वारा हिंसक बलिदान का विधान हुआ बताया जाता है, वहाँ जरस्तु द्वितीय (Zoroaster II—B. C) के उपदेश में अहिंसक बलिदान का ही निरूपण मिलता है। यहूदियों की प्रतिशोध का फल भी अहिंसा संस्कृति के अनुरूप था—वे अलङ्कारों का रहस्य जान गये। यूनान में पिथागोर (Pythagoras) एवं अन्य तत्ववेत्ताओं द्वारा अहिंसा

१. A History of Pre-Buddhistic Indian philosophy, pp. 151-152.

२. आनन्दकुमार अयोध्या का इक्ष्वाकुवंशी राजा था। उसीके निमित्त से 'सूर्योपासक' सम्प्रदाय की उत्पत्ति हुई जैन पुराण बताते हैं। देखो 'उत्तरपुराण' पार्श्वनाथ चरित्र पृ० ३२४; पार्श्वपुराण पृ० ५५, (राजा जब सूर्य-स्थित जिन-प्रतिमा को नमस्कार करता तो देखादेखी प्रजा भी करती। 'समझै नहीं मूढ़ परनये, भानु उपासक तब सौं भये।')

३. सम्राट् सम्प्रति मौर्य के समय में इन देशों में जैन मुनियों का विहार हुआ था।

संस्कृति का ही विधान हुआ था'। इस प्रकार मानव इतिहास की मूल बातों को हम जैन पुराणों में बीजभूत पा लेते हैं। आवश्यकता है इस दिशा में वैज्ञानिक रीति से अन्वेषण करने की। तोभी जैनसाहित्य की महत्ता आँकने के लिये यह सूत्ररूप विवेचन निरर्थक नहीं है।

—(क्रमशः)

---

१. Jaina Antiquary. Vol. XI. pp. 14—19,

क्या भाष्य स्वोपज्ञ और उसके कर्त्ता यापनीय हैं?

[ले०—श्रीयुत पं० लालबहादुर शास्त्री, बनारस]

श्रीमान् पं० नाथूरामजी प्रेमी जैन-समाज के पुराने इतिहास प्रेमी विद्वान् हैं। आपने सतत अध्यवसाय, अध्ययन और परिश्रम से आपने जैन इतिहास को बहुत कुछ दिया है। आपका 'जैनसाहित्य और इतिहास' नामक पिछले निबन्धों का संग्रह ऐतिहासिक सेवाओं का अमर प्रतीक है। अभी हाल ही में उमास्वाति के सभाष्य तत्त्वार्थसूत्र और उनके सम्प्रदाय को लेकर आपका एक लेख बम्बई से प्रकाशित होनेवाली "भारतीय विद्या" नामक पत्रिका में मुद्रित हुआ है। आपके लेख का सार है कि श्वेताम्बर सम्प्रदाय में प्रचलित जो भाष्य है वह स्वोपज्ञ है और सूत्रकार दिगम्बर, श्वेताम्बर न होकर यापनीय सम्प्रदाय के थे। इन दोनों बातों के निर्णय करने में आपने कुछ दलीलें भी दी हैं, जिन पर विचार करना ही इस लेख का मुख्य विषय है। आप लिखते हैं :—

"भाष्य की प्रारंभिक कारिकाओं में और अन्य अनेक स्थानों में 'वक्ष्यामि' 'वक्ष्यामः' आदि प्रथम पुरुष का निर्देश है और निर्देश में की गई प्रतिज्ञा के अनुसार ही बाद में सूत्रों में कथन किया गया है। अतएव सूत्र और भाष्य दोनों के कर्त्ता एक हैं।"

श्रीयुत पं० सुखलालजी ने भी भाष्य को स्वोपज्ञ सिद्ध करने में अपने हिन्दी तत्त्वार्थ सूत्र की भूमिका में उपर्युक्त युक्ति दी है। पर प्रेमीजी ने युक्तिगत शब्दों को दुहरा भर दिया है। अच्छा होता इस युक्ति के लिखने के पहले भाष्य की तरह अन्य टीकाओं की भी छान-बीन कर ली जाती। दिगम्बराचार्य पूज्यपाद की सर्वार्थसिद्धिटीका में भी यत्र तत्र इस प्रकार के स्थल पाए जाते हैं। मोक्ष का वर्णन करते हुए वे लिखते है—"तस्य स्वरूपमनवद्यमुत्तरत्र वक्ष्यामः" पृ० २। दर्शन ज्ञान चारित्र के साथ सम्यक् शब्द की संगति बैठाते हुए प्रतिज्ञा करते हैं—'एतेषां स्वरूपं लक्षणतो विधानतश्च पुरस्ताद् विस्तरेण निर्देक्ष्यामः' पृ० २। यहां 'वक्ष्यामः' निर्देक्ष्यामः स्पष्टतः प्रथम पुरुष की क्रियाएं हैं। जिनका संकेत आगे के सूत्रों से है' परन्तु इसीपर से सर्वार्थसिद्धिकार और सूत्रकार को एक नहीं कहा जा सकता। राजवार्तिककार आचार्य अकलंकदेव ने तो अनेकों जगह इस प्रकार के प्रयोग किए हैं[1]। परन्तु वे सूत्रकार से भिन्न ही हैं। स्वयं हरिभद्र ने इस प्रकार की क्रियाओं का प्रयोग किया है। हारिभद्रीय

---

१ अवसरप्राप्तं बंधं व्याचक्ष्महे पृ० २६३। प्रकरणसामर्थ्याद् भावबंधं ब्रूमः पृ० २६२।...... अमूर्तेरात्मनो हस्ताद्यसंभवे सत्यादानशक्तिविरहाद् कथं संबंधो भवतीति? इमं ब्रूमहे पृ० २६७। ...... परीषहजयइत्युक्तमतस्तान्व्याचक्ष्महे पृ० ३३२। ..अतः परं स्थितिबंधं विकल्पं व्याख्यास्यामः पृ० ३१०। अथ खलुमोहनीयस्याष्टाविंशतिप्रभेदस्य किमाख्याः प्रकारा इत्यत्र ब्रूमः पृ० ३०४।

टीका के २२९ पृष्ठ पर बन्ध का वर्णन करते हुए वे लिखते हैं—"बन्ध इति वर्तने एतच्चो-परिष्टाद्दर्शयिष्यामः" यह कथन आगे "स्निग्धरूक्षत्वाद् बन्धः" इस रूप से मिलता है। इन उपर्युक्त उद्धरणों से स्पष्ट है कि मूल रचनाओं की ओर संकेत करने वाली टीका की प्रथम पुरुष आदि क्रियाओं से टीकाकार और मूल ग्रन्थकार को एक नहीं माना जा सकता। वास्तव में भारतीय टीकाकारों की यह एक शैली रही है कि उन्होंने मूलग्रन्थकारों में अपने को मिला सा दिया है। कला की दृष्टि से यह उचित भी है। विषय का प्रतिपादन सिलसिलेवार और सुसंबद्ध होना चाहिए। मूल ग्रन्थकार जिस बात को आगे रखना चाहता है चतुर टीकाकार का कर्तव्य है उस विषय की चर्चा वह पहले से छोड़ दे और दोनों कथनों को इस तरह मिला दे मानो टीकाकार को यही कहना था। समस्यापूरक का जो स्थान है उससे मिलता जुलता ही टीकाकार का स्थान है। आचार्य विद्यानन्दि ने अकलङ्क की 'अष्टशती' पर अष्टसहस्री टीका इसी नमूने पर लिखी है। अष्टशती के वाक्य यदि मोटे टाइप में न रक्खे जायँ तो यह पहचानना कठिन है कि अष्टशती और अष्टसहस्री भिन्न कर्तृक है इसके लिये यहां २-१ उदाहरण दे देना पर्याप्त होगा –

ननु च कस्येदं सूक्ष्माद्यर्थप्रत्यक्षत्वं साध्यते, अर्हतोऽनर्हतः सामान्यतस्तो वा ? यदि विप्रकृष्टार्थप्रत्यक्षत्वमर्हतः साध्यते पक्षदोषोऽप्रसिद्धविशेषणत्वम् ततएव व्याप्तिर्न सिद्ध्येत्। अनर्हतश्चेदनिष्टानुषङ्गोऽपि। का पुनः सामान्यात्मा तदुभयव्यतिरेकेण यस्य विवक्षितार्थ प्रत्यक्षत्वं। पृ० ६१

सोऽत्र भवानर्हन्नेव, न पुनः कपिलादय इति,। एतत्कुतोनिश्चितमितिचेत्, अन्येषां न्यायागम-विरुद्धभाषित्वात्। पृ० ६६।

उक्त उद्धरणों में रेखाङ्कित पंक्तियां अष्टशती की हैं परन्तु विद्यानन्दि ने अष्टसहस्री लिखते हुए रेखाङ्कित पंक्तियों के पहले जो अपने शब्द लिखे हैं उनसे ऐसा मालूम पड़ता है कि अष्टशती के वाक्य भी स्वयं विद्यानन्दि के हैं। अतः जहाँ मौलिक रचना को आत्मसात् करने के लिये टीकाकार 'वक्ष्यामि' 'वक्ष्यामः' आदि प्रथम पुरुष की क्रियाओं का प्रयोग करते हैं वहाँ उसका अर्थ इतना ही समझना चाहिए कि वे उस मूल रचना को अपनी रचना के साथ सुगठित और व्यवस्थित करना चाहते हैं जिससे पाठकों को आगे नवीन विषय को समझने में एकाएक दिक्कत न हो और उनके अध्ययन का क्रम प्रवाह रूप से चालू रहे। पातञ्जलि के योग दर्शन पर व्यास भाष्य भी इसी दृष्टिकोण से लिखा गया है। योग दर्शन के सूत्रों को लक्ष्य में रख कर व्यास ऋषि ने भी प्रथम पुरुष की क्रियाओं का प्रयोग किया है उसके भी कुछ उदाहरण देखिए "स च वितर्कानुगतो विचारा-नुगत आनन्दानुगतोस्मितानुगत इत्युपरिष्टात्प्रवेदयिष्यामः" आगे चल कर प्रथम समाधि-

पाद का १७ वां सूत्र इसी के अनुसार मिलता है[1]। "प्रति संवेदीपुरुष इत्युपरिष्टादुपपादयिष्यामः" प्र० स० सू० ७, आगे कैवल्यपाद में जाकर यह वर्णन मिलता है। महर्षि पातंजल व्यास से सैकड़ों वर्ष पहले हो गये हैं फिर भी टीकाकार व्यास मूल रचना के लिए 'प्रवेदयिष्यामः' 'उपपादयिष्यामः' आदि प्रथम पुरुष की क्रियाओं का प्रयोग कर रहे हैं। अतः टीका में प्रयुक्त हुए प्रथम पुरुष की क्रियाओं को लेकर टीकाकार और मूलग्रंथकार में अभिन्नता सिद्ध करना किसी प्रकार भी युक्तियुक्त नहीं है।

अन्य पुरुष की क्रियाओं का प्रयोग

दूसरी बात यह है कि प्रेमीजी जब प्रथम पुरुष की क्रियाओं के प्रयोग को मूलकर्त्ता और टीकाकार में अभिन्नता का साधक बतला रहे हैं तब अन्य पुरुष की क्रियाओं के प्रयोग को वे क्या कहेंगे ? क्या वे उन्हें भिन्नता के साधक बतलाएंगे। यदि ऐसा है तो भाष्य में अन्य पुरुष की क्रियाओं के प्रयोग भी मौजूद हैं और इस लिहाज से सर्वार्थसिद्धि आदि टीकाओं की तरह भाष्य भी भिन्न कर्तृक होना चाहिए; दृष्टांत के लिए देखिए[2] "तत्कर्मत एव भवति इति बन्धे पुरस्ताद्वक्ष्यति" कार्मण शरीर किस निमित्त से होता है ? ऐसी शंका होने पर वह कर्म से होता है यह बात आगे बन्ध प्रकरण में आचार्य कहेंगे। इसी तरह पहले अध्याय के २१ वें सूत्र का अवतरण देते हुए भाष्यकार लिखते हैं "अत्राह मतिश्रुतयोस्तुल्यविषयत्वं, वक्ष्यति "द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु" इति" "यहां वक्ष्यति का कर्ता स्पष्टतः सूत्रकार है और उसका संकेत "मतिश्रुतयोर्निबंधो द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु" इस सूत्र की तरफ है। आगे चलकर —"तीसरे अध्याय का अवतरण देते हुए लिखा है "वक्ष्यति च स्थितौ नारकाणां च द्वितीयादिषु"। यहां तो स्पष्ट सूत्रकार की तरफ से आगे कहे जाने वाले सूत्र का नाम तक दे दिया गया है। इन सब उद्धरणों से स्पष्ट है कि सर्वार्थसिद्धि आदि भिन्न कर्तृक टीकाओं की तरह भाष्य में भी सूत्रकार के लिए अन्य पुरुष की क्रियाओं का प्रयोग किया है। इन सब प्रमाणों के अतिरिक्त एक और सबल प्रमाण देखिये—

प्रथम अध्याय के ३१ वें सूत्र में—"आद्येपरोक्षं" का भाष्य करते हुए भाष्यकार लिखते हैं—"**आदौ भवमाद्यम् सूत्रक्रमप्रामाण्यात् प्रथमद्वितीये शास्ति**" यहाँ पर शास्ति यह अन्य पुरुष की क्रिया का प्रयोग है परन्तु इसके साथ में यह तुरंत शंका होती है कि कःशास्ति सूत्रकारो भाष्यकारो वा ? उत्तर स्पष्ट है सूत्रकारः शास्ति। क्योंकि सूत्रक्रम की प्रमाणता सूत्रकार के साथ हो सकती है न कि भाष्यकार के साथ। अतः समूचा वाक्य इस तरह बन जाता है "सूत्रक्रमप्रामाण्याद् प्रथमद्वितीये शास्ति सूत्रकारः" शास्ति शब्द का

१ वितर्कविचारानन्दास्मितारूपानुगमात् संप्रज्ञातः ॥१७॥

२ "शुभंविशुद्धमव्याघाति" इत्यादि सूत्र के भाष्य में।

अर्थ शासन करना है अतः यहाँ शासन करने से मतलब है। सूत्र प्रक्रिया को उस ढंग से बनाए रखना, यह कार्य भाष्यकार का नहीं सूत्रकार का है। भाष्यकार तो जैसा सूत्र देखेगा वैसा अर्थ कर देगा। जो जिसकी रचना है आखिर वही तो उसपर शासन कर सकता है, इसलिए भाष्यकार का अभिप्राय शास्ति के बाद अवश्य ही "सूत्रकारः" शब्द से रहा है अतः सम्पूर्ण पंक्ति का अर्थ करना चाहिये। आदि में जो हो वह आद्य कहलाता है अर्थात् सूत्र (मतिश्रुतावधिमनःपर्यायकेवलानिज्ञानम्) क्रम की प्रमाणता से प्रथम द्वितीय ज्ञान (मतिज्ञान श्रुतज्ञान) को सूत्रकार बतलाता है।

'शास्ति' क्रिया के साथ यहाँ "सूत्रकार" पद की कल्पना मैं ही नहीं कर रहा हूं, किन्तु सिद्धसेनगणी ने भी शास्ति के बाद सूत्रकार पद जोड़ा है परन्तु इससे सूत्रकार और भाष्यकार की भिन्नता का जो नग्नसत्य सामने आता था, उसे स्वीकार करने में वे आत्मवञ्चना कर गए और दोनों की एकता की धुन में जैसे तैसे शंका समाधान कर इस प्रकरण से अपना पिण्ड छुड़ाया है। उनका शंका समाधान देखिए "**क्रमः—परिपाटी सूत्रक्रमः सूत्रक्रमः तस्या प्रामाण्यं—आश्रयणां तस्मात् प्रथम-द्वितीये-मतिश्रुते, शास्तीति च ग्रन्थकारं एव द्विधा आत्मानं विभज्य सूत्रकार भाष्यकाराकारेणैवमाह—शास्तीति सूत्रकार इतिशेषः अथवा पर्यायभेदात् पर्यायिणोभेदः इत्यन्यः सूत्रकारपर्यायाऽन्यश्च भाष्यकार पर्याय इत्यतः सूत्रकारपर्यायः शास्तीति**" अर्थात् ग्रन्थकार ने अपने को सूत्रकार और भाष्यकार इस तरह दो भागों में बांटकर शास्ति ऐसा कहा है इसलिए सूत्रकार शब्द बाद में और लगा लेना चाहिये अथवा पर्याय में भेद होने से पर्यायों को भी भिन्न समझना चाहिए अतः (एक ही ग्रन्थकार की) सूत्रकार पर्याय भिन्न है और भाष्यकार पर्याय भिन्न है; अतः "सूत्रकार पर्याय कहती है" ऐसा लगा लेना चाहिए। गणीजी के इस समाधान से अगर भाष्यकार स्वयं "सूत्रकार" पद देकर मूलग्रन्थकार को अपने से भिन्न रखना चाहते तब भी भिन्न नहीं हो सकते थे और इस ढंग से तो फिर संसार भर की टीकाएँ 'आत्मानं द्विधाविभज्य तथा पर्यायभेदात् पर्यायिणोभेदात्' इन दो हेतुओं से मूलग्रन्थकार की ही बना ली जायगीं। इतना ही क्यों जहाँ 'वक्ष्यामि' वक्ष्यामः का प्रयोग भाष्यकार ने किया है वहाँ इन शब्दों को उलट कर रखने से भाष्य को भिन्न कर्तृक भी सिद्ध किया जा सकेगा। यथा—वक्ष्यामीति भाष्यकार एव आत्मानं सूत्रकारं चैकीकृत्य मिदमाह वक्ष्यामीति अहमिति शेषः। अथवैकप्रयोजनवत्त्वाद्भिन्नद्रव्यत्वेप्युभयोरभेद इति स एव भाष्यकारः स एव सूत्रकारः। परन्तु **जिस तरह यह समाधान अयुक्त है** उसी तरह गणीजी का समाधान भी **अयुक्त है।**

सूत्र और भाष्य में विरोध

भाष्य में कई स्थल ऐसे हैं जहाँ वह सूत्र का अनुसरण नहीं करता। कहीं तो सूत्रानुसारी अर्थ की कमी है और कहीं जिस सूत्र का जहाँ अर्थ चाहिए वहाँ नहीं किया गया,

अन्यत्र किया गया है। कम से कम स्वोपज्ञ भाष्य में ऐसी गड़बड़ी नहीं हो सकती परन्तु मौजूदा भाष्य इन गड़बड़ियों से भरा हुआ है। यहाँ हम उन सभी स्थलों का उद्धरण देते हैं। चतुर्थ अध्याय का चौथा सूत्र देखिये:—

"इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशपारिषद्यात्मरक्षलोकपालानीकप्रकीर्णकाभियोग्यकिल्विषिकाश्चैकश:" ४-४

यहां स्पष्टतः देवनिकायों के इन्द्र सामानिक आदि १० भेद गिनाये हैं। किन्तु भाष्य में इस सूत्र का अर्थ करते हुए ११ भेद गिनाए हैं, यथा—इन्द्राः, सामानिकाः, त्रायस्त्रिंशाः पारिषदाः, आत्मरक्षाः, लोकपालाः, अनीकाधिपतयः, अनीकानि, प्रकीर्णकाः आभियोग्याः किल्विषिकाश्चेति। अनीकाधिपति भेद अधिक है जिसका अर्थ स्वयं भाष्यकार ने किया है अनीकाधिपतयो—दण्डनायकस्थानीयाः यह अतिरिक्त भेद सिद्धसेन को खटका है। इसपर वे लिखते हैं "सूत्र में अनीकों का ही आचार्य ने ग्रहण किया है, अनिकाधिपतियों का नहीं। लेकिन भाष्य में अनिकाधिपतियों का भी ग्रहण किया है। यह सब अनीक और अनीकाधिपति में एकत्व का विचार कर ही भाष्यकार ने इस प्रकार लिखा है। नहीं तो दश की संख्या नहीं रहेगी"[1] यहाँ यह कहने की आवश्यकता नहीं कि गणी जी का यह जबर्दस्ती का समाधान है। अगर सचमुच यही बात थी तो भाष्यकार को ही यह समाधान करना चाहिए था परन्तु ऐसे भी समाधान में वे मौन हैं अतः स्पष्ट है कि भाष्यकार का मत सूत्रकार से भिन्न है।

आगे चलकर चौथे अध्याय का २६ वां सूत्र देखिये:—

"सारस्वतादित्यवह्न्यरुणगर्दतोयतुषिताव्याबाधमरुतोऽरिष्टाश्च।"

इसमें लौकान्तिक देवों के ९ भेद गिनाए हैं। इसका भाष्य करते हुए भाष्यकार ८ ही भेद गिनाते हैं, यथा—एते सारस्वतादयोऽष्टविधा देवा ब्रह्मलोकस्य पूर्वोत्तरादिषु दिक्षु प्रदक्षिणं भवन्ति यथासंख्यम...। इस पर सिद्धसेन गणी शंका समाधान करते हुए लिखते हैं—"शंका, यह तो नौ भेद होते हैं और भाष्यकार ने आठ ही गिनाए हैं ? समाधान, लोक के अन्त में रहने वाले यह आठ भेद सूरि ने गिनाए हैं। किन्तु रिष्ट विमान प्रस्तार में रहनेवालों की अपेक्षा ९ भेद होते हैं अतः कोई दोष नहीं है। हाँ, आगम में ९ ही भेद हैं[2]। गणी जी का यह समाधान कितना संतोषप्रद है इसे पाठक समझ सकते हैं।

---

१ सूत्रे चानीकान्येवोपात्तानि सूरिणानीकाधिपतयः भाष्ये पुनरुपन्यस्तास्तदेतदेकत्वमेवानीकानीकाधिपत्योः परिचिन्त्य विवृतमेवं भाष्यकारेण, अन्यथा न दशसंख्या भिद्येत्।

२ नन्वेमेते नवभेदा भवन्ति, भाष्यकृता चाष्टविधा इति मुद्रिता। उच्यते-लोकान्तवर्तिन एतेऽष्टभेदाः सूरिणोपात्ता रिष्टविमानप्रस्तारवासिभिर्नवधा भवन्तीत्यदोषः। आगमेतुनवधैवाधीता, पृ० ३०७।

आज वे सामने होते तो हम उनसे बड़ी नम्रता के साथ निवेदन करते कि महाराज आप कहते हैं सो तो ठीक है लेकिन यह तो बतलाइये कि जब आपके मत मे सूत्रकार भाष्यकार एक हैं तब उन्होंने अपने सूत्र में दिये ९ नामों का खुलासा क्यों नहीं किया और जिस अपेक्षा से उन्होंने सूत्र में ९ भेद दर्शाए हैं वह उस सूत्र का भाष्य करते हुए उन्होंने क्यों छोड़ दी ? भाष्य जब सूत्र का ही खुलासा करने के लिये है तब खुलासा करना तो दूर रहा वह उसके विरुद्ध जा रहा है इसका क्या कारण है ? अस्तु जब तक गणी जी की टीका विद्यमान है तब तक ये प्रश्न भी उनके समाधान के लिये खड़ेही रहेंगे ।

इसी प्रकार छठे अध्याय का छठवाँ सूत्र है—"इन्द्रियकषायाव्रतक्रिया .... पूर्वस्यभेदाः ।" इसमें साम्परायिक आश्रव के भेदों को गिनाते हुए पहले इन्द्रिय फिर कषाय फिर अव्रत यह क्रम रक्खा है परन्तु भाष्यकार को यह क्रम पसन्द नहीं है अतः उन्होंने इसमें बिल्कुल उल्टा ही क्रम रखा है । वे इस सूत्र का भाष्य करते हुए पहले अव्रत, फिर कषाय बाद में इन्द्रिय का वर्णन करते हैं[1] । यद्यपि कुछ प्रतियों में 'अव्रत कषायेन्द्रिय.........पाठ भी मुद्रित है परन्तु यह गड़बड़ बाद के श्वेताम्बर लेखकों ने की है और भाष्य को देख कर ही उसके अनुसार सूत्रों में परिवर्त्तन कर दिया है । क्योंकि सिद्धसेन गणी ने जिस सूत्रपाठ के भाष्य पर अपनी टीका लिखी है वह सूत्रपाठ उसके सामने "इन्द्रियकषायाव्रतक्रिया .....ही मौजूद था । अतः भाष्यकार की क्रम विपरीतता देख कर उन्होंने उसका समाधान भी करना चाहा है । वे लिखते हैं—"भाष्यकार ने इन्द्रिय कषायों का उलंघन कर पहले अव्रत का वर्णन किया है इसका क्या मतलब है ? बतलाते हैं, भाष्यकार का यह मतलब है कि हिंसादिक अव्रत सम्पूर्ण आश्रव समूह के कारण हैं, उनमें प्रवृत्ति होने पर आश्रवों में प्रवृत्ति होती है और उनसे निवृत्ति होने पर आश्रवों से निवृत्ति होती है । इस अर्थ को जतलाने के लिए भाष्यकार ने सूत्रोक्त क्रम का उलंघन कर अव्रतों का वर्णन किया है[2] । गणी जी यह सब समाधान तो करते हैं लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि उन्होंने सूत्र और भाष्य को एक कर्तृक मान रखा है अतः जब हिंसादिक अव्रत ही सब आश्रवों के मूल कारण थे तब भाष्यकार को सूत्र में भी वही क्रम रखने में क्या आपत्ति थी । सूत्र रचना करते समय ग्रन्थकार को इद्रियां ही सम्पूर्ण

---

१ ....पञ्च हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहाः । प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं हिंसेत्येवमादयः वक्ष्यन्ते । चत्वारः क्रोधमानमायालोभाः अनंतानुबन्ध्यादयो वक्ष्यन्ते । पञ्च प्रमत्तस्येन्द्रियाणि । पञ्चविंशति क्रिया.......................पृ० ११ तत्त्वा० उत्तरा० ।

२ तत्र इन्द्रिय कषायानुल्लंघ्याव्रतान्येव व्याचष्टे भाष्यकारः, किं पुनरत्र प्रयोजनमिति ? उच्यते-अयमभिप्रायो भाष्यकारस्य हिंसादीन्यव्रतानि सकलाश्रवसमूहकारणानि तत्प्रवृत्तावाश्रवेष्वेव प्रवृत्तिस्तन्निवृत्तौ च सर्वाश्रवेभ्यो निवृत्तिरित्यर्थस्य ज्ञापनार्थं सूत्रोक्त क्रममतिक्रम्याव्रतानि व्याचष्टे भाष्यकारः ।

आश्रवों में मूल कारण थीं और उसी सूत्र की भाष्य रचना करते हुए हिंसादि अव्रत ही उन्हें (ग्रन्थकार को) सब आश्रवों के मूल कारण थे । इस विचित्र समाधान से गणी जी ही संतोष कर सकते हैं दूसरा नहीं । अपना उपर्युक्त समाधान करते हुए गणी जी ने यह भी लिखा है कि सूत्र में जो "इन्द्रियकषायाव्रतक्रिया—क्रम रक्खा है, वह सूत्ररचना की शोभा के लिये है[1] " अर्थात् उन्हें स्वयं यह बात खटकी है कि जब सूत्रकार और भाष्यकार एक हैं तब जो अपेक्षा उन्होंने भाष्यक्रम में रक्खी है वही अपेक्षा सूत्रक्रम में भी रक्खी है अतः उसीके समाधान के लिये उन्होंने उक्त वाक्य लिखे हैं । परन्तु सचाई यह है कि अर्थ गांभीर्य की उपेक्षा कर संदर्भ में शोभा के लिये सूत्र रचना नहीं की जाती, दूसरे जिस सूत्रपाठ या श्लोक के हम पढ़ने सुनने के अभ्यासी हो जाते हैं वह हमारे मुंह लग जाता है । अतः जब उसकी तुलना में कोई बदला हुआ सूत्रपाठ या श्लोक हमारे सामने आता है तब वह हमें भद्दा और पहला सूत्रपाठ सुन्दर मालूम होने लगता है । "इन्द्रियकषायाव्रतक्रिया और अव्रतकषायेन्द्रियक्रिया..." इन दोनों सूत्रपाठों में भी यही बात हुई है सिद्धसेन गणी "इन्द्रियकषायव्रतक्रिया..." सूत्रपाठ के अभ्यासी रहे हैं[2] । अतः उन्हें वह पाठ तो सुन्दर और अव्रतकषायेन्द्रिय...पाठ असुन्दर प्रतीत हुआ । अगर पहले पाठ की अपेक्षा द्वितीय पाठ वे परंपरा से सुनते, बांचते आए होते तो दूसरा पाठ सुन्दर और पहला पाठ असुन्दर प्रतीत होता । इसलिए सुन्दरता असुन्दरता की कसौटी परंपरा से आया हुआ अभ्यास और रुचि है अन्यथा यह समझना कठिन होगा कि सूत्रगत पाठ क्रम क्यों सुन्दर है और भाष्यगत पाठक्रम क्यों असुन्दर है ?

असूत्रार्थ ।

दूसरे अध्याय का ३७ वाँ सूत्र है" औदारिकवैक्रियकाहारकतैजसकार्मणानि शरीराणि' इसका वास्तविक भाष्य इसी अध्याय के ४९ वें सूत्रमें पृ० २११ से २१४ तक किया गया है। किन्तु यह अनियन्त्रितता सिद्धसेन गणी से नहीं छिपी अतः बड़े कष्ट से इसका समाधान करते हुए भी उन्हें इसे असूत्रार्थ कहना पड़ा है और इसके लिये आचार्य को[3] क्षमा करना पड़ा है । उनके वाक्य देखिये :—

शंका—यह भाष्य तो शरीर प्रकरण के पहले सूत्र (२-३७) में ही करना था यहाँ दूसरे प्रकरण में करने का तो इसका कोई मतलब नहीं है । समाधान—इसका यह मतलब नहीं है—प्रकरण का पहला सूत्र प्रकरण की समाप्तिपर्यन्त चालू रहता है अथवा दूसरे प्रकरण में इनके कथन करने का कोई फल नहीं क्योंकि वह सूत्र (प्रकरणगत) का अर्थ

---

१ सूत्रबन्धशोभाहेतोरिन्द्रियादिसन्निवेशः । २ क्योंकि प्राचीन सूत्रपाठ यही था ।

३ भाष्यकार को

नहीं है अतः आचार्य की इस एक गल्ती को क्षमा करना चाहिये[1]। समझ में नहीं आता जब सूत्रकार और भाष्यकार एक ही हैं तब जिस सूत्र का भाष्य जहाँ चाहिए वहाँ तो न करे और जहाँ न चाहिए वहाँ करे, इसका क्या मतलब है ?

इस संबंध में गणी जी का समाधान तो बिल्कुल ही अनुचित है। छठे अध्याय में मात्र आश्रव का प्रकरण है तब क्या उसके दूसरे सूत्र का अर्थ (स आश्रवः) का अर्थ अन्तिम सूत्र (विघ्नकरणमन्तरायस्य) के अन्तर्गत करना चाहिये अथवा 'आश्रव-निरोधः संवरः' का अर्थ जहाँ चारित्र का प्रकरण समाप्त हुआ है वहाँ करना चाहिए। अस्तु, जब गणीजी को अपने समाधान से स्वयं ही संतोष नहीं है और इसके लिए वे लाचारी से कह रहे हैं कि आचार्य को क्षमा करना चाहिए तब उसपर अधिक लिखना व्यर्थ है।

भाष्यकार के सामने पाठान्तर।

भाष्यकार ने यद्यपि पाठान्तरों की चर्चा नहीं की है फिर भी उनके भाष्य को सावधानी से देखने पर यह स्पष्ट मालूम हुए बिना नहीं रह सकता कि भाष्यकार के सामने अन्य सूत्रपाठ मौजूद था। उदाहरण के लिए दूसरे अध्याय का अंतिम सूत्र देखिये—

"औपपातिकचरमदेहोत्तमपुरुषाऽसंख्येयवर्षायुषोऽनपवर्त्यायुषः"।

यहाँ उत्तम शब्द को लेकर पूज्यपाद और अकलङ्क ने काफी चर्चा की है साथ ही साथ "चरमदेहाः" पाठान्तर भी सूचित किया है। भाष्यकार के सामने भी ये दोनों पाठ रहे हैं अतः इस सूत्र का भाष्य लिखते समय सामान्य अर्थ करते हुए तो उत्तम शब्द का अर्थ लिख दिया है। लेकिन बाद में जहाँ सोपक्रम निरुपक्रम आयु का विचार किया है। वहाँ औपपातिक, चरमदेह और असंख्यातवर्ष आयुवालों की तो सोपक्रमता और और निरुपक्रमता का विचार किया है। किन्तु उत्तम पुरुषों का नाम ही नहीं लिया[2]। इस तरह उन्होंने दोनों पाठों का बड़ी सतर्कता के साथ समन्वय कर लिया है। सिद्धसेनगणी से यह पाठान्तर की समन्वयता छिपी नहीं रही अतः दोनों पाठों के अनुसार भाष्य को देख कर उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि इस भाष्य से ही यह सन्देह होता है कि सूत्र में उत्तम पुरुष का ग्रहण चाहिये या नहीं। "उत्तम पुरुष" पर विवाद सिद्धसेन ने इसलिए उठाया है कि उनके सामने भाष्य पर टीका लिखते समय जो सूत्रपाठ था उसमें "उत्तम पुरुष" पाठ नहीं था। इस सम्बन्ध में हम सिद्धसेन के शब्दों को ही यहाँ उद्धृत करते हैं :—

---

१ ननु च शरीरप्रकरणप्रथमसूत्रे एतद्भाष्यं युक्तं स्याद् इह तु प्रकरणान्तराभिधाने न किंचिद् प्रयोजनं वैशेषिकमस्तीति। उच्यते-तदेवमयं मन्यते, तदेवेदमादिसूत्रमाप्रकरणपरिसमाप्तेः प्रपञ्चते अथवा प्रकरणान्तराभिधाने न किंचिद् फलमस्त्यसूत्रार्थत्वादतः क्षम्यतामिदमेकमाचार्यस्य। तत्त्वार्थाधिगम सू० ७० पृ० २११

२ अतोत्तमपुरुषा नोक्ताः, सिद्धसेनीय टीका पृ० २२६

केचिदभिदधते-नास्ति सूत्रकारस्योत्तमपुरुषग्रहणम् तत्कथं तीर्थंकरादि संग्रह इति येतु एवं च मन्यंते चरमदेहग्रहाद् ग्रहीष्यन्ते, कथम्? ये किल चरमदेहास्ते नियमत एवोत्तम भवन्ति, उत्तमास्तु चरमदेहत्वेन भाज्या वासुदेवादय इति तस्मादनार्षमुत्तमपुरुषग्रहणम्। उभयथा च भाष्यमुपलभ्यते अविगानात्। आदावुत्तमपुरुषास्तीर्थंकरादय इति विवृतमुत्तर-कालं पुनर्नोपात्तमुत्तमपुरुषग्रहणं निरुपक्रमसोपक्रमनिरूपणायां अतो भाष्यादेव सन्देहः किमस्ति नास्तीति तदेवेदमस्माकम्" अर्थात् कोई कहते हैं कि सूत्रकार ने "उत्तम पुरुष का ग्रहण नहीं किया तब—भाष्य में तीर्थंकरादि का संग्रह कैसे कर लिया। उत्तर—'चरम देह' के ग्रहण से तीर्थंकरादिका ग्रहण हो जायगा। क्योंकि जो चरमदेह होते हैं; वे नियम से उत्तम होते हैं। और जो उत्तम होते हैं वे चरमदेह होते भी हैं नहीं भी होते; जैसे वासुदेव आदिक इसलिए उत्तम पुरुष का ग्रहण आर्ष विरुद्ध है। अथवा परंपरा से दोनों तरह का भाष्य मिलता है। पहले उत्तम पुरुष का अर्थ तीर्थंकरादिक बतलाया गया है बाद में निरुपक्रमसोपक्रम की निरूपणा करते समय उत्तम पुरुष का ग्रहण नहीं किया अतः भाष्य से ही यह सन्देह होता है कि उत्तम पुरुष का ग्रहण चाहिये या नहीं वही सन्देह हमें है।"

सिद्धसेन के उक्त उद्धरण से यह स्पष्ट है कि भाष्यकार सूत्र में 'उत्तम पुरुष' के लिए स्वयं संदिग्ध रहे हैं और अपने सन्देह का निवारण नहीं होते देख उन्होंने सूत्र का दोनों तरह से अर्थ कर दिया है अन्यथा कोई कारण नहीं कि सामान्य अर्थ करते समय तो सूत्रस्थ अन्य पदों के साथ उत्तम पुरुष का अर्थ कर दिया जाय और विशेष अर्थ करते समय सूत्रस्थ संपूर्ण पदों का अर्थ करते हुए 'उत्तम पुरुष' को छोड़ दिया जाय।

भाष्य में सन्देहस्थल

सूत्र पाठान्तर की तरह भाष्य में सन्देहस्थल भी मौजूद हैं और भाष्य को सावधानी से पढ़ जाने के बाद वे प्रकट हुए बिना नहीं रहते। हमें आश्चर्य है कि प्रेमी जी की सतर्क दृष्टि से वे कैसे बचे रहे? और क्यों वे केवल पं० सुखलाल जी की युक्तियों पर ही विश्वास करके रह गये।

तीसरे अध्याय के प्रथम सूत्र में घन शब्द की सार्थकता बतलाते हुए भाष्यकार लिखते हैं—"अम्बुवाताकाशप्रतिष्ठा इति सिद्धे घनग्रहणं क्रियते तेनायमर्थः प्रतीयते घनमेवाम्बु अधः पृथिव्या" अर्थात् 'अम्बुवाताकाशप्रतिष्ठाः" इसीसे काम चल जाता था फिर भी यहाँ "घन" का ग्रहण किया है उससे यह अभिप्राय मालूम होता है कि पृथ्वी के नीचे घना जल है यहाँ "यह अभिप्राय मालूम होता है (तेनायमर्थः प्रतीयते)" यह वाक्य स्पष्ट बतला रहे हैं कि भाष्यकार को 'घन' शब्द की सार्थकता का निश्चय नहीं है अतः उन्होंने अपनी अनिश्चयात्मक वृत्ति"को "तेनायमर्थः प्रतीयते" वाक्य से स्पष्ट किया है।

2823

अगर सूत्र इन्हीं का बनाया होता तो वे 'घन' शब्द की सार्थकता के लिये 'प्रतीयते' शब्द का प्रयोग नहीं करते किन्तु 'तस्यायमर्थः' कह कर उसकी पुष्टि करने अथवा घनग्रहणं 'घनमेवाम्बु इति ख्यापनार्थं' इन शब्दों का प्रयोग करते। परन्तु 'ऐसा मालूम पड़ता है' ये वाक्य तो तभी इस्तेमाल किये जाते जब उस पदार्थ का हम को ठीक ठीक ज्ञान नहीं होता।

इसी तरह का एक और प्रयोग देखिए। चौथे अध्याय का १३ वां सूत्र है :— "ज्योतिष्काःसूर्यचन्द्रमसौग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाश्च" यहाँ 'सूर्यचन्द्रमसौ' पाठ का शेष सूत्र के साथ समास न करने और आर्षविरुद्ध क्रमभंग करने की आपत्ति का समाधान करते हुए भाष्यकार लिखते हैं :—'असमासकरणमार्षाच्च सूर्यचन्द्रमसोः क्रमभेदः कृतः यथा गम्येतैतदेवैषामूर्ध्वनिवेश आनुपूर्व्यमिति"। भाष्यकार के इस समाधान में "यथागम्येत" पद ध्यान देने लायक है। इससे भाष्यकार की समाधान में दृढ़ता प्रतीत नहीं होती।

इन उपर्युक्त उद्धरणों से प्रेमी जी की दूसरी युक्ति भी खण्डित हो जाती है जिसमें उन्होंने लिखा है कि सूत्र का अर्थ करने में कहीं भी सन्देह या विकल्प नहीं किया गया और न कहीं भाष्य में सूत्र के पाठभेद की चर्चा है। भाष्य में और भी कई[1] ऐसे प्रकरण मौजूद हैं जहाँ सूत्रके साथ उसकी संगति नहीं बैठती तथा जिनका भाष्य के टीकाकारों ने उल्लेख किया है। यथा— सान्निपातिकस्तु तदन्तर्गतत्वादेव वृत्तिकृता नोक्तः उपात्तस्तु सूत्रकारेण च शब्दोपादानात्।"हारिभद्रीयटीका पृ० १०९।

······ मध्यवर्तिना सूत्रेण[2]वइयं देवापुरपेक्ष्यमेव, एवं विधं च भाष्य नास्ति, सिद्धसेन गणी टीका उत्तरा० पृ० ३१

प्रेमी जी की तीसरी युक्ति है—भाष्य के प्रारंभ में जो ३१ कारिकाएँ हैं वे मूलसूत्र रचना के उद्देश्य से और मूलग्रंथ को लक्ष्य में रख कर लिखी गई हैं" इत्यादि इस विषय में हमारा यह कहना है कि वे कारिकाएँ सूत्रकार कृत नहीं हैं किन्तु भाष्यकार की हैं और जिस तरह उन्होंने तथा अन्य टीकाकारों ने 'वक्ष्यामि' 'वक्ष्यामः' के प्रयोग मूल सूत्र रचना को लक्ष्य में रख कर किए हैं उसी तरह प्रारंभिक कारिकाएँ भी भाष्यकार ने मूल ग्रंथ को लक्ष्य में रख कर लिखी हैं।

क्या भाष्य प्राचीन है ?

भाष्य की प्राचीनता को लेकर भी प्रेमीजी ने कुछ चर्चा की है उन सब का सार यह है कि अकलंक ने भाष्य की ३२ कारिकाएँ उद्धृत की हैं तथा राजवार्तिक में जगह २ भाष्य

१ "निःशीलव्रतत्वं सर्वेषां" इसमें चारों आयु के आस्रव के कारण बतलाए हैं। परन्तु भाष्यकार ने देवायु को छोड़ कर तीन आयु के आस्रव के कारण बतलाए हैं।

२ "क्षेत्रकालगतिलिंगतीर्थ "इत्यादि सूत्र में तीर्थ के बाद पुनः लिंग अनुयोग द्वार का वर्णन किया है। इस पर यह शंका की है।

मान्य सूत्रों का विरोध किया है। जगदीशचन्द्र जी ने भी अनेक उद्धरण देकर अकलंक के सामने भाष्य का होना सिद्ध किया है। सर्वार्थसिद्धि में भाष्य का विरोध नहीं किया गया प्रत्युत दोनों के पद वाक्य आदि मिल जाते हैं आदि। प्रेमी जी लिखने को यह सब लिख तो गये हैं परन्तु हमें सन्देह है कि उन्हें अपनी युक्तियों पर विश्वास होगा। सन्देह की बात हमने इसलिए लिखी है कि स्वयं प्रेमीजी की युक्तियों से ही प्रेमी जी की बात खण्डित हो जाती है। उदाहरण के लिए प्रेमीजी लिखते हैं—"आचार्य अमृतचन्द्र ने अपने तत्त्वार्थसार में भी भाष्य की उक्त ३२ कारिकाओं में ३० कारिकाएँ नम्बरों को कुछ इधर उधर करके ले ली हैं और मुद्रित प्रति के पाठ पर विश्वास किया जाय तो उन्होंने उन्हें 'उक्तंच रूप में न देकर अपने ग्रंथ का ही अंश बना लिया है। अमृतचन्द्र का समय निर्णीत नहीं है फिर भी वे विक्रम की १२ वीं सदी के बाद के नहीं हैं और वे भी भाष्य से या उसकी उक्त कारिकाओं से परिचित थे।" हमारा इसमें पूछना इतना ही है कि जब अमृतचन्द्र का समय निर्णीत नहीं है तब आपने यह कैसे संतोष कर लिया कि अमृतचन्द्र भाष्यकार के बाद हुए हैं और उन्होंने भाष्य की ३० कारिकाएँ ले ली हैं अथवा यह संतोष क्यों नहीं कर लिया कि तत्त्वार्थसार से भाष्यकार ने ३० कारिकाएँ ले ली हैं। विक्रम की १२ वीं सदी के बाद के वे भले ही न हों लेकिन वे पहले कब हुए हैं। आप को तो यह निर्णय करना था। प्रसङ्गवश यहाँ यह लिखे बिना नहीं रहा जाता कि जैन विद्वानों की इतिहास चर्चा ने आचार्य अमृतचन्द्र के साथ बहुत कुछ अन्याय किया है। उनमें से किसी ने भी आज तक ऐसा कोई प्रमाण नहीं दिया जिससे उन्हें अकलङ्क आदि आचार्यों से अर्वाचीन माना जा सके। किन्तु यह सभी लिखते रहे हैं कि अमृतचंद्र ने अमुक जगह से यह श्लोक ले लिया, क्योंकि वे अमुक आचार्य से अर्वाचीन हैं। हमारा यह कदाग्रह नहीं है कि अमृतचन्द्र अर्वाचीन नहीं हैं लेकिन जब तक उनकी अर्वाचीनता में कोई पुष्ट प्रमाण नहीं मिल जाता तब तक उनके विषय में एक चलती बात लिख देना कि अकलङ्कादि से बहुत बाद में हुए हैं, इतिहास के विद्वानों को शोभा नहीं देता। अस्तु, प्रेमी जी ने भाष्य की जिन ३० कारिकाओं को अमृतचन्द्र द्वारा अपनाने की बात लिखी है वह उन्हीं की बात (अमृतचन्द्र का समय निर्णीत नहीं है) से खण्डित हो जाती है। इसी तरह आप का यह लिखना कि पूज्यपाद ने सर्वार्थसिद्धि में कहीं भी भाष्यका विरोध नहीं किया यही सिद्ध करता है कि पूज्यपाद के सामने भाष्य नहीं था। रही दोनों के पद वाक्यों की समानता की बात उससे यह कैसे निष्कर्ष निकलता है कि पूज्यपाद ने भाष्य के वाक्य अपना लिए हैं अथवा यह निष्कर्ष क्यों नहीं निकलता कि भाष्यकार ने पूज्यपाद के वाक्य अपना लिए हैं। इस संबंध में प्रेमी जी ने जो दोनों की लेखनशैली पर विचार किया है और साथ ही सर्वार्थसिद्धि की रचना को प्रसन्न और गंभीर बताकर उसे भाष्य से अर्वाचीन सिद्ध करना चाहा है वह भी युक्तियुक्त नहीं है। रचना की प्रसन्नता, गंभीरता,

तार्किकता आदि बातें रचयिता की योग्यता, प्रतिभा, अध्ययनशीलता आदि बातों पर निर्भर है। अतः उससे एकान्ततः प्राचीनता, अर्वाचीनता की बात सोचना कदाग्रह के सिवाय और कुछ नहीं।

यह ठीक है कि जगदीशचन्द्र जी आदि विद्वानों ने अकलंक के सामने भाष्य का होना सिद्ध किया है परन्तु पं० जुगलकिशोरजी आदि विद्वानों ने उसका खण्डन भी किया है अतः किसी विद्वान की साक्षी का इसमें कोई महत्त्व नहीं है।

भाष्यकार यापनीय नहीं थे

भाष्य के अनेक स्थलों को भगवती आराधना की विजयोदया टीका से मिलाकर प्रेमी जी ने यह भी सिद्ध किया है कि भाष्यकार यापनीय संप्रदाय के थे क्योंकि उक्त टीका के कर्त्ता अपराजितसूरि यापनीय थे और चूंकि भाष्यकार ही सूत्रकार हैं अतः उमास्वाति भी यापनीय थे। इस संबंध में हम प्रेमीजी को यह स्मरण करा देना चाहते हैं जैसा कि उन्होंने स्वयं भी अपने "जैनसाहित्य और इतिहास" में कबूल किया है[1], यापनीय संप्रदाय नग्न रहता था अचेलकता को आदर्श मानता था, मोरपिच्छी रखता था, पाणितलभोजी था स्वयं भगवती आराधना और उसकी टीका में अचेलकता का जोरदार समर्थन किया गया है तथा वस्त्रादि सभी परिग्रह को भी बुरा कहा गया है[2]। परन्तु भाष्य में वस्त्र, पात्र, चीवर, रजोहरण आदि का समर्थन किया गया है। प्रमाण के लिए देखिये—"रजोहरण-पात्रचीवरादीनां पीठफलकादीनां चावश्यकार्थं निरीक्ष्य प्रमृज्य चादाननिक्षेपौ आदाननिक्षेपणा-समितिः। पृ० १८८। वस्त्रों के लिए कहा जा सकता है कि यापनीय सम्प्रदाय कारण विशेष उपस्थित होने पर वस्त्र ग्रहण करना भी उचित समझता था, परन्तु यहाँ कारण विशेष की बात नहीं है, परन्तु राजमार्ग है अर्थात् साधु वस्त्रों को देख शोध कर उठावे और रक्खे; इसका सीधा अर्थ है कि वस्त्र तो साधु के पास होना ही है केवल उसके रखने उठाने में सावधानी रखे। दूसरे, अगर वस्त्रों की बात छोड़ भी दीजिए तब भी रजोहरण और पात्रों की समस्या बनी ही रहती है। आखिर इनके सावधानी से रखने उठाने की क्या आवश्यकता है जबकि रजोहरण की जगह वे (यापनीय) मोरपिच्छी और पात्र की जगह पाणिपात्र रखते थे।

आगे और भी उदाहरण देखिए—"एषामन्नपानवस्त्रपात्रप्रतिश्रयपीठफलकसंस्तारादिभिर्धर्मसाधनैरुपग्रहशुश्रूषाभेषजक्रियाकान्तारविषमदुर्गोपसर्गेषु अभ्युपपत्तिरित्येतदादि वैयावृत्यम्।" पृ० २५८। यहाँ स्पष्ट वस्त्र पात्रादिक से दश प्रकार के साधुओं की वैयावृत्य करना बतलाया है साथ ही वस्त्र पात्रादिक को धर्म का साधन कहा है।

१ पृ० ४४। २ गा० ११२३, ११२४, ११६८, ११६१ आदि।

प्रशम रति में जिसे प्रेमीजी उमास्वाति कर्तृक मानते हैं स्पष्ट मुनि के वस्त्र, पात्र का निरूपण है[1]। इन सब उद्धरणों से यह निश्चित है कि भाष्यकार यापनीय नहीं हैं अन्यथा वे वस्त्र, पात्र, रजोहरण आदि का समर्थन नहीं करते और न भाष्य स्वोपज्ञ ही है क्योंकि उसमें वे सब बातें मौजूद हैं जो सूत्रकार और भाष्यकार को भिन्न सिद्ध करने में सहायक हैं।

१ देखो १३५ वां छंद।

दि० जैन-संस्कृत-पूजा-साहित्य

[ले०—ज्यौतिषाचार्य, न्यायतीर्थ श्रीयुत पं० नेमिचन्द्र शास्त्री, साहित्यरत्न]

प्रकृति की अभिनय-शाला में अहर्निश अभिनय होता रहता है। इस विराट अभिनय के अभिनेता एवं अभिनेत्रियाँ कीट पतंग से लेकर मानव तक सब-के-सब हैं। मानवता के स्तर से निम्न कोटि के प्राणी सजग और सुबोध अभिनायक नहीं हैं; अत: इस रंगशाला की कटुता या मधुरता के रसास्वादन का अनुभव उन्हें पूर्ण नहीं हो पाता। वे सुखाभास या दुखाभास से इस तरह लुब्ध या क्षुब्ध हो जाते हैं कि मतवाली मस्ती या कम्पायमती कायरता की दासता में ही उनकी जीवनलीला समाप्त हो जाती है। इसके प्रतिकूल मानव कलेवर में अन्त:करण की स्थापना है जिसके सहारे वह विश्व नाटक में अपना पार्ट अदा करते समय भी अपने निरासक्त मानस मंच पर बैठ कर चहुंदिशि घटित होने वाली घटनाओं एवं क्रिया-कलापों के पेट में प्रविष्ट हो उनके तथ्यातथ्य का विवेचन अन्त:करण की प्रयोगशाला में करता रहता है। भूलना न होगा कि मानव काया में पशुता एवं मानवता दोनों ही प्रवृत्तियाँ वर्तमान हैं, पर जो सज्ञान मानव है वह विरोधी वृत्तियों में भी अपनी मानवता कायम रखता है।

मानव आत्मा नाना प्रकार के सुख-दु:खों और अनेक आवर्त्तनों-विवर्त्तनों के बीच से होकर अपने को प्रकाशित करती है। वह प्रकृति पाठशाला के शृंखलाबद्ध एवं संघर्षमय जीवन मार्ग में जड़ एवं चेतन जगत के प्रतिमा-सौन्दर्य से कभी लुब्ध और क्षुब्ध होती है तो कभी हर्षित एवं पुलकित। सारांश यह है कि विविध वस्तुओं नैकट्य विभिन्न प्रकार के होने के कारण उसके अन्तर्जगत् में नाना प्रकार की तरंगमयी गतिशीलता तरंगित होती रहती है। इसी हार्दिक संवेदना से भक्ति भावना का उदय होता है। संसार यात्रा से विश्रान्त मानव गुणों से आकृष्ट हो अपने आराध्य देव के निकट में जाकर शान्ति चाहता है और वह उस शान्ति प्राप्ति के लिये अपने हृदय की भक्ति को उनके चरणों में उड़ेलने का प्रयास करता है, फलत: साहित्य जगत में भक्ति-साहित्य या पूजा-साहित्य का आविर्भाव होता है।

जैन मान्यता में आराध्यदेव को सर्वज्ञ, वीतरागी और हितोपदेशी बताया है। वीत-रागी प्रभु की भक्ति, स्तुति, और निन्दा समानकोटि की है। फिर भी उनके पुण्य गुणों का स्मरण, श्रवण, दर्शन एवं कीर्त्तन स्थायी भावात्मक आनन्द का उद्रेक करता है जिससे मानव पशुलोक से परे शुद्ध लोकोत्तर मानव लोक में पहुँच जाता है। स्वामी समन्तभद्र ने अपने स्वयंभूस्तोत्र में इसी बात को स्पष्ट किया है—

न पूजयार्थस्त्वयि वीतरागे न निन्दया नाथ विवान्तवैरे ।
तथापि ते पुण्यगुणस्मृतिर्नः पुनातु चित्तं दुरिताञ्जनेभ्यः ॥

साहित्यिक दृष्टिकोण से विश्लेषण करने पर हम इसी नतीजे पर पहुँचते हैं कि जो भक्ति के अतलतल में जिस गहराई तक डुबकियाँ लगाने में समर्थ है वह उतने ही उत्कृष्ट पूजा साहित्य का सृजन कर सकता है। बुद्धिमान व्यक्ति अपने साध्य को प्राप्त करने के लिये नाना प्रकार के साधनों को जुटाता है तथा उनके अन्वेषण एवं प्राप्त करने में जरा भी प्रमाद नहीं करता। अपनी आकांक्षाओं और स्वयं को तद्रूप करने के लिये वह साध्य को एक सुनिश्चित आकार में देखता है और अपने अन्तस्थल रूप असीम चितपिण्ड करण्ड को प्राप्त करने की चेष्टा करता है। अतः यह कहा जा सकता है कि मनुष्य से भावात्मक सम्बन्ध रखने वाले अनुभवों की आनन्द प्रदायिनी सुन्दर शब्दमयी अभिव्यक्ति पूजा-साहित्य है। इसके द्वारा मानवजाति को शान्ति और सुख मिलता है, और वह भौतिकवाद को त्याग आध्यात्मिक वाद की ओर अग्रसर होती है। संसार से संतप्त व्यक्ति के लिये उपासना ही एक कल्याण कारी आश्रय है, इससे उसका हृदय दोना भक्ति रूपी कोमल सुमनों से भर जाता है और वह जीवन संग्राम में सक्रिय भाग लेता हुआ भी आध्यात्मिक क्षेत्र को प्राप्त करने में सफल होता है। वह निरासक्त और निरपेक्ष हो अपनी अन्तरात्मा के साथ मन्त्रणा करता है, उसके सामीप्य को प्राप्त करता है तथा अन्त में उसी विशुद्ध निर्विकार, अखण्ड, ज्ञान-दर्शन मय चैतन्य आत्मा को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है।

यद्यपि भक्ति राग का अंश है, क्योंकि श्रद्धा और प्रेम के योग का मिश्रण भक्ति कहलाता है। जब पूज्य भाव की वृद्धि के साथ श्रद्धा भाजन के सामीप्य लाभ की प्रवृत्ति हो, उसके साक्षात्कार की इच्छा हो तब हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव समझना चाहिये। पर यह राग भी वीतरागता की प्राप्ति में सहायक है, जिस प्रकार रेखागणित के सिद्धान्तों की शिक्षा देते समय ऐसी रेखा की कल्पना करने के लिये जो अनादि, अनन्त और बिना लम्बाई, चौड़ाई की है, किसी कल्पित लम्बाई, चौड़ाई वाली रेखा द्वारा समझाया जाता है, उसी प्रकार ऐसे प्रभु की भक्ति द्वारा जो अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्त सुख आदि गुणों का धारी, वीतरागी है उसके उक्त गुणों की प्राप्ति के लिये प्रयास किया जाता है। प्रारम्भिक आत्मशुद्धि के विकास में रागरूप भक्ति या पूजन बड़ी सहायक है।

दि० जैन-पूजा-साहित्य की विशेषता

यों तो सभी सम्प्रदायों में पूजा-साहित्य पर्याप्त मात्रा में विद्यमान है तथा सभी सम्प्रदायों के उक्त साहित्य में अपने-अपने आराध्य देव की महत्ता स्वीकार करते हुए उसके चरणों में अपने को अर्पण किया गया है। लेकिन दि० जैन पूजा-साहित्य में आराध्यदेव के गुणों का

स्मरण एवं मनन किया गया है, इसमें किसी देव विशेष की पूजा नहीं का गई है, बल्कि आत्मिक गुणों की पूजा की गई है। यहाँ पूजा से आत्म निर्मलता की प्राप्ति अभिप्रेत है। अतः जैन पूजा की विशेषता परमात्म गुणों की प्राप्ति अथवा अपने आत्मीय गुणों की प्राप्ति की भावना है। यह भावना जितनी अधिक दृढ़, प्रकर्ष एवं विशुद्ध होगी सिद्धि भी उतनी ही अधिक निकट होती जायगी।

आत्मा स्वभाव से अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख एवं अनन्तवीर्यादि शक्तियों की धारक है; पर अनादि कर्म मल से मलिन होने के कारण उसकी वे समस्त शक्तियाँ आच्छादित हैं तथा यह आत्मा सांसारिक मोहजाल में इतनी लिप्त है कि उन शक्तियों के विकास का इसे भान नहीं होता। ज्ञानावरणीय और वीर्यान्तराय कर्म के क्षयोपशम से जो थोड़ा सा ज्ञान प्राप्त होता है, उसमें यह जीव मस्त रहता है। लेकिन जो संसारी जीव आत्मज्ञान का इच्छुक हो प्रबल ध्यान के बल से समस्त कर्ममल को दूर कर देता है उसमें आत्मा की सम्पूर्ण अनन्त ज्ञानादिक स्वाभाविक शक्तियाँ सर्वतो भाव से विकसित हो जाती हैं और तब वह आत्मा स्वच्छ तथा निर्मल होकर परमात्म पद को प्राप्त होती है। श्रीकुमुदचन्द्राचार्य ने कल्याणमन्दिर स्तोत्र में कहा भी है—

ध्यानाज्जिनेश भवतो भविनः क्षणेन,
देहं विहाय परमात्मदशां व्रजन्ति।
तीव्रानलादुपलभावमपास्य लोके,
चामीकरत्वमचिरादिव धातुभेदाः॥

उक्त परमात्मस्वरूप सभी आत्माओं के लिये अभीष्ट है; अतः परमात्मस्वरूप या आत्मस्वरूप की प्राप्ति के लिये परमात्मा की पूजा, भक्ति और उपासना करना प्रत्येक व्यक्ति का परम कर्त्तव्य है। परमात्मा का ध्यान एवं उनकी भक्ति निजात्मा की याद दिलाती है। पूजन, स्तवन एवं ध्यान द्वारा आत्मा यह समझने में समर्थ होता है कि मैं कौन हूं ? मेरी शक्ति क्या है ? जड़कर्म किस प्रकार मुझसे आबद्ध हैं ? मैं इनसे कैसे मुक्त हो सकता हूँ ? तात्पर्य यह है कि जैन मान्यता में परमात्मा को प्रसन्न करने, या उनसे कुछ वर पाने अथवा सांसारिक विषय कषायों को पुष्ट करने के लिये पूजा नहीं की जाती है, किन्तु आत्मस्वरूप की प्राप्ति एवं परमात्मा के उपकार का स्मरण करने के लिये पूजा की जाती है।

दि० जैन-संस्कृत-पूजा-साहित्य का क्रमिक विकास

उपलब्ध पूजा-साहित्य में सबसे प्राचीन ग्रन्थ चौथी शताब्दी के आचार्य यशोनन्दी के हैं, आपने पञ्चपरमेष्ठी पूजा, धर्मचक्रपूजा आदि ग्रन्थ लिखे हैं। इसकाल में और भी कई पूजा ग्रन्थ लिखे गये हैं, पर उनमें से आज बहुत थोड़े उपलब्ध हैं। यों तो पूजा साहित्य का

आरम्भ विक्रम सं० की पहली शताब्दी में ही हो चुका था। स्वामी समन्तभद्र जैसे दार्शनिकों ने भी पूजा की महत्ता बताई है तथा गृहस्थ के लिये दैनिक कर्त्तव्य में प्रधान अंग बताया है। अतएव यह कहना अनुचित न होगा कि जिस प्रकार दर्शन, काव्य, व्याकरण आदि विषयों का साहित्य प्राचीन है उसी प्रकार पूजा साहित्य भी प्राचीन है। छठवीं, सातवीं और आठवीं शताब्दी में अभयनन्दी, ललितकीर्ति, पद्मनन्दी आदि आचार्यों ने अनेक पूजा ग्रन्थों की रचना की है। इन शताब्दियों में व्रतपूजा और व्रतोद्यापन सम्बन्धी रचनाएँ भी हुई हैं। पर इस काल तक प्रतिष्ठा एवं आराधना सम्बन्धी रचनाएँ बहुत कम मिलती हैं। वि० सं० १२४१ में होने वाले आचार्य ने अपने विद्यानुवादाङ्ग ग्रन्थ में वीराचार्य, पूज्यपाद, जिनसेन, गुणभद्र, वसुनन्दी, इन्द्रनन्दी, आशाधर, हस्तिमल्ल और एकसन्धि इन नौ प्रतिष्ठा ग्रन्थकारों का उल्लेख किया है। आपने बताया है कि उपर्युक्त नौ आचार्यों के प्रतिष्ठाग्रन्थों का सार लेकर ग्रन्थ रचना की जा रही है—

> वीराचार्यसुपूज्यपादजिनसेनाचार्यसंभाषितो-
> यः पूर्वं गुणभद्रसूरिवसुनन्दीन्द्रादिनन्द्यूर्जितः।
> यश्चाशाधरहस्तिमल्लकथितो यश्चैकसंधारितः
> तेभ्यस्स्वाहृतसारमार्थरचितः स्याज्जैनपूजाक्रमः॥

इससे स्पष्ट है कि तेरहवीं शताब्दी के पूर्व प्रतिष्ठा ग्रन्थों की रचना पर्याप्त मात्रा में हो चुकी थी। १५ वीं, १६ वीं और १७ वीं शताब्दी में तो संस्कृत-पूजा-साहित्य का निर्माण विपुल परिमाण में हुआ, इस काल में होने वाले प्रायः सभी भट्टारकों ने पूजा साहित्य का सृजन किया। क्योंकि इस काल की भट्टारक परम्परा प्रकाण्ड विद्वान होने के साथ-साथ जैन शासन की रक्षिका थी। भारत के इतिहास में यह समय धर्मसंकट का माना गया है, इसमें मुसलमान इतर धर्मवालों के साथ अन्याय एवं अत्याचार करते थे अतः लोग भगवान् की शरण को ही सर्वोपरि आश्रय मानते थे। इसीसे इस समय में पूजा या भक्ति साहित्य का निर्माण विशेष रूप से हुआ। जैन परम्परा की दृष्टि से विचार करने पर ज्ञात होगा कि इस भट्टारक युग में असाता के उदय से आगन्तुक उपद्रवों की शान्ति के लिये आराधना ग्रन्थ तथा यक्ष, यक्षिणियों के पूजा ग्रन्थ भी लिखे जाने लगे थे। क्योंकि उस समय की उपासना पद्धति का हेतु आत्मा की निर्मलता के साथ साथ असाताजन्य दुर्घटनाओं की शान्ति करना भी था। इस समय ग्रन्थों की पूजा के ग्रन्थ भी रचे गये थे। त्रिलोकसार पूजा, समयसार पूजा, गोम्मटसार पूजा, आदि पूजा ग्रन्थों से स्पष्ट है कि उस समय भक्ति भावना या श्रद्धा-बुद्धि का बड़ाभारी प्राबल्य था। जो व्यक्ति इतर धर्मों के चमत्कार से प्रभावित होकर उधर की उपासना पद्धति एवं क्रियाकाण्ड की ओर झुक रहे थे, भट्टारक परम्परा ने उनकी बड़ी रक्षा

की ओर जैन साहित्य में भी वैसे ग्रन्थों की रचना कर उन्हें इस ओर आकर्षित किया। अतएव स्पष्ट है कि १५ वीं शताब्दी से लेकर १९ वीं शताब्दी तक विपुल परिमाण में पूजा ग्रंथ रचे गये। दि० जैन-संस्कृत-पूजा साहित्य के अबतक के उपलब्ध ग्रन्थों की संख्या लगभग ५९० के है, जिनमें २०० ग्रंथ रचयिताओं के नाम सहित मिलते हैं। ऐसे भी कई ग्रन्थ हैं जिनमें एक ही ग्रन्थ के रचयिता कई आचार्य हैं।

दि० जैन संस्कृत-पूजा-साहित्य की सूची

१ अकलंक संहिता (प्रतिष्ठा पाठ) अकलंकदेव भट्टारक (पौरवाड़ जातीय सं० १२५६)

२ अङ्कुरारोपण विधान—इन्द्रनन्दि (नन्दिसंघीय वि० सं० ९९०)

३ अनन्तनाथ पूजा—ब्र० शान्तिदास।

४ अनन्तव्रत पूजा—ब्र० जिनदास (वि० सं० १५१०), श्रीभूषण भट्टारक, ब्र० शान्तिदास।

५ अनन्तव्रतपूजा व उद्यापन—गुणचन्द्राचार्य (वि० सं० १६००), श्रीभूषण भट्टारक, ब्र० शान्तिदास।

६ अनन्तव्रतोद्यापन—रत्नचन्द्र भट्टारक (वि० सं० १६००), धर्मचन्द्र भट्टारक गुणचन्द्र भट्टारक (वि० सं० १६००), ब्र० जिनदास (वि० सं० १५१०)

७ अन्तरीक्ष पार्श्वनाथ पूजा—नेमिदत्त यति (नेमिनाथ पुराण के रचयिता वि० सं० १५७५)

८ अभिषेक पूजन—केशवनन्दन।

९ अर्हत्प्रतिष्ठासार—कौमारसेन (वि० सं० ७७०)

१० अर्हंकारासर पूजा—

११ अष्टाह्निकासर्वतोभद्र पूजा—कनककीर्त्ति भट्टारक।

१२ अष्टाह्निका सिद्धचक्र व्रतोद्यापन—महाचन्द्र सूरि (वि० सं० ९७४)

१३ अष्टाह्निकोद्यापन—कनककीर्त्ति भट्टारक, धर्मकीर्त्ति भट्टारक, (धनञ्जय कृत द्विसन्धान काव्य की टीका के रचयिता), श्रुतसागर (यशस्तिलक की टीका के रचयिता), सकलकीर्त्ति (द्वितीय)

१४ आदित्यवार व्रत पूजा—भ० देवेन्द्रकीर्त्ति (सांगानेर पट्ट के भट्टारक वि० सं० १६६२, ग्रन्थलिपि सं० १८५२ श्लो० २४०)

१५ आदित्यव्रतोद्यापन—भ० देवेन्द्रकीर्त्ति (श्लो० १५०)

१६ आराधनासार—देवसेन (काष्ठासंघी)

१७ इन्द्रध्वजपूजा—भ० विश्वभूषण (वि० सं० १८१०), शुभचन्द्र (त्रिविधविद्याधरषट्भाषा-कवि चक्रवर्ती वि० सं० १६८० सागवाड़ा पट्टाधीश)

१८ **ऋषिमण्डल पूजा**—गुणनन्दि भट्टारक, वीर पंडित।

१९ **ऋषिमण्डल स्तवन व पूजन**—ब्र० जिनदास, भ० विश्वभूषण।

२० **कर्मचूरोद्यापन**—लक्ष्मीसेन।

२१ **कर्मदहन पूजा**—शुभचन्द्र, जिनचन्द्र मुनि (अग्रवाल जातीय वि० सं० १५०७) सोमकीर्त्ति (सप्तव्यसन चरित्र के रचयिता), सोमदत्त।

२२ **कर्मदहनाराधना विधान**—कल्याणकीर्त्ति।

२३ **कलशारोहण पूजा**—मोहन पंडित।

२४ **कलिकुण्डपूजा**—श्रुतसागर, पद्मनन्दि भ० (वि० सं० १३६२), देवराज (ग्रन्थ की श्लो० सं० २००)

२५ **कल्याणमन्दिरोद्यापन**—सुरेन्द्रभूषण (वि० सं० १८८२), देवेन्द्रकीर्त्ति (सांगानेर पट्ट के भट्टारक)

२६ काञ्जिद्वादश्युद्यापन—खुशाल पंडित।

२७ केवलचान्द्रायणोद्यापन—देवेन्द्रकीर्त्ति।

२८ क्षमावणीपूजा—ब्रह्मसेन।

२९ क्षीरोदानी पूजाष्टक—अमयचन्द्र।

३० क्षेत्रपालपूजा—देवेन्द्रकीर्त्ति भ०, विश्वसेन भ०

३१ गणधरवलयपूजा—हस्तिमल्ल पंडित, शुभचन्द्र (त्रिविधविद्याधरषट्भाषाकविचक्रवर्ती, सागवाड़ा पट्टाधीश, वि० सं० १६८०), धर्मकीर्त्ति भट्टारक, पद्मनन्दि भट्टारक (वि० १३६२), प्रभाचन्द्र भ० (वि० सं० १५८०)

३२ गणधरवलय यंत्रपूजा—राजकीर्त्ति सूरि।

३३ गन्धकुटी पूजा—शुभचन्द्र भ०, पं० आशाधर।

३४ गुरुपूजा—जसकीर्त्ति।

३५ गोम्मटसार पूजा—श्रुतसागर (यशस्तिलक के टीकाकार), रायमल्ल।

३६ चतुर्दशी विधान—विद्यानन्दि मुनि (जयसिंह राजा के मंत्री ताराचन्द्र के व्रतोद्यापन के लिये रचना की है—ग्रन्थ प्रमाण १५ पत्र)

३७ चतुर्दश्युद्यापन—सुरेन्द्रभूषण।

३८ चतुर्मुख पूजा—ऋषिकेश।

३९ चतुर्विंशतिपूजा—श्रीभूषण, शुभचन्द्र, रामचन्द्र मुमुक्षु।

४० चतुर्विंशत्युद्यापन—जिनदास।

४१ चतुस्त्रिंशदुत्तर द्वादशशतोद्यापन—जिनदास।

४२ चतुस्त्रिंशदधिक द्वादशशतोद्यापन—शुभचन्द्र ।
४३ चन्दनषष्ठीपूजा—लक्ष्मीसेन, वज्रकीर्त्ति ।
४४ चन्दनषष्ट्युद्यापन—देवसेन भ०, सोमकीर्त्ति ।
४५ चन्द्रप्रभदेव पाठ—देवसेन
४६ चन्द्रप्रभदेव पूजा—अज्ञात
४७ चमत्काराख्य आदिनाथ पूजा—
४८ चारित्रशुद्धि पूजा—श्रीभूषण मुनि ।
४९ चारित्रशुद्धि तपोद्यापन—शुभचन्द्र ।
५० चिन्तामणि पूजा—शुभचन्द्र ।
५१ चिन्तामणि पार्श्वनाथ पूजा—सोमसेन ।
५२ चिन्तामणि यंत्र पूजा—शुभचन्द्र ।
५३ चौबीसी पूजा—माघनन्दी व्रती ।
५४ जम्बूद्वीपस्थ अकृत्रिम जिनपूजा—लक्ष्मीसागर शिष्य पं० जिनदास ।
५५ जम्बूद्वीप पूजा—ब्र० जिनदास ।
५६ जिनगुण सम्पत्तिव्रत पूजा—श्रुतसागर ।
५७ जिनगुण सम्पत्त्युद्यापन—विशालकीर्त्ति पुत्र विश्वभूषण भट्टारक, सुमतिसागर ।
५८ जिनयज्ञकल्प—आशाधर, मावशर्मा, शुभचन्द्र ।
५९ जिनसहस्रनाम पूजा—धर्मभूषण ।
६० जिनेन्द्रदेवशास्त्रगुरु पूजा—विश्वसेन ।
६१ जैनपूजा पद्धति—गुणचन्द्र भट्टारक ।
६२ जैन महाभिषेक पूजा—पूज्यपाद ।
६३ जैनेन्द्रयज्ञविधि—श्रुतसागर ।
६४ ज्ञानपञ्चविंशत्युद्यापन—भ० सुरेन्द्रकीर्त्ति ।
६५ ज्येष्ठजिनवर पूजा—ब्र० कृष्णराज (वि० सं० ६७२, ग्रन्थ का लिपिकाल सं० १६४०)
६६ ज्येष्ठजिनवर व्रतोद्यापन—श्रीभूषण कवि ।
६७ ज्वालामालिन्युद्यापन—लक्ष्मीसेन ।
६८ तीसचौबीसी पूजा—धर्मचन्द्र भ०, शुभचन्द्र, मावशर्मा ।
६९ तेरह द्वीप पूजा—शुभचन्द्र ।
७० त्रिकाल चतुर्विंशतिकोद्यापन—गुणनन्दि भ० ।
७१ त्रिकाल चौबीसी पूजा—भ० विद्याभूषण ।

७२ त्रिकुण्डी होमशान्तिक पूजा—रविषेण भट्टारक।
७३ त्रिचतुर्विंशति विधान—विद्याभूषण भ०।
७४ त्रिपञ्चाशत्क्रियोद्यापन—देवेन्द्रकीर्त्ति।
७५ त्रिलोकसार पूजा—ललितकीर्त्ति, वामदेव, सुमतिसागर।
७६ त्रिलोकसार महापूजा—सहस्रकीर्त्ति।
७७ त्रेपनक्रियाव्रत पूजा—देवेन्द्रकीर्त्ति अग्रवाल (वि० सं० १६५०—ग्रन्थ प्रमाण २०० श्लो०)
७८ त्रेपनक्रिया व्रतोद्यापन—विक्रम देवेन्द्र अग्रवाल।
७९ दशलक्षण पूजा—धर्मचन्द्र, सुमतिसागर।
८० दशलक्षण पूजा विधान—सोमसेन।
८१ दशलक्षण व्रतोद्यापन—सुमतिसागर, रत्नकीर्त्ति, धर्मचन्द्र, विश्वभूषण।
८२ दुधारस व्रतोद्यापन—श्रीधर्ममुनि।
८३ देवपूजा—पं० शिवचन्द्र (ग्रन्थ प्रमाण ८८—पत्र लि० सं० १९४७)
८४ देशव्रतोद्यापन—पद्मनन्दी।
८५ द्वादशव्रतपूजा—भोजदेव।
८६ द्वादशव्रतोद्यापन—शान्तिदास ब्र०, श्रीभूषण कवि।
८७ धर्मचक्रपूजा—साधु रणमल्ल यशोनन्दि (द्वितीय वि० सं० ३६८), वीर पंडित।
८८ धर्मबृहद्पूजा—हंस कवि।
८९ नन्दीश्वर पंक्तिपूजा—कनककीर्त्ति।
९० नन्दीश्वर लघुपूजा—देवेन्द्रकीर्त्ति।
९१ नन्दीश्वर विधान—देवेन्द्रकीर्ति।
९२ नन्दीश्वर व्रतोद्यापन विधि—ज्ञानसागर, श्रुतसागर।
९३ नवकार पैंतीस पूजा—भ० सुमतिसागर, अक्षयराम।
९४ नवकार पैंतीस व्रतपूजा—कनककीर्त्ति।
९५ नवग्रह पूजा—इन्द्रनन्दि भट्टारक, बुधवीर।
९६ नित्यमहोद्योत अभिषेक पाठ—पं० आशाधर।
९७ निर्वाणपूजा—उदयकीर्त्ति।
९८ पञ्चपरमेष्ठी पाठ—आशानन्दी।
९९ पञ्चपरमेष्ठी पूजा—यशोनन्दी (वि० सं० ३६८), शुभचन्द्र, जिनदास, ज्ञानभूषण।
१०० पञ्चकल्याणक पूजा—सुधीसागर, सुमतिसागर, श्रीचन्द्र (वि० सं० १२१४), ज्ञानसागर, चन्द्रकीर्त्ति (लिपिकाल सं० १८८७), सुरेन्द्रभूषण, मेघराज।

१०१ पञ्चक्षेत्रपाल पूजा—गंगादास।

१०२ पञ्चमास चतुर्दशीव्रतोद्यापन—भ० सुरेन्द्रकीर्त्ति।

१०३ पञ्चमीव्रतोद्यापन—उदयपुत्र हर्षनामा सुधीर (ग्रन्थ प्रमाण ७५ श्लो०)

१०४ पञ्चमेरु पूजा—सुखानन्द।

१०५ पञ्चमेरुपूजाष्टक—विश्वभूषण भ०।

१०६ पद्मावती पूजा—सिंहनन्दी।

१०७ पल्यविधान पूजा—रत्ननन्दि भ० (भद्रबाहु चरित्र के रचयिता), शुभचन्द्र।

१०८ पल्यव्रतोद्यापन – देवेन्द्रकीर्त्ति (सांगानेर पट्ट के भट्टारक), शुभचन्द्र।

१०९ पुष्पाञ्जलि पूजा—रत्नचन्द्र भ० (वि० सं० १६००), देवेन्द्रकीर्त्ति।

११० पुष्पाञ्जल्युद्यापन—गंगादास, छत्रसेन।

१११ पूजाकल्प—अभयनन्दि, जिनसेन, इन्द्रनन्दि, एकसन्धि, रविषेण, द्वितीय पूज्यपाद, चन्द्रकीर्त्ति भ०।

११२ पूजाविधि—लघु समन्तभद्र।

११३ पूजासार—जिनसेन।

११४ प्रतिमासान्तचतुर्दशी व्रतोद्यापन—अक्षयराज।

११५ प्रतिमासंस्कारारोपण पूजा—इन्द्रनन्दि।

११६ प्रतिष्ठाकल्प—प्रभाकरसेन, आशाधर।

११७ प्रतिष्ठाकल्पटिप्पण (जिनसंहिता)—माघनन्दी सुत कुमुदचन्द्र (ग्रन्थ प्रमाण —पत्र संख्या ३६)

११८ प्रतिष्ठातिलक—नरेन्द्रसेन, ब्रह्मसूरि, देवसेन काष्ठासंघी, नेमिचन्द्र कवि।

११९ प्रतिष्ठापाठ—प्रभाचन्द्र, पूर्णदेव, इन्द्रनन्दि, जयसेन।

१२० प्रतिष्ठासार—वसुनन्दी।

१२१ प्रतिष्ठासारसंग्रह—फतेहलाल।

१२२ बीस विरहमानपूजा—ब्रह्मदास, अमरचन्द्र (ग्रन्थप्रमाण ३१ पत्र)

१२३ बुद्धाष्टम्युद्यापन—देवेन्द्रकीर्त्ति भ०।

१२४ बृहद् कलिकुण्ड पूजा—भ० विद्याभूषण।

१२५ बृहद् ध्वजारोपणपूजा—केसरीसिंह पण्डित।

१२६ बृहद् सिद्धचक्र पूजा—ब्र० जिनदास।

१२७ बृहद् सिद्धचक्र यंत्रोद्धारक पूजा—प्रभाचन्द्र।

१२८ बृहद् सिद्धचक्रविधान—वीरु कवि अग्रवाल।

१२९ भक्तामरस्तवन पूजा—श्रीभूषण शिष्य भ० ज्ञानसागर।

१३० भक्तामरोद्यापन—सुरेन्द्रभूषण भ०।

१३१ महाभिषेक विधि व पूजन—पं० नरेन्द्रसेन।

१३२ मांगीतुंगी गिरिपूजा—विश्वभूषण भ०।

१३३ मातृकायंत्र पूजा—इन्द्रनन्दि।

१३४ मुक्तावलीव्रतपूजा—ब्र० जीवन्धर।

१३५ मुक्तावल्युद्यापन—रत्नकीर्त्ति भ०, खुशाल पंडित।

१३६ मेघमालोद्यापन—ब्र० जिनदास।

१३७ यति भावनाष्टक—पद्मनन्दी।

१३८ योगीन्द्रपूजा—पं० साधारण।

१३९ रत्नत्रयपूजा—नरेन्द्रसेन।

१४० रत्नत्रय बृहत्पूजा—धर्मचन्द्र भ०।

१४१ रत्नत्रयार्चन विधि—मल्लिषेण।

१४२ रविव्रतोद्यापन—भ० महीचन्द्र, ब्र० जयसागर।

१४३ रोहिणीव्रतोद्यापन—भ० प्रभाचन्द्र।

१४४ लब्धिविधान—सकलकीर्त्ति द्वितीय।

१४५ लब्धिविधानोद्यापन—विद्याधर।

१४६ विघ्नहर पार्श्वनाथ पूजा—भ० महीचन्द्र।

१४७ विद्यानुवादाङ्ग (जिनेन्द्रकल्याणाभ्युदय)—अप्पयार्य (वि० सं० १२४१ माघ शुक्लादशमी रविवार को एकशैल नामक ग्राम में इसकी रचना हुई है)

१४८ विमानशुद्धिपूजा—चन्द्रकीर्त्ति

१४९ विमानशुद्धि शांतिक पूजा—शुभचन्द्र।

१५० विवाहपटलपूजा—ब्रह्मदेव।

१५१ विंशति तीर्थंकरपूजा—नरेन्द्रकीर्त्ति।

१५२ विषपहार पूजाविधान—देवेन्द्रकीर्त्ति।

१५३ व्रतोद्यापन श्रावकविधि—अभयमुनि।

१५४ शान्तिचक्रपूजा—पद्मनन्दि, इन्द्रनन्दि।

१५५ शान्तिपूजाविधान—धर्मदेव काष्ठासंघी।

१५६ शास्त्रपूजा—मलयकीर्त्ति।

१५७ शीतलगंगाष्टक—यशोनन्दि।

१५८ शुक्रपञ्चम्युद्यापन — सोमसेन।
१५९ श्रुतस्कन्धपूजा—भ० त्रिभुवनकीर्त्ति, पं० आशाधर।
१६० श्रुतस्कन्धोद्यापन—नक्षत्रदेव।
१६१ श्रुतज्ञानोद्यापन—वामदेव।
१६२ श्रेयस्करणोद्यापन —भ० सुरेन्द्रभूषण।
१६३ श्रेयोविधान—अभयनन्दि।
१६४ षट्चतुर्थजिनार्चन — शिवाभिराम (ग्रन्थ प्रमाण—पृ० ९५, लिपिकाल सं० १९३८)
१६५ षणणवतिक्षेत्रपालपूजा — भ० विश्वभूषण।
१६६ षोडशकारण विस्तार पूजा — भ० ज्ञानभूषण शिष्य जयभूषण।
१६७ षोडशकारणव्रतोद्यापन—केशवाचार्य, सुमतिसागर।
१६८ सप्तपरमस्थानपूजा—विद्यानन्दि मुनि।
१६९ समयसारपूजा — शुभचन्द्र।
१७० समवशरण पूजा — रत्नकीर्त्ति।
१७१ सम्मेदशिखर पूजा—गंगादास।
१७२ सरस्वती पूजा —मल्लिभूषण शिष्य श्रुतसागर, ब्र० नेमिदत्त।
१७३ सर्वतोभद्रपूजा — शुभचन्द्र।
१७४ सर्वदोषप्रायश्चित्त पूजा—महेन्द्रकीर्त्ति।
१७५ सहस्रगुणपूजा—धर्मकीर्त्ति।
१७६ सहस्रगुणीपूजा —धर्मचन्द्र।
१७७ सहस्रनामपूजा — स्वङ्गसेन।
१७८ सारस्वतयंत्रपूजा—शुभचन्द्र, श्रुतसागर।
१७९ सार्द्धद्वयद्वीपपूजा —शुभचन्द्र, सुरेन्द्रभूषण, जिनदास।
१८० सिद्धचक्रपूजा—प्रभाचन्द्र, अजितकीर्त्ति, देवेन्द्रकीर्त्ति, पं० आशाधर (इसकी स्वोपज्ञ टीका भी है)
१८१ सिद्धचक्र की वृहद् पूजा—भानुकीर्त्ति, शुभचन्द्र।
१८२ सिद्धचक्रसहस्रगुणितपूजा—शुभचन्द्र।
१८३ सिद्धचक्रयंत्रोद्धारस्तवन पूजा—भ० विद्याभूषण।
१८४ सिद्धपूजा—पद्मनन्दि, सोमदत्त।
१८५ सुखसम्पत्तिव्रतोद्यापन—भ० सुरेन्द्रभूषण।
१८६ सुगन्धदशम्युद्यापन—पद्मनन्दि, गंगादास।

१८७ सूतोद्यापन—विजयसेन ।

१८८ स्थाण्डिलयहोमपूजा सोमसेन भ० ।

१८९ स्नपनविधि व पूजा—भ० अभयनन्दि ।

१९० स्वयंभूसहस्रनाम पूजा—धर्मचन्द्र भ० ।

१९१ हेमकारी जिनपूजा—विश्वभूषण भ० ।

१९२ होमविधि व वास्तुपूजन—इन्द्रनन्दि ।

उपर्युक्त पूजा ग्रंथों के अतिरिक्त ऐसे भी अनेक ग्रन्थ हैं जिनके कर्त्ताओं का पता नहीं है। श्रीजैन-सिद्धान्त-भवन आरा के शास्त्रागार में उक्त ग्रन्थों की संख्या लगभग ८०-९० के है तथा A Descriptive catlogue of the sanskrit manuscripts in the Government oriental manuscripts library Madras में लगभग ४०-५० अज्ञातकर्त्ता के ग्रन्थों का उल्लेख है। जानकारी के लिये उक्त ग्रन्थों में से कुछ पूजाग्रन्थों की प्रशस्तियाँ दी जाती हैं—

१ वज्रपञ्जराराधनाविधान—इस ग्रन्थ में ७ इञ्च लम्बे और ६ इञ्च चौड़े ६ पत्र हैं। इसमें सर्व प्रथम चन्द्रप्रभ प्रतिबिम्ब का अभिषेक, भूमिशुद्धि, पंचगुरुपूजा और चत्तारि अर्घ्य का विधान बतलाया गया है। इसके अनन्तर चन्द्रप्रभ भगवान् की पूजा, उनकी स्तुति, श्यामयक्ष, ज्वालामालिनी यक्षी की पूजा, पञ्चपरमेष्ठी की पूजा तथा अन्य अधिष्ठात्री देवियों की पूजा दी गई है।

प्रारम्भिक भाग—

चन्द्रपुराम्बुधिचन्द्रं चन्द्राकं चन्द्रकान्तसंकाशम् ।
चन्द्रप्रभजिनमंचे कुन्देन्दुस्मारकीर्त्तिकान्ताशान्तम् ॥
ॐ ह्रीं चन्द्रप्रभजिनदेवागच्छ—
तीर्थोपनीतघनसारशीलैः पातप्रपाद्यैः घुसृणाद्युपेतैः ।
चन्द्रप्रभाभास्करदिव्यदेहं महामि चन्द्रप्रभतीर्थनाथम् ॥
ओं ह्रीं चन्द्रप्रभजिनदेवाय जलं निर्वपामीति स्वाहा—
सुगन्धसारैर्घनगन्धसारैः सिताभ्रभारैः सितधामगौरैः ।
चन्द्रप्रभाभास्करदिव्यदेहं महामि चन्द्रप्रभतीर्थनाथम् ।गन्धम्।।

अन्तिम भाग—

यस्यार्थं क्रियते पूजा सुप्रीतो नित्यमस्तु ते ।

ॐ ह्रीं रं रं रं रं ज्वालामालिनी ह्रां आं क्रों,क्षों ह्रां क्रों क्लूं द्रां द्रीं झ्लवरयूं ह्रां ह्रीं हं ह्रौं हः ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल धग धग धूं धूं धूम्रान्धकारिणी शीघ्रं यन्त्राधिपतये देवदत्तस्य सर्वग्रहोच्चाटनं कुरु कुरु हूं फट् नमः स्वाहा। मन्त्रपुष्पम्—

२. कलिकुण्डाराधना विधान इसमें ६½ इञ्च लम्बे और ६ इञ्च चौड़े १३ पत्र हैं। इसके प्रारम्भ में कलिकुण्डयंत्र पार्श्वनाथ की प्रतिमा का अभिषेक, भूमिशुद्धि, पञ्चगुरु पूजा एवं चत्तारि अर्घ्यों का कथन है। उसके पश्चात् पार्श्वनाथ पूजा, इनकी मंत्रस्तुति धरणेन्द्र यक्ष और पद्मावती की पूजा तथा इनके मंत्रस्तोत्र दिये गये हैं। ग्रन्थ के अन्त में यन्त्रस्थ पिण्डाक्षरों का अर्घ्य, अष्टमात्रिका की पूजा, मन्त्रपुष्प एवं जयमाला आदि हैं।

प्रारम्भिक भाग—

सत्पुष्पधाम्ना प्रविराजितेन पुष्पेण पूर्णेन सुपल्लवेन ।
सन्मङ्गलार्थं कलिकुण्डदेवमुपांशुभूमौ समलङ्करोमि ॥

(कलशस्थापनम्)

शुद्धेन शुद्धह्रदकूपवापी गङ्गातटाकादिसमाहृतेन ।
शीतेन तोयेन सुगन्धिनाहं भक्त्याभिषिञ्चे कलिकुण्डयन्त्रम् ॥

(तीर्थोदकाभिषेकः)

नीरैः सुगन्धैः कमलाक्षतौघैः पुष्पैर्हविर्भिर्वरधूपधूमैः ।
भास्वत्फलार्घ्यैः कलिकुण्डयन्त्रं सम्पूजयाम्यष्टतया सुभक्त्या ॥

अन्तिम भाग—

कलिलदहनदक्षं योगियोगोपलक्ष्यम् ।
ह्यविकुलकलिकुण्डो दण्डपार्श्वप्रचण्डम् ।
शिवसुखमभवद्वा दासवल्लीवसन्तम् ।
प्रतिदिनमहमीडे वर्धमानस्य सिद्ध्यै ॥

३. मृत्युञ्जयाराधना विधान—इसमें ६½ इंच लम्बे और ६ इंच चौड़े ७ पत्र हैं। इसके आरम्भ में चन्द्रनाथ, श्रुत, गणधर, एवं मृत्युञ्जय यंत्र का अभिषेक एवं भूमिशुद्धि, चत्तारि अर्घ्य, चन्द्रप्रभुस्वामी की पूजा निर्दिष्ट की गई है। इसके अनन्तर यक्ष, यक्षिणी की पूजा, मृत्युञ्जय मंत्र पूजा, एवं अष्टमातृकापूजा आदि हैं।

प्रारम्भिक भाग—

चन्द्रनाथश्रुतगणधरमृत्युञ्जययन्त्रमित्येतेषामभिषेकं कृत्वा भूमिशुद्धिचत्तार्यर्घ्यानन्तरं चन्द्रप्रभपूजा—

चन्द्रपुराम्बुधिचन्द्रं चन्द्रार्कं चन्द्रकान्तसंकाशम् ।
चन्द्रप्रभजिनमर्चे कुन्देन्दुस्फारकीर्तिकान्ताशान्तम् ॥
नानामणिप्रचयभासुरकण्ठपीठभृङ्गारनालकजिताभलदिव्यतोयैः ।

संसारतापविनिवारणहेतुभूतं श्रीचन्द्रनाथपदपद्मयुगं यजेऽहम् ॥

(अर्घं० नि०)

नाकाङ्गनाकरसरोरुहमध्यवर्तिकर्पूरकुंकुमविमिश्रितदिव्यगन्धैः ।

मुक्तोपमानवरगन्धरमासमेतं श्रीचन्द्रनाथपदपद्मयुगं भजेऽहम् ॥

(गन्धं नि०)

अन्तिम भाग —

अत्यन्तभक्त्यानतदेवचन्द्रसूर्याभिवन्द्याग्रजिनेन्द्रभक्ता

ब्रह्माणिकाद्या उररीकृतार्घ्या सर्वापमृत्युं विनिवारयन्त्वः ॥

ॐ ह्रीं अष्टमातृकाभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामि स्वाहा ।

आणिमादिगुणैश्वर्यशालिन्येत्यष्टमातरः ।

याजकानां सुशान्त्यथ सुप्रसन्ना भवन्तुताः । इष्टप्रार्थनाय पुष्पाञ्जलिः ।

४. **जिनपुरन्दरोद्यापन**[1] — इसमें १५ इंच लम्बे और ४½ इंच चौड़े ९ पत्र हैं। इसके प्रारम्भ में आदिनाथ भगवान को नमस्कार किया गया है तथा पुरन्दरव्रत का लक्षण बतलाया है, इसके अनन्तर पुरन्दरव्रत की पूजा के लिये जिनेन्द्र भगवान की स्थापना एवं पूजा है अन्त में भगवान के अतिशयों के अष्टक हैं।

प्रारम्भिक भाग—

श्रीमदादिजिनं नौमि पञ्चकल्याणनायकं ।

इन्द्रादिभिर्देवगणैः पूजितमष्टधाऽर्चनैः ॥

श्रीवीरजिननाथेन कथितं व्रतमुत्तमम् ।

वक्ष्येऽहं विघ्नशान्त्यर्थं जिनपूजापुरन्दरम् ॥

अन्तिम भाग—

धर्मवृद्धिजयमंगलमानराजऋद्धिप्रददाति समागमम् ।

पापतापदुःखरोगविनाशं कुर्वते जिनपुरन्दरवासः ॥इत्याशीर्वादः॥

५. **अक्षयनिधिव्रतोद्यापन**—इसमें १० इञ्च लम्बे और ७ इंच चौड़े ५ पत्र हैं। यह एक गुटमें हैं, जिसमें २५-२६ उद्यापन हैं। इसके प्रारम्भ में व्रतविधि बताई गई है, अनन्तर अर्हन्त पूजा है तथा अन्त में २४ भगवानोंके अष्टक हैं।

प्रारम्भिक भाग —

श्रीसर्वज्ञपादाम्भोजम्, इन्द्रनागेन्द्रपूजितम् ।

वाञ्छितार्थफलं नूनं, अक्षयाक्षविधानकम् ॥

---

१ लेख लिखे जाने के बाद पता चला है कि इस जिनपूजापुरन्दर के कर्त्ता सोमसेन हैं।

लेखक—

आगमव्रतमायुष्मान्, यथावत्संगिराम्यहम् ।
धर्मार्थरागिनो जाते, सुखस्वर्गापिवर्गकम् ।।

अन्तिम भाग—

अभिप्रणीताभिरतीवसद्धाविशुद्धकर्पूररजोयुताभिः ।
यजाम्यहं सर्वसुखाथ हेतोः जिनेन्द्रबिम्बं भवनाशनाय ।।
ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतिजिनेभ्यो नमः, अक्षयपदनिधानेभ्यो नमः जलं ।
सचन्दनैर्लोहितचन्दनाद्यैः, सिताभ्रकालागुरुजातमिश्रैः ।
यजाम्यहं सर्वसुखार्थहेतोः जिनेन्द्रबिम्बं भवनाशनाय ।।गन्धं।।

'भवन' के इस गुटके में ऐसे कई उद्यापन हैं जिनके अष्टक संस्कृत भाषा में हैं और जयमाला अपभ्रंश या हिन्दी में है। उपर्युक्त अक्षयविधानोद्यापन की अन्तिम जयमाला भी हिन्दी में लिखी हुई है जो पीछे जोड़ी हुई मालूम पड़ती है तथा प्रकरण से असम्बद्ध भी जँचती है।

६. **वास्तुविधान** – इसमें ६ इञ्च लम्बे और ५ इंच चौड़े ९ पत्र हैं। इसके प्रारम्भ में अंकुरविधान, नान्दीविधान, आदि का निर्देश करते हुए सकलीकरण आदि क्रियाओं का संक्षिप्त कथन है। इसके अनन्तर ब्रह्म, इन्द्र, वरुण, पवन आदि दश वास्तु देवताओं की पृथक्-पृथक् पूजा है।

प्रारम्भिक भाग—

अथार्हदीशप्रतिमाप्रतिष्ठाविधाननिर्विघ्नसमाप्तिसिध्यै ।
ततोऽङ्कुरार्चादिवसाद्धं पूर्वे दिने क्षपायां विदधीत नान्दीम् ।।
तत्रापि पर्वं विदधीत वास्तु दिवौकसां भेकपदेस्थितानाम् ।
ततः परे वो विधिवत्सपर्यां क्रमेण सामान्यविशेषकल्पाम् ।।
स्नात्वा समाचम्य समेत्यधाम कृत्वा तदेर्यापथशोधनञ्च ।
स्तुत्वा च सिद्धान् सकलीविधानं कृत्वैकतानो रहसि प्रदेशे ।।
कृत्वा समासाज्जिनराजपूजां श्रुतं समाराध्य तथा मुनीन्द्रान् ।
गुरोरनुज्ञां शिरसा गृहीत्वा दत्वानियोगं परिचारकाणाम् ।।
प्रत्यग्रधौतोत्तमशुभ्रवासकृतान्तरीयं च तथोत्तरीयम् ।
हैमोपवीताङ्गदहारमुद्रिकाकिरीटकर्णाभरणादिभूषितः ।।

अन्तिम भाग—

सम्पूजिता इत्यमरेन्द्रमुख्याः महामहिम्ना प्रतिमासमानाः ।
दशप्रकारोदितभावनेन्द्राः कुर्वन्तु शान्तिं जिनभाक्तिकानाम् ।।

मुख्याविमौचन्द्रदिवाकरौ च शेषग्रहा अश्वयुगादितारा: ।
प्रकीर्णका ज्योतिरमर्त्यवर्गाः कुर्वन्तु शान्ति जिनभाक्तिकानाम् ॥
जिनेन्द्रचन्द्रस्य महामहेऽस्मिन् संपूजिताः कल्पनिकायवासाः ।
सौधर्ममुख्यास्त्रिदशाधिनाथाः कुर्वन्तु शान्तिं जिनभाक्तिकानाम् ॥

इष्ट प्रार्थनाय पुष्पाञ्जलि ॥

संस्थाप्य मध्येष्टदिशासुबाह्य [जलप्रपूर्णं सहिरण्यं भागम् ।
सुवस्त्रमाल्याध्वजदर्पणाद्यं कुम्भं यजे वास्तुसमृद्धिसिध्यै ॥

इति वास्तुपूजाविधानं समाप्तम् ।

७. जैनपूजाविधान—इसमें १३ इंच लम्बे और २ इञ्च चौड़े ६० ताड़पत्र हैं तथा प्रतिपत्र में ५ पंक्तियाँ हैं । लिपि कन्नड़ और भाषा संस्कृत है । इसमें पूजाविधि का वर्णन विस्तार सहित किया है । तथा पञ्च परमेष्ठो के पृथक पृथक अष्टक निर्दिष्ट हैं ।

प्रारम्भिक भाग—

संकल्प्याभिषवं विशोध्य सुसमास्थाप्यात्र दर्भान् पुटान्
पीठं बिम्बमिहार्हतं जिनसुपास्याष्टासनादिक्रमैः ।
दिक्पालान् परिपूज्य सज्जलमुखैनान्यैं कषायोदकैः
संस्नाप्यावतार्य कोणकलशैर्गन्धोदकैः स्नापयेत् ॥

विधियज्ञप्रतिज्ञापनाय पुष्पाञ्जलिः··· ·· ।

जिनानामपि सिद्धानां महर्षीणां समर्चनात् ।
पाठात् स्वस्त्ययनस्यापि पुनः पूर्वं प्रसादयेत् ॥

पुनः प्रशस्तिविधानसुदनाथमर्चनपीठाग्रतः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत् ।

अन्तिम भाग—

सिद्धपरमेष्ठिने नमः स्वाहेत्यादि । अथ कर्णिकायानर्चादिशि आचार्य परमेष्ठी पूजा ।

कुमतोतिमिरसूर्यान् सारगाम्भीर्यधैर्यान्
परहितनिजकार्यान् पञ्चभेदोद्धचर्यान् ।
विनयवत [वि] विधीयान् पूज्याम्याद्दनार्यान्
मुनिजनपरिवार्यान श्रीमदाचार्यवर्यान् ॥

८. जैन-मंत्र-यंत्र-पूजा—इसमें १४ पत्र और प्रति पत्र ८ पंक्तियाँ हैं । प्रारम्भ में कलशाभिषेक, यन्त्रस्नपन का निर्देश किया गया है पश्चात् यन्त्रपूजा का वर्णन है ।

प्रारम्भिक भाग—

निष्ठाप्यैवं जिनानां सवनविधिमनुप्राच्यभूमागमन्यं
पूर्वोक्तैर्यन्त्रमन्त्रैरिह भुवि विधिनाराधनापीठयन्त्रम् ।

कृत्वा सच्चन्दनाद्यैर्वसुदलकमलं कर्णिकायां जिनेन्द्रान्
प्राच्यां संस्थाप्य सिद्धानितरदितिगुरून्मन्त्ररूपान् विधाय ॥
जैनं धर्मागमार्चानिलयमपि विदिग्यत्र मध्ये लिखित्वा
बाह्ये कृत्वाथ चूर्णैः प्रविशदशत्रकैः पञ्चकून्मण्डलानाम् ।
तत्रस्थाप्यास्तिथीशा ग्रहसुरपतयो यक्षयक्षीः क्रमेण
द्वारेशा लोकपाला विधिवदिह महं यन्त्रतो व्याह्वियन्ते ॥

अन्तिम भाग—

स्फुरिततरतनुश्रीः ह्री लसद्भूत्युपेता
द्युतिमतिविजयाः सत्कीर्तिलक्ष्मीश्च पश्चात ।
विधृतविविधभूषाविद्रुमस्तोनदेहाः
जिनपतिसवनेऽस्मिन व्याह्वये दिक्पुरन्ध्रीः ॥
ओं ह्रीं क्रों वराहे श्री ह्रीधृतिद्युतिमतिकीर्त्तिबुद्धिलक्ष्म्य आगच्छत ।
यस्यार्थं क्रियते पूजा तस्य शान्तिर्भवेत्सदा ।

६. **जैनहोमोत्सवपूजा**—इसमें ३८ पृष्ठ हैं और प्रति पृष्ठ ५ पंक्तियाँ हैं। प्रारम्भ मे शान्तिनाथ भगवान् को पुष्पाञ्जलि दी गई है, अनन्तर वाद्य उद्घोषण पूर्वक पञ्चपरमेष्ठी पूजा, सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक चारित्र की पूजा की गई है।

प्रारम्भिक भाग—

श्रीशान्तिनाथममरासुरमर्त्यनाथ-
भास्वत्किरीटमणिदीधितिधौतपादम् ।
त्रैलोक्यशान्तिकरणप्रवणं प्रणम्य
होमोत्सवाय कुसुमाञ्जलिमुत्क्षिपामि ॥
ओं ह्रीं श्रीं भू स्वाहा । होमप्रस्तावनपुष्पाञ्जलिः ।

अन्तिम भाग—

औदासीन्यसुशक्तिसंयतमतिक्रोधाधिभावोल्लस-
ज्जीवव्रातविकारदोषदहनं कर्मक्षयोत्पादकम् ॥
देवेन्द्रादिनमस्क्रियासमुचितं संसारदुःखापहं-
साम्यक्मोक्षसुखप्रदं प्रविमलं चारित्रमर्चामहे ॥
अर्हत्सिद्धाः सूरयः पाठकेन्द्राः
सर्वेऽप्येते साधवः साधुवन्द्याः ।
सम्यग्दृग्ज्ञानचारित्रयुक्ताः
श्रेयःकुर्वन्त्वर्चिताःसज्जनानाम् ।। पूर्णार्घ्यम् ॥

१०. जैनाराधनविधि—इसमें १३½ इंच लम्बे और १½ इंच चौड़े ६२ ताड़पत्र हैं, प्रतिपत्र ५ पंक्तियां हैं। पूजाविधि के साथ जिनेन्द्र पूजा के अष्टक हैं, अन्त में जयमाला है।

रागादिदोषरहितं सुरराजवन्द्यं-
नत्वाजिनेशमखिलामलयोगिसेव्यम्।
पुष्पाञ्जलिं जिनमुखे वयमुत्क्षिपामः
श्रीमूलसङ्घवरभव्यजनप्रशान्त्यै॥

ओं परब्रह्मणे नमो नमः। स्वस्ति, जीव, नन्द, वर्धस्व, विजयस्व, अनुशाधि, पुनीहि पुण्याहं, माङ्गल्यं, पुष्पाञ्जलिं स्वाहा।

अन्तिम भाग—

ओं ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हमिदं पुष्पाञ्जलिं प्रार्चनमिदं गृहीष्व। नमोऽर्हद्भ्यः स्वाहा।

शक्रचक्रधराहीन्द्रराजिताङ्घ्रियुगाम्बुजः।
पायादपायात्सर्वौघं श्रीपतिः श्रीजिनः सदा॥

११. तीर्थंकरपूजा—इसमें २० ताड़पत्र हैं, प्रति पत्र में ७ पंक्तियाँ हैं। प्रारम्भ से लेकर अन्त तक चौबीस तीर्थंकरों की पूजा का वर्णन है।

आरम्भिक भाग—

आदिनाथोऽस्तु वः स्वस्ति स्वस्ति स्यादजितेश्वरः।
संभवो भविता स्वस्ति भूयात स्वस्त्यभिनन्दनः॥
स्वस्तिमन्तं स्वयं शाश्वत् सन्तु स्वस्त्ययनं जिनाः।
एतत्सप्तकं पठित्वा पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि स्वाहा॥

अन्तिम भाग—

द्वासप्ततिं तीर्थकृतां त्रिकाले त्रिषष्टिसंख्या पुरुषोत्तमानम्।
त्रिलोकसाम्राज्यरमाधिपानां पुष्पोत्तराद्यैर्महयामि देवान्॥

ओं ह्रीं त्रिकालत्रिलोकभव्यजनमहितद्वासप्ततितीर्थंकरपरमदेवेभ्यः महार्घ्यं निर्वपामि स्वाहा।

१२. तीर्थङ्करयजनक्रम—इसमें १० पत्र हैं और प्रति पत्र ७ पंक्तियाँ हैं, २४ तीर्थङ्करों के पूजाविधान का वर्णन है।

प्रारम्भिक भाग—

येऽमी सम्प्रति कालभव्यजनता दृष्टामरेन्द्रै मुदा-
कल्याणे वृषभादयो जिनवराः संपूजितास्तानिह।
त्रैलोक्याधिपतीन् यजाम्यतिशयैपेतांश्चातुर्विंशतिम्-
शान्त्यर्थं जगतां चराचरगुरुंस्तीर्थङ्करान् साम्प्रतम्॥

ओं ह्रीं वृषभाजितवर्तमानकालचतुर्विंशतितीर्थङ्करपरमदेवान् सलिलमलयजशतक-कुसुमसांनाय्यप्रदीपधूपफलस्तवकशान्तिधाराद्यष्टकमङ्गलद्रव्यैराराधयामि स्वाहा। ठकार-वलयाभ्यन्तरे च सोमयमवरुणधनदजिनवेदिद्वारपालनियुक्ताः स्वस्वामिहेत्वनुयोगं कुर्वेस्मिन्।

अन्तिम भाग —

यष्टुं कुक्कटसर्पगात्रिफणकोत्तंसा द्विषां यात्तषट्-
पाशादी सदसत्कृते च धृतशङ्खास्यादिदोस्त्र्यष्टगा।
तां शान्ता व (म) रुणां स्फुरच्छृणिसरोजन्माक्षमालाम्बरां-
पद्मस्थां नवहस्तकप्रभुनुतां यायज्मि पद्मावतीम्।।

भगवन् दुर्मार्गविनाशनपरसन्मार्गपरिपालकयक्षेश्वर स्वाहा।

१३. **शान्तिहोमोत्सवविधि**—इसमें ७९ पृष्ठ हैं और प्रति पृष्ठ में ५ पंक्तियाँ हैं। सांसारिक अरिष्टों की शान्ति के लिये भगवान् शान्तिनाथ की पूजा की गई है। नवग्रह सम्बन्धी अरिष्टों को दूर करने के लिये सभी ग्रहों के पृथक् पृथक मंत्र और पूजन भी दिये गये हैं। सांसारिक कष्टों से ऊबने वाले आराधक के लिये यह पूजन शान्तिदायक है, इससे भावुक भक्तों को सन्तोष और शान्ति मिलेगी।

प्रारम्भिक भाग —

श्रीमत्पञ्चमसार्वभौमपदवीं प्रद्युम्नरूपश्रियम्
प्राप्तं षोडशतीर्थकृत्वमखिलत्रैलोक्यपूजास्पदम्।
शान्तं शान्तिजिनेश्वरं त्रिजगतामशान्ति न्त शान्तिप्रदम्
नत्वा शान्तिविधिस्तयाद्य विदधे श्रीशान्तिहोमोत्सवम्।।

ओं ह्रीं श्रीं क्लीं भूः स्वाहा। विधियज्ञप्रतिज्ञानाय पुष्पाञ्जलिः।

× × × ×

ओं ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राय स्वाहा--पीठार्चनम्।

संस्थापयाम्युपरि तस्य जिनेश्वरार्चाम्।
छत्रत्रयं जिनपतेरुपमध्यभागे।
छत्रत्रयं (मङ्गलं) तदनु तस्य तु मध्यभागे
वादित्रजालज (ब) धिरे सति सर्वलोके।।

अन्तिम भाग—

ओं ह्रीं हुं फट् केतुमहाग्रह अमुकस्य शिवं कुरु कुरु स्वाहा।

इत्थं सारसपर्ययाद्य महिता यूयं प्रसन्नास्तु नः
साङ्गास्ता त्रिकला विमोहमुखतोयुष्मत्प्रसादादियम्।

सर्वज्ञाध्वरविघ्नमाघ्नत द्रुतं सूर्यादिखर्वग्रहान्
पूर्वाह्नान् विधिपूर्त्तिपूर्णफलदां पूर्णाहुतिं वोऽर्पये ॥
ओं ह्रीं आदित्यादिनवग्रहदेवा यष्टृप्रभृतीनां शान्तिं कुरु स्वाहा—
पूर्णार्घ्यम् ॥

१४. **ज्वरशान्तियन्त्रपूजा**—इसमें ७ ताड़पत्र हैं और प्रति पत्र ५ पंक्तियाँ हैं। ज्वर को दूर करने के लिये शान्तिदायक यंत्र का विधान बताया गया है। प्रारम्भ में यंत्र को लिखने की विधि का वर्णन किया गया है, अनन्तर यन्त्र की पुजा है। भगवान् पार्श्व-नाथ की पूजा, आरती और मन्त्रजाप का वर्णन है। Catalogue के सम्पादक ने इसके विषय का वर्णन करते हुए लिखा है कि "Deals with the drawing and sanctification of a Yantra (mysticdiagram) which is considered to have the power of curing one of severe fever and freeings one from danger of any kind.

अर्थात् इस यन्त्रपूजा के द्वारा सभी प्रकार के ज्वर दूर हो जाते हैं और आराधक को परम शान्ति मिलती है—

प्रारम्भिक भाग--

हंसावृताभिधानं मलवरषष्ठस्वरान्वितं कूडम् ।
बिन्दुयुतं स्वरपरिवृतमष्टदलाम्भोजमध्यगतम् ॥
ततोऽहं सोमसुधा हंस स्वाहेति दिग्दलस्य विलिखेत् ।
× × × ×
श्रीपार्श्वनाथस्सहितं करोति दाहज्वरे लोपितमन्त्रखण्डं ।
तदालिख्यापायत्कांस्यभाजने महादाहज्वरगस्तं तत्क्षणेनोपशाम्यम् ॥

अन्तिम भाग

बहिरर्चयेत् समन्तात् गन्धाक्षतकुसुमचरुकाद्यैः ।
क्रूरारिमारिशाकि[नी]न्युरगनवग्रहापिशाचचोरभयम् ॥
अपहरति तत्क्षणादिह तत्सलिलद्रवसमासिक्तः ॥

१५. **जैनेन्द्रयज्ञविधि**—इसमें १८ ताड़पत्र हैं और प्रतिपत्र ७ पंक्तियाँ हैं। जिनेन्द्र भगवान् की पूजाविधि का सविस्तार वर्णन हैं।

प्रारम्भिक भाग—

श्रीमज्जिनेन्द्रमभिवन्द्य जगत्त्रयेशं
स्याद्वादनायकमनन्तचतुष्टयार्हम् ।
श्रीमूलसंघसुदृशां सुकृतैकहेतुः
जैनेन्द्रयज्ञविधिरेष मयाभ्यधायि ॥

ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आ उ सा। ओं नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतरजलेन मम हस्तशुद्धिं करोमि स्वाहा।

ओं ह्रां जलेन मम सर्वाङ्गशुद्धिं करोमि स्वाहा। ओं ह्रां जलेन मम पूजापात्रशुद्धिं करोमि स्वाहा। ओं ह्रां जलेन मम पूजाद्रव्यशुद्धिं करोमि स्वाहा।

अन्तिम भाग—

पानीयैर्जिनराजमज्जनकुलैर्गन्धैर्जिनेन्द्रार्चितैः
स्रग्भिः श्रीजिनपूजिताभिरर्हत्पादाब्जिकैरक्षतैः।
हव्यैः श्रीजिनपादपीठमहितैर्दीपैस्तमश्छेदिभिः॥
धूपैर्गुग्गुलसंभवैर्बहुफलैः क्षेत्राधिपो मान्यते॥
प्राप्ताभ्यङ्गविधिर्जटामुकुटवान् नीलाञ्जनाभः सदा
हैमं पात्रमसिं गदां च डमरुं बिभ्रच्चतुर्भिः करैः।
नग्नो नागविभूषणस्त्रिणयनः श्रीजैनपूजार्चितः
सिन्दूराङ्कितमौलिरिष्टफलदः क्षेमं क्रियात् क्षेत्रपः॥
आशीर्वादः।

इस प्रकार अज्ञात कर्त्तावाले पूजाग्रन्थ २००-२५० के लगभग हैं। इन ग्रन्थों में से अधिकांश की प्रशस्तियाँ जैन-सिद्धान्त-भवन आरा एवं मद्रास लाइब्रेरी के सूचीपत्र में वर्तमान हैं। अन्वेषण करने पर खासा पूजा साहित्य तैयार किया जा सकता है। जैनाचार्यों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा के द्वारा विभिन्न भाषाओं में सहस्रों ग्रन्थों की रचना की है। साहित्योद्धारकों को पूजा साहित्य की ओर भी ध्यान देना चाहिये।

वेदविचार

[ले०—श्रीयुत पं० फूलचन्द्र सिद्धान्त-शास्त्री, बनारस]

वर्तमान में वेद यह आम चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर उत्तर कालवर्ती ग्रंथों में वेद के दो भेद किये जाने लगे हैं। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों परम्पराओं में प्रायः छठी शताब्दी से लेकर जिन ग्रन्थों की रचना हुई उनमें ये भेद देखने को मिल जाते हैं। इसके पूर्व के मूल सिद्धान्त व कार्मिक ग्रन्थों में ये भेद नहीं पाये जाते हैं।

यह तो अब ऐतिहासिकों ने भी मान लिया है कि स्वयं भगवान् महावीर अचेलक रहे हैं। अतः उनकी परम्परा अचेलकों की परम्परा है। किन्तु ऐसे भी प्रमाण मिलते हैं जिनसे सिद्ध होता है कि इस परम्परा में भगवान् महावीर के पूर्ववर्ती श्रमणों ने भी कभी वस्त्र स्वीकार नहीं किया रहा।

१—भगवान् महावीर के मुक्ति गमन काल से लेकर ५३० वर्ष के भीतर 'पउमचरिउ' की रचना हो ली थी। अर्थात् श्वेताम्बर परम्परा के वर्तमान आगम साहित्य का संकलन जिस समय हुआ था उसके बहुत काल पूर्व ही यह ग्रन्थ लिखा जा चुका था। यह चरित्र ग्रन्थ है। मुख्यतः इसमें जैन रामायण निबद्ध है पर संक्षेपतः अन्य महापुरुषों का चरित्र भी इसमें दिया गया है।

इसके स्वाध्याय से पता चलता है कि प्राचीनतम काल से ही जैन परम्परा में साधु वस्त्र नहीं स्वीकार करते रहे। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ की दीक्षा का वर्णन करते हुए इसमें बतलाया है कि उन्होंने दीक्षा लेते समय भूषण, कटिसूत्र, कटक और वस्त्रों का त्याग करके जिनदीक्षा ली रही। यथा—

'तो मुयइ भूसणाइं कडिसुत्तयकडयवत्थाइं।' ग० १३५, उ० ३।

इसमें अन्यत्र जहाँ भी अन्यान्य तीर्थंकरों व श्रमणों की जिनदीक्षा का उल्लेख किया है वह भी इसी प्रकार से किया है।

२—मथुरा के कंकाली टीले की खुदाई में कुषाणकालीन व गुप्तकालीन जितनी भी जैन मूर्त्तियां पाई गई हैं; उनमें से किसी पर भी वस्त्र का चिन्ह अंकित नहीं है किन्तु सब नग्न हैं। वहाँ के क्यूरेटर से हमने बातचीत की रही। उनका कहना है कि दसवीं शताब्दि के पूर्व की जैन मूर्त्तियों में वस्त्र का चिन्ह नहीं पाया गया है। हां दसवीं शताब्दि के बादकी ऐसी मूर्त्तियाँ अवश्य मिलती हैं जिनमें वस्त्र का चिन्ह अंकित किया जाने लगा था।

३—मोहन-जो-दड़ो की खुदाई में एक मूर्ति मिली है जो आदिनाथ की मूर्त्ति कही जाती है। भूगर्भशास्त्रियों का अनुमान है कि यह मूर्ति पाँच हजार वर्ष पूर्व की होनी चाहिये। यह नग्न है।

इन या ऐसे ही अन्य प्रमाणों से स्पष्ट है कि श्रमणों की परम्परा सदा से अचेलकों की ही परम्परा रही है। तथापि भगवान् महावीर के मुक्ति गमन के बाद जब से जैन साधुओं में वस्त्र प्रविष्ट हो गया तब से धार्मिक ग्रन्थों में भी इसके अनुकूल प्रतिकूल लिखा जाने लगा। और मूल वाक्यों के अर्थ में भी परिवर्तन किया जाने लगा। अधिकतर यह कार्य पांचवीं शताब्दि से हुआ प्रतीत होता है। श्वेताम्बर आगम साहित्य के संकलन का भी यही काल है।

ऐसा प्रतीत होता है कि सम्प्रदायों के खड़े हो जाने पर उनको पुष्ट करने में वेद विषयक चर्चा ने बड़ी भारी सहायता की है। मेरा ख्याल है कि जब जैन साधुओं में वस्त्र आ गया तो वस्त्र का परिधान करना आगम विहित है यह बतलाना भी आवश्यक हो गया। पर आगम से इसकी पुष्टि कैसे की जाय यह उस समय एक प्रश्न था जिसका समाधान किये बिना सचेलकों की परम्परा का पनपना कठिन था। इसके लिये उन्होंने कार्मिक ग्रन्थों में आये हुए 'मनुष्यनी' शब्द का अर्थ स्त्रीवेदवाला मनुष्य न करके महिला अर्थ करना चालू किया और इस प्रकार स्त्रीमुक्ति की सिद्धि द्वारा सवस्त्रमुक्ति की सिद्धि तथा सवस्त्र दीक्षा का विधान किया जाने लगा। कार्मिक व सैद्धान्तिक ग्रन्थों में वेद के भेदों में द्रव्य-वेद और भाववेद इनका श्रीगणेश यहीं से चालू होता है। यही सबब है कि मूल ग्रन्थों में वेद के ये दो भेद नहीं मिलते। वहाँ तो वेद नोकषाय के उदय से जो जीव की अवस्था होती है उसे ही वेद बतलाया है और मनुष्य तथा मनुष्यनी इस विभाग का कारण भी वही रहा आया है। किन्तु रंग को प्रमुख स्थान मिलने से जैसे लेश्याओं में द्रव्य लेश्या ने स्थान पाया है। या जीव में सुख के बाह्य साधन सम्पत्ति को प्रमुखता मिलने से जैसे साता और असाता वेदनीय का अर्थ पुद्गलविपाकी प्रकृतियों के समान किया जाने लगा है। या जन्म से जातीय व वर्णव्यवस्था को प्रमुखता मिलने से जैसे उच्च गोत्र और नीच गोत्र का अर्थ इन सब व्यवस्थाओं के अनुसार किया जाने लगा है वैसे ही जबसे वस्त्रधारी साधुओं की परंपरा चालू हुई है तब से वेदप्रकरण में द्रव्यवेद भी आ बैठा है।

यद्यपि स्थिति ऐसी है तथापि प्रकृत में हमें दिगम्बर मूल ग्रन्थों के आधार से यह सिद्ध करना है कि मूल ग्रंथों में कहीं भी द्रव्यवेद विवक्षित नहीं रहा है।

खुद्दाबंध षट्खण्डागम का एक खण्ड है। उसमें यह प्रश्न उठाया गया है कि वेद-मार्गणाओं के अनुवाद से स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद कैसे होता है? इसका समाधान करते हुए वहीं बतलाया है कि ये तीनों वेद चारित्रमोहनीय कर्म के उदय से होते हैं। यथा—

'वेदाणुवादेण इत्थिवेदो पुरिसवेदो णवुंसयवेदो णाम कथं भवदि।३५। चारित्त-मोहणीयस्स कम्मस्स उदएण ॥३६॥

इस प्रकार हम देखते हैं कि मूल ग्रंथों में वेद मार्गणा में एक वेद का ही उल्लेख है जो कि स्पष्टतः भाववेद है। किन्तु जब उत्तरकालीन टीकाओं में द्रव्यवेद का उल्लेख किया जाने लगा तब उत्तरवर्ती लेखक वेद के दो भेद करने लगे। उदाहरणार्थ जीवकाण्ड में वेद मार्गणा के ही प्रकरण में वेद के दो भेद करके उनके पृथक् पृथक् लक्षण भी दिये गये हैं। इससे स्पष्ट है कि मूल ग्रन्थों में द्रव्यवेद विवक्षित नहीं रहा है। इस पर शंकाकारों की ओर से निम्न शंकाएं की जाती हैं—

१—वेद मार्गणा में भाववेद की अपेक्षा सारी व्यवस्था मानने में तो आपत्ति नहीं है किन्तु गति मार्गणा में जो मनुष्य और मनुष्यनी यह विभाग किया गया है वह भाववेद की अपेक्षा से इसलिये नहीं बनता है कि वेदका उदय नौवें गुणस्थान तक होता है और मनुष्य मनुष्यनी व्यवहार चौदह गुणस्थान तक पाया जाता है। इसलिये मनुष्य मनुष्यनी व्यवहार का अन्य कारण होना चाहिये ? शंकाकार के मत से वह कारण द्रव्यवेद ही है।

२—जन्म से लेकर मरण तक वेद में परिवर्तन नहीं होता है ऐसा आगम ग्रन्थों में स्वीकार किया गया है। किन्तु यह बात तभी बन सकती है जब द्रव्यवेद और भाववेद का गठबन्धन मान लिया जाय। इससे ज्ञात होता है कि जहाँ जो भाववेद रहता है वहाँ द्रव्यवेद भी वही रहता है। द्रव्यवेद और भाववेद में वैषम्य नहीं बन सकता ?

३—वेद के तीन भेद हैं। यदि गति मार्गणा में इनकी अपेक्षा से भेद किया गया होता तो मनुष्य व मनुष्यनी ऐसे दो भेद न करके तीन भेद करना चाहिये था। अतः गति मार्गणा में दो ही भेद किये हैं इससे ज्ञात होता है कि गति मार्गणा में ये भेद शरीर रचना की अपेक्षा से किये गये हैं ?

ये तीन प्रश्न हैं जो मुख्यतः शंकाकारों की ओर से किये जाते हैं। अब क्रमशः इनका समाधान किया जाता है—

१—यह तो पहले ही बतला आये हैं कि षट्खण्डागम में वेदमार्गणा में भाववेद का ही उल्लेख किया गया है, द्रव्यवेद का नहीं। अतः गतिमार्गणा में मनुष्य मनुष्यनी यह विभाग भी भाववेद की अपेक्षा से ही मानना चाहिये। यह ठीक है कि वेदका उदय नौवें गुणस्थान तक होता है और मनुष्य मनुष्यनी व्यवहार चौदहवें गुणस्थान तक पाया जाता है। किन्तु इससे पूर्वोक्त व्यवस्था के मानने में कोई आपत्ति नहीं आती है, क्योंकि गति-मार्गणा में संज्ञा की प्रधानता हो जाती है। उदाहरणार्थ प्रोफेसरी का पेशा करनेवाले व्यक्ति को प्रोफेसर तब से कहा जाता है जब से वह उस पेशा को आरम्भ करता है, किन्तु इसके बाद यदि उस पेशा को वह छोड़ भी देता है तो भी वह जीवन पर्यन्त प्रोफेसर कहलाता रहता है। वैसे ही प्रकृत में जानना चाहिये। माना कि नौवें गुणस्थान में वेदका समूलो-च्छेद हो जाता है तथापि वेदके उदय से एक बार जो संज्ञा प्राप्त हो गई वह जीवन भर

बनी रहती है। यही सबब है कि वेद का उदय नौवें गुणस्थान तक रहते हुए भी मनुष्य व मनुष्यनी यह संज्ञा चौदहवें गुणस्थान तक नहीं बदलती है।

क्षुद्राबन्ध में गतियों के पाँच और आठ भेद गिनाए हैं। पाँच में तो मनुष्य, नारकी देव, सिद्ध और तिर्यंच ऐसे भेद किये हैं किन्तु आठ भेदों में मनुष्यनी, मनुष्य, नारकी, पंचेन्द्रियतिर्यंचयोनिनी, देव, देवी, सिद्ध और तिर्यंच ये भेद किये हैं। ये भेद अल्प-बहुत्व प्रकरण में आये हैं। यथा—

'अप्पाबहुगाणुगमेण गदियाणुवादेण पंच गदीओ समासेण ।१। अट्ठगदीओ समासेण ।७।

आगे इनका अल्पबहुत्व बतलाते हुए मनुष्यनियों की संख्या से मनुष्यों की संख्या को असंख्यातगुणा बतलाया है। यथा—

'सव्वत्थोवा मणुस्सिणीओ ।८। मणुस्सा असंखेज्जगुणा ।९।

यह तो स्पष्ट है कि यहाँ मनुष्यों से ऐसे मनुष्य नहीं लिये गये हैं जिनमें मनुष्यनियों का समावेश सम्भव हो, क्योंकि मनुष्यनी और मनुष्य इन दो को स्वतंत्र गति मानकर यह संख्या बतलाई गई है। पर्याप्त मनुष्यों से मनुष्यनियाँ तिगुनी होती हैं यह तो सर्वविदित है। किन्तु यहाँ मनुष्यनियों से मनुष्य असंख्यात गुणे बतलाये गये हैं। इससे स्पष्ट है कि मनुष्यों में पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी इन दो वेदवालों का समावेश किया है और मनुष्य-नियों में स्त्रीवेदवालों का। यदि ऐसा न माना जाय तो उक्त विभागानुसार संख्या नहीं बन सकती है। खुलासा इस प्रकार है—

यह तो निश्चित है कि गर्भज मनुष्य और मनुष्यनी संख्यात ही होते हैं। इनमें लब्ध्यपर्याप्तकों की संख्या के मिला देने पर ही मनुष्यों की संख्या असंख्यात होती है। जीवकाण्ड की टीका में ऐसा बतलाया है कि ये लब्ध्यपर्याप्त मनुष्य स्त्रियों की योनि, कुच और कुक्षि में तथा मूत्र और पुरीष आदि में उत्पन्न होते हैं। यथा—

'ते संमूर्छिममनुष्यास्तु स्त्रीयोनितत्कक्षास्तनमूलान्तरालेषु चक्रवर्तिनः पट्टमहिषीं विना मूत्रपुरीषाद्यशुचिस्थानेषु चोत्पद्यन्ते।' जीवकाण्ड टीका गाथा ९३।

इस उल्लेख से स्पष्ट है कि ये सम्मूर्च्छन मनुष्य अधिकतर द्रव्य स्त्रियों के शरीर में पाये जाते हैं, इसलिये इनकी गणना शंकाकार के मतानुसार मनुष्यनियों की संख्या में ही करनी चाहिये थी। यद्यपि यह कहा जा सकता है कि द्रव्यपुरुष और द्रव्यस्त्री इन दोनों के शरीरों में इनका पाया जाना सम्भव है, इसलिये इनकी गणना केवल मनुष्यनियों की संख्या में ही नहीं की जा सकती है। सो इस पर यह कहना है कि केवल मनुष्यनियों की संख्या में इनकी गणना भले ही न की जाय। किन्तु केवल मनुष्यों की संख्या में भी तो ये नहीं गिनाये जाने चाहिये थे। दोनों हालतों में संख्या का उक्त क्रम नहीं बनता। अतः ज्ञात होता है कि मनुष्यनी शब्द से सिद्धान्त ग्रन्थों में द्रव्यस्त्री का ग्रहण न करके

स्त्रीवेद के उदयवाले मनुष्यों का ग्रहण किया है और मनुष्य शब्द से द्रव्यपुरुषों का ग्रहण किया है।

इस प्रकार षट्खण्डागम से ही यह ज्ञात होता है कि कार्मिक व सैद्धान्तिक ग्रन्थों में वेद प्रकरण में भाववेद ही लिया गया है और मनुष्य व मनुष्यनी यह विभाग भी उसी की अपेक्षा से किया गया है। यह तो पहली शंका का उत्तर हुआ दूसरी शंका का उत्तर इस प्रकार है—

२—यह ठीक है कि भाववेद जन्म से लेकर मरण तक एक ही होता है पर इसके लिए वही द्रव्यवेद मानना आवश्यक नहीं है, क्योंकि द्रव्यवेद के सम्बन्ध में ऐसा कोई नियम नहीं किया जा सकता है। लोक में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जिनसे लिंग परिवर्तन का पता लगता है। ऐसा ही एक लेख जैन सन्देश भाग ६ संख्या १० में 'क्या पुरुष भी बच्चे जनेंगे' शीर्षक से छपा है। इसमें बतलाया है कि पशु पक्षियों में लिंग परिवतन एक साधारण सी बात है। घोंघा को तो अनेक बार नर से मादा और मादा से नर होते हुए बतलाया गया है। यही बात मुर्गों में भी होती हुई कही गई है। इसी प्रकार मनुष्यों में भी लिंग परिवर्तन के उदाहरण बतलाते है। कुछ ऐसे भी उदाहरण प्रस्तुत किये हैं जिनसे ज्ञात होता है कि पुरुषों के भी स्त्री चिन्ह पाये जाते हैं। स्तन होना और उनसे दूध झरना यह पुरुष चिन्ह नहीं। तथापि उसमें कई पुरुषों के इस चिन्ह का उल्लेख किया है।

जब हम इन सब बातों पर गम्भीरता से विचार करते हैं तो पता लगता है कि शास्त्रकारों ने एक पर्याय में एक ही वेद रहता है यह नियम भाववेद की अपेक्षा से ही किया है। इसका द्रव्यवेद के साथ कोई सम्बन्ध नहीं। अतः यह प्रश्न ठीक नहीं कि एक पर्याय में एक ही वेद मानने से वह तभी बन सकता है जब उस पर्याय में वही द्रव्य वेद मान लिया जाय! मालूम होता है कि इस विषय में कार्मिकों का यह मत रहा है कि जीवन में द्रव्यवेद भलेही बदल जाय पर भाववेद नहीं बदलता।

३—पहले प्रश्न का समाधान करते समय खुद्दाबन्ध के उल्लेख द्वारा यह सिद्ध कर आये हैं कि मनुष्यों से पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी दोनों का समावेश होता है। तथा मनुष्यनियों में केवल स्त्रीवेदियों का ही समावेश होता है इससे स्पष्ट है कि गति मार्गणामें ये दो भेद भी शरीर रचना की अपेक्षा से नहीं किये गये हैं। यहाँ प्रश्न यह हो सकता है कि नपुंसक वेदियों का समावेश मनुष्यों में ही क्यों किया गया है सो इसका यह समाधान है कि नपुंसकवेदी और पुरुषवेदी मनुष्य व्याकरण के नियमानुसार मनुष्य ही कहलायंगे। यही सबब है कि नपुंसकवेदियों का समावेश केवल मनुष्यों में ही किया है मनुष्यनियों में नहीं। इस प्रकार उक्त विवेचन से तीसरे प्रश्न का भी सयुक्तिक समाधान हो जाता है।

इस सब कथन का सार निम्न प्रकार है—

(१) षट्खण्डागम में वेद से एक भाववेद ही लिया है द्रव्यवेद नहीं ऐसा खुद्दाबन्ध से सिद्ध है।

(२) कार्मिक व सैद्धान्तिक ग्रन्थों में द्रव्यवेद का उल्लेख सम्प्रदाय भेद के बाद किया जाने लगा।

(३) कार्मिक ग्रन्थों में मनुष्य और मनुष्यनी यह विभाग शरीर रचना की अपेक्षा से नहीं किया जाकर वेद की प्रमुखता से ही किया गया है, यह बात भी खुद्दाबन्ध से ज्ञात होती है।

(४) एक पर्याय में एक ही वेद रहता है यह बात भाववेद की प्रमुखता से ही बनती है।

दिगम्बर और श्वेताम्बर साहित्य के अवलोकन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि समाज में एक ऐसी पुस्तक की अत्यन्त आवश्यकता है जिसमें इस विषय का क्रमवार विस्तृत विचार किया गया हो। इसके बिना मूल इतिहास पर पर्याप्त प्रकाश नहीं पड़ सकता है। इस विषय को लेकर जैसा वर्तमान काल में भ्रम फैला हुआ है वास्तव में देखा जाय तो इस भ्रम की परम्परा बहुत पुरानी है। फिर भी तत्काल हम विचारकों से अनुरोध करते हैं कि इस विषय के चिन्तन की जो प्रक्रिया हमने प्रस्तुत की है वह कर्म व्यवस्था के अनुकूल तो है ही, साथ ही सप्रमाण भी है अतः वे एतद्विषयक अध्ययन के समय इन बातों को अवश्य ध्यान में रखें।

मुलतान के श्रावकों का आध्यात्म प्रेम

[ले० श्रीयुत् अगरचन्द नाहटा]

पंजाब प्रान्त में मुलतान नामक प्राचीन शहर है वहाँ दिगम्बर एवं श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदाय के श्रावक रहते हैं व दोनों सम्प्रदायों के पृथक् पृथक् मंदिर हैं। जैन समाज का नगर से कितना प्राचीन सम्बन्ध है इसकी जानकारी के लिये अभी तक निश्चित प्रमाण प्रकाश में नहीं आये। स्थानीय विद्वानों से इस सम्बन्ध में ज्ञातव्य प्रकाशित करने का अनुरोध है। इस नगर की प्राचीनता, जैनों का सम्बन्ध, यहाँ के जैनमंदिरों के लेख, यहाँ पर रचित एवं लिखित साहित्य, यहाँ के जैन ज्ञान भंडारों की हस्त लिखित प्रतियों की सूची, यहाँ के विशिष्ट जैन व्यक्ति आदि विषयों पर स्थानीय जैन भाई ही प्रकाश डाल सकते हैं।

श्वेताम्बर साहित्य से ज्ञात होता है कि १७ वीं शताब्दी से जैन मुनि समय समय पर यहाँ पधारते रहे हैं व उन्होंने कई ग्रन्थ भी यहाँ के श्रावकों के लिये बनाये हैं[1] जिनका कुछ परिचय मैंने अपने "सिन्ध प्रांत और खरतर गच्छ" शीर्षक निबंध में दिया है जो यथासंभव वर्णी-अभिनंदन-ग्रन्थ में प्रकाशित होगा। १८ वीं शताब्दी में श्वे० मुनियों के रचित साहित्य से यहाँ उस समय आध्यात्म ज्ञान का अच्छा प्रचार था, प्रमाणित होता है। उसी के सम्बन्ध में इस लेख में संक्षेप से प्रकाश डाला जा रहा है।

यहाँ के श्रावकों का आध्यात्म की ओर इतना अधिक प्रेम कब से एवं कैसे हुआ यह अन्वेषणीय है। मेरे नम्र मतानुसार १७ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में दि० समाज में कविवर बनारसीदास जी ने जो आध्यात्मिक लहर लहराई थी, संभव है मुलतान तक वह पहुँच कर वहाँ के श्रावकों को प्रभावित करने में समर्थ हुई। आध्यात्मिक विषय का साहित्य श्वेताम्बर समाज की अपेक्षा दिगम्बर समाज में अधिक[2] है अतः श्वेताम्बर मुनियों ने श्रावकों

---

१ जिनमें से कुछ ग्रंथों का परिचय इस लेख में भी दिया जा रहा है। सं० १६६८ में कविवर "समयसुंदर" जी ने मृगावती चौपई यहीं बनाई जिसमें मुलतान के मंदिरादि के सम्बन्ध में निम्नोक्त उल्लेख है—

शहर बड़ा मुलताण विशेषा, कान सुण्यां अब देख्या वे।
सुमतिनाथ श्री पाया जिणंदा, मूलनायक सुखकंदा वे॥ मृ० ८२,
खरतर संघ भला मुलतानी, नगर मुख्य दीवाणी वे।
सिंधु श्रावक सदा सोभागी, गुरु गच्छ केरा बहु रागी वे॥ मृ० ८३
आया श्रावक ते जेसलमेरा, मरम लहई धर्म केरा वे।
करमचंद रीहड जगीता, साह बणई सुविदीता वे॥ मृ० ८४

२ इसका कारण मेरे नम्र मतानुसार यह है कि दि० मुनि वन आदि निर्जन स्थानों में अधिक रहते थे। वहाँ ध्यानादि द्वारा आत्मानुभव होना ज्यादा अनुकूल हो सकता है। परिग्रह एवं सांसारिक प्रपंचों की कमी ही आध्यात्मिक साहित्य की अधिकता का कारण है।

के अनुरोध से आचारांग एवं अध्यात्मसार नामक वि० ग्रन्थों के अनुवाद रूप में (या आधार से) भी रचना की है। मुलतान में आकर वहाँ के आध्यात्मप्रेमी श्रावकों के संपर्क के कारण उन्हें भी इस रसानुभव से बड़ा संतोष हुआ और क्रमशः इस ओर आकर्षण बढ़ता गया जिसके उज्ज्वल उदाहरण श्रीमद् देवचंद्र जी महाराज हैं जिनकी रचनायें तात्त्विक विषयों में बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं।

कविवर बनारसीदास जी के आध्यात्म प्रेम ने जैन समाज में नव जीवन का संचार किया। सं० १६८० के लगभग तो इसका आगरे में विकाश हुआ पर थोड़े ही समय में उसका प्रचार बहुत व्यापक हो गया प्रतीत होता है। दि० समाज एवं आगरे की सीमा को उलंघन कर श्वेताम्बर समाज एवं दूरवर्ती स्थानों में इसका प्रभाव[1] नजर पड़ता है। मुलतान में संभवतः सं० १७०० के लगभग ही आध्यात्मिक लहर लहराने लगी और उसका सं० १८०० तक तो उत्तरोत्तर विकाश होता रहा ज्ञात होता है।

सिन्धप्रांत में श्वेताम्बर सम्प्रदाय के अन्य गच्छों की अपेक्षा खरतर गच्छ का अधिक प्रभाव रहा है। अतः मुलतान में रचित सभी ग्रन्थ इसी गच्छ के मुनियों के रचित ही पाये जाते हैं। यहाँ उनमें से ४ मुनियों के ग्रन्थों का परिचय दिया जा रहा है जिनकी रचना आध्यात्मिक विषय पर यहाँ के श्रावकों के लिये हुई है।

१ **जिनसमुद्रसूरि**—आप खरतर गच्छ की बेगड़ शाखा के आचार्य थे। आपके रचित बड़े २ रास चौपइ एवं स्तवनादि फुटकर कृतियों की संख्या बहुत विशाल है पर उनका प्रचार जैसलमेर आदि की ओर ही अधिक रहने के कारण अभी तक जनसाहित्य जगत में उनका परिचय अधिक नहीं है। जैसलमेर की साहित्यिक यात्रा में हमें वहाँ आपके २५० के लगभग फुटकर स्तवनादि एवं १५।२० रास चौपइ आदि बड़ी कृतियों का नया पता चला है। बेगड़ पट्टावलि के अनुसार आप के रचित साहित्य का परिमाण १ लाख श्लोक से भी अधिक है। आप की परम्परा के विच्छेद हो जाने के कारण आप के कई ग्रन्थों का तो अब कहीं पता नहीं है। जैसलमेर भंडार में भी आप की कई रचनाओं की प्रतियाँ त्रुटित एवं अपूर्ण रूप में ही प्राप्त हैं। सं० १७११ में मुलतान के गणधरगोत्रीय शालिभद्र के पुत्र नेमिदास के आग्रह से रचित आलम करणी संवाद प्राप्त है जिसकी प्रति जैसलमेर के यति डुंगरसी के भंडार में सुरक्षित है।

२ **सुमतिरंग**—आप खरतरगच्छ की कीर्तिरत्नसूरि शाखा के चंद्रकीर्ति के शिष्य थे। सं० १७२२ के आश्विन शुक्ल १० को मुलतान[2] के श्रावक चाहड़मल नवलखा वर्द्धमान

---

१ संभवतः इसीलिये उ० यशोविजय जी एवं मेघविजय जी को दि० समाज की मान्यताओं एवं बनारसीदास जी का खंडन करना आवश्यक हो गया था।

२ सं० १७२१ में आपने यहाँ हरकेशी चौपइ भी बनाई है।

आदि के आग्रह से श्वे० आध्यात्मिक (रूपक) ग्रंथ प्रबोधचिन्तामणि[1] का भाषा पद्यानुवाद ज्ञानकला चौपइ या मोहविवेक रास के नाम से किया। इसी प्रकार सं० १७२४ में वहां में उपरोक्त चाहड़मल राखेचा, ऋषभदास, नवलखा, वर्द्धमान आदि के आग्रह से श्रीमद् हेमचंद्राचार्य के "योगशास्त्र" का भाषा में पद्यानुवाद किया।

प्रबोधचिन्तामणि चौपाइ में कवि ने शांतरस की महिमा एवं वहाँ के श्रावकादि का परिचय इस प्रकार दिया है—

"अंतर शुद्धि अजाणतां, रचई शास्त्र विपरीत।
मंदिर पड तो मूकीने, गिरिवर करिवा प्रीति ॥२॥
नव रस सब जग कहतु है, अनिष्ट भ्रष्ट करी अंध।
शांति रस सब ते सरस, भाख्यो श्री भगवंत ॥३॥
और रस अलखामया, करी कुमति विकार।
शांति रस सेवे जिवो, तिणकुं सुख श्रीकार ॥४॥
× × ×
सुमतिनाथ पसादुलि ए, श्री मुलताण मझार।
संघ सकल मुलताण नो ए, समकत धर सिरदार।
पारसनाथ परसाद की ए, दिन दिन जय जय कार।
चाहड़मल भल चाहु सुं ए राखेचा धर्मरीत।
चाहक ग्राहक नवलखो, वर्धमान बड चीत।
× × ×
राखे चाहड रूप सदा तू छैल छबीलो।
करमचंद तम हरण वान, वरधमान वसीलो।
सहस किरण सारिखो, सुमति श्रीकरण सवाइ ॥
जो न त्रिभुवन माँहि जेठमल, सकल कहाई।
ताराचंद त्रिजग अगंद भव, ऋषभदास दुई कारि रहो।
पृथ्वीराज आज शिवराज प्रिय, लीलापति पदवी लहो ॥१॥
जिनवाणी तगतारक जाम, चाहड ऋषभदास वर्द्धमान।
समकदार श्रावक मुलताना, करइ सदा मिल अकथ कहानी ॥४॥
(योगशास्त्र चौपइ)

३ धर्ममंदिर[2]—आप खरतरगच्छीय वाचक दयाकुशल के शिष्य थे। मुलतान के श्रावकों के लिये आपने सं० १७४० में दयादीपिका चौपइ सं० १७४१ मि० सु० १०

१ यह ग्रंथ जयशेखर सूरि रचित बड़ाही सुन्दर रूपक ग्रन्थ है।
२ आप के रचित अन्य ग्रंथों के सम्बन्ध में जै० म० के० भा० २ देखना चाहिये।

को प्रबोधचिंतामणि मोहविवेक रास, एवं सं० १७४२ के कार्त्तिक शुक्ला ४ को परमात्म-प्रकाश (दि० योगिन्द्रदेव रचित) चौपइ ग्रन्थ बनाये। जिनमें यहाँ के श्रावकों का उल्लेख इस प्रकार है—

पारसनाथ पसाउले, श्रीमुलताण नगर मझारो रे।
श्रावक जिहां सुखीया वसै, आध्यातम ज्ञान विचारो रे॥
वर्द्धमान वारू सुखी, नवलखो भाग्योद जाणो रे।
भणसाली मीठू भला, धरम छोरी निज कुल भाणो रे॥
तास आदेश लही करी, जीव जतना तें अधिकारो रे।
चौपइ करी दयादीपिका, शिव ग्रन्थ नो लेइ विचारो रे॥

(दयादीपिका चौपइ)

× × ×

श्री मुलतान नगर में सोहे, पार्श्वनाथ मन मोहे जी।
तास पसाये चौपइ कीधी, मंगलमाला प्रसिद्धि जी॥
नवलखा वर्धमान विख्याता, नेमि धरम मति ज्ञाता जी।
भणसाली मिट्ठू धर्मधारी, सुरिजसुत सुखकारी जी॥
अध्यात्मशैली मनलाइ, सुखानंद सुखदाइ जी।
धर्म धुरंधर श्रावक संगे, वाधे ज्ञान सुरंगे जी॥

(मोहविवेक चौपइ)

× × ×

श्री मुलतान नगर भलो, जिहाँ श्रावक चतुर सुजाणो रे।
देव धरम गुरु रागिया, आदर बहु राग ने राणो रे॥
अध्यातमशैली वणी, नवलखा शाह वर्धमानो रे।
फणसाली भला लखिया, मिट्ठूमल बधतइ वानो रे।
साह कणोडी परगज, सुखानंद सत्य कही जै रे।
सुखीया दानी शुभमति, लखमी देई लाह लीजे रे।
नेमीदास धर्मदास जी, शांतिदास बंधव होइ रे।
मिट्ठू पुत्र सूरिज भणो, श्रावक शुभ भावुक जोइ रे।
ए श्रावक आदर करी, गांडाबी चौपइ सारी रे।
अध्यात्म पंडित सुधी, ते थाप्पे यहाँ अधिकारी रे॥

(परमात्म प्रकाश चौपइ)

४ श्रीमद् देवचंद्र जी—द्रव्यानुयोग के आप महान् पंडित थे। आप की रचनाओं में जैनतत्त्वज्ञान एवं आध्यात्मिक विषय भरे पड़े हैं। अपने समय के आप अद्वितीय विद्वान्

थे। आपका साहित्य भी बहुत विशाल है जिसको श्रीमद् बुद्धिसागरसूरिजीने श्रीमद् देवचंद्र भ० १-२ में प्रकाशित किया है उसके अतिरिक्त हमारी खोज से कतिपय नवीन रचनाओं का भी पता चला है। *आपका विशेष परिचय हमारे संपादित ऐतिहासिक* जैनकाव्य संग्रह में देखना चाहिये।

आप की सर्व प्रथम रचना ध्यानदीपिका चौपई है जिसका निर्माण सं० १७६६ के वै० शु० १३ को मुलतान के भणसाली मिट्ठूमल के आग्रह से ज्ञानार्णव ग्रन्थ के आधार से किया था। आप ने प्रस्तुत ग्रन्थ की प्रशस्ति में यहाँ के श्रावकों को "आध्यात्म श्रद्धानाधारी" मिट्ठूमल को "आतम सूरज ध्याता" बतलाया है यथा।

खरतर आचारिज गच्छधारी, जिणचन्द्र सूरि जयकारी जी।
तेसु आदेश लही सुखकारी, श्रीमुलतान मंझारी जी। ध्या० । १
अध्यातम श्रद्धानाधारी, जिहां वसे नरनारी जी।
पर मिथ्या मत ना परिहारी, स्वपर विवेचन कारी रे॥
निज गुण चरचा तिहां थी करता, मन अनुभव में वरता जी।
स्याद्वाद् निज गुण अनुसरता, नित अधिको सुख धरता जी ॥१०॥
भणसाली मिट्ठूमल ज्ञाता, आतम सूरज ध्याता जी।
तसु आग्रह करी चउपई जोड़ी, सुणतां सुखडी कोड़ी जी ॥ ध्या० ११ ॥

आध्यात्म ज्ञान के विशेष प्रेम के कारण ही ऐसे श्रावकों का संबोधन अन्य लोग आध्यात्ममती के नाम से करने लगे थे। यशोविजय जी एवं कविवर धर्मवर्द्धन ने आध्यात्ममत एवं आध्यात्ममती शब्दों का प्रयोग किया है।

विजयनगर राज्य का जैन धर्म के प्रति सद्भाव

[ले०—श्रीयुत बा० त्रिवेणी प्रसाद, बी. ए.]

जैनधर्म बहुत प्राचीन है। संभव है कि वैदिक धर्म के साथ-साथ या उसके पहले इसका उदय हुआ हो। जैन तीर्थंकर ऋषभदेव का वर्णन श्रीमद्भागवत में आया है और उन्हें महात्मा कहा गया है। जैन शास्त्रों से पता चलता है कि जैनों के अनेक आचार्य पहले वैदिक धर्म के माननेवाले थे पर जैन धर्म से प्रभावित होकर जैन हो गये थे। हमारा तो ख्याल है कि बहुत प्राचीन काल में वैदिक धर्म और जैन धर्म में इतना अधिक अन्तर नहीं था कि दोनों मतावलम्बियों में साम्प्रदायिक द्वेष पैदा हो, जैसा कि पीछे चलकर बौद्धधर्म के साथ हुआ। वास्तव में बौद्ध धर्म की अपेक्षा जैन धर्म वैदिक धर्म के निकट है। इसका एक विशेष प्रमाण यह है कि इस साम्प्रदायिक विद्वेष के जमाने में भी दोनों सम्प्रदायों के माननेवालों में वैवाहिक संबंध होता है। हमारे कहने का तात्पर्य्य यह है कि वैदिक और जैन दोनों मतावलम्बी बहुत प्राचीन काल से साथ-साथ रहे है, दोनों का व्यवहार, कतिपय उदाहरणों को छोड़कर, सौहार्द्रपूर्ण रहा है, और दोनों ने अपने को एक ही राष्ट्र का अंग समझा है। महाराज हर्षवर्द्धन की धार्मिक सहिष्णुता तो प्रसिद्ध ही है। अनेक इतिहास-कारों का तो विश्वास है कि हर्षवर्द्धन की वैदिक धर्म के प्रति विशेष रुचि न थी! पर वास्तविक बात यह है कि हर्ष ने कभी साम्प्रदायिक पक्षपात नहीं किया। इसी प्रकार महा-राज समुद्रगुप्त ने, वैदिक धर्म का उद्धारक कहलाकर भी, साम्प्रदायिक मनोवृत्ति नहीं अपनाई। मध्यकालीन भारत के हिन्दू राज्यों में विजयनगर का राज्य सब से प्रसिद्ध है। यह राज्य वैदिक धर्म का पोषक था। इसी राज्य के प्रसिद्ध मंत्री, सायणाचार्य ने वेदों पर भाष्य किया। यह एक आश्चर्य की बात है कि जबकि इसी समय के आस-पास के संसार के दूसरे राष्ट्र धर्म के नाम पर रक्तपात कर रहे थे, इस विजयनगर के प्रतापी राजे विभिन्न मतावलम्बियों के साथ सर्वथा पक्षपात रहित व्यवहार कर रहे थे। प्रस्तुत निबन्ध में इसी, अन्तिम विषय पर थोड़ा प्रकाश डाला जायगा।

विजयनगर साम्राज्य का जन्मकाल सन् १३४६ ईस्वी है। हम जानते हैं, यह समय भारतवर्ष के इतिहास में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उत्तर भारत में मुसलमानों का राज्य कायम हो चुका था; वे अब दक्षिण-विजय के अपने प्रयत्नों को सफल करने में सचेष्ट थे। ऐसे समय में देश में एकता की बड़ी आवश्यकता थी। विजयनगर साम्राज्य के शासक स्वभावतः उदार थे, और राजनीतिक आवश्यकता वश नहीं, बल्कि स्वाभाविक सहि-ष्णुतावश उन्होंने अन्य सम्प्रदायों का भी उतनाही आदर किया, जितना कि वैदिक धर्म का। यह समय जैनधर्म की अवनति का था, किन्तु वैदिक सम्प्रदाय के प्रभावशाली राजाओं ने कभी उसकी ओर असहानुभुति का परिचय नहीं दिया। इस सम्बन्ध में अनेक प्रमाण मौजूद हैं। कईएक यहाँ पर दिये जाते हैं—

जब मुसलमानों का दक्षिणावर्त की ओर बढ़ना रुक गया और विजयनगर का साम्राज्य स्थापित हो गया (ई० सं० १३४६); इस नवीन साम्राज्य के राजाओं को राज्य की धार्मिक तथा सांस्कृतिक समस्याओं की ओर ध्यान देने का मौका मिला। साम्राज्य-संस्थापन के केवल १७ वर्षों के बाद, १३६३ में, एक धार्मिक विवाद उठ खड़ा हुआ। इस विवाद का निपटारा जिस न्याय के साथ हुआ, उससे यह छिपा नहीं रहा कि नवीन साम्राज्य के अन्तर्गत जैनमतावलम्बियों के अधिकार सर्वथा सुरक्षित हैं, और नये राजाओं के वैदिक धर्मावलम्बी होते हुए भी उनके धर्म में हस्तक्षेप का कोई भय नहीं। विजयनगर के राजा हरिहरराय का पुत्र, विरुपाक्ष ओडयार, मलेराज्य का सूबेदार था। यह विवाद उसीके सम्मुख उपस्थित हुआ। यह हेदुरनाड के अन्तर्गत ताडनाल के प्राचीन पार्श्वनाथ बसदि की जमीन के सम्बन्ध में था। हेदुरनाद की वैदिक मतावलम्बी जनता का कहना था कि उक्त जमीन पारसनाथ बसदि की नहीं है। राज्य ने इस मामले की जाँच की आज्ञा दी, और मलेराज्य की राजधानी, आरंग में मामले की सुनवाई शुरु हुई। इसमें दोनों पक्ष के गण्यमान्य लोग बुलाये गये थे [लेख में सबों का नाम दिया गया है]। अन्त में सबों की सम्मति से प्राचीन प्रथा के अनुसार ही बसदि की जमीन की सीमा निश्चित कर दी गई, तथा पार्श्वनाथ की अन्य जायदाद के सम्बन्ध में भी निश्चय कर दिया गया। सबों की सम्मति से इस मामले का फैसला पत्थर पर खुदवा दिया गया।"

[मेडिएवल जैनिज्म—सालेतोरे, पृ० २८७-७७]

"उपर्युक्त घटना के केवल पाँच साल बाद बुक्काराय प्रथम के आगे एक बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या उपस्थित हुई। १३६८ के एक शिलालेख से पता चलता है कि जैनों और वैष्णवों में एक विवाद उठ खड़ा हुआ। अनेक जिलों के जैनों ने बुक्काराय प्रथम के आगे इस बात की दरख्वास्त दी कि वैष्णव लोग जैनियों के साथ अन्याय करते हैं। राजा ने काफी जाँच-पड़ताल के बाद जैनियों और वैष्णवों में मेल करा दिया, इस बात का एलान किया कि जैन दर्शन और वैष्णव दर्शन में कोई अन्तर नहीं है, और साथ ही अपनी यह राजाज्ञा प्रकाशित की—

"यह जैन दर्शन पहले की ही भाँति पञ्च महाशब्द और कलश का अधिकारी है। यदि कोई वैष्णव किसी प्रकार भी जैनियों को क्षति पहुँचावे, तो वैष्णवों को उसे वैष्णव धर्म की क्षति समझना चाहिए। वैष्णव लोग इस बात की ताकीद के लिए जगह-जगह 'शासन' कायम करें। जब तक सूर्य और चन्द्र का अस्तित्व है, तब तक वैष्णव लोग जैन दर्शन की रक्षा करेंगे। वैष्णव और जैन एक ही हैं, उन्हें अलग-अलग नहीं समझना चाहिए।"

राजाज्ञा में आगे बतलाया गया है कि जैनियों और वैष्णवों से कर लिया जाता है उससे बेलगोल के लिए रक्षकों की नियुक्ति की जाय, और यह नियुक्ति वैष्णवों के द्वारा हो,

तथा इससे जो द्रव्य बचे, उससे जिनालयों की मरम्मत कराई जाय और उनपर चूना पोता जाय। "इस प्रकार वे प्रति वर्ष धन दान देने मे न चूकेंगे, और यश तथा सम्मान प्राप्त करेंगे। जो इस आज्ञा का उल्लंघन करेगा वह राजद्रोही, संघद्रोही और समुदाय-द्रोही होगा'[1]।"

इसी शिलालेख के पीछे से जोड़े हुए अंश से प्रकट होता है कि कल्लेह के हर्विसेट्टि में पुत्र बुसुवि सेट्टि ने बुक्काराय को प्रार्थनापत्र देकर तिरुमलें के तातय्य को बुलवाया और उक्त शासन का जीर्णोद्धार कराया था। जैन और वैष्णवों ने मिल कर बुसुविसेट्टि को 'संघनायक'[2] की पदवी प्रदान की थी तथा दोनों के अनुयायियों ने जैनधर्म की जय का नारा लगाया था।

इसी प्रकार हमें १६३८ ई० के एक शिलालेख से जैनों और वीर शैवों के विवाद का पता चलता है। यह एक महत्त्व की बात है कि यह शिलालेख जैनधर्म की प्रशंसा से शुरु होता है और अन्त होता है शिव की प्रशंसा से! विवाद यह था कि किसी वीर शैव ने विजयपार्श्व बसदि के एक खंभे पर शिवलिंग की स्थापना कर दी थी और विजयप्पा नामक एक धनी जैन सौदागर ने उस शिवलिंग को नष्ट कर दिया था। इस घटना से जैनियों में क्षोभ फैला और गण्यमान्य जैनियों ने वीर शैवमत के नेताओं के पास इस मामले के निपटारे के लिये प्रार्थना की। सभा में यह निश्चय हुआ कि जैन लोग पहले विभूति और बेलपत्र चढ़ाकर, [अर्थात् शिवलिंग का सम्मान कर] अपना आराधन-पूजन प्राचीन प्रथा के अनुसार करें। इस निर्णय के सम्बन्ध में राजाज्ञा भी मिल गई। वीर शैवों ने जैनियों के प्रति अपना सौहार्द प्रदर्शित करने के लिये इस निर्णय में यह भी जोड़ दिया—"जो कोई भी जैनधर्म का विरोध करेगा, वह शिव-द्रोही समझा जायगा, वह विभूति-रुद्राक्ष तथा काशी और रामेश्वर के पवित्र शिवलिंगों का द्रोही समझा जायगा।" इस लेख के अन्त में 'जिन-शासन की जय हो' यह वाक्य लिखा गया। इसी प्रकार इस राज्य के

१—शक वर्ष १२६० नेय कीलक-संवत्सरद भाद्रपद शु० १० बृ० स्वस्तिश्रीमन्महामण्डलेश्वरं अरिराय विभाड भाषेगे तप्पुव रायर गण्ड श्री वीरबुक्करायनु पृथ्वीराज्यव माडुव कालदल्लि जैन-रिगू भक्तरिगू संवाज वादल्लि आनेयगोन्दि होस-पट्टण पेनुगुण्डे कल्लेहद-पट्टण वोळगाद समस्त-नाड भव्यजनङ्गलु आ-बुक्करायङ्गे भक्तरुसमाडुव अन्यायङ्गलनु बिन्नहं माडलागि कोविल-तिरुमले-पे माळ कोविल-तिरुनारायणपुरमुख्यवाद सकलाचार्य्यरू सकल-समयिगलू सकलसात्त्विकरू मोष्टिकरू तिरुपणि-तिरुविडितण्णीरवरुनाल्वत्तेन्टु-जनङ्गलु सावन्त-बोवकलु तिरिकुल जाम्बुवकुल वोळगाद हदिनेण्टु-नाड श्रीवैष्णववरकैय्यलु महारायनु वैष्णवदर्शनक्के-ऊ जैनदर्शनक्के-ऊ भेद-विल्लवेन्दुरायनु वैष्णवर कैय्यल्लु जैनर कै-विडिदु कोट्टु यी-जैन-दर्शनक्के पूर्व्वमरियादे यलु पञ्चमहावाद्यङ्गलू कलशवु सलुवुदु जैनदर्शनक्के भक्तर देसे यन्द हानिवृद्धियादरू वैष्णव-हानि वृद्धि यागि ....अ० शि० पृ० २६३-२६४

२—देखें-मैडियेवल जैनिज्म सालेतोर पृ० २८८-२८९ तथा अ० शि० पृ० २६४-२६५।

कई सेनापति और प्रधान अमात्य जैन धर्मानुयायी थे तथा राजाओं की रानियों के भी जैन धर्मानुयायी होने के प्रमाण मिलते हैं। श्रवण बेलगोल के निम्न शिलालेख से देवराय महाराय की रानी भीमादेवी का जैन होना प्रकट होता है, यह देवी जैनधर्म की परमाराधिका थी, इसने मङ्गायी बस्ति में शान्तिनाथ भगवान् की प्रतिष्ठा कराई थी। इसके गुरु पण्डिताचार्य थे—

श्रीमत्पण्डिताचार्य गुड्डि देवराय महारायर राणि भीमादेवी माडिसिद शान्तिनाथ स्वामि श्री ॥

हरिहर द्वितीय के सेनापति इरुगप कट्टर जैनधर्मानुयायी थे। इन्होंने बेल्गोल में एक बनकुञ्ज और एक तालाब का दान गोम्मटेश्वर के लिये किया था। इरुगप के माता पिता मङ्गप और जानकी जैन धर्म के परम श्रद्धालु थे, इसका समस्त कुटुम्ब जैनधर्म को पालता था। इसकी धार्मिक प्रशंसा में शिलालेख नं० ८२ में निम्न श्लोक कहे गये हैं—

आहारसम्पदभयार्पणमौषधं च
शास्त्रं च तस्य समजायतनित्यदानम्।
हिंसानृतान्यवनिताव्यसनं म चौर्य्यं
मूर्च्छा च देशवशतोऽस्य बभूव दूरे ॥
दानं चास्य सुपात्र एव करुणा दीनेषु दृष्टिर्जिने
भक्तिर्द्धर्म्मपथे जिनेन्द्रयशसामाकर्णनेषु श्रुती।
जिह्वा तद्गुणकीर्त्तनेषु वपुपस्सौख्यं च तद्वन्दने
घ्राणं तच्चरणाब्दसौरभभरे मर्वं च तत्सेवने ॥

इरुगप रत्नत्रय का परमाराधक श्रावक था, इसने विजयनगर में कुन्थुनाथ भगवान् का जिनालय भी बनवाया था। तथा इसकी व्यवस्था के लिये कुछ भूमि भी दान में दी थी।

विजयनगर साम्राज्य के अमात्यों ने भी जैन मन्दिरों एवं जैन प्रतिमाओं का निर्माण कराया था। इस राज्य के उच्चपदस्थ कर्मचारियों में अधिकांश जैन धर्मावलम्बी थे, इसलिये राजाओं को भी जैनधर्म का विशेष खयाल रखना पड़ता था।

अतएव उपर्युक्त उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि विजयनगर के हिन्दू राजे साम्प्रदायिक पक्षपात रहित थे। जनता भी उदार थी। एक मत वाले दूसरे मतों का आदर करते थे, और मजहबी कट्टरता का नामोनिशान नहीं था। यदि साम्प्रदायिक समस्या को लेकर भारतीय इतिहास का अध्ययन किया जाय तो निश्चय ही हमें यह ज्ञान प्राप्त होगा कि जैन मत और वैदिक मत में कोई विशेष विरोध नहीं है। आज भी वैष्णव और जैन एक परिवार में अपने अपने मतों के अनुसार चलते हैं, और किसी प्रकार की असहिष्णुता नहीं दिखाई देती। पति अगर जैन है, तो पत्नी कट्टर वैष्णवी! और पति-पत्नी के प्रेम में कोई बाधा नहीं पहुँचती, बल्कि दोनों एक दूसरे के धर्म का आदर करते हैं!

पुष्पाञ्जलि महाकाव्य

[सं०—श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण मूडबिद्री]

मुझे इस महाकाव्य का सिर्फ एक पत्र स्थानीय जैन मठ के ग्रंथागार में वर्तमान, ७९० नंबर वाले बण्डल में प्राप्त हुआ। महाकाव्य का यह उपलब्ध अंश सप्तम सर्ग का अंतिम [पद्य सं० ४२ से ५४ तक] एवं अष्टम सर्ग का प्रारम्भिक [पद्य सं० १ से ६ तक] भाग है। इसके सप्तम सर्ग के अंत में निम्न प्रकार की एक पुष्पिका लगी हुई है :—

"इति स्थावरश्रीकुपणतीर्थनिवासिजंगमतीर्थश्रीधरदेवपरमभट्टारकशिष्यश्रीमाघनन्दिसैद्धान्तिचरणसरसीरुहचञ्चरीकेण···यकीर्तिना विरचिते पुष्पाञ्जलिमहाकाव्ये दहपश्रेष्ठि प्रवर्तिते श्रीमद्दोद्दवलदेशाधिपतिकद्दुभूपालनामांकिते सप्तमसर्गः।'

पुष्पिका में प्रतिपादित 'कुपण-तीर्थ' तो इस समय हैदराबाद राज्य में वर्तमान आजकल का 'कोप्पल' है, जो कि एक जमाने में जैनों का भारत-विश्रुत एक प्रमुख महान् तीर्थ रहा। उस काल में इस क्षेत्र की महत्ता तथा पवित्रता श्रवणबेलगोल से कम नहीं समझी जाती थी। 'भास्कर' की पिछली एक किरण में इस तीर्थ के सम्बन्ध में पर्याप्त प्रकाश डाला भी गया है।

अब इस पुष्पाञ्जलि महाकाव्य के रचयिता के विषय में भी दो शब्द लिख देना परमावश्यक है। पर खेद की बात है कि काव्य का उपलब्ध पत्र खण्डित है; फलतः इसमें रचयिता के नाम में प्रायः एक या दो अक्षर गायब हैं। इसीलिये दूसरी प्रति की प्राप्ति तक निर्विवाद रूप से यह नहीं कहा जा सकता है कि इसके प्रणेता अमुक नामधारी कवि हैं। हाँ यह खण्डित नाम अविवादतः अयःकीर्ति नयकीर्ति आदि कोई कीर्त्यन्त नाम अवश्य है।

खैर, अब ग्रंथरचयिता के द्वारा सादर स्मरण किये गये गुरु माघनन्दी तथा प्रगुरु श्रीधरदेव को लीजिये। ये दोनों विद्वान आचार्य नागदेव मंत्री-द्वारा अपने श्रद्धेय गुरु श्री नयकीर्ति योगीन्द्र की निषद्या निर्माण कराये जाने का उल्लेख करनेवाले श्रवण बेल्गोल के ४२ [६६] वें नंबर वाले लेख में प्रतिपादित व्यक्ति ही मालूम होते हैं। इस लेख में इन दोनों की काफी प्रशंसा की गई है। इसमें माघनन्दी के शिष्यों में कीर्त्यन्त नाम वाले सिर्फ चन्द्रकीर्ति एक ही मिलते हैं। पर यह नाम काव्य के उपर्युक्त पुष्पिका में ठीक नहीं बैठता है। हाँ माघनन्दी के प्रशिष्य, गुणचन्द्र मुनि के शिष्य जिनके स्मृति रूप में श्रवणबेल्गोल का यह लेख अंकित है उन नयकीर्ति का नाम यहाँ पर ठीक बैठता है अवश्य। किन्तु ग्रंथरचयिता ने अपने को स्पष्ट रूप से माघनन्दी का शिष्य बतलाया है। इसलिये जब तक इसकी दूसरी पूर्ण तथा शुद्ध प्रति उपलब्ध नहीं होती है तब तक निर्विवाद रूप से यह नहीं कहा जा सकता है कि अमुक नाम वाले व्यक्ति ही इसके प्रणेता हैं। इसी प्रकार पुष्पिका में प्रतिपादित दहप श्रेष्ठी दोद्दवल देश तथा तदधिपति कद्दुभूपाल के संबंध में भी विशेष खोज करने की आवश्यकता है। काव्य का उपलब्ध भाग इस प्रकार है—

....नस्य सूनोः ॥
कुरु नृप ! विधिमार्चैत्रान्तभद्रादिमासा- ।
त्प्रभृति धवलपक्षे सद्दिने पंचमाख्ये ॥४२॥
परमजिनपतीनां श्रीचतुर्विंशतीनाम् ।
प्रतिकृतिमभिषिच्य प्राच्यं तोयादिभिस्ताम् ॥
पुनरपि रचयित्वा पुंजकं तण्डुलानाम् ।
जलधिनयनसंख्यं द्वादशं यक्षदेव्योः ॥४३॥
द्विगुणजलधिसंख्यैरर्चनैः प्रेज्यपुंजा-
नभिनवकुसुमोघैर्नामपूर्वं समर्च्य ।
परमसुखनिदानांस्तीर्थकर्तृन्समस्ता-
न्यज नरप ! नवम्यां रत्नगर्भयंजलाभिः ॥४४॥
नियमितकरणस्मन् यामयामेऽभिषेकम् ।
श्रवणरमणगीतैर्जागरन्त्वं कुरुष्व ॥
सुचरितयतिनाथांस्तीर्थकर्तृन्प्रमाणान् ।
गदितविधिविशेषाद्भोजय प्रान्तरेन [त्र] ॥४५॥
युवतियुगलकाभ्यां भर्तृसंसर्गभाग्याम् [भाग्याम्]
अशनवसनपुष्पं स्नानपूर्वं प्रदेहि ॥
मृदुकरतलदेशे बालयोर्मातुलुङ्गम् ।
कुरु पुनरपि राजन् ! वर्षवर्षं प्रतीत्थम् ॥४६॥
गतवति सति वर्षे वह्निसंख्ये नरेन्द्र !
प्रतिकृतिममलां त्वं श्रीचतुर्विंशतानाम् ॥
परमजिननियुक्तं यक्षदेव्योश्च बिम्बम् ।
कनकरजतरत्नैः कारयोद्यापनाय ॥४७॥
भवगहनहुताशं पुस्तकं लेखय त्वम् ।
विशदलिपिविशिष्टं श्रीप्रसूनाञ्जलेश्च ॥
उभयमपि मणिष्ठां त्वं प्रतिष्ठां विधाय ।
प्रदिश जिनगृहेभ्योऽर्चां सुनिम्बश्च पुस्तम् ॥४८॥

तदनु विधिविशेषाद्देहि संघाय दानम् ।
भवगहनविनाशं भक्तिभारावनम्रः ॥
इति निगदितगत्योद्यापनं तद्विधेस्स्या-
त्पुनरपि तव च स्यान्मुक्तिकान्तानुरागः ॥४६॥

सुरभिकुसुमसंख्या यस्य नो पूर्यते चे-
दुदधिसदृशसंख्यं वर्षमस्मिन्स कुर्यात् ॥
दुरितकुजकुठारान् पञ्चकान्संप्रतिष्ठय ।
प्रहतमदनदर्पान् भोजयेदेकभिद्वान् ॥५०॥

यदि निगदितशक्तिः कस्यचिन्नास्ति पुंसः ।
कनकसदृशवर्णान्नद्यतान् पंचवर्षम् ॥
क्षिपतु परमभक्त्या सोऽपि तस्माद्गरिष्ठाम् ।
दिविजशिवसुखादीन् स्वादते निश्चयेन ॥५१

श्रुत्वा पूर्वभवान्तरं वनितया मित्रेण चेत्थं नृपः ।
श्रीमच्चारणपादपद्मयुगलं भक्त्या नमस्कृत्य सः ॥
कैलाशाचलचूलिकाजिनगृहे कृत्वा सुपुष्पांजलिम् ।
धन्याधिष्ठितरत्नसंचयपुरं शीघ्रं गतो हर्षतः ॥५२॥

बिभ्राणो विजयांगनां निजभुजे लक्ष्मीं च वक्षस्थले ।
कुर्वाणः कुसुमांजलिं जिनगृहे रत्नप्रभाशोभिते ॥
श्रृण्वन् श्रीपरमागमं प्रतिदिनं तत्रास्त यावन्नृपः ।
गीतातोद्यविनोदनोदितवपुः काले कियन्मात्रके ॥५३॥

दंष्ट्रोपलक्षितमहाकडगस्य वंशे ।
जातः समौक्तिक इवामलकद्रभूपः ॥
सद्वृत्तवान्सगुणवान् जिननाथवाण्याः [ण्या] ।
कर्णे [कण्ठं] विभूष्य भुवि संस्थितवान्स जीयात् ॥५४॥

इति स्थावरश्रीकुपणतीर्थनिवासिजंगमतीर्थश्रीधरदेवपरमभट्टारकशिष्यश्रीमाघनन्दिसैद्धान्ति-चरणसरसीरुहचञ्चरीकेणे···यकीर्तिना [?] विरचिते पुष्पाञ्जलिमहाकाव्ये दृढपश्रेष्ठिप्रवर्तिते श्रीमद्दोद्दबलदेशाधिपतिकद्रभूपालनामांकिते सप्तमस्सर्गः

कुलिशेन महीपतिरेकदा लुलितरत्नविराजितमण्डपे ।
युवतिभिस्स्वसुतैस्सचिवैः परिवृतस्सुखमास्त गुणाम्बुधिः ॥१॥
सरसिजं सुरभीकृतदिङ्मुखं बहुदलं मकरन्दविमिश्रितम् ।
नृपतये वटुको गुणवान् ददौ नरपतिस्तदलोकत हर्षतः ॥२॥
मधुकरा व्यसद्गतजीविता [न्] त्मतिदलेष्ववलोक्य महीपतिः ।
विषयिणां विषयान्मरणं ध्रुवं धिगिति तत्त्यजने कृतवा मनः ॥३॥
पिबति मृष्टजलं गहनोद्भवं चरति चेक्षुसमं नवपल्लवम् ॥
मदगजः करिणीरतिलोलुपो व्यसनतस्स्मृतिं गतवान्भुवि ॥४॥
अशनलंपटधीश्शफरोमहान्ग्रसति लोहविलिप्तपरामिषम् ।
त्रुटिततुण्डगलस्सविलोडते क्षितितले विलयं मृ[द्रु]तमश्नुते ।
पतति शुष्कपलासदले भयात्सरति लंघति पर्वतमस्तकम् ।
श्रवणलोभवशादिह लुब्धकान्मरणमेति शरैर्हरि........॥६॥

श्रवणबेल्गोल के शिलालेखों में जैन महिलाओं के नाम।

[ले०—श्रीमती जी० के० जैन बी० ए०, साहित्यभूषण, आरण्य नगर]

श्रवणबेल्गोल के शिलालेख जैन इतिहास की अपूर्व निधि हैं। इनमें अनेक धार्मिक, सामाजिक, भौगोलिक आदि विभिन्न विषयिक महत्त्वपूर्ण बातों के उल्लेख के अतिरिक्त जैन मुनि, आर्यिका, कवि, संघ, गण, गच्छ आदि के नामों का उल्लेख है। अनेकों शिलालेखों में धर्म की उन्नति करने वाले नर-नारियों के संक्षिप्त परिचय भी हैं। प्राचीन काल में स्त्री और पुरुष समान रूप से धार्मिक कार्यों में भाग लेते थे। प्रकृति ने भी पुरुष को बहिर्जगत का स्वामित्व और स्त्री को अन्तर्जगत का स्वामित्व प्रदान किया है। पर स्मरण रखना चाहिये कि ये दोनों जगत् परस्पर में भिन्न दो नहीं, एक और अभिन्न हैं, गिरा अर्थवत जलवीचिवत्। जीवन जान्हवी को अपने सुख एवं ऐश्वर्य के दोनों कूलों को अपनी मन्थर गति से अहर्निश मुखरित करते रहने के लिये कर्त्तव्य का यह विभाजन अन्तरंग और बहिरंग रूप में विभक्त भले ही दीख पड़े लेकिन दोनों हैं एक और अभिन्न। इसीलिये जहाँ धर्म में उत्सर्ग करने वाले पुरुष मिलते हैं, वहाँ नारियाँ भी। प्राचीन जैन महिलाओं ने जैनधर्म की उन्नति के लिये अनेक प्रयत्न किये हैं, इस लेख में श्रवणबेल्गोल के शिलालेखों में नामाङ्कित महिलाओं का संक्षिप्त परिचय दिया जायगा—

अक्कब्बे १२४ (३२७)—यह शम्भुदेव की पत्नी और चन्द्रमौलि की माता थी। चन्द्रमौलि त्रिभुवन मल्ल वीरबल्लालदेव के मंत्री थे। बल्लालदेव होयसल वंशी प्रतापी राजा थे, इन्होंने लाड, गुर्जर, गौड़, पल्लव, चोल, ओडेयरस आदि नरेशों को जीत लिया था। चन्द्रमौलि के ऊपर माता के धार्मिक संस्कारों की अमिट छाप थी। इन्हीं संस्कारों के कारण वह शैव होकर भी जैन धर्म की ओर झुकता रहा था और अन्त में आचलदेवी के प्रभाव से जैनधर्म में दीक्षित हो गया था।

अत्तिमब्बरसि या अत्तिमब्बे ५९ (७३), १२४ (३२७), १४४—इस धर्मात्मा देवी के प्रभाव से गोदावरी नदी का प्रवाह रुक गयो था। जैनधर्म से इसे अत्यन्त प्रेम था। इसके पिता का नाम सेनापति मल्लप्प, पति का नाम नागदेव और पुत्र का नाम पदुवेल तैल था। अतिमब्बे का जैन नारियों में महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसने अपने व्यय से पोन्नकृत शान्ति पुराण की एक हजार प्रतियाँ तैयार कराकर वितरण कराई थीं। इसके सम्बन्ध में कहा गया है "Atemable wasan ideal devotee. She had 1000 Copies of Ponnas Sātipurana made at her own expense, and 1500 images of gold and jewels. We have seen that some women devotees have been compared to Attimable in their piety.

अनन्तमति गन्ति १८ (९८)—यह नविलूर संघ की थी. इसने द्वादश तपों का कटवप्र पर्वत पर यथाविधि पालन किया था। अन्त में समाधि सहित मरण करने से स्वर्ग के अनुपम सुखों को प्राप्त किया।

आचलदेवी १०७ (२५६), १२४ (३२७), ४२६ (३३१), ४९४—इन शिलालेखों में आचले, आचाम्बा और आचियक्क ये नामान्तर आचलदेवी के बतलाये हैं। शिलालेख नं० १२४ से सिद्ध होता है कि आचलदेवी नयकीर्त्ति के शिष्य बालचन्द्र की शिष्या थी। नयकीर्त्ति[१] सिद्धान्तदेव मूलसंघ, देशिय गण, पुस्तकगच्छ कुन्दकुन्दाम्नाय के गुणचन्द्र सिद्धान्त देव के शिष्य थे। इसी शिलालेख में आचलदेवी की वंशावली निम्न प्रकार दी गई है।

मासवाडिनाडु के श्रावक शिवेयनायक एक धर्मात्मा गृहस्थ थे, इनकी पत्नी का नाम चन्दब्बे था। इस दम्पत्ति के बम्मदेवहेग्गडे, बाचेयनायक, कालब्बे, आचलदेवी और बाचब्बे ये पाँच सन्तानें हुईं। बाचब्बे का विवाह मासवाडि नरेश हेम्माडि सोवणनायकदेव के साथ हुआ। इन दम्पत्ति के बम्मेयनायक, मार, आचलदेवी, चेन्दब्बे और काम ये सन्तानें हुईं। इनमें से आचलदेवी का विवाह होयसल नरेश वीरबल्लालदेव के मंत्री चन्द्रमौलि के साथ हुआ था और बम्मेयनायक का मल्लिसेट्टि और माचब्बे की पुत्री दोचब्बे के साथ हुआ।

प्रस्तुत आचलदेवी ही बालचन्द्र की शिष्या है। शिलालेख में इसका वर्णन करते हुए लिखा है—

हरिणी-लोचने पङ्कजानने घनश्रोणिस्तनाभोग-भा—
सुरे बिम्बाधरे कोकिलध्वने सुगन्ध-श्वासे चञ्चत्तनू
दरि-भृङ्गावलि-नीलकेशे-कलहंसीयानेयीकम्बुक-
न्धरेयप्पाचलदेवी-कन्तु-सतियं सौन्दर्यदिन्देलिपल्।

आचलदेवी जैन धर्मानुयायी थी, किन्तु उसका पति चन्द्रमौलि शैव धर्मानुयायी था। यद्यपि चन्द्रमौलि ने अपनी स्त्री को शैव धर्म में दीक्षित करने के लिये पर्याप्त प्रयत्न किया, लेकिन वह अपने ध्येय में सफल नहीं हो सका। बल्कि आचलदेवी ने अपने प्रभाव से उसे जैनधर्म की ओर आकृष्ट करने का प्रयत्न किया था। तथा वह बहुत कुछ अंशों में सफल भी हुई थी। आचलदेवी ने कई जैन मन्दिर बनवाये थे।

अक्कनबस्ति के[१] लेख नं० १२४ (३२७) से प्रकट होता है कि इस बस्ती का निर्माण आचलदेवी ने कराया था। इस सुन्दर भवन में गर्भगृह, सुखनासि, नवरङ्ग और मुखमण्डप हैं। गर्भगृह में सप्तफणी पार्श्वनाथ की पाँच फुट ऊँची भव्य मूर्ति है। गर्भगृह के द्वारों पर बड़ा अच्छा खुदाई का काम है। सुखनासि में तीन फुट ऊँची पञ्चफणी धरणेन्द्र और पद्मावती की मूर्त्तियाँ हैं। यहाँ के गुम्मज और छतों की कारीगरी देखने लायक है। मन्दिर

की गुम्मटों पर अनेक जैन मूर्त्तियाँ चित्रित हैं। आचलदेवी ने इस बस्ति का निर्माण कराके होय्सल नरेश बल्लालदेव से बम्मेयनहल्लि ग्राम प्राप्त कर उसे अपने गुरु नयकीर्त्ति सिद्धान्त-देव के शिष्य बालचन्द्र मुनि की पादपूजा कर उस मन्दिर के लिये दान कर दिया था। इस बस्ति का निर्माण काल सन् ११८१ है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि आचलदेवी ने जैन धर्म की उन्नति के लिये पर्याप्त प्रयत्न किया।

आचलदेवी १२४ (३२७)—इस नाम की अन्य देवी हेम्माडिदेव की भार्या थी, इसकी माता का नाम चान्दव्वे और पिता का नाम शिव्रेयनायक था।

आचाम्बिके २५१ (२२१)—इसके सम्बन्ध में कहा गया है कि "अरस आदित्यङ्गवाचा-म्बिके गपोलविनिपुट्टिदर्प्पम्पराजं हरिदेवं मन्त्रि-यूथाग्रणि गुणिबल"—अर्थात् आचाम्बिके के पति अरसादित्य थे। इन धर्मात्मा दम्पत्ति के पम्पराज, हरिदेव और बलदेव ये तीन पुत्र हुए। बलदेव की प्रशंसा इस लेख में बहुत की गई है, इसके सम्बन्ध में कहा गया है कि कर्नाटक कुल तिलक, माचिराज के पितृव्य, शत्रुओं के लिये प्रचण्ड शक्ति, जिनपद भक्त महा साहसी थे। समस्त मन्त्रियों के नाथ, शत्रुओं को वश करने वाले, परस्त्री त्यागी, सरस्वती, देवी के कण्ठहार विशुद्धकीर्त्ति, प्रसिद्ध और उदार मूर्त्ति, जिनेन्द्रपद सेवी बलदेव जयवान हो।

एचिकब्बे या एचब्बे १४४ (३८४)—यह गङ्गराज के बड़े भाई बम्मदेव के पुत्र एचिराज दण्डनायक की स्त्री थी। एचिकब्बे के गुरु शुभचन्द्रदेव थे। एचिराज दण्डनायक ने अपनी स्त्री की प्रेरणा से अनेक जिन मन्दिरों का निर्माण कराया था। अन्त में समाधि मरण पूर्वक प्राण त्याग किये। बोप्पदेव दण्डनायक ने अपने भाई की निषद्या निर्माण कराई तथा निर्माण कराई हुई बस्तियों के लिये शुभचन्द्रदेव के शिष्य माधवचन्द्रदेव को गङ्ग समुद्र की कुछ भूमि का दान किया।

एचिकब्बे ने तथा उसकी सास वागणब्बे ने ही जिननाथपुर में अरेगल बस्ति के पूर्व की ओर वाले लेख को अंकित करवाया था। यह अत्यन्त धर्मात्मा महिला थी।

एचलदेवी ९० (२४०), १२४ (३२७),—यह नारसिंह प्रथम की भार्या हैं, इसके पुत्र का नाम द्वितीय बल्लाल देव था। बल्लाल राजा ने ओडेय और कामदेव के राजाओं को पराजित किया तथा उच्चाङ्गि के किले को जीता था। महारानी एचलदेवी बड़ी धर्मात्मा थी, इनकी धार्मिक भावनाओं का प्रभाव पति और पुत्र दोनों पर था। इसीलिये द्वितीय बल्लाल-देव ने कई ग्राम दान किये थे।

इसी नाम की एक और रानी का शिलालेख नं० ९०, १२४, १३७, १३८, ४९०, ४९३, ४९४ में उल्लेख मिलता है। यह विनयादित्य के पुत्र एरेयङ्ग की भार्या थी। इसके बल्लाल,

विष्णुवर्धन और उदयादित्य ये तीन पुत्र हुए थे। इस देवी ने भी जैन धर्म की उन्नति के लिये जिनालय आदि का निर्माण कराया था।

कण्णब्बे ४६० (४८५)—इसका एक आर्यिका के रूप में उल्लेख किया गया है।

कनकश्री ११३ (२६८)—इस देवी ने कुन्दकुन्दान्वय, देशीय गण, पुस्तक गच्छ के आचार्य भानुचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती, सोमचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती, सिंहनन्दि भट्टारक, सोमश्री, गौरश्री आदि के साथ पञ्चकल्याण महोत्सव मनाया था।

कामलदेवी ४२ (६६), १३० (३३५)—इस देवी के पिता का नाम नागदेव और माता का चन्दब्बे था। नागदेव के पिता बम्मदेव और माता जोगब्बे थी। यह होयसल वंशीय नरेश द्वितीय बल्लाल देव के मंत्री थे, इनके गुरु का नाम नयकीर्त्ति सिद्धान्त चक्रवर्ती था। इन्होंने नगर जिनालय का शक संवत् १११८ में निर्माण कराया था तथा कमठ पार्श्वदेव बस्ति के सम्मुख शिलाकुट्टम और रंगशाला भी बनवाई थी। जिनालय के प्रबन्ध के लिये कुछ भूमि भी दान में दी थी।

कामलदेवी के भाई का नाम मल्लिदेव था। कामलदेवी बड़ी धर्मश्रद्धालु थी, इसने जैनधर्म की उन्नति के प्रयत्न किये थे।

केलियदेवी या केलेयब्बरसि १२४ (३२७), १३७ (३४७), १३८ (३४९), ४९४—यह होयसल नरेश विनयादित्य की भार्या थी। इस दम्पत्ति के ही प्रतापी पुत्र एरेयङ्ग हुए थे, जो चालुक्य नरेश की दक्षिण बाहु कहे गये हैं। राजा विनयादित्य ने केलियदेवी की प्रेरणा से कई तालाब और जैन मन्दिर बनवाये थे। मन्दिर बनवाने के लिये ईंटों के निमित्त जो भूमि खोदी गई थी, वहाँ तालाब बन गये; जिन पर्वतों से पत्थर निकाले गये थे, वे पृथ्वी के समतल हो गये, जिन रास्तों से चूने की गाड़ियाँ निकलीं थीं वे रास्ते गहरी घाटियाँ हो गये।

गङ्गार्या ३९५ (३००) इसे "पं० गोविन्दा नाथ गङ्गाई" शिलालेख में कहा गया है।

गुज्जबे ३६१ (२५२)—यह बम्मिसेट्टि की भार्या थी, इसने भोसले के बहुव्यवहारि बसवि-सेट्टि के प्रतिष्ठा कराये हुए जिनालय में चतुर्विंशति तीर्थङ्करों की अष्टविध पूजा के लिये प २ सेलदि वार्षिक चन्दा देने की प्रतिज्ञा की थी।

गुणमतियब्बे २१८ (११२) शिलालेख में इसे "श्री नविलूर सङ्घदा गुणमतिअब्बेगळा निसिधिगे।" उल्लेख किया गया है।

गौरश्रीकन्ति ११३ (२६८)—इसने कुन्दकुन्दान्वय, देशीय गण, पुस्तकगच्छ के अनेक आचार्यों के साथ फाल्गुन सुदी ८ हेवगन्दि (हेमलम्ब) सम्वत्सर में गोम्मट देव तीर्थ में पञ्चकल्याणक उत्सव मनाया था।

चन्द्राम्बिके, चन्दब्बे या चन्दले ४२ (६६), ३० (३३५)—यह देवी मागदेव मंत्री की भार्या थी। इसे जैनधर्म से बड़ा प्रेम था, तथा इसने जैनधर्म के अभ्युत्थान के लिये भी पर्याप्त कार्य किये थे।

चागलदेवी १३८ (३४९)—यह नारसिंह प्रथम होयसल नरेश की रानी थी। शिलालेख में बताया गया है कि "चागल-देवी-लक्ष्मी यादव-कुल-कमलविमलमार्त्तण्ड श्रीः।" इत्यादि शब्दों के द्वारा चागलदेवी के पति नारसिंह की प्रशंसा की गई है। नारसिंह ने कई बार चागलदेवी के साथ गोम्मटेश्वर की बन्दना की थी। जब दिग्विजय के समय नरेश बेल्गोल में आये थे, गोम्मटेश्वर की बन्दना कर हुल्ल द्वारा निर्मापित चतुर्विंशति जिनालय के दर्शन कर उन्होंने उस मन्दिर का नाम 'भव्य चूड़ामणि' रक्खा था और उसके जीर्णोद्धार के लिये सवणेरु ग्राम दान में दिया था।

चन्दब्बे १२४ (३२७)—यह मासवाडिनाडु के शिवेयनायक की भार्या थी। इसको पाँच सन्तानें हुई थीं। इसे जैनधर्म से बड़ाभारी अनुराग था।

जक्कणब्बे या जक्कमब्बे ४३ (११७), ४४६ (३६७), ५४७ (३६८)—*यह गंगराज के बड़े* भाई बम्मदेव की स्त्री थी। यह[१] शुभचन्द्रदेव की शिष्या थी। सेनापति बोप्प इसी महिलारत्न का पुत्र था। इसने 'मौक्तितिलक' नामक व्रत करके एक प्रस्तर खण्ड में जिन मूर्त्ति खुदवाई थी और सन् ११२० में उसे श्रवणबेल्गोल में प्रतिष्ठित किया था। इसी वर्ष इस देवी ने एक सरोवर भी श्रवणबेल्गोल में खुदवाया था।

लेख नं० ४८९ (४००) से प्रकट होता है कि इस देवी ने श्रवणबेल्गोल से तीन मील की दूरी पर सोणहेल्लि ग्राम में एक जैन मन्दिर का निर्माण कराया था।

इसी नाम[२] वाली एक और देवी हो गई है जो विख्यात जैन सेनापति पुणिसमय्य की भार्या थी। सन् १११७ के एक लेख से पता चलता है कि कृष्णराजपेटे तालुका के होसकोटे नामक स्थान में इसने एक बसदि का निर्माण कराया था। होसकोटे के लेख में यह भी बताया गया है कि इस देवी की तुलना सीता और रुक्मिणी से की जा सकती है।

जम्बुनायगिर आर्यिका ५ (१८)—इस देवी का शक संवत् ६२२ के शिलालेख में उल्लेख आया है कि इसने व्रतपाल कर समाधिमरण द्वारा प्राण त्याग किये थे।

१ श्रीमूलसङ्घद देशिय गणद पुस्तकगच्छद शुभचन्द्र सि०

१ शान्त-देवर गुड्डि दण्डनायक-गङ्गराजनानिगे दण्डनायक बोप्पदेवन तायि जक्कमब्बे मौक्तिकद नोन्तु नोम्परे नयणद-देवर माडिसि प्रतिष्ठेय माडिसिदस मङ्गल महा श्री श्री।

—अ० शि० पृ० ३६१

२ देखें—Medieval Jainism P. 163 तथा जैन-सिद्धान्त-भास्कर भाग ८ किरण १ पृ० ९४

आनकि[1] या जानकी ८२ (२५३) यह मङ्कप सेट्टि की भार्या थी। इसके बैचप और इरुगप ये पुत्र हुए थे। इरुगप संस्कृत का बड़ा अच्छा विद्वान था। इसके ऊपर माता के धार्मिक जीवन की अमिट छाप पड़ी थी, इसलिये इसने विजय नगर में कुंथुजिनालय का निर्माण किया था, तथा बेलगोल में एक वनकुञ्ज और एक तालाब का दान गोम्मटेश्वर के हेतु किया था। इरुगप ने 'नानार्थ रत्नमाला' नामक कोष की रचना भी की थी। जानकी ने भी जैनधर्म की उन्नति के लिये अनेक प्रयत्न किये थे।

जोगव्वे या जोगम्बा ४४ (११८), १३० (३३५)—यह बम्मदेव की भार्या थी।

देमति[2], देमवति या देमियक्क ४६(१२६), ४९(१२९)—यह राजसम्मानित चामुण्ड नाम के वणिक् की भार्या थी। इसकी माता का नाम नगले, बहिन का नाम लक्कले और भाई का नाम बूचिराज था। इसके गुरु का नाम शुभचन्द्र सिद्धान्त देव था। शिलालेख नं० ४९ (१२९) से प्रकट होता है कि लक्कले या लक्ष्ममती ने बहन देमति के स्मरणार्थ इसे लिखवाया था। देवमति ने दान पुण्य कार्यों में जीवन व्यतीत कर शक सं० १०४२, फाल्गुन वदि ११ गुरुवार को संन्यास विधि से शरीर त्याग किया था। धार्मिक कार्यों के लिये इस देवी का नाम जैन महिलाओं में सदैव उल्लेख योग्य रहेगा। इसने प्रायः सभी तीर्थक्षेत्रों की यात्रा की थी। चार प्रकार के दान देना इसका नित्य का नियम था।

देवश्री कान्ति आर्यिका ११३—इस देवी ने सिंहनन्दि, सोमश्री, कनश्री आदि के साथ शक संवत् १०९९ में विन्ध्यागिरि पर्वत पर गोम्मटदेव का पञ्चकल्याणोत्सव मनाया था। इस आर्यिका ने कई तीर्थ क्षेत्रों की वन्दना की थी। यह कुन्दकुन्दान्वय, देशीगण और पुस्तक गच्छ की थी।

—क्रमशः

१ जानकीत्यभवदस्य गेहिनी चारुशीलगुणभूमिरुज्वला जानकीव रघुवंश-भूषणस्य रावणस्य रमणीय-तेजसः॥

२ आहारं त्रिजगज्जनाय विभयं भीताय दिव्यौषधं—
व्याधि व्यापदुपेतदीनमुखिने श्रोत्रे च शास्त्रागमं।
एवं देवमतिस्सदैव ददती प्रशस्ये स्वायुषा—
महंद्देवमति विधाय विधिना दिव्या वधू प्रोदभू॥
आसीत्परक्षोभकरप्रतापाशेषावनीपालकुलादरस्य।
चामुण्डनाम्नो वणिजः प्रियास्त्री मुख्यासती या भुवि देमतीति॥
भूलोक-चैत्यालय-चैत्य-पूजा-व्यापार-कृत्यादरतो ऽवतीर्या।
स्वर्गात्सुरस्त्रीति विलोक्यमाना पुण्येन लावण्य गुणेनयात्र॥

—श्र० शि० पृ० ७०

श्री जैन-सिद्धान्त-भवन आरा का संक्षिप्त वार्षिक विवरण

[१३-६-४५—४-६-४६]

श्रीजैन सिद्धान्त-भवन आरा ३५ वर्षों से जैन समाज की ही नहीं, अपितु साहित्य से सम्बन्ध रखने वाले व्यक्ति मात्र की सेवा करता चला आ रहा है; इस 'भवन' ने इस वर्ष भी कितनी ही साहित्यिक संस्थाओं एवं व्यक्तियों के प्रकाशन कार्य में साहाय्य प्रदान किया है। जैन संस्कृति के इतिहास निर्माण में इस भवन का विशेष हाथ है। अनेक अलभ्य ग्रन्थ रत्नों के संग्रह के साथ-साथ पुरातत्त्व विषयिक अन्य सामग्री का भी संग्रह किया जा रहा है।

इस वर्ष वीर नि० सं० २४७१ ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी से वीर नि० सं० २४७२ ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी तक भवन के सामान्य दर्शक रजिस्टर में ६३५१ व्यक्तियों ने हस्ताक्षर किये हैं। परन्तु हस्ताक्षर करने की कृपा न करने वाले व्यक्तियों की संख्या इससे कहीं अधिक होगी। विशिष्ट दर्शकों में निम्न लिखित महानुभावों के नाम विशेष उल्लेख योग्य हैं :—

श्रीमान् पं० महेन्द्रकुमार जी न्यायाचार्य भारतीय ज्ञानपीठ, काशी; श्रीमान् रामविचार पाण्डेय आयुर्वेद मार्त्तण्ड, एम० ए० उपसभापति युक्त प्रान्तीय जैन सम्मेलन बलिया; श्रीमान मास्टर दुलीचन्द जी जैन बी० एस-सी; बी० टी०, गंजबासौदा; श्रीमान पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण मूडबिद्री; श्रीमान डा० बी० एल० आत्रेय प्रो० हिन्दू विश्वविद्यालय काशी; श्रीमान् डा० ए० एस० आलतेकर प्रधान प्राचीन भारतीय इतिहास तथा संस्कृति विभाग, हिन्दू-विश्वविद्यालय काशी; श्रीमान् काका कालेलकर, हिन्दुस्तानी प्रचारक वर्धा; श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्र जी शास्त्री, प्रधानाध्यापक स्याद्वाद महाविद्यालय काशी तथा मंत्री साहित्य विभाग दि० जैन संघ मथुरा; श्रीमान पं० जुगलकिशोर जी मुख्तार अधिष्ठाता वीर-सेवा-मन्दिर सरसावा; श्रीमान् पं० दरबारीलालजी न्यायाचार्य, रिसर्च स्कालर वीरसेवामन्दिर सरसावा; श्रीमान् पं० फूलचन्द्र जी शास्त्री, मंत्री दि० जैन विद्वत्परिषद् व सम्पादक जयधवला बनारस। इन विद्वानों ने अपनी शुभ सम्मतियों के द्वारा पूर्ववत भवन की सुव्यवस्था एवं संग्रह आदि की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है।

प्रकाशन—'भवन' के इस विभाग में जैन सिद्धान्त-भास्कर तथा जैन एन्टीक्वेरी का प्रकाशन पूर्ववत् चालू रहा, प्रसन्नता की बात है कि 'भास्कर' उत्तरोत्तर लोक प्रिय होता जा रहा है और बड़े-बड़े जैनेतर विद्वान् भी इसे बड़े आदर की दृष्टि से देखते हैं। कई अजैन विद्वानों ने भास्कर के सम्बन्ध में कहा है कि "भास्कर भवन की अमूल्य सम्पत्ति है इसके द्वारा जैन इतिहास और साहित्य का सुन्दर ढंग से निर्माण हो रहा है। भास्कर के साथ जैन

एन्टीक्वेरी का रहना तो सोने में सुगन्ध का काम करता है, इसे अविलम्ब त्रैमासिक कर देने की आवश्यकता है, जिससे जैन इतिहास का पर्याप्त मात्रा में निर्माण हो सके" आदि। इस वर्ष कागज नियन्त्रण के कारण अन्य प्रकाशन का कार्य नहीं हो सका।

परिवर्त्तन—इस वर्ष भवन के प्रकाशन से ४०-४५ ग्रन्थ परिवर्त्तन में लिये गये हैं। निम्नलिखित बहुमूल्य पत्र पत्रिकाएँ भी भास्कर के परिवर्तन में भवन को प्राप्त होती रही हैं:—

(1) Annals of the Bhandarkar oriental Research Institute, (2) The journal of the university of Bombay, (3) The Karnatak Historical Review, (4) The Adyar Library Bulletin, (5) The journal of Annamalai university, (6) The poona orientalist, (7) The journal of the united province Historical Society, (8) The Quarterly of Mythic Society, (9) The Punjab oriental research, A quarterly journal, (10) The journal of the royal Asiatic Society of Bengal (11) The journal of the royal Asiatic Society of Bombay (12) The Fergusson College Magazine (13) The journal of the Bihar and Orissa research Society, (14) The journal of the Benares Hindu university, (15) The Andhra university college Magazine and chronicle (16) The journal of the Sind Historical society, (17) The journal of Tanjore sarsvati library, (18) The Bombay theosophical Bulletin, (19) The jain gozette (20) The Indian literary review (21) The journal of the Ganganath Jha research Intitute Allahabad, (22) The Hindu stani review.

हिन्दी:—(१) नागरी प्रचारिणी पत्रिका (२) विश्वभारती (३) भारतीय विद्या (४) सम्मेलन पत्रिका (५) साहित्य सन्देश, (६) अनेकान्त, (७) विज्ञान (८) आजकल (९) किसोर (१०) वैद्य (११) धर्मदूत (१२) हिमालय (१३) वरदा (शोध-निबन्ध-क्रम) (१४) जिनवाणी (१५) संगम (१६) जैन महिलादर्श (१७) दिगम्बर जैन, (१८) जैन बोधक (१९) खण्डेलवाल जैन हितेच्छु—जयपुर (२०) खण्डेलवाल जैन हितेच्छु—इन्दौर (२१) वीर (२२) भारतीय समाचार (२३) जैन मित्र (२४) जैन सन्देश (२५) जैन गजट (२६) नवशक्ति।

गुजराती:—(१) जैन सत्यप्रकाश।

संस्कृत:—(१) मैसूर महाराज संस्कृत पाठशाला पत्रिका (२) सूर्योदय।

कन्नड़:—(१) जयकर्णाटक (२) शरण साहित्य (३) विवेकाभ्युदय।

तेलगु:—(१) आन्ध्र साहित्य-परिषत्पत्रिका। इस प्रकार भास्कर के परिवर्तन में कुल ५६ पत्रपत्रिकाएँ आती हैं। इनके अतिरिक्त (१) The Indian Historical quarterly (२) विशाल भारत (३) सरस्वती (४) साप्ताहिक संसार (५) दैनिक संसार (६) Search light. और (७) आर्यावर्त मूल्य देकर भवन में मंगाये गये हैं।

पाठक-- भवन के सामान्य पाठक वे हैं जो भवन में ही बैठकर अभीष्ट ग्रन्थों का अवलोकन करते हैं। क्योंकि सर्व साधारण जनता को ग्रन्थ घर ले जाने के लिये नहीं मिलते। इसलिये प्रायः स्थानीय पाठकों को नियमानुसार भवन में ही आकर अध्ययन करना पड़ता है। इनके लिये हर तरह से सुविधाएँ भी दी जाती हैं। इनके अतिरिक्त अपवाद रूप में विशेष नियम से जिन जिन खास व्यक्तियों को घर ले जाने के लिये ग्रन्थ दिये गये हैं, उन ग्रन्थों की संख्या ५२२ है। इन ग्रन्थों से स्थानीय पाठकों के अतिरिक्त श्रीमान पं० कैलाशचन्द्र जी सिद्धान्तशास्त्री, प्रधानाध्यापक श्री स्याद्वाद् महा विद्यालय काशी; श्रीमान् पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्त-शास्त्री जयधवला कार्यालय काशी; श्रीमान् पं० महेन्द्रकुमार जी न्यायाचार्य भारतीय ज्ञानपीठ काशी; श्रीमान पं० परमानन्द जी शास्त्री सरसावा; श्रीमान् पं० दरबारीलाल जी, न्यायाचार्य, वीर-सेवा-मन्दिर सरसावा; श्रीमान् बा० ज्योतिप्रसाद जी एम० ए०, लखनऊ; श्रीमान बाबू कामता प्रसाद जी डी० एल०, एम० आर० ए० एस० अलीगंज; श्रीमान पं० रामप्रसाद जी शास्त्री, अध्यक्ष ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन, बम्बई; श्रीमान् पं० के० भुजबली जी शास्त्री, विद्याभूषण मूडबिद्री; श्रीमान् प्रो० शेषय्यंगार एम० ए० मद्रास यूनिवर्सिटी मद्रास; श्रीमान् रामसिंह जी तोमर एम०-ए० रिसर्चस्कालर शान्ति निकेतन (बंगाल); श्रीमान् पं० रामनाथ पाठक 'प्रणयी' व्याकरण-साहित्य-आयुर्वेदाचार्य डुमरॉव; श्रीमान जनार्दन मिश्र, वेदाचार्य, संस्कृत कालेज डुमरॉव। इसके अतिरिक्त लश्कर की जैन साहित्यिक प्रदर्शनी की श्रीवृद्धि का बहुत कुछ श्रेय इस भवन को है। यहाँ से ६०-७० अलभ्य पुस्तकों के अतिरिक्त सचित्र जैन रामायण, प्राचीन लिपियों के चित्र, तिल-जौ चावल, सरसों आदि पर लिखे गये शब्द एवं अन्य प्राचीन साहित्यिक सामग्री गई था।

संग्रह—पूर्ववत इस वर्ष भी मुद्रित प्राकृत, संस्कृत, हिन्दी, मराठी, गुजराती, कन्नड़ एवं बंगला आदि विभिन्न भारतीय भाषाओं के ९० और अंग्रेजी के १२ इस प्रकार कुल १०२ ग्रन्थ संगृहीत हुए हैं। इन्हीं भाषाओं के पत्र-पत्रिकाओं की फाइलों की संख्या भी लगभग इतनी ही है।

भवन को इस वर्ष ग्रन्थ प्रदान करने वालों में दि० जैन स्त्री-समाज आरा; श्रीमान् बा० रूपसुन्दरदास आरा; श्रीमान् डा० देवराज एम० ए०, डी० फिल० राजेन्द्र कालेज छपरा, श्रीमान बाबू बच्चूलालजी रईस आरा, श्रीमान बाबू धनेन्द्रचन्द्रजी आरा; श्रीमान् बा० छोटेलाल जी रईस कलकत्ता एवं व्यवस्थापक आर्किलोजिकल मैसोर आदि के नाम उल्लेख योग्य है। श्रीमती ब्र० पं० चन्दाबाईजी की ओर से जैनमहिलादर्श को समालोचनार्थ प्राप्त ग्रन्थ भी भवन को मिले हैं।

यह कहना कठिन है, कि सिर्फ आरंभ ही के श्लोक कविपरमेश्वर के हैं या सभी। ये सभी उद्धरण संस्कृत में हैं और पद्यरूप में है। एक श्लोक छंदोदृष्ट्या सदोष है, और उसका अर्थ भी ठीक नहीं बैठता है। चामुण्डराय ने कविपरमेश्वर के ग्रंथ का उपयोग किया था और यह अच्छी बात है कि उनके नामनिर्देश से कई उद्धरण दिये हैं।

इन उद्धरणों से एक बात स्पष्ट है कि कविपरमेश्वर का ग्रंथ संस्कृत में पद्यबद्ध था। अब तो एक और कठिनाई उत्पन्न होती है। क्योंकि गुणभद्र ने कविपरमेश्वर के गद्य ग्रंथ का उल्लेख 'गद्यकथा' जैसा किया है। संभव है कि वह चम्पू ग्रंथ होगा। जिसमें इतस्ततः पद्य होंगे, और सुभीते के लिए चामुण्डराय ने श्लोकों के उद्धरण दिये हों।

कविपरमेश्वर का संपूर्ण ग्रन्थ नहीं तो उसका कुछ अंश हमें आज उपलब्ध हुआ है। मेरी तीव्र इच्छा है कि कुछ दिन में जटिल के वरांग चरित के समान कविपरमेश्वर का पुराण भी मिल जावेगा[८]।

---

७ श्लोक सदोष मालूम होता है।

८ यह निबंध नागपूर के प्राच्य विद्या सम्मेलन के वास्ते लिखा गया था।

विश्व इतिहास और भूगोल के लिये जैन साहित्य की महत्ता।

(२)

[ले०—श्रीयुत बा० कामता प्रसाद जैन, D. L., M. R. A. S.]

(क्रमागत)

गताङ्क में हम जैन पुराणों के आधार से विश्व इतिहास की रूपरेखा का दिग्दर्शन करा चुके हैं। प्रस्तुत लेख में हम पाठकों के समक्ष जैनसाहित्य के ऐतिहासिक ग्रन्थों से वे अंश उपस्थित कर रहे हैं जिनसे प्राङ् ऐतिहासिक एवं प्राचीन ऐतिहासिक कालों के राजवंशों की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा। पाठक समझेंगे कि जिन महापुरुषों को बन्दर और राक्षस बना दिया गया है वे वास्तव में मनुष्य थे और प्रायः जैनधर्म के भक्त थे।

मूल राजवंश

गत लेखांश मे पाठक जान चुके हैं कि भोगभूमि के अन्त में यहां मनु—कुलकर और सम्राट् ऋषभदेव हुए थे, जिन्होंने लोक में व्यवहार मर्यादा और सभ्य जीवन की शिक्षा लोगों को दी थी। उसी समय मानव समाज कुलों और वर्णों में राष्ट्र हित की सामूहिक भावना से विभक्त कर दिया गया था। उसी समय क्षत्रिय वर्ण के मुख्य कुलके वंश भी नियत हुए थे। 'षट्खंडागम-सूत्र' ग्रन्थ की 'धवला टीका' में बारह प्रकार के पुराण ग्रंथों और बारह जिन (श्रमण) एवं राजवंशों का उल्लेख निम्न प्रकार हुआ है :—

"बारसविहं पुराणं जगदिट्ठं जिणवरेहि सव्वेहिं।
तं सव्वं वण्णेदि हु जिणवंसे रायवंसे य ॥७७॥
पढमो अरहंताणं विदियो पुण चक्कवट्टि-वंसो दु।
विज्जहराण तदियो चउत्थयो वासुदेवाणं ॥७८॥
चारणवंसो तह पंचमो दु छट्ठो य पण्ण-समणाणं।
सत्तमओ कुरुवंसो अट्ठमओ तह य हरि वंसो ॥७९॥
णवमो य इक्खयाणं दसमो वि य कासियाण बोद्धवो।
वाईएकारसमो बारसमो णाहवंसो दु ॥८०॥"

अर्थ—"जिनेन्द्रदेव ने जगत में बारह प्रकार के पुराणों का उपदेश दिया है। अतः वे समस्त पुराण जिनवंश और राजवंशों का वर्णन करते हैं। पहला अरिहंत अर्थात् तीर्थंकरों का, दूसरा चक्रवर्तियों का, तीसरा विद्याधरों का, चौथा नारायण-प्रतिनारायणों का, पाँचवां चारणों का, छटवां प्रज्ञा श्रमणों का वंश है। इसी तरह सातवां कुरुवंश, आठवाँ हरिवंश, नववाँ इक्ष्वाकु वंश, दशवाँ काश्यपवंश, ग्यारहवाँ वादियों का वंश और बारहवाँ नाथवंश है।"[1]

इस उल्लेख में बारह पुराणों में वर्णित दो प्रकार के, (१) जिन (२) और राजवंशों का उल्लेख है। जिनवंश से अभिप्राय महान् जैन मुनियों ने जिन वंशों में जन्म लिया हो उनके वर्णन से है। अतः जिनवंश के अन्तर्भेदों में (१) अरिहंत वंश, (२) चारण--श्रमणों का वंश, (३) प्रज्ञाश्रमणों का वंश, और (४) वादियों श्रमणों का वंश आते हैं। अवशेष आठ अन्तर्भेद राजवंशों के समझिये। अर्थात् (१) चक्रवर्तियों का वंश, (२) विद्याधरों का वंश, (३) नारायण-प्रतिनारायणों का वंश, (४) कुरुवंश, (५) हरिवंश, (६) इक्ष्वाकु वंश, (७) काश्यपवंश, (८) नाथवंश प्रमुख राजाओं के वंश थे! 'कसायपाहुड की' 'जयधवला-टीका' के निम्न लिखित वाक्य से भी यही बात ध्वनित होती है :—

"जो पुण पढमाणिओओ सो चउवीसतित्थयर–बारह चक्कवट्टि–णवबल–णवणारायण–णवपडिसत्तूणं पुराणं जिण–विज्जाहर चक्कवट्टि–चारण–रायादीणं वंसे य वण्णेदि।"

अर्थ—"जो प्रथमानुयोग नाम का तीसरा अर्थाधिकार है वह चौबीस तीर्थंकर, बारह चक्रवर्ती, नौ बलभद्र, नौ नारायण और नौ प्रतिनारायणों के पुराणों का तथा जिनदेव, विद्याधर, चक्रवर्ती, चारण ऋद्धिधारी मुनि, और राजा आदि के वंशों का वर्णन करता है।" (बनारस संस्करण), पृ० १३८)

श्वेताम्बरीय मान्यता भी इस प्रकार की ही रही है, क्योंकि 'स्थानाङ्ग' सूत्र (१४३) में अरहंतवंश, चक्रवर्ति वंश आदि का उल्लेख है।[2] यद्यपि इसी श्वेताम्बरीय सूत्र में सात मूल गोत्रों (१) काश्यप, (२) गौतम, (३) वत्स, (४) कुत्स, (५) कौशिक, (६) मंडप और (७) वासिष्ठ का भी उल्लेख है।[3] इन सातों गोत्रों में प्रत्येक के सात अन्तर्भेदों का भी उल्लेख उसमें है।

---

१. षट्खंडागम: (धवलाटीका) प्रथम पुस्तक (कारंजा १९३९), पृ० ११२।

२. "तंजहा—अरहंत वंसे चक्कवट्टि वंसे दसार वंसे।"—स्था० सूत्र १४३।

३. "सत्तमूलगोत्ता प० तं० कासवा, गोयमा, वत्था, कोत्था, कोसिया, मंडवा, वसिट्ठा" (पृ० ३९०)

जैनपुराणों में इन्हीं वंशों के महापुरुषों और राजवंशों का वर्णन सुरक्षित है। हम यहां संक्षेप में उनका निष्कर्ष जैन पुराण ग्रन्थों की महत्ता को स्पष्ट करने के लिए उपस्थित करते हैं।

अरिहंत अथवा तीर्थंकर वंश

जैनधर्म्म में चौबीस तीर्थङ्करों की मान्यता प्राचीन काल से है। यह ठीक है कि हिन्दू पौराणिकों, यहूदियों और ईसाइयों ने भी अपने २ अवतारों और पैगम्बरों की संख्या २४ ही मानी है। इनमें से यहूदी और ईसाई मत अर्वाचीन हैं—जैनधर्म के बहुत समय पश्चात् उनका उद्गम हुआ है। उनमें यदि पैगम्बरों की संख्या २४ मानी गई है तो वह जैनधर्म के प्रभाव अनुरूप ही कहा जा सकता है। स्व० बैरिस्टर चम्पतराय जी ने अपनी एक पुस्तक में ईसाई मत के इन चौबीस 'पुरखाओं' (Elders) को तीर्थङ्कर मान्यता के अनुरूप सिद्ध भी किया है। अतः यह नहीं कहा जा सकता कि जैनियों ने यहूदियों और ईसाइयों की देखा देखी अपने यहाँ भी चौबीस की संख्या लेकर तीर्थङ्कर चौबीस मान लिये। वास्तव में घटना यह हो सकती है कि तीर्थङ्कर चौबीस हुए थे जिनका वर्णन प्राचीनतम साहित्य में है और जिनकी मूर्तियाँ प्राचीन काल से उपलब्ध हैं; जब अलंकृत भाषा में धर्मतत्त्व को यहूदियों और ईसाइयों ने प्रकट किया तब उन्होंने अपनी रहस्यमयी भाषा में इन २४ तीर्थङ्करों का उल्लेख भी कर दिया! हिन्दुओं में चौबीस अवतारों की कल्पना पौराणिक कालकी है, जिसके बहुत पहले ही जैनी चौबीस तीर्थङ्कर हो चुके थे। हिन्दुओं के चौबीस अवतार रहस्यमयी भाषा के अलङ्कार हैं। उनमें सिवाय ऋषभदेव के और किसी भी तीर्थङ्कर का उल्लेख नहीं है। उन्हीं ऋषभदेव को वहां योगमार्ग द्वारा मोक्षमार्ग का उपदेष्टा बताया है—अन्य किसी अवतार के विषय में यह बात नहीं कही गई है। अतएव यह भी नहीं कहा जा सकता कि हिन्दू अवतारों की नकल २४ तीर्थ-ङ्करों की मान्यता है। पुराणों से पहले के वैदिक साहित्य में इन चौबीसों अवतारों का नाम भी नहीं मिलता है।

जैन तीर्थङ्करों में मुख्यतः ऋषभदेव और श्री अरिष्टनेमि का उल्लेख 'ऋग्वेद' (८।८।२४) और 'यजुर्वेद' (२५।१९)में क्रमशः हुआ मिलता है। कतिपय वैदिक विद्वान् उनका भाव जैन तीर्थङ्करों से लेते हैं।[1] वैदिक टीकाकारों ने भी यह लिखा है कि वेदों में प्रयुक्त नामों

---

१ "इस मंत्र (८।२४) में जैनधर्मोपदेशक ऋषभदेव वाचक ऋषभ शब्द को न मानना केवल दुराग्रह ही होगा।.........अरिष्टनेमि का वास्तविक अर्थ हिंसा निवारण करनेवाला नेमि......यह अर्थ भी जैन धर्म के तत्त्वों की पुष्टि करता है।"—स्वामी विरूपाक्ष वाडियर, एम० ए० वेदरत्न, (जैनपथप्रदर्शक वर्ष ३ अंक ३ पृ० १०९-११२)

का इतिहास पुराणों से जान लेना चाहिये।[1] हिन्दू पुराणों में भी यह दोनों नाम मिलते हैं और जैन तीर्थङ्करत्व के द्योतक हैं।[2] ऐसी सूरत में यह शङ्का करना व्यर्थ है कि जैनियों ने अपने धर्म का महत्व दर्शाने के लिये यह नाम वेदों से लिये होंगे। यदि पारसनाथ जी और महावीर जी के अतिरिक्त शेष तीर्थङ्कर काल्पनिक हैं अथवा वे दूसरे मतों से लिये हुये हैं, तो यह कैसे सिद्ध किया जायगा कि प्राचीनतम जैनपुराण निरी कल्पना हैं और फिर कौन सा दूसरा मत है जिसमें यह तीर्थङ्कर महापुरुष मान्य हैं? वैदिक मत में जैन-धर्म सदृश योगाचार कभी नहीं रहा! फिर जैन तीर्थङ्करों का साम्य उनके साधुओं से कैसे बैठे? परमहंस-वृत्ति का उल्लेख शायद वेदों में नहीं है—गौणरूप से उपनिषदों में है जो वेद से बाद की चीज हैं। अतः ऋग्वेद के ऋषभ उस परमहंस वृत्ति के धारक कैसे हो सकते हैं, जिसका विधान उपरान्त उपनिषद् काल में हुआ? उपनिषदों में यह चीज जैनधर्म से ही गई; क्योंकि जैनी इसे प्राचीन काल से मानते आये हैं।[3] वेदों के रचयिता ऋषियों में भी इन तीर्थङ्करों का नाम नहीं है[4]—यदि तीर्थङ्कर वैदिक महापुरुष थे तो वैदिक आगम के रचयिता-रूप में कहीं इनका उल्लेख तो होता? अतएव हिन्दुओं से इन नामों को लेने की बात कोरी बेसिर पैर की है!

कुछ लोग जैन पुराणों में तीर्थङ्करों की आयु-काय का विशद् वर्णन पढ़कर चकित हो जाते हैं और उन्हें कल्पित मान बैठते हैं। किन्तु यहां वह गलती करते हैं। भूगर्भशास्त्र-वेत्ताओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि "पूर्वकाल में प्राणी दीर्घकाय हुआ करते थे। धीरे धीरे उनके शरीर का ह्रास होता गया। यह ह्रासक्रम अब भी प्रचलित है। इस नियम के अनुसार जितना अधिक प्राचीन काल का मनुष्य होगा उसे उतना ही अधिक दीर्घकाय मानना न केवल युक्तिसंगत ही है, बल्कि आवश्यक है।" भूगर्भविद्याविदों को पचास २ साठ २ फुट लम्बे प्राणियों के पाषाणावशेष (Possils) मिले हैं और उतने ही लम्बे अस्थि-पिञ्जर भी! साथ ही प्राणीशास्त्र (Physiology) का यह नियम है कि "जिस जीव का जितना भारी शारीरिक परिमाण होगा उतनी ही दीर्घ उसकी आयु होगी।" सूक्ष्म जीवों की आयु भी अत्यल्प होती है। अतः तीर्थङ्करों की विशाल आयु काय होना ही चाहिये, क्योंकि वह अत्यन्त प्राचीन काल में हुए थे।

यह भी शङ्का की जाती है कि तीर्थङ्कर तो चौबीस हुए परन्तु उनका मत एक "जैन" रहा, यह कैसे हो सकता है? प्रत्येक तीर्थङ्कर ने अलग २ धर्मतीर्थ की स्थापना की, इस लिये उनके मत अलग २ होने चाहिये! जैनमत तो भ० महावीर का चलाया हुआ है।

---

१ असुर इंडिया, भूमिका पृ० ३-४

२ भागवत २।७।१०; मार्कंडेय, ५०।३९-४१; स्कंधपुराण प्रभासखंड, अ० ११

३ दिगम्बरत्व और दिग० मुनि, पृ०, २१-३१।

४ वेदों के रचयिता ऋषि – बा० सूरजभानु।

किन्तु यह शङ्का भी व्यर्थ है, क्योंकि चौबीस तीर्थङ्कर एक साथ नहीं हुए--वे कालान्तर से हुए और प्रत्येक ने अपने द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव-भव के अनुरूप धर्म-तत्त्व का वैज्ञानिक रूप में प्रचार किया। प्रत्येक तीर्थङ्कर का धर्मतीर्थ अलग था और संघ व्यवस्था भी अलग थी; परंतु धर्म निरूपण की शैली वही थी और उसका भाव भी एक समान था, इसलिये ही पूर्ववर्ती तीर्थङ्करों के उपासक इतर काल के तीर्थङ्कर के भक्त हो जाते थे। जैन शास्त्रों में तीर्थङ्करों के शासन भेद का उल्लेख मौजूद है[1]। इसलिये प्रवाह रूप में जैनधर्म प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभदेव से चला कहा जायगा। समयानुसार वह वीतराग, व्रात्य, निर्ग्रन्थ, आर्हत, जैन आदि नामों से प्रसिद्ध रहा है। अतः प्रवाह रूप में जैनधर्म एक मिलता देखकर शेष तीर्थङ्करों के अस्तित्व से इनकार नहीं किया जा सकता! तीर्थङ्करों में ईसा और मुहम्मद जैसा फर्क नहीं माना जा सकता। तीर्थङ्कर सब ही सर्वज्ञ और धर्मविज्ञान के वेत्ता धर्म-प्रवर्तक हैं—उन्होंने अहिंसा संस्कृति का ही उत्कर्ष किया था। उनकी धर्म प्ररूपणा में अन्तर केवल सामयिक परिस्थिति और आवश्यकताओं के कारण हुआ; जो नगण्य था। इसी कारण जैनी सर्वकाल में चौबीसों तीर्थङ्करों के उपासक रहे हैं।

वैदिक साहित्य में प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभदेव और बावीसवें तीर्थङ्कर अरिष्टनेमि का ही उल्लेख विशेष रूप में मिलता है। शेष तीर्थङ्करों में शायद एकाध का उल्लेख उनमें और हो। ऋषभदेव की गिनती तो अवतारों में की गई है और वह इसी लिये कि उन्होंने मोक्षमार्ग एवं अक्षर विद्या आदि का आविष्कार किया था। बावीसवें तीर्थङ्कर अरिष्टनेमि नारायण कृष्ण के चचेरे भाई थे। उस समय, द्यूत, सुरा और मांस का बहुत प्रचार था—कामिनी वासना की वस्तु बनी हुई थी। भ० अरिष्टनेमि ने स्वयं आदर्श बन कर उदाहरण उपस्थित किया था। हिंसा और वासना का अन्त करने के लिये उन्होंने आमूलचूल क्रान्ति उपस्थित की थी। इसी कारण 'यजुर्वेद' में और 'ऋग्वेद' में उनका स्मरण किया गया है। "ऋग्वेद" (प्रथमाष्टक अ० ६ व १६) में लिखा है :—

"स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वति न स्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु ॥"

इस श्लोक में सब ही व्यक्तिवाचक नाम आये हैं; अतः अरिष्टनेमि का कुछ और अर्थ लगाना युक्तिसंगत नहीं। इसी लिये स्वामी विरूपाक्ष वाडियर वेदरत्न ने इसका अर्थ इस प्रकार किया है :—

"वृद्धश्रवा (अनंत स्तुतियों के लिये उपयुक्त) जो इन्द्रदेव है, वह हमारा (स्वस्ति) कल्याण करे। विश्ववेदाः (सर्व पदार्थों का ज्ञाता) और पूषा (पोषक परमात्मा) हमारा कल्याण करे। अरिष्टनेमि (संसार सागर को पार कर जाने में समर्थ) ऐसा जो अरिष्टनेमि

१ मूलाचार ५३३ और उत्तराध्ययनसूत्र (श्वे०) में केशी गौतम संवाद देखो।

तीर्थंकर है वह हमारा कल्याण करे, बृहस्पति (समस्त दिव्य पुरुषों का पालक) परमात्मा हमारा कल्याण करे।" स्वामी वाडियर ने आगे लिखा है कि "अरिष्टनेमि का वास्तविक अर्थ हिंसा निवारण करने वाला नेमि अर्थात् आयुध-- फलतः जैन संन्यासी हिंसा निवारण के लिये बगल में जो आयुध (पिच्छिका) रखते है उसका वाचक है। जिस तीर्थङ्कर के समय से उस आयुध को रखने की प्रथा चली है; उसी का नाम अरिष्टनेमि हुआ है। तथा उसी अरिष्टनेमि के वर्णनात्मक--अर्थात् प्राणी संरक्षण करने के लिये अस्त्र धारण करने का उपदेश देनेवाला साक्षात् ईश्वर रूपी तीर्थङ्कर हमारी रक्षा करे! इस प्रकार उपरोक्त वेदमंत्र में स्तुति की गई है। यह मंत्र यजुर्वेद में जहां कहा गया है, वहां उव्वटाचार्य्य ने अरिष्टनेमि का अर्थ 'अनुपहिंसितासुः' (जिसके कारण प्राणियों की हिंसा नहीं होती) अर्थात् अहिंसा का उपदेशक किया है।'[1] अतः यह स्पष्ट है कि अहिंसा का विशेष उपदेश देने के कारण भ० अरिष्टनेमि की मान्यता वेदों में हुई है। 'यजुर्वेद' में जिस अहिंसा आयुध का उल्लेख है, वह पिच्छि के साथ में यदि प्रत्यंचा रहित धनुष हो तो कोई आश्चर्य नहीं, क्योंकि व्रात्यों के ऐसा धनुष रखने का उल्लेख है और व्रात्य प्रायः जैनी ही माने गये हैं।'[2]

इन चौबीसों ही तीर्थङ्करों की मूर्तियां भी प्राचीन काल से मिलती हैं। मोहनजोदड़ो की प्राचीन मुद्राओं में कायोत्सर्ग मुद्रा की प्राचीन मूर्तियां जिनपर बैल का चिन्ह भी है, भ० ऋषभदेव की अनुमान की गई है।[3] स्व० प्रो० प्राणनाथ ने एक मुद्रापर जिनेश्वर शब्द भी पढ़ा था।[4] जैन तंत्रवाद के अनुरूप बहुत-से बीजाक्षर भी उनमें मिलते हैं। इसके अतिरिक्त मथुरा का देवनिर्मित बोद्धस्तूप, जिस पर पांच तीर्थङ्करों की मूर्तियां हैं, भ० पार्श्वनाथ के समय से पहले बना माना जाता है।[5] भ० पार्श्वनाथ के समय की गुफायें और तीर्थङ्कर मूर्तियां तेरपुर धाराशिव में बताई जाती हैं।[6] पटना स्टेशन से मौर्य-कालीन तीर्थङ्कर प्रतिमायें प्राप्त हुई हैं[7]। कलिङ्ग की उदयगिरि खंडगिरि में भी प्राचीन

---

१ जैन पथप्रदर्शक, वर्ष ३ अङ्क ३ पृ० १०७-१०८।

२ "भगवान् पार्श्वनाथ" की प्रस्तावना देखो।

३ The Standing deity figured on seals three to five with a bull in the fore ground may be the proto-type of Rishabha

—Pros. R. P. Chanda, Modern Review, (August, 19 2)

४ "......inscription on the Indus seal No. 449 reads according to my decipherment Jineshwara or Jinesh."

—Prof. Pran Nath, Indian Hist: Qrly : ;
Vol. VIII Supplement.

५ जैनस्तूप एंड अदर ऐंटीक्टीज आव मथुरा, पृ० २४-२५।

६ करकंडुचरित् (Karanja Series) की भूमिका देखो।

७ जैन ऐंटीक्वेरी भा० ५ पृ० ६१।

तीर्थङ्कर मूर्तियां हैं।[1] मथुरा, ढंक, अहिच्छत्र आदि से भी प्राचीन जिन मूर्तियां उपलब्ध हुई हैं[2]। इस तरह दो हजार से पांच-छः हजार वर्षों पहले तक का मानव समाज जब ऋषभादि तीर्थङ्करों को मानता था, तब आज यह कैसे माना जाय कि वे काल्पनिक हैं? यदि वे नहीं हुये थे तो उस समय के मनुष्य उनके अस्तित्व को मान्य नहीं कर सकते थे और तब वे उनकी मूर्तियां भी नहीं बनाते! किन्तु वस्तुस्थिति कुछ और ही है—उनके उल्लेख भी साहित्य में हैं और मूर्तियां भी हैं।

इस प्रकार पाठक देखेंगे कि जो लोग चौबीस तीर्थङ्करों के अस्तित्व में शंका करते हैं उनकी यह शंका निराधार है। जैन साहित्य तो उनके एवं अन्य वंशों के इतिहास को बताने वाला प्रथमानुयोग शास्त्र ही निर्धारित करता है। यों तो तीर्थंकरों का कोई एक वंश नहीं था—वे अनेकानेक राजवंशों में जन्मे थे। उन सबका वर्णन प्रथमानुयोग में है, यह बात बताने के लिये तीर्थङ्कर वंश की अलग गणना की गई है।

चक्रवर्त्ती और नारायण-प्रतिनारायणों के वंश

तीर्थङ्कर-वंश की तरह ही पुराणों के चक्रवर्ती और नारायणादि शलाका पुरुषों का वर्णन करने के लिये उनका अलग-वंश रूप में निर्देश किया गया है; वैसे यह महापुरुष भिन्न-भिन्न क्षत्रियवंशों में जन्मे थे। जैनधर्म में माने गये त्रेसठ शलाका (महा) पुरुषों में चौबीस तीर्थंकरों के अतिरिक्त १२ चक्रवर्ती, ९ नारायण, ९ प्रतिनारायण और ९ बलभद्र सम्मिलित हैं। बारह चक्रवर्त्तियों का उल्लेख 'तिलोयपण्णत्ती' में निम्न प्रकार है :—

'भरहो सगरो मघओ सणक्कुमारो य संति कुंथु अरा।
कमसो सुभउम-पउमा-हरि-जयसेणाय बम्हदत्तो य ॥१२८१॥

एदे बारस चक्की पच्चक्ख परोक्ख वंदणासत्ता।
णिब्भरभत्तिसमग्गा सव्वाणं तित्थकत्ताणं ॥१२८२॥'

अर्थ—"भरत, सगर, मघवा, सनत्कुमार, शान्ति, कुंथु, अर, सुभौम, पद्म, हरिषेण, जयसेन और ब्रह्मदत्त, ये क्रमसे बारह चक्रवर्ती सब तीर्थङ्करों की प्रत्यक्ष एवं परोक्ष वंदना में आसक्त और अत्यन्त गाढ़ भक्ति से परिपूर्ण रहे हैं।" हाँ, अपने अन्तिम जीवन में कोई २ धर्मविमुख भी हो गये थे।

इन चक्रवर्त्तियों ने छहों खंड पृथ्वी की दिग्विजय की थी—उनकी विशेष विभूति थी और उनके द्वारा सारे लोक में अहिंसा संस्कृति का प्रसार किया गया था। जैनेतर साहित्य में इन चक्रवर्त्तियों का क्या कैसा वर्णन मिलता है? यह अन्वेषण की चीज है। उनकी

१-२ कार्पस इन्स्क्रिप्शनम् इण्डिकेरम वॉल्यूम, पृ० २३३-२३४।

दिग्विजय की भौगोलिक स्थिति का भी अध्ययन करना आवश्यक है। तभी हम उनको विश्व इतिहास में यथार्थ पद पर बैठा सकेंगे। भरत महाराज का वर्णन हिन्दू पुराणों में मिलता है। इसी तरह अन्य चक्रवर्तियों का भी विवरण हमें उनमें ढूंढना चाहिये। बौद्ध ग्रन्थ भी हमारे इस अध्ययन में सहायक होंगे। उनमें ब्रह्मदत्तादि चक्रवर्ति राजाओं का हाल मिलता है।

त्रिपृष्ट, द्विपृष्ठ, स्वयम्भू, पुरुषोत्तम, पुरुषसिंह, पुरुषपुण्डरीक, पुरुषदत्त, नारायण और कृष्ण, ये नौ नारायण हुए। अश्वग्रीव, तारक, मेरक, मधुकैटभ, निशुम्भ, बलि, प्रहण, रावण और जरासिन्धु, ये नौ प्रति नारायण हुए। विजय, अचल, धर्म, सुप्रभ, सुदर्शन, नन्दी, नन्दिमित्र, राम और पद्म, ये नौ बलदेव हुये! इन सब के चरित्रों का अध्ययन करके उनका महत्व प्रकट करना आवश्यक है। तीर्थङ्करों के चरित्रों पर भी इसका प्रकाश पड़ेगा।

—शेषमग्रे,

पटना म्यूजियम की जैन मूर्त्तियाँ

श्रीजैन-सिद्धान्त-भवन आरा ने भारतवर्ष के समस्त म्यूजियमों की जैन प्रतिमाओं के विवरण तैयार करने की एक स्कीम बनाई है। इस स्कीम के अनुसार सर्व प्रथम नवम्बर १९४५ में पटना म्यूजियम के निरीक्षण के लिये पं० नेमिचन्द्र शास्त्री को भेजा गया था; वहाँ की जैन मूर्त्तियों के सम्बन्ध में निम्न विवरण प्राप्त हुए हैं—

इस म्यूजियम में कुल ३० जैन तीर्थंकरों की मूर्त्तियाँ, २ यक्ष-यक्षिणियों की मूर्त्तियाँ, १ चरणपादुका, १ कल्पवृक्ष और १ धर्मचक्र, की प्रतिकृति हैं।

तीर्थङ्करों की मूर्त्तियों का विवरण—

१ इस मूर्त्ति का A. N. १०४५३, यह पार्श्वनाथ भगवान् की धातु की मूर्त्ति है। यह पद्मासन, श्यामवर्ण और ८॥ इंच ऊँची है; देखने में मनोज्ञ है, अंग सभी ठीक हैं, लेकिन पृथ्वी के भीतर अधिक समय तक पड़ी रहने के कारण जीर्ण-सी प्रतीत होती है। मिट्टी ने धातु को चूस लिया है, जिससे जहाँ-तहाँ छोटे-छोटे छिद्र निकल आये हैं। म्यूजियम के अधिकारियों ने इसे सन १९४० में अन्यत्र से खरीदा है। धातु एवं बनावट आदि से इसका समय विशेषज्ञों ने इस्वी सन् की ११ वीं शताब्दी निर्धारित किया है।

२ यह मूर्त्ति भगवान् नेमिनाथ की है, इसका A. N. ३ है। यह मानभूमि जिले के अन्तर्गत पलामू नामक स्थान से खुदाई करने पर भूगर्भ से प्राप्त हुई है। यह पाषाण की है, रंग श्याम और ऊँचाई ७॥ इंच के लगभग है। इसके भी सभी अंग ठीक हैं, लेकिन पहली मूर्त्ति से भी यह अधिक जीर्ण है। इस मूर्त्ति के नीचे कुछ लेख है, पर वह काल के प्रभाव से इतना धुन्धला हो गया है कि उसे पढ़ना कठिन ही नहीं असंभव है। विशेषज्ञों ने इसका काल १० वीं शताब्दी बताया है।

३ यह मूर्त्ति अभिनन्दननाथ भगवान् की है; इस पर चिन्ह कुछ नहीं है, लेकिन म्यूजियम के अधिकारियों ने इसे अभिनन्दननाथ भगवान् की बताया है। इसका A. N. ७२८ है। इस मूर्त्ति का रंग बादामी, ऊँचाई ५-६ इंच के लगभग, कान की लोरी का हिस्सा खण्डित और देखने में यह मनोज्ञ है। यह मूर्त्ति भी पलामू की खुदाई से प्राप्त हुई है। इसका समय विशेषज्ञों ने ९ वीं शताब्दी बताया है।

४ यह चन्द्रप्रभु भगवान् की पद्मासन मूर्त्ति है। इसमें चन्द्रमा का चिन्ह सिंहासन के सामने पृथक् बनाया गया है। इसका रंग श्याम और ऊँचाई ६ इंच के लगभग है।

यह मूर्त्ति म्यूजियम के अधिकारियों को शाहाबाद जिले के अन्तर्गत चौसा नामक स्थान से प्राप्त हुई है। इसका समय १० वीं शताब्दी बताया गया है।

५ यह आदिनाथ भगवान् की खण्डित मूर्त्ति है। इस मूर्त्ति के केशविन्यास आदि को देखने से गान्धार कला की स्पष्ट छाप कही जा सकती है। इस मूर्त्ति पर वृषभ का चिन्ह नहीं है, किन्तु केशविन्यास आदि कितनी ही बातों से आदिनाथ भगवान् की सिद्ध की गई है। चौसा की खुदाई में यह भी प्राप्त हुई है, इसका समय आठवीं शताब्दी बताया गया है।

६ यह खड्गासन खंडित जैन मूर्त्ति है। इसका समय ६ वीं शताब्दी निश्चित किया गया है। पलामू की खुदाई से इसकी प्राप्ति हुई है।

७ ३ मूर्त्तियाँ पार्श्वनाथ भगवान् की चौसा की खुदाई से प्राप्त हुई हैं। इनमें दो मूर्त्तियाँ लगभग ४ इंच ऊँची और एक ७-८ इंच ऊँची पद्मासन की हैं। इनका समय ८ वीं शताब्दी निश्चित किया गया है। ये दोनों ही मूर्त्तियाँ खण्डित-सी हैं।

८ ४ मूर्त्तियां नेमिनाथ, और आदिनाथ भगवान् की हैं, ये भी चौसा की खुदाई से प्राप्त हुई हैं। इनका समय १० वीं शताब्दी निश्चित किया गया है।

९ एक खण्डित मूर्त्ति है, जिसके हाथ और सिर खण्डित हैं। यह मूर्त्ति पटना जंक्शन के निकट लोहानीपुर नामक स्थान से उपलब्ध हुई है। इस खड्गासन पाषाणमयी मूर्त्ति पर सुन्दर पालिस की गई है। यह पालिश आज भी संगमरमर की तरह चमकती है। विद्वानों का कहना है कि मूर्त्तियों पर पालिश करने की प्रथा अशोक के समय में वर्तमान थी। इसीलिये इस मूर्त्ति का समय मौर्यकाल ई० ३२० निश्चित किया गया है।

१० उपर्युक्त मूर्त्ति के निकट में एक छोटी खण्डित खड्गासन पाषाण की मूर्त्ति भी है। यह भी लोहानीपुर से प्राप्त हुई है, इसका समय ई० सन् ३०० बताया गया है।

११ अन्य १५-१६ मूर्त्तियाँ चौसा से प्राप्त हुई हैं। इनका समय १०-११ वीं शताब्दी माना गया है। इन मूर्त्तियों के बारे में यह निश्चित करना [illegible] है कि ये किन किन तीर्थङ्करों की हैं। प्रायः सभी मूर्त्तियाँ पद्मासन खण्डित [illegible] का आर्किलोजिकल नं० ६५१६ से ६५३२ तक है।

अन्य मूर्त्तियाँ

१२ चरणपादुका—यह डेढ़ फुट ऊँचे कृष्णवर्ण के पत्थर पर अंकित है। चरणों के नीचे लेख है, जिसके अधिकांश अक्षर घिस गये हैं। प्रयत्न करने संवत् ११८३ पढ़ा गया है। सैकड़े वाला एक का अंक घिस कर पाँच का सा भी प्रतीत होता है।

म्यूजियम के संचालकों ने इसका समय ११ वीं शताब्दी निश्चित किया है। लेख काफी बड़ा है, कभी अवसर मिलने पर भास्कर में प्रकाशित करने का प्रयत्न किया जायगा।

१३ यक्षिणी-मूर्त्ति—यह पद्मावती की मूर्त्ति प्रतीत होती है। देखने में सुन्दर पाषाण की मूर्त्ति है। इसका आर्जिलोजिकल नं० १३५१ है। इसका समय ११ वीं शताब्दी निश्चित किया गया है।

१४ यक्षमूर्त्ति—दो यक्ष मूर्त्तियाँ हैं एक खण्डित और दूसरी अखण्डित। इन दोनों का समय १० वीं शताब्दी बताया गया है।

१५ कल्पवृक्ष—यह धातु का बना कल्पवृक्ष है। इसका आकार वृक्ष जैसा है। कुछ शाखाएँ टूटी हुई हैं, देखने में बहुत सुन्दर है, कला की दृष्टि से अनुपम चीज है। यह भी चौसा की खुदाई से उपलब्ध हुआ है।

१६ धर्मचक्र—यह दर्शनीय चक्र के आकार का है। बनावट और धातु की परीक्षा से ८ वीं शताब्दी का यह निश्चित किया गया है।

इस प्रकार पटना म्यूजियम में जैन पुरातत्त्व की सामग्री स्थित है।

जैन-सिद्धान्त-भवन,
आरा।
१०—१—४७

भारतीय ज्योतिष की प्राक् ग्रीस कालीन 'लग्न' प्रणाली

[ले०—म० र० कुलकर्णी, बी० ए०, संशोधक राजवाडे संशोधन मंडल,
धुलिया, खानदेश]

—:०:—

यह स्पष्ट है कि भारतीय ज्योतिष में मेषादि बारह राशियाँ पीछे से शामिल की गई हैं। वेद, ब्राह्मण, वेदांग सूर्यप्रज्ञप्ति तथा ज्योतिषकरंडक इन ग्रंथों में वे नहीं मिलतीं। अधिकांश विद्वान् यह मानते हैं कि भारत-ग्रीक संघर्ष के बाद राशियां हिन्दुस्थान में आईं।

विद्यमान ज्योतिष में पूर्व क्षितिज के ऊपर उदित राशि, लग्न कहाती है। किन्तु यह लग्न संज्ञा प्राक्-ग्रीस काल में भी भारत में मौजूद थी, इसका प्रमाण एक ही जगह पर, किन्तु बहुत स्पष्टता से मिलता है।

ज्योतिषकरंडक का पद्य २८८ (दूसरा) स्पष्टता से इसको प्रमाणित करता है—

लग्गं च दक्खिणायविसुवे सुवि अस्स उत्तरं अयणे।
लग्गं साई विसुवेसु पञ्चमु वि दक्खिणे अयणे॥

इस पद्य में 'अस्स' यानी अश्विनी और "साई" याने स्वाति ये विषुव के लग्न बताये गये हैं।

विशिष्ट अवस्था की राशि को लग्न कहते हैं (पूर्व क्षितिज पर उदित राशि), वैसे ही विशिष्ट अवस्था के नक्षत्रों को भी लग्न कहते होंगे।

वेदांग ज्योतिष के ऋक्पाठ में :—

'श्रविष्ठाभ्यां गुणाभ्यस्तान् प्राग्विलग्नान् विनिर्दिशेत्॥'

यह १७ वें पद्य का पूर्वार्ध इस दृष्टि से परीक्षणीय है। म० म० सुधाकर द्विवेदी, बृहस्पति, ज्यो० शंकर बालकृष्ण दीक्षित, लोकमान्य तिलक और म० म० डॉ० आर० शामशास्त्री आदि विद्वानों का यह मन्तव्य है कि ऊपर के श्लोकार्ध में जो "प्राग्विलग्न' शब्द है वह वर्तमान् लग्न का ही द्योतक है। भेद इतना है कि वह लग्न नक्षत्रों पर अधिष्ठित था, न कि राशियों पर।

प्रस्तुत लेखक ने इसी विषय को विस्तार से अपने Lagna System of the Vedang Jyotisha इस छोटे से प्रबंध में हल करने की चेष्टा की है। यह ग्रंथ राजवाड़े संशोधक मंडल धूलिया, से प्रकाशित हो चुका है। किन्तु यह छोटी सी टिप्पणी लिखने का उद्देश्य

यह है कि जैन साहित्य के यदि अन्य ग्रंथों में इस विषय पर अधिक प्रकाश प्रदान करने वाले प्रमाण किसी को मिल चुके हों या आगे मिल जायं तो उन्हें इस संबंध में प्रकट करने से बहुत उपकार होगा।

भारतीय ज्योतिषशास्त्र का इतिहास लिखने का अनेक विद्वानों ने प्रयत्न किया है। किन्तु जैनसाहित्य की सहायता इस विषय में जो कुछ ली गई है, वह नहीं के बराबर है। और जब तक जैन-साहित्य-सागर की इस दृष्टि से उपेक्षा रहेगी तब तक भारतीय ज्योतिष ही क्या सभी ज्ञानशाखाओं का इतिहास पूर्ण नहीं कहा जा सकता।

नोट—भारत-ग्रीस सम्पर्क से पहले भी मेष, वृष, आदि १२ राशियों का प्रचार भारतीय ज्योतिष में था। वेदों के अनन्तर वेदाङ्ग काल में ऋक् यजु, अथर्व नाम से ज्योतिष के ग्रंथ संग्रहीत किये गये हैं उनमें स्पष्ट रूप से नक्षत्र लग्न का जिक्र है। ऋग्वेद के निम्न सूत्र से द्वादश राशियों का विधान सिद्ध होता है—

द्वादशारं नहि तज्जराय वर्वर्ति चक्रं परिद्यामृतस्य।
आपुत्रा अग्ने मिथुना सो अत्र सप्तशतानि विंशतिश्च तस्थुः॥

इस सूत्र में जो चक्र शब्द आया है, उसका अर्थ भाष्यकारों ने द्वादश राशि रूप चक्र लिया है।

समवायाङ्ग में नक्षत्र और ग्रहों की जो सूक्ष्म चर्चा है उसे पढ़कर यह कोई नहीं कह सकता कि उस काल के लोगों को राशि ज्ञान नहीं था। सूयगडाङ्ग में ''चंदचरियं, सूरचरियं, सुक्कचरियं बहस्सइचरियं, उक्कापायं, दिसदाह मियचक्कं वायसपरिमंडलं ...'' अर्थात् चन्द्रचार, सूर्यचार, शुक्रचार, बृहस्पति-चार, उल्कापात, दिग्दाह इत्यादि का सुन्दर और स्पष्ट वर्णन है। क्या राशि ज्ञान के अभाव में संहिता विषय का प्रतिपादन संभव था? कदापि नहीं। ठाणाङ्ग में "पंच संवच्छरा प० तं० णक्खत्तसंवत्सरे जुगसंवच्छरे पमाणसंवच्छरे लक्खणसंवच्छरे सणिचरसंवच्छरे।" अर्थात् नक्षत्रसंवत्सर, युगसंवत्सर, प्रमाण संवत्सर, लक्षण संवत्सर और शनिश्चर संवत्सर इन पाँच प्रकार के सम्वत्सरों का भेद-प्रभेद सहित वर्णन किया गया है। जब तक द्वादश राशि की कल्पना मस्तिष्क में नहीं होगी तब तक प्रमाण, युग, लक्षण और शनि संवत्सर का ज्ञान कदापि संभव नहीं।

जैन एवं अजैन ज्योतिष के प्राचीन अनेक ग्रन्थों के आधार पर से यह स्पष्ट सिद्ध किया जा सकता है कि ग्रीक सम्बन्ध के पहले भी भारत में द्वादश राशि का प्रचार था। किसी स्वतन्त्र लेख में उक्त विषय को स्पष्ट किया जायगा।

—नेमिचन्द्र ज्योतिषाचार्य

दिल्ली और दिल्ली की राजावलि के सम्बन्ध में विशेष ज्ञातव्य।

[ले०—श्रीयुत अगरचन्द नाहटा]

जैनधर्म बहुत प्राचीन काल से भारत में है। वह यहीं जन्मा एवं फला फूला, अतः भारतीय इतिहास के निर्माण में जब तक जैन ग्रन्थों का भली भांति उपयोग नहीं किया जायगा, वह पूर्ण हो ही नहीं सकता। पर जैनेतर विद्वानों का ध्यान अभी जैन ऐतिहासिक साधनों पर कम ही गया है, फलतः बहुत-सी बातें अज्ञात एवं संदिग्ध अवस्था में पड़ी हैं। जैन समाज का भी कर्त्तव्य है कि अपने सरस्वती मंदिरों—ज्ञानभंडारों में जो कुछ सामग्री भरी पड़ी है उसे शीघ्रातिशीघ्र खोज कर प्रकाश में लावे जिससे जैन विद्वानों की अनमोल सेवा एवं जैन रचना का वास्तविक महत्व विश्व में प्रकाशित हो।

जैन विद्वानों ने कोई भी विषय अछूता नहीं छोड़ा। सभी विषयों के प्रचुर परिमाण में जैनग्रन्थ पाये जाते हैं, विशेषतः ऐतिहासिक साधनों की तो बहुत ही मूल्यवान सामग्री जैन-ग्रन्थों एवं फुटकर पत्रों में सुरक्षित है। भारतीय ग्राम नगरों के इतिहास के सम्बन्ध में तो जैनग्रन्थ जितनी सहायता कर सकते हैं, दूसरे नहीं। कारण जैन मुनि पैदल विहारी होते हैं ग्राम-ग्राम में घूमते रहे हैं, अतः उनकी जीवनी में (ऐतिहासिक काव्य, चरित ग्रन्थ, पट्टावलियें आदि, तीर्थ यात्री संघ के वर्णन में बने हुए ग्रन्थों के मार्ग में आते हुए छोटे २ ग्रामों का उल्लेख रहता है। प्रस्तुत लेख में भारत की प्राचीन एवं वर्तमान राजधानी दिल्ली के सम्बन्ध में प्रकाश डाला जा रहा है। प्रसंगवश वहाँ के तोमर शासकों की वंशावलि पर भी कुछ चर्चा कर दी गई है। अनेकान्त वर्ष ८ अंक ७ में पं० परमानन्द जी शास्त्री का "दिल्ली और दिल्ली का राजावलि" शीर्षक लेख प्रकाशित हुआ है। भारतीय इतिहास में इसके द्वारा एक नई समस्या उपस्थित होती है। साधारणतया सभी इतिहासकार तोमर अनंगपाल को इस वंश का अन्तिम दिल्लीपति मानते हैं। अनेकान्त में प्रकाशित वंशावलि में उसके पश्चात् पाँच नाम और पाये गये हैं।

"१६ रावल तेजपाल, १७ रावलु मदनपाल, १८ रावलु कृतपालु, १९ रावल लखणपालु और २० रावल पृथ्वीपालु" (सं० १५ दि० वंशावलि)

अनंगपाल के पश्चात् भी दिल्ली के कई शासक तोमरवंश के हुए हैं इसकी पुष्टि हमारे संग्रह की एक अन्य, तंवर वंशावलि, से भी होती है। उसमें अनंगपाल के पश्चात् तेजपाल, माहणपाल (माहणपाल जो मदनपाल का अपभ्रंश पाठ है)। लकखपाल (ऊपर निर्दिष्ट

कुलपाल या लखणपाल होना संभव[1] है) पृथ्वीराज (पृथ्वीपाल ही संभव है) के नाम पाये जाते हैं। इनमें मदनपाल की अवस्थिति तो प्राचीन खरतरगच्छ गुर्वावली से भी हो जाती है। जिसके प्रथम अंश की रचना जिनपाल उपाध्याय ने सं० १३०५ में आषाढ़ सुदी १० को दिल्ली के सेठ साहुली के पुत्र हेमचन्द्र की अभ्यर्थना से की थी। इस अद्वितीय ऐतिहासिक ग्रन्थ[2] के अनुसार मदनपाल का समय संवत् १२२३ तक तो निश्चित होता है। इस संवत में यु० श्रीजिनदत्तसूरि के शिष्य श्री जिनचन्द्रसूरि दिल्ली के निकटवर्ती ग्राम में पधारे थे। उन्हें वन्दना करने को श्रावक समुदाय को जाते देख —महाराजा मदनपाल के ये कहाँ जाते हैं? पूछने पर मन्त्रियों से यु० प्र० श्रीजिनचन्द्रसूरि का आगमन ज्ञात हुआ। तब राजा मदनपाल भी समस्त राज्याधिकारियों के साथ सैनिक समारोह सहित सूरि जी के पास गया। उनके धर्मोपदेश को श्रवण कर महाराजा अत्यन्त प्रमुदित हुआ और उनको अपने नगर दिल्ली में पधारने की आग्रह पूर्वक विनती की। उनका प्रवेशोत्सव बड़े समारोह से हुआ। महाराज मदनपाल स्वयं सूरि जी से हाथ मिलाये हुए पेशवाई में चल रहा था। नृपति के अनुरोध से सूरिजी ने चातुर्मास वहीं किया। पर दुर्भाग्यवश भाद्रवाकृष्ण १४ को वहीं उनका स्वर्गवास हो गया। आप का स्तूप आजमी कुतब के पास विद्यमान है। जिनकी सैकड़ों वर्षों से अनेक भक्त उपासना करते आ रहे हैं।[3]

अभी हमें भारतीय मुद्राशास्त्र सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण जैनग्रन्थ उपलब्ध हुआ है, उसके अनुसार मदनपाल का सिक्का भी प्रचलित हुआ था। अतः मदनपाल की अवस्थिति पूर्णरूप से निश्चित होती है। पिछली पट्टावलियों के अनुसार सूरि जी के वियोग के अनुताप से महाराज मदनपाल का स्वर्गवास भी सं० १२२३ में हो गया प्रतीत होता है। ऐतिहासिक विद्वानों का कर्तव्य है कि वे वंशावलियों के पांच नामों के सम्बन्ध में स्वतन्त्र रूप से अन्वेषण कर के भारतीय इतिहास की इस समस्या को सुलझाने का पूर्ण प्रयत्न करें।[4]

---

१ संभव है इन दोनों में से एक ने थोड़े ही समय राज्य किया हो इस कारण उनका नाम इसमें नहीं दिया हो।

२ देखें मेरा लेख "खरतरगच्छ गुर्वावली का ऐतिहासिक महत्व" भा० भारतीय विद्या व० १ अ० ७

३ विशेष जानने के लिये लेखक की "मणिधारी श्रीजिनचन्द्रसूरि" पुस्तक देखना चाहिये।

४ "अनंगपाल से विग्रहराज ने दिल्ली ले ली" इस समस्या पर विचार करने पर मुझे तो इसका उचित समाधान यही प्रतीत होता है कि अनंगपाल से दिल्ली से इसका कोई प्रमाण मेरे अवलोकन में नहीं आया और ओझाजी ने विग्रहराज ने सं० १२०७ में तोमरों से दिल्ली ली, लिखा है। यहाँ अनंगपाल का नाम नहीं है एवं संवत भी अनुमानिक है। मेरे अवलोकन में बिजोला के सं० १२२६ के लेख में विग्रहराज के दिल्ली राज्य का उल्लेख आया है अतः सं० १२२६ से पूर्व उसने दिल्ली ली यह तो निश्चित है। वंशावलि में सं १२१६ से चौहान राज्य का उल्लेख है संभव है वह बहुत कुछ ठीक हो। पर मेरे नम्र मतानुसार दिल्ली पर चौहानों का अधिकार

अब मैं पं० परमानंद जी के लेखगत अन्य बातों पर नवीन ज्ञातव्य उपस्थित करता हूँ। आशा है, इससे कुछ नई जानकारी प्रकाश में आयगी।

१ दिल्ली की उत्पत्ति के सम्बन्ध में मुझे प्राप्त हिन्दी भाषा की पद्यबद्ध दिल्ली राजावलि (कवि किसनदास एवं कल्हरा रचित) में इस प्रकार का उल्लेख पाया जाता है—

"नृप अनंगपाल बतीसवौं, बतीस लक्षण तास।
संवत् जहाँ नौसइ निड्नोतर, (९०९) वर्ष मित सुप्रकास ।।४१।।
गुरुवार दशमी दिवस उत्तम तह असाढ़े मास।
दिल्ली नगर करि अगड़ (पाठा० गढो), कीली, कहै कवि किसनदास।
सो गढ़ के जब किल्ली छ(३)खेड़ी, उतपति गढ तहवेर।
सात (पा० सोव) हुइ किल्ली वहां गाडी, भई ढिल्लीफेर ।।४२।।

२ जैन साहित्य में दिल्ली के कतिपय उल्लेख इस प्रकार हैं :—

१ ढिल्ली वादली में बर्द्धमानसूरि जी (१०४० के लगभग) ने आकर उद्योतनसूरि जी से दीक्षित हुए। (दे० गणधर सार्द्ध शतक वृत्ति)

२ सं० १०८८ में विमलवसही के निर्माता विमलशाह को दिल्लीपति ने छत्र भेजा। यहाँ दिल्लीपति का नाम नहीं है। (दे० जै० सा० सं० इति पृ० २१०)

३ सं० १३२० के लगभग मांडवगढ़ के महामना पेथड़कुमार के पुत्र झांझण को दिल्ली के श्रेष्ठी भीम ने अपनी पुत्री परणाई। (वहीं पृ० ४०४)

४ पेथड़ शाह जब गिरनार की यात्रा को पधारे तब वहां दिल्ली निवासी अगरवाल पूर्ण नामक दि० श्रावक संघसह आया हुआ था।

५ श्री जिनप्रभसूरि जी ने दिल्ली सम्राट् कुतुबुद्दीन महम्मद को प्रतिबोध दिया था। जिसका विशेष वर्णन हमारे "ऐ० जै० काव्य संग्रह" और "शासन प्रभावक श्री जिनप्रभसूरि" निबन्ध में देखना चाहिये।[1]

६ सं० १३७१ के लगभग संघपति समराशाह दिल्ली के बादशाह कुतुबुद्दीन से सम्मानित हुआ था। उसके पुत्र सुलतान गयासुद्दीन से पांडुदेश के राजा वीरवल्ल को समरा ने छुड़ाया व शाही फरमान प्राप्त कर मथुरा एवं हस्तिनापुर की यात्रा संघ सहित जिनप्रभसूरि के साथ की। (देखें नाभिनन्दनोद्धार प्रबन्ध)

खरतरगच्छ गुर्व्वावली में दिल्ली सम्बन्धी और भी अनेक उल्लेख हैं। पर वह अभी पास न होने से श्रीजिनकुशलसूरि ग्रन्थ से ही थोड़े से उल्लेख नीचे दिये जाते हैं :—

होने पर भी उनकी आज्ञाधिकारी शासक तोमर ही रहे थे। अतः अनंगपाल के बाद के ५ राजा जिनका नाम वंशावलि में पाया जाता है अवश्य ही दिल्ली के शासक रहे हैं।

१ विधिप्रपा में प्रकाशित।

७ सं० १३७५ माघ सुदी १२ को फलौधी के विराट महोत्सव के प्रसंग पर दिल्ली के मन्त्रिदलीय ठक्कुर विजयसिंह ठ० सेढ़ू शाह रूदा आदि सम्मिलित हुए थे।

८ श्री जिनप्रभसूरि ने दिल्ली के संघपति देवराज देल्हिग की तीर्थ-संघ यात्रा का निम्नोक्त वर्णन किया है :—

"महिमंडलि हुय संघवइघणा दिवराय सरिस नहु जत्तजणा।
जिणि ढिल्लिय नगरिहि मज्झि सयं देवालउ कड्ढिउजत्तकयं ॥३॥
फालिहमणि ससिहर कर विमलं, जसकलसु चडावियउ जेणकुलं।
मग्गण जण तोसिय घणवरिसे, अवयरिउकंन्नु दिवराय मिसे ॥४॥

दिवराज ने संघसह शत्रुंजय की यात्रा सं० १३७६ जेठ सुदी ८ को की थी जिसका निर्देश सूरि जी के अन्य स्तोत्र में पाया जाता है।

९ सं० १३७६ में उपर्युक्त विजयसिंह ने सम्राट् कुतुबुद्दीन से तीर्थयात्रा का फरमान प्राप्त कर हस्तिनागपुर एवं मथुरा की यात्रा की एवं श्री जिनचन्द्रसूरिजी के साथ संघ दिल्ली में लौटा। सूरिजी ने सम्राट् कुतुबुद्दीन को अपनी प्रतिभा से चमत्कृत कर खंडासराय में चौमासा किया।

१० सं० १३७७ में जिनकुशलसूरिजी के पदोत्सव के समय उपर्युक्त ठ० विजयसिंह श्रीजिनचन्द्रसूरि के प्रदत्त शिक्षा पत्रादि को लेकर पाटण पधारे।

११ सं० १३८० में दिल्ली के श्रीमाल ज्ञातीय सेठ रूदा के पुत्र सुश्रावक रयपति ने अपने पुत्र धर्मसिंह द्वारा (जिसे सम्राट् गयासुद्दीन से प्रतिष्ठा प्राप्त था) मन्त्री नेब साहब की सहायता से निर्बाध तीर्थयात्रा के लिये शाही फरमान प्राप्त किया। और अपने पुत्र महणसिंह, धर्मसिंह, शिवराज, अभयचन्द्र, व पौत्र, सीहा, भ्रातृ, जवणपाल आदि के साथ एवं स्थानीय मन्त्रिदलीय साह जवणपाल, श्रीमाल गोला, सा० छीतम, फेरू आदि के साथ संघ सह वैसाख वदी ७ को प्रस्थान कर शत्रुंजय एवं गिरनार की यात्रा करते हुए का० ब० ४ को दिल्ली पहुँचे। सेठजी के पुत्र धर्मसिंह ने शाही फरमान प्राप्त कर प्रवेशोत्सव किया।

१२ सं० १३८१ में भीमपल्ली से शत्रुंजयादि का यात्री-संघ निकला। उसमें भी दिल्ली के मन्त्रीदलीय ठ० जवनपाल सा० लखमण एवं श्रीमाल रुद्रपाल सा० नीमदेव सम्मिलित हुए थे।

१३ सं० १३८१ में पाटण के विराट प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रसंग पर योगिनीपुर के श्रीमाल रुद्रपाल व निम्बा पधारे थे।

१४ सं० १४१५ में जिनोदयसूरि जी का महोत्सव दिल्ली के श्रीमाल सा० रतना

पुना आदि ने किया था।

१५ सं० १६७५ के लगभग कविवर बनारसीदास जी भी यहाँ पधारे थे।

१६ सं० १८८०।९० के लगभग शिव (जिन) चन्द्रसुरिजी ने यहीं चौमासा किया था। (दे० ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह)

३—दिल्ली के जैन मन्दिर :—

पं० परमानन्दजी ने आधुनिक दि० जैन मन्दिरों का उल्लेख किया है और भाई पन्नालालजी जैन ने अनेकान्त के इसी वर्ष के ६-७ वें अङ्क में दिल्ली के सभी वर्तमान मन्दिरों व संस्थाओं की सूची दी है। जिनमें सब से पुराना उर्दू मंदिर है, पर उससे प्राचीन मंदिर भी थे। अतः दिल्ली निवासी सज्जनों को वहां के श्वेताम्बर दिगम्बर सभी मन्दिरों की मूर्त्तियों के लेख प्रकाश में लाने चाहिये व यथा ज्ञात जानकारी करनी चाहिये। मैं तो यहां पर प्राचीन श्वेताम्बर मन्दिरों का परिचय ही देता हूं। जिनका उल्लेख प्राचीन साहित्य में उपलब्ध होता है

१ सं० १२२१ में मणिधारी जिनचन्द्रसूरिजी यहाँ पधारे तब यहाँ पार्श्वनाथ विधि चैत्य था। उसके दक्षिण स्तम्भ में अतिबल अधिष्ठायक की स्थापना सूरि जी ने की थी।

२ विधितीर्थकल्प से स्पष्ट है कि जिनप्रभसूरिजी ने नीय महावीर प्रतिमा को शाही खजाने से सम्राट् मुहम्मद शाह से प्राप्त कर उसकी स्थापना मलिक ताजदीन सराय के जिनमन्दिर में की थी। उनके शिष्य जिनदेवसूरिजी ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से चमत्कृत कर एक मोहल्ला जैनों के लिये प्राप्त किया उसका नाम "सुलतान सराय" रखा गया। जिसमें जैन-मन्दिर औषधशाला भी बनायी गई थी। उपयुक्त महावीर बिम्ब इस मन्दिर में विराजमान किया गया। यह प्रतिमा बड़ी चमत्कारी थी। श्वेताम्बर दिगम्बर एवं अन्य धर्मावलम्बी भी इसकी पूजा व भक्ति किया करते थे।

उपर्युक्त सराय राजसभा से दूर थी। अतः सूरिजी के आने जाने के कष्ट का अनुभव कर सम्राट के महल के निकट सुन्दर भवनों वाली एक नवीन सराय समर्पित की। श्रावक-संघ को वहाँ रहने की आज्ञा दे, बादशाह ने उसका नाम "भट्टारक सराय" प्रसिद्ध किया। यहाँ वीरप्रभु का मन्दिर व औषधशाला भी बनवाई। सं० १३८९ के मिती आषाढ़ कृष्ण सप्तमी को उत्सव पूर्वक सूरिजी ने औषधशाला में प्रवेश किया।

हस्तिनापुर की यात्रा का वैशाख सुदी १० के दिन श्रीकन्यानयन के महावीर बिम्ब को सम्राट के बनवाये हुए जैन-मन्दिर में महोत्सव पूर्वक स्थापित किया।

३ पन्द्रहवीं शताब्दी की खरतरगच्छीय तीर्थमाला में दिल्ली के ४ मन्दिरों का उल्लेख इस प्रकार है :—

"आसियनयर निवासिप्पपास पणमऊ परमेसर । कन्नाणयसिरिवीरनाहभव तिमिर दिणेसर ।
सन्तीवीरसिरिपास नेमि ढीलीजिनचन्दो । हथिणाउरसिरि संति कुंथुअरमल्लि जिणिन्दो ।"
अर्थात् दिल्ली में उस समय शांति, वीर, पार्श्व एवं नेमिनाथ के मन्दिर थे ।

४ सं० १४१० के लगभग विनयप्रभमहोपाध्याय रचित तीर्थयात्रा स्तवन में भी महावीर प्रभु के मन्दिरों के स्मरण में योगिनीपुर में वीर भगवान का स्मरण-उल्लेख किया है ।

स० १७४६ में शीलविजय रचित तीर्थमाला में यहाँ के महावीर मन्दिर का उल्लेख है । "दिल्ली मंडण वीर जिणंद"

४ दिल्ली में रचित साहित्य :—

दिगम्बर विद्वानों ने तो यहाँ बहुत से ग्रन्थ बनाये होंगे । यहाँ केवल श्वेताम्बर रचनाओं का ही निर्देश करता हूँ ।

१ सं १३५२ में जिनप्रभसूरि जी ने कायस्थ खेतल की अभ्यर्थना से कातंत्र विभ्रम टीका बनाई ।

२ सं० १३७२ में अलाउद्दीन के राज्य में श्रीमाल धांधिया ठ० फेरू ने रत्नपरीक्षा ग्रन्थ बनाया । ठ० फेरू संभवतः उक्त सम्राट के कोषाध्यक्ष थे ।

३ स० १३८९ में भाद्रशुक्लादशमी को जिनप्रभसूरि ने विविधतीर्थकल्प यहीं पूर्ण किया ।

४ सं० १६२४ के विजयदशमी को साधुकीर्त्ति जी ने आषाढ़भूति प्रबन्ध बनाया । इसकी रचना वहीं के पापड़गोत्रीय श्रीमाल शाह तेजपाल के लिये हुई थी ।

५ सं० १६९९ माघ सुदी १० को दयासागर ने चित्रलेखा चौपई की रचना की ।

५ दिल्ली में लिखित प्रतियाँ :—

१ जैन पुस्तक 'प्रशस्ति-संग्रह' के पृ० १४१ में दिल्ली के धनाढ्य एवं राजमान्य ठ०, दूदा कुरा पद्मसिंह ने अपने पिता राजदे के कल्याण के लिये सं० १४५२ में ३ ताड़पत्र पर १ कागज पर पुस्तकें लिखवाने का उल्लेख है ।

२ हमारे संग्रह में एक महत्त्वपूर्ण संग्रह प्रति है जो सं० १४९३ में योगिनीपुर में लिखी गई है । उसकी पुष्पिका इस प्रकार है ।

'सं० १४९३ वर्षे वैशाखमासे प्रथमपक्षे ८ दिने सोमे श्री बृहद्खरतरगच्छे श्रीजिनभद्रसूरिगुरौ विजयमाने श्रीकीर्तिरत्नसूरिणां शिष्येण शिवकुंजर मुनिना निजपुण्यार्थं स्वाध्याय पुस्तिका लिखिता । चिरं नंदतात् । श्रीयोगिनीपुरे । श्री ।

दिल्ली में लिखित और भी अनेक प्रतियाँ प्राप्त हैं लेख विस्तारभय से यहाँ उनकी चर्चा नहीं की गई ।

रिष्ट समुच्चय

[ले०—श्रीयुत पं० नेमिचन्द्र ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न आरा]

'रिष्ट समुच्चय' निमित्तशास्त्र का एक छोटा-सा ग्रन्थ है। इसमें मृत्यु के पूर्व में प्रकट होनेवाले लक्षणों द्वारा मरणकाल का निश्चय किया गया है। इस क्षीणकाय ग्रन्थ में २६१ गाथाएँ हैं, इसकी भाषा शौरसेनी प्राकृत है। इस ग्रंथ की रचना दिगम्बर सम्प्रदाय के आचार्य दुर्गदेव ने कुम्भी नगर के शान्तिनाथ चैत्यालय में की है, इसके रचनाकाल और स्थान के सम्बन्ध में स्वयं ग्रंथकर्त्ता ने लिखा है—

संवच्छरइगसहसे वोलीणे णवयसीइ संजुत्ते ।
सावणसुक्केयारसि दिअहम्मि [य] मूलरिक्खंमि ॥२६०॥
सिरिकुंभनयरए [य] ए सिरिलच्छिनिवासनिवइरज्जंमि ।
सिरिसंतिनाहभवणे मुणि-भविअ-सम्मउभे (ले) रम्मे ॥२६१॥

अर्थात् वि० सं० १०८९ श्रावण शुक्ला एकादशी को मूल नक्षत्र में श्री लक्ष्मीनिवास राजा के राज्य में कुम्भीनगर नग के श्रीशान्तिनाथ जिनालय में प्रस्तुत ग्रन्थ का निर्माण किया गया है।

ग्रन्थकर्त्ता ने रिष्टों के विशाल विषय को बड़ी खूबी के साथ इस छोटे-से ग्रन्थ में रक्खा है। अपने समय के उपलब्ध सभी ग्रंथों से रिष्ट-सम्बन्धी विषय को लेकर उसे इतने सजीव और स्वच्छ रूप में उपस्थित किया है कि पाठक अपनी रुचि और धैर्य का त्याग किये बिना जो चाहता है, पा लेता है। अनेकों स्थानों पर पुरातन विचारों के विरुद्ध अपने स्वतन्त्र विचार और परिणाम इतने आत्मविश्वास के साथ रखे हैं कि हठात् यह मानना पड़ता है कि रचयिता ने केवल अनुकरण ही नहीं किया, किन्तु अपनी अप्रतिम प्रतिभा द्वारा मौलिकता का परिचय दिया है। इसी कारण उन्हें संग्रहकर्त्ता न मानकर एक मौलिक ग्रन्थकर्त्ता मानने को बाध्य होना पड़ेगा। जब कभी कोई लेखक परम्परागत नियमों तथा रीतियों का बिना किसी कारण के उल्लङ्घन करता है, तो वह सच्चे संग्रहकर्त्ता के पद से च्युत हो जाता है। लेकिन जब वही अपनी प्रतिभा के बल से उस विषय को नवीन ढंग से सजा कर रख देता है तो वह मौलिक लेखक की कोटि में आ जाता है। प्रस्तुत ग्रन्थ में हम यही पाते हैं कि आचार्य ने पुरातन विषयों को नवीन ढाँचे में ढाल कर अपने ढंग से उनका सन्निवेश किया है।

प्रारम्भ में जिनेन्द्र भगवान् को श्रद्धाञ्जलि अर्पण करने के अनन्तर मनुष्य जीवन और जिनधर्म की उत्तमता का निरूपण कर विषय का कथन किया गया है। प्राक्कथन के रूप में अनेक रोगों और उनके भेदों का वर्णन है, यह १६ गाथाओं तक गया है। विषय में प्रवेश करने के पश्चात् लेखक ने रिष्टों के पिण्डस्थ, पदस्थ और रूपस्थ ये तीन भेद बतलाये हैं। प्रथम श्रेणी में शारीरिक रिष्टों का वर्णन करते हुए कहा है कि जिसकी आँखें स्थिर हो जायं—पुतलियाँ इधर-उधर न चलें, शरीर कान्तिहीन काष्ठवत् हो जाय और ललाट में पसीना आवे वह केवल सात दिन जीवित रहता है। यदि बन्द मुख एकाएक खुल जाय, आँखों की पलकें न गिरें—इकटक दृष्टि हो जाय तथा नख, दाँत सड़ जायं या गिर जायँ तो वह व्यक्ति सात दिन जीवित रहता है। भोजन के समय जिस व्यक्ति को कड़वे, तीखे, कषायले, खट्टे, मीठे और खारे रसों का स्वाद न आवे उसकी आयु एक मास की होती है। बिना किसी कारण के जिसके नख, ओठ काले पड़ जायें, गर्दन झुक जाय, तथा जिसे उष्ण वस्तु शीत और शीत वस्तु उष्ण प्रतीत हो, सुगन्धित वस्तु दुर्गन्धित और दुर्गन्धित वस्तु सुगन्धित मालूम हो उस व्यक्ति का शीघ्र मरण होता है।

जिसका स्नान करने के अनन्तर वक्षःस्थल पहले सूखता है और समस्त शरीर गीला रहता है वह व्यक्ति सिर्फ पन्द्रह दिन जीवित रहता है। इसी प्रकार पिण्डस्थ रिष्ट में एक वर्ष के भीतर में प्रकट होने वाले मृत्युसूचक विभिन्न शारीरिक लक्षणों का वर्णन किया है।

द्वितीय श्रेणी में पदस्थ रिष्टों द्वारा मरण सूचक चिन्हों का वर्णन करते हुए लिखा है कि स्नान कर श्वेत वस्त्र धारण कर सुगन्धित द्रव्य तथा आभूषणों से अपने को सजाकर जिनेन्द्र भगवान की पूजा करनी चाहिये। पश्चात् "ओं ह्रीं नमो अरहताणं कमले-कमले विमले-विमले उदर देवि इटिमिटि पुलिंदिनी स्वाहा" इस मंत्र का इक्कीस बार जाप कर बाह्य वस्तुओं के सम्बन्ध से प्रकट होने वाले मृत्युसूचक लक्षणों का दर्शन करना चाहिये।

उपर्युक्त विधि के अनुसार जो व्यक्ति संसार में एक चन्द्रमा को नाना रूपों में तथा छिद्रों से परिपूर्ण देखता है उसका मरण एक वर्ष के भीतर होता है। यदि हाथ की हथेली को मोड़ने पर इस प्रकार न सट सके जिससे चुल्लू बन जाय और एक बार ऐसा करने पर अलग करने में देर लगे तो सात दिन की आयु समझनी चाहिये। जो व्यक्ति सूर्य, चन्द्र एवं तारागों को कान्ति स्वरूप परिवर्तन करते हुए एवं नाना प्रकार से छिद्र पूर्ण देखता है उसका मरण छः मास के भीतर होता है। यदि सात दिनों तक सूर्य, चन्द्र एवं ताराओं के बिम्बों को नाचता हुआ देखे तो निस्संदेह उसका जीवन तीन मास का समझना चाहिये। इस तरह दीपक, चन्द्रबिम्ब, सूर्यबिम्ब, तारिका, संध्याकालीन रक्तवर्ण धूम धूसित दिशाएँ, मेघाच्छन्न आकाश एवं उल्काएँ आदि के दर्शन द्वारा आयु का निश्चय किया है।

तृतीय श्रेणी में निजच्छाया, परच्छाया और छायापुरुष द्वारा मृत्युसूचक लक्षणों का बड़े सुन्दर ढंग से निरूपण किया है। प्रारम्भ में छाया दर्शन की विधि बतलाते हुए लिखा

है कि स्नान आदि से पवित्र होकर 'ॐ ह्रीं रक्ते रक्ते रक्तप्रिये सिंहमस्तकसमारूढे कूष्मांडी-देवि मम शरीरे अवतर अवतर छायां सत्यां कुरु कुरु ह्रीं स्वाहा' इस मंत्र का जाप कर छाया दर्शन करना चाहिये। यदि कोई रुग्ण व्यक्ति जहाँ खड़ा हो वहाँ अपनी छाया न देख सके या अपनी छाया को दो रूपों में देखे अथवा छाया को बैल, हाथी, कौआ, गधा, भैंसा और घोड़ा आदि नाना रूपों में देखे तो उसे अपना सात दिन के भीतर मरण समझना चाहिये। यदि कोई अपनी छाया को नीली, पीली, काली और लाल देखता है तो वह क्रमशः तीन, चार, पाँच और छः दिन जीवित रहता है। इस प्रकार अपनी छाया के रंग, आकार, लम्बाई, छेदन, भेदन आदि विभिन्न तरीकों से आयु का निश्चय किया गया है।

परच्छाया दर्शन की विधि का निरूपण करते हुए बताया है कि एक अत्यन्त सुन्दर युवक को जो न नाटा हो और न लम्बा हो स्नान कराके सुन्दर वस्त्राभूषणों से युक्त कर 'ओं ह्रीं रक्ते-रक्ते रक्तप्रिये सिंहमस्तकसमारूढे कूष्माण्डिदेवि मम शरीरे अवतर अवतर छायां सत्यां कुरु कुरु स्वाहा' मंत्र का १०८ बार जप करवाना चाहिये। पश्चात् उत्तर दिशा की ओर मुँह करके उस व्यक्ति को बैठा देना चाहिये। फिर रोगी व्यक्ति को उस युवक की छाया का दर्शन कराना चाहिये। यदि रोगी उस व्यक्ति की छाया को टेढ़ी, अधोमुखी, पराङ्मुखी, और नीले वर्ण की देखता है तो वह दो दिन जीवित रहता है। यदि छाया को हँसते, रोते, दौड़ते, बिना कान, बाल, नाक, भुजा, जंघा, कमर, सिर और हाथ-पैर के देखता है तो छः महीने के भीतर मृत्यु होती है। रक्त, चर्बी, तेल, पीव, जल और अग्नि छाया को उगलते हुए देखता है तो एक सप्ताह के भीतर मृत्यु होती है। इस प्रकार विस्तार से परच्छाया के आकार-प्रकार, रूप-रंग, लम्बाई-चौड़ाई आदि विभिन्न तरीकों से रोगी की आयु का विचार किया गया है।

छाया पुरुष का कथन करते हुए बताया है कि—

मय मयण-मायहीणो पुव्वविहाणेण जं णियच्छेइ।
मंती णियवरछायं छायापुरिसो हु सो होइ॥
समभूमियले ठिच्चा समचरणजुओपलंबभुअजुअलो।
वाहारहिए धम्मे विवजिए खुद्दजंतूहिं॥
नासग्गे थणमज्झे गुज्झे चलणंतदेस-गयणयले।
भाले छायापुरिसं भणिअं सिरिजिणवीरदेवेण॥

अर्थात्—मंत्र से मन्त्रित व्यक्ति समतल भूमि पर खड़ा होकर पैरों को समानान्तर कर हाथों को नीचे लटका कर अभिमान, छल-कपट और विषय-वासना से रहित होकर जो

अपनी छाया का दर्शन करता है वह छाया पुरुष कहलाता है। इसका सम्बन्ध नाक के अग्रभाग से, दोनों स्तन के मध्यभाग से, गुप्ताङ्गों से, पैर के कोनों से, ललाट से और आकाश से होता हैं। जो व्यक्ति इस छाया पुरुष को बिना सिर-पैर के देखता है तो जिस रोगी के लिये छाया पुरुष का दर्शन किया जा रहा है वह छः मास जीवित रहता है। यदि छाया पुरुष घुटनों के बिना दिखलाई पड़े तो अट्ठाईस महीने और कमर के बिना दिखलाई पड़े तो पन्द्रह महीने शेष जीवन समझना चाहिये। यदि छाया पुरुष बिना हृदय के दिखलाई पड़े तो आठ महीने, बिना गुप्ताङ्गों के दिखलाई पड़े तो दो दिन और बिना कन्धों के दिखलाई पड़े तो एक दिन जीवन शेष समझना चाहिये। इस प्रकार छायापुरुष के दर्शन द्वारा आयु का निश्चय किया गया है।

इसके पश्चात् स्वप्न दर्शन द्वारा मृत्यु-लक्षणों का कथन किया है। इस प्रकरण के प्रारम्भ में बताया है कि जिस रात को स्वप्न देखना हो उस दिन उपवास सहित मौनव्रत धारण करे और उस दिन समस्त आरम्भ का त्याग कर विकथा एवं कषायों से रहित होकर 'ओं ह्रीं पण्हसवणे नमीं स्वाहा' इस मंत्र का १०००० बार जाप कर भूमि पर ब्रह्मचर्य पूर्वक शयन करे। स्वप्नों के दो भेद बतलाये हैं – एक देव कथित और दूसरा सहज। मन्त्रजाप पूर्वक किसी देव विशेष की आराधना से जो स्वप्न देखे जाते हैं वे देवकथित और चिन्तारहित, स्वस्थ एवं स्थिर मन से बिना मन्त्रोच्चारण के शरीर में धातुओं के सम होने पर जो स्वप्न देखे जाते हैं वे सहज कहलाते हैं। इस प्रकरण में विस्तार पूर्वक दोनों ही प्रकार के स्वप्नों का फल बताया गया है।

इसके अनन्तर प्रत्यक्षरिष्ट और लिङ्गरिष्टों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए लिखा है कि जो व्यक्ति दिशाओं को हरे रंग की देखता है वह एक सप्ताह के भीतर, जो नीले वर्ण की देखता है वह पाँच दिन के भीतर, जो श्वेतवर्ण की वस्तु को पीत और पीतवर्ण की वस्तु को श्वेत देखता है वह तीन दिन जीवित रहता है। जिसकी जीभ से जल न गिरे, जीभ रस का अनुभव न कर सके और जो अपना हाथ गुप्त स्थानों पर रखे वह सात दिन जीवित रहता है। इस प्रकरण में विभिन्न अनुमान और हेतुओं के द्वारा मृत्यु समय का प्रतिपादन किया गया है।

प्रश्न द्वारा रिष्टों के वर्णन के प्रकरण में प्रश्न के आठ भेद बतलाये हैं– अंगुलीप्रश्न, अलक्तप्रश्न, गोरोचन प्रश्न, अक्षर प्रश्न, शब्द प्रश्न, प्रश्नोत्तर प्रश्न, प्रश्नलग्न, और होरा प्रश्न। अङ्गुली प्रश्न का कथन करते हुए बताया है कि श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा के सम्मुख उत्तम मालती के पुष्पों से 'ॐ ह्रीं अर्हंणमो अरहन्ताणं। ह्रीं अवतर अवतर स्वाहा' इस मन्त्र का १०८ बार जाप कर मंत्र को सिद्ध करे। फिर दाहिने हाथ की तर्जनी को सौ बार

मंत्र से मन्त्रित कर आँखों के ऊपर रख कर रोगी को भूमि देखने के लिये कहे, यदि वह सूर्य के बिम्ब को भूमि पर देखे तो छः मास जीवित रहता है। इस प्रकार अङ्गुलि प्रश्न द्वारा मृत्यु-समय के ज्ञान करने की विधि के कथन के उपरान्त अलक्त प्रश्न की विधि बतलाई है कि चौरस पृथ्वी को एक वर्ण की गाय के गोबर से लीप कर उस स्थान पर 'ओं ह्रीं अर्हं णमो अरहन्ताणं। ह्रीं अवतर-अवतर स्वाहा' इस मंत्र को १०८ बार जपना चाहिये। फिर काँसे के वर्त्तन में अलक्त को भर कर सौ बार मन्त्र से मन्त्रित कर उक्त पृथ्वी पर उस वर्त्तन को रख देना चाहिये। पश्चात् रोगी के हाथों को दूध से धोकर दोनों हाथों पर मंत्र पढ़ते हुए दिन, मास और वर्ष की कल्पना करनी चाहिये। पुनः सौ बार उक्त मंत्र को पढ़ कर अलक्त से रोगी के हाथों को धोना चाहिये। इस क्रिया के अनन्तर हाथों के सन्धिस्थान में जितने बिन्दु काले रंग के दिखलाई पड़ें उतने ही दिन, मास और वर्ष की आयु समझनी चाहिये। लगभग यही विधि गोरोचन प्रश्न की भी बतलाई है।

प्रश्नाक्षर प्रश्न की विधि का कथन करते हुए लिखा है कि जिसे रोगी के सम्बन्ध में प्रश्न करना हो वह 'ओं ह्रीं वद वद वाग्वादिनी सत्यं ह्रीं स्वाहा' इस मंत्र का जाप कर प्रश्न करे। उत्तर देनेवाला प्रश्न वाक्य के सभी व्यञ्जनों को दूना और मात्राओं को चौगुना कर जोड़ दे। इस योगफल में स्वरों की संख्या से भाग देने पर सम शेष आवे तो रोगी जीवित और विषम शेष आने पर रोगी की मृत्यु समझनी चाहिये। आक्षर प्रश्न के वर्णन में ध्वज, धूम, खर, गज, वृष, सिंह, श्वान और वायस इन आठ आयों के अक्षर क्रमानुसार आयु का निश्चय किया गया है। यह प्रकरण ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। शब्द प्रश्न में शब्दोच्चारण दर्शन आदि के शकुनों द्वारा अरिष्टों का कथन किया गया है। इस प्रकरण में शब्द श्रवण के दो भेद बतलाये हैं देवकथित शब्द और प्राकृतिक शब्द। देवकथित शब्द मन्त्राराधना द्वारा सुने जाते हैं और प्राकृतिक में पशु, पक्षी, मनुष्य आदि के शब्द श्रवण द्वारा फल का कथन किया गया है। शब्द प्रश्न का वर्णन बहुत विस्तार से किया है।

होरा प्रश्न इस ग्रन्थ का एक महत्त्वपूर्ण अंश है, इसमें मन्त्राराधना के पश्चात् तीन रेखाएँ खींचने के अनन्तर आठ तिरछी और खड़ी रेखाएँ खींचकर आठ आयों को रखना चाहिये। इन आयों के बेध द्वारा शुभाशुभ फल का सुन्दर निरूपण किया है। शनिचक्र, नरचक्र इत्यादि अनेकों चक्रों द्वारा आयु का निश्चय तथा मरण समय का बोध किया गया है। विभिन्न नक्षत्रों में रोग उत्पन्न होने से कितने दिनों तक बीमारी रहती है और रोगी को कितने दिनों तक कष्ट उठाना पड़ता है, आदि का सुन्दर विवेचन है। इसके पश्चात् प्रश्नलग्न और उनमें रहनेवाले ग्रहों के सम्बन्ध से फलाफलों का अच्छा कथन किया है।

यह ग्रन्थ भारतीय विद्याभवन बम्बई से अंग्रेजी अनुवाद सहित प्रकाशित हो चुका है। इसका हिन्दी अनुवाद विस्तृत विवेचन सहित वीर-सेवा-मन्दिर सरसावा से जल्द प्रकाशित हो रहा है। परिशिष्टों में ज्योतिष के अन्य उपयोगी विषय भी दिये गये हैं जिनसे साधारण व्यक्ति व्यवहारोपयोगी जन्मपत्र बनाना, देखना, मिलाना, मुहूर्त्त निकालना, आवश्यक प्रश्नों के उत्तर देना आदि बातों को जान सकता है।

एक ऐतिहासिक पत्र

——:०:——

यह पत्र वि० सं० १८०५ में ज्येष्ठ वदी ८ शनिवार को वागीदोरा ग्राम से श्री० पं० जगन्नाथजी ने देवगढ़ नगर के पालवीय, पचोरी, दोसी आदि गोत्र के श्रावकों के पास लिखा था। इसमें वि० सं० १३०० से वि० सं० १८०५ तक वागड़ देश में जितने भट्टारक हुए हैं, उनकी पट्टावली दी गई है। इस देश के श्रावकों में आपस में जब लड़ाई-झगड़ा हुआ उस समय चौहान ठाकुर और स्थानीय राजाओं ने सहायता की, इसका जिक्र भी है। और तभी से यह प्रथा चली है कि जब भट्टारक पद पर आसीन होते हैं तो सर्व प्रथम चौहान ही कलशाभिषेक करते हैं। ऐतिहासिक विद्वानों के काम की चीज होने के कारण इसे प्रकाशित किया जा रहा है। इसका ऊपर का सिरनामा संस्कृत में और अवशेष पत्र देशी भाषा में है। यह पत्र 'भवन' की संचित रद्दी से अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण अवस्था में उपलब्ध हुआ है। इसके अधिकांश अक्षर कीड़ों के पेट में चले गये हैं। जिससे पढ़ने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा है।

स्वस्तिश्री देवगड महानगर तत्र सदाचारचतुरान्, देवशास्त्रगुरूभक्तितत्परान्, आहार-भयभेषजशास्त्रदानविनरणैकशीलान्, बुद्ध्याभयकुमारान, दानगुणेननृपतिश्रेयांसतुल्यान्, श्रोत्र-गुणेननृपतिश्रेणिकमहशान्, श्रीजिनपूजाप्रतिष्ठादिशुभपुण्यकार्यसिद्धक्षेत्राद्यनेकोत्तमकार्यकरणे-समर्थान्, श्रीजिनप्रसादजीर्णोद्धरणकरणे तथा नवीननिर्माणकरणे समर्थान्, सूर्यवत् प्रतापवान, चन्द्रवत् शीतलान्, समुद्रवत् गम्भीरान्, निजकुलकमलविकाशनैकबालमार्तण्डा-वतारान्, राजसभाशृंगारहारान् इत्याद्यनेकोपमाविराजमानान् पाडलवीया सुन्दरजी, पाडलवीया श्रीकृष्णजी, पालवीया न्यायमुणजी, पालवीया श्रीकुंवरणजी, पालवीया श्रीरूपजी, पालवीया श्रीमहावजी, पालवीया श्रीजादवजी, पाडलवीया श्रीकोमलजी, बोवड़ा श्रीकरणजी गांधी, श्रीकरणजी साहा, श्रीरतनजी साहा, श्रीगोविन्दजी डोडीया, श्रीगोविन्दजी बेडी, श्री इन्द्रजी कृष्णजी दोसी, श्रीशंकरजी दोसी, श्रीदयालजी साहा, श्रीकेवलजी दोसी, बालजी दोसी, दयालजी सेठजी, श्री जादवजी पचोरी, श्रीवल्लभजी पचोरी, श्रीगांगजी पचोरी श्रीगोकुलजी खापरा, श्रीहरिजी साहा, श्रीधनजी दोसी, श्री शान्तिदासजी भुना, श्रीजसकरण जी दोसी, श्रीकुन्दणजी दोसी, श्री जीवण जी पचोरी, श्रीमानजी गोवाड़ाआ, श्रीमननजी इत्यादि समस्तश्रीसंघ योग्य पत्रं वागीदोरा ग्रामात् जगन्नाथ लिखितं श्रीजिनाय नामः समा-धान वंचनोजी। यदत्र श्रीजिनधर्मप्रताप थी अथवा श्रीसंघना प्रताप थी कृपसुनजरसुकुशल खेमछेजी तथा श्रीसंघना खेमकुशल कागदसदा भला घड़ी २ ना पल २ ना सदा आरोगाना लखें जेम जीवने सुख उपजेगी। अपंच श्रीसंघवाराछो, चतुरछो, विवेकी छो, हितकारीछो

प्रवीणछो, गुणगंभीरछो, सकलवातनाजाणछो, श्रीजिनधर्मनाधोरीछो श्रीजिनधर्मनास्थापकछो तथा श्रीजिनधर्मतो श्रीसंघमुजेछेजी तथा राजतो आज पंचमकाल विषे चतुर्थ ओघना श्रेष्ठी छो जीतेमारे श्रीसंघने जे उपमा लिखी है तिनकरी विराजमानछोजी जैनधर्मनो मार्गतो श्रीसंघनोराख्योरहेछेजी बीजु श्रीसंघतो पूर्वरीत सर्वजाणोछोजी । तीवारे अमेराजने सु लिखिए तो उपरान्त १ पीचान जोजो बीजु वाग्वरदेश तथा गुजरात देशमाहे संवत् १३०० माहे थी माडी ने वर्ष १०० ने आशरे वाग्वर तथा गुजरात माहे श्री जिनधर्मनी विस्मृति हुई त्यार पुठे श्रीपाटणनासाहापदारथजी धनेकरीने पूर्ण होता पणकोई बातमाहे स्त्री तथा भरतार ने बचन·········· ··तीवारे श्रीढुंढाडदेश माहे गामनेणा वेजईने भ० प्रभाचन्द्रजी त्यांहाने पाट भट्टारकजी, श्रीपद्मनन्दी पासेजई ने दीक्षा ली थी। आचार्य श्री सकलकीर्ति वर्ष २५ छ विसनी संस्थाह तथा तीवारे संयम लेई वर्ष ८ गुरु पासे रहीने व्याकरण २ तथा ४ भणया तथा काव्य ५ तथा न्याय शास्त्र तथा सिद्धान्त शास्त्र गोम्मटसार तथा त्रिलोकसार तथा पुराण सर्व तथा आगम तथा अध्यात्म इत्यादि सर्व शास्त्र पूर्वदेश माहे रहीने वर्ष ८ माहे भणीनि श्रीवाग्वरगुजरात माहे गाम पोडेणेपधारया वर्ष ३४ नी संस्थाथ ईतीवारे संवत् १४७१ ने वर्ष गामपोडेणेपधारया मो ही न उतो केणे आचार्य उलव्यान हैं पीछे साहा श्रीपौचाने गृहे आहार लीधो ते हाथ की वाग्वर देश तथा गुजरातदेशमाहे विहार कीधो। वर्ष २२ पर्यान्त स्वामी नग्नहता जुमले वर्ष ५६ छप्पन पर्यन्त आवर्दा भोगवीने धर्मप्रभावर्वाने संवत् १४९९ गामने साणे गुजरात जई ने श्रीसकलकीर्त्ति आचार्य हुआ ते श्री सागवाडानाहतात श्रीसागवाडजुने देहरे आदिनाथनो प्रसाद करावीने पीछे श्री नोगामे संघे पदस्थापन करीने पीछे सागवाडे जईनेमो तानापुत्रकने प्रतिष्टा करावी पोते सूरमंत्र दीधो ते धर्मकीर्त्तिए वर्ष २४ पाटभोग व्योपछे पगेत्त थ या पुटे पोताने दी करे जुना देहराने सन्मुख नसीयां करावी पाछे धर्मकीर्त्ति नै पाटेनोगामां ने सघे श्रीविमलेन्द्रकीर्त्तिनी स्थापना करीनेण वर्ष १२ पाटभोग व्योप्टलालगणा आचार्यनो पाटचाल्यो पाछे गाम आनरी अेसंगवी सीमजीस समम्त संघमे लीने भ० भवनकीर्त्ति स्थाप्या पाछे तेणाने पाटे ज्ञानभूषण-स्थाप्या । पाछे तेणाने पाटे ज्ञानभूषण ए सर्व विमलेन्द्रकीर्त्तिना शिष्य हता तेणे समये प्रतिष्ठा सागवाडे तथा प्रतिष्ठ १ श्रीनोगामे प्रतिष्ठ २ ग के दीवमे एकी घडी राहती तीवारे भ० विजयकीर्त्ति ज्ञानभूषण ने पाठ बड़े साजन हताने कीर्त्तिना शिष्य रत्नकीर्त्ति हता तेणे संवत् १५३५ वर्षे श्रीनोगामे दीक्षा ली थीरुताने प्रतिष्टाने समेवणहतापणात्यारे रत्नकीर्त्तिये तथा लघुसाजनानेसंघमलीने रत्नकीर्त्तिने भ० पदवी आपवानुस्थापनकरी श्रीनोगामे प्रतिष्ठा रत्नकीर्त्ति कहेकरावी तथा तेणे दीवसे श्रीसागवाडे बड़े साजन भट्टारक विजयकीर्त्ति कन्हे करावी तेणे समे लघुसाजनाने संघ नेम नावासारु भ० विजयकीर्त्ति नोगामे आव्यातेणे समय महाजन भ० रत्नकीर्त्तिपण विजयकीर्त्तिने वांदवाआ व्यात्योर रत्नकीर्त्तिये भ० विजयकीर्त्तिने गुरुभक्ति देवानो प्रारम्भ करयो त्यारे भ० वाहा साहीने रत्नकीर्त्ति सेंहासन माही बैठ्या

तेणे समे भ० नोसरल भाव दीठो त्यारे सकल महाजन माहोमहिमेलकरयो। पण महाजने एहुक हयुजे कोई पूजा प्रतिष्ठा होय तथा कोई मोटो कार्य होय तो तींहा भ० तथा आ० रत्नकीर्त्ति आगे वेहुज गामेला थईने अर्धो अर्धो कार्य करे भ० तीलक करे तो अन्नत आचार्यजी चोडे संगर्वा ने मस्तके एसी वरवेण करीने मेलावको धोजी त्यारबुठेणेकता अेक वर्ष हेतप्रीते रहयाजी, पीछे केटलाककाल जाता आ० रत्नकीर्त्ति परोक्षथया तारपुठे तेणानेकपाटे आ० यसकीर्त्ति नोगामे थाप्या तारपुठे केटलाक मोस दीवसे अनंतकीर्त्ति आदिलेईनेजण ६३ तामध्ये महाव्रती १३ ब्रह्मचारी ३२ बाईजी १५ पंडित ३ जुमलेजण ६३ दक्षिणदेशे गुरुपासे आज्ञा लेई विहार करयो ते आज दीवससुही दक्षिण देशमाही रत्नकीर्त्तिना पाटघर कहांवेहे तेणानापाट सुदीनग्नचाल्याआवेछे वनमाहेपण रहेछे। हवे ईहां आ० यसकीर्त्तिने ऑत्रगलनुं दुःखहंतुं तेणेकरीने वीहारतो का हाथ यो नहें के जती बुनी विहारकरता जिनधर्ममार्गचल्यो जातोजो। पीछे संवत् १६१२ वर्षे जसकीर्त्तिये वागड माहे गाम भीलोडे कालकरयो तेणानेपाटे गाम सावले पछोरी खाता पछोरी छा छादी समस्त संघ मीली आचार्य गुणचन्द्र स्थापना करवाने। अवसती गाम सावलाना चहुवाण भोगवत हाथी ओत सावलदासजी तथा दुरंगजीए प्रथम कलशाभिषेक चहुवाणे करयो, पाछे संघे करयोजी, पाछेतीहाथका गुणचन्द्रजी गुजरात मेरा आनेदेश में पदारथा हता तीवारे बड़े साजना भ० सुमतिकीर्त्ति तथा जती अडाथा रह्यानारेगुजरातना श्रावकने घणुहीत करूजे। आचार्यजी ने पोळा वादो रागद्वेषम करेपण जती अेमान्युं नहीं ते दीवसनो माहोमहि आंटो पडयो। पाछे संवत १६४२ आ० गुणचन्द्रजी व ताथका-नोगामे समस्त संघ मलीने लघुसाजना आ० जीनचन्द्रजी थारयारे पुठे सं० १६५३ वर्षे आ० गुणचन्द्रजी श्री सागवाडे काल करयो, त्यारे सं० १६५४ वर्षे आ० जीनचन्द्रजी नोगामे काल धाम हुवा, त्यार पुठे गामनोगामे लघु साजनामो संघमलीने आ० सकलचन्द्र पाट स्थाप्या सं० १६७० वर्षे आसोज सुदी ८ दिवसे आ० सकलचन्द्र सागवाडे समाधा-मरण करयोजी, त्यार पुठे सं० १६७० वैशाख सुदी ५ दिवसे श्रीसागवाडे समस्त संघमलीने पाट आचार्यनुं आपनाहतादेहराजु नामध्येतेणे समे बड़े साजने जती तथा श्रावके राजवट करी जे हवे आ० नो पाट आपवादेशुं नहीं अेहवों कहीने दरबार नाह वल्या नेडाल्या तथा जती सर्वे तथा श्रावक सर्वे मरणी कथईने सर्वे आयुधनो मेलकरीने जगडो माड्यो ते बात चहुवाण कृष्णदासजी अेसा भली त्यारे मनमोह वीचारयुं जे आपणी स्थापनानुपवरे। तु तथी राहवुं कहीने पोताना पुत्र २ रहासींघजी तथा अमरोजी रा वेहुनेकह्युजेतमे आपणे साथ सामान असवार ३०१ महाजनलेई जावो। अभा रूपण गरडा पणुं छेते माटे अभारानो आपणाना गुरु ने भट्टारक पदवी आपी आवो वारवार जगडो शोक करातेह बुंक हीने मोकल्या ते भाई २ सगवाडे आव्याने सा चेले तलाव जई ने सं० १६७४ रावलजी पुजाराजजी ते वारेरावलजी अेस्वरकरी आपी श्रीवासवाले रावलजी श्री

उग्रसींघ जी पासे पणसई करी श्री चहुवाण कल्याणजी प श्री रावलजी सु ं अरजी मालुम करी तथा सही करावीने श्रीवांसवांस बालानी धरती माहें तथा डुंगरकरनी धरती माहें भ० रत्नचन्द्रजीने साथई फणामहोत्सव सु बीहार कर्यो। त्यार पुठे सं० १६९९ वर्षे जेठ सुदी ५ सोमवार भ० रत्नचन्द्रजीवर्ता भ० हर्षचन्द्र थाप्या गाम परना पोरे त्यारपुठे सं० १७०७ भ० रत्नचन्द्रजी वैशाख वदी ४ ते नोगामे परोक्त थया त्यार पुठे शुभचन्द्र थाप्या, त्यार पुठे सं० १७२४ वर्षे असोज सुदी ३ मंगलवारे भ० शुभचन्द्रजी सागवाडे काल प्राप्त हुवाजी। सं० १७२३ वैशाख वदी ५ श्रीघांटोल भ० शुभचन्द्र थाप्या, त्यार पुठे सं० १७४९ वर्षे अश्विज वदी १३ गाम मे लुडे भ० शुभचन्द्र परोक्त थयातार पुठे सं० १७४८ वर्षे माहाशुदी १० सोमवारे गाम मैलुडे भ० अमरचन्द्रजी गाम घाखोल थाप्या, त्यार पुठे सं० १७८६ वर्षे माघ वदी ६ गाँम कोटे देश हाडोती माहे भ० रत्नचन्द्रजी काल प्राप्त हुवाजी। त्यारपुठे सं १७८७ वैशाख शुदी १३ भ० देवचन्द्रजी गाम भाणपुर थाप्या त्यारपुठे सं० १८०५ वर्षे गाम जाँबूचरे भ० देवचन्द्रजी माघवदी ७ दीने काल प्राप्त थयाजी। वीजुराज नो कागद १ ठाकुर हरिसाथे आव्योते वाच्यो समाचार सर्वे जाणयाजी राजे तेडवा वास्ते श्रीसंघेन ख्युतेपण जाठयुंजी पण फागुन वदी ७ माहीने अमारे शरीर असाताईजीतेणे करीने तथा वृद्धा अवस्था छे, रीतुपण ग्रीष्मछे तेणेकरीने श्रीसंघनु वचन राख्युने ढीलथई तेमाफ कीजोजी ने मारे दीपमालका पुठे श्रीसंघने मीलवामारुनी मन जोग करीने अमे आवयुंजी बीज धर्मन्टो मार्गनो श्री संघ थकी गेबीज चोर्मा महेश्वरनो पाट वर्ष ६५ तथा ७० थया जती वृती चेष्टवीना पाट ख्यालीछे पण श्रावक धर्मनी थापना दृढ़ राखी रहा छे ते माटे पंच महाजन बात वीचारो ते घोग होने वीच रजोगी। जेवीरीते पंचानी शोभ रहीने जती वृती संतोष व्रते रहतेगी रीते शोभा छे तथा एक हक हकीग गण सी छे सो हवे पंच महाजन मनमें जाणो छो जीततां थानी परंपरा लप्या यानु सुकाम हतोजी पण अमेतो पंच महाजन ने मालुम कर्युमाटेलख्युं छेजी तथा जती व्रती नोवाव हारपंच महाजन ने पूर्वे एणीरीते चलाव्यो याने हवडा लोभसंज्ञाए करीने लाको कमाहे वंदवो द्रहुई छे परी-ग्रह भागी लीदो माठेजी ते ते माटे भ० रत्न० तथा भ० हर्षचन्द्र० तथा भ० शुभ चं० तथा भ० अमरचन्द्र० मुद्धीनो संतोष व्रते मार्ग चाल्यो तेणे करी लोकीक माहे पण जसकीरती रुडी हतीने वीद्यानुबल रुडुं हतुंजो हवे तो जती व्रती पण तीस थई छे ने वीद्यानुबल पण हीन थयुं छेजी ते माटे हवडा एणा समाचार सुं कोई जती पंडीत हो अ तेने पंच महाजन कोई ब्राह्मणने कहीने भणवानुं वीचार कर जो वीद्या भणोगा तो वीद्या अ करीने सोभा छे नहेतरतो कागदमध्ये अनेक अधिक लखाए उहुण कागदेहो अ जी श्रीसंघना शरीरना घणाघणा जल कर जो जीवल तो कागद लखावजोजी संवत् १८०५ वर्ष जेठ वदी ८ शनौ शोभादीने।

प्राचीन आज्ञा पत्र (परवाने)

'भवन' की पुरानी रद्दी में तीन आज्ञा पत्र प्राप्त हुए हैं; जो सागवाडा के जैनियों को वहां के राजाओं ने प्रदान किये हैं। प्राचीन समय में राजालोग जैनधर्म की उन्नति के लिये जैनों को विशेष सुविधाएँ प्रदान करते थे। इन तीनों परवानों—आज्ञापत्रों में जैनों के विशेष पर्वों के समय हिंसा करने का निषेध किया गया है। तथा राजाओं ने आदेश दिया है कि जो कोई उनकी आज्ञा का निषेध करेगा, वह दण्ड का भागी होगा।

नीचे आज्ञा-पत्रों का संक्षिप्त सारांश और नकल दी जा रही है। इतिहास के प्रेमी विद्वानों को तो लाभ होगा ही, साथ ही वर्तमान में अपने हकों की रक्षा के लिये भी इनका उपयोग किया जा सकेगा।

परवाना नं० १

इस आज्ञा पत्र में राजा जसवन्त सिंह ने सागवाड़ा के जैनों को यह शर्त मंजूर की है कि घांची लोग जो तिल व सरसों से तेल निकालते हैं, प्रत्येक अष्टमी, चतुर्दशी, द्वितीया पंचमी और एकादशी को घाणी न चलावें, क्योंकि इसमें हिंसा होती है। परवाने की नकल नीचे दी जाती है--

श्रीनाथजी

श्री महामाई प्रसादा·
नृरायारायमहावन्त
श्रीजसवंतसिंघजी
वीजय मावत मुद्रीका

श्री राज आदेशात् लखावीतं ग्राम सागवाडा ग्रामे समस्त महाजन तथा नोगामी आटेकचंद सुखचंद जोग्य अप्रंच तमे गामी आटामेदासपडवे परावीने श्रीदरबारथीमे आकरी नेहस्वर स परवाजा सुहोकम हजुरनो प्रवानगी सुरंकी सरदार मेघजीनी संवत् १८९३ माग वदी ७ पास पडवे खुंट फेरवी नहीं।

वीजय
सावत
मुद्रीका

परवाना नं० २

इस परवाने में जैनधर्म की रक्षा के लिये महाराज जसवन्त सिंह ने यह आज्ञा प्रदान की है कि सागवाड़ा में कलाल—आबकारी का काम करने वाले लोग प्रत्येक अष्टमी और चतुर्दशी के दिन शराब की भट्टी नहीं जलावें, क्योंकि इसमें हिंसा होती है। यदि कोई कलाल इस आज्ञा का उलङ्घन करेगा तो उसे २५०) रुपये जुर्माना में देने होंगे। परवाने की नकल निम्न प्रकार है—

श्रीनाथजी

श्रीमहामाई प्रसादा- नृपयाराय महारावल श्रीजसवंतसिंघजी वीजय सावतमुद्रीका

श्रीराजा आदेशात् तखावीतं गामसागवाडा श्रीमान् नोगामी अटेकचंद सुखचंद जोग्य अपंच तमे कलारापामेरे आठेम चउदेशुदनी तथा वदनी भाटी गारवी नहीं ते हग वरम पारवी तेना रु० २५०) आँके रूपीआ अडीशे श्री दरबारे लीदाने युगा होकम हजुरनो प्रवानगी सुरंको सरदार सींघ जैनी संवत १८९३ मगशरवदी ७ घांमी आंसुदीली। दानेपारवुं ते नुखरु करी आप्युं छे।

वीजय सावत मुद्रीका

परवाना नं० ३

इस परवाने में महाराज उदयसिंह ने सागवाड़ा के जैनियों को यह सुविधा प्रदान की है कि भाद्रपदमास में पर्यूषण के दिनों में १८ दिन पर्यन्त अर्थात् भादो वदी १२ से भादो सुदी १४ तक शहर में कोई हिंसा का कार्य नहीं करे। बैल पर बोझ लादना, बैल को समय पर दाना-पानी न देना आदि भी हिंसा में सम्मिलित किये गये हैं। परवाने की नकल निम्न प्रकार है—

श्रीनाथजी

श्रीमहामाई प्रसादा- तूरायागय महारावल जी श्री उदेसींघजी वीजय सावत मुद्रीका

श्री रायारायें महाराजाधिराज महारावलजी श्री उदेसींघजी लीग्वावीनां मोजे सागवाडा मध्ये साहा माणकदासजी नोगामी आदलीचंदजी वगेगह समस्त महाजनान जोग्य अप्रंच सागवाडा में पजोसरणा के दीनो में पोठी माहाजन लोग नही लादे दीवगेगह आगाह आगेकानाक्याहे ओर ईन अरसा मेनीमा माहाजनां ने पोठी लादने सरु कीआ जिसपर तुमने हमारी हजुरमे अरज कीआ ईस वास्ते बमुजब दरखास्त तुमारेके नीमा माहाजनान कुलादने पोटी मे मने की आगाह ओरई अे परवाना दीआ जाता हे सो आयेन्दे माफके आगाह के करीना तुमारा पजोसणां का बाहाल हे। अगर ईसमे कोई महाजन दस्तुर तोडेगा तो माफके अगाह के श्री सरकार से मने कीआ जावेगा खुसी और खातर जमा रखो होकम श्री हजुरनो ता० ३१ माह अगष्ठ सन १८५४ ई० श्रावण वदी ३० संवत् १९२१ प्रवानगी साहा नीहालचंदजी की।

वीजय सावत मुद्रीका

[सं०—नेमिचन्द्र ज्योतिषाचार्य]

रत्नकरण्डश्रावकाचार की प्राचीनता पर अभिनव प्रकाश

[लेखक—श्रीयुत न्यायाचार्य पं० दरबारीलाल जैन, कोठिया]

उपलब्ध श्रावकाचारों में 'रत्नकरण्डश्रावकाचार' सब से प्राचीन और महत्त्व का मौलिक श्रावकाचार-ग्रन्थ है। इसके कर्त्ता सुप्रसिद्ध आचार्य समन्तभद्र स्वामी हैं, जिन्होंने आप्तमीमांसा (देवागम), युक्त्यनुशासन, स्वयम्भूस्तोत्र और जिनशतक ये चार महत्वपूर्ण ग्रंथ और बनाये हैं। जैनसाहित्याकाश में इनकी सभी कृतियाँ तेजस्वी नक्षत्र मानी जाती हैं और इसलिये उनका समग्र जैनवाङ्मय में बड़ा गौरवपूर्ण स्थान है तथा उन्हें बड़े आदर और चाव से पढ़ा जाता है। इसका कारण यह है कि ये सब ही मौलिक, सूत्रात्मक और अद्वितीय कृतियाँ हैं। यही वजह है कि वे उत्तरवर्ती जैन ग्रंथकारों के लिये आधार हुई हैं और पथप्रदर्शक बनी हैं।

वर्तमान में कुछ विद्वान् 'रत्नकरण्डश्रावकाचार' के प्राचीनत्व में शक करते हैं। अतः आज हम प्रस्तुत लेख में उसकी प्राचीनता पर प्रमाण-पूर्वक नया प्रकाश डालते हैं। इन प्रमाणों में दो प्रमाण—पहला और अन्तिम तो बिल्कुल नये हैं जो हमें ग्रन्थों का आभ्यन्तर परीक्षण और अध्ययन करते हुए प्राप्त हुए हैं। आशा है इन प्रमाणों से रत्नकरण्ड-श्रावकाचार की प्राचीनता पर समुचित प्रकाश पड़ेगा और विद्वानों को उसके निर्णय में अच्छी सहायता मिलेगी।

१. रत्नकरण्ड और यशस्तिलक की तुलना—

आचार्य सोमदेव ने अपना यशस्तिलक शक सं० ८८१ में समाप्त किया है। इन्होंने इसमें रत्नकरण्डश्रावकाचार का कितना ही उपयोग किया है। यहाँ हम दोनों ग्रंथों के तुलनात्मक नमूने पेश करते हैं :—

(क) विद्यावृत्तस्य सम्भूतिस्थितिवृद्धिफलोदयाः।
न हि सन्त्यसति सम्यक्त्वे वीजाभावे तरोरिव ॥

—रत्नकरण्ड श्लोक ३२

विद्याविभूतिरूपाद्याः सम्यक्त्वरहिते कुतः।
न हि वीजव्यपायेऽस्ति सस्यसम्पत्तिरङ्गिनि ॥

—यशस्ति० पृ० ३२४।

(ख) गृहस्थो मोक्षमार्गस्थो निर्मोहो नैव मोहवान् ।

—रत्नकर० श्लो० ३३ ।

अव्रतस्थोऽपि मुक्तिस्थो न व्रतस्थोऽप्यदर्शनः ।

—यशस्तिलक पृ० ३२४ ।

(ग) ज्ञानं पूजां कुलं जातिं बलमृद्धिं तपो वपुः ।
अष्टावाश्रित्य मानित्वं स्मयमाहुर्गतस्मयाः ॥

—रत्नकर० श्लो० २५ ।

जाति-पूजा-कुल-ज्ञान-रूप-सम्पत्तपोबले ।
उत्वान्त्यहंयुत्तोद्रेकं मदमस्मयमानसाः ॥

—यशस्ति० पृ० ४१४ ।

(घ) जीवाजीवसुतत्त्वे पुण्यापुण्ये च बन्धमोक्षौ च ।
द्रव्यानुयोगदीपः श्रुतविद्यालोकमातनुते ॥

—रत्नकर० श्लो० ४६ ।

जीवाजीवपरिज्ञानं धर्माधर्मविबोधनम् ।
बन्धमोक्षज्ञता चेति फलं द्रव्यानुयोगतः ॥

—यशस्ति० पृ० ४१५ ।

(ङ) भुक्त्वा परिहातव्यो भोगो भुक्त्वा पुनश्च भोक्तव्यः ।
उपभोगोऽशनवसनप्रभृतिपाञ्चेन्द्रियो विषयः ॥

—रत्नकर० श्लो० ८३ ।

यः सकृत्सेव्यते भावः स भोगो भोजनादिकः ।
भूषादिः परिभोगः स्यात्पौनः पुन्येन सेवनात् ॥

—यशस्ति० पृ० ४०२ ।

(च) नियमो यमश्च विहितौ द्वेधा भोगोपभोगसंहारे ।
नियमः परिमितकालो यावज्जीवं यमो ध्रियते ॥

—रत्नकर० श्लो० ८७ ।

यमश्च नियमश्चेति द्वे त्याज्ये वस्तुनी स्मृते ।
यावज्जीवं यमो ज्ञेयः सावधिर्नियमः स्मृतः ॥

—यशस्ति० पृ० ४०३ ।

(छ) स्मयेन योऽन्यानत्येति धर्मस्थान् गर्विताशयः ।
सोऽत्येति धर्ममात्मीयं न धर्मो धार्मिकैर्विना ॥

—रत्नकर० श्लो० २६ ।

यो मदात्समयस्थानामवह्लादेन मोदते।
स नूनं धर्महा यस्मान्न धर्मो धार्मिकैर्विना॥

—यशस्ति० पृ० ४१४।

रत्नकरण्ड और यशस्तिलक की इस तुलना से प्रकट है कि रत्नकरण्डश्रावकाचार यशस्तिलक (शक सं० ८८१) से पूर्व की रचना है और उसका उसमें खूब उपयोग हुआ है।

२. आचार्य वादिराज और प्रभाचन्द्र के उल्लेख—

आचार्य सोमदेव से कुछही उत्तरवर्ती वादिराज और प्रभाचन्द्र ने रत्नकरण्ड का स्पष्ट शब्दों में क्रमशः पार्श्वनाथ चरित (श्लो० १९) और रत्नकरण्डटीका में (पृ० १) नामोल्लेख किया है। प्रभाचन्द्रने तो समग्र ग्रन्थ पर अपनी टीका ही बनाई है। और इसलिए इन दो विद्वानाचार्यों के प्रमाणोल्लेखों से भी रत्नकरण्ड उनसे पूर्ववर्ती सिद्ध है।

३. सिद्धसेन दिवाकर के न्यायावतार में रत्नकरण्ड का पद्य—

सिद्धसेन दिवाकर का समय यद्यपि एक मत से अभी तक निश्चित नहीं हो सका है। कोई विद्वान् उन्हें विक्रम के नवरत्नों में 'क्षपणक' बतलाते हैं। कोई पाँचवीं शताब्दी का कहते हैं और अनेक विद्वान् उन्हें सातवीं शताब्दी का प्रकट करते हैं। जो हो, फिर भी वे विक्रम की सातवीं आठवीं शताब्दी के विद्वान् अवश्य है क्योंकि सातवीं शदी के विद्वान् धर्मकीर्ति, कुमारिल और पात्रकेशरी का उन्होंने अनुसरण किया है और सिद्धर्षि के, जिनका समय ९ वीं शताब्दी बतलाया जाता है और जिन्होंने उनके 'न्यायावतार' पर टीका लिखी है, पूर्ववर्ती हैं। इन सिद्धसेन दिवाकर ने अपने 'न्यायावतार' में रत्नकरण्ड का 'आप्तोपज्ञमनुल्लंघ्य' आदि ९ वां पद्य ज्यों का त्यों दिया है। जो रत्नकरण्ड का मूल पद्य है और न्यायावतार में उसे वहां से उठाकर उसी प्रकार मिला लिया है जिस प्रकार अकलंक ने न्यायविनिश्चय में स्वामी समन्तभद्र की आप्तमीमांसा की **'सूक्ष्मान्तरितदूरार्था'** और पात्रकेशरी के त्रिलक्षणकदर्थन की 'अन्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र' इन कारिकाओं को वहाँ से उठा कर मिला लिया है और अपने ग्रंथ का उन्हें अङ्ग बना लिया है। अतः इससे भी सिद्ध है कि रत्नकरण्ड न्यायावतार से पूर्व की रचना है अर्थात् विक्रम की ७ वीं शती से पहले की वह कृति है, इसमें जरा भी सन्देह अथवा विवाद नहीं हो सकता।

४. रत्नकरण्ड में अपने समय की एक ऐतिहासिक परम्परा का समुल्लेख—

अब हम रत्नकरण्डगत उस प्राचीन परम्परा को बतलाते हैं, जो ग्रंथकार की ही दूसरी रचना स्वयम्भूस्तोत्र में उपलब्ध है। और जिससे रत्नकरण्ड की अति सुप्राचीनता स्पष्टतः

प्रमाणित हो जाती है। रत्नकरण्ड में ११ वीं प्रतिमा का स्वरूप निम्न प्रकार किया गया है :—

गृहतो मुनिवनमित्वा गुरुपकण्ठे व्रतानि परिगृह्य।
भैक्ष्याशनस्तपस्यन्नुत्कृष्टश्चेलखण्डधरः ॥श्लो० १४७॥

११ वीं प्रतिमा का ऐसा निर्विकल्प विशुद्ध स्वरूप अन्य किसी भी श्रावकाचार में उपलब्ध नहीं होता। उक्त पद्य में कहा गया है कि 'घर से मुनिवन में जाकर गुरु के पास में व्रतों को ग्रहण कर के जो भिक्षावृत्तिपूर्वक रहता है, तथा तपों को तपता है और खण्ड-वस्त्र का धारी है वह उत्कृष्ट श्रावक अर्थात् ११ वीं प्रतिमावाला कहा जाता है।' यहाँ खास ध्यान देने योग्य 'मुनिवन' शब्द है जिसका अर्थ है 'मुनियों का निवास स्थान वन' और जिससे यह प्रकट है कि रत्नकरण्ड के रचयिता के समय में मुनि वनमें ही रहते थे— वे वसतिका, मन्दिर-मठादि में नहीं रहते थे। इसी लिये उत्कृष्ट प्रतिमाधारी को व्रतग्रहण के लिये वहीं जाने का विधान किया गया है। यदि उस समय वसतिका या मन्दिर-मठादि में मुनि गण रहते होते तो 'मुनिवन' में ही जाने का वे विधान न करते। मन्दिर या वसतिका में गुरु के पास व्रतों के दिये जाने का भी वे विधान करते। जैसा कि लाटी संहिताकार आचार्य कल्प पं० राजमल्ल जी ने विधान किया है—

सर्वतोऽस्य गृहत्यागो विद्यते सन्मुनेरिव।
तिष्ठेद्देवालये यद्वा वने च मुनिसन्निधौ॥
उत्कृष्टः श्रावको द्वेधा क्षुल्लकश्चैलकस्तथा।
एकादशव्रतस्थौ द्वौ स्तो द्वौ निर्जरकौ क्रमात्॥

—सर्ग ७, पद्य ५४, ५५।

अब श्रावकाचार के दूसरे प्राप्त ग्रन्थों के ११ वीं प्रतिमाधारक के लक्षणों को भी देखिये। इनमें रत्नकरण्ड जैसा न संक्षिप्त विशुद्ध लक्षण है और न मुनिवन का वैकल्पिक लक्षण ही है।

(क) ११ वीं शताब्दी के विद्वान् चामुण्डराय ने अपने चारित्रसार में ११ वीं प्रतिमा-धारक का निम्न प्रकार लक्षण किया है—

"उद्दिष्टविनिवृत्तः स्वोद्दिष्टपिण्डोपधिशयनवसनादेर्विरतः सन्नेकशाटकधरो भिक्षाशनः पाणिपात्रपुटेनोपविश्य भोजी रात्रिप्रतिमादितपः समुद्यत आतापनादि-योगरहितो भवति।" —पृष्ठ १९।

(ख) १२वीं शती के विद्वान् वसुनन्दि सैद्धान्तिकदेव ने अपने श्रावकाचार में इस प्रतिमाधारी का १२ गाथाओं में वर्णन किया है। उन्होंने उसके दो भेद बतलाकर आहा-रादि में उसकी प्रवृत्ति का प्रकार भी वर्णित किया है, मुनिवन में उसे व्रतों के लिये जाने

का कोई उल्लेख नहीं किया। इस ग्रन्थ की ११ वीं प्रतिमा का स्वरूप वर्णन करनेवाली पहली गाथा निम्न प्रकार है—

एयारसम्मि ठाणे उक्किट्ठो सावओ हवे दुविहो।
वत्थेकधरो पढमो कोवीण परिग्गहो विदियो॥

—गाथा ३०१।

(ग) ईसवी सन् १०१४ (वि० सं० १०७० के) विद्वान् अमितगतिने अपने श्रावकाचार में इस प्रतिमाधारी का स्वरूप इस प्रकार दिया है—

यो बन्धुराबन्धुरतुल्यचित्तो गृह्णाति भोज्यं नवकोटिशुद्धम्।
उद्दिष्टवर्जी गुणिभिः स गीतो विभीलुकः संसृतिमातुधान्याः॥

—अमित० श्रा० ८-७७।

यहाँ भी मुनिवन में जाकर व्रतों को ग्रहण करने का इस प्रतिमाधारी के लिये कोई विधान निर्दिष्ट नहीं है।

(घ) पं० राजमल्लजी के दो पद्यों को ऊपर उद्धृत किया गया है। ऐलक के विषय में वे लिखते हैं—

तिष्ठेच्चैत्यालये संघे वने वा मुनिसन्निधौ।
निरवद्ये तथास्थाने शुद्धे शून्यमठादिषु॥

इस तरह इन श्रावकाचारों में कथित ११वीं प्रतिमाधारी के लक्षणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि रत्नकरण्ड में गृहत्यागी परम्परा स्वीकृत हुई है, जो उस समय पहले से प्रचलित चली आ रही थी और उसमें कोई तबदीली नहीं हुई थी। अर्थात् रत्नकरण्ड उस समय की रचना है जब मुनिगण वनमें ही रहा करते थे, मठों चैत्यालयों आदि में नहीं और इसलिये रत्नकरण्ड का रचनाकाल दूसरी-तीसरी शताब्दी है, जब शिथिलाचार मुनियों में जरा भी प्रवृत्त नहीं था और न मुनि चैत्यालयों या मठों में रहते थे। दूसरे शब्दों में यह कह सकते हैं कि वह तब की रचना है जब मुनियों में चैत्यवास प्रचलित नहीं हुआ था—केवल वनवास प्रचलित था।

अब यह देखना चाहिये कि मुनि अपने प्राचीन निवासस्थान वन को छोड़कर वहाँ से चैत्यालयों आदि में कब से रहने लगे?

जटासिंहनन्दि ने, जिनका समय डा० ए० एन० उपाध्ये ने ऊहापोह पूर्वक ६५० ईस्वी से ७५० ई० निर्द्धारित किया है। अपने वरांगचरित में मुनियों के निवास स्थान के सम्बन्ध में निम्न प्रकार लिखा है—

शून्यालये देवगृहे श्मशाने महाटवीनां गिरिगह्वरेषु।
उद्यानदेशे द्रुमकोटरे वा निवास आसीदपिसत्तमानाम्॥

रात्रिंचरा भीमरवाः शकुन्ताः शार्दूलसिंहद्विपजम्बुकर्क्षाः ।
यत्राकुला भीमभुजंगमाश्च तत्रास वासो यतिपुङ्गवानाम् ॥

—वरांग च० अ० ३०—२६, २७, २८, २९, ३० आदि पद्य।

यहाँ जटासिंहनन्दि ने मुनियों का वास वनादि के अतिरिक्त देवगृह में भी बतलाया है, इससे यह जान पड़ता है कि उनके समय में मुनि वनादि के अलावा देवगृह में भी रहने लगे थे।

अब ९ वीं शती के विद्वान् और प्रसिद्ध जिनसेनाचार्य के प्रधान शिष्य उत्तरपुराणकार गुणभद्राचार्य अपने आत्मानुशासन में क्या कहते हैं ? सो भी देखिये, वे लिखते हैं—

इतस्ततश्च त्रस्यन्तो विभावर्यां यथा मृगाः ।
वनाद्विशन्त्युपग्रामं कलौ कष्टं तपस्विनः ॥श्लो० १९७॥

यहाँ वे कहते हैं कि "जैसे रात्रि में मृग इधर से उधर डरते फिरते हैं वैसे ही इस कलिकाल में तपस्वी वन से गाँव के समीप प्रवेश कर रहे हैं, यह दुःख की बात है।" इससे जाना जाता है कि गुणभद्राचार्य के समय (९ वीं शती) में मुनियों का प्रवेश गांव के पास (वसनिकाओं-मठों) में होने लगा था और वनमें रहने की उनकी प्रवृत्ति छूट रही थी और इस स्थिति को देखकर वे अफसोस जाहिर करते हैं तथा उसे कलिकाल का प्रभाव बतलाते हैं।

इससे यह प्रकट होता है कि मुनियों में चैत्यवास की प्रथा जटासिंहनन्दी से कुछ पूर्व से चालू तो हो चुकी थी, लेकिन उस समय उनकी अपनी वनवास की प्रथा भी मौजूद थी—पहाड़ों की गुफा आदि में और भयंकर स्थानों में तथा वनों में भी वे रहते थे। पर इस स्थिति का ह्रास उत्तरोत्तर होता गया और गुणभद्राचार्य के समय में तो वनवास प्रायः छूट सा ही गया और चैत्यवास की प्रधानता हो गई। अब हमें यह देखना चाहिये कि चैत्यवास का श्री गणेश (प्रारंभ) हुआ कब से ?

जैन इतिहास के मर्मज्ञ विद्वान् पं० नाथूराम जी प्रेमी ने आज से कोई २६, २७ वर्ष पूर्व सन् १९२० में 'जैनहितैषी' में 'वनवासी और चैत्यवासी सम्प्रदाय' शीर्षक से एक विचारपूर्ण लेख लिखा था, जो अब 'जैनसाहित्य और इतिहास' नामक उनके प्रकाशित निबन्ध संग्रह में निबद्ध है[1]। आपने मर्करा के एक दानपत्र के जो शक सं० ३८८ (वि० सं० ५२३) का है, आधार से यह बतलाया है कि उसमें महाराजा अविनीत द्वारा चन्द्रनन्दि मुनि को जैनमन्दिर के लिये एक गाँव दिये जाने का उल्लेख है। इसका निष्कर्ष निकालते हुए आपने लिखा है कि 'इसका (चैत्यवास का) प्रारम्भ सम्भवतः विक्रम,

१ देखिये इसी ग्रन्थ के पृष्ठ ३४७।

की छठी शताब्दी के लगभग हो गया था।" वहाँ आपने यह भी बतलाया है कि द्राविड़ संघ के स्थापक वज्रनन्दि, जो पूज्यपाद के शिष्य थे, उनको आदि लेकर पुराने चैत्यवासी थे। इसका तात्पर्य यह हुआ कि चैत्यवास लगभग विक्रम की पाँचवीं, छटी शताब्दी से अवश्य प्रारम्भ हो गया था, यद्यपि गुणभद्राचार्य के समय तक अथवा उनके कुछ पूर्व तक बनवास भी चैत्यवास के साथ चलता रहा। जो हो, यह निश्चित है कि विक्रम की दूसरी तीसरी शती में चैत्यवास का नाम मात्र भी नहीं था—उस समय एकमात्र मुनियों में बनवास था, जैसा कि प्रेमी जी के उपरोक्त लेख से प्रकट है।

स्वयम्भूस्तोत्र का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पद्य।

यों तो स्वयम्भूस्तोत्र में अनेक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पद्य और पद, वाक्यादि भरे पड़े हैं, जिनमें ग्रंथकार ने बड़ा इतिहास भर दिया है और जो इतिहास के विद्वानों के लिये जैन इतिहास में बड़े उपयोगी हो सकते हैं। पर यहाँ प्रकृत से सम्बन्ध रखने वाले एक ही पद्य को उपस्थित करते हैं। स्वयम्भू स्तोत्र का वह पद्य इस प्रकार है :—

वहतीति तीर्थमृषिभिश्च सततमभिगम्यतेऽद्य च।
प्रीतिविततहृदयैः परितो भृशमूर्ज्जयन्त इति विश्रुतोऽचलः॥

—स्वयम्भू० १२८, अरिष्टनेमि०।

यहाँ स्वयम्भूस्तोत्रकार ने २२ वें तीर्थंकर अरिष्टनेमि का स्तवन करते हुए उनके तपोगिरि 'ऊर्ज्जयन्त' पर्वत (गिरनार) का ऐतिहासिक चित्रण किया है। वे कहते हैं कि 'जो लोक में प्रसिद्ध उर्ज्जयन्त (तीर्थंकर का तपोगिरि होने से) 'तीर्थ' संज्ञा को वहन करता है अर्थात् 'तीर्थ' कहा जाता है और जो चारों ओर से बहुत तादाद में प्रीतिपूर्ण विशाल हृदय ऋषियों से निरन्तर आसेवित रहता है और आज भी है।' यह पद्य उस समय के मुनियों के आचार, प्रवृत्ति और तपस्वी जीवन पर बड़ा भारी प्रकाश डालता है। इस पद्य के प्रायः सभी पद ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। 'अद्य' पद तो खास तौर से बड़े महत्व का ऐतिहासिक पद है, जिसके द्वारा यह प्रकट किया गया है कि उनके (स्वयम्भू स्तोत्रकार स्वामी समन्तभद्र के) समय में ऋषिगण बड़ी भारी तादाद में ऊर्ज्जयन्तगिरि (गिरनार पर्वत) को सतत सेवे हुए थे। और वह भी स्वेच्छापूर्वक विशाल हृदय को लेकर। वहाँ रहने में उन्हें किसी प्रकार के भय, त्रास या कष्ट का अनुभव नहीं होता था। गांव के समीप अथवा वसनिकाओं, मठों या देवग्रहों में रहना तो दूर रहा उनमें रहने की उनकी न इच्छा होती थी और न प्रवृत्ति ही—वे ऊर्ज्जयन्त जैसे गिरिपर्वतों—बनों में ही रहने की अपनी प्राचीन परम्परा के प्रिय थे और उसे हृदय से पालन किये हुए थे।

अब रत्नकरण्ड के, 'मुनिवनमित्वा' और स्वयम्भूस्तोत्र के 'ऋषिभिश्च सततमभिगम्यतेऽद्य च' इन दोनों पद्यों की तुलना कीजिये और अत्यन्त बारीकी से निरीक्षण कीजिये। उससे मालूम हो जायगा कि स्वयम्भूस्तोत्र जिस काल की रचना है उसी काल की रत्नकरण्ड-श्रावकाचार भी। अर्थात् ये दोनों ग्रंथ उस समय के हैं जब मुनियों में चैत्यवास का नाममात्र भी न था—वनवास ही उनमें प्रचलित था। यदि रत्नकरण्ड विद्यानन्द के श्लोकवार्तिक और गुणभद्राचार्य के आत्मानुशासन के बाद लिखा गया होता तो उसमें ११ वीं प्रतिमावाले के लिये 'गृहतो मुनिवनमित्वा'—घर से मुनि वन में जाने का उल्लेख कदापि न आता; क्योंकि उस समय चैत्यवास होने लगा था और वनवास प्रायः छूट चुका था और इसलिये ११ वीं प्रतिमा धारण करने वाले को व्रतों के ग्रहण करने के लिये मुनियों का सान्निध्य गांव के पास वसतिकाओं में, चैत्यालयों में और मठों में मिल सकता था और वहीं जाने का उसे रत्नकरण्डककार आदेश करते—वन में निवास करने वाले मुनियों के पास नहीं अथवा कुछ भी न कहते या चैत्यवास को भी साथ में कहते।

अतएव इस विवेचन से यह प्रामाणिक निष्कर्ष निकलता है कि रत्नकरण्डश्रावकाचार उतना अर्वाचीन नहीं है और न विद्यानन्द या गुणभद्राचार्य के बाद की रचना है जितना और जैसा एक-दो विद्वान् समझते हैं। अतः इन ग्रंथों के मर्मज्ञ विद्वानों से नम्र अनुरोध है कि वे सारी ऐतिहासिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए 'रत्नकरण्ड के 'गृहतो मुनिवनमित्वा' और स्वयम्भूस्तोत्र के 'ऋषिभिश्च सततमभिगम्यतेऽद्य च। प्रीति-वन-हृदयः परितो भृशमूर्जयन्त इति विश्रुतोऽचलः।' इन समस्त पदों पर सूक्ष्मता से विचार करें और बड़ी गम्भीरता से सोचें। उनकी चलती कलम से उपेक्षा न करें।

उपसंहार

ऊपर जो प्रमाण दिये गये हैं उन पर से रत्नकरण्ड श्रावकाचार की अति प्राचीनता पर प्रकाश पड़ता है। वह मुनियों के वनवास के समय की प्रौढ़ रचना है, चैत्यवास के समय की नहीं, जिसका प्रारम्भ विक्रम की पाँचवीं, छठवीं शती माना जाता है और इसलिये रत्नकरण्ड में वनवास का ही विधान होने से वह विक्रम की पाँचवीं शताब्दी से बहुत पहले अर्थात् २री ३री शती की रचना है, इसमें अब कोई सन्देह नहीं रहता। ११ वीं प्रतिमा के स्वरूप में उत्कृष्ट श्रावक को तीन बातें अथवा शर्तें बतलाई गई हैं—पहली शर्त यह कि वह वन में जाकर मुनियों के समीप में व्रतों को ग्रहण कर भिक्षावृत्ति पूर्वक आहार ले, दूसरी शर्त यह कि तपों को तपे, तीसरी यह कि खण्डवस्त्र (एकवस्त्र) को धारण करे, यह उसकी चर्या है। यहाँ उसे वन में जाने मात्र का आदेश है वह वहीं रहे या न रहे, इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा गया जैसा कि उत्तरवर्ती श्रावकाचारकारों ने उसके लिये शून्य मठ, चैत्यालय आदि में रहने का विशेष तौर से उल्लेख किया है, इसलिये वह तो मुनि

वन के अलावा दूसरी जगह भी रह सकता है। पर मुनियों के लिये वहाँ दो मार्ग नहीं हैं—उनके लिये तो एक ही मार्ग का निर्देश है और वह है 'वन में रहना'—वनमें ही उन्हें 'ज्ञानध्यानतपोरक्तस्तपस्वी' होने चाहिये। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस ग्रंथ में 'रत्नमाला' आदि ग्रन्थों जैसी शिथिलाचार प्रवर्त्तक या पोषक मान्यता भी कोई नहीं है। अतः रत्नकरण्ड श्रावकाचार स्वयम्भूस्तोत्र की रचनाकाल का जो दूसरी, तीसरी शती माना जाता है, ग्रन्थ है; यह स्पष्ट है।

२८ जनवरी १९४६ }
सरसावा।

नोट—कुछ दिनों से समाज में रत्नकरण्ड की प्राचीनता के सम्बन्ध में विवाद चल रहा है। विद्वान् लेखक का उपर्युक्त अन्वेषणात्मक निबन्ध उक्त विवादास्पद विषय के निर्णय में पर्याप्त सहायक होगा। लेखक की अन्तिम दलील बहुत सबल है, आशा है रत्नकरण्ड की प्राचीनता में सन्देह करनेवाले महानुभावों का समाधान हो जायगा।

—नेमिचन्द्र ज्योतिषाचार्य

कारंजा के कतिपय मूर्तिलेख

दि० जैन सेनगण मन्दिर—

१ नन्दीश्वर प्रतिमा—धातुमयी, पीत वर्ण, १ फुट ऊंची—लेखः—शके १५०० सर्वजीत संवत्सरे माघमासे शुक्लपक्षे १३ दिने श्री श्रीमूलसंघ सेनगणे पुष्करगच्छे वृषभसेनान्वये भट्टारक श्रमणभद्रे तत्पट्टे श्री लक्ष्मीसेनोपदेशात् बघेरवाल ज्ञातीय श्रोसवाल गोत्रे सिंघई श्री संवदरा तद्भार्या पुनाई नन्दीश्वरबावनजिनचैत्यालय प्रतिष्ठापित शुभं भवतु।

२ संभवनाथ—पाषाणमयी, श्वेतवर्ण, १। फुट ऊंची, लेख—शके १५८७ मार्गशीर्ष शुक्ला १३ दिने मूलसंघे पुष्करगच्छे सेनगणे वृषभसेनान्वये बघेरवालज्ञातीय विट्ठल सोनसा।

३ पार्श्वनाथ—पाषाणमयी, श्वेतवर्ण, २ फुट ऊंची, लेख—शके १५८० विलंब संवत्सरे मार्गशीर्ष व० ४ मू० सं० पु० ग० सेनगणे वृषभसेनान्वये भट्टारक सोमसेन तत्पट्टे श्रीजिनसेनगुरूपदेशात् एलचपुर वास्तव्ये खण्डेरवालज्ञातीये कटारिया गोत्रे सोनसा तद्भार्या लिंबाइ तयोः पुत्रास्त्रयः प्रथम पुत्र महाजन श्रीगणासाह तस्य भार्या बमटाइ प्रपौत्र महाजन श्री भाऊसा इत्यनेन प्रतिष्ठापितं।

४—चन्द्रप्रभु—पाषाणमयी, श्वेतवर्ण, ६ इञ्च ऊंची, लेख—शके १६७३ फाल्गुन वदी १२ रविवारे सेनगणे वृषभसेनान्वये भट्टारक शान्तिसेनोपदेशात् कारंजा महानगरे प्रतिष्ठापितम्।

५ वृषभनाथ—पाषाणमयी श्वेतवर्ण, ९ इञ्च ऊंची, लेख—शके १६७३ फाल्गुन वदी १२ रविवार सेनगणे वृषभसेनान्वये भट्टारक श्री शान्तिसेनोपदेशात् कारंजा महानगरे प्रतिष्ठापितम्।

६ शीतलनाथ—धातुमयी, पीतवर्ण, ९ इंच ऊंची, लेख—शके १५८० मार्गशीर्ष व० सं० सेनगणे वृषभसेनान्वये श्री सोमसेन तत्पट्टे जिनसेनोपदेशात कारंजा वास्तव्ये बघेरवाल सावलिया गोत्रे वीरसाह तद्भार्या गोनाइ तयोः पुत्रौ द्वौ नवनामा तस्य भार्या दाइ भ्राता शीतलसा एते प्रणमंति।

७ सुपार्श्वनाथ—धातुमयी, पीतवर्ण, ६ इंच ऊंची, लेख—सं० १६६० माघे शुक्लपक्षे ५ गुरुवारे मू० सं० सेनगणे श्री सोमसेन तत्पट्टे श्री गुणभद्रोपदेशात् श्री बाह चारित्रमती।

८ चतुर्विंशतिका—धातुमयी, पीतवर्ण, ९ इंच ऊंची, लेख—सं० १५७७ ज्येष्ठ शुक्ला १० बुधे मू० सं० सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्री सकलकीर्त्ति तत्पट्टे श्री भुवनकीर्त्ति तत्पट्टे श्री ज्ञानभूषण तत्पट्टे विजयकीर्ति .... संघई नरसिंगसा नेभासा श्रीसंभवनाथं नमति।

९ संभवनाथ—पाषाणमयी, कृष्ण वर्ण, ९ इंच ऊंची, लेख—सं० १५६१ प्रमादि संवत्सरे फाल्गुन शु० ५ भट्टारक श्री सोमसेनेन प्रतिष्ठापितं।

१० नमिनाथ—पाषाणमयी, कृष्णवर्ण, १ फुट ऊंची, लेख—सं० १६७६ वैशाख शुक्ला ६ भट्टारक श्री सकलकीर्ति तत्पट्टे श्री पद्मनन्दी गुरूपदेशात् समस्त श्रीसंघाः प्रणमन्ति।

११ चन्द्रनाथ—पाषाणमयी, कृष्णवर्ण, १½ फुट ऊंची, लेख—सं० १६४६ वै० शु० १३ समस्तसंघ सेनगणेन प्रतिष्ठापितं।

श्री दि० जैन मन्दिर काष्ठासंघ—

१ महावीरस्वामी—पाषाणमयी, बादामीरंग २½ फुट ऊंची।

२ शान्तिनाथ—पाषाणमयी, बादामी रंग, ३ फुट ऊंची।

३ शीतलनाथ—पाषाणमयी, बादामी रंग ३ फुट ऊंची।

लेख—काष्ठासंघे नंदीतटगच्छे भ० चन्द्रकीर्त्तिस्तत्पट्टे लक्ष्मीसेनस्तत्पट्टे भ० इन्द्र भूषण प्रतिष्ठितं।

संवत १७१५ शके १५८० वर्षे विलंबिनाम संवत्सरे माघमासे शुक्लपक्षे पंचमीदिने सोमे कारंजानगरे चन्द्रप्रभचैत्यालये काष्ठासंघे लाडवागडगच्छे पुष्करगणे लोहाचार्यान्वये भट्टारक श्री प्रतापकीर्त्याम्नाये बघेरवालज्ञातीय गोवालगोत्रे संघवी बापु भार्या यमुनाइ तयोः पुत्रौ सं० भोज सं० पदाजी सं० भोजसभा पदमाई तयोः पुत्र संघवी पदाजीतस्य प्रथम भार्या एमाई तयोः पुत्र सं० बापु भा० कमला पुत्र नाभा भा० गंगा सं० आदुसा भा० गोमाई सं० अर्जुन भा० शकु तयोः भार्या कमलजा तयोः पुत्र समोबा भार्या चांदा सं० बापुकस्य भा०...सं० नवना सं० मानल भार्या हांस तयोः पुत्र सं० सोभते प्रणमंति।

४ शीतलनाथ—धातुमयी, पीतवर्ण, ८ इंच ऊँची, लेख—(सामने का भाग) संमत १६८७ वर्षे फाल्गुन सुदि १० गुरौदिने काष्ठासंघे नंदितटगच्छे विद्यागणे भ० श्रीरामसेनान्वये भट्टारक श्रीविश्वसेन तत्पट्टे भ० विद्याभूषण तत्पट्टे भ० श्री श्रीभूषण तत्पट्टे श्री चन्द्रकीर्त्ति तत्पट्टे भ० श्री रामकीर्त्ति तत्पट्टे भ० श्रीलक्ष्मीसेन प्रतिष्ठितमिदं बिंबं॥

(पीछे का भाग)—संमत १६८६ वर्षे फाल्गुन सुदि १० गुरौ श्रीकाष्ठासंघे लाडवागड गच्छे पुष्करगणे श्रीलोहाचार्यान्वये भ० नरेन्द्रकीर्त्ति तत्पट्टे भ० प्रतापकीर्त्ति तदाम्नाये बघेरवाल जातीय पीतलियागोत्रे सा० रतन भा० हीलाई तयोः पुत्रः सा० रामा भा० नेमाई तयोः पुत्रस्त्रय प्रथम पुत्र सा० रतन भा० वागाई तयोः पुत्र सा० माणिक रामाख्यास्य द्वितीय पुत्र हिरा भा० राजाई तयोः पुत्र लाखा भा० गोदाई रामाख्यास्य तृतीय पुत्र सा० तवना भा० चांगाई तयोः पुत्र सा० अंतु एते सर्वे नित्यं प्रणमंति।

५ महावीर स्वामी—स्फटिकमयी, श्वेतवर्ण, ११ इञ्च ऊँची, लेख—संमत १७३२ वर्षे वैशाख सुदि ७ सोमे बुहीणपुरे वास्तव्य सा० वासुदेव जगजीवनदास कारितं श्रीमहावीर जिन बिंबं वासुपूज्य जिनबिंबं च।

६ शीतलनाथ—धातुमयी, पीतवर्ण, ९ इंच ऊँची लेख—(सामने का भाग) संमत १६९६ फाल्गुन सुदि १० गुरौ श्रीकाष्ठासंघे नंदितटगच्छे विद्यागणे भ० श्रीरामसेनान्वये भट्टारक श्रीविश्वसेन तत्पट्टे भ० विद्याभूषण तत्पट्टे भ० श्री श्रीभूषण तत्पट्टे भ० चन्द्रकीर्त्ति तत्पट्टे भ० श्रीराजकीर्त्ति तत्पट्टे भ० लक्ष्मीसेन प्रतिष्ठितमिदं बिंबं ॥

(पीछे का भाग) संमत १६९६ वर्षे फाल्गुन सुदि १० गुरौ श्रीकाष्ठासंघे लाडवागड गच्छे पुष्करगणे श्रीलोहाचार्यान्वये भ० नरेन्द्रकीर्त्ति तत्पट्टे भ० प्रतापकीर्त्ति तदाम्नाये बघेरवाल ज्ञातीय पीतल्यागोत्रे सा० रतन भा० पीलाई तयोः पुत्र सा० रामा भा० नेमाई तयोः पुत्रत्रय प्रथम पुत्र सा० रतन भा० बागाई तयोः पुत्र सा० माणिक रामास्यस्य द्वितीय पुत्र हिरा भा० राजाई तयोः पुत्र सा० लाखा भा० गोपाई रामास्यस्य तृतीय पुत्र सा० तवना भा० चांगाई तयोः पुत्र सा० अंतु एते सर्वे नित्यं प्रणमन्ति।

७ आदिनाथ—धातुमयी, पीतवर्ण, १½ फुट ऊँची, लेख—संवत १७०३ वर्षे ज्येष्ठ बदी १० शुक्रे दक्षिणदेशे कारंजकपुरे चन्द्रनाथचैत्यालये श्रीकाष्ठासंघे नंदीतटगच्छे विद्यागणे श्रीरामसेनान्वये भ० श्रीविश्वसेन तत्पट्टे भ० श्री विद्याभूषण तत्पट्टे भ० श्रीश्रीभूषण तत्पट्टे चन्द्रकीर्त्ति तत्पट्टे श्रीराजकीर्त्ति तत्पट्टे भ० लक्ष्मीसेन प्रतिष्ठितमिदं।

८ पद्मप्रभ—पाषाणमयी, श्वेतवर्ण, १½ फुट ऊँची, लेख—(सामने का भाग) संमत १६७० वर्षे फाल्गुन वदी ५ शुक्रे श्रीमूलसंघे भ० श्रीवादीभभूषणास्तत्पट्टे भट्टारक श्रीरामकीर्त्ति गुरूपदेशात् अग्रवालज्ञातीय सं० नाऊ भार्या रंगाई सुत सं० रूपचंद भा० कमला भ्राता सं० लंगा भा० करयाती ... (पीछे का भाग) वसंवेद भा० राईमती पुत्र पाट खान रतउ-रामन कृष्णदास सुन्दरदासएते श्रीपद्मप्रभनित्यं प्रणमंति।

९ पार्श्वनाथ—धातुमयी, पीतवर्ण, ४ इंच ऊँचाई लेख संमत १६४५ वर्षे वैशाख शुक्ला ७ सोमे श्रीकाष्ठासंघे लाडवागडगच्छे पुष्करगणे भ० श्री प्रतापकीर्त्ति तस्याम्नाये बघेरवाल ज्ञातीय नाटल गोत्रे सं० रामा भार्या रजाई सं० नेमाजी भा० गंगाई सं० साकुजी भा० सोनाई सं० सोनवा चातासणी प्रणमंती आ० गुणचन्द्र प्रतिष्ठितं।

शके १५४१ माघवदी ८ श्रीकाष्ठासंघे लाडवागड गच्छे भ० श्री प्रतापकीर्त्तिस्तदाम्नाये बघेरवालज्ञातीय गोवालगोत्रे अंतु संघनी भार्या नंदाई तयोः पुत्र सं० जसु भार्या गोजाई महासु भार्या जवाई श्रीचिन्तामणि पार्श्वनाथं प्रणमंति नंदितटगच्छे श्री श्रीभूषण प्रतिष्ठितं।

१० पार्श्वनाथ—धातुमयी, पीतवर्ण, १० इंच ऊँची लेख—संमत १६३९ वर्षे वैशाख सुदी ५ गुरौ श्रीमूलसंघे भ० सकलकीर्त्तिस्तत्पट्टे भ० श्रीभुवनकीर्त्तिस्तत्पट्टे भ० विजयकीर्त्तिस्तत्पट्टे भ० शुभचन्द्रस्तत्पट्टे भ० शुभकीर्त्तिस्तत्पट्टे भ० श्रीगुणकीर्त्ति तदाम्नाये ब्र० जिनदासस्तत्पट्टे ब्र० शान्तिदास तत्पट्टे श्रीहंसराजस्तत्पट्टे ब्र० राजपालस्तत्पट्टे ब्र० सामीदासगुरूपदेशात् श्रीजिनपुरवास्तव्य श्रीसंघ श्रीपार्श्व नाथं प्रति प्रणमन्ति शुभं भवतु।

११ समवशरणसभा—धातुमयी प्रतिमा, पीतवर्ण, २½ फुट ऊँची, लेख—संवत् १६४२ वर्षे ज्येष्ठ सुदी १३ सोमे श्रीमूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे ब्र० श्रीजिनदास तत्प ब्र० शान्तीदासोपदेशात् मयूर गेरे हुंवड ज्ञातीय वृद्ध गोत्रेस । साउजि । भा० लिघाइ । सु० । सा नरसिंग । भा० जिवाइ । सुतर । प्रथम । साधम भी । भा० २। प्र० । हासबाई ; गांगबाई । पुत्री वीलबाई । वीजानाम सं० । अभयराज । भा० मदजलदे । सुत २। साद्र उजि । आल्हजि । भोजाई । स । गोजाई । सुत ३ । विमगग । विद्याधर । राजधर । श्रीवीरजिणसमोसरणं प्रणमंति ।।

१२ पार्श्वनाथ—पाषाणमयी, श्वेतवर्ण, १½ फुट ऊँची, लेख—संवत १६६० शाके १५३५ माघ शुक्ले ५ बुधे श्रीकाष्ठासंघे माथुर गच्छे भ० श्रीकुमारसेनस्तत्पट्टे भ० श्रीशुभकीर्त्तिस्तदाम्नाये अग्रवाल ज्ञातौ गोत्रे सा० श्रीअजयचंद तस्य पुत्र सा० मथुरादास बंधपुरे प्रतिष्ठितं ।

१३ आदिनाथ—पाषाणमयी, श्वेतवर्ण, १⅓ फुट ऊँची, लेख—संवत १६७६ वर्षे माघवदी ८ श्रीकाष्ठासंघे लाडवागड गच्छे भ० प्रतापकीर्त्त्याम्नाये बघेरवाल ज्ञातीय बोर खरडया गोत्रे राजपाल भार्या वोपाई पुत्र नाथु सा० भार्या चन्दाई द्वितीय पुत्र हिरमा भार्या हंसाई तृतीय पुत्र पुनासा भार्या हंसाई सर्वत्र परिवार श्रीआदिनाथं श्रीपार्श्वनाथं नित्यं प्रणमंति । श्रीकाष्ठासंघे नंदितटगच्छे भ० श्रीरामसेनान्वये भ० विद्याभूषण तत्पट्टे श्री श्रीभूषण प्रतिष्ठितं बहादुरपुरे ।

१४ शान्तिनाथ—धातुमयी, पीतवर्ण, ७½ इंच ऊँचाई, लेख—संवत १७३२ वर्षे जेष्ठ सुदी १० सोमे श्रीकाष्ठासंघे माथुरगच्छे पुष्करगणे लोहाचार्यान्वये भ० श्रीकुमारसेनदेवास्तत्पट्टे भ० श्री शुभकीर्त्ति तत्पट्टे भ० श्रीमेघकीर्त्ति तत्पट्टे भ० श्रीगुणभद्रोपदेशात् जैसवाल उपरौतीया ज्ञातीय नायकगोत्रे संघपती श्री कल्याण तस्य भार्या श्रीराहमती तयोः पुत्र बासुदेव भार्या सश्री आसमती तयोः पुत्र सं० श्री जगजीवनदास भार्या दमयंती मानमती ।

—क्रमशः

विविध-विषय

१—चन्दवाड़ या चन्द्रपाठ।

'भास्कर' के गताङ्क (भा० १३ किरण १ पृ० ७-८) में श्रीयुत पं० जगन्नाथजी तिवारी ने चन्दवार के इतिहास पर फीरोजाबाद एवं वहाँ के मूर्तिलेखों से प्रकाश डाला है, इसके लिये हम उनके आभारी हैं। उनका इतिहास-प्रेम प्रशंसनीय है; किन्तु उन्होंने मूर्तिलेखों से जो निष्कर्ष निकाले हैं वह ठीक नहीं जंचते! फिरोजाबाद-छिपैठी से उन्होंने निम्नलिखित मूर्तिलेख उपस्थित कर के महाराज गश्रो, हीतम आदि को वहाँ का शासक बताया है :—

"सिद्धि संवत् १४२८ वर्षेज्येष्ठ सुदी १५ शुक्रे काष्ठासंघे माथुरान्वये पुष्कर-गणे प्रतिष्ठाचार्य श्री अनन्तकीर्त्तिदेवा इन्द्र (?) रामचन्द्रानन्दे (?) कंचुकान्वये श्री चन्द्रपाठ दुर्ग निवासिनः राउत गश्रो पुत्र महाराजा तत्पुत्र राउत हीतमी ... इत्यादि।"

यह मूर्तिलेख शुद्ध रूप में पढ़ा नहीं गया है। मालूम होता है कि 'कंचुकान्वये' के पहले 'लंब' शब्द होगा—यदि नहीं तो वह छूट गया है। राउत गश्रो और उनके पुत्र महाराज और महाराज का पुत्र राउत हीतमी आदि लम्बकंचुक (लमेचू) चंदवार के निवासी थे। मूल लेखमें 'महाराज' शब्द विशेषण नहीं, बल्कि व्यक्तिवाचक संज्ञा और एक व्यक्ति का नाम है, जो राउत गश्रो का पुत्र है। महाराज के साथ राउत विशेषण नहीं है, जिससे प्रकट होता है कि वह अपने पिता की भांति राजकर्मचारी नहीं थे। उनके पिता और पुत्र राउत थे। बटेश्वर से प्राप्त एक पट्टावली में भी चन्द्रवार के राजाओं के राजकर्मचारी जैनी थे; ऐसा उल्लेख है। उसमें लिखा है कि "चन्द्रपाल चन्दवार के राजा हुए और श्यामसहाय चन्दवरिया चन्दवार के दीवान हुये।" (लँबेचू समाज का संक्षिप्त परिचय, पृ० ३३) अतः उक्त लेख के आधार से यह नहीं कहा जा सकता कि राउत गश्रो व उनकी संतान चन्दवार के शासक थे—वह राज कर्मचारी प्रतीत होते हैं।

लेखक ने एक किम्वदन्ती के आधार से चन्द्रवार का प्राचीन नाम असाइखेरा लिखा है किन्तु यह किम्वदन्ती निराधार प्रतीत होती है। असाई खेरा जिला इटावा में है। वह इटावा से नौ मील दूर है—वह भी जैनियों का प्राचीन केन्द्र है। वहाँ से प्राप्त संवत १०१८ से १२३० तक की जिनमूर्तियां लखनऊ अजायबघर में मौजूद हैं। 'हिन्दी-विश्वकोष' में यह नहीं लिखा है कि चन्द्रवार और असाईखेरा दोनों एक हैं।

जैनकवि लक्ष्मण ने अपने 'अणुव्रतरत्नप्रदीप' में चंदवाड़ का उल्लेख किया है, जिसको उन्होंने सं० १३१३ (सन् १२५७ ई०) में रचा था। उस समय चंदवाड़ में चौहानवंश के राजाओं का राज्य था। राजा भरतपाल, अभयपाल, जाहड़, श्रीबल्लाल और आहवमल्ल वहाँ के शासनाधिकारी थे। वहीं पर कवि के आश्रयदाता लंबकंचुक (लंबेचू) कुल के नगरसेठ हल्लण के वंशज कण्ह (कृष्णादित्य) रहते थे। कण्ह राजा आहवमल्ल के राजमंत्री भी थे।[1] (आहवमल्लणरिंदहु मणासाणंदहु मंतत्तण पहभायउ) चंदवाड़ उस समय एक समृद्धिशाली नगर था। कवि लक्ष्मण ने लिखा है :—

इह चंदवाडु जमुणा-तडत्थु, दंसिय-विसेस गुण-विविह-वत्थु।
चउहट्ट-हट्ट-घर-सिरि-समिद्धु, चउवण्णासिय-जण-रिद्धि-रिद्धु॥

अर्थ—'यहाँ जमुना के तटपर स्थित चंदवाड़ है, जहाँ उत्तम प्रकार की विविध वस्तुयें दिखाई देती हैं। वह चौहट्टों, हाटों, और घरों की शोभा से समृद्ध है तथा चारों वर्णों के आश्रित जनों की रिद्धि से समृद्ध है।" चंदवाड में उस समय बड़े २ जिनमंदिर बने हुए थे। राजमंत्री सेठ अमृतपाल ने भी वहाँ एक जिनमंदिर बनवाया था। यह चन्द्रवाड आज फिरोजाबाद से तीन-चार मील के फासले पर खंडहरों में पड़ा अपने गत वैभव पर आंसू बहा रहा है।[1]

संवत् १४५४ में चंदवाड़ में कविवर धनपाल ने 'बाहुबलि चरित्र' की रचना की थी। कविवर धनपाल गुजरात देश में पल्हणपुर (पालनपुर) के निवासी और पुरवाड़ वंशीय राजश्रेष्ठि सुहड़प्रभ के पुत्र थे। उनके गुरु प्रभाचन्द्रजी थे। कविवर धनपाल गुरु-आज्ञा से सौरिपुर की वंदना करने गये थे। मार्ग में उन्होंने यह चन्द्रवाड़ नगर देखा था, जो जन-धन से परिपूर्ण और उत्तुंग जिनालयों से अलंकृत था। कवि ने अपना उक्त ग्रंथ यहाँ के साहु वासाधर के लिये रचा था। साहु वासाधर का बनवाया हुआ जिनालय भी उन्होंने देखा था। साहु वासाधर जायसवाल वंश के भूषण थे। उनके पूर्वज जसधर गोकर्ण, सोमदेव, और वह स्वयं चंद्रवाड़ के राजाओं के मंत्री पद पर सुशोभित थे। कवि ने संभरिराय (कर्णदेव) सारंग नरेन्द्र, अभयपाल, जयचंद और रामचन्द्र नामक राजाओं का उल्लेख किया है। यह भी संभवतः चौहानवंश के थे।[2]

संवत् १५३० में कविवर श्रीधर ने 'भविष्यदत्तचरित्र' की रचना चंद्रवाड़ नगर के माथुरकुल के नारायण के पुत्र और वासुदेव के ज्येष्ठ भ्राता यतिवर सुपट्ट साहु की प्रेरणा से की थी। उनके समय में भी चंदवाड़ समृद्धि पर था।[1]

---

१ इनके पूर्वज अमृतपाल भी अभयपाल राजा के राजमंत्री थे और आहव नरेन्द्र के मंत्री भी सोढु साहु थे।

१ विशेष के लिये "जैन-सिद्धान्त-भास्कर" भा० १ किरण ३ पृ० १२३—१०७ देखो।

२ "अनेकांत" वर्ष ७ किरण ७-८ पृ० ८४-८९ देखो।

श्रीभगत का मंदिर मैनपुरी में एक यंत्र सम्यग्ज्ञान विषयक सं० १७३४ का है, उसे चंदबार (चन्द्रवाड़) दुर्ग के निवासी रावत शिरोमणि लमेचू ने प्रतिष्ठित कराया था। उस समय तक वहाँ जैनी रहते थे।

श्वेताम्बरीय तीर्थमालाओं में संवत् १७५० की एक तीर्थमाला है—उसमें चन्द्रवाड़ का उल्लेख एक ग्राम रूप में है—'गांउ एक भूमि सुखकारी।' इससे स्पष्ट है कि चन्द्रवाड़ का पूर्व वैभव इस समय खतम हो गया था!

मुस्लिम राज्यकाल में चंदवाड़ का किला मशहूर था और यहां के राजाओं से कई मुसलमान बादशाहों की मुठभेड़ हुई थी। सब से पहले महमूद गज़नवी ने चंद्रवाड़ पर आक्रमण किया था[1]; किन्तु यह स्पष्ट है कि उसके आक्रमण से क्षत्रियों का शासन समाप्त हो गया था। अलबत्ता सुल्तान फीरोजशाह ने जब हतिकांत पर धावा किया तो उस समय हसनखाँ नामक एक लोदी अफगान रपरी का शासनाधिकारी बन बैठा। वहां चंद्रवाड़ का जागीरदार बराय नाम कहलाने लगा था—इसका अर्थ यह हो सकता है कि वह चंदवाड़ के हिन्दू राजा से कर लेता हो। जब सुल्तान बहलोल का युद्ध जौनपुर के नवाब से हुआ तो उस गड़बड़ में कुत्ब खाँ रपरी के जागीरदार नियुक्त किये गये। चंद्रवाड़ और इटावा भी उनके अधिकार में रहे। बहलोल ने रपरी में जौनपुर के बादशाह हुसैन को हराया था। यह सन १४८७ की बात है। उपरान्त सिकन्दर लोदी ने अपने भाई अलम खाँ को इटावा व चंदावर (चंदवाड़) का शासक नियत किया था। आलम खाँ अपने भाई के विरुद्ध हो गया और उसने बाबर को बुला भेजा। चंदवाड़ पर इस तरह आये दिन मुसलमानों के आक्रमण हो रहे थे। मालूम होता है, हिन्दू नरेश सांगा को यह सहन नहीं हुआ। उन्होंने मुसलमानों पर आक्रमण किया, किन्तु होनी के सिर सांगा को चंदावर (चंदवाड़) में हुमायूं ने हरा दिया! मुगलों का अधिकार रपरी और चंदवाड़ पर हुआ अवश्य, परंतु वह क्षणिक था। शेरशाह ने हुमायूं को हराकर अपना अधिकार जमाया था! इस समय प्रजा में कुछ जोश आया और अपनी स्वाधीनता प्राप्त करने के लिये उसने विद्रोह किया, किन्तु शेरशाह १२००० घुड़सवार सिरहिंद सरकार से लाकर हथिकांत में रहा और अपना अधिकार अक्षुण्ण रक्खा। उसने इस प्रदेश में सड़कें और सराय बनाई थीं। उपरान्त अकबर के समय में इटावा-रपरी-चंदवाड़ का प्रदेश सूबा आगरा में मिला दिया गया था।[2]

इस प्रकार चंदवाड़ १४ वीं-१५ वीं शताब्दि तक समृद्धिशाली रहा—उपरान्त मुसलमानों के आक्रमणों में वह नष्टभ्रष्ट हो गया! आज मीलों तक उसके खंडहर पड़े हुए

१ "भूगोल" का संयुक्त प्रान्त—अंक पृ० १२७।

२ Atkinson, "Statistical, Descriptive & Historical Account of the N. W. Ps. of India"—Vol. IV. Pt. I. PP. 373—375.

हैं—अनेकानेक मूर्त्तियाँ बिखरी पड़ी हैं वहाँ! मध्यकाल में जैनों का चंद्वाड़ और रपरी केन्द्र रहे! वही आज भूमिशायी हैं।

२. आसईखेड़ा

आसईखेड़ा नामक ग्राम इटावा से नौ मील दूर है। स्व० पूज्य ब्र० शीतल प्रसाद जी के साथ हमें इस प्राचीन स्थान के खंडहरों को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। निस्सन्देह यह जैनियों का प्राचीन स्थान है। इटावा के जैनी अब भी वहाँ जाकर अपने लड़कों का मुंडन कराते हैं। आसई गाँव एक ऊँचे खेड़े पर बसा हुआ है, जिसकी पश्चिमी ओर विशाल खंडहर पड़े हुए हैं। जमुना के किनारे से सटा हुआ खंडहर संभवतः किसी प्राचीन जैन मंदिर का अवशेष है। उस पर बहुत-सी दिगम्बर जैन प्रतिमायें बिखरी हुई मिलती हैं। इनमें से १२ वीं शताब्दि की दो मूर्तियों को जसवन्तनगर के मंदिर में लाकर रक्खा गया था। एक चौबीसीपट था, जिसमें प्रत्येक तीर्थंकर का नाम भी अंकित था। यह आसई ग्राम अपने दुर्ग के लिये प्रसिद्ध था। कहते हैं कि आसई के दुर्ग को चन्द्रपालु ने बनवाया था।

मुनि कनकामर ने एक 'आसाइय' नगरी में आकर अपना 'करकंडुचरित्' रचा था, जहाँ के नरेश विजयपाल, भूपाल और कर्ण थे। हो सकता है कि यह आसाइय नगरी वर्तमान आसईखेड़ा ही हो! आसई दुर्ग के प्रतिष्ठापक के नाम चन्द्रपाल का सादृश्य विजयपाल व भूपाल से है। संभव है कि वहाँ चौहानों की किसी शाखा के राजा लोग राज्य करते हों! चंद्रवाड़ और आसई दुर्गों के संस्थापक चन्द्रपाल शायद एक ही हैं। चन्द्रवाड़ के शासकों के भी नाम भरतपाल और अभयपाल मिलते हैं।

मालूम होता है कि चन्द्रपाल आदि क्षत्रियों के शासनाधिकारी होने के पहले आसई पर भारजातीय लोगों का अधिकार था। 'तारीख-इ-यामिनी' से जाहिर है कि मुहम्मद तुगलक ने सन् ४०९ हिज्री (सन् १०१७ ई०) में कन्नौज से मथुरा तक आक्रमण किया था। इटावा के पास मुंज के किले में हिन्दुओं ने उसका जबरदस्त विरोध किया था। प्रायः सभी हिन्दू उस संघर्ष में खेत रहे थे। वहाँ से सुल्तान ने आसई के दुर्ग पर आक्रमण किया। उस समय आसई का शासक चंडाल भोर था। वह एक बड़ा विजयी योद्धा था। उसने कन्नौज के राय से भी मोर्चा लिया था। उसके दुर्ग के चहुँओर सर्प और जंगली जानवरों से भरा गहन जंगल था—आज भी यह जंगल दिखाई देता है। मुसलमान लेखकों ने लिखा है कि सुलतान के आक्रमण की खबर पाकर चंडाल भोर घबड़ा गया और अपना दुर्ग छोड़ सुरक्षित स्थान को भाग गया। सुल्तान ने उसके पाँचों किलों (दुर्गों) को गिरवाकर मिट्टी में मिला दिया! दुर्ग के योद्धाओं को मारकर खूब लूट मार की। आसई-विजय के उपरान्त सुल्तान ने कन्नौज के राय पर चढ़ाई की थी। विद्वानों

का अनुमान है कि चंडाल भोर भारत के मूल निवासी भार जाति का कोई राजा था। भार जाति के लोग चंडाल समझे जाते थे।[१] किन्तु इन भार जाति के अधिकांश लोगों को जैनाचार्य्यों ने जैनधर्म में दीक्षित किया था। कलिङ्ग की ओर बौद्ध और जैन चंडाल कहे जाते थे। अतः संभव है कि यह राजा भोर जैनधर्मानुयायी हो और उसने आसई में अनेक जिनमंदिर बनने दिये हों। उसके उपरान्त क्षत्रिय चन्द्रपाल का अधिकार आसई पर हुआ था। भार जाति के लोग उस समय अर्थात् १२ वीं शताब्दी में एटा, कानपुर, फतेहपुर व इलाहाबाद जिलों में बसते थे - बल और दल उनके वीर योद्धा थे। कहा जाता है कि जब भार राज्याधिकारी हुये तो कायस्थ की समकोटि में गिने गये। आसई में क्षत्रियों से पहले दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दि की भी जिनमूर्त्तियाँ मिली हैं; जिससे स्पष्ट है कि वहाँ जैनधर्म का अस्तित्व चन्द्रपालादि क्षत्रियों से पुराना है। मुहम्मद द्वारा नष्ट किये गये दुर्ग को चन्द्रपाल ने पुनः बनवाया होगा। उनका दुर्ग मुगलों के आक्रमण में नष्ट हुआ प्रतीत होता है! लम्बेचू जैनियों के गोत्रों में एक गोत्र 'चन्दवरिया' नाम का है, जिसकी सात सत्ताओं में (१) कुंअर भरये और (२) असैया भी हैं। हमारा अनुमान है कि कुंअर भरये राजा भोर के उत्तराधिकारी हों और असैया सत्ता वाले जैनी मूलतः आसई के निवासी हो सकते हैं। सारांशतः मध्यकाल में आसई नगर भी जैनधर्म का एक प्रमुख केन्द्र था।

३. चित्तौड़ का कीर्त्तिस्तम्भ दि० जैनियों की कृति है।

उदयपुर मेवाड़ राज्य की प्राचीन राजधानी चित्तौड़ के दुर्ग में एक सुन्दर कीर्तिस्तम्भ जैनियों का है। स्व० ब्र० शीतल प्रसाद जी ने उसको देख कर लिखा था कि प्रसिद्ध जैन कीर्तिस्तम्भ या मानस्तंभ सात खन का है। चारों तरफ खड्गासन और पद्मासन दिगम्बर जैन मूर्तियाँ अंकित हैं। भीतर चढ़ने को ६७ सीढ़ी हैं। ऊपर छत तोरण द्वार सहित हैं।······ इस मानस्तंभ में पाषाण की कारीगरी देखने योग्य है। यह दि० जैनों का मुख्य स्मारक है। इसके नीचे एक तरफ जैन मंदिर है—द्वार व आलों पर पद्मासन मूर्त्तियाँ हैं।···इसको एक बघेरवाल महाजन जीजा ने बनवाया था।* किन्तु किन्हीं विद्वानों ने यह अनुमान किया है कि इस कीर्तिस्तंभ को सम्राट् कुमारपाल ने बनवाया था*। उनका यह अनुमान कुछ ठीक नहीं जँचता—संभव है, कुमारपाल ने इसका जीर्णोद्धार कराया हो, जिसके कारण लोग इसे उनके द्वारा बना हुआ प्रसिद्ध करने लगे। सं० २२०५

१ Atkinson, Loc. cited., pp. 362—364.

२ Jaina Antiquary. Vol XII. No. I. pp. 35—36.

'भार जैनी हुये थे'—यह बात आर्किओलॉजिकल इनहैबिटेंट्स ऑफ इंडिया में मिलती है।

३ लंबेचू समाज का संक्षिप्त परिचय, पृ० १७—१८।

* प्राचीन जैन स्मारक मध्यप्रांत व राजपूताना, पृ० १४०

से २३०१ के शिलालेखों में जो आर्के० पा० रिपोर्ट ऑव वेस्टर्न इंडिया (१९०६) में छपे थे, इसे बघेरवाल जाति के जीजा या जीजक नाम के श्रावक द्वारा निर्मित कहा गया है' । हाल में श्वे० मुनि कांतिसागर जी ने 'विशालभारत' के सितम्बर १९४६ के अंक में नांदगांव ग्राम के दि० जैन मंदिर में स्थित धातु प्रतिमा का लेख प्रकाशित किया है, जो निम्न प्रकार है :—

"स्वति श्री संवत् १५४१ वर्षे शाके १४९१ (१४०६) प्रवर्तमाने कोधीना संवत्सरे उत्तरगणे ··मासे शुक्ल पक्षे ६ दिने शुक्रवासरे स्वाति नक्षत्रे ··योगे २ करणे मि० लग्ने श्री बराट (ड) देशे कारजा नगरे श्री श्री सुपार्श्वनाथ चैत्यालये श्री म (मू) ल संघे सेनगणे पुष्करगच्छे श्रीमत् वृषसेन—गणधराचार्य पारंपर्यान्वित श्रीदेववीर भट्टाचार्याः ॥ तेषां पट्टे श्रीमद्राय राजगुरु वसुन्धराचार्य महावादवादीश्वर रायवादिपिता महासकलविद्वज्जन सार्ध (र्व) भौम साभिमान वादीभसिंहाभिनयत्रै ··विश्वसोमसेन भट्टारकाणामुपदेशात् श्री बघेरवाल जाति खड़वाड़ गोत्रे अष्टोत्तरशत महोत्तुंग शिखरबद्ध प्रासाद समुद्धरण धीर त्रिलोक श्री जिन महाबिम्बोद्धारक अष्टोत्तरशत श्री जिनमहाप्रतिष्ठाकारक अष्टादशस्थाने अष्टादश कोटि श्रुत भण्डार संस्थापक, सवा लक्ष बन्दी मोक्षकारक, मेदपाट देशे चित्रकूट नगरे श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्र चैत्यालय स्थाने निजभुजोपार्जित वित्तबलेन श्री कीर्तिस्तम्भ आरोपक सा० हजिजा सुत सा० पुन सिंहस्य ···साह देउ तस्य भार्या पुइ तुकाइ तयोः पुत्राश्चत्वारः तेषु प्रथम पुत्र साह लखमण ························चैत्यालयोद्धरण धीरेण निज भुजोपार्जित-वित्तानुसारे महायात्रा प्रतिष्ठा तीर्थक्षेत्र ·· ॥"

उपरोक्त मूर्तिलेख से यह स्पष्ट है कि इस मूर्ति के प्रतिष्ठापक चित्तौड़ के कीर्तिस्तम्भ के निर्मापक साह जीजा के वंशज थे। यह बात लेख में उस अंश से स्पष्ट है जो मोटे टाइप में छपा है। मुनि जी ने लेख में 'सा० हजिजा' पढ़ा है, परंतु इसका शुद्ध रूप 'साह जीजा' जंचता है। अतः यह स्पष्ट है कि दिगम्बर जैन धर्मानुयायी साह जीजा ने चित्तौड़ में श्रीचन्द्रप्रभ चैत्यालय के पास कीर्तिस्तम्भ की स्थापना की थी। वह उस समय जैनधर्म के महान् उद्धारक थे। मुसलमानों के आक्रमणों से जिनमंदिरों और मूर्तियों का विध्वंश हुआ था। धर्मवीर साह जीजा, जो बघेरवाल वंश के भूषण थे, उनको धर्म का यह ह्रास असह्य हुआ। लेख में कहा गया है कि साह जीजा ने सोमसेन भट्टारक के उपदेश से अष्टोत्तर (१०८) ऊँचे शिखिर बद्ध जिनमंदिरों और इतनेही जिनबिम्बों का उद्धार किया था। अठारह स्थानों पर उन्होंने अठारह करोड़ श्रुत (ग्रंथ) भंडारों में स्थापन किये थे और सवा लाख बन्दियों को उन्होंने मुक्त कराया था। धर्मोद्योत के ये महती कार्य कर चुकने पर उन्होंने चित्रकूट (चित्तौड़) में यह कीर्तिस्तम्भ बनवाया था! निस्सन्देह साह जीजा का यह कीर्तिस्तम्भ बनवाना सर्वथा उचित था! उनका यह हक था! दिगम्बर जैनों को चाहिये कि वे धर्म के महान् उद्धारक साह जीजा के इस स्तम्भ का जीर्णोद्धार करावें और वहाँ पर साह जीजा की स्मृति में हरसाल उत्सव मनाया करें! —कामता प्रसाद जैन, अलीगंज

साहित्य-समीक्षा

संक्षिप्त जैन इतिहास भाग ३ खंड ४ (दक्षिण भारत का मध्यकालीन अन्तिम पादका इतिहास)—लेखक: बाबू कामता प्रसाद जैन डी० एल०, एम० आर० ए० एस०; प्रकाशक: मूलचन्द किसनदास कापड़िया, मालिक दि० जैन पुस्तकालय, कापड़िया भवन, सूरत; पृष्ट संख्या: १५२: मूल्य: सवा रुपया।

नीतिवाक्यामृत सचमुच ही संस्कृत साहित्य का अनर्घमणि है और जैन साहित्य का शृङ्गार। यह सूत्र पद्धति से गद्य में रचा गया है। कौटिलीय अर्थशास्त्र का परिमाण यद्यपि विशाल है और नीतिवाक्यामृत का अल्प, पर रचना सौन्दर्य में नीतिवाक्यामृत अधिक है। राजनीति सरीखे शुष्क विषय को भी इतनी मधुरता से विवेचन करता है कि काव्य न होते हुए भी उसमें सरस काव्य जैसा आनन्द आता है। उसके एक एक वाक्य को पढ़कर तबीयत फड़क उठती है। विशाल राजनीति समुद्र को अपने बोध रूपी मन्दराचल से मथन करके विबुधों को पान कराने के लिये यह सारभूत अमृत निकाला गया है जैसा कि इसके नाम से प्रकट होता है। कुछ लोगों का कहना है कि वह अमृत जड़ाशय सम्भूत है पर यह अजड़ाशयसम्भूत है। श्रीसोमदेव सूरि का संस्कृत भाषा पर जैसा लोकातिशायी अधिकार था वैसा ही रचना शैली पर भी, यह बात नीतिवाक्यामृत तथा यशस्तिलकचम्पू के अध्ययन से सहज ही में जानी जा सकती है। बहुत बड़ी बात को थोड़े शब्दों में सरसता से कहना इस कला में नीतिवाक्यामृत के कर्त्ता बहुत प्रवीण थे और इसलिए उन्होंने नीतिवाक्यामृत के अध्यायों का नाम ही समुद्देश रक्खा है। संस्कृत में समुद्देश[1] का अर्थ होता है:—किसी बात को संक्षेप में कहना। यद्यपि जिस प्रकार चाणक्य ने पूर्वाचार्यों के शास्त्रों के आधार से अपने अर्थशास्त्र[2] का निर्माण किया है उसी प्रकार श्री सोमदेवसूरि ने भी पूर्व राजनीति विशारदों के मतों का आश्रय लेकर यह नीतिवाक्यामृत रचा है, पर रचना शैली में दोनों ही मौलिक हैं और यही कलाकार की कला है, क्योंकि इन विषयों के शास्त्र ऐसे ही ढंग से लिखे जाते हैं। दोनों ही ग्रन्थों में किसी खास शास्त्र का आश्रय नहीं लिया गया है और दोनों ही ग्रन्थकारों ने अपने अपने अनुभव भी निबद्ध किये हैं। 'अर्थ अमित और आखर थोरे' यह उक्ति नीतिवाक्यामृत पर पूर्ण रीति से घटित होती है। प्राचीन समय में नीतिवाक्यामृत की प्रसिद्धि और प्रभाव दोनों पर्याप्त थे। दक्षिणापथ और उत्तरापथ दोनों जगत के विद्वानों ने समान रूप से अपने अपने ग्रंथों में इसका उल्लेख किया है। संस्कृत काव्यों के प्रसिद्ध दाक्षिणात्य टीकाकार बहुश्रुत

१—समानवाक्यमुद्देशः—कौटि० अर्थशास्त्र। समुद्देशः संक्षेपाभिधानम्—वा० कामसूत्र टीका।

२—पृथिव्यालाभे पालने च यावन्त्यर्थशास्त्राणि पूर्वाचार्यैः प्रस्थापितानि प्रायशस्तानि संहृत्यैकमिदम् अर्थशास्त्रं कृतम्। —कौटि० अर्थशास्त्र।

पण्डित कोलाचल मल्लिनाथ सूरि अपनी किरातार्जुनीय टीका में (तदुक्तं नीतिवाक्यामृते स्वपरमण्डले कार्याकार्यावलोकने चारः खलु चक्षूंषि क्षितिपतीनाममलोल्यममृषाभाषित्वमभ्यूहकत्वञ्चेति चार गुणाः) ऐसा कह कर उसका दो जगह तथा माघ में एक जगह प्रमाण देते हैं। धार (मालवा) के प्रसिद्ध पण्डितराज आशाधर जी के हृदय में नीतिवाक्यामृत का बड़ा महत्व था। इस बात का ज्ञान हमें उनके प्रसिद्ध सागारधर्मामृत के पढ़ने से होता है, उसमें नीतिवाक्यामृत की छाया तथा भाव स्पष्ट झलकते हैं। कहीं कहीं तो नीतिवाक्यामृत के सूत्र[1] निहित शब्द भी भाव के साथ ज्यों के त्यों लिखे गये हैं। सम्यक्त्वकौमुदी तथा आराधनासार टीका में नीतिवाक्यामृत के अंश अपनाये गये हैं तथा विषय समर्थन में इनका प्रमाण दिया गया है। इन सब बातों का यही अर्थ होता है कि नीतिवाक्यामृत की प्रतिष्ठा संस्कृत के बड़े बड़े समर्थ विद्वान् भी करते थे। इसमें कारण उसकी असाधारण मोहकता ही है। "अतः यटाकास्तुतिश्चन्द्रिकायायदब्धिमप्युत्तटलीकरोति।" अर्थात् चन्द्रिका की इससे बढ़कर और क्या प्रशंसा की जाय कि वह अपने प्रभाव से गम्भीर जलधि को भी चपल कर देती है। नीतिवाक्यामृत और उसके कर्त्ता श्रीसोमदेव सूरि के विषय में अब तक अनेक विद्वानों के अनेक ऐतिहासिक लेख प्रकट हो चुके हैं उनमें और नई शंकाएँ उठ खड़ी हुई हैं उन सब का समाधान करना तथा ज्ञात हुई नई खोजों को प्रकाशित करना आवश्यक है। ऐसा समझ कर हम अपनी लिखी हुई इस ग्रंथ की प्रस्तावना के कुछ अंश यहाँ उद्धृत करते हैं। पाठक उनमें यथार्थता का निर्णय कर सकते हैं।

ग्रंथकर्त्ता का परिचय

नीतिवाक्यामृत के अध्ययन के पश्चात् पाठकगण जान सकेंगे कि आचार्य श्रीसोमदेव सूरि किस कोटि के महान् राजनीतिज्ञ थे। वे केवल राजनीतिज्ञ ही थे यह बात नहीं, उनकी प्रतिभा सर्वतोमुखी थी और अध्ययन भी उनका विशाल था। उन्होंने यशस्तिलक में ऐसे ऐसे ग्रन्थों और कवियों का उल्लेख किया है जिनका कि अब नाम भी बड़ी कठिनाई से मिलता है। द्वि० आ० में उन्होंने रोमपाद आचार्य की 'गजविद्या' का, पारीक्षक के 'गणितशास्त्र' का, रैवत के 'अर्थशास्त्र' का, अरुण की 'रथचर्या' का, शुकनाश की 'रत्नपरीक्षा' का, और दत्तक के 'कामशास्त्र का' उल्लेख किया है। दत्तक के कामशास्त्र का नाम वात्सायन कृत कामसूत्र में भी है उन्होंने गुरु राजसुख, राजपुत्र, गौतम, नारद और याज्ञवल्क्य आदि आचार्यों की स्मृतियों का भी उल्लेख किया है जो अब असली रूप में नहीं

१—प्रत्यहं किमपि नियमेन प्रयच्छतस्तपस्यतो वा भवन्त्यवश्यं महीयांसः परे लोकाः। —नीतिवाक्यामृत।
नियमेनान्वहं किञ्चिद् यच्छतो वा तपस्यतः।
यान्त्यवश्यं महीयांसः परे लोका जिनाश्रितः॥ —सागारधर्मामृत।

मिलती हैं। इससे सिद्ध है कि वे अन्य विषयों के भी पारंगत विद्वान् थे, वे एक माने हुए कवीश्वर थे क्योंकि उन्हें 'कविकुलराज' की जैसी मान्यपदवी थी। काव्यकलापर उनका कितना बड़ा अधिकार था इस बात को पूर्णतया प्रमाणित करने के लिये उनका एक यशस्तिलकचम्पू काव्य ही पर्याप्त है। उपलब्ध संस्कृत साहित्य में वह अद्वितीय है। क्या गद्य और क्या पद्य दोनों में शब्द और अर्थ की मनोहरता उसमें विद्यमान है। ग्रन्थ परिमाण भी उसका अन्य चम्पू काव्यों से बहुत बड़ा है इसलिए आचार्य ने उसे स्वयं "महाशास्त्र" लिखा है, उसमें एक नहीं अनेक गुण विस्मयोत्पादक हैं। पहिला वैचित्र्य तो यही है कि उसके लिखने का ढंग ही निराला है जो इतर काव्यों में नहीं पाया जाता। कवि स्वयं उसके इस गुण को जानते थे इसलिए उन्होंने लिखा है कि "असहायमनादर्श-रत्नं रत्नाकरादिव। मत्तः काव्यमिदं जातं सतां हृदयमण्डनम् ॥"—प्रथम आश्वास। रत्नाकर अर्थात् समुद्र से जिस प्रकार सज्जनों के कण्ठ की शोभा बढ़ाने वाले सच्चे असहाय (अकृत्रिम) और बेजोड़ (अनादर्श) रत्न पैदा होते हैं। उसी प्रकार मुझसे यह असहाय (मौलिक) और अनादर्श (अद्वितीय) काव्य, जो कि सज्जनों का हृदयग्राही विभूषण है, आविर्भूत हुआ है। इस श्लोक के "रत्नकगत्" पद से यह भी सूचित होता है कि जिस प्रकार समुद्र से एक नहीं अनेकों रत्न जन्म लेते हैं क्योंकि वह रत्नों का आकर है। उसी प्रकार मुझसे भी एक नहीं, अनेक ग्रंथ रत्नों ने इसी प्रकार जन्म ग्रहण किया है। "आदर्शग्रामरचना" कैसी होनी चाहिये ? अनियंत्रित राजाओं की चर्या कैसी होती है। मिथ्यात्व वश मनुष्य कैसे कैसे क्रूर कर्म करता है आदि ऐसी सैकड़ों बातों का उसमें बड़ा मोहक तथा सजीव वर्णन है। राजनीति के सूक्ष्म तत्त्वों का भी यथा स्थान उपयोग किया गया है। दूसरी खूबी उसमें यह है कि ऐसे ऐसे शब्द जो कि समय के फेर से काल-कवलित से हो चुके थे। विस्मृतगर्त में पड़जाने के कारण जनता में जिनका व्यवहार बंद हो गया था उनको फिर पुनर्जन्म देने का पुण्यकार्य श्रीसोमदेवसूरि ने उसमें किया है। बानगी के लिए कुछ शब्दों की तालिका हम यहां देते हैं :—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
(१) पिचुमन्द ...	निम्ब।	(८) खलति ...	बन समूह खलयान।
(२) लटह ...	ललित।	(९) आजकव ...	धनुष।
(३) विचित्रसिचयोल्लोच...	पंचरंगाचदेवा।	(१०) हतवृत्ति ...	वरखास्त।
(४) घृष्ठि ...	किरण।	(११) जामि ...	जामाता।
(५) अर्गला ...	हाथी का चमौटा।	(१२) नीराजना ...	फौजी सलामी।
(६) निकाच...	हाथी के पेट की वादेया।	(१३) तमङ्ग ...	महल।
(७) मुखपटाभोग...	कृत्रिम सिंह मुख।	(१४) कूर्प ...	मस्तक तिलक।

(१५) बाहा ... भुजा बाँह । (२६) विकिर ... कबूतर ।
(१६) शिष्ट ... राजपुत्रों का शिक्षक । (२७) जुहराग ... घोड़ा, बांका ।
(१७) निर्ग .. देश । (२८) रल्लिका ... दुशाला ।
(१८) परिहार ... छूट, माफी । (२९) चाण्डातिका .. गुमची ।
(१९) किपिरी ... मणि का ऊपरी भाग । (३०) पेटक ... पेट ।
(२०) क्रीड़ाकुरकील...क्रीड़ा पर्वत । (३१) विस्तृत ... मैदान ।
(२१) वीरपरिकरविधि...फौजी देश । (३२) निरंकुराठ...अन्यायी गुण्डा ।
(२२) गिरिकलिला...गेन्द का खेल । (३३) चिल्ली ... भौंह ।
(२३) वाहिरिका ... हाथी का खूंटा । (३४) करण ... कौन्सिल ।
(२४) करटघोटक ... दुष्ट घोड़ा । (३५) कृत्य ... राजविद्रोही ।
(२५) कोण ... गेन्द खेलने का बल्ला । (३६) अनुग्रह ... तक़ावी ।

आचार्य लिखते हैं—

"अरालकालव्यालेन ये लीढाः सांप्रतं तु ते ।
शब्दाः श्रीसोमदेवेन प्रोत्थाप्यन्ते किमद्भुतम् ॥

पंचम आ० ।

कालरूपी कुटिल सर्प ने जिन शब्दों को निगल लिया था अर्थात विष मूर्छित थे उन शब्दों को अब मैं श्री सोमदेवसूरि उठाता हूं (जीवित करता हूं) तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं । इस श्लोक में "सोमदेव" शब्द श्लिष्ट है, सोमदेव का दूसरा अर्थ चंद्रदेव होता है । चन्द्रमा अपनी अमृतमयी किरणों से विष विकार को दूर करता ही है पर कौन सा चन्द्रमा ? कि जो 'श्री' अर्थात लक्ष्मी से सम्पन्न हो । पाठक देखेंगे कि कविने किस चतुराई से यहां श्री शब्द का प्रयोग किया है । सचमुच ही यशस्तिलकचम्पू में ऐसे हजारों शब्द प्रयुक्त हुए हैं जिनका अस्तित्व संस्कृत के बड़े बड़े कोशों में भी नहीं है । यशस्तिलकचम्पू के यशस्वी टीकाकार श्री श्रुतसागरसूरि के हम लोग निस्सन्देह कृतज्ञ हैं जिनके अनुग्रह से हम इन शब्दों का यथार्थ अर्थ जानने में समर्थ हुए हैं अन्यथा यशस्तिलक के ज्ञान से हमलोग वंचित ही रहते, बड़ी ही अच्छी टीका है । बनारस के प्रसिद्ध पण्डित और हमारे साहित्यिक गुरु श्री देवीप्रसादजी कवि (श्रीदुःखभञ्जन कवीन्द्र सुनुः) और हमारे द्वितीय गुरुदेव श्रीगोनोड़ झा जी यशस्तिलक के विषय में कहा करते थे कि ऐसा ग्रंथ बिना देवता की सहायता के नहीं लिखा जा सकता । श्रीमाननीय पं० नाथूराम-जी प्रेमी का यह लिखना सोलह आना सच है कि जिस प्रकार माघ[1] के नवसर्ग पढ़ जाने

१—नव सर्गे गते माघे नव शब्दो न विद्यते ।
अशेषे तिलकेऽधीते नव शब्दो न विद्यते ॥

पर कोई नवीन साहित्यिक शब्द शेष नहीं रहता उसी प्रकार इस यशस्तिलक के पूर्ण पढ़ जाने पर कोई नवीन शब्द नहीं बचता। यशस्तिलक में प्रयुक्त दुर्लभ शब्द बड़े महत्व के हैं उनसे हमारे सामाजिक तथा बौद्धिक इतिहास पर बड़ा प्रकाश पड़ता है। तीसरी विलक्षणता सूक्तियों की है यशस्तिलक यथार्थ ही सुभाषित रत्नों का भण्डार है उसमें ऐसी-ऐसी अनेक मनोहर उक्तियां हैं कि जिनको सुन कर तबीयत फड़क उठती है कवि को इस विषय का एक प्रकार से गर्व था। वे कहते हैं :—

"कर्णाञ्जलिपुटैः पातुं चेतः सूक्तामृते यदि।
श्रूयतां सोमदेवस्य नव्याः काव्योक्तियुक्तयः॥"

यदि आपका मन कर्ण रूपी अञ्जलिपुट से सुभाषित रूपी अमृत रस का पान करना चाहता है तो श्रीसोमदेवसूरि की युक्तियुक्त इन नवीन काव्योक्तियों को सुनिये। उनसे आप की यथेष्ट इच्छापूर्ति होगी। कवि की यह गर्वोक्ति नहीं, यथार्थोक्ति है; वे कहते हैं कि—

"गुणेषु ये दोषमनीषयान्धा, दोषान् गुणीकर्तुमशेशते वा।
श्रोतुं कवीनां वचनं न तेऽर्हाः सरस्वतीद्रोहिषु कोऽधिकारः॥"

जो दोष बुद्धि से इतने अन्धे हैं कि गुणों को देखते ही नहीं हैं अथवा जो दोषों को भी गुण रूप में दिखाने की रुचि रखते हैं ऐसे लोग कवि वचन सुधा के पान के योग्य नहीं, क्योंकि सरस्वती द्रोहियों को क्या अधिकार है कि वे इस सारस्वत रस का पान करें और इस पंक्ति में बैठें? देखिये खलों को कैसी फटकार बताने वाली खरी उक्ति है। बड़ों के प्रति नम्रता और अपने प्रति लघुता देखिये किस प्रकार नीचे लिखे श्लोक में प्रकट की है :—

सर्वज्ञकल्पैः कविभिः पुरातनैरवीक्षितं वस्तु किमस्तिसम्प्रति।
ऐदंयुगीनस्तु कुशाग्रधीरपि प्रवक्ति यत्तत्सदृशं स विस्मयः॥

प्राचीन कवि पाण्डित्य में कितने बढ़े चढ़े थे कि सर्वज्ञ न होने पर भी वे सर्वज्ञ तुल्य ही थे। उन सर्वदर्शी महात्माओं ने जिसे अपने ज्ञानचक्षु से न देखा हो ऐसी आज चीज है ही कौन सी? फिर आजकल का कोई व्यक्ति अपनी कुशाग्र बुद्धि से यदि वैसी ही कोई बात कहता है तो यही एक बड़े अचम्भे की बात है। मनुष्य को आत्मपुरुषार्थ की ओर झुकाने वाली देखिये यह कैसी सुन्दर उक्ति है :—

येषां बाहुबलं नास्ति, नास्ति येषां मनोबलम्।
तेषां चन्द्रबलं देव किं कुर्यादम्बरस्थितम्॥

जिनको बाहुबल प्राप्त नहीं है और न जिनकी कोई हिम्मत है ऐसे लोगों के लिए राजन्? ! आकाश में बैठा हुआ चन्द्रबल क्या करेगा? क्योंकि वह तो सहायता के लिये आकाश

से कभी नीचे उतरता ही नहीं। ऐसी ऐसी सुन्दर युक्तियों से ग्रन्थ का सौन्दर्य अधिक बढ़ गया है। इस काव्य के नीचे लिखे श्लोक के पढ़ने से हमें यह भी ज्ञात होता है कि वे प्रखर नैयायिक भी थे :—

आजन्म कृदभ्यासाच्छुष्कात्तर्कात्तृणादिवममास्याः।
मतिसुरभेरभवदिदं सूक्तिपयः सुकृतिनां पुण्यैः॥

मेरी बुद्धिरूपी कामधेनु को जन्म से ही न्याय रूपी शुष्क घास खाने का अभ्यास है फिर भी उससे यह काव्य रूपी पय उत्पन्न हो रहा है इसमें केवल पुण्यात्माओं की पुण्य राशि ही कारण है। इस श्लोक से तीन बातों का पता लगता है कि एक तो यशस्तिलक जैसे अपूर्व काव्य की रचना से स्वयं कवि को भी एक बड़ा विस्मय था। दूसरे वे अपनी प्रतिभा को साधारण गौ नहीं, किन्तु सुरभि अर्थात् सर्व मनोरथ पूरिका कामधेनु मानते थे इसमें कारण उनका सर्वमुखी पाण्डित्य ही था। तीसरे यह है कि उन्होंने प्रारम्भ से ही न्याय विद्या का अभ्यास किया था और उनके जीवन का अधिक भाग इसी काम में गया था जिसके फलस्वरूप उन्हें 'स्याद्वादाचलसिंह' 'वादीभपंचानन' 'तार्किकचक्रवर्ती' और 'वाक्कल्लोलपयोनिधि' ये चार महा पदवियां प्राप्त थीं। 'षण्णवती प्रकरण' और 'युक्ति-चिन्तामणि' जैसे न्याय के ग्रंथों के प्रणयन में भी इसी कारण वे समर्थ हुए। न्याय विद्या का इस तरह अधिक अभ्यास करने का एक और महान कारण था और वह यह कि आचार्य श्रीसोमदेवसूरि दिगम्बर सम्प्रदाय के जिस देवसंघ के आचार्य थे वह देवसंघ भारतीय तार्किकचक्रवर्ती तथा न्याय प्रस्थापक अकलंकदेव के द्वारा स्थापित था। अकलंक-देव की एक न्याय के कारण ही भारत भर में यशश्चन्द्रिका छा रही थी। क्या राजदरबार और क्या प्रजा सभी में उनका बड़ा प्रभाव था। देवसंघ के आदि स्थापक इन महापुरुष का स्वर्गवास हुए प्रायः एक शताब्दि ही बीती थी। काल भी वह दार्शनिक था। प्रत्येक संप्रदायपति को खण्डन मण्डन के लिये न्याय का जानना आवश्यक था। श्रीसोमदेव के गुरु श्रीनेमिदेव स्वयं एक बड़े नैयायिक थे। उन्होंने 'वाद' में ९५ महावादियों को जीता था। ये ही सब कारण थे कि जिससे सोमदेवसूरि का अधिक समय न्यायविद्या के अभ्यास में गया। 'युक्ति चिन्तामणि' 'महेन्द्रमातलि संजल्प' और 'षण्णवति प्रकरण' अब अप्राप्य हैं। यह एक खेद की बात है। श्री सोमदेवसूरि के गुरु नेमिदेव के समान उनके दादा गुरु यशोदेवजी तथा गुरु भाई महेन्द्रदेवजी के विषय में इस सम्बन्ध के सिवाय अधिक हम कुछ नहीं जानते। श्री सोमदेवसूरि धर्माचार्य के रूप में अधिक प्रसिद्ध हैं उन्होंने धार्मिक आचार तथा समाज व्यवस्था के बड़े ही अनुभवपूर्ण विचार लिखे हैं। धार के प्रतिष्ठित महा विद्वान् आशाधरजी ने अपने सागारधर्मामृत नामक आचार शास्त्र को लिखते समय आचार्य के विचारों का अच्छा अनुधावन किया है। माननीय पं० नाथूरामजी

प्रेमीजी के निम्न लिखित इस निष्कर्ष से मैं पूर्णतया सहमत हूँ कि "यद्यपि अभी तक श्रीसोम-देवसूरि का कोई स्वतंत्र धार्मिक ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है। परन्तु यशस्तिलक के अन्तिम दो आश्वास जिनमें उपासकाध्ययन या श्रावकों के आचार का निरूपण किया गया है, इस बात के साक्षी हैं कि वे धर्म के कैसे मर्मज्ञ विद्वान् थे। स्वामी समन्तभद्र के रत्नकरंड के बाद श्रावकों का आचारशास्त्र ऐसी उत्तमता, स्वाधीनता और मार्मिकता के साथ इतने विस्तृत रूप में आजतक किसी भी विद्वान् की कलम से नहीं लिखा गया है।"

आचार्य के समस्त धर्मवाक्यों का अध्ययन करने पर मनुष्य इस परिणाम पर पहुँचता है कि धार्मिक शिक्षा अन्धविश्वास बनाने वाली न हो, किन्तु ऐसी हो जिससे मनुष्य सदा और सर्वत्र सभ्य तथा सर्वप्रिय गिना जा सके, अकारण ही वैरविरोध का वातावरण खड़ा न किया जाय। कौन सब बातों में सब से मिलता है, प्रत्येक जाति और प्रत्येक कुल के व्यवहार जुदे-जुदे हैं। ये सब लौकिक बातें हैं, न ये धर्ममय हैं और न अधर्ममय। यदि लोकाचार प्रतिपादक श्रुति है या अन्य कोई शास्त्र है तो उसको उस विषय में यदि हम प्रमाण मानें तो इसमें हमारी क्या हानि ? वे लिखते हैं कि :—"सर्व एव हि जैनानां प्रमाणं लौकिको विधिः। यत्र सम्यक्त्वहानिर्न यत्र न व्रतदूषणम्।" यश० आ० ८। जैनों को वे सब लोकाचार मान्य हैं जिनसे आत्मा अपने स्वरूप को न भूले। और जो सदाचार को दूषित नहीं करते उनके प्रतिपादक ग्रन्थ भी हमें इसी तरह मान्य हैं। ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य और शूद्र के कर्म लिख कर कहते हैं कि दयालुता, सत्यवादिता, अचौर्य, स्वदार-सन्तोष और आकांक्षाओं का नियंत्रण, ये मनुष्य मात्र के धर्म हैं। इनके बिना कोई भी मनुष्य, मनुष्य नहीं बन सकता। मानव सभ्यता इनके आधार से ही जीवित रह सकती है। 'आनृशंस्यममृषाभाषित्वं परस्वनिवृत्तिरिच्छानियमः प्रतिलोमाविवाहो निषिद्धासु च स्त्रीषु ब्रह्मचर्यमिति सर्वेषां समानो धर्मः।' (नीति० त्रयी० समु०)। चाणक्य की तरह आपने अहिंसा को सबश्रेष्ठ धर्म माना है (सर्वसत्त्वेषु हि समता सर्वाचरणानां परमाचरणम्) नीति० धर्मसमु०। इसलिये शिकार तथा अन्य अहिंसा विघातक खेलों के खेलने का बड़ा कड़ा निषेध किया है। वे कहते हैं कि मनुष्य चाहे अन्य किसी व्रत को न पाले पर उसका मूल दया व्रत ही उसको स्वर्गदान देने में समर्थ है। "परत्राजिघांसुमनसां व्रतरिक्तमपि चित्तं स्वर्गाय जायते।" नीति० धर्म समु०। 'दयाधर्मस्य जन्मभूमिः' चाणक्य सूत्र। अहिंसा का अर्थ है हिंसा के ऊपर नियंत्रण, क्योंकि सर्वथा अहिंसा से मनुष्य अपनी हथेली पर रक्खी हुई चीज की भी रक्षा नहीं कर सकता। सर्वथा अहिंसा गृहस्थ के लिए अव्यवहार्य है क्योंकि यति भी उसे सर्वथा निर्दोष रूप से नहीं पाल सकते। इसीलिये गृहस्थ आत्मरक्षा के लिये और देशरक्षा के लिये आततायियों के विरुद्ध युद्ध कर सकता है उसका ऐसा करना धर्म का ही अङ्ग है, क्योंकि ऐसी हिंसा अहिंसा ही है। हाँ यदि हथियार दीन-हीन और सदाशय पुरुषों के विरुद्ध उठाया जावेगा तो पापमय बन जाता है।

धर्म में वे सब उत्तम आचार-विचार शामिल हैं जिससे मनुष्य आत्मिक तथा लौकिक उन्नति में आगे बढ़े—(यतोऽभ्युदयनिःश्रेयशसिद्धिः सधर्मः) श्रीसोमदेवसूरि उदार विचार के आचार्य थे उनकी स्पष्ट सम्मति है कि ज्ञान के सब साधन सर्वसाधारण के लिए उन्मुक्त-द्वार हों। उन पर किसी प्रतिबन्ध की मुद्रा मुद्रित न हो। व्याकरण, न्याय, काव्यादिक कलायें, छन्दशास्त्र; जैन, बौद्ध, नैयायिक, सांख्य, मीमांसक और चार्वाक आदि के दर्शन, आगम; ये सब तीर्थ समान मानवशुद्धि के कारण हैं। ज्ञान एक महातीर्थ है जिसका अवगाहन कर पतित से पतित पुरुष महापुरुष बनता है। इसमें सम्प्रदाय, जाति और धर्म का विचार बड़ा अहितकर है क्योंकि मनुष्य उनमें पड़ कर इनके लाभ से वञ्चित रह जायगा :—"लोको युक्तिः कलाश्छन्दोऽलंकारः समयागमाः। सर्वसाधारणाः सद्भिस्तीर्थ-मार्ग इव स्मृताः।"

शूद्रों के विषय में भी वे लिखते हैं कि यदि शूद्र भी स्वच्छता से रहता हो और उसके आचार-विचार उज्ज्वल हों तो वह भी द्विजों के समान, देव, द्विज और तपस्वियों की सेवा का अधिकारी है। आचार्य के इस विचार से सहमत होकर पण्डितप्रवर आशाधर जी भी अपने सागारधर्मामृत में लिखते हैं कि:—

"शूद्रोऽप्युपस्कराचार वपुः शुद्धयास्ति तादृशः।" अर्थात् शूद्र भी शरीर, आचार और घर के फर्नीचर की शुद्धि के कारण वैसा ही सद्गृहस्थ है। इस देश के यद्यपि प्राचीन द्विजों में विधवा विवाह नहीं होता था पर कुछ शूद्रों में तब भी यह होता था। शूद्रों के दोनों पक्षों को सन्तुष्ट करने के लिये बड़े चातुर्य से उन्होंने दोनों प्रकार की व्यवस्था दी है। वे कहते हैं कि जिनमें एक बार ही स्त्री का विवाह होता है वे "सतशूद्र" हैं। दूसरे पक्ष को सन्तुष्ट करने के लिए वे लिखते हैं कि कुछ स्थितियों में स्मृतिकार अर्थात् समाज व्यवस्थापक आचार्य विधवा विवाह को भी योग्य बतलाते हैं। आचार्य श्री सोमदेवसूरि की निश्चित नीति थी कि समाज में सब को ही यथायोग्य स्थान दिया जावे। स्थितिवश देश, कुल और व्यक्ति में आचार भेद होता ही है। उसके कारण क्षोभ पैदा करके फूट न डाली जाय। जिससे समाज और राष्ट्रीय गढ़ कमजोर न बने। वे राष्ट्रीयता के भी बहुत पक्षपाती थे उन्होंने नीतिवाक्यामृत में स्पष्टतया लिखा है कि राजा जहाँ तक बने वहाँ तक स्वदेशज योग्य व्यक्ति को ही राज्य के उच्च पद दे, क्योंकि सर्व पक्षपातों में स्वदेश पक्षपात मनुष्य का बहुत बड़ा होता है। "सर्वपक्षपातेषु स्वदेशपक्षपातो महान्।" विदेशी व्यक्ति समय पर धोका दे सकता है क्योंकि अवसर ईमान का बड़ा भयंकर शत्रु है, पर यह नियम एकान्ततः न पालना चाहिए। कभी कभी विदेशी भी बड़ा भक्त होता है। पवनसुत हनुमान जी भारत में पैदा न हुए थे। तिब्बत के रहने वाले थे और रावण के समान ही विद्याधर थे न कि रामचन्द्र जी की तरह भूमिगोचरी। फिर भी अयोध्याधिपति बलभद्र रामचन्द्रजी ने उनको योग्य जान कर अपनी जहाजी सेना का "वानर" अर्थात् एडमिरल

बनाया था। यह पद पाकर हनुमानजी ने रामचन्द्रजी पर सदैव भक्ति ही बताई, भूलकर भी बगावत न की। इसलिये आचार्य साथ में यह भी कहते हैं कि असल में बात स्वदेशी विदेशी पर निर्भर नहीं है, किन्तु हितकारी और अहितकारी पर है। पराया भी यदि हितकारी है तो अपना है और यदि अहितकारी है तो बन्धु भी वैरी ही है। अपने ही शरीर में जन्मी हुई व्याधि जीव को दुःख देती है और वन में पैदा हुई वनौषधि उसको सुख देती है। इन सब बातों से पाठक समझ सकते हैं कि आचार्य श्रीसोमदेवसूरि में कैसी बढ़ी चढ़ी उदारविचारशीलता थी। नीतिवाक्यामृत की प्रशस्ति में तीन श्लोकों के साथ यह श्लोक लिखा मिलता है :—"सकलसमयतर्के नाकलंकोऽसि वादी न भवति समयोक्तौ हंससिद्धान्तदेवः।" अर्थात् हे वादी, न तो तू समस्त शास्त्रों पर तर्क करने के लिए अकलंकदेव तुल्य है न जैन सिद्धान्त के कहने के लिये हंससिद्धान्तदेव है और न व्याकरण में पूज्यपाद है, फिर इस समय सोमदेव के साथ किस बल-बूते पर बात करने चला है। इस श्लोक के उद्धरण से स्पष्ट है कि श्रीसोमदेवसूरि अकलंकदेव के समान ही नैयायिक थे। हंससिद्धान्तदेव के समान ही जैनागम के ज्ञाता थे और जैनेन्द्र व्याकरण के रचयिता पूज्यपाद के समान वैयाकरण भी। इससे बढ़कर पाण्डित्य और क्या होगा। इतनी-इतनी विद्याओं के पारगामी विद्वान् थे। खोज करने पर पता लगता है कि इस विद्वत्ता का कारण उनका विशाल अध्ययन ही था, वे बड़ेही विद्यारसिक थे। नीतिवाक्यामृत और यशस्तिलक के पढ़ने से ज्ञात होता है कि उनके समय में जितना साहित्य न्याय, व्याकरण, काव्य, नीति, दर्शन आदि सम्बन्धी उपलब्ध था उस सब से उनका परिचय था। केवल जैन ही नहीं, जैनेतर साहित्य के भी वे अच्छे मर्मज्ञ थे। यशस्तिलक के चौथे आश्वास में (पृ० ११३) उन्होंने लिखा है कि—उर्व, भारवी[1], भवभूति, भर्तृहरि, भर्तृमेण्ठ, कण्ठ, गुणाढ्य, व्यास, भास, बोस, कालिदास, बाण, मयूर, नारायन, कुमार, माघ, और राजेश्वर। इन महाकवियों के काव्यों में नग्न क्षपणक या दिगम्बर साधुओं का उल्लेख क्यों आता है? उनकी इतनी अधिक प्रसिद्धि क्यों है? इससे मालूम होता है कि वे पूर्वोक्त कवियों के काव्यों से अवश्य परिचित होंगे। प्रथम आश्वास के पृ० ९० में उन्होंने इन्द्र, जैनेन्द्र और पाणिनि के व्याकरणों का जिक्र किया है। पूज्यपाद (जैनेन्द्र के कर्त्ता) और पाणिनि का उल्लेख और भी एक दो जगह हुआ है। गुरु, शुक्र, विशालाक्ष, परीक्षित, पराशर, भीम, भीष्म, भारद्वाज आदि नीतिशास्त्र प्रणेताओं का भी वे कई जगह स्मरण करते हैं। कौटिलीय अर्थशास्त्र तथा कामसूत्र से तो वे अच्छी तरह परिचित थे ही। माननीय प्रेमी जी के उपर्युक्त कथन का मैं समर्थन करता हूं। यशस्तिलक में एक जगह दत्त के कामसूत्र का भी उल्लेख है। इस विशाल अध्ययन के बल से ही वे बड़े राज-

१—भारवी के इस श्लोक की समस्यापूर्ति इस प्रकार है—नान्यत्र दीक्षामहत्वान्मुनीनां संकीर्तनं चरित्रतयस्य युक्तम्। तथापि तत्कर्तुमहं यतिष्ये भवन्ति भव्येषु हि पक्षपाताः (आ० १ पृ० ५६६).

नीतिज्ञ, महाकवि, प्रखर नैयायिक, दिग्गज वैयाकरण, नामांकितधर्माचार्य और गद्य-पद्य विद्याधर चक्रवर्ती बनने में समर्थ हुए थे। बहुश्रुत होने के कारण ही विद्वान् उनका लोहा मानते थे। यशस्तिलकचम्पू और नीतिवाक्यामृत के लिखते समय उनकी वय आधे से ऊपर ढल चुकी थी क्योंकि :—(आजन्मकृतभ्यासाच्छुष्कात्तर्कात्तृणादिव ममास्याः) ऐसाही ध्वनित होता है। पाण्डित्य भी निखर आया था। ये ही सब कारण थे जिससे विद्वानों के ऊपर उनका बड़ा गहरा प्रभाव था; जिधर देखो उधर उनके प्रशंसक ही दिखते थे। ऐसी स्थिति में ही उन्होंने यह उक्ति लिखी है :—लोकवित्वे कवित्वे वा, यदि चातुर्यचञ्चवः। सोमदेवकवेः सूक्तिः समभ्यसन्तु साधवः॥ तृतीय आ०। सज्जनगण यदि लोकानुभव और कवित्वकला की चतुराई में चतुर होना चाहते हैं तो वे सोमदेव कवि की सूक्तियों का अभ्यास करें। कवि की यह आत्म प्रशंसा नहीं किन्तु लोक चतुराई और कविता पर प्रबल आत्मविश्वास ही है। आचार्य ने नीचे लिखे श्लोक में अपने स्वभाव का चित्रण स्वयं इस प्रकार किया है :—"अल्पेऽनुग्रहधीः समे सुजनता मान्य महानादरः। सिद्धान्तोऽयमुदात्तचित्रचरिते श्रीसोमदेवे मयि॥ यः स्पर्धेत तथापि दर्पदृढता प्रौढि प्रगाढाग्रहस्तस्याखर्वितगर्वपर्वतपविर्मद्वाक्कृतान्तायते।" सारांश यह है कि मैं छोटों के साथ अनुग्रह, बराबरी वालों के साथ सुजनता और बड़ों के साथ महान् आदर का बर्ताव करता हूँ। इस विषय में मेरा चरित्र बहुत ही उदार है परन्तु जो मुझे ऐंठ दिखाता है उसके लिए गर्व रूपी पर्वत को विध्वंस करने वाले मेरे वज्र वचन काल स्वरूप हो जाते हैं। प्रकृति के इस स्वयं चित्रण को देखकर अनुमान होता है कि आचार्य सोमदेव का मुनि होने के पहिले अकलंकदेव की तरह क्षत्री वर्ण होना चाहिये। यों तो उन्होंने अपने किसी भी वर्ण का पक्षपात नहीं किया है। सभी वर्णों के गुण दोषों की चर्चा समान रूप से की है। वे बड़े निर्भीक लेखक थे, जिस पद से जो बात कहनी चाहिए वही बात उन्होंने कही; उनका सिद्धान्त था कि "यथार्थ बात कहने में ही विद्वानों की भलाई है यदि श्रोता राजा, गुण विद्वेषी न हो; (यथार्थवादो विदुषां श्रेयस्करो यदि राजा न गुणविद्वेषी) उनका हौसला भी बहुत बढ़ा चढ़ा था। इसमें कारण यह था कि उनका किसी बहुत बड़े प्रतिष्ठित तथा समृद्ध कुल में जन्म हुआ था। दूसरा कारण उनकी सर्वोच्च विद्या थी और वह भी ऐसी कि उनके सदृश सर्वतन्त्र स्वतंत्र विद्वान् शायद ही समग्र भारत में उस समय कोई दूसरा हो। तीसरा कारण राजदरबार की मान्यता थी और वह भी कौन सा दरबार ? सार्वभौम सम्राट् का दरबार। उस समय कन्नौज के अधीश्वर महेन्द्रदेव सारे उत्तर भारत के सार्वभौम सम्राट् थे। उनके समान प्रतापी सम्राट् भारत में दूसरा न था। इनके दरबार में हमारे आचार्य देव की बड़ी प्रतिष्ठा थी। वे आचार्य की विद्वत्ता को बहुत मान देते थे और इसी कारण आचार्य का यश दिग्दिगन्त व्यापी हो गया था। महेन्द्रदेव का उत्तराधिकारी महीपाल भी इनका बहुत आदर करता था। इन बातों के प्रमाण हम आगे लिखेंगे।

नीतिवाक्यामृत के आधार

कौटिल्य अर्थशास्त्र की भूमिका में श्रीयुत श्यामशास्त्री ने लिखा है कि "यच्चयशोधरमहाराजसमकालेन सोमदेवसूरिणा नीतिवाक्यामृतं नाम नीतिशास्त्रं विरचितं तदपि कामन्दकीयमिव कौटिलीयार्थशास्त्रादेव संक्षिप्यसंगृहीतमिति तद्ग्रंथपदवाक्यशैलीपरीक्षाया निःसंशयं ज्ञायते।" अर्थात् यशोधर महाराज के समकालीन श्रीसोमदेवसूरि ने जो नीतिवाक्यामृत नाम का ग्रंथ लिखा है वह अर्थशास्त्र को संक्षिप्त करके ही रचा गया है ऐसा उनके शब्दों से ज्ञात होता है।" पं० प्रेमी जी की तरह मैं भी शास्त्री जी के उक्त निष्कर्ष से सहमत नहीं हूँ। प्रथम तो यही ठीक नहीं है कि श्रीसोमदेवसूरि यशोधर महाराज के समकालीन थे। यशोधर जैनों के पौराणिक पुरुष हैं। दूसरे कौटिलीय अर्थशास्त्र जिस प्रकार पूर्वाचार्यों के मतों का अधिकतर संग्रह करके लिखा गया है उसी प्रकार नीतिवाक्यामृत भी अर्थशास्त्र के साथ पूर्वाचार्यों के मतों के आधार पर लिखा गया है। केवल अर्थशास्त्र के आधार पर ही नहीं। जिस प्रकार आर्य चाणक्य ने 'इत्याचार्या' कह कर "इति कौटिल्या" के द्वारा अपना स्वतंत्र मत बतलाया है। उसी प्रकार सोमदेवसूरि ने भी अपने स्वतंत्र अनुभव नीतिवाक्यामृत में निबद्ध किये हैं। अतः कौटिलीय अर्थशास्त्र की तरह नीतिवाक्यामृत भी मौलिक ही है, किसी का संक्षिप्त सार नहीं।

— क्रमशः

भावदेव सूरि का भक्त लाहौर का सुलतान

[लेखक—श्रीयुत बा० मूलराज जैन, लाहौर]

यद्यपि जैन साधुओं का जीवन परम निवृत्तिमय होता है और वे सांसारिक कामों में दखल नहीं देते, तथापि धर्म की प्रभावना और लोक-कल्याण के लिये वे राज दरबारों में भी जाने से संकोच नहीं करते। अपने चारित्र को पूर्ण शुद्धि से पालते हुए वे राजा और बादशाहों को अपने चारित्र एवं बुद्धि-बल से प्रभावित करके उनको प्रजा के हित का उपदेश देते हैं। अन्याय को दूर करके न्याय की स्थापना करवाते हैं।[१] दक्षिण में दिगम्बर मुनियों के प्रभाव से कई राजवंशों की प्रतिष्ठा हुई।[२] उत्तर में श्वेताम्बर साधुओं ने बहुत-सी राज-सभाओं को सुशोभित किया। हेमचन्द्र सूरि और महाराज कुमारपाल का गुरु-शिष्य का संबंध प्रसिद्ध है।[३] इस्लाम जैसे कट्टर धर्म में जन्म लेकर और भारत का सम्राट होकर भी यदि अकबर जैन साधुओं के उपदेश से प्रभावित हो गया तो यह बात जैन धर्म के उत्कर्ष और साधुओं के बुद्धिबल की ही परिचायक है।[४]

कभी २ विदेशी और अन्य धर्मी राजा भी जैन साधुओं के भक्त बन जाते थे जैसा कि कालकाचार्य कथा से विदित होता है। कालकाचार्य की साध्वी बहिन सरस्वती को उज्जैन के राजा गर्दभिल्ल ने अपने अन्तःपुर में डाल लिया था और कालकाचार्य के समझाने तथा मन्त्री मंडल की प्रार्थना पर भी वह उसे नहीं छोड़ता था। तब कालक पारसकूल में गया

---

१ सर्व एव हि जैनानां प्रमाणं लौकिको विधिः।
यत्र सम्यक्त्वहानिर्न यत्र न व्रतदूषणम्॥

२ देखिये—S. R. Sharma: *Jainism and Karnātak Culture.* Dharwar, 1940. Historical survey, p. 15

३ हेमचन्द्र और कुमारपाल संबंधी विस्तृत साहित्य मिलता है। जैसे—G. Buhler's *Life of Hemacandra* (सिंघी जैन ग्रन्थमाला)। प्रबन्ध चिन्तामणि, कुमारपाल प्रतिबोध आदि।

४ (१) V. A. Smith: *Akbar's Jaina Teachers* in Bhandarkar Commemoration Volume.

(२) विद्याविजय कृत सूरीश्वर अने सम्राट् भावनगर, सं० १९७६ (गुजराती)

(३) सिद्धिचन्द्र विरचित भानुचन्द्र चरित्र (सिंघी जैन ग्रन्थ माला)

और वहां के शाहि-सामंतों को अपने साथ लाकर गर्दभिल्ल को पराजित कराया और सरस्वती को छुड़वा कर उसे पुनः दीक्षा दी।[५]

हाल ही में हमें "भावदेव सूरि रास" नामक कविता के अंतिम दो पत्र (नं० ८-९) मिले हैं[६] जिन से ज्ञात होता है कि भावदेव सूरि ने अपने गुणों से लाहौर के शासक सुलतान (?) को अपना भक्त बना लिया था और वह सूरि की सेवा करने को तैयार रहता था।

एकबार भटनेर (रियासत बीकानेर) के हाकिम खेतसी[७] ने भावदेव[८] के शिष्य-श्रावकों को कैद कर लिया और उनकी पोषाल (उपाश्रय) को गिरवा दिया। भावदेव ने लाहौर के सुलतान[९] को यह समाचार सुनाया। सुलतान ने झट भटनेर पर चढ़ाई कर दी और किले को घेर लिया। खेतसी भी अंदर से मुक़ाबिला करता रहा। कुछ दिन बाद सुलतान की सेना के पास पानी समाप्त हो गया। सेना घबड़ाई। सुलतान ने सूरि से ज़िक्र किया।

---

५ (१) W. Norman Brown : *The Story of Kālaka*, Washington, 1933. मूल्य रु० २५)

(२) कालकाचार्य-कथासंग्रह जिसमें ब्राउन की पुस्तक में रोमन अक्षरों में छपी मूल कथाओं की देवनागरी प्रतिलिपि तथा डा० बनारसीदास कृत हिंदी अनुवाद और विस्तृत भूमिका है। लाहौर १९४५ मूल्य ३)

६ ये पत्र जीरा (जिला फीरोजपुर, पंजाब) के यतियों के भंडार के हैं। हमको ला० बाबूराम वकील के सौजन्य से प्राप्त हुए। भावदेवसूरि रास गुजराती मिश्रित हिंदी में रचा हुआ है। इसके २६ मात्रा (९ + ७ + १०, अंतिम लघु) वाले २२९ पद्य हैं। छंद का नाम "छंदः प्रभाकर" के अनुसार कामरूप या बैताल है। इन पत्रों पर १८७—२२९ तक पद्य हैं। इसमें ज़र्द, अंब = आब आदि फारसी शब्दों का प्रयोग हुआ है। इसकी रचना सं० १७८४ (भूम रिप सिद्ध वेद) में भटनेर में हुई (पद्य नं० २२८) यह प्रति जीरे मध्ये सं० १९०९ में गोरधनदास ने लिखी।

७ खेतसी के विषय में हमें कुछ ज्ञात नहीं हो सका।

८ भावदेव नाम के एक आचार्य तो वे थे जिन्होंने ९९ प्राकृत पद्यों में कालकाचार्य कथानक लिखा। कदाचित् ये ही इस रास के भी नायक हों। भावदेव का शिष्य शीलदेव हुआ जिसने अकबर को उपदेश देकर समूनर (?) में जिनमंदिर के स्थान में बनी हुई मस्जिद का फिर जिनमंदिर बनवाया (पद्य २१६)। तत्पट्टे वीरमदेव (पद्य २१८)। तत्पट्टे हेमहर्ष (पद्य २२०)। तत्पट्टे शुभकरण, गोत्र श्रीमाल, माता रूपांदेवी (पद्य२२२)। तत् शिष्य ने रचना करी (२२६) छः पीढ़ियों के १५० वर्ष मानकर भावदेव का समय सं० १६३४ के लगभग आ पड़ता है। इससे शीलदेव भी अकबर का समकालीन हो सकता है।

९ लाहौर का सुलतान कौन था, इसका निर्णय नहीं हो सका। लाहौर का सूबेदार होगा। रास में लाहौर का नाम लाहानूर दिया है सो इतिहास में प्रसिद्ध है।

सूरि ने किसी मंत्र का जाप किया जिसके फलस्वरूप घोर वर्षा हुई और पानी की कमी न रही। लेकिन किला फिर भी सर न हुआ। अब सूरि मंत्र पढ़ता हुआ किले के चारों तरफ घूमा और एक बुरज टूट गया और सुलतान की सेना किले में दाखिल हुई। सुलतान ने हुकम दिया कि खेतसी को मेरे हाथी की टांग से बांध दो। अब लगा खेतसी सूरि की मिन्नत करने कि "हे महाराज! मुझे क्षमा कीजिये। मैं जीवन पर्यंत आपका सेवक रहूंगा। आपके लिये नई पोसाल बनवा दूंगा।"

तब सूरि ने सुलतान से कहा कि "खेतसी मान गया है। उसने मेरे शिष्य छोड़ दिये हैं और नई पोसाल बनवाने की प्रतिज्ञा की है। अब अपना अभीष्ट सिद्ध हो गया।"

इस पर सुलतान ने खेतसी से दण्ड का रुपया लेकर उसे छोड़ दिया और सूरि को नमस्कार करके लाहौर की ओर चल पड़ा। तब खेतसी ने दलपतराय को आज्ञा दी कि मेरे खर्चे पर पोसाल नये सिरे से बनवा दी जाय इस प्रकार लाहौर के सुलतान की सहायता से भावदेव सूरि ने दुष्ट खेतसी को शिक्षा दी।

विश्व इतिहास और भूगोल के लिये जैन साहित्य की महत्ता ।

(३)

[ले०—श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद जैन, D. L., M. R. A. S.]

[क्रमागत]

गताङ्क में बारह प्रमुख वंशों का उल्लेख किया जा चुका है। उनमें से अरिहंत वंश और चक्रवर्ती एवं नारायण-प्रतिनारायण के वंशों के विषय में भी लिखा जा चुका है; जिससे स्पष्ट है कि तीर्थङ्करों के अस्तित्व और संख्या का प्रभाव विश्व पर पड़ा है। यहाँ अब विद्याधर वंश पर प्रकाश डाला जाता है।

विद्याधर राजवंश की उत्पत्ति—

विद्याधर राजवंश की गणना प्रमुख राजकुलों में की गई है। श्रीरविषेणाचार्य ने अपने 'पद्मपुराण' में चार महावंशों में अत्यन्त मनोहर विद्याधर वंश को गिनाया है। उनके मतानुसार शेष तीन महावंश (१) इक्ष्वाकु, (२) ऋषिवंश और (३) हरिवंश हैं[१]! मालूम होता है कि उन्होंने अन्य आठ वंशों का समावेश इनमें ही कर लिया है। 'ऋषिवंश' में (१) अरिहंतों, (२) चारणश्रमणों, (३) प्रज्ञाश्रमणों, और (४) वादीश्रमणों के वंश आ जाते हैं; क्योंकि वे सब ऋषि ही थे। इक्ष्वाकु वंश में (१) कुरुवंश, (२) काश्यपवंश, और (३) नाथवंश का समावेश होता है। चक्रवर्त्तियों और नारायणादि के वंश इन राजवंशों से पृथक् नहीं थे। वास्तव में राजवंशों की संख्या बारह निर्दिष्ट करने में मूल उद्देश्य जैन शासन के प्रसिद्ध सब ही महापुरुषों के चरित्र वर्णन करना रहा है। मूलतः इक्ष्वाकु-वंश और विद्याधरवंश ही मूल वंश माने जा सकते हैं। शेष वंश इनमें से ही उत्पन्न होते गये थे। इक्ष्वाकुवंश के लोग प्रायः सब ही भूमिगोचरी थे—उन्हें वे विद्यायें सिद्ध नहीं थीं, जिनसे वे आकाश में उड़ सकते। इसके विपरीत विद्याधरवंश के लोग 'नभचर' थे—वे अपने विद्याबल से आकाश में उड़ सकते थे और खेचर भी कहलाते थे[२]।

---

१ 'जगत्यस्मिन्महावंशाश्चत्वारः प्रथिताः नृप।
एषां रहस्यसंयुक्ताः प्रभेदा बहुधोदिताः ॥१॥
इक्ष्वाकुः प्रथमस्तेषामुन्नतो लोकभूषणः।
ऋषिवंशो द्वितीयस्तु शशांककरनिर्मलः ॥२॥
विद्याभृतां तृतीयस्तु वंशोऽयंतमनोहरः।
हरिवंशो जगत्ख्यातश्चतुर्थःपरिकीर्त्तितः ॥३॥

—पद्मपुराण (मा० ग्रं०) पृ० ६७।

२ 'विज्जयड्ढु अप्पमाणु। खेयरेहिं रम्ममाणु।'

—करकंडु चरिय, ५।१

विद्याधरवंश की उत्पत्ति के विषय में जैन शास्त्रकारों का कथन है कि जब आदिब्रह्मा ऋषभदेव, जो इक्ष्वाकु भी कहलाते थे, मुनि हुए तो उन्होंने अपने पुत्रों को भारत की राज-व्यवस्था के लिये राजा नियत कर दिया। उस समय वह अपने निकट सम्बन्धी कच्छ-सुकच्छ के पुत्रों नमि-विनमि को शासनाधिकार देना भूल गये। उनके वे दोनों साले ऋषभदेव के मुनि हो जाने पर भी उनके पास राज्य की याचना के लिये पहुँचे। उस समय नागराज धरणेन्द्र ने आकर उन्हें संतुष्ट किया। वह नमि-विनमि को विजयार्द्ध पर्वत पर ले गया, जिसकी उत्तर और दक्षिण—दो श्रेणियां थीं। नमि और विनमि एक-एक श्रेणी के अधिकारी हुए। अपने विद्याबल से वे शासन करने लगे। वह विद्यायें उन्हें धरणेन्द्र से प्राप्त हुई थीं। उन्होंने बड़े २ नगर बसाये और जैन मंदिर बनवाये। पहले वे सब जैन धर्म के उपासक थे। उत्तर श्रेणी में पचास नगर थे और दक्षिण श्रेणी में साठ थे। विद्याओं के अधिकारी होने के कारण नमि-विनमि के वंशज विद्याधर कहलाये।'

विद्याधर-वंश में अनेक राजाओं के पश्चात् रत्नपुर अथवा रथनूपुर नगर में राजा सहस्रार का पुत्र इन्द्र नामका राजा बड़ाही पराक्रमी और बलवान हुआ। वह भ० मुनिसुव्रतनाथ के तीर्थ में हुआ था। उनके समय तक विद्याधर-वंश के राजा वैताढ्य पर्वत से भी आगे फैल गये थे। इन्द्र ने उन सबको अपने आधीन किया और स्वर्गलोक की सब ही रचना अपने शासन में की। विद्याधरों के लोकपाल, असुर, यक्ष, किन्नर इत्यादि वर्ग नियत करके असुरनगर या देश (Assyria ?), यक्षकीर्तिनगर, किन्नरनगर आदि में स्थापित किये। नागलोक अथवा पाताल के निवासी विद्याधर नाग, सुपर्ण, गरुड़, विद्युत आदि नामों से प्रसिद्ध हुए। सारांश यह कि इन्द्र ने मानवों में ही देव पर्याय की वर्गव्यवस्था

१ 'प्रतिमास्थस्य तस्याथ नमिश्च विनमिस्तथा। तस्थतुः पादयोर्नत्वा भोगयाचनतत्परौ ॥३०६॥३॥
याच्यमानौ विदित्वा तावासनस्य प्रकंपनात्। आयातो धरणो नाम्ना नागराजस्त्वरान्वितः ॥३०७॥
विकृत्य जिनरूपं स ताभ्यां विद्ये वरे ददौ। प्राप्य विद्ये वरे यातौ विजयार्द्धनगं तयात ॥३०८॥
योजनानि दशारुह्य तत्र विद्या मृदालयाः। नानादेशपुराकीर्णाः भोगैर्भोगक्षितेः समाः ॥३०९॥'

—पद्मपुराण

आदिपुराण, पर्व १८-१९।३-२००, हरिवंशपुराण पृ० ५४; महापुराण (अपभ्रंश) संधि ८। ५-६ आदि ग्रन्थों में नमि-विनमि को धरणेन्द्र ने वैताढ्य पर्वत का राज्य दिया लिखा है। श्रीविमल-सूरि के "पउमचरिउ" में भी धरणेन्द्र द्वारा राज्य दिये जाने का उल्लेख है। (पउमचरियम्, ३। १४४-१५४ 'धरणिन्दो आसणे तओ चलिओ।'—'...धरणेणं तस्स बलसमिद्धाओ। विज्जाओ तक्खणं चिय विज्जाओऽणेगरूवाओ।' इत्यादि) किन्तु प्रो० बी० एम० शाह ने अंग्रेजी में इसका अनुवाद 'इन्द्र' किया है, वह ठीक नहीं है। (Paumachariyam, Surat 1936, pp 89-90)

को उत्पन्न किया।[1] इस प्रकार एक विद्याधर वंश के अनेक अन्तरभेद हो गये। राक्षस और वानर वंश के राजा भी विद्याधर वंश के थे। उनका परिचय आगे कराना अभीष्ट है। निस्सन्देह विद्याधर लोग मनुष्य थे और थे आर्य क्षत्रिय—अलबत्ता उनको साधारण मनुष्य से अधिक विशिष्ट विद्यायें प्राप्त थीं।[2]

इतिहास की साक्षी !

विद्याधर-वंश की उत्पत्ति के विषय में उपर्युक्त जैन मान्यता की पुष्टि पुरातत्व और जैनेतर साहित्य से भी होती है। भारतीय पुरातत्त्व में ऐसे नमूने प्राचीनकाल के मिले हैं, जिनपर नाग, सुपर्ण, गरुड़, रूप की मनुष्याकृतियाँ उत्कीर्ण हैं। मथुरा कंकाली टीला से प्राप्त एक आयागपट पर कराहश्रमण की भक्ति करती हुई नागकन्या और अन्य पुरुष दर्शाये गये हैं।[3] नागवंशी विद्याधरों की यह आकृतियाँ हैं। अन्यत्र विद्याधर भी उत्कीर्ण मिलते हैं।[4] गंधर्व-विद्याधर संगीत में निष्णात होते थे। एक शिलापट में विद्याधरों को शिवजी के ताण्डवनृत्य में बाजे बजाते हुए उत्कीर्ण किया गया है।[5] एक चालुक्य नरेश का विरुद 'विद्याधर' उनकी विद्या पटुता को लक्ष्य कर के था।[6] विद्याधर विलास कौतूहल प्रेमी थे— इसी कारण एक चालुक्य नरेश विलास में विद्याधर तुल्य कहे गये हैं।[7] इन उल्लेखों से भारतीय कला में विद्याधरों का चित्रण और उनका अस्तित्व स्पष्ट है।

जैन सम्राट् ऐल खारवेल के हाथीगुफावाले शिलालेख में (पंक्ति ५) भी विद्याधरों का उल्लेख निम्न लिखित रूप में हुआ है :—

"...चवुथे वसे विजाधराधिवास अहतं पुवं कलिंगपुवराजनमंसितं...... धमकूटस।"

संभवतः इसमें धर्म्मकूट नामक जैन चैत्यालय की उपासना करते हुए विद्याधर और कलिंग के पूर्व राजा गण बताये गये हैं।[8] स्व० जायसवाल जी ने इसका अर्थ कलिंग के

१ पद्मपुराण (कलकत्ता) पृ० १०६-११३.

२ पद्मपुराण पृ० ६८।

३ जैनस्तूप ऐण्ड अदर ऐन्टीक्वटीज़ ऑव मथुरा, प्लेट नं० १७

४ दी आर्केलोजी ऑव गुजरात, पृ० १६६ व आर्के० सर्वे मैसूर १९३०, पृ० ३२।

५ आर्केलॉजिकल सर्वे आव मैसूर, सन् १९३०, पृ० ६६।

६ पूर्व० पृ० २३४।

७ पूर्व० सन् १९३१ पृ० १९८।

८ प्रो० इन्द्रजी भाउजी ने ऐसा ही अर्थ किया था। देखो 'बङ्गाल-बिहार-ओड़ीसा के जैन स्मारक' पृ० १२६।

पूर्व राजाओं द्वारा विद्याधर-आवास की वन्दना करते लिखा है।[१] संभव है, विद्याधर राजाओं द्वारा निर्माण किया हुआ जिनमंदिर वह हो। जो भी हो, यह स्पष्ट है कि ईस्वी पूर्व दूसरी शताब्दी के लोगों को विद्याधर वंश का परिचय था। विद्याधरों के बनवाये हुए आवास यहाँ मिलते थे।

किन्तु जैन शास्त्रों में उन्हें वैताढ्य पर्वत का अधिकारी लिखा है और यह भी लिखा है कि वह भारत से वहाँ गये थे—वे कच्छ-सुकच्छ के पुत्र नमि-विनमि के वंशज थे। उपलब्ध सभ्यताओं का अध्ययन भी इस बात का द्योतक है कि भारत के सु-वर्ण के लोग सु-राष्ट्र से जाकर सुमेर में बसे थे। सुसा नगर की (मेसोपोटामिया देश की) खुदाई से जिस 'प्रोटो-इलामाइट' सभ्यता का परिज्ञान हुआ है, वह मूलतः भारत से ही वहाँ पहुंची थी—विद्वानों का ऐसा मत है।[२] मेसोपोटामिया में एक समय 'सु' जाति के लोग फैले हुए थे, जो 'सु-मेर' कहलाते थे। यह लोग मूलतः भारत के निवासी थे। उनके निवास की मूल भूमि काठियावाड़ 'सु-वर्ण' अथवा 'सु-राष्ट्र' नाम से प्रसिद्ध थी। 'महाभारत' में 'सिन्धु-सुवर्ण' देश का उल्लेख है।[३] जैन शास्त्रों में वह प्रदेश 'सिन्धु-सौवीर' नाम से उल्लेखित हुआ है।[४] यादव नरेश सु-वीर ने उसे स्थापित किया था। सुवीर का अर्थ 'सु' जाति का वीर होता है; सु-राष्ट्र नाम से भी इसका उल्लेख जैन शास्त्रों में हुआ है। सौ-राष्ट्रीय सभ्यता का सादृश्य सिन्धु-उपत्यका की सभ्यता से है। अतः जैनशास्त्रों में कच्छ-महाकच्छ या सुकच्छ के वंशजों का भारत से जाकर वैताढ्य पर्वत पर बसने और फिर सर्वत्र फैलने का जो उल्लेख मिलता है, वह इस ऐतिहासिक मान्यता के अनुरूप है। सुमेर राजाओं की किस वंशावली में उक्कुसि (इक्ष्वाकु), विक्कुसि, (विकुक्षि, जिसके भाई निमि थे), पुरंजय, अनेनु (नन्न), सगर, रघु, दशरथ और रामचन्द्र राजाओं के नाम मिलते हैं। यदि ऋषभदेव को इक्ष्वाकु माना जाय जिनसे नमि-विनमि ने राज्य पाया था, तो किस वंश के विकुक्षी और उनके भाई निमि जैन शास्त्रों के नमि-विनमि अथवा सुकच्छ के पुत्र विकच्छ हो सकते हैं। अलबत्ता जैन शास्त्रों में इनका समय बहुत प्राचीन माना है। संभव है, किस वंश में अपने पूर्वजों के नामों की पुनरावृत्ति की गई हो अथवा उनका शासन काल ठीक निर्दिष्ट नहीं हुआ है। जो हो, यह प्रसंग विशेष अध्ययन की चीज़ है। बैबलीन के राजा नेबुशदनेज़र (नभश्चन्द्र) ने अपने को 'सु' जाति का देव और रेवानगर के राज्य का स्वामी लिखा है। इससे स्पष्ट है कि उसका राज्य नर्मदा-तट के

१ जर्नल ऑव दी विहार एण्ड ओड़ीसा रिसर्च सोसाइटी, भा० ३ पृ० ४६२।

२ "विशाल-भारत" भा० १८ अं० ५ पृ० ६२६ में प्रकाशित 'सुमेर-सभ्यता की जन्मभूमि भारत' शीर्षक लेख देखिये।

३ भगवतीसूत्र पृ० १८६३ (सिंधुसोवीरेसु जणवएसु)—हरिवंशपुराण ३।३-७ व ११।६८।

४ हरिवंशपुराण ११।६४-७६, आराधनाकथाकोष १।१००, नागकुमार चरित्र १।१५।७ इत्यादि।

रेवानगर से मेसोपोटामिया तक फैला हुआ था अर्थात् तब भारतवर्ष में मध्य एशिया का बहु भाग सम्मिलित था। यादवेन्द्र कृष्ण महाराज का राज्य भी वैताढ्य से समुद्र पर्यन्त विस्तृत जैनशास्त्रों में लिखा हुआ है।[1] अतः मालूम ऐसा होता है कि एक प्राचीन समय से सु-राष्ट्र के सु-वंशी राजाओं का राज्य जिनमें सु-कच्छ भी थे, सुराष्ट्र से मध्य एशिया तक फैला हुआ था। और इस सु-जाति के लोग जैन धर्मानुयायी थे;[2] जैसे कि नेबुशद्नेजर के निम्न लिखित ताम्रपत्र से स्पष्ट है :—

'रेवानगर के राज्य का स्वामी, सु...जाति का देव, नेबुशद्नेजर आया है। वह यदुराज (कृष्ण) के स्थान (द्वारिका) आया है। उसने मंदिर बनवाया; सूर्य......देव नेमि कि जो स्वर्ग समान रैवत पर्वत के देव हैं (उनको) हमेशा के लिये अर्पण किया।'

—("जैन" भा० ३५ अंक १ पृ० २)

यह राजा नेबुशद्नेजर प्रथम (ई० पू० ११४०) ही हो सकता है, क्योंकि द्वितीय नेबुशद्नेजर का समय ई० पू० ६०० है और उस समय भारत के रेवानगर के आस पास उनके राज्य का पता नहीं चलता। सारांशतः जैन शास्त्रों में जो विद्याधर वंश के पूर्वजों का भारत के कच्छ भाग से जाकर वैताढ्य में बसने और फिर सारे मध्य-एशिया में फैलने का उल्लेख है, उसका इतिहास से मेल खाता है। विद्वानों को इस ओर विशेष अन्वेषण करने की आवश्यकता है!

भारत में विद्याधर-राजवंश!

जैनसाहित्य का अध्ययन करने से एक बात इन विद्याधर लोगों के विषय में और स्पष्ट हो जाती है। वह यह कि विद्याधर लोग अपने को भूमिगोचरी (भारतीयों) से श्रेष्ठ समझते थे और सहसा उनसे विवाह-सम्बन्ध नहीं करते थे।[3] आज जैसे योरुप वासी गोरे लोग एशियावासी लोगों को 'काला आदमी' समझ कर वर्णभेद में फँसे हुए हैं; वैसी ही स्पर्द्धा विद्याधरों और भूमिगोचरी लोगों में थी। विद्याधरों को जो जन्म सुलभ विद्यायें

---

१ ज्ञातृधर्मकथाङ्ग सूत्र (हैदराबाद दक्षिण) पृ० २२१ व हरिवंशपुराण, पृ० ४८१-४८२।

२ श्री पं० अमृतवसन्तजी ने लिखा है कि 'यह सु-वर्ण आर्यों का वह वर्ण था, जिसको इक्ष्वाकु की अध्यक्षता में मनु ने सामुद्रिक व्यापार का कार्य सौंपा था। इन्हीं के धर्म से जैनधर्म उत्पन्न हुआ और गुजरात तथा सु-राष्ट्र के जैन वणिक इन्हीं लोगों के वंशज हैं।" (विशाल-भारत, भा० १८ अङ्क ५ पृ० ६२१) इक्ष्वाकु से भाव यदि ऋषभदेव का है तो निस्सन्देह जैनधर्म इस कल्पकाल में उनके द्वारा ही उत्पन्न हुआ था।

३ "पुष्पाञ्जलिव्रतकथा" में विद्याधर कन्या का विवाह भूमिगोचरी से होने पर युद्ध होने का उल्लेख है।

प्राप्त थीं, उसी कारण यह भेद कल्पना थी। किन्तु जैसे २ विद्याधरों और भूमिगोचरियों का सम्पर्क बढ़ता गया, वैसे-वैसे यह भेद कम होता गया। दोनों वर्गों में विवाह सम्बन्ध भी हुए। कुछ विद्याधर क्षत्रिय आकर भारत में भी बस गये और शासनाधिकारी होकर यहां के क्षत्रियों में घुल मिल गये।

इस प्रकार के मेल का एक प्रामाणिक उल्लेख 'करकंडु चरित्र' में मिलता है। करकंडु अपनी यात्रा में तेरापुर पहुँचते हैं और वहाँ एक प्राचीन गुफा मंदिर देख कर पूछते हैं कि उसको किसने बनवाया? उत्तर में एक विद्याधर बतलाता है कि दक्षिण विजयार्द्ध में नील और महानील नाम के दो विद्याधर भाई राज्य करते थे। शत्रुओं से पराजित होकर वे भाग कर तेरापुर आये और वहाँ अपना राज्य स्थापित करने में सफल हुये। एक जैन-मुनि के उपदेश से उन्होंने वह गुफा मंदिर बनवाया।[1] इस गुफा में ही अमितवेग और सुवेग नामक विद्याधरों ने मलय देश (मालावार) के पूदी पर्वत पर से लाकर रावण के वंशजों द्वारा प्रतिष्ठापित भ० पार्श्वनाथ की मूर्ति को स्थापित किया था।[2]

इस उल्लेख पर से प्रो० हीरालालजी ने दक्षिण भारत के शिलाहारवंश के राजाओं को विद्याधर नील-महानील का वंशज प्रमाणित किया है। उन्होंने लिखा है कि "आठवीं शताब्दी और उसके पश्चात् के कई शिलालेखों में एक शिलाहार नाम के राजवंश का उल्लेख मिलता है। इनकी तीन शाखाओं ने क्रमशः उत्तर कोंकण, दक्षिण कोंकण तथा कोल्हापुर के आस पास राज्य किया! तीनों शाखाओं के राजाओं ने अपने शिलालेखों में अपने को 'जीमूतवाहन विद्याधर के वंशज' तथा 'तगरपुर के अधीश्वर' कहा है। इससे विदित होता है कि उनके पूर्वजों ने कभी तगरपुर में राज्य किया होगा।...अतएव शिलाहार वंश के सम्बन्ध की उक्त दो बातों पर से ऐसा प्रतीत होता है कि यह वंश सम्भवतः कनकामर द्वारा कथित नील-महानील से ही चला।[3]" उधर 'कथा सरित्सागर' से विद्याधरों के राजा जीमूतवाहन का होना स्पष्ट है। वहाँ कैलास से उत्तर की श्रेणी उत्तर वेदार्ध और दक्षिण

१ 'तहिं खेयर भायर अत्थि वे वि, णामेण णीलमहणील ते वि। ते अच्छहि रज्जु करंत जाव, पडिरेल्लिय दोण्णि विअरिहिताव। उद्दालिउ ताहं वि विज्जयाउ, णिद्धाडिवि घल्लिय पट्टणाउ। सिरीपास-जिणिंदहो लयाइं काले, सुर खेयर किण्णर रववमाले। अइदुम्मण दुक्खु वहंति भाय, महि लंघिवि तेरापयरुआय। तहिं थाइवि कीयउ रज्जु भव्वु, उवसाहिउ महियलु तेहिं सव्वु। अणुराएं तेहिं मि भायरेहिं, पुणु लयणु कराविउ खेयरेहिं।"

—करकंडुचरिउ, ४।३-२.

२ करकंडचरिउ, ४।४—८।

३ करकंडचरिउ (कारंजा) ग्रंथपरिचय, पृ० १७।

की दक्षिण वैध्यर्ध बताई गई है।[1] पद्मगुप्त कृत 'नवसाहसांक चरित्र' में नर्मदा के दक्षिण में एक विद्याधर राजकुल का उल्लेख है, जिसने मालवा के सिन्धुराज की सहायता की थी।[2] जैन कथाओं में ढूंढ़ने से भारत के अन्य बहुत से विद्याधर-वंशों का पता चल सकता है, जिनकी संगति इतिहास से बैठाना अन्वेषण का काम है।

दक्षिण भारत में शिलाहार राजवंश के अतिरिक्त सेनवार राजवंश के राजा भी विद्याधर थे। सातवीं शताब्दी से उनका पता चलता है और वे अपने को 'खचर' (खेचर वंश) का बताते हैं। विद्याधरों का ही अपर नाम खेचर था। उनका राजध्वज सर्पचिन्ह युक्त था—इसीलिए 'फणिध्वज' कहलाता था। ग्यारहवीं शताब्दी में वे वनवासी प्रान्त पर शासन करते थे। उनका विरुद् 'कुडलूरपुराधीश्वर' उनके पूर्वजों को कुडलूरपुर का शासनाधिकारी प्रकट करता है। उनमें जिमूतवाहन का पुत्र मारसिंह नामक राजा बड़ा प्रतापी था। उसने विद्याधर लोक के सब ही राजाओं को अपने आधीन किया। वह हेमकूटपुर का स्वामी था। सेनवार वंश के कई राजा जैनधर्मानुयायी थे।[3]

इस प्रकार वेताढ्य पर्वत से राज और विद्यायें गंवाकर बहुत-से विद्याधर राजागण समय समय पर आकर भारत में बस गये थे। जैन साहित्य में उनका विशद् विवरण फैला हुआ है, जो विश्व साहित्य के लिये मूल्यवान् है।

—शेषमग्रे।

१ 'जीमूतवाहनोप्येष: पृष्टो विद्याधरेश्वर: ।, इत्यादि।
'इह विद्याधराणां द्वौ वैध्यर्धौस्तो हिमाचले।
उत्तरो दक्षिणश्चैव नानातच्छृंग भूमिगौ ॥
परत: किल कैलासादुत्तरोऽर्वाक्तु दक्षिण: ।'

—कथासरित्सागर १४।१।६५-६६.

२ करकंडचरिउ की भूमिका, पृ० ४८।

३ संक्षिप्त जैन इतिहास, (सूरत) भा० ३ खंड २ पृ० १५७-१५८।

प्राचीन पत्र

[सं० —श्रीयुत पं० पन्नालाल साहित्याचार्य]

जेरठ के मन्दिर में एक २८८ वर्ष पूर्व का लिखा हुआ पत्र प्राप्त हुआ है। यह कपड़े पर लिखा हुआ है १७ फुट लम्बा और २ फुट चौड़ा है; पत्र के प्रारम्भिक भाग में निम्नलिखित रंगीन चित्र हैं जो उस समय की जैन चित्र कला के प्रदर्शक हैं—

जिन-माता का स्वप्न दर्शन, पति से उनका फल पूछना, १६ स्वप्न, जन्माभिषेक, राज-दरबार, दीक्षा के लिये शिविका में वन को जाना वहां दीक्षा ग्रहण करना, केवलज्ञान, समवशरण, सिद्धशिला, पञ्च अनुत्तर विमान, नव अनुदिश, सोलह स्वर्गों के आठ पटल चौबीस तीर्थंकर और जैन मुनि का उपदेश दान। उल्लिखित चित्रों के नीचे २९ पंक्तियों में पत्र लिखा गया है। प्रति पंक्ति में ४५ से लेकर ४८ तक अक्षर हैं। पत्र की भाषा संस्कृत है। यह पत्र धर्मावनि (धामोनी) जो कि आज सागर से २९ मील दूरी पर एक ऊजड़ स्थान है, के चन्द्रप्रभ चैत्यालय में विक्रम सम्वत् १७१६ भाद्र कृष्णा ३ शुक्रवार के दिन शांतियज्ञ की प्रशस्ति स्वरूप लिखा गया था। इसमें शान्ति यज्ञ कराने वाले सद्गृहस्थों का निम्न प्रकार परिचय दिया गया है—

वैश्य वर्ण, गोलापूर्व जाति के सनकुटा गोत्र में संघपति (संघवै—संघई—सिघई) आसकरण थे। उनकी भार्या का नाम मोहनदे था। उन दोनों के दो पुत्र हुए। बड़े पुत्र का नाम संघपति रतनाई था। उसकी स्त्री का नाम साहिबा था। उन दोनों के पांच पुत्र हुए—१ नरोत्तम २ मंडन ३ राघव ४ भगीरथ और ५ नन्दा। आसकरण के द्वितीय पुत्र संघपति हीरामणि थे। उनकी दो स्त्रियां थीं कमला और बसन्ती। उनके बलभद्र नामका पुत्र था इन्हीं सबने क्षुल्लक सुमतिदासजी के उपदेश से शांतियज्ञ कराया था। धर्मावनि [धामोनी] का पतन होने पर इस वंश के कितने ही वंशज वहाँ से हटकर पड़वार जा बसे थे और कितने ही जेरठ आदि स्थानों में चले गये थे। जो धर्म कर्म सम्पन्न हैं। पत्र का वस्त्र देखकर तत्कालीन वस्त्र-निर्माण की कला पर गौरव होता है। पत्र की प्रतिलिपि इस प्रकार है:—

॥ ॐ नमो जिनाय ॥

स्वस्तिश्री जिनमानम्य पंचकल्याणनायकम्।
लिखामि टिप्पिकां रम्यां सर्वकल्याणसिद्धये ॥ १ ॥
अर्हन्तो मङ्गलं सन्तु तव सिद्धाश्च मङ्गलम्।
मङ्गलं साधवः सर्वे मङ्गलं जिनशासनम् ॥ २ ॥

नाभेयादिजिनाः प्रशस्तवदनाः ख्याताश्चतुर्विंशतिः
श्रीमन्तो भरतेश्वरप्रभृतयो ये चक्रिणो द्वादश।
ये विष्णुप्रतिविष्णुलाङ्गलधराः सप्ताधिका — विंशति
स्त्रैकाल्याभयदा स्त्रिषष्टिपुरुषाः कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥ ३ ॥
संप्रेरितां दर्शन——कर्णधारैर्यन्नामनावं परिलभ्य भव्याः।
भवाम्बुधिं दुःखजलं तरन्ति स त्रायतां वो वृषभो जिनेन्द्रः ॥ ४ ॥
जिनोऽजितोऽव्याज्जितदुःखराशिर्भव्यान्सुखी संभवनाथ ईड्यः।
आनन्ददश्रीरभिनन्दितेशः सतां समर्च्यः सुमतिः सुखाब्धिः ॥ ५ ॥
पद्मप्रभः पद्मदलाभनेत्रः शुभाय भूयाच्च सुपार्श्वदेवः।
चन्द्रप्रभश्चन्द्रसमानकान्तिः सतां सुबुद्धिः सुविधिः प्रबुद्धः ॥ ६ ॥
श्रीशीतलेशोऽवतु भव्यसंघं श्रेयोजिनश्चाक्षयसौख्यराशिः।
श्रीवासुपूज्यः पुरुहूतपूज्यो मलापहारी विमलेश्वरश्च ॥ ७ ॥
अनन्तनाथोऽन्तविहीनकीर्तिर्धर्माम्बुधिर्धर्मजिनो जिताक्षः।
शिवाय शान्तीश्वरनामधेयः कुन्थुर्बुधानामनघोऽस्तु पूज्यः ॥ ८ ॥
विभुः सतां स्यादरनाथदेवो मल्लिः सुखाप्त्यै जितमोहमल्लः।
व्रताङ्कितश्रीमुनिसुव्रतेशो नमिर्नतानेकविनेयवर्गः॥ ९ ॥
श्रीनेमिनाथो यदुवंशभूषः पार्श्वप्रभो देशितमुक्तिपार्श्वः।
वीरेश्वरोऽव्याज्जिनवर्धमानः संसार कृच्छ्राद्वरभव्यवृन्दम् ॥ १० ॥

दोषाष्टादशवर्जिता अतिशयैर्द्धाःपराम्श्रयै—
रष्टप्रोतसहस्रलक्षणधराः सत्प्रातिहार्यान्विताः।
दृष्टिज्ञानसुवीर्यसौख्यसुगुणैरन्तातिगै र्वन्धुरा
भूतानागतवर्तमानविषया वः पान्तु तीर्थङ्कराः ॥ ११ ॥
काले दुःषमसंज्ञके जिनपते धर्मे गते क्षीणतां
ये कुर्वन्ति सुधर्मसाधनरता गेहस्थिताः साम्प्रतम्।
धर्म्मं श्रीजिनभाषितं शुभतरं क्षेत्रेषु चोप्तं यकै
र्द्रव्यं कष्टशतैरुपार्जितमतो धन्या हि ते भूतले ॥ १२ ॥

गेहिनां दानपूजाद्यं विना धर्मस्य सम्भवः।
कदाचिन्न भवेत्तस्मात्तत्कार्यं धीमता सदा ॥ १३ ॥

गुर्वाज्ञया प्राप्य धनेन सद्भिः सहायतो धर्मवतां नराणाम्
कार्यो महान् (महः) श्रीजिनयज्ञनामा स्वर्गापवर्गादिविभूतिदायी ॥ १४ ॥

श्रीमूलसंघे वाग्गच्छे बलात्कारगणे तथा ।
पट्टमालानुक्रमोऽयं मंगलं कुरुते सदा ॥ १५ ॥
कुन्दकुन्दमुनेर्वंशेऽभूद्भट्टारकसत्तमः ।
पद्मनन्दिश्च तत्पट्टे यशस्कीर्तियशोनिधिः ॥ १६ ॥
तत्पट्टे ललितादिकीर्तिरभवत्स्याद्वादविद्यानिधि- ।
स्तस्माद् श्रीनृपकीर्तिवाग्वरयतिव्रातार्चितोऽभूत्ततः ।
शुभद्धाग्यवतां वरिष्ठ इति सद्भट्टारको भासुरो
योगीशः शुभपद्मकीर्तिरमलः सेव्यः सदा श्रीश्रिते: ॥ १७ ॥

तदनुपट्टधरोधरणीपतिप्रवरपूजितपादपयोरुहः ।
सकलकीर्तिरिहास्ति सतां सदद्भुतसुसौख्यकरः करुणालयः ॥ १८ ॥
तत्र संघे श्री पं० द्वारिकादासः ॥ छ ॥ पूर्वोक्तभट्टारक श्री ६
ललितकीर्तिदेवस्तच्छिष्यक्षुल्लक व्रतधर—ब्रह्मश्रीसुमतिदासः ।
तस्योपदेशवृषभूमिसंज्ञे पुरे श्रावकास्तत्र (पुण्य) महः समीड्यः ।
शान्तिकर्मो नाम विधानसारं कुर्वन्ति ते स्युः सुखिनो नितान्तम् ॥ १९ ॥
इन्द्रतत्त्वेन्दुपङ्कवर्षे लिखितं सुमनोहरं ।
संवत्सरे विक्रमाकान् गते मासि सुभाद्रके ॥ २० ॥
कृष्णपक्षतृतीयायां तिथौ श्री शुक्रवासरे ।
शान्तिकर्म सतां शान्तिप्रदमारभ्यते शुभम् ॥ २१ ॥
अन्त्यवर्णसमुद्भूतः सुचित्तान सुभूमियः ।
तस्मिन् राजनि सद्राज्ये प्रजाक्षेमकरे शुभे ॥ २२ ॥
पुर्व्यां धर्मावनौ शुभचन्द्रप्रभजिनालये ।
जिनशान्तिक्रियायज्ञविधिश्चैप विरच्यते ॥ २३ ॥
महोत्सवशताकीर्णे पुण्यापण्यपणे वरे ।

... ...

तत्र शुद्धसम्यक्त्वालंकारभारोद्धरणधौरान् षट् प्रतिमाधारक-द्वादशव्रत-गात्राहाराभयभैषज्य-शास्त्रदान-वितरणैकश्रेयोनृपतितुल्य-जीर्ण-नूतन-जिनप्रासादकरणकारापणसमर्थपात्रदानजिनपूजा-मान्यमानन - जिनस्मरण-जनितपुण्यैः पवित्रीकृतबाह्याभ्यन्तरवृत्तिः वैश्यवर्णे सनकुटागोत्रे गोलापूर्ववंशे संघपति आसकरण भार्या मोहनदे तयोः पुत्रौ द्वौ जातौ तयोर्मध्ये ज्येष्ठः संरतनाई भार्या साहिबा तयोः पुत्राः

पंच ज्येष्ठो नरोत्तमः द्वितीयोमंडनः तृतीयो राघवश्चतुर्थो भागीरथः पञ्चमो नन्दीति । द्वितीय पुत्र सं० हीरामणिः भार्या कमला तथा वसंतो पुत्र बलभद्रैते सगोत्रा सकुटुम्बा नित्यं जिनधर्मप्रसादाच्चिरंजीवाः वृद्धियुक्ताः जिनभक्तिकाः भवन्तु । ये जिनेन्द्रं नमस्यन्ति पूजयन्ति स्तुवन्ति च तेषां सर्वाणि भद्राणि गृहे वसन्ति निश्चितम् ॥

—०:०:०—

मुझे यह पत्र जैन विद्यालय सागर के विद्यार्थी श्री प्रेमचन्द जी पडवार के द्वारा प्राप्त हुआ है। —लेखक

कारंजा के कतिपय मूर्तिलेख

(गतांक से आगे)

दि० जैन बलात्कार मन्दिर

१ **ऋषभनाथ**—पाषाणमयी, कृष्णवर्ण, पद्मासन, मूर्तिलेख - सं० १३५०.........

२ **नेमिनाथ**—पाषाणमयी, लालवर्ण पद्मासन, दो फुट ऊँची, लेख—शाके १५८० विलंबी नाम संवत्सरे मार्गशीर्ष शु० ५ शुक्रवासरे श्रीमूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्रीदेवेन्द्रकीर्तिदेवास्तत्पट्टे मूलचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीधर्मभूषणदेवास्तेन प्रतिष्ठितं; बघेरवालज्ञाति-हरसीरागोत्रे मेघासा तस्य भार्या हिराबाई तस्य सुतः संगई नेमाजी।

३ **पार्श्वनाथ**—पाषाणमयी, लालवर्ण १ फुट उँची. लेख—शाके १६१२ श्रीसिद्धसेन गुरूपदेशात् वैशाख वदी १२ सेनगण मु०......

४ **शीतलनाथ**—पाषाणमयी,

लेख—श्री० मू० भ० श्रीधर्मचन्द्र उपदेशात् गोकुलजंग जी......

५ **पुष्पदन्त**—पाषाणमयी, एक फुट ऊँची, लेख—संवत १६५६ फाल्गुन शुक्ला ३ गुरौ श्री० मू० भ० श्रीवादिभूषण उपदेशात हुँवडज्ञाति सा भल्लाम्मा इत्यादि।

६ **चिन्तामणि पार्श्वनाथ**—धातुमयी, पीतवर्ण, लेख—श्री० भ० विशालकीर्तिस्तत्पट्टे भ० सकलकीर्तिः शाके १५२७ विश्वावसुसंवत्सरे मू० संघे स० गच्छे ब० गणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये अनुक्रमात् पद भट्टारक श्रीधर्मचन्द्रदेवास्तत्पट्टे अमरकीर्तिस्तत्पट्टे भ० सकलकीर्त्ति यदुपशात् नेवा ज्ञातीय पोलोरियागोत्रे सं० माहमल्ल सं० संशदमा तस्य पुत्र श्रेगिको २ अवतार संगवे श्री० भैरव त० स० प्रणमिति, इति सं० वासुदेव भा० सं० भगाई सं० पात्रमल्ल तस्य ससोला तस्य पुत्र सं० नेमाजी तस्य भार्या सौभादरा तस्य पुत्र संगवेरामाजी सं० बापूजी तस्य भार्या मना सर्व कुटुम्ब पणमति।

७ **पद्मप्रभदेव**—पाषाणमयी, कृष्णवर्ण, लेख—शाके १५६० प्रमाथी नाम संवत्सरे वैशाखमासे कृष्णपक्षे १० शुक्रवासरे श्री मू० सं० स० गच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये श्री० भ० कुमुदचन्द्रस्तत्पट्टे भ० श्रीधर्मचन्द्र उपदेशात् पंचमज्ञाति शेटीजी तस्य भार्या भावाई तयोः पुत्र शृंगारराय हिरोजी तिलक प्रणमति।

८ **पार्श्वनाथदेव**—धातुमयी, पीतवर्ण, लेख—श्रीमूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये मलयखेड सिंहासनाधीश्वर भ० श्री० देवेन्द्रकीर्त्तिस्तत्पट्टे भ० श्रीधर्मचन्द्रस्तत्पट्टे भ० श्रीधर्मभूषणास्तत्पट्टे भ० श्रीदेवेन्द्रकीर्त्ति-

स्तत्पट्टे श्रीकुमुदचन्द्रस्तत्पट्टे भ० श्री० धर्मचन्द्रोपदेशात् हुंबड़ ज्ञातीय काकडेश्वर गोत्रे भ० सरतामसा तस्य भार्या सोनाई तयोः पुत्र धर्मचन्द्रस्तेन नमितं इदं जिनबिम्बं तथा बाई अनन्तमती नित्यं नमति। शाके १५७२ वि० सं० का० शु० २१ श्री० धर्मभूषणैः प्रतिष्ठितम्।

९ **पार्श्वनाथ**—पाषाणमयी, लेख—संवत् १६७३ शान्तिसेनेन प्रतिष्ठितम्।

१० **अरहनाथ**—पाषाणमयी, ले०—संवत् १५४९।

११ **पार्श्वनाथ**—लेख—सं० १५४८ वैशाख सुदी २ भ० श्री० श्री० जिनचंद्रजी प्रतिष्ठितम् रानासा पापलवालेन विराजितम्।

१२ **ऋषभनाथ**—लेख—सं० १९५७ शाके १८२२ माघशुक्ला ११ बुधवासरे मूलसंघे बलात्कारगणे स० गच्छे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये कारंजानगरे पंडित मंगलचन्दजी वंशेन प्रतिष्ठितम्।

१३ **पार्श्वनाथ**—लेख-शाके १५६१ अतिथि नाम संवत्सरे फाल्गुन शुक्ला २ बृहस्पतिवासरे श्री० मू० सं० कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्री धर्मचन्द्र त० धर्मभूषण, त० श्रीदेवेन्द्रकीर्त्ति त० श्रीकुमुदचन्द्र त० श्रीधर्मचन्द्रोपदेशात् बघेरवालज्ञाति हरसोगगोत्रे रानासा भार्या देसाई तस्य पुत्रेण प्रतिष्ठितम्।

१४ **मल्लिनाथ**—लेख संवत १५४२ से० ब० गणे......

१५ **श्रेयान्सनाथ**—लेख सं० १५४५ आनन्दीलाल......।

१६ **चन्द्रप्रभदेव**—लेख सं० १५४२ वैशाख शु० ५ सरल राजसम जिनचन्द्रजी प्रतिष्ठितम।

१७ **चिन्तामणिपार्श्वनाथ**—संवत् १६८३ वर्षे माघ शु० ५ गुरौ श्री० मू० सं० ब० कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्रीरायकीर्त्ति त० पद्मनन्दिगुरूपदेशात् हुँमडज्ञातीय लघु शाखा खरजागोत्रे सं० नाकर भा० नारंगदेसु सं० ऋषभदास भा० प्रदेशु धर्मदास इति पार्श्वनाथं प्रणमति।

१८ **पार्श्वनाथ**—ले०-शाके १६१३ श्रीमूलसंघे वृषभसेनाचार्य भ० शान्तिसेन उपदेशात् बरजगहा नगर......।

१९ **ऋषभनाथ**—ले०-श्री० मू० भ० श्रीधर्मचन्द्रोपदेशात् गोकुल जगजीवनधन प्रणमति।

२० **चिन्तामणि पार्श्वनाथ**—ले०—श्री० से० १६५९ फाल्गुन शुक्ला १३ गुरौ श्री० मू० सं० खर० गच्छे ब० गणे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये श्री० बुधचन्द्र अभयचन्द्र तत्पट्टे श्रीअभयनन्दी श्रीसुमतीसागरदेवोपदेशात्।

कारंजा की लघु पट्टावली

अथ स्थानक बलात्कारगण की गादी हुई सो न्यारो न्यारो पट्टी सो व्योरो :—

सं० १२६६ आषाढ़ शुक्ल ५ प्रख्यातकीर्त्ति गृहस्थ वर्ष ११ दीक्षावर्ष १५ पट्टवर्ष २ मास ३ दिन १९ अन्तरी दिन ४ सो प्रथम ही तो यह मालव देश उज्जैन नगरी में पट्ट ५१

हुआ सो जानना। भद्रबाहु से लेकर महिचन्द्र स्वामि पर्यन्त। महिचन्द्र स्वामी यात्रा निमित्त जाता था, सो हाडोती में नागनगर थो सो उस नगर में शान्त हुआ। गंगकीर्त्ति स्वामी संवत् ११६२ बारा में ही बैठा, सोनागिरिजी की यात्रा निमित्त पधारा था, जब गोपाचलगढ़ उपरी रहा था सो वहाँ शान्त हुआ; सो सिंहकीर्त्ति स्वामी १२०६ के साल में ग्वालेर बैठा, सो १४ पट्ट ग्वालेर ही हुआ। ग्वालेर से संवत् १२६४ के साल अभयकीर्त्ति-जी मारवाड़ देश में उपदेश निमित्त आया था, सो अजमेर पधारा था, अजमेर में शान्त हुआ। वसन्तकीर्त्तिजी पट्ट बैठा, ६०५ इहसो पाँच पट्ट अजमेर हुआ। भट्टारक प्रभाचन्द्र जी के पाँच शिष्य थे; सो प्रभाचन्द्र नाईं पट्ट एक ही था सो पाँच शिष्य में सूं चार शिष्य तो प्रदेश आया था।

१ संवत् १३१५ साल में तो डूंगरपुर पट्ट बैठा तिणा तो गुजरात में आम्नाय राखी; अर गुजरात में सकलकीर्त्तिजी के पटावली से यशकीर्त्ति जी पर्यन्त गादी १६ सोलह हुई हैं। जसकीर्त्ति जी की गादी माहीं सुगुणचन्द्र भट्टारक वा धर्मभूषण जी बगैर दोय गादी न्यारी हुई, १७५ वर्ष जानना।

२—दूसरा शिष्य मेवाड़ देश में चित्तौड़ किले पट्ट बैठा।

३—तिसरा शिष्य मलयखेड़ में रत्नकीर्त्तिजी था, सो गोमट स्वामी के यात्रा निमित्त पधारा था; सो हूमच (हुम्बुच) में बलात्कार गण को पट्ट स्थापित किया, सो देवेन्द्रकीर्त्ति नाम पड़ता है।

४—भट्टारक धर्मभूषण स्वामी सुरत्राण जी संवत् १३७० साल में गया था, तिणासु कारंजा में पट्ट स्थापित हुआ। कारंजासुं धर्मचन्द्र स्वामी नागपुर गादी हुई तथा महिन-वाला संवत् १७१० के साल में आरती करी सो हमारे तांई स्याति को फैसो मेटो। जब आज्ञा गुरु की माना नहीं तब मायना छोड़ दीनी, जब पाट सम्बन्ध करने लगा। फिर बिनती करी जब मण्डलाचार्य सहित बात मण्ली में भी किया था। सोनागर ? बैठा विशालकीर्त्ति।

प्रभाचन्द्र जी दिल्ली शान्त हुआ था, सो पद्मनन्दी जी दिल्ली पट्ट बैठा। फेर अजमेर में पट्ट ४ हुआ। फेर जिनचन्द्र जी सो आमेर को पट्ट न्यारो हुओ, अर ग्वालेर पहली गादी की ही थी। पाछे ग्वालेर गादी में तीन गादी उठ गई फेर आमेर माहीसु अजमेर नागौर पट्ट न्यारे बैठने लगे सो जानना। इति—

कुन्दकुन्दाचार्य संवत ४८ में हुआ; संवत १०१ में उमास्वामी हुआ।

श्रीजैन-सिद्धान्त-भवन,
आरा।
२८-७-४५

श्रीधराचार्य

[ले०—न्याय-ज्योतिषतीर्थ पं० नेमिचन्द्र जैन शास्त्री, ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न]

अभी हाल में काशी विद्यापीठ से प्रकाशित अभिनन्दन ग्रन्थ में विद्वद्वर श्रीबलदेव मिश्र का एक निबन्ध गणितज्ञ श्रीधराचार्य के सम्बन्ध में प्रकाशित हुआ है, जिसमें इन्होंने उक्त आचार्य को जैनेतर उत्तर भारत का निवासी बतलाया है। लेकिन श्रीधराचार्य की प्राप्त रचनाओं एवं उनके सम्बन्ध में उपलब्ध उल्लेखों से स्पष्ट सिद्ध होता है कि यह आचार्य दक्षिण कर्णाटक निवासी जैन मतानुयायी थे। इनका प्रसिद्ध गणित का ग्रन्थ गणितसार या त्रिशतिका है, जिसका सम्पादन महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी ने किया है।

कुछ दिन पहले भारतीय ज्ञानपीठ काशी की कर्णाटक शाखा मूड़बिद्री की ओर से कर्णाटक प्रान्त के जैन ग्रन्थालयों के हस्तलिखित ग्रन्थों की सविवरण ग्रन्थ सूची तैयार की गई थी। इसी अन्वेषण में अनेक संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश एवं कन्नड़ के अप्रकाशित जैन ग्रन्थ दृष्टि में आये। इन्हीं ग्रन्थों में कन्नड़ लिपि में लिखित श्रीधराचार्य के गणित-सार या त्रिशतिका की भी एक पुरानी प्रति मिली है। इस प्रति में ४५[1] ताड़पत्र हैं, प्रति पत्र ६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति ८५ अक्षर हैं। इस प्रति को देखने से मालूम होता है कि प्रस्तुत गणितसार या त्रिशतिका का मंगलाचरण मुद्रित प्रति में बदल कर छापा गया है।

प्राप्त हुई हस्तलिखित प्रति का मंगलाचरण निम्न प्रकार है—

> नत्वा जिनं स्वविरचितपाट्या गणितस्य सारमुद्धृत्य।
> लोकव्यवहाराय प्रवक्ष्यति श्रीधराचार्यः॥

मुद्रित प्रति का मंगलाचरण—

> नत्वा शिवं स्वविरचितपाट्या गणितस्य सारमुद्धृत्य।
> लोकव्यवहाराय प्रवक्ष्यामि श्रीधराचार्यः॥

उपर्युक्त मंगलश्लोक में 'जिनं' के स्थान पर 'शिवं' लिखा गया है। यह मंगलाचरण बदलने की प्रथा केवल इसी ग्रन्थ तक सीमित नहीं है, किन्तु और भी कई लोकोपयोगी जैन ज्योतिष एवं आयुर्वेद के ग्रन्थों में मिलता है। क्योंकि ज्योतिष और आयुर्वेद ये दोनों विषय सर्व साधारण के लिये एक समान ही हैं; इसलिये किसी मत या सम्प्रदाय में दो-एक बातों को छोड़ अन्य बातों में समानता ही पायी जाती है। मानसागरी जिसका कि ज्योतिर्विदों की मण्डली में खूब प्रचार है, जैन ग्रन्थ है। ऐसी कोई बात नहीं है कि

१—देखें—जैन-सिद्धान्त-भास्कर भाग १२ किरण २ पृ० ११३

उपयोगी ज्योतिष या वैद्यक के जैन ग्रन्थों को जैनेतरों ने अपनाने से इंकार किया हो; बल्कि अन्वेषण करने पर प्रमाण मिलते हैं कि अनेक ज्योतिष के ग्रन्थों का पठन-पाठन सर्व साधारण में बिना किसी भेद-भाव के प्रचलित था। मानसागरी के जैन होने को उसके विद्वान्, उदारचेता सम्पादक ने भूमिका में स्वयं स्वीकार किया है—

"एवं मानसागरी-नाम्ना सार्थकग्रन्थनामकल्पनया 'मानसागर' नाम्ना केनापि व्यरचीति वक्तुं शक्यते, यः कोऽपि कर्त्ता भवतु, जैनमतावलम्बिनाऽवश्यं भवितव्यम्, बहुत्र 'श्रीआदिनाथ प्रमुखा जिनेशाः' सच जिनप्रसादाद्दीर्घायुर्भवतु, इत्यादि जिनस्तुतिल्लेखसत्त्वात्'।

अतः स्पष्ट है कि प्राचीन काल में लौकिक जैन ग्रन्थों का प्रचार सर्वसाधारण में था; जिससे कुछ संकीर्ण विचार वालों ने कतिपय जैन ग्रन्थों को मंगलाचरण बदल कर अपने में मिला लिया।

श्रीधराचार्य की अन्य ज्योतिष विषयक उपलब्ध रचनाओं में तीन ग्रन्थ हैं—एक ज्योतिर्ज्ञानविधि या श्रीकरण, दूसरा कन्नड़ भाषा में लिखित जातक तिलक या होराशास्त्र और तीसरा इसी भाषा में लिखित लीलावती नामक ग्रन्थ है।

जातकतिलक के सम्बन्ध में कर्णाटक भाषा के मर्मज्ञ विद्वानों का कथन है कि यह ग्रन्थ ज्योतिष का महत्त्वपूर्ण है। श्री हीरालाल कापड़िया ने गणित तिलक की अंग्रेजी भूमिका में जैन गणित और ज्योतिष का वर्णन करते हुए इस ग्रन्थ[१] के सम्बन्ध में बताया है—

Besides these works in Prākrit and Sanskrit there are some works of Jaina authorship, written in Kanarese language, for instance Śridharācārya has composed in verses Jātakatilaka, a work of an astrological nature.

इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि जातक तिलक जैनाचार्य श्रीधर का एक महत्त्वपूर्ण ज्योतिष का ग्रन्थ है।

ज्योतिर्ज्ञानविधि की एक अधूरी प्रति मूड़बिद्री के जैन शास्त्रागार से प्रतिलिपि कराके श्री जैन-सिद्धान्त-भवन आरा में मंगाई गई है। इस ग्रन्थ के केवल दस प्रकरण उपलब्ध हैं—संज्ञाधिकार, तिथ्याधिकार, संक्रान्ति-ऋत्वहोरात्रिप्रमाणाधिकार, ग्रहनिलयाधिकार, ग्रहयुद्धाधिकार, ग्रहणाधिकार, लग्नाधिकार, गणितनाधिकार एवं मुहूर्त्ताधिकार हैं। इसका मंगलाचरण निम्न प्रकार है—

१—देखें-Ganetatilaka's Introduction P. X. तथा विशेष के लिये कर्णाटक कवि चरिते भाग १ पृ० ७५

प्रणिपत्य वर्धमानं स्फुटकेवलदृष्टतत्त्वमीशानम् ।
ज्योतिर्ज्ञानविधानं सम्यक् स्वायंभुवं वक्ष्ये ॥
गोपकबालस्त्रीवृद्धमतिविहीनानाम् ।
मनसा नेयं तथ्यं श्रीकरणमिदं ततो वक्ष्ये ॥

इस ग्रन्थ के प्रत्येक प्रकरणान्त में आये प्रशस्तिवाक्य में श्रीधराचार्य ही **कर्त्ता** बताये गये हैं—

इति श्रीधराचार्यविरचिते ज्योतिर्ज्ञानविधौ ध्रुवाधिकारो नाम द्वितीयः परिच्छेदः ।

किसी-किसी परिच्छेद के अन्त में ज्योतिर्ज्ञानविधि को विशेषण और श्रीकरण को विशेष्य तथा किसी-किसी के अन्त में ज्योतिर्ज्ञानविधि या श्रीकरण ऐसा भी मिलता है—

इति श्रीधराचार्यविरचिते ज्योतिर्ज्ञानविधौ श्रीकरणे संज्ञाधिकारः प्रथमः परिच्छेदः । तथा–

इति श्रीधराचार्यविरचिते ज्योतिर्ज्ञानविधौ वा श्रीकरणे लग्नप्रकरणं नाम अष्टमः परिच्छेदः ।

अतः यह सुस्पष्ट है कि ज्योतिर्ज्ञानविधि के कर्त्ता ही गणितसार या त्रिशतिका के रचयिता श्रीधराचार्य हैं। जैनाजैन साहित्य में इस नाम के जितने आचार्य मिलते हैं, उनका विवरण प्रस्तुत किया जाता है तथा इस विवरण पर से पाठक स्वयं निश्चय कर सकेंगे कि गणितज्ञ श्रीधराचार्य कौन हैं ?

श्रीधराचार्य नामके जैनेतर विद्वानों का विवरण

अजैन साहित्य में श्रीधर नामके आठ विद्वानों का उल्लेख मिलता है—

१—यह श्रीधरपद्धति, पाशुपतप्रताप, कान्तविधान पद्धति एवं अमरकोष की टीका आदि ग्रन्थों के रचयिता हैं। सुन्दरगणिकृत धातुरत्नाकर में इनका उल्लेख मिलता है।

२—इनका पूरा नाम श्रीधराचार्य यज्वन् बताया गया है। यह स्मृत्यर्थसार और श्रीधरीय धर्मशास्त्र नामक ग्रन्थों के रचयिता हैं। स्मृत्यर्थसार में इन्होंने गोविन्दराज और तीर्थसंग्रहकार का मत उद्धृत किया है। हेमाद्रि ने अपने ग्रन्थ में इनका आदर सहित उल्लेख किया है। इनके पिता का नाम विष्णु भट्ट उपाध्याय बताया गया है।

३—इनके नामके अन्त में 'दास' शब्द भी मिलता है। इन्होंने ईस्वी सन् १२०४ में सदुक्तिकर्णामृत की रचना की है। इनके पिता बटुदास बंगेश्वर लक्ष्मणसेन के सेनापति और परम सुहृद थे।

४—श्रीधर दीक्षित—यह प्रयोगवृत्ति और सामप्रयोग पद्धति के प्रणेता हैं।

५—श्रीधराचार्य—पदार्थ-धर्म-संग्रह की टीका न्यायकन्दली के रचयिता हैं। इन्होंने व्यवहार दशश्लोकी, सपिण्डदीपिका ये दो ग्रन्थ और बनाये हैं। इनके नामके अन्त में भट्ट शब्द भी मिलता है। न्यायकन्दली में इनके पिता का नाम बलदेव, माता का अब्बोका और पितामह का वाचस्पति बताया है। इस ग्रन्थ को इन्होंने पाण्डुदास नामक एक हिन्दू राजा के उत्साह से ईस्वी सन् ९९१ में रचा है। इनका ग्राम भूरिसृष्टि बताया गया है।

महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी ने गणितसार[1] के कर्त्ता ज्योतिर्विद् श्रीधराचार्य को और न्यायकन्दली के कर्त्ता श्रीधराचार्य को एक माना है और इसी आधार पर इन्होंने अपनी गणकतरंगिणी में भट्ट श्रीधर, श्रीधर और श्रीधराचार्य ये तीनों नाम एक ही व्यक्ति के बतलाये हैं। परन्तु एक भी ऐसा प्रमाण नहीं, जिससे गणक श्रीधराचार्य को न्याय-कन्दली का कर्त्ता माना जा सके। गणितसार या त्रिशतिका के अन्त में ज्योतिर्विद् के रूप में ही इनका परिचय मिलता है, नैयायिक के रूप में नहीं। और न न्यायकन्दली से ही कहीं व्यक्त होता है कि ये ही प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीधराचार्य हैं। इसके अलावा ऐसे अनेक सबल प्रमाण हैं जिनसे ज्योतिर्विद् श्रीधराचार्य का अस्तित्व पृथक् सिद्ध होता है। अतएव न्यायकन्दलीकार भट्ट श्रीधराचार्य से भिन्न गणितसार के रचयिता हैं।

६—श्रीधर मिश्र—दानपरीक्षा, भ्रष्टवैष्णवखण्डन, शुष्कज्ञान निरादर और वैद्यमनोत्सव नामक ग्रन्थों के रचयिता हैं।

७—पुरुषोत्तम सरस्वती के गुरु तथा रामश्रीपाद शिष्य हरिहरानन्द के शिष्य एक श्रीधराचार्य हैं। इनका बनाया हुआ सिद्धान्त तत्त्वबिन्दु-सन्दीपन नामक ग्रन्थ बताया गया है।

छान-बीन करने पर श्रीधराचार्य नामक अजैन विद्वानों में से कोई भी गणितसार, जातक तिलक, ज्योतिर्ज्ञानविधि आदि ज्योतिष विषयक ग्रन्थों के रचयिता नहीं जँचते हैं।

जैनाचार्य—इस नाम के

१—श्री प्रेमीजी द्वारा लिखित दिगम्बर 'जैन ग्रन्थकर्त्ता और उनके ग्रन्थ' नामक पुस्तक से एक श्रीधराचार्य की सूचना मिलती है, जो कि श्रुतावतार गद्य और भविष्यदत्त चरित्र नामक ग्रन्थों के रचयिता हैं।

२—सुकुमाल चरिउ के रचयिता[2] श्रीधराचार्य अपभ्रंश के प्रसिद्ध कवि हैं। इस ग्रन्थ की रचना का कारण इस प्रकार बताया है कि एक दिन बलद (बलडइ) के जैन

१—'गणितसार' जैनाचार्यों का दिया नाम है, जैनों में इस नामके गणित सम्बन्धी कई ग्रन्थ लिखे गये हैं।

२—इनकी सूचना मुझे श्री रामसिंह तोमर एम० ए० रिसर्च स्कालर शान्ति निकेतन (बंगाल) से मिली है। —लेखक

मन्दिर में, जहाँ के शासक गोविन्दचन्द्र थे, पद्मचन्द्र नामक एक मुनि उपदेश दे रहे थे। उपदेश में उन्होंने सुकुमाल स्वामी का भी उल्लेख किया। श्रोताओं में पीछे साहु का पुत्र कुमार नामक एक व्यक्ति था, जिसने कि सुकुमाल स्वामी की कथा के विषय में अधिक जानने की इच्छा प्रकट की थी। किन्तु मुनिराज ने कुमार को श्रीधराचार्य नामक कवि की अभ्यर्थना करने को कहा, जो कि उसकी जिज्ञासा शान्त कर सकते थे। अतः श्रीधराचार्य को कुमार ने सुकुमाल चरित की रचना करने को प्रेरित किया। कुमार साहु को पुरवाड कुल का बताया है कवि ने अपनी कृति भी इन्हीं को समर्पित की है। ग्रन्थ समाप्ति की तिथि निम्न प्रकार दी गई है—

बारहसयइं गयइं कयहरिसइं। अट्ठोत्तरइं महीयले वरिसइं।
कसणपक्खे अग्गहणे जायए। तिज्जदिवसे ससिवारि समायए॥

अर्थात् १२०८ वर्ष व्यतीत होने पर मार्गशीर्ष कृष्णा तृतीया चन्द्रवार को समाप्त किया।

३—सेन संघ में श्रीधर नाम के एक प्रसिद्ध आचार्य हुए हैं, यह काव्य-शास्त्र के मर्मज्ञ, नाना शास्त्रों के पारगामी विश्वलोचन कोश के कर्त्ता हैं। इनके गुरु का नाम मुनिसेन बताया जाता है।

४ श्रीधरदेव—श्रवणबेलगोल के शिलालेख नं० ४२ और ४३ में इस नाम के दो आचार्य आये हैं। एक आचार्य दामनन्दि के शिष्य और दूसरे मलधारि देव के शिष्य। इस नाम के एक आचार्य वैद्यामृत के कर्त्ता भी माने गये हैं। शास्त्रसारसमुच्चय के टीकाकार माघनन्दी ने अपनी गुरुपरम्परा में भी श्रीधरदेव का नाम बताया है।

गणितसार के रचयिता का पूरा नाम श्रीधराचार्य है, आचार्य शब्द भी इनके नाम के साथ जुड़ा हुआ है अतः प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीधराचार्य उपर्युक्त विद्वानों से भिन्न हैं।

नन्दिसंघ बलात्कारगण के आचार्यों में श्रीधराचार्य का नाम यथावत मिलता है। दशभक्त्यादि महाशास्त्र में कविवर वर्धमान ने नन्दिसंघ बलात्कारगण की गुर्वावली निम्न प्रकार दी है :—

वर्द्धमान भट्टारक, पद्मनन्दी, श्रीधराचार्य[1], देवचन्द्र, कनकचन्द्र, नयकीर्त्ति, रविचन्द्रदेव, श्रुतकीर्त्तिदेव, वीरनन्दी, जिनचन्द्रदेव, भट्टारक वर्धमान, श्रीधर पंडित, वासुपूज्य, उदयचन्द्र, कुमुदचंद्र, माघनंदी, वर्द्धमान, माणिक्यनंदी, गुणकीर्त्ति, गुणचंद्र, अभयनंदी, सकलचंद्र, त्रिभुवनचंद्र, चंद्रकीर्त्ति, श्रुतकीर्त्ति, वर्द्धमान, त्रैविद्य वासुपूज्य, कुमुदचंद्र और भुवनचंद्र।

उपर्युक्त गुर्वावली में श्रीधराचार्य और श्रीधर पंडित ये दो व्यक्ति आये हैं। इनमें

---

१ तस्यमौखण्पद्मनन्दीत्रैविद्येशो गुणालय:। अभवच्छ्रीधराचार्यस्तत्सधर्मामहाप्रभ:॥

—दशभक्त्यादि महाशास्त्र पृ० १०१

श्रीधराचार्य गणितसार, जातक तिलक, कन्नड़ लीलावती आदि ज्योतिष विषयक ग्रंथों के रचयिता और श्रीधर पंडित जयकुमार चरित के रचयिता हैं।

श्रीधराचार्य का समय

'कर्णाटक कवि चरिते' के एक उद्धरण से पता लगता है कि श्रीधराचार्य के 'जातक-तिलक' का रचनाकाल १०४९ ईस्वी है। महावीराचार्य के गणितसार में—

"धनं धनर्णयोर्वर्गों मूले स्वर्णे तयोः क्रमात्।
ऋणं स्वरूपतोऽवर्गो यतस्तस्मान्नतत्पदम्॥"

यह श्रीधराचार्य का सूत्र आया है, इससे स्पष्ट है कि श्रीधराचार्य महावीराचार्य के पूर्ववर्ती हैं। महावीराचार्य ने अपने गणितसार में अमोघवर्ष का निम्न प्रकार स्मरण किया है :—

श्रीणितः प्राणिशस्यौघो निरीतिर्निरवग्रहः।
श्रीमतामोघवर्षेण येन स्वेष्टहितैपिणा॥

× × ÷ ×

विध्वस्तैकान्तपक्षस्य स्याद्वादन्यायवादिनः।
देवस्य नृपतुङ्गस्य वर्द्धतां तस्य शासनम्॥

इससे स्पष्ट है कि अमोघवर्ष के शासनकाल में गणितसार की रचना हुई है। इस राष्ट्रकूटवंशी राजा[1] का समय ईस्वी सन् ८१५ से ८६५ तक माना जाता है। इसीलिये ऐतिहासिक विद्वानों ने गणितसार का रचनाकाल नवीं शताब्दी का मध्य भाग माना है; अतएव श्रीधराचार्य का समय ईस्वी सन ८५० के पहले मानना पड़ेगा।

इन गणितज्ञ आचार्य का उल्लेख भास्कराचार्य[2], केशव[3], दिवाकर[4] दैवज्ञ आदि ने आदर सहित किया है।

श्रीधराचार्य द्वारा विरचित ज्योतिर्ज्ञानविधि में एक प्रकरण प्रतिष्ठा मुहूर्त्त का है, इस

१—देखें 'प्राचीन भारत के राजवंश' भाग ३ पृ० १२

२—यत् पुनः श्रीधराचार्य ब्रह्मगुप्त्यादिभिर्व्यासवर्गाद्दशगुणात्पदं परिधिः स्थूलोऽप्यङ्गी कृतः स सुखार्थम्। नहि ते जानन्तीति—सिद्धान्त शि० गो० भुवनकोष श्लो० ४२ टीका।

३—श्रेष्ठं रिष्टहनौ वशाक्रम् इहौजः श्रीधराद्योदितम्।
कष्टेष्टप्रफलान्तरात् यत्र च कृतं तद्युक्ति शून्यं त्वसत्॥
—केशवीय पद्धति श्लो० ३२

४—य तु श्रीपतिनेष्टकष्ट गुणित फलयोरन्तराद्धलमित्युक्त तत्र यतस्तथा क्षति रिष्टकरस्यभङ्गकस्येत्यादि। —केशवीय पद्धति श्लो० ३२ की टीका।

प्रकरण के समस्त श्लोक वसुनंदी प्रतिष्ठापाठ में ज्यों के त्यों उद्धृत[1] हैं। ज्योतिर्ज्ञानविधि ज्योतिष का स्वतंत्र ग्रंथ है, अतः प्रतिष्ठापाठ के मुहूर्त्त विषयक श्लोक इसमें से लिये गये हैं। जैन साहित्य में वसुनंदी नाम के तीन विद्वान् हुए हैं—एक का समय वि० सं० ५३६, दूसरे का वि० सं० ७०४ और तीसरे का वि० सं० १३९५ है। मेरा अनुमान है कि अंतिम वसुनंदी ही उक्त प्रतिष्ठापाठ के रचयिता हैं। अतः यह मानना पड़ेगा कि वि० सं० १३९५ में श्रीधराचार्य के प्रतिष्ठा मुहूर्त्त श्लोकों का संकलन वसुनंदी ने किया होगा।

श्रीधराचार्य के समय निर्धारण के लिये एक और सबल प्रमाण ज्योतिर्ज्ञानविधि का है। इस ग्रन्थ में मासध्रुवा साधन की प्रक्रिया करने में वर्तमान शकाब्द में से एक स्थान पर ७२० और प्रकारान्तर से पुनः इस क्रिया के साधन में ७२१ घटाये जाने का कथन है। ज्योतिष शास्त्र में यह नियम है कि अहर्गण साधन के लिये प्रत्येक गणक अपने गत शकाब्द के वर्षों को या वर्तमान शकाब्द के वर्षों को क्रिया करते समय के शकाब्द के वर्षों में से घटाकर अन्य क्रिया का विधान बतलाता है। उदाहरणार्थ ग्रहलाघव आदि करण ग्रन्थों को लिया जा सकता है। इन ग्रन्थों के रचयिताओं ने अपने समय के शकाब्द को घटाने का विधान बताया है। अतएव यह निश्चित है कि श्रीधराचार्य ने भी अपने समय के गत शकाब्द और वर्तमान शकाब्द को घटाने का विधान कहा है। जहाँ इन्होंने क्रिया करते समय के शकाब्द में से ७२० को घटाने का विधान निर्देश किया है, वहाँ वह गत शकाब्द माना जायगा और जहां ७२१ के घटाने का कथन है, वहाँ वह वर्तमान शक है।

इसके अलावा एक अन्य प्रमाण यह भी है कि प्रकारान्तर से मासध्रुवानयन में ७२१ को करणाब्दकाल बतलाया है, जिससे निश्चित है कि ७२१ शक में ज्योतिर्ज्ञानविधि की रचना हुई है।

१—पञ्चांगातिथिसंशुद्धिर्लग्नं षड्वर्गगोचरम्। शुभाशुभनिमित्तं च लग्नशुद्धिस्तु पंचधा ॥
वारास्तिथिभयोगाश्च करणं पंचधा तिथि। त्यक्त्वा कुजं रवि सौरिं वाराः सर्वेऽपि शोभनाः ॥
सिद्धामृतादियोगेषु कुर्यात्तेष्वपि मंगलम्। त्यक्त्वा रिक्तामामावस्यां सर्वास्तु तिथयः शुभाः ॥
रिक्तास्वपि समाश्रित्य योगं कार्याणि कारयेत। सिद्धयोगमपि प्राप्य सिनिवालीं विवर्जयेत् ॥
पुनर्वसूत्तरापुष्यहस्तश्रवणरेवतीरोहिण्याश्विमृगर्क्षेषु प्रतिष्ठां कारयेत्सदा।
चित्रास्वातिमघामूले भरण्यां तदभावतः नक्षत्रेष्ववशेषेषु प्रतिष्ठां नैव कारयेत् ॥
—वसुनन्दी प्रतिष्ठापाठ परिच्छेद ३ श्लोक १—६

पञ्चाङ्गतिथिसंशुद्धिर्लग्नं षड्वर्गगोचरम्। शुभाशुभनिमित्तं च लग्नशुद्धिस्तु पञ्चधा ॥
वारास्तिथिभयोगाश्च करणं पंचधा तिथि। त्यक्त्वा कुजं रवि सौरिं वारा सर्वेऽपि शोभनाः ॥
सिद्धामृतादियोगेषु कुर्यात्तेष्वपि मंगलम्। त्यक्त्वा रिक्तामामावस्यां सर्वास्तु तिथयः शुभाः ॥
रिक्तास्वपि समाश्रित्य योगं कार्याणि कारयेत्। सिद्धियोगमपि प्राप्य शनिवारे विवर्जयेत् ॥
—ज्योतिर्ज्ञानविधि पृ० ६६।

करथि न्यूनं शकाब्दं करणाब्दं रयगुणं द्विसंस्थाप्य ।
रागहृतमदोलब्धं गतमासांश्चोपरि प्रयोज्य पुनः ॥१॥
संस्थाप्याधो राधागुणिते खगुणं तु वर्षरेखादि ।१।
संत्याज्ये नीचाप्ते लब्धा वारास्तु शेषाः घटिकाः स्युः ॥२॥ ज्यो० पृ० ५

अर्थात्—करथि—७२१ करणाब्द शक को वर्तमान शक में से घटाकर १२ से गुणा कर गुणनफल को दो स्थानों में रखना चाहिये। एक स्थान पर ३२ से भाग देने से जो लब्ध आये उसे गतमास समझना और इन गतमासों को अन्य स्थान वाली राशि में जोड़ देना चाहिये। पुनः तीन स्थानों में इस राशि को रखकर एक स्थान में ६२ से, दूसरे में २ से और तीसरे में २२ से गुणाकर क्रमशः एक दूसरे का अन्तर करके रख लेना। जो संख्या हो उसमें ६२ से भाग देने पर लब्ध वार और शेष घटिकाएँ होती हैं।

यहाँ पर ७२१ शक संवत् ग्रन्थ रचना का समय बताया गया है। महावीराचार्य ने इसीलिये अपने पूर्ववर्ती जैन धर्मानुयायी श्रीधराचार्य का अनुसरण किया है। हाँ, यहाँ पर एक शंकास्पद बात यह रह जाती है कि 'जातक तिलक' का जो रचनाकाल माना है, उसके साथ कैसे समन्वय होगा ? इस शंका का उत्तर यह है कि जहाँ तक मुझे मालूम है 'जातक तिलक' में ग्रन्थकर्त्ता ने रचनाकाल नहीं दिया है, केवल भाषा आदि के आधार पर उसका रचनाकाल निश्चित किया गया है। अतएव इनका समय १०४९ ईस्वी नहीं माना जा सकता। इनकी प्राचीनता का एक अन्य प्रमाण यह भी है कि गणितसार के गणित सम्बन्धी जो सिद्धान्त हैं, उनका जैन सम्प्रदाय में ईस्वी सन् ३ री और ४ थी शताब्दी में खूब प्रचार था। प्राचीन गणित के अन्वेषक विद्वानों ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि वृत्तक्षेत्र की परिधि निकालने का नियम "व्यास वर्ग को दश से गुणाकर वर्गमूल परिधि होती है" जैन सम्प्रदाय का है। वर्तमान में उपलब्ध सूर्य सिद्धान्त से पहले के जैन ग्रन्थों में यह करण सूत्र पाया जाता है। जैनेतर प्रायः सभी ज्योतिर्विदों ने इस सिद्धान्त की समालोचना की है तथा कुछ लोगों ने जोरदार खण्डन भी। श्रीधराचार्य ने जैन मान्यता के इसी सूत्र का अनुसरण किया है तथा प्राचीन जैन गणित के मूल तत्त्वों का विस्तार किया है। अतएव यह मानना पड़ेगा कि **इनका समय इस्वी सन् की ८ वीं सदी का अन्तिम पाद है।**

श्रीधराचार्य के ज्योतिर्ग्रन्थ और उनका परिचय

दक्षिण भारत में अनेक शताब्दियों तक ज्योतिष ज्ञान की धारा अबाधित रूप से प्रवाहित होती रही है। ईस्वी सन् की ४ थी शताब्दी से लेकर १२ वीं शताब्दी तक अनेक धुरन्धर ज्योतिर्विद दक्षिण में हुए हैं। जैन गणित और ज्योतिष का प्रचार भी जितना

दक्षिण में था, उतना उत्तर में नहीं। फलतः श्रीधराचार्य के बहुत ही कम ग्रन्थों का प्रचार उत्तर में हुआ है। जो दो-एक ग्रंथ दक्षिण से प्रतिलिपि हो उत्तर में आये भी, उन्हें अपने में पचाने के लिये सम्प्रदाय विशेष के चिन्ह भूत मङ्गल श्लोक बदल दिये गये। अथवा यह भी संभव है कि प्रतिलिपि कर्त्ता को अन्य सम्प्रदाय के इष्टदेव का नाम लिखना अभीष्ट न हो, इसलिये आसानी से नाम बदल कर अपने इष्टदेव का नाम उस स्थान पर लिख दिया हो। अस्तु,

गणितसार के अन्त में एक श्लोक मिलता है जिससे इनकी विद्वत्ता का अनुमान सहज में ही लगाया जा सकता है :—

उत्तरतो हिमनिलयं दक्षिणतो मलयपर्वतं यावत्।
प्रागपरोदधिमध्ये नो गणकः श्रीधरादन्यः॥

इससे स्पष्ट है कि श्रीधराचार्य की कीर्त्ति कौमुदी उस समय समस्त भारत में व्याप्त थी। ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी ने इनकी प्रशंसा करते हुए हुए कहा है कि :—

"भास्करेणाऽ[1] स्यानेकेप्रकारास्तस्करवदपहृताः। अहो सुप्रसिद्धस्य भास्करादितोऽपि प्राचीनस्य विदुषोऽन्यकृतिदर्शनमन्तरा समये महान् संशयः। प्राचीना एक शास्त्रमात्रैकवेदिनो नाऽऽसन् ते च बहुश्रुता बहुविषयवेत्तार आसन्नत्र न संशयः।"

इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि श्रीधराचार्य के अनेक नियमों को भास्कर जैसे धुरन्धर गणकों ने ज्यों का त्यों अपना लिया है। इनके उपलब्ध चार ग्रंथों में से दो ग्रन्थ मुझे देखने को मिले हैं।

कुछ दिन पहले गणितसार या त्रिशतिका की नागरी अक्षरों में लिखी प्रति भारतीय ज्ञानपीठ काशी के अध्यक्ष श्रीमान् पं० महेन्द्रकुमार जी न्यायाचार्य द्वारा प्राप्त हुई थी। यद्यपि इस समय वह प्रति मेरे समक्ष नहीं है, केवल संक्षिप्त नोट्स हैं। इन संक्षिप्त नोट्सों के आधार पर इतना कहा जा सकता है कि यह ग्रन्थ गणित शास्त्र का अद्भुत है। इसमें अभिन्न गुणन, भागहार, वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल, भिन्नसमच्छेद, भागजाति, प्रभागजाति, भागानुबन्ध, भागमातृजाति, त्रैराशिक, पंचराशिक, सप्तराशिक, नवराशिक भाण्ड-प्रतिभाण्ड, मिश्र व्यवहार, भाजक व्यवहार, एक पत्रोपकरण, सुवर्णगणित, प्रक्षेपक गणित, समक्रय-विक्रय गणित, श्रेणीव्यवहार, क्षेत्रव्यवहार, एवं छायाव्यवहार के गणित उदाहरण सहित दिये गये हैं। इस ग्रन्थ का जैन एवं जैनेतरों में बड़ा भारी प्रचार रहा है। गणित तिलक की संस्कृत भूमिका में कहा गया है कि...

१—देखें गणकतरंगिणी पृ० २४।

'गीर्वाणगीर्गुम्फितो मनोरमविविधच्छन्दोनिबद्धः सपादशतपद्यप्रमितो गणित-तिलकसंज्ञकोऽयं ग्रन्थः श्रीधराचार्यकृतत्रिशत्याधारेण निर्मित इत्यनुमीयते कतिपयानां पद्यानां साम्यावलोकनेन ।

इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि श्रीपति ने इनके गणितसार के अनुकरण पर ही अपने गणित ग्रन्थ की रचना की है। श्री सिंहतिलकसूरि ने अपनी तिलक नामक वृत्ति में गणितसार का आधार लेकर गणित विषयक महत्ताओं[2] का प्रदर्शन किया है। इन्होंने अपनी वृत्ति में श्रीधराचार्य के सिद्धान्तों को दूध-पानी की तरह मिला दिया है।

श्रीधराचार्य के एक बीज गणित की सूचना भास्कराचार्य ने दी है, परन्तु वह अभी तक मिला नहीं है। मेरा विश्वास है कि दक्षिण के किसी जैन ग्रन्थागार में वह अवश्य होगा। यदि सम्यक् अन्वेषण किया जाय तो उसके मिलने पर बीज गणित के विद्वानों के सम्मुख अनेक प्राचीन सिद्धान्त आजायँगे, जिनसे भारतीय गणित की अनेक समस्याओं की उलझन सुलझ जायगी। क्योंकि आधुनिक बीजगणित के एक वर्ण मध्यमाहरण में 'श्रीधर मैथड' के नाम से कुछ नियम पाये जाते हैं।

यह आचार्य केवल गणित के ही मर्मज्ञ नहीं थे, किन्तु त्रिस्कन्ध ज्योतिष के पण्डित थे। संहिता, होरा और सिद्धान्त इन अंगों पर इनका पूर्ण अधिकार था। जातक विषय को स्पष्ट करने के लिये इन्होंने कन्नड़ भाषा में जातक तिलक की रचना की है। इस ग्रन्थ का विषय नाम से ही स्पष्ट है। यत्र-तत्र उपलब्ध ग्रन्थ के सारांश को देखने से मालूम होता है कि बृहज्जातक के समान ही इसका विषय विस्तृत है तथा जन्मकुण्डली के फलादेश का कथन बहुत अनूठे ढंग से किया गया है।

कन्नड़ लीलावती नामक एक ग्रन्थ की सूचना भी मिलती है, इस ग्रंथ में प्रधानरूप से अङ्कगणित और मेन्स्युरेशन के गणित का प्रतिपादन किया गया है।

ज्योतिर्ज्ञानविधि—यह ज्योतिष शास्त्र का महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें करण, संहिता और मुहूर्त्त इन तीनों विषयों का समावेश किया गया है। यद्यपि मेरे समक्ष इसकी अधूरी प्रति है, लेकिन जितना अंश है, उतना विशेष उपयोगी है। इस ग्रन्थ की रचना शैली गणितसार अथवा त्रिशतिका के समान है। दोनों ग्रन्थों के देखने से प्रतीत होता है कि ज्योतिर्ज्ञानविधि गणितसार से पहले की रचना है। वैसे उपलब्ध ग्रन्थ अत्यन्त भ्रष्ट है, अशुद्धियों से भरा पड़ा है। इसके प्रारम्भ में साठ सम्वत्सर, तिथि, नक्षत्र, वार, योग, राशि, एवं करणों के नाम तथा राशि, अंश, कला, विकला, घटी, पल आदि का वर्णन किया गया है। दूसरे परिच्छेद में मास और नक्षत्र ध्रुवा का विस्तार सहित विवेचन है। इस प्रकरण के प्रारम्भ में शक संवत् निकालने का एक सुन्दर करण सूत्र दिया है—

१—देखें गणित तिलक पृ० ७२।

२—देखें गणित तिलक वृत्ति पृ० ४, ६, ११, १७, ६६ आदि।

षष्टिः षोडशगुणितं व्यपगतसम्वत्सरैश्च सम्मिश्रम् ।
नवशून्याब्धिसमेतं शकनृपकालं विजानीयात् ॥

अर्थात् बीती हुई सम्वत्सर संख्या को १६ से गुणा कर ६० जोड़ देने पर जो संख्या आवे, उसमें ४०९ और युक्त कर देने पर शक संवत् आ जाता है। तृतीय तिथ्याधिकार में मध्यम रवि, चन्द्र और स्पष्ट रवि, चन्द्र के साधन के पश्चात् अन्तरांशों पर से तिथि साधन की प्रक्रिया बताई गई है। इसमें मास-शेष-ध्रुवा पर से भी तिथि का साधन किया है, यह प्रक्रिया ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। चतुर्थ परिच्छेद में संक्रान्ति के साधन की क्रिया का सुन्दर वर्णन है। प्रारम्भ का श्लोक निम्न प्रकार है :—

नोनवगुण करणाब्दं वर्षोनं सुकलोद्धृतं वारम् ।
नच गुणतद्धृतशेषं घटिका श्रीधरयुक्तं तेन संक्रान्त्या ॥

यहाँ श्रीधर शब्द द्वयार्थक है; ग्रन्थकर्त्ता ने अपने नाम का निर्देश कर दिया है तथा श्री को धर शब्द से पृथक कर २९ जोड़े जाने वाली संख्या को भी बता दिया है। इस प्रकरण में दिन-रात का प्रमाण निकालने की निम्न विधि बतलाई गई है :—

मकरादि-कर्कटादिं ज्ञात्वा राश्यंशभुक्तिरिह खगुणा ।
तत्र नरातप युक्तं नीचहृतं दिवसरात्रिप्रमाणम् ॥

अर्थात्—मकर से लेकर मिथुन तक अभीष्ट सूर्य के राश्यादि ज्ञात करे। इस राश्यादि के अंश बनाकर अंशों को दो से गुणा कर, गुणनफल में १६२० जोड़े और योगफल में ६० का भाग देने से घट्यात्मक दिन प्रमाण आता है। कर्क से लेकर धनु तक अभीष्ट सूर्य के राश्यांशों के अंश बनाकर दो से गुणा करने पर जो आवे, उसमें १६२० जोड़ कर योगफल में ६० का भाग देने से घट्यात्मक रात्रि प्रमाण आता है।

इस दिन मान की प्रक्रिया से परम दिनमान ३३ घटी आयेगा। अब विचार यह करना है कि यह दिनमान किस स्थान में संभव है। क्योंकि ग्रन्थकर्त्ता जिस स्थान का निवासी होता है प्रायः उसी स्थान के दिन-मानादि का निरूपण करता है। ज्योतिष गणित के आधार पर कहा जा सकता है कि उक्त दिनमान १९°।३८' अक्षांश वाले स्थान का है। विचार करने पर यह अक्षांश मद्रास प्रान्त के कई जिलों में आता है। अतः सुनिश्चित है कि श्रीधराचार्य ने अपने इस ग्रन्थ का निर्माण मद्रास प्रांत में किया है अथवा उनकी जन्मभूमि इस प्रान्त में रही होगी। अतएव यह आचार्य उत्तर भारत के निवासी नहीं हो सकते, क्योंकि उत्तर भारत में परम दिन मान ३६ घटी तक सम्भव है।

पंचम परिच्छेद में शनि, राहु, मंगल, बुध, गुरु और शुक्र इन ग्रहों के स्पष्टीकरण को बनाया है। तथा इन ग्रहों की गति साधन की क्रिया को बड़े ही सुन्दर ढंग से लिखी है।

छठवें परिच्छेद में ग्रहों के युद्ध का वर्णन किया गया है, प्रारम्भ में ग्रहयुद्ध की परिभाषा देते हुए कहा है---

राश्यंशकलाः सर्वाः यदा भवेयुः समा द्वयोर्ग्रहयोः ।
योगस्तयोस्तदा जायते च तद्युद्धमिति वाच्यम् ॥

अर्थात् जब दो ग्रहों के राशि, अंश, कला समान हों उस समय उन दोनों का योग युद्ध संज्ञक होता है। इस युद्ध के प्रधानतः पुरतःदृष्ट युद्ध और परतःदृष्ट युद्ध ये दो भेद बतलाये हैं तथा इनका विस्तार सहित वर्णन भी किया है। इसके पश्चात् सातवाँ परिच्छेद ग्रहणाधिकार नाम का है इसमें विक्षेप, लम्बन, नति आदि के सामान्य गणित के साथ ग्रहण की दिशा, ग्रास, स्पर्श, मोक्ष की मध्यम घटिकाओं का आनयन किया है।

आठवाँ प्रकरण लग्न साधन का है, इसमें शंकुच्छाया, पदच्छाया आदि नाना प्रकारों पर से लग्न साधन किया है। ग्रहों के संस्कार भी इस प्रकरण में बताये गये हैं। यह प्रकरण काफी बड़ा है, इसमें गणित के कुछ करण सूत्र भी दिये हैं। इसके अनन्तर लग्न शुद्धि प्रकरण है जिसमें प्रतिष्ठा मुहूर्त, यमघण्टक, कुलिक, प्रहरार्धपात, क्रकच, उत्पात, मृत्यु, काण, सिद्ध, अमृत आदि योगों के लक्षण दिये गये हैं। यद्यपि यह प्रकरण छोटा है, पर आवश्यक मुहूर्त सभी आ गये हैं। दसवें प्रकरण में नक्षत्रों के वृत्त, देवता, एवं शुभाशुभत्व का प्रतिपादन किया है। इससे आगे के प्रकरण नहीं मिलते हैं।

श्रीधराचार्य के ग्रन्थों को देखने से इनकी विद्वत्ता का अनुमान सहज में ही किया जा सकता है। बाह्य और अन्तः साक्ष्य के आधार से यह निश्चित है कि **यह जैन-मतावलम्बी दक्षिण भारत के निवासी थे।**

श्रीजैन-सिद्धान्त-भवन,
आरा

हुंचुच और वहां का सांतर राजा जिनदत्तराय

[ले०—श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण मूडबिद्री]

सामंत राजवंशों में सांतर वंश विशेष बलिष्ठ रहा। इस वंश के शासक आदि में उत्तर मथुरा के अधीश्वर थे। इनका वंश उग्र था। इनके चरित्र में गणनार्ह प्रथम व्यक्ति जिनदत्तराय है। इसीने ई० सन् ९ वीं (किसी-किसी के मत से ७ वीं) शताब्दी में वर्तमान तीर्थहल्लि तालुक तथा उसके आस-पास उपर्युक्त सांतर राज्य को स्थापित किया। यह देवी पद्मावती का परम भक्त था। राजा जिनदत्तराय के संबंध में 'जिनदत्तरायचरिते' आदि में निम्नलिखित उल्लेख उपलब्ध होता है—

पूर्व में उत्तर मथुरा में उग्रवंशी राजा साकार राज्य करता था। उसकी पटरानी श्रियला थी। इसे दीर्घकाल तक कोई संतान नहीं हुई। बाद देवी पद्मावती की उपासना से सौभाग्यवश इसे एक पुत्र रत्न पैदा हुआ। एक दिन साकार परिमित परिजनों के साथ विनोदार्थ वन-विहार के लिये निकला। वहां पर पद्मिनी जाति की एक भील कन्या को देखकर राजा मोहित हो गया और उसके पिता से कहकर उसे अपने साथ ही राजधानी में ले आया। हां, उसे लाते समय वह उसके पिता को यह वचन दे आया था कि उसके गर्भ में पैदा होनेवाले लड़के को ही राज्य दे दिया जायगा। थोड़े समय के बाद पद्मिनी के गर्भ से एक पुत्र पैदा हुआ।

राजा साकार पद्मिनी के साथ रहकर उसकी संगत से धीरे-धीरे मद्य, मांस आदि सभी अपेय एवं अभक्ष्य चीजों को चाव से खाने लगा। इतना ही नहीं, अंत में वह नरमांस का भी आदी हो गया। एक रोज अपनी वर्षगांठ के दिन, हाथी पर आरूढ हो, जुलूस में सम्मिलित श्रियला के पुत्र जिनदत्तराय को पद्मिनी ने देखा। उसी समय पद्मिनी के मन में यह बलवती चिंता पैदा हो गई कि इसके जीवित रहते मेरे पुत्र मारिदत्त को राज्य कदापि नहीं मिल सकता। अपनी इस असीम चिन्ता को राजा साकार से भी उसे प्रकट करना पड़ा। इस जटिल समस्या को हल करने के लिये दोनों ने मिलकर अंत में यही तय किया कि किसी भी उपाय से युवराज जिनदत्तराय को मरवाना सर्वथा अनिवार्य है।

इसके लिये यह उपाय सोचा गया कि युवराज के हाथ में एक नीबू, देकर उसे रसोइया को देने के लिये रसोई-घर में भेजा जाय और वहां पर रसोइया के हाथ से ही उसे मरवाया जाय। किया गया भी यही। परंतु इस षड्यंत्र से जिनदत्तराय न मारा जाकर उलटा पद्मिनी का पुत्र मारिदत्त ही मारा गया। कारण कि नीबू लेकर जब जिनदत्तराय रसोई-घर में जा

रहा था, तब विधिवश अचानक मार्ग में उसे मारिदत्त से भेंट हो गई। इतने छोटे काम के लिये उस अपवित्र स्थान में सदाचार-संपन्न युवराज जिनदत्तराय को जाने न देकर साग्रह मारिदत्त स्वयं उस नीबू को रसोई-घर में ले गया। पूर्व में रसोइया से यही कहा गया था कि नीबू लेकर आने वाला जिनदत्त हो या मारिदत्त उसे तू मार डालना।

मारिदत्त के कतल से मा पद्मिनी तथा साकार को हृदय-विदारक दुःख हुआ। फलतः निर्दोषी युवराज जिनदत्तराय को पकड़ लाने के लिये अविचारी राजा ने तुरंत अपनी सेना ही भेज दी। यह समाचार मालूम होते ही जिनदत्तराय अपने श्रद्धेय गुरु श्री सिद्धान्त-कीर्ति की सलाह से पूज्या माता श्रियला से आज्ञा लेकर आत्मरक्षार्थ तत्क्षण ही कुलदेवी पद्मावती की मूर्ति को साथ लेकर अश्वारूढ हो दक्षिण भारत के लिये चल पड़ा।

इस प्रकार चलते-चलते जिनदत्तराय एक रोज एक सघन वन में जा पहुंचा और थका हुआ वह आयासपरिहारार्थ थोड़ी देर के लिये वहां पर लेट गया। थकावट से उसे तुरंत नींद आगई। बाद जगकर जैसे ही देवी पद्मावती की मूर्ति को वृक्ष पर से वह लेना चाहा मूर्ति वहां से नहीं उठी। इससे जिनदत्तराय बहुत चिन्तित हुआ और निरुपाय हो, वह वहीं पर फिर लेट गया। तब देवी पद्मावती ने स्वप्न में उसे यह आश्वासन दिया कि तुम चिंतित न होकर इसी स्थान पर अपनी राजधानी स्थापित करो, मैं हर प्रकार से तुम्हें सहायता करूँगी। इसी आश्वासन के फलस्वरूप राजा जिनदत्तरायने पोम्बुर्च या हुंमचा में अपना सांतर राज्य स्थापित किया।[1]

जिनदत्तराय के बाद इस वंश के राजाओं में विक्रम सांतर (ई० सन् ९००) विशेष प्रसिद्ध हुआ। बल्कि नन्नि सांतर (ई० सन् ९३८) इससे भी अधिक। एक प्रसंग पर गंग राजा भूतुग ने इसे आधे रास्ते से लिवा ले जाकर राजसभा में अपने सिंहासन में साथ ही बैठा लिया था। ई० सन् १२९२ में तृतीय वीर बल्लाल के राज्याभिषेक के अवसर पर द्वारसमुद्र शत्रुओं से घिरे जाने पर, उसे सांतर राजा पाण्ड्यदेव ने ही शत्रुओं से मुक्त किया था। सांतर वंश में केवल पुरुष ही नहीं, जाकल देवी, कालल देवी जैसी वीर महिलाएँ भी सुचारु रूपसे राज्य कर चुकी हैं।

हुंबुच में अन्यान्य अवसरों पर लिखवाये गये बहुत से शिलालेख हैं। इनमें पंचबस्ति तथा पद्मावती-बस्ति के लेख के लेखक मुनीन्द्र वर्धमान हैं। यह लेख उनके ग्रंथ "दशभक्त्या-

---

१ यह इतिवृत्त नगर तालुक नं० ३५, ई० सन् १०७७ के हुंबुच पंचबस्ति के आंगन में विद्यमान उग्रवंशी महामण्डलेश्वर नन्नि सांतर देव के एक लेख में भी उपलब्ध होता है। इसलिये उपर्युक्त यह उल्लेख निराधार नहीं कहा जा सकता।

दिशाका[1] में भी प्राय: यथावत् उपलब्ध है। इस लेख में खासकर आचार्यों की वंशावली में कई बातें विचारणीय हैं। उपर्युक्त इन लेखों के सिवा शेष लेखों में अधिकांश लेख प्राय: भूमिदान, समाधिमरण आदि कार्यों के ही सूचक हैं।

इस समय हुंबुच में निम्नांकित स्मारक वर्तमान हैं:—

(१) पंच बस्ति[2]—इसके पिछले हिस्से में एक ही पंक्ति में पांच कोठड़ियां एवं प्रत्येक में एक-एक विशालकाय जिन प्रतिमा विराजमान है। इनमें से सिर्फ दो ही प्रतिमाओं में चिन्ह है, शेष में नहीं। प्रतिमाएं करीब ४½ फीट की हैं। इसमें कोठड़ियों के सामने के विशाल हाल (Hall) में वर्तमान, शिलानिर्मित पद्मावती, सरस्वती तथा धरणेंद्र की मूर्तियां कलापूर्ण हैं। बाहर दरवाजे में स्थापित विशालकाय (७½ फीट की) शिलामय द्वारपालकों की मूर्तियां भी बहुत सुन्दर हैं। आंगन में रखी गई अंबिका की खण्डित मूर्ति भी कला की दृष्टि से अवश्य अवलोकनीय है। पूर्वोक्त सभी जिनप्रतिमाएं पद्मासन हैं। हां, यहां की एक पद्मासन जिनप्रतिमा में जिन का चिन्ह स्पष्ट दिखलाया गया है। मंदिर के आंगन में महत्त्वपूर्ण कई शिलालेख भी हैं।

(२) चंद्रनाथ बस्ति—यह पंचबस्ति के प्राकार के अंदर ही सामने दक्षिण पार्श्व में वर्तमान है। इसमें ५ फीट की भगवान् चंद्रनाथ की यक्ष-यक्षिणी सहित कायोत्सर्ग प्रतिमा है। प्रतिमा तथा मंदिर दोनों शिलानिर्मित हैं। मंदिर छोटा है।

(३) पार्श्वनाथ बस्ति—यह भी पंचबस्ति के प्राकार के भीतर ही चंद्रनाथ बस्ति के ठीक सामने, पंचबस्ति के वाम पार्श्व में विद्यमान है। इसमें करीब १½ फीट की पार्श्वनाथजी का कायोत्सर्ग प्रतिमा है। इसके छत पर नवग्रहों की मूर्तियां खुदी हुई हैं। मंदिर छोटा एवं शिलामय है।

(४) मकल बस्ति—यह मंदिर शिलामय छोटा है। इसमें ४ फीट उन्नत शिलामयी पार्श्वनाथजी की प्रतिमा विराजमान है।

(५) पार्श्वनाथ बस्ति—यहां के मंदिरों में यह प्रमुख है। भीतर गर्भगृह में ४½ फीट की, पार्श्वनाथजी की शिलामयी पद्मासन की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है। बाहर तीर्थंकर मंडप में दोनों बगल में पार्श्वनाथ स्वामी की प्रत्येक ५½ फीट की दो मूर्तियाँ और हैं जो कि कला की दृष्टि से सर्वथा दर्शनीय हैं। इनमें कमठ के द्वारा किये गये उपसर्गों

---

१ इतिहास की दृष्टि से यह ग्रंथ महत्त्वपूर्ण है। मेरे द्वारा संपादित वर्धमानकी की यह रचना 'भारतीय ज्ञानपीठ' काशी की ओर से शीघ्र ही प्रकाशित होने वाली है।

२ दक्षिण में जैन मंदिर को बस्ति कहते हैं। यह वसति का अपभ्रंश है

का दृश्य सुंदर है। उपसर्ग सिंह, हाथी, भैंस आदि क्रूर पशुओं की उत्कीर्ण मूर्तियों के द्वारा दिखलाया गया है। मूर्तियां शिलानिर्मित कायोत्सर्ग की हैं।

(६) मठ की बस्ति—इसमें अष्टधातु की चंद्रनाथ स्वामी की कायोत्सर्ग मूर्ति है। मूर्ति करीब एक फीट की है। इसमें अष्टधातु की पद्मावती तथा सरस्वती की मूर्तियां मनोज्ञ हैं।

(७) भोगार बस्ति—इसमें लगभग ४½ फीट की पद्मासन प्रतिमा है, जिसमें चिन्ह नजर नहीं आता। प्रतिमा शिलानिर्मित सुन्दर है।

(८) सूले बस्ति—इसमें ३½ फीट की शिलानिर्मित चंद्रनाथ स्वामी की पद्मासन प्रतिमा है। मंदिर शिलानिर्मित छोटा है। बाहर विशालकाय एक शिलालेख भी है। मालूम होता है कि इसे किसी वेश्या ने बनवाया था। इसीलिये इसका यह नाम पड़ गया है।

(९) गुड्डे बस्ति—इसमें करीब ६ फीट की बाहुबली की शिलानिर्मित एक कायोत्सर्ग प्रतिमा है। स्थान बहुत रमणीय है।

पाँचवें नम्बर वाले पार्श्वनाथ मंदिर के बगल में देवी पद्मावती का एक मंदिर और है, जो कि बहुभाग शिला निर्मित है, बल्कि हुंबुच दक्षिण में देवी पद्मावती की वजह से ही विशेष प्रसिद्ध है। देवी जी के दर्शन के लिये दक्षिण के अन्यान्य भाग के (दूर-दूर के) जैन-जैनेतर अधिक संख्या में आया करते हैं। सुनने में आता है कि यहाँ पर भक्तों की कामनाएँ निश्चितरूप से पूर्ण हुआ करती हैं।

यहां की मूर्तियों में खासकर चमरवाहक बहुत बड़े-बड़े हैं। मूर्तियों का चेहरा भी भिन्न है। यहां पर राजमहल के खण्डहर को खोदने पर अभी भी पुराना चावल मिलता है। खुदाई से और भी अनेक पुरानी चीजें उपलब्ध हो सकती हैं। मैसूर सरकार को इस ओर अवश्य ध्यान देना चाहिये। इसके लिये प्रयत्न करना जैन समाज का भी कर्त्तव्य है।

——:०:——

बखतरामरचित बुद्धि-विलास

[ले०—श्रीयुत अगरचन्द नाहटा]

भारतीय इतिहास के सम्यक् अध्ययन के लिये जैन साहित्य का अध्ययन करना नितान्त आवश्यक है। जब तक इस दृष्टि से जैन वाङ्मय का अनुशीलन नहीं किया जायगा, भारतीय ऐतिहासिक ज्ञान अधूरा ही रहेगा। यदि कटु सत्य न हो तो यह भी कहा जा सकता है कि जैन विद्वानों ने अभी तक साहित्यिक जगत के समक्ष अपने इतिहास को रखा ही नहीं है। श्वेताम्बर साहित्य की तो बात ही क्या, दिगम्बर साहित्य में भी पर्याप्त ऐतिहासिक सामग्री वर्तमान है। इस सम्प्रदाय के अपभ्रंश एवं हिन्दी ग्रंथों की प्रशस्तियों में बहुत कुछ सार्वजनिक एवं जैन इतिहास की अनमोल सामग्री सुरक्षित है। उनका एक विशाल संग्रह प्रकाशित होने से अनेक नवीन ऐतिहासिक तथ्य प्रकाश में आयेंगे।

अभी कुछ मास पूर्व प्रेमी अभिनन्दन ग्रंथ में परमानन्दजी शास्त्री का एक लेख अवलोकन में आया जिसमें जैन-सिद्धान्त-भवन के संग्रहालय के कतिपय हिन्दी ग्रन्थों का परिचय दिया गया था उसमें बखतराम रचित बुद्धिविलास ग्रंथ को ऐतिहासिक दृष्टि से विशेष उपयोगी बतलाने से मुझे उसे देखने की उत्कंठा हुई और पं० नेमिचन्द्र शास्त्री से उसकी प्रति प्राप्त कर सरसरी तौर से उसे देखने पर उसमें जयपुर के राजवंश, दि० भट्टारक परम्परा एवं खंडेलवाल जाति के इतिहास की कुछ सामग्री संग्रहीत मिली। अतः इस लेख में बहुत संक्षेप में उसका परिचय दिया जा रहा है। अन्य साधनों के अभी पास में न रहने के कारण विशेष विचार न किया जा सका। अन्य विद्वानों से अनुरोध है कि उसपर अन्य साधनों के आधार से विशेष प्रकाश डालें।

ऐतिहासिक साहित्य का अध्ययन करने पर यह बात स्पष्ट रूप से लक्षित होती है कि जो ग्रंथ जिस समय रचा गया हो उसके निकटवर्ती समय की बातें तो प्रामाणिक होती हैं, पर प्राचीन इतिहास के सम्बन्ध में उसका उपयोग बड़ी सावधानी से करना चाहिये। क्योंकि ग्रंथकार के लिये उनके निर्देश का आधार प्रायः सुनीसुनाई बातें या अस्त-व्यस्त रूप से लिखे हुए साधारण ग्रंथ ही होते हैं। अतः जहाँ तक अन्य समकालीन या प्रामाणिक सामग्री से उनका समर्थन न हो, उसकी सत्यता पर पूर्ण रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता।

ग्रन्थगत विषय एवं ग्रन्थनिर्माण के प्रेरक—

चाटसू के शाह बखतराम रचित बुद्धि-विलास ग्रंथ की रचना जैसा कि ग्रंथ में उल्लेख है सं० १८२७ के मगसर सुदी १२ गुरुवार अश्विनी नक्षत्र में जयपुर में हुई

है। इस ग्रन्थ रचने की प्रेरणा उन्हें जयपुर के दि० नेमिनाथ मंदिर के भट्टारक गुणकीर्त्ति, पं० कल्यान एवं चांदूवाड़ संतोषिराम भावसा रूडमल से मिली थी यथा :—

अब सुनीये भविजन बात ये(क), देहुरे बने पुर में अनेक।
अति सुंदर सिव विष्णु जैन, तिनकी उपमां कहते बनै न ॥८१॥
खटमत के नरनारी प्रवीन, निजधर्म मांहि नित रहै लीन।
तिन मांझि देहुरा यक विसाल, तह राजत नेमप्रभु दयाल ॥

× × × ×

पंडित तहाँ राजत हैं कल्यान, बहु(त) तर्क न्याय बाचत पुरान।
निज धर्म कर्म में सावधान, बिन धर्म बात जिनके न आन ॥८२॥
गुनकीर्त्ति एक मुनिवर महान, तप करत अधिक जिन मत प्रमान।
तिनु आज्ञा दी यह रचहू ग्रन्थ, जामैं बहु विधि ह्वै जैन पंथ ॥८३॥
मुनसंघ गच्छगण आमनाय, जिनकी उतपति कहिये बनाय।
तिन मांझि फटे हैं अच्छ अनेक, गहि चलन नये सु कहौ प्रतेक ॥८४॥

× × × ×

श्रावग के हैं जो खांप गोत्र, तिनकौ वरनन करिये उदोत ॥६२॥

× × × ×

पुनि चांदूवाड संतोषिराम, भावसा रूडमल बुद्धि धाम।
मिलि कही ग्रन्थ रचिये अनूप, जातैं जाने जिणमत सरूप ॥६७॥

आधार :—

प्रस्तुत ग्रन्थ में वर्णित दि० संघभेद एवं भट्टारक परम्परा के इतिहास का मुख्य आधार इंद्रनंदि कृत नीतिसार (संस्कृत) एवं भद्रबाहु चरित का उल्लेख किया गया है एवं ८४ जाति नाम और खंडेलवाल के गोत्रादि के विषय में कई फुटकर पुस्तकों का उपयोग किया गया लिखा है। यथा—

प्रथम ग्रन्थ हौ संस्कृत नीतिसार हितकार,
इन्द्रिनंदि मुनि करि रचित जिनवानी अनुसार ॥६६॥

× × × ×

वे ही इंद्रनंदि रच्यौ संस्कृत नीतिसार, भाषा वखतेस करी ताहि प्रमान है ॥३३६॥

× × × ×

भद्रबाहु के चरित मैं, जे भाखी मुनिराय।
सो सब वाही ग्रन्थ की, भाषा धरो बनाय ॥४३॥

× × × ×

भद्रबाहु कौ चरित लखि, बरन्यौ है या माहि।
भविजन लखि मौ कौ कछु, दोस दीजियैं नाहि ॥६८०॥

× × × ×

पोथी पांच सात को देखि, कर विचार यह कीनौ लेख ॥६६६॥

× × × ×

लिखी सुनी जैसी प्रतिभासी, लखि विधिवत मति कीजौ हासी ॥७७३॥

× × × ×

संक्षिप्त-सार—

अब ग्रन्थ गत विषय का अति संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है—

१ प्राथमिक ६ पद्यों में मङ्गलाचरण के पश्चात् त्रिलोक का वर्णन है।

२ पद्यांक ५० से ढुंढार देश अंबावति नगरी, सवाई जैगढ के सवाई जैसिंघ के बसाने का उल्लेख करते हुए ५७ वें पद्य से कछवाह वंशीय जयपुर के राजवंश का परिचय दिया है। पद्यांक ८८ वें से जयपुर नगर का वर्णन १६६ वें पद्य तक बड़े विस्तार से करके दूरवर्ती जयपुर नरेशों का वर्णन पृथ्वीसिंह के नाम निर्देश के साथ १८३ वें पद्य में समाप्त होता है।

३ पद्यांक १८४ से जयपुर के नेमिप्रभु के मन्दिर, ग्रन्थनिर्माण की प्रेरणा आदि का उल्लेख करते हुए पद्यांक ११५ से नंदी, सिंघ, सेन, देव इन चार संघों की उत्पत्ति एवं उनकी शाखाओं का परिचय देते हुए मुनि आचार का वर्णन किया गया है। पद्यांक २९२ से शास्त्रकर्त्ता विद्वानों के नाम, पद्यांक ३३९ से विसंघों की उत्पत्ति में १ श्वेताम्बर, २ द्रावण, ३ यापनीय, ४ काष्ठा, और निपछ का वर्णन करते हुए श्वे० दि० के ८४ भेद एवं ढुंढियों का उल्लेख किया गया है। पद्यांक ५२८ से द्रावड संघ की उत्पति, पद्यांक ५३३ से यापनीय, पद्यांक ५३८ में काष्ठासंघ एवं निपछ संघ का वृत्तांत है। पद्यांक ५५६ से कुंदकुंद का चरित्र देते हुए कई प्रभावक आचार्यों का परिचय दिया है जिनमें प्रभाचंद्र[1] का परिचय एवं भ० सकलकीर्ति के गुजरात में दि० धर्म प्रचार, सं० १५७१ में ग्वालेर गच्छ, सं० १५७२ में नागौर

१ इनका समय १३७५ एवं दिल्ली के फिरोजशाह के समय में राघो चेतन से विवाद और अमावस्या को पूनम दिखलाने का निर्देश है। श्वे० आचार्यों में जिनप्रभसूरि भी इसी समय में हो गये हैं और उनके व जिनचन्द्र सूरि जी के चरित्र में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख है।

गच्छ, सं० १७१७ में अजमेर पट्ट स्थापन, तेरहपंथ का सं० १६८३ में विकास, तारणपंथ की उत्पत्ति का निर्देश विशेषरूप से उल्लेखनीय है।

४ पद्यांक ६३६ से भट्टारक परिपाटी का उल्लेख करते हुए पद्यांक ६५७ से पट्टावली—नामावली दी गयी है जो ऐतिहासिक दृष्टि से उपयोगी है।

५ पद्यांक ६८१ से जैन जातियों के ८४ नाम देकर पद्यांक ७०० से खंडेलवालों की उत्पत्ति का निर्देश कर खंडेलवालों के ८४ गोत्रों के नाम, उनका कुल भेद, कुलदेवी, का विवरण दिया गया है।

६ पद्यांक ७७५ से श्रावकधर्म का विस्तार से निरूपण प्रारंभ होता है। इसके अंतर्गत सैद्धान्तिक विषयों का एवं १६९ मुक्तिगामी जीव, २४ तीर्थंकरों के माता पितादि अनेक बातों का वर्णन किया गया है।

७ पद्यांक १२९४ से १३२२ में जयपुर में जैनों पर दो बार अत्याचार हुए उनका ऐतिहासिक उल्लेख विशेषरूप से विचारणीय है अतः उनका आवश्यक अंश यहां उद्धृत कर दिया जाता है :—

अथ कलकाल दोषकरि उपद्रव वरनन—

"संवत अठारह सै गये, उपर जबै अठारह भये।
तब इक भयौ तिवाडी श्याम, डिंभी अति पाखंड कौ धाम ॥१२९४॥
त्वछ अधिक द्विज सब तैं घाटि, दौरत हो साहन की हाटि।
कर प्रयोग राजावसि कियौ, माधवेस नृप गुर पद दियौ ॥९५॥
गलता वाला नद दै आदि, रहे भांकत बैठे वादि।
सब कौ ताहि सिरोमन कियो, पुनि वैसतं राज पद दियो ॥९६॥
लियौ आचमन पाव पखारि, सौंप्यो ताहि राज सब भार।
दिन कितेक बीते है जबै, महा उपद्रव कीन्हौ तबै ॥९७॥
हुकम भूप कौ लै कै चाहि, निसजिमाप देवल दिय ढाहि।
अमल राज कौ जैनी जहाँ, नाव न ले जिनमत कौ यहाँ ॥९८॥

सोरठा—अंबावति मै येक, स्यामप्रभु कौ देहुरौ।
रही धर्म की टेक, बच्यो सुजान्यौ चमत क्रम ॥९९॥

चौपई—कोउ आधौ कोउ सारो, बच्यौ जहाँ छत्रो रखवारो।
काहू में सिवमूरत धर दी, ऐसै मची स्याम की गिरदी ॥१३०१॥
और देव देवी रिसपाल, भट्टारिक जतिवर सुविशाल।
तेरहपंथ ढुढया अबै, फुनि सहु भेष ग्रहस्थहू सबै ॥१॥

श्वेताम्बर पंडित दै आदि, होणहार बलि ह्वै वादि ।
काहू नै न इती हू करी, फटकारे तै स्वमति हरी ।२।
निज मति भिष्ट करै जो कोय, ताहि विगारे अघ नहीं होय ।
काहू दैव न धारी भेष, ताकौ फल कछु दियौ विशेष ॥३॥
अकसमात् नृप कोप्यौ भारौ, दयौ दुपहर देस निकारौ ।
दुपटा धोती धरै द्विज निकस्यो, तिययुत पाप नु लखि जग विकस्यौ ॥४॥

सोरठा—किये पाप के कांम, खोवसि लयौ गुरु पद नृपति ।
यथा नाम गु(न) धाम, जीवत ही पाई कुगति ॥५॥
फुनिमति वरप ड्योढ़ में थप्यो, मिलि सब ही फिर अरहत जप्यौ ।
लिये देहुरे फिरि बिनाय, दैग्र कोउ प्रतिमा पधराय ॥६॥
नांचन कूदन फिर बहु लगे, धरम मांझि फिर अधिके पगे ।
पूजत पुनि हाथी सुखपाल, प्रभु चढ़ाय रथ नचै बिमाल ॥७॥
तब ब्राह्मन नु मतौ यह कियौ, सिव उठान कौं टौना दियौ ।
नामै सबै श्रावगी कैद, करकै दंड कियौ करि फैद ॥८॥
इक तेरहपंथि नु में धुमी, होतौ महा जोग्य साहमी ।
कहे खलनि के नृप सिर ताहि, हनि कैं धर्यौ असुचि थलवाहि ॥९॥
फुनि हूव्यौ त्यौ चाल्यौ धर्म, मूढ न समुझे कलिकौ मर्म ।
फिरि बहू नांचन कूदन लगे, श्रावग महा मूढ गुन पगे ॥१०॥
वाही विधि रथ जात्रा-धरै, पूजा बहुरि प्रतिष्ठा करै ।
ये न डरै औरनि न सुहात, गहै दडी कौ पोत रहात ॥११॥
फुनि भई छवीसा कौ साल, मिले सकल द्विज लघुरू विसाल ।
सबनि मतौ यह पक्को कियो, सिव उठान फुनि दूसन दियौ ॥१२॥
द्विजनु आदि मिले हजार, विना हुकम पाये दरबार ।
दौरि देहुरा जनि लिय लूटि, मूरति विघन करी बहु फूटि ॥१३॥
काहू की मानी नहीं कानि, कही कहुम (हुकम ?) हम कौ है जानि ।
ऐसी म्लेच्छन हू नहि करी, बहुरि दुहाई नृप की पीरी ॥१४॥

दोहा—लूटि लूटि सब ह्वै चुकै, फिरी दुहाई ठांस ।
कहनावति भई लुट गये, भाख्यौ कोस ॥१५॥

छतैं राज जयनगर मधि, बैठे सहु सावंत ।
लियौ भिखारिनु लूट पुर. जस फैल्यौं बिन अंत ॥१६॥

चौपई—तौहू सरम न आई काहू, जती भट्टारिक पंडित साहू।
काहू यह न विचारी नेक, जासौं रहे धर्म की टेक ॥१७॥
इष्ट मंत्र साधन की देव. काहू तनक न पकरी टेव।
आगैं हूं देव नु इष्ट, करि थाप्यौ हौ जिनमत भ्रिष्ट ॥१८॥

इसके पश्चात् आदि पुराणोक्त १०८ क्रिया ५ भाव ५३ भेद १४८ कर्म प्रकृति इत्यादि का वर्णन करते हुए ग्रन्थ समाप्त होता है ।

ग्रन्थ १५२४ दोहा, चौपई (क्वचित् कवित्त) में है और इसकी ६८ पत्रों की प्रति सं० १९८२ के भाद्रवावदी ९ की लिखी हुई है ।

अंत में कतिपय ऐतिहासिक घटनाओं का संवत जिनका उल्लेख ऊपर नहीं किया गया है यहाँ कर दिया जाता है—

सं० ११९१ में मलेसी भूप अंबावति के राजा हुए ।

सं० १३६ श्वेताम्बर सम्प्रदाय का पृथक् हुआ ।

सं० ५३६ पूज्यपाद के शिष्य वज्रनंदि ने क्रोधावेश से दक्षिण मथुरा में जाके द्रावड़ संघ स्थापित किया ।

सं० ७०५ कल्यानपुर में यापनीयसंघ निकला । अकलङ्क ने नये शास्त्र बनाये ।

सं० ७९२ में कुमार सेन से काष्ठासंघ प्रवर्तित हुआ ।

सं० ९९३ में मथुरा में रामसेन ने निपच्छ संघ चलाया ।

सं० १२४८ में धर्मचंद्र भट्टारक पट्ट पर बैठे । रणथंभौर में प्रतिष्ठा की, राजा हमीर से सन्मान प्राप्त किया ।

सं० ६८३ से महीकीर्त्ति आदि उज्जैन के १८ पट्ट हुए ।

सं० १०२३ से लक्ष्मीचंद्र गुणनंदि, गुनचंद और लोकचंद ४ पट्ट चंदेरी में हुए ।

सं० १०७९ श्रुतकीर्त्ति भावचंद्र और महिचंद ३ पट्ट भेदसा में हुए ।

सं० ११४० कुंडलपुर में माघचंद्र (१ पट्टधर) हुए ।

सं० ११४४ से वृषभनंदि आदि हाड़ौती के वारा नगरी में १२ पट्टधर हुए ।

सं० ११९९ से हेमकीर्त्ति आदि १४ पट्टधर चितौड में हुए ।

स० १६६२ प्रख्यात कीर्त्ति आदि ५ पट्टधर अजमेर में हुए । पद्मनंदि शुभचंद्र २ दिल्ली में हुए ।

स० १५७७ ग्वालेर में भ० जिनचंद्र हुए ।

सं० १५७१ प्रभाचंद्र चितौड़ में हुए ।

सं० १५८१ ललितकीर्ति आदि चाटसू में हुए।

सं० १६६१ में सांगानेर में नरेंद्रकीर्त्ति हुए।

स० १७२२ सुरेन्द्रकीर्ति, जगतकीर्ति और देवेन्द्रकीर्ति ३ आंबेर में हुए।

स० १७९२ दिल्ली में महेन्द्रकीर्ति पदस्थ हुए।

स० १८१५ सवाई जैपुर में खेमेन्द्रकीर्ति हुए।

स० १८२३ में सवाई जैपुर में सुरेन्द्रकीर्ति हुए। यहाँ तक सब ९८ पट्ट हुए।

स० १८०० के कुछ बाद दक्षिण विंध्याचल के निकटवर्ती पुष्कल नगर में वीरचंद्र ने भील संघ स्थापित किया।

वीर सान्तारदेव का एक शिलालेख !

[ले०—श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद जैन, एम. आर. ए. एस.]

दक्षिण भारत के अनेक राजवंशों में सान्तारवंश भी एक था। इस राजवंश के मूल पुरुष उत्तर-मथुरा से दक्षिण में पहुंचे थे। उनका नाम जिनदत्तराय था। वह उग्रवंश के क्षत्रिय-राजकुमार थे। जिनदत्तराय के पिता सहकार नामक राजा थे, जिन्होंने एक किरात-कन्या से विवाह किया था और उससे उत्पन्न हुये पुत्र को शासनाधिकारी बनाने की धुन में वह जिनदत्त राय के प्राणों के ग्राहक हो गये थे। हठात् जिनदत्तराय अपने प्राण लेकर मथुरा से भागे। साथ में उसकी मां भी होलीं; जिसने पद्मावती देवी की मूर्ति ले ली थी। वे मां-बेटा भाग कर दक्षिण-भारत के होम्बुच नामक स्थान पर पहुंचे। वहां उन्होंने एक जिनमंदिर बनवाया और उसमें ही पद्मावती देवी की भी मूर्ति विराजमान की। पद्मावती देवी के वर-प्रसाद से जिनदत्तराय आसपास के सरदारों को अपना अनुयायी बनाने में सफल हुये। धीरे २ सांतल प्रदेश पर उन्होंने अधिकार जमा लिया। इसी कारण उनका राजवंश 'सान्तार' नामसे प्रसिद्ध हुआ। पोम्बुच (होम्बुच) को ही उन्होंने अपना राजधानी बनाया; किन्तु बाद में सान्तारों की राजधानी कलस और कारकल में रही थी। सान्तार वंश के अनेक राजा जैनधर्म के उपासक थे; यद्यपि अन्तकाल में इस वंश के राजा लिंगायत-मत के अनुयायी हो गये थे। वीर सान्तार देव भी इसी वंश के एक प्रमुख राजा थे। उन्होंने सन् १०६२ से १०६८ ई० तक सान्तिलगे सहस्र प्रदेश पर न्यायपूर्वक राज्य किया था। उनका एक शिलालेख मैसूर रियासत के हेब्बयल नामक ग्राम के पास जंगल में पड़ा हुआ मिला था; जिसमें उनके मंत्री नगुलरस के दान धर्म का वर्णन है। मैसूर के पुरातत्त्व विभाग ने उसको संग्रहीत करके उसका सम्पादन 'अर्कलॉजिकल सर्वे ऑव मैसोर' (सन् १९३१) के नं० ७४ (पृ० १९४-२००) में किया है। वहां से ही हम इस उपयोगी लेख को 'भास्कर' में सधन्यवाद उद्धृत करते हैं।

इस शिलालेख में कुल १०८ पंक्तियां हैं। पहले ही चालुक्य-नरेश परम-भट्टारक त्रैलोक्य मल्लदेव के वर्द्धमान राज्य का उल्लेख है; क्योंकि सान्तर वंश के राजा उनके आधीन थे। उपरान्त सान्तर नरेश वीर-सान्तरदेव की विरुदावली दी गई है। वह महामंडलेश्वर और पट्टि-पोम्बुच नगर के स्वामी कहे गये हैं। पद्मावती देवी से उनको वर प्राप्त हुये थे। उग्रवंश में वह सूर्य तुल्य थे। उनके दरबार में कवियों की काव्यगोष्ठियां हुआ करती थीं। जैनधर्म के वह भक्त थे। उनके राजमंत्री नकुलरसर् (राजा नकुल) थे। वह भी जैनधर्म के भक्त थे। शिलालेख में उनकी जो विरुदावली दी गई है उससे उनका एक महान् पुरुष होना सिद्ध है।

वह एक सफल शासक और राजनीतिज्ञ होने के साथ ही महान् योद्धा भी [थे।] उस जमाने में राजमंत्री को युद्धों का संचालन भी करना होता था—सेनापति का उच्च पद भी उनको मिला हुआ था। अपनी वीरता के लिये वह 'सुभटारि-भय-करं' और शौर्य-गाङ्गेय' (भीष्म) कहे गये हैं। युद्ध में वह क्षेत्रपाल-तुल्य थे। जैनधर्म के लिए साक्षात् प्राकार थे—वह धैर्य-रत्नाकर जो थे धैर्य्य-महीधर थे वह। वसुधा पर वही एकाङ्गी वीर थे। विलास विद्याधर थे और नीति-परायण थे। सुकवि-कोकिलों के लिये सहकारी थे। ऐसे वह राजा नकुल थे। उनके दो पुत्र चावुण्डराय और नागवर्म्म थे। वे दोनों ही अपने पिता के समान वीरवर योद्धा थे। नकुलरस ने उन्हें सान्तरदेव के लिये उत्सर्ग कर दिया था। कितने बहादुर थे वह! राजा ने उनका आदर यह शासन लिखा कर किया।

राजा नकुल के गुरु आचार्य पुष्पसेन थे, जो शास्त्रागम के अम्बुधि ही थे। उनके पिता पडिहार (प्रतिहारि) काटि और माता अरेयव्वे थीं। नकुल भूपाल की रानी मृगलोचनी चट्टव्वरसि थी। वह दंडनायक ओड्डम की पुत्री थीं। चट्टव्वरसि गुणों से पूरित दान-धर्म्म और शील में उन्नत थीं। उनकी बराबरी करने वाला उस समय भला कौन था?

वैशाख कृष्ण ११ शक सं० ९७५ (१०७३ ई०) को वीर सान्तरदेव ने कलनाड आदि नकुलभूप को भेंट किये थे। यह शासनलेख मारसिंह के पुत्र गोविन्द ने रचा था और चित्रकार केटोज के पुत्र आग्बोज ने उसे उत्कीर्ण किया था।

इस प्रकार इस शिलालेख में आदर्श जैन वीर नकुलराय का चरित्र सुरक्षित है; जिसका पता किसी अन्य स्रोत से नहीं चलता। धन्य थे वह कि उन्होंने राजा के लिए अपने पुत्रों को उत्सर्ग किया था।

मूल शिलालेख :—

(१) १ स्वस्ति समस्त-भुवनाश्रय श्री-पृथ्वी-

२ वल्लभ महा-राजाधिराज परमे—

३ श्वर परम-भट्टारक सत्याश्रय-कुल—

४ तिलक चालुक्या-भरण श्रीमत्-त्रैलो—

५ क्यमल्ल-देवर विजय-राज्यम् उत्त—

६ रोत्तरा-भिवृद्धि-प्रवर्द्धमानम् आचन्—

७ द्रार्क्क-तारं सलुत्तमिरे स्वस्ति स—

८ मधिगत-पञ्च-महाशब्द-महा-म—

९ ण्डलेश्वरं पट्टि-पोम्बुच्च-पुरवरेश्वरं पद्मा—

१० वती-लब्ध-वर-प्रसादं मृगमदा-मोदं

११ कन्दुकाचार्य्य मन्दर-धैर्य्यं सुभट-संस्तु—
१२ त्यं साम्तरादित्यं रिपु-करीन्द्र-कण्ठीरवं रण—
१३ रंग-भैरवं कीर्त्ति-नारायणं सौर्य-पा—
१४ रायणं रिपु-मण्डलिक-गोत्र-गोत्राचल-वज्र
१५ दण्डं बिरुद-भेरुण्डं महोग्रान्वय-नमस्त—
१६ ल-गभस्तिमालिय् अतुल-बल-सौर्य—
१७ शालि बन्दि-संदोहा-नन्दीकृत-सुंदर-कल्पल—
१८ तांकुरन् अरि-मण्डलिक-पतंग-दीपांकु—
१९ रं विसिसन-विजय-विपुलीकृत-कृत
२० प्रतिज्ञं बिरुद-सर्वज्ञं नामा द्यनेकां—
२१ कमला-समलंकृतर् श्रीमत्

(२) २२ वीर-सान्तारदेवर सान्तलिगे—
२३ सासिरमुमं निष्कण्टक-मा—
२४ गि प्रतिपालिसि सुख-सन्क—
२५ था-विनोददि राज्यं गेय्युत्त—
२६ मिरे तत्-पाद-पद्मोपजीवि
२७ स्वस्ति समस्तदुस्तरा-रा—
२८ तीम-कुम्भस्थली-विदारुण-दा—
२९ रुण-करासि-धारा-सक्त-मुक्ता—
३० फल-मालालंकार वीर-नारी-म—
३१ णि-हारायित-भुजादण्डन् -अहि—
३२ त-महा-वाहिनी-महीधर-व—
३३ ज्रदण्डम् जिन-धर्म्म-प्राकारम्
३४ निज-गोत्र-निस्तारम् धर्म्म-रत्ना—
३५ करम् सुभटारि-भीकरम् पति—
३६ हितांजनेयम सौर्य-गां—
३७ गेयम् स्वामिद्रोह-दिशाप—
३८ ट्टम् वैरि-कोटि-घरट्टम् रण—
३९ रंग-क्षेत्रपालम मच्चुरिसु—
४० बर-ऐलदयसूलम् दलदिम—

४१ मुन्निरीव आयुमम् मे—
४२ रेवम् सुकवि-कोकिलसह—
४३ कारन एकांगवीरम् विलास-त्रि
४४ धारम् धैर्य्य-महाधरन
४५ उपाय-नारायणम् नीति-पा (चा ?)
४६ रायणम् वीरुगन-गरुड
४७ नामादि-समस्त प्रसस्ति-स
४८ हित श्रीमान नकुलरसर् (आगे इसके ऊपर)
४९ स्मर-रूपर्-उन्नर् नकुलर—
५० मन ननयर् उजगक्क रा—
५१ मन लक्ष्मीनरेन्द्रे—
५२ न्द्रडे चावुण्डराय—
५३ नृप नागवम्मन् कर—
५४ म पसदरे ॥ मंगल (सामने की तरफ)
(३) ५५ वृत्त ॥ केडेयद पे (म) महा-महिम-राज—
५६ सुन-प्रतिरन्तियेम्बिवं नडेयदे वीर सान्त—
५७ र-महापति ता दुयेगेयदु कोलवादं बि—
५८ डे निज-पुत्र नां बरिसेनिपा नेगलनयन एन्दे
५९ कोट्टन एन्दडे दोरेयारप्पगार नगुनभूप—
६० नोल् ई-वसुधा-ननाग्रदोलु । परम—
६१ श्रीजिनन इष्टदेवमेनपोर शास्त्राग
६२ मांमादिगल् गुरुगल भाविसे पु—
६३ ष्यसेन-मुनिपर् अन्तिप्रियं वीर-सा—
६४ न्तर भूमिपति तन्दे नां पडियरम
६५ श्री-कादि ताय पंपलक्कुरिसुत्तिलद अरे—
६६ यच्चे ये (ने) नगुनभूपालं महा—
६७ धन्यनो ॥ नगुलरसन चित्त-प्रिये
६८ मृग-लोचने दण्डनायक् ओजुगन (ऊपर का)
६९ ऐदु मनदिन सासि—
७० वर कण्डु काप -

७१ र अक्के इवन् अलिदं क --
७२ विलेयन् अलिदं (नीचे भाग में सीधे हाथ को:—)
७३ चिताारि कतोजन मर्ग बक्कु—
७४ गि आदरोजम् ई शासनद कल्लम्
७५ नेय्दम्
(४) ७६ पुत्रि गुणान्विते चट्ट—
७७ अबरसिगे दोरेयार् दाल—
७८ धर्म्म-शीलोन्नतियोल्
७९ शक-वर्ष ९७५ नेय दु –
८० र्म्मति-संवत्सरं प्रवर्त्तिसे
८१ वैशाखमासद कृष्णप—
८२ कद् एकादशि आदित्य—
८३ वारदन्दु श्रीमन्-महा—
८४ मण्डलेश्वरं वीर-सान्तर
८५ नगुलरमन्गे पेठ्वेय—
८६ ल-पन्नेरडरं किटुडेढे
८७ बिट्टियुमं काडु परिहा --
८८ रं बिट्ट अम्केगेडु कलनाड इन्ती—
८९ मर्यादेयन अलिदं वा—
९० रणाशियोल् कुरुते – (ऊपर को)
९१ त्रदोल सासिर-कविलेयु'
९२ पार्व्वरुमन् अलिद पातकन अ—
९३ कुं । स्व-दत्तां पर-दत्तां वा यो
९४ हारेत वसुंधरां षष्टि-वर्ष-स—
९५ हस्राणि विष्ठायां जायते कृ—
९६ मि । विप्र-कुलाम्बर-चन्द्रं
९७ श्री प्रतिमेय मारसिंग—
९८ तनयं विछ्रुद्द-विप्रं गंगनूप-नि—
९९ योग-प्रभु कविराज-बसनं गो—
१०० विन्दं (सिधी तरफ ऊपर क)

१०१ पेळर्वयल्-पन्नेरडु

१०२ पोम्बुरच-नाडोले

१०३ मट्टगावे हविगा

१०४ ल कवगोड मैसेपम्नेर—

१०५ डुम नेलिवयलु पा—

१०६ लिगारं । वीर (र) चिनु नगु ल --

१०७ रसनुम् एप्पिद्वेतम् सासिर—

१०८ गद्याणं ॥ मङ्गलं

———:o:———

साहित्य-समीक्षा

जैन-विवरण-पत्रिका—(जैन गैजेटियर) भाग १—जिला फर्रुखाबाद—संपादक तथा लेखक श्री कामता प्रसाद जैन, डी० एल०, एम० आर० ए० एस०; प्रकाशक: श्री अ० भा० दिगंबर जैन परिषद् आगरा केंद्र। पृ० सं० २७।

जैन साहित्य और इतिहास के प्रसिद्ध विद्वान तथा लेखक श्री कामता प्रसाद जी की कृतियों से हिंदी जगत् भली भाँति परिचित है। आपने अनवरत परिश्रम से इस अमूल्य साहित्य के विविध अंगों का प्रकाशन सरल हिंदी भाषा में करके उसे जनसाधारण के लिये सुलभ किया है। प्रस्तुत पुस्तिका अनेक भागों में समाप्त होने वाले गजेटियर का एक भाग है और इसमें फर्रुखाबाद जिले में उपलब्ध जैन सामग्री का विवरण है। जिले की भौगोलिक स्थिति, प्राचीन इतिहास तथा प्रमुख स्थानों के संक्षिप्त वर्णन के साथ-साथ वर्तमान ज्ञातव्य बातों का भी संकलन इस पुस्तक में किया गया है, उदाहरणार्थ, जिले के वर्तमान जैन-निवास-स्थान, जैन मंदिर और संस्थाएँ, प्रमुख व्यक्ति आदि। पुस्तक में काफ़ी छानबीन के साथ जनसंख्या आदि के आँकड़े भी दिये गये हैं।

इस प्रकार की विवरण पत्रिकाओं का प्रकाशन लाभप्रद है। भारतीय समाज शताब्दियों से इस प्रकार अस्त-व्यस्त हो गया है कि उसके विवरणात्मक इतिहास को प्रस्तुत करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आशा है कि इस सीरीज में प्रकाशित होने वाली मनोरंजक तथा ज्ञानवर्धक पुस्तकों से अन्य धर्मवाले भी शिक्षा ग्रहण करेंगे और ऐसी ही योजना बनाकर उपयोगी साहित्य का प्रकाशन करेंगे।

वर्तमान पुस्तक में कई कमियाँ रह गई हैं। यदि प्राचीन इतिहास तथा प्रमुख स्थानों (विशेष कर कांपिल्य, कन्नौज तथा संकिसा) का विवरण कुछ विस्तार से दिया गया होता तो अधिक अच्छा होता। पृ० ४ और ५ पर शायद भूल से हर्षवर्धन को हूणवंशी छप गया है, वास्तव में वे वर्धन या वैस वंश के थे। पुस्तक में यत्र-तत्र प्रूफ की गलतियाँ भी रह गई हैं। आशा है कि विद्वान् लेखक उन्हें अगले संस्करण में सुधार देंगे।

दूसरे जिलों के विवरण भी इसी प्रकार कुछ विस्तार से निकलने चाहिएँ। आशा है कि श्री जैन जी के संपादकत्व में ये विवरण शीघ्र प्रकाशित होकर एक बड़ी आवश्यकता की पूर्ति करेंगे।

कृष्णानन्द वाजपेयी एम० ए०

फरार की डायरी—लेखकः दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह; प्रकाशक हिमालय प्रकाशन प्रेस पटना; पृष्ठ संख्याः ४+१०+१२+२५२+१६; मूल्यः तीन रुपये आठ आने।

अगस्त सन् १९४२ की क्रान्ति में देश के अनेक युवकों ने हँसते हँसते भारत माँ की बेड़ी काटने के लिये अपने प्राणों की आहुतियाँ दी हैं। लेखक भी इस क्रान्ति में भाग लेने के लोभ का संवरण न कर सका, फलतः उसे कई महीनों का कारावास हुआ। कारामुक्त होने के अल्प समय के बाद फिर उसकी गिरफ्तारी का कुचक्र रचा गया। इस समय लेखक का प्रिय पुत्र रोगग्रस्त था, उसे अपनी पुत्री का विवाह सम्बन्ध करना था तथा और भी अनेक घरेलू झंझटें थीं, इसलिये गान्धीवादी होते हुए भी उसकी अन्तरात्मा ने उसे फरार होने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर आपके हृदय में जो अन्तर्द्वन्द्व हुआ था, उसका सजीव चित्रण डायरी में किया गया है। इस सन् १९४३ की डायरी में लेखक के बन्दी और फरार जीवन का सुन्दर चित्र मिल जाता है। इस डायरी में सन् ४२ की दमन नीति का कच्चा चिट्ठा, राष्ट्र सेवकों की गतिविधि, बिहार प्रान्त के अग्रगण्य नेताओं का चरित्र चित्रण, ग्राम संगठन, दलितवर्ग का उत्थान, ग्रामोद्धार, शिक्षाप्रचार, जमीन्दारों के अत्याचार, पूँजीवाद के दोष एवं ग्रामीणों के विशुद्ध वात्सल्य का कलात्मक ढंग से वर्णन किया गया है।

कथानक की दृष्टि से इसे दो भागों में बाँटा जा सकता है। प्रथम भाग में जेल जीवन की कथा है। इसमें विद्वान् लेखक ने जेल के कलहमय जीवन का सचाई और निर्भीकता के साथ चित्र खींचा है। जेल अधिकारियों के दुर्व्यवहार की आलोचना भी साथ ही की गई है। हजारीबाग के जेल जीवन और आरा के जेल जीवन का तुलनात्मक विवेचन साहित्य और सचाई की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। बन्दियों की मानसिक दशाओं का चित्रण एक निष्पक्ष परीक्षक की दृष्टि से किया गया है। तटस्थता ऊँचे दर्जे की है, पक्षपात की भावना की गंध भी नहीं है। लेखक ने सत्य के न्यायासन पर बैठकर अपने सहयोगियों के दम्भ और मिथ्याचरण का भण्डाफोड़ किया है। एक सच्चे साहित्यकार के नाते आपने स्वयं अपनी कमियों और भूलों को भी बिना किसी हिचकिचाहट के जनता के समक्ष रखने में आनाकानी नहीं की है।

द्वितीय भाग में 'पसिया के टोले' की कथा है। यह कथा हृदयग्राही और रोचक है। इसमें सत्यता का चाहे जितना अंश हो, पर कल्पना की प्रधानता दिखलाई पड़ती है। अछूतों के इस टोले में जाकर लेखक को अपार आनन्द प्राप्त हुआ है; वह वहाँ की दर्दनाक घटनाओं से तिलमिला उठा है। लेखक के पात्र सोभुआ और मंगरा का 'राजा और सेनापति' का नाटक सामाजिक विद्रोह की ज्वाला प्रज्वलित करने के लिये पर्याप्त है। इसमें सन्देह नहीं कि दलितों के जन्म जात संस्कार उन्हें कुरीतियों और कुआचरण के

लिये प्रेरित करते हैं, पर इस प्रेरणा में प्रधान हाथ शोषक वर्ग का भी होता है। आज समाज में जितना शोषण के कारण नग्न ताण्डव हो रहा है, उतना जन्म जात संस्कारों से नहीं। वस्तुतः यह शोषण ही इन संस्कारों का जन्म दाता है। निःसंकोच और निर्भय होकर विद्वान् रचयिता ने इन अन्तः और बाह्य द्वन्दों का सुन्दर निरूपण किया है। स्थान-स्थान पर रचयिता की राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं दार्शनिक विचारों की निजी अनुभूति होने के कारण रचना में मौलिकता और रोचकता आ गई है। इस भाग में कोल कन्या बुधिया का चरित्राङ्कन और सौन्दर्य वर्णन यथार्थवाद का उत्कृष्ट नमूना है।

सर्वत्र लेखक ने तटस्थ रहने का प्रयत्न किया है, लेकिन एकाध स्थान पर इस तटस्थता ने उसे संकोची बना दिया है, जिससे यथातथ्य चित्रण में त्रुटि आ गई है। पुस्तक की भाषा चलती फिरती है। राजनीति एवं साहित्य से अभिरुचि रखने वाले पाठकों को इसे मगाना चाहिये। भाषा और प्रूफ सम्बन्धी अशुद्धियाँ एकाध स्थान पर हैं जिनका अगले संस्करण में संशोधन होना आवश्यक है।

नारी जीवन—लेखकः दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह; प्रकाशकः इंडियन प्रेस लिमिटेड प्रयाग; पृष्ठ संख्याः २४० + १८; मूल्यः दो रुपये आठ आने।

इस पुस्तक में विद्वान् लेखक ने नारीजीवन के लिये उपयोगी तत्त्वों का सुन्दर वर्णन किया है। प्रसंगवश स्थान-स्थान पर वर्तमान शिक्षापद्धत्ति, वैवाहिक प्रथा, संयम और आत्मनियन्त्रण एवं धर्म और राजनीति आदि विषयों की आलोचनाएँ ईमानदारी के साथ की गई हैं। लिखने की शैली पत्रात्मक है, जिससे पुस्तक में सरलता और आशुबोध-गम्यता पर्याप्त मात्रा में है। भारतीय नारियों के लिये जानने योग्य विगत सौ वर्षों की पाश्चात्य स्त्री-जीवन की आलोचना पक्षपात रहित आकर्षक ढंग से दी गई है; जिससे पाश्चात्य सभ्यता का अन्धानुकरण करने वाली बहनें बहुत कुछ सीख सकती हैं। आज अधिकांश दाम्पत्य जीवन इसीलिये कलहमय बने हुए हैं कि भारतीय नारी भी विदेशी नारियों की देखा देखी झूठा समानाधिकार का दावा कर यहाँ के आदर्श का छीछालेदर कर रही है। लेखक ने बड़े संयम के साथ आधुनिक भारतीय नारी जीवन के गुण-दोषों का विवेचन कर भारतीय आदर्शों का निरूपण किया है। इस निरूपण में उसने मातृजाति के साथ होने वाले अत्याचारों का भी खुले हृदय से विरोध किया है। लेखनी में ओज है, आत्मविश्वास है और साथ ही ईमानदारी भी। दाम्पत्य जीवन में कटुता पैदा करने वाले कपटाचरण, झूठ, परस्पर का सत्याग्रह, रोमान्सेज, हृदय मालिन्य, झूठी भावुकता एवं परस्पर का अविश्वास आदि बातों की सुन्दर विवेचना की है। पत्र नं० ६ में प्रतिपादित सभी बातें दाम्पत्य जीवन को मधुर बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। पत्र नं० ७ में वर-वधू के चुनाव के अवसर पर की जाने वाली ज्योतिष गणना का वैज्ञानिक ढंग से समर्थन

किया है। जो लोग कुण्डली मिलने को ढोंग कहते हैं, उनका सौम्य ढंग से खण्डन किया गया है। लेखक ने अपने निजी विश्वास और अनुभव के आधार पर बतलाया है कि दम्पत्ति का स्वभाव, रुचि, शारीरिक गठन, सन्तान उत्पत्ति की क्षमता आदि बातों का सूक्ष्मातिसूक्ष्म ज्ञान ज्योतिष के द्वारा संभव है, अतएव वरवधू के निर्वाचन में इस शास्त्र का प्रयोग करना परमावश्यक है। आज जो योग्य चुनाव नहीं हो पाता है, उसका मूल कारण प्राचीन विज्ञान की अवहेलना है।

पत्र नं० ८ में ब्रह्मचर्य का विश्लेषण बड़ी खूबी से किया है। इसमें प्राचीन और नवीन सभी मत मतान्तरों का समन्वय करते हुए महात्मा गान्धी के अनुभवों को बतलाया है। लेखक का विश्वास है कि वासनात्मक जीवन दम्पत्ति के लिये हानिकारक है, जहाँ व्यक्तिगत रूप से विलासी जीवन दुःखदायी है, वहाँ समाज और देश के लिये भी हानिकारक है। आज की नारी विलासिता के चंगुल में फसकर अपने देश का बड़ा अहित कर रही है। यह निश्चित है कि सर्वव्यापी प्रेम ब्रह्मचर्य के द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। पति-पत्नी जो एक क्षुद्र सीमा के अन्दर आबद्ध होकर प्रेम के दर्शन करते हैं, वह दर्शन उनका मिथ्या प्रतिभास है। इसलिये विद्वान् रचयिता ने वैवाहिक जीवन को संयमित बनाने पर जोर दिया है। विवाह का अर्थ उन्मुक्त वासनाओं की पूर्ति कभी नहीं समझना चाहिये। वर्तमान में विवाह-सीमा के भीतर आबद्ध पति-पत्नी को जो विलासिता का पासपोर्ट समाज की ओर से खुले रूप में मिल जाता है, तथा जिसका वे स्वच्छन्द हो प्रयोग भी करते हैं, लेखक ने घोर विरोध किया है।

पुस्तक केवल नारियों के लिये उपयोगी नहीं है, प्रत्युत पुरुष समाज के लिये भी। इसकी भाषा चलती फिरती है, कहीं कहीं विषय के अनुसार गम्भीर भी हो गई है। साहित्य प्रेमियों को स्वयं पढ़ना चाहिये तथा अपनी पत्नियों को अध्ययन करने के लिये इस पुस्तक को देना चाहिये।

मूल में भूल—अनुवादकः पं० परमेष्ठीदास जैन न्यायतीर्थ; प्रकाशकः जमनादास माणेकचन्द रवाणी आत्मधर्म कार्यालय मोटा आंकड़िया; पृष्ठ संख्याः १३९; मूल्यः बारह आने।

इसमें भैया भगवती दास और पंडित बनारसी दास कृत दोहों पर पूज्य आध्यात्मिक रसिक कानजी महाराज के प्रवचन हैं। पुस्तक के प्रथम भाग में भैया भगवती दास के ४७ दोहों में वर्णित उपादान और निमित्त के संवाद को महाराज जी ने बहुत सुन्दर ढंग से समझाया है। उपादान और निमित्त का स्वरूप अनेक उदाहरण और प्रति उदाहरणों के द्वारा सुन्दर ढंग से बताया गया है। उपादान अपनी निज शक्ति है, यह जीव का मूल स्वभाव है और संयोग निमित्त है। सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र रूप उपादान कारण के प्रकट होने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो लोग निमित्त को आत्मगुणों के विकास

में कारण मानते हैं, वे अन्धेरे में हैं। निमित्त सर्वत्र वर्तमान हैं, जहाँ उपादान रहता है, वहाँ अवश्य कार्य होता है। उपादान के अभाव में निमित्त अकिञ्चित्कर है। इसलिये जो लोग निमित्त निमित्त कह कर अपने पुरुषार्थ की अवहेलना करते रहते हैं, उन्हें सचेत होकर उपादान पर विश्वास करना चाहिये। पूज्य कानजी महाराज ने उक्त दोहों के आधार पर प्रथम भाग में उपादान की प्रधानता का सुन्दर निरूपण किया है।

द्वितीय भाग में पं० बनारसी दास के दोहों पर महाराज का भाष्य है। इसमें उपादान और निमित्त का स्वरूप बहुत ही स्पष्ट और सरल ढंग से बताया है। अनुवादक महोदय ने गुजराती भाषा में लिखी गई, इस कृति का सुन्दर अनुवाद किया है। पढ़ते समय मूल रचना का आनंद आता है। छपाई-सफाई सुन्दर है, स्वाध्याय प्रेमियों को अवश्य मगाना चाहिये।

जैन-विवाह-संस्कार—प्रकाशक: सेठ मटरूमल बैनाड़ा, बेलनगंज आगरा; पृष्ठ संख्या : ७२।

इस पुस्तक का संकलन स्व० विद्वद्वर्य पं० नृसिंहदासजी के लिखित नोटों के आधार पर हुआ है तथा इसका संशोधन भी उन्हीं के चिरञ्जीवि पं० हेमचन्द्र शास्त्री ने किया है। पुस्तक के प्रारम्भ में वेदी की रचना, चतुर् षष्ठियंत्र एवं विनायक यंत्र के चित्र दिये गये हैं। विवाह कार्य के लिये आवश्यक वस्तुओं की सूची भी दी गई है। पश्चात् रीति-रस्मों का निरूपण किया गया है। अनन्तर पूजाएं और हवन के मन्त्र दिये गये हैं।

यों तो अबतक जैन समाज में कई विवाह विधियां प्रकाशित हुई हैं। पर इस प्रति में अन्य पुस्तकों की अपेक्षा कुछ विशेषता है। साधारण हिन्दी पढ़ा लिखा व्यक्ति भी इससे विवाह संस्कार आसानी से करा सकता है। इसकी पूजन में भी कई अर्घ्य विशेष दिये गये हैं। नवग्रहों के अर्घ्य का श्लोक निम्न प्रकार है—

सूर्यः शौर्यगुणं शशी कुशलतां सन्मगलं मंगलो।
बुद्धिं तत्त्वबुधां बुधो वितरताज्जावः शुभोज्जीवनम्॥
शुक्रः शुक्रतरं यशोतिविमलं मंदोप्यमंदश्चिरम्।
राहुर्बाहुबलं महार्घ्यमहितः केतुर्महीकेतुताम्॥

यह श्लोक 'मानसागरी' के प्रथम अध्याय का पाँचवाँ श्लोक है। चतुर्थ पाद के कुछ शब्दों में हेरफेर है। इस विवाह विधि में एक सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सम्पूर्ण जातियों के विभिन्न प्रान्त वासियों के लिये समान उपयोगी है। सेठजी का यह संस्कृति-प्रचार प्रेम श्लाघनीय है। जिन्हें आवश्यकता हो वे इसे उपर्युक्त पते से बिना मूल्य मगा लेवें। छपाई-सफाई साधारण है।

सिद्धान्त सूत्र समन्वय (षट्खण्डागम-सिद्धान्त रहस्य समझने की तालिका) —लेखक: न्यायालंकार पं० मक्खनलालजी शास्त्री, मोरेना; सम्पादक: पं० रामप्रसाद शास्त्री, प्रकाशक: दिगम्बर जैन पंचायत बम्बई; पृष्ठ संख्या: २६ + १७० ।

कुछ दिनों से जैन समाज में धवल सिद्धान्त के ९३ वें सूत्र में संजद पद है या नहीं विषय पर चर्चा चल रही है। यद्यपि चर्चा वीतराग कथा के आधार पर है, फिर भी विद्वानों के दो पक्ष हो गये हैं। एक पक्ष संजद पद की आवश्यकता पर जोर देता है और दूसरा पक्ष उसकी आवश्यकता नहीं मानता। तथापि दोनों ही पक्षवाले विद्वान् स्त्री पर्याय में मोक्ष का अभाव स्वीकार करते हैं, पर एक पक्ष के विद्वान् भाववेद की अपेक्षा कथन होने से उस पद की आवश्यकता मानते हैं, दूसरे द्रव्यवेद की अपेक्षा उस वर्णन को स्वीकार करते हुए संजद पद का अभाव स्वीकार करते हैं।

विद्वान् लेखक ने द्वितीय पक्ष की पुष्टि की है। आपने प्रथम पक्ष के विद्वानों का मत उद्धृत कर उनकी दलीलों का खण्डन किया है। वास्तविक स्थिति चाहे जो कुछ हो, पर ऊहापोह की दृष्टि से विचार अच्छा किया है। लेखक ने अपने गम्भीर अध्ययन के बल पर सिद्धान्त शास्त्र की अनेक बातों का स्पष्टीकरण किया है। ग्रन्थ प्रत्येक स्वाध्याय प्रेमी के पढ़ने लायक है।

हर्ष का विषय है कि अब उपर्युक्त विवाद विद्वत् परिषद् ने प्रायः समाप्त कर दिया है और पूज्य वर्णी जी की अध्यक्षता में 'संजद' पद का निर्णय हो गया है।

पुस्तक की छपाई-सफाई अच्छी है। भाव, भाषा आदि साहित्यिक दृष्टि से चीज अच्छी है।

श्रीस्वरूप-रत्नत्रय-श्रावकाचार—लेखक: त्यागी श्री स्वरूपचन्द्रजैन; प्रकाशक: भारतीय प्रकाशन मन्दिर एटा; पृष्ठ संख्या : ८५ + १६ ।

स्वामी समन्तभद्र के रत्नकरण्ड श्रावकाचार के आधार पर इस पुस्तक की रचना हुई है। विषय भी प्रायः एक ही है। त्यागी जी ने हिन्दी छन्दों में इसका निर्माण कर हिन्दी भाषा के प्रेमियों का उपकार किया है। पद्य स्थान-स्थान पर दोष युक्त हैं, भाव-भाषा आदि की दृष्टि से भी ग्रन्थ सामान्य है। छपाई-सफाई साधारण है।

अन्य प्राप्त पुस्तकें

मानव जीवन की सफलता—लेखक : रामस्वरूप जैन विशारद; पृष्ठ संख्या : १३२; मूल्य: सवा रुपया।

लालचन्द (उपन्यास)—लेखक: वृन्दावन विहारी; प्रकाशक : साहित्य-कला-मन्दिर आरा; पृष्ठ संख्या: ९०; मूल्य: एक रुपया।

भारत जैन महामण्डल का संक्षिप्त इतिहास—लेखक: अजित प्रसाद एम० ए० प्रकाशक भारत जैन महामण्डल वर्धा पृष्ठ संख्या: ५० + १३; मूल्य: एक रुपया।

वह शिल्पी था (नयी शैली की नयी कहानियाँ)—लेखक: दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह; प्रकाशक: हिमालय प्रकाशन प्रेस पटना; पृष्ठ संख्या: ७८; मूल्य: एक रुपया दो आना।

धर्म क्या है?—लेखक: कुँवर श्री नेमीचन्द्र पाटनी; प्रकाशक: मगनलाल हीरालाल दि० जैन पारमार्थिक ट्रष्ट मदनगञ्ज (किशनगढ़)

वीर स्तुति—लेखक: श्री छोगालालजी महाराज; प्रकाशक मेघराजजी बबूरमलजी धाकड़ बड़ीसादड़ी मेवाड़।

जैन धर्म और अहिंसा—लेखक: ए० पी० शुक्ल बी० ए० साहित्य भूषण; एम० डी० एच० (यू० एस० ए०); प्रकाशक: सामयिक काशन मण्डल ३१, चाँदमारी रोड, हावड़ा; मूल्य: आठ आने।

आत्मवाद और एकान्त परिहार—लेखक: ब्रह्मचारी नन्दलाल; प्रकाशक: ब्रह्मचारी नन्दलाल, दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला भिण्ड (ग्वालियर)

आत्मदर्शन—परमात्म छत्तीसी—अनुवादक: श्री नाथूरामजी; प्रकाशक: श्री जवरचंद फूलचंद गोधा जैन ग्रन्थमाला इन्दौर।

श्री पुष्पदन्त चालीसा और महावीर चालीसा—लेखक कंज बयाना: प्रकाशक: मोतीलाल गुलाबचंद जैन बोहरा बयाना (ग्वालियर)

इन पुस्तकों के अतिरिक्त माणिक्यचन्द्र दि० जैन ग्रन्थमाला का कार्य विवरण, दि० जैन शिक्षा संस्था कटनी की विवरण पत्रिका, श्री शान्तिनाथ दि० जैन मन्दिर गोवाडी की पंच वार्षिक रिपोर्ट, श्री भुजबलिब्रह्मचर्याश्रम काकल का द्वितीय वार्षिक विवरण एवं दि० जैन श्राविकाश्रम सागवाड़ा की २२ वीं और २३ वीं वार्षिक रिपोर्ट भी समालोचनार्थ प्राप्त हुई हैं।

भारतीय ज्ञानपीठ काशी का समस्त प्रकाशन अभी समालोचनार्थ मिला है, जिसकी आलोचना अगले अंक में की जायगी।

जैन-सिद्धान्त-भवन,
आरा।

नेमिचन्द्र शास्त्री, ज्योतिषाचार्य

श्री जैन-सिद्धान्त-भवन आरा का संक्षिप्त वार्षिक विवरण।

[४-६-४६—२४-५-४७]

यह संस्था ३६ वर्षों से साहित्य जगत् की सेवा करती आ रही है। अपने इस ३६ वें वसन्त में भी इसने अनेक साहित्यिक संस्थाओं और व्यक्तियों को साहाय्य प्रदान किया है। अलभ्य ग्रन्थ रत्नों के संग्रह के साथ पुरातत्त्व की अन्य सामग्री का भी संकलन किया जा रहा है।

वीर निर्वाण संवत् २४७२ ज्येष्ठ शुक्ल पञ्चमी से वीर नि० संवत् २४७३ ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी तक 'भवन' के सामान्य दर्शक रजिस्टर में ६७४५ व्यक्तियों ने हस्ताक्षर किये हैं। दैनिक पत्रों की संख्या बढ़ जाने से वाचनालय में अच्छी उपस्थित होती रही है। विशिष्ट दर्शकों में निम्नलिखित महानुभावों के नाम विशेष उल्लेख योग्य हैं:—

श्रीमान् आचार्य बदरीनाथ वर्मा शिक्षा मंत्री विहार प्रान्त; कविवर पं० रामनाथ पाठक 'प्रणयी' साहित्य-व्याकरण-आयुर्वेदाचार्य डुमराँव; श्रीमान शुकदेवनारायण राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा; श्रीमान् दिनेश बख्शी सदाकत आश्रम दीघा घाट पटना; श्रीमान् तेजनारायण लाल सदाकत आश्रम पटना; न्यायाचार्य श्रीमान पं० माणिक्यचन्द कौन्देय सहारनपुर; श्रीमान् रजनीकान्त शास्त्री बी० ए०, एल-एल० बी० बक्सर; श्रीमान पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री प्रधानाध्यापक स्याद्वाद महाविद्यालय काशी तथा मंत्री साहित्य विभाग दि० जैन संघ मथुरा एवं श्रीमान् काका कालेलकर हिन्दुस्तानी प्रचारक वर्धा। इन विद्वानों ने अपनी शुभ सम्मतियों द्वारा भवन को सुव्यवस्था एवं उसके संग्रह की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है।

प्रकाशन—'भवन' के इस विभाग में 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' तथा 'जैन एन्टीक्वेरी' का प्रकाशन पूर्ववत् चालू रहा है। भास्कर उत्तरोत्तर लोकप्रियता को प्राप्त कर रहा है। इसके भाग १३ के सम्बन्ध में प्रो० नलिन विलोचन शर्मा पटना कालेज, पं० परमानन्द शास्त्री वीर-सेवा-मन्दिर सरसावा, पं० दरबारीलाल न्यायाचार्य सरसावा, श्री० पी० के गोडे क्यूरेटर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट पूना एवं प्रो० सुरेन्द्रनाथ घोषाल बंगवासी कालेज हावड़ा ने अपनी महत्त्वपूर्ण सम्मतियाँ भेजी हैं। इनमें भास्कर की ठोस साहित्यिक सामग्री की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है। इसे केवल जैन संस्कृति का ही सेवक स्वीकार नहीं किया है, प्रत्युत समस्त भारतीय संस्कृति का सेवक माना है। श्रीमान् बा० दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह, प्रधान मंत्री शाहाबाद जिला हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन ने 'भास्कर' के सम्बन्ध में अपना अभिमत व्यक्त करते हुए इसे इतिहास का एक मौलिक ग्रन्थ बताया है।

कागज और प्रेस की सुविधा होते ही अन्य प्रकाशन का कार्य आरम्भ किया जायगा। प्रकाशन के लिये छोटे-छोटे दो तीन ग्रन्थ तैयार हैं।

परिवर्तन—इस वर्ष भवन के प्रकाशन से लगभग १००) रुपये के ग्रन्थ बदले में लिये गये हैं। निम्नलिखित पत्र-पत्रिकाएँ भी भास्कर के परिवर्तन में भवन को प्राप्त होती रही हैं।

हिन्दी—(१) नागरी प्रचारिणी पत्रिका (२) विश्वभारती (३) सम्मेलन पत्रिका (४) साहित्य सन्देश (५) अनेकान्त (६) विज्ञान (७) आजकल (८) किशोर (९) वैद्य (१०) हिमालय (११) जिनवाणी (१२) संगम (१३) जैन महिलादर्श (१४) दिगम्बर जैन (१५) आरोग्य (१६) जैन बोधक (१७) वीर वाणी (१८) महावीर सन्देश (१९) खण्डेलवाल जैन हितेच्छु—इन्दौर (२०) वीर (२१) आत्मधर्म (२२) भारतीय समाचार (२३) वीर लोंकाशाह (२४) जैन मित्र (२५) जैन सन्देश (२६) जैन गजट (२७) जयहिन्द—दैनिक।

गुजराती—(१) जैन सत्य प्रकाश।

कन्नड़—(१) जय कर्णाटक (२) शरण साहित्य (३) विवेकाभ्युदय।

तेलगु—(१) आन्ध्र साहित्य परिषद् पत्रिका।

अंग्रेजी—(1) Annalas of the Bhandarkar oriental Research Institute, (2) The journal of the University of Bombay (3) Karnatak Historical Review, (4) The Adiyar Library Bulletin (5) The journal of Annamalai University (6) The Poona orientalist, (7) The journal of the United Province Historical Society, (8) The quarterly of Mythic Society, (9) The Punjab oriental Research, a quarterly journal, (10) The journal of the Royal Asiatic Society of of Bengal, (11) The journal of the Royal Asiatic Society of Bombay (12) The Fergusson College Magazine (13) The journal of the Behar and Orissa Research Society (14) The journal of the Benares Hindu University (15) The Andhra University College Magazine and Chronicale (16) The journal of the Sindh Historical Society (17) The journal of tanjore Sarasvati Libraray (18) The Bombay Theosophical Bulletin (19) The Jain Gazete. (20) The Indian Litrary Review (21) The journal of the Canganath Jha Research Institute Allahabad (22) The Brahm Vidya.

इस प्रकार भास्कर के परिवर्तन में कुल ५५ पत्र-पत्रिकायें आती रही हैं। इनके अतिरिक्त (1) The Indian Historical quarterly (२) विशाल भारत (३) सरस्वती (४) साप्ताहिक-संसार (५) दैनिक-संसार (६) The Searchlight (७) The Indian Nation

(८) आर्यावर्त ये पत्र मूल्य देकर भवन से मंगाये गये हैं। श्री० स्वरूपचंद जैन के सौहार्द से 'जय हिन्द' और बा० रघुनन्दन प्रसाद मिश्रटोला के सौहार्द से नवराष्ट्र और Amrit Bazar Patrika भी प्राप्त होते रहे हैं।

पाठक—भवन के सामान्य पाठक वे हैं जो भवन में ही बैठकर अभीष्ट ग्रन्थों का अध्ययन करते हैं। क्योंकि सर्व-साधारण जनता को ग्रन्थ घर ले जाने के लिये नहीं मिलते। इन पाठकों के अतिरिक्त विशेष नियम से कुछ लोगों को घर ले जाने के लिये भी ग्रन्थ दिये गये हैं। इन ग्रन्थों की संख्या ३४९ है। इनमें स्थानीय व्यक्तियों के अतिरिक्त श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री, स्याद्वाद महाविद्यालय काशी; श्रीमान् प्रो० गो० खुशालजैन एम० ए०, साहित्याचार्य, काशी विद्यापीठ बनारस; श्रीमान् पं० फूलचन्द्र सिद्धान्त-शास्त्री काशी; श्रीमान् पं० महेन्द्र कुमार न्यायाचार्य भारतीय ज्ञानपीठ काशी; श्रीमान् पं० परमानन्द शास्त्री सरसावा; श्रीमान् बाबू कामता प्रसाद, एम० आर० ए० एस०, डी० एल०, अलीगंज; श्रीमान् डा० ए० एन० उपाध्ये, एम० ए०, डी० लिट, कोल्हापुर; श्रीमान् रामसिंह तोमर, एम० ए० रिसर्च स्कालर शान्ति निकेतन बंगाल; श्रीमान अगरचन्द नाहटा बीकानेर; श्रीमान प्रो० शेषय्यंगार एम० ए० मद्रास युनिवर्सिटी; श्रीमान उमाकान्त प्रेमचन्द शाह घड़ियाली पोल, बड़ौदा।

संग्रह—पूर्ववत् इस वर्ष भी मुद्रित संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, मराठी, गुजराती, कन्नड़ एवं बंगला आदि विभिन्न भारतीय भाषाओं के ८० ग्रन्थ और अंग्रेजी के १०; इस प्रकार कुल ९० ग्रन्थ संग्रहीत हुए हैं।

'भवन' को इस वर्ष ग्रन्थ प्रदान करने वालों में दिगम्बर जैन स्त्री-समाज आरा, श्रीमान् बाबू छोटेलाल जी आरा एवं व्यवस्थापक आर्केलोजिकल मैसूर आदि के नाम उल्लेख योग्य हैं।

समालोचनार्थ प्राप्त ग्रन्थ—(१) संक्षिप्त जैन इतिहास भाग ३ खंड ४ (२) अनित्य भावना, (३) सुशीला उपन्यास (४) सिद्धान्त दर्पण (तृतीय अंश) (५) फरार की डायरी (६) नारी जीवन (७) सिद्धान्त सूत्र (८) सामयिक पाठ संग्रह (९) श्री स्वरूप-रत्नत्रय-श्रावकाचार (१०) मानव जीवन की सफलता (११) लालचन्द (उपन्यास) (१२) भारत जैन महा मण्डल का संक्षिप्त इतिहास (१३) वह शिल्पी था (नयी शैली की नयी कहानियां) (१४) धर्म क्या है (१५) आत्मवाद और एकान्त परिहार (१६) आत्मदर्शन (१७) पुष्पदन्त चालीसा (१८) महावीर चालीसा।

साहित्यिक और धार्मिक सभाएँ—आरा नगर में भवन जैसा विशाल और सुरम्य हॉल दूसरा नहीं है इसलिये सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समारोह प्रायः प्रत्येक महीने में होते रहे हैं। भवन की ओर से श्रुतपंचमी एवं महावीर जयन्ती के धार्मिक उत्सव भी समारोह पूर्वक मनाये गये हैं।

देवाश्रम, आरा।
२५-७-४७

चक्रेश्वर कुमार जैन
बी० एस-सी०, बी० एल०

THE JAINA ANTIQUARY

VOL. XIII. JULY, 1947. No. I.

Edited by

Prof. Hiralal Jain, M. A., LL.B., D. Phil.
Prof. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt.
Bau Kamata Prasad Jain, M. R. A. S., D. L.
Pt. K. Bhujbali Shastri, Vidyabhushana.
Pt. Nemi Chandra Jain Shastri, Sahityaratna.

Published at :
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY.
ARRAH, BIHAR, INDIA.

Annual Subscription

Inland Rs. 3. Foreign 4s. 8d. Single Copy Rs. 1/8

CONTENTS OF THE JAINA ANTIQUARY

The JAINA ANTIQUARY

" श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम् ।

जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥ "

[अकलंकदेव]

Vol. XIII No. I | ARRAH (INDIA) | July. 1947.

SOME NOTES ON THE MANUSCRIPTS OF MEDICAL WORKS BY JAIN AUTHORS.

By

P. K. Gode M. A

Curator,

Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona.

In the *Praśastisaṁgraha* or a Descriptive Catalogue of Sanskrit and Prakrit MSS in the Jaina Siddhāntabhavan at Arrah (Bihar) published by my friend Pandit K. Bhujabali Shastri in 1942, he describes two medical works viz. (1) *Nidāna-muktāvalī* [1] (p. 13) and (2) *Madanakāmaratna* (pp. 14-15). The MSS of these works do not contain any descriptive *praśastis* and hence it is difficult to verify the names of their authors. The Colophon of the *Nidānamuktāvalī* reads "इति पूज्यपादविरचितायां स्वस्थारिष्टनिदानं समाप्तम्". Pandit Bhujabali Shastri informs us that in the body of the verses of this text there is no reference to *Pūjyapāda* or any other author of the text.

1. Bhujabali Shastri informs us that this MS is a copy of a MS in the Govt. Oriental Library, Madras.

It is, therefore, difficult to trust merely the Colophon in its statement that the work was composed by *Pūjyapāda* ("**पूज्यपादविरचितायां**"). The MS of the second work viz. the *Madanakāmaratna* does not also contain any *Praśasti*. It ends with a few verses describing the preparation of a medicine called "**पञ्चबाणरस**". In the last verse of the formula this preparation is ascribed to **पूज्यपाद** ("**पञ्चबाणरसो नाम पूज्यपादेन निर्मितः**"). From this statement also we are unable to conclude that *Pūjyapāda* was the author of this work. As the MSS under reference are not before me, I am unable to say anything about their authorship at present. I propose, however, to make some remarks on the chronology of one of the two works viz. the **मदनकामरत्न** on the strength of the description given by Pandit Bhujabali Shastri. The end of this MS records the formula of *Pañcabāṇa-rasa* as follows :—

"सुवर्णं रजतं कान्तं वैक्रान्तं तीक्ष्णमभ्रकम् ।
प्रवालं मुक्तभस्मितं नागवङ्गं च भास्करम् ॥१॥
एकैकसमभागं च सर्वतुल्यं रसेन्द्रियम् ।
तत्समं शुद्धगन्धश्च हंसपादीरसेन च ॥२॥
कौमारीरससंप्रोक्तं मर्दितश्च दिनत्रयम् ।
काचकुप्यन्तरं[1] क्षिप्त्वा विलेप्य वस्त्रमृत्तिकाम् ॥३॥
वालुकायन्त्रके पक्त्वा षड्यामान्ते समुद्धरेत् ।
चूर्णीकृतं ततःखल्वे शतपत्ररसेन च ॥४॥
दिनत्रयं च यत्नेन चाधिकं सहभावनात् ।
कस्तूरिकां च कर्पूरं भावयेन यथाविधि ॥५॥
शाल्मलीकानि लाक्षाश्च गान्धारी समम‍र्दयेत् ।
वराचन्दनसंयुक्तं कणाक्षौद्रं सिताज्यकम् ॥६॥
विंशतिश्च प्रमेहाणां राजयक्ष्मानेकशः
शुक्रवृद्धिकरश्चैव वन्ध्या च लभते सुतम् ॥७॥
वन्ध्यनष्टं पुष्पनष्टं·········मसृग्दरम् ।
रक्तपित्तं चाम्लपित्तं अस्थिस्रावहलीमकम् ॥८॥
अहन्येव रजः स्त्रीणां भवन्ति प्रियदर्शनात् ।

वीर्यवृद्धिकरश्चैव नारीणां रमते शतम् ॥९॥
पञ्चबाणरसो नाम पूज्यपादेन निर्मितः । "

In the above formula of पञ्चबाणरस reference is made to the use of वालुकायन्त्र[1] (Sand bath) and काचकुपि or glass bottle. This reference is important for fixing the earlier limit to the date of the *Madana-Kāmaratna*. In my paper on the "*Use of Kāca or Glass in Indian Pharmacy—Between A. D. 1100 and 1800*" (pp. 147-160 of *Bhāratīya Vidyā* Nov.-Dec. 1946), I have recorded sufficient evidence to prove that the use of *Kāca* or *Glass* (*vessels*) in Indian pharmacy became current some time after A. D. 1100. In view of this evidence it would be reasonable to suppose that the work *Madana-Kāmaratna*, a MS of which has been described by Pt. Bhujabali Shastri was composed some time after A. D. 1100 when the use of the

---

1. The use of वालुकायन्त्र with काचकुपि or glass-bottle is described in the following texts on alchemy :—

(i) "*Between 13 th and 14 th Centuries A. D.*"— रसरत्नसमुच्चय of Vāghbhaṭa—Book IX of this work deals with *Yantras* in which वालुकायन्त्र with काचकलशी is described (See p. 69 of *History of Hindu Chemistry* by P. C. Ray, Vol. I, Calcutta, 1902).

(ii) "*13th Cent. A. D.*"—रसप्रकाशसुधाकर of यशोधर (ed. by J.K Shastri, Gondal, 1940) contains many references to वालुकायन्त्र such as—

"रुचिर काचघटीविनिवेशितो
सिकतयन्त्रवरेण हि दिनत्रयम् ।"

(See also pp. 116, 169, 175 etc.)

(iii) "*13 th Century A. D*"—रसरत्नाकर of नित्यनाथसिद्ध (ed. by J. K. Shastri, Gondal, 1940—ऋद्धिखण्ड-वादिखण्ड) refers to वालुकायन्त्र with काचकुपि (p. 73—"सच्छिद्रे वालुकायन्त्रे कूप्यामारोपितं पचेत्")

(iv) "*14 th Century A. D.*"—शार्ङ्गधरसंहिता (ed. by P. L. Vaidya, Poona, 1917) refers to वालुकायन्त्र with कुपिका (pp. 167-168) etc.

(v) धातुकल्प of रुद्रयामलतन्त्र refers to वालुकायन्त्र (See folio 56 of B. O. R. Institute MS No *No 1145* of *1886-92*—"शिम्रे वालुकयंत्रगे"

Vālukāyantra (Sand bath) with glass (*Kāca*) bottles had become current in India. At any rate this work is definitely later than A.D. 1000.

According to Pandit Bhujabali Shastri's description the *Madana-Kāmaratna* records formulae for other *rasas* like **महापूर्णचन्द्रोदय, लोह, अग्निकुमार, पुष्पबाणरस,**[1] **ज्वरबलफणिगरुड, कालकूट, रत्नाकर, उदयमार्तण्ड, सुवर्णमात्स्य, प्रतापलंकेश्वर, राजेश्वर, बालसूर्योदय** (2 varieties). A history of these formulae ought to be reconstructed from the extant works on *rasavidyā*. The present work also deals with such topics as **कर्पूरगुण, मृगहारभेद, कस्तूरीभेद, कस्तूरी-अनुपान, कस्तूरीपरीक्षा** etc If a complete MS of this work becomes available for study we may be able to gather more data to clarify the problem of its chronology.

Besides the **निदानमुक्तावली** and **मदनकामरत्न** described in the *Praśastisaṁgraha* by Bhujabali we find his description of a few other medical MSS as specified below :—

---

1. The *Sārṅgadhara-Saṁhitā* (ed. by P.L. Vaidya, Poona, 1917) pp. 202-203 (Khaṇḍa II, Chap. 12, verses 87 94) contains a formula for **मदनकामेश्वररस** which is similar in some respects with that for **पञ्चबाणरस** as will be seen from the following verses :—

तारं वज्रं सुवर्णं च ताम्रं सूतकगन्धकम्। लोहं क्रमविवृद्धानि कुर्यादेतानि मात्रया ॥८७॥
विमर्द्य कनकाद्रावैर्न्यसेत काचमये घटे। विमुद्रय सिकतामध्ये धारयेत्सैन्धवावृते ॥८८॥
निरुध्य मुद्रयेत्सम्यक् ततश्चुल्ल्यां निवेशयेत्। वह्निं शनैःशनैःकुर्याद्दिनैकं तत उद्धरेत् ॥८९॥
स्वांगशीतं च संचूर्ण्य भावयेदर्कदुग्धकैः। अश्वगंधा च काकोली वानरी मुसलीक्षुरा ॥९०॥
त्रिवृद्वलं रसैरासां शतावर्याश्च भावयेत्। पद्मकंदकसेरूणां रसैःकाशस्य भावयेत् ॥९१॥
कस्तूरी व्योषकर्पूरकक्कोलैलालवंगकम्। पूर्वचूर्णादष्टमांशमेतच्चूर्णं विमिश्रयेत् ॥९२॥
सर्वैःसमा शर्करा च दत्वा शाणोन्मितं पिबेत्। गोदुग्धपिपलेनैव मधुराहारसेवकः ॥९३॥
अस्य प्रभावात्सौन्दर्यं स लभेन्नात्र संशयः। तरुणी रमयेद्बह्वीःशुक्रहानिर्न जायते ॥९४॥

According to Pandit D. K. Shastri "*Sārṅgadhara*, the author of the *Saṁhitā* definitely lived in the *Fourteenth Century*" (Vide p 84 of *Journal of Gujarat Research Society*, April-July 1945 · Pt Shastri's article on "*Medical Science in Gujarat*")

For the pictures of *Vālukāyantra* and other Yantras see Plates I to VI of *Aryan Medical Science* by Thakore Saheb of Gondal, London, 1896, p 144. The origin and development of these *Yantras* need to be studied chronologically. The Thakore Saheb makes no remarks on the history of these *Yantras*.

Page 50—कल्याणकारक (in Sanskrit verse) by उग्रादित्य pupil of श्रीनन्दि, composed in a *Jina* temple on *Rāmagiri* in *Trikaliṅga* country. This work mentions previous authors like पूज्यपाद, पात्रस्वामी (=पात्रकेशरी ?), सिद्धसेन, दशरथ गुरु, मेघनाद, सिंहनाद, समन्तभद्र, श्रुतकीर्ति, कुमारसेन, वीरसेन, जटाचार्य etc.

Page 149—सारसंग्रह (in Sanskrit verse) by विजयणोपाध्याय. The work mentions पूज्यपाद, वाग्भट, सुश्रुत etc. Those who are interested in the history of Indian medical literature in general and Jain medical literature in particular, will find the above information useful.

There are some MSS of medical works by Jain authors in the *Bombay University Collection.* They have been described by Prof. G. V. Devasthali in his *Des. Catalogue* of these MSS (1944), *Book I.* I note below some particulars of these MSS :—

Page 80-81—ज्वरपराजय by जयरत्न, pupil of भावरत्न (a *Svetāmbara* Jaina). भावरत्न composed a commentary on ज्योतिर्विदाभरण in *A. D. 1705.* जयरत्न composed his दोषरत्नावली also in *A. D. 1705* (Cf. No 1347 of 1884 87 in B. O. R Institute MSS library.)

Page 100—वैद्यवल्लभ by हस्तरुचि, pupil of हितरुचि, who himself was a pupil of प्राज्ञादयरुचि of तपागच्छ This work was composed in *A. D. 1670.*

Page 109—लघुविवृति (on आश्चर्यरत्नमाला of नागार्जुन) by गुणाकर. "This work of नागार्जुन is commented upon by a Śvetāmbara Jains physician named गुणाकर in *Saṁvat 1296 (C. 1240 A. D)*". observes Prof. Devasthali. On *p. 110* the colphon of another MS of लघुविवृति describes गुणाकर as follows :— "श्री सिद्धवर्टीय श्वेताम्बरपण्डित श्री गुणाकर (विरचिता)"

Page 119—योगचिन्तामणि by हर्षकीर्ति of the तपागच्छ of नागपुर (pupil of चन्द्रकीर्ति)—About A. D. 1575.

In the Govt. MSS Library at the B. O. R. Institute there are many MSS of medical works. These have been described by Dr. Har Datta Sharma in his *Des. Catalogue of Vaidyaka* MSS (Vol. XVI, Part I, 1939) published by the B. O. R. Institute. I note below Jain medical works from this Catalogue :—

Pages 8-9—अनुपानमञ्जरी by पीतांबर. Composed in A. D. 1766. (Is this author a Jain ?)

Pages 138-139—निघण्टुशेष by हेमचन्द्र (Ed. by Parab and others in 1889 and also in अभिधानसंग्रह (Nos. 6-10), containing other works of Hemacandra (*A. D. 1092-1173*).

Page 193—योगचिन्तामणि of हर्षकीर्ति (Text with Gujarati Tanslation).

Page 207—योगरत्नमाला of नागार्जुन with विवृति of गुणाकर (Several MSS)–in the colophon (on p. 210 of the Catalogue) गुणाकर is referred to as "सिद्धघटीय-श्वेतांबरपंडित"

Page 227—योगशतकटीका by पूर्णसेन, who bows to श्रीवर्द्धमान in the verse of the beginning.

Pages 326-327—वैद्यकसारोद्धार by हर्षकीर्ति (Same as योगचिन्तामणि described on p. 193 of the Catalogue).

Pages 350-351—वैद्यमनोत्सव by नयनसुख (Son of केशव) a contemporary of Akbar—written in Hindi verses—Dr. Sharma says that the author was a Jain monk.

Page 355—वैद्यवल्लभ by हस्तिरुचि, disciple of हितरुचिगणि of तपागच्छ—The work was composed in *A. D. 1670* (Saṁvat 1726).

Page 311—वैद्यकग्रंथ in Canarese language with Sanskrit verses here and there. It is ascribed to पूज्यपाद on account of a verse on folio 82 which reads :—"सर्वभूतहितार्थाय पूज्यपादेन भाषितम्"

In expressing his doubt about Pūjyapāda's authorship of the *Vaidyakagrantha* in Canarese language, Dr. Sharma observes :—

"The Madras Oriental MSS Catalogue, Vol. XXIII, mentions पूज्यपाद as the the author of the औषधयोगग्रंथ (p. 8818), निदानमुक्तावली (p. 8857), मदनकामरत्न (p. 8875), रत्नाकराद्यौषधयोगग्रंथ (p 8880), रसरत्नाकर (p. 8892), रुदन्त्यादिकल्प (p. 8898) and वैद्यसारसंग्रह (p. 8919). In the Colophon of निदानमुक्तावली we read—

"श्रीमज्जठरदेशिकमन्त्रवादषड्भाषाकविचक्रवर्ति—श्रीपूज्यपादस्वामिविरचिते सिद्धान्तिमार्गे अरिष्टनिदानो नाम द्वादशोध्याय: ॥"

The MSS of निदानमुक्तावली and मदनकामरत्न in the Jaina Siddhānta Bhavan at Arrah, described by Bhujabali Shastri are copies from the Madras MSS of these works. I have already recorded evidence

to prove that one of these two MSS viz. the मदनकामरत्न is later than A. D. 1000. I shall feel thankful if any of our Jain friends at Arrah or elsewhere verifies my evidence. The habit of ascribing every medical compilation to पूज्यपाद had its origin possibly in the desire to induce respect for it from subsequent generations of readers.

In the *Madhyayugīna Caritrakośa* by S. Chitrav Shastri, Poona, 1937, p. 518 there is a short article on पूज्यपाद based on कर्नाटक कविचरित्र in Canarese by R. Narasiṁhācārya (pp. 159, 165). I note some points below from this article connected with the life-history of पूज्यपाद and his works :—

(1) पूज्यपाद flourished *about A. D. 600*

(2) He is referred to with respect by Kannaḍa authors but no work of his in Kannaḍa language has come down to us.

(3) He is possibly the author of two Sanskrit works समाधिशतक and कल्याणकारक. *Meghacandra* (A. D. 1148) wrote a commentary on the समाधिशतक in Kannaḍa language, which is still extant. The कल्याणकारक is a work on Medicine. Its Kannaḍa translation by जगद्दळ सोमनाथ is called कर्नाटक-कल्याणकारक.

I cannot verify these points as I am not conversant with the Kannaḍa language. I may, however, point out that Bhujabali Shastri in his *Praśastisaṁgraha* under reference describes a work on Medicine (pp. 50-57) called "कल्याणकारक" by one उग्रादित्याचार्य. I wonder if this कल्याणकारक is identical with the कल्याणकारक ascribed to पूज्यपाद. Bhujabali Shastri states (p. 55) that उग्रादित्य refers to पूज्यपाद among previous authors mentioned by him.

The *Descriptive Catalogue of Medical MSS* in the Govt. Oriental MSS Library, Madras, Vol. XIII (1918) has already been referred to by me. Some notes from this Catalogue on medical works by Jain authors may be recorded here :—

Page 8851—नाडीविज्ञान with Āndhra Commentary. I cannot say if the author of the work was a Jain. He, however, bows to श्रीवर्धमान in the verse at the beginning. The work contains quotations from गदसञ्जीविनी.

Page 8857—निदानमुक्तावली (already referred to by me above). The Catalogue says that it "was written by पूज्यपाद." "The work is also called सिद्धांतिमध्य." In a colophon of a

MS of this work (*P. 8858*) the work is ascribed to a physician देवचन्द्र ("देवचन्द्रमिपग्विरचितायां निदानमुक्तावल्याम्")

Page 8875—मदनकामरत्न with *Andhra* commentary (the chronology of this work has already been discussed by me).

Page 8879—रत्नाकराद्यौषधयोगग्रन्थ—"The work is attributed to पूज्यपाद"

Page 8897—कल्पन्त्यादिकल्प—पूज्यपाद is mentioned at the end of the MS ("भूमौ सर्व-जनानुरनञ्जकरं श्रीपूज्यपादोदितम्")

Page 8908—वैद्यविषय—काचकुपि is mentioned in the verse at the beginning as follows :—

"तद्धृत्वा सूर्यताप्योमुशिदिनयुगलं काचकुप्यानिधाय"

—*पूज्यपाद is referred to in the last verse as follows :—*

"नराणामुपकाराय पूज्यपादेन निर्मितम्"

Page 8919—वैद्यसारसंग्रह—Refers to पूज्यपाद at the end :—

"रचितमिदं भाषितं पूज्यपादैः"

Page 8935—गुणपाठ—The author bows to जिन at the beginning —,

"श्रीमाद्यं जिनमानम्य कायजेषु निवारणम्"

I hope the foregoing notes on the MSS of medical works ascribed to Jain authors would be useful to those who intend to study in detail the exact nature of the contribution of the Jainas to Indian medical literature with the help of the manuscripts now available in different libraries, private or public.

CATHOLICITY OF JAINISM AND REACTION OF OUTER INFLUENCE ON IT.

By

(Sjt. Kamta Prasad Jain, D. L., M. R. A. S.)

The characteristic feature of Jainism is its universal catholicity. Mahâvîra Vardhamâna, the last of the 24 Tîrathamkaras preached the doctrine of Salvation-emancipation from mundane bondage and proclaimed it as the birthright of each and every soul. Salvation was assured to all without distinction of caste, creed or sex[1]. The sermons of Jina Mahâvîra were addressed to the Aryans and non-Aryans alike[2]. Even the so despised Mlechchas were admitted in the Jaina church (Saṁgha) and were ordained as Śramaṇas[3]. The Jaina monarchs contracted marriages even with the Mlechcha girls[4]. In fact the social organisation of the Jainas was designed on the catholic spirit of Jainism in order to bring into practice the great ideal of salvation and it never created any difference between man and man. A devout Jaina can observe all sorts of customs and can follow any usage, provided it goes not against his ideal of Liberation[5].

---

1 'दंसण मूलो धम्मो उवइट्ठो जिणवरेहिं सिस्साणं ।' – 'पावइ तिहुवण सारं बोही जिनसासणे जीवो ।' —कुन्दकुन्दचार्य

'मनोवाक्काय धर्माय मताः सर्वेऽपि जन्तवः ।' —श्री सोमदेवसूरि : ।

2 'भगवंचणं अद्धमागहीए भासाए धम्माइक्खइ । सवियणं अद्धमागहीभासा भासिज्जमाणी तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं, दुप्पय, चउप्पय मियपसुपक्खीसरीसिवाणे अप्पप्पणोहिय सिवसुहदाय भासत्ताए परिणमइ ।' —समवायांग सूत्र

3 'तत्तो पडिवज्जगया अज्ज मिलेच्छे अज्जेय । कमसो अवरं अवरं वरं वरं होदि संखं वा ॥१९२॥ —लब्धिसार

'तथा जातीयकानां दीक्षाहत्वेप्रतिषेधाभावादिति ।' – जयधवला, आराकी प्रति पृ० ८२७-२८

4 Indian Historical Quarterly, Vol. IV p. 146—152

'दिग्विजयकाले चक्रवर्तिना सह आर्यखण्डमागतानां म्लेच्छराजानां चक्रवर्त्यादिभिःसह जातवैवाहिकसंबंधानां संयम प्रतिपत्तेरविरोधात् ।' —लब्धिसार टीका गाथा १९३

5 सर्व एव हि जैनानां प्रमाणं लौकिको विधिः ।
यत्र सम्यक्त्वहानिर्न यत्र नो व्रतदूषणम् ॥

—सोमदेवसूरिः

The community (Saṁgha) of the Jainas was constituted (1) Śramanas and (2) Śrāvakas (house holders) Sramanas (m strive direct to achieve the attainment of salvation in this ver while the Śrāvakas (householders) only have full belief and to the discourse divine and endeavour to act upto the teacl according to their respective spiritual development as well as and limit in the worldly life[6]. But *Nirvāṇa* is the goal to be acl for both the factors of the Community (Saṁgha).

In fact 'caste' had no place of importance in Jainism[7]. Of c the Jaina philosophers have used the term "*Jāti*" (जाति) in desc the mundane conditions of a Jiva (soul)[8], but the 'term' 'Jāti' there denotes the sense of the word 'specie' and under the h 'Jāti souls of one-sensed, two-sensed beings and so forth ar merated. Among the five-sensed souls, man-specie form one which is divided into fourteen lākh crores 'Kulas' (clans)[9]. Ar universal catholicity of Jainism is manifest in the declaratio man of all these 'Kulas' (clans) are competent to attain salvati Jaina Teachers, in fact, never attached importance to the bi man, rather they declared that the actions of man are the thing to determine his status in life[11]. By his actions only

---

6 Tattvārtha—Sūtram, Ch. VII, Sutras 19-20 (S. B. J) pp 142-143.

7 'णवि देहो वंदिज्जइ णवि य कुलो णवि य जाइ संजुत्तो।
को वंदिय गुणहीणो ण हु सवण णेय सावओ होइ ॥२७॥' —श्री कुन्द

8 Jaina Gem Dictionary, p. 51 & Tattvartha-Sūtram, Ch. VIII p. 173

9 Thāṇā-Ka-Yantra: Charchā-Samādhāna, pp 153-154

10 'मनुष्यजातिरेकैव जातिकर्मोदयद्भवा।
वृत्ति भेदाहि तद्भेदाच्चातुर्विध्यमिहाश्नुते ॥४५॥ आदिपुराण पर्व ३८॥

Man-Specie being one, it is but natural for them to intermar increase man-progeny. In fact there exists no natural divisions human beings.

e.g. "मेदे जायते विप्रायां क्षत्रियो न कथंचन। शालिजातौ मया दृष्टः कोद्रव्यस्य न संभवः;
"नास्ति जातिकृतो भेदो मनुष्याणां गवाश्ववत्। आकृति ग्रहणात्तस्मादन्यथा परिकल्पे

—उत्तरपुराण

11 'कम्मुणा बम्भणो होइ, कम्मुणा होइ खत्तिओ।
वइसो कम्मुणा होइ, सुद्दो हवइ कम्मुणा ॥' —उत्तराध्ययन सूत्र

becomes low or high. By his degenarating actions an highly esteemed "Kulîna" becomes low in no time and a low man by acting upto the teachings of Ahiṁsā is determined to become high. Hence the caste is only a trivial thing for a follower of Jina and he regards it no more than a resting-place for passersby for the period of his sojourn in that life[12]. Low or high, Ārya or Mlechcha and rich or poor: who-so-ever embraces Jainism, becomes a Śrāvaka (Jaina householder) or a Śramaṇa (monk) and his admittance in the Saṁgha entitles him to be one of the brethren. As a laity, the new convert is then allowed to interdine and inter-marry among the Jainas[13]. So late as in the 12th. century A. D., Āśādhara enjoined that the members of the Jaina Saṁgha should intermarry between themselves[14]. The narrative stories in the canonical books concerning the previous lives of the Tîrthaṁkaras and other great personages, reveal the utter disregard of caste by the Jainas in practical life. So much so that the last Tîrthankara is depicted in his previous life as a Bhila (Mlechcha) addicted to flesh and wine, yet a Jainächārya made him to accept the vow of Ahimsā, which changed his very life[15]. Likewise Mahāvîra's great lay disciple, the renowned monarch of Magadha, Śrenika Bimbisāra was a Bhila in his previous life, but he was given to observe the vow of Ahimsā lin a limited form. His adherence to the vow made him to accumuate great merit and he became a great monarch and a devout Jain[16]. The great Śramana apostle of Mahāvira, Indrabhûti—Gautama was a Śûdra girl in his previous birth, yet she was allowed to perform the vows. Indrabhûti himself was a staunch and most learned Brāhmaṇa of Vedic pursuasion. He observed Vedic rituals and performed bloody *Yajñas*. But wonderful as it is, Mahāvîra started His Tîrtha by ordaining Indrabhûti as Śramana, although his hands were red with the blood

---

12 'णीचो वि होइ उच्चो, उच्चो णीचत्तणं पुण उवेइ ।
जीवाणं खु कुलाइं, पथियस्स व विस्समंताणं ॥२१॥' — भगवती आराधनासार ।

13 *Jinasenāchārya*, Mahāpurāṇa, Ch. 39 St. 61-71.

14 Sāgāra-Dharmāmrata, Ch. II Sl. 57.

15 *Guṇabhadrāchārya*, Ultarapurāṇa, Ch. 74.

16 Ibid, Ch. 75.

of innocent animals[17]. Mahāvira proclaimed that even a *chāndāla* should be respected and counted as 'Devata' if he is endowed with Right Belief[18]. Instance of Harikeśa as described in the 'Uttrādhyayana-sūtra' makes the Jaina attitude towards the poorest and lowliest and lost quite clear. Harikeśa was a Śvapācha or chāndāla, but by adopting and observing the vows of a Jaina Śramaṇa, he became a great sage, possessed of the highest virtues, with his senses wholly subdued. So the proclaimation at the end of the narration befits the teachings of the Jinendra that "the value of penance has become visible; *birth appears of no value.* Look at the holy Harikeśa, the son of a Śvapāka, whose power is so great."[19]

Perhaps it was due to the catholicity of Jainism, which was predominant in the eastern countries of Kauśala, Magadha, Videha and Kalinga that Āryans of these localties were treated as "Bhrṣṭa" (defiled) by the orthodox Vedic Brāhmaṇas[20]. Hindū Purāṇas, also, vouchsafe the catholic aspect of Jainism, since Jainas are attacked in them for attaching no value to caste. The Jainas are portraited in them as proclaimers of the fact that whosoever, whether a chāndāla or a śūdra, observes the vow of Ahimsā, he becomes a true Brahmaṇa[21]. It is obvious from the narrative literature in Saṁskrata that people of low castes were also the followers of Jainism and Jaina Śramaṇas (yatis) accepted meals at their hands in the prescribed form[22]. Likewise we are told in the "Dukkhakkha-bandha-

---

There are some reasons why Jainism became so popular in those days. The masses of the Dravidians were remnants of the great Naga race that was sovereign over the land before the Tamils had conquered it. The Tamils themselves borrowed from the Nagas some of their elements of worship. Traces of the Tree and the Serpent worship, characteristic of the Turanian race are also to be seen in Jainism that was introduced in the Tamil country. Buddhism had no such charm at this period as the worship of Buddha had not yet been introduced. The worship of a pair of feet, which

at that time was the only object of worship by the Buddhists, was too abstract for a people already accustomed to worship idols of some of the Aryan and the non-Aryan dieties. The comparative simplicity of the Jain worship and the exclusive character of the Brahamanical rites accentuated the movement and progress of the new sect among the natives. The Jain Community had a perfect organisation and it was not only popular but it had taken deep roots into the soil. The privilege of entering the monastery was not denied to women and both men and women took vows of celibacy. The third and the fourth Centuries of the Christian era seem to be a perfect blank in the history of the Jains in the Tamil kingdom. At the end of the 5th Century A. D. and the opening of the 6th, the political fortunes of the Tamil kingdom underwent a rapid change. It is the period of the Kalabhra invasion and occupation of the Pandyan kingdom of the South These Kalabhras were Dravidians in their origin and had nothing to do with the Aryan culture. The moment they came to this country they embraced Jainism. Influenced by the Jains, who were innumerable, they began to persecute the Saiva Saints and disregard the worship of the Saiva gods. The probability cannot be easily ruled out that the Jains had themselves invited the Kalabhras into the kingdoms of Chela, Chora and Pandya with a view to establish Jainism more firmly in the country. The period of the Kalabhras and that succeeding it may therefore be looked upon as one when the Jains had reached the Zenith of their glory and prosperity

The period which begins from the Sixth Century A. D. is marked by a great revival of Brahmanism which shook the sects of Buddhism and Jainism to their very foundation. The Jains had acted their part well, but they had stayed in the Tamil country too long. The mild teaching of the Jain system had become very rigorous and exacting in their application to daily life. The exclusiveness of the Jains and their lack of adaptability to circumstances soon rendered them objects of contempt and ridicule and they were able to hold tneir own only with the help of the state patronage. No longer, therefore, did the Tamilian embrace the Jain faith out of open conviction. Force and religious persecution were resorted to by over-zealous state officials who were always ready to execute the

commands of the bigoted Jain kings. No wonder therefore, that the followers of the Brahaminical religion looked forward eagerly to the day when their religious leaders would bring the monarchs round to their own path of Dharma and thus wipe the Jains out of the Tamil country. During the time of an important Saint Sambandar, Jainism received a mortal blow, from the effects of which it never recoverd. It is said that the Brahmin had begun to sing hymns in praise of Siva when he was only three years old. Gifted with brilliant learning he began the opposition againt jainism. By his unbounded influence at the courts of the Pandyan and Chola kings, he contrived to bring about a complete downfall of jainism. The Pandyan king fell seriously ill and the Jain Saints were asked to cure him. On their having failed to bring him round Samabander was asked to treat him who sang a hymn or two and the king was cured, so the legend goes. Elated with success, the clever Sambander took full advantage of this opportunity to prove to the king the utter futility of Jain mantras and the uselessness of the Jain religion. The doubting severeign ordered the Jains to accept the challenge thrown bv the Brahmin saint. Two tests were employed by mutual agreement, to decide the superiority of their faith—the ordeals of fire and water. The legend goes on to add that the sacred books of both the religions were thrown alternately into fire and water. The Saiva books were saved and the jain books were destroyed in both the ordeals. This was,a great blow to the Jains. From this time on they not only lost the confidence of the kings but hudreds of them were impaled. Amidst fables and mythical accounts, there stands the historic personality of Sambander who brought about the conversion of the king of Madura from Jainism to saivisim. This was the death blow to jainism in the South. A contemporary of Sambander, named Appor drove the jains out of the Pallava contry.

But it is not to be supposed that the Jains were completely rooted out of the country. The 8000 jains who were impaled were all leaders and not followers It is evident that both in the Pandya and the Pallava countries they were cruelly persecuted. Many of them migrated to their favourite religious centre Sravan Belgola in Mysore, where they received royal patronage. The few that remained in the Tamil land were devoid of all practical influence in the

contry although they retained thetr intellectual vitality and produced works of classical importance. The Jains were thus able to hold on till the Mahomedan conquest of the South and shared with other religious sects persecution and humiliation at the hands of the idol-breakers. The Mahomedan domination arrested the propogation of Hinduism and contributed to the religious, political and social dismemberment of the nation every where, but it conserved the minorities, small associations and small religions congregations. Buddhism no doubt almost died out of its land of birth but the torch of the Jain order was kept on burning and it can still account for a great number of its adhrents, spread most widely throughout the country.

The Jains are scattered in Southern India but the majority of them are poor cultivators, ignorant, illiterate and and all unconscious of the noble history and spacious traditions of their fathers. Their brothren in the North who represent a survival of early Jainism are comparatively better in life, most of them being wealthy traders and merchants. The vast Jain remains in South India of mutilated statues, deserted caves and ruined temples recall to our mind the greatness of the religion in days gone by and the rancour of the Brahmins who wiped it out of all active existence. The Jains had been forgotten, their traditions have been ignored. but the memory of that bitter struggle between Jainism and Hinduism is preserved on the walls of the Minakshi temple at Madura. The paintings illustrate the persecution and impaling of the jains at the instance of Sambander, the arch-enemy of jainism. It is indeed sad to note that beyond the lingering legends in secluded spots and wayside statues of her Saints and martyrs, Jainism in the South has left little to testify to the high purposes and political influences which she inspired in her fiery votaries of ancient days.

The jains had been great students and they loved literature and art for their own sake. The Jain contribution to Tamil literature forms the most precious possessions of the Tamils. Some of the works of the Jain Tamil literature like Kural and Naladujar have become classical. Not only Tamil literature but Canarese literature also owes a great deal to the Jains. The Jains wrote not only from

sectarian motives but also from a love of science and reproduced several Sanskrit scientific works in canarese.

Ahimsa or non-killing of living beings has been the essential principle of Jain moral conduct. No Hindu sect has carried Ahimsa or Sanctity for life further than the jains. Not only they abstain absolutely from all kinds of flesh but the more rigid of them drink only filtered water, breathe only through a veil and go sweeping the ground before them. for fear of unconsciously swallowing or crushing any invisible creature. This Jain respect for the life of living beings has influenced the vedic rites and ceremonies in that animal sacrifices in certain religious functions were completely stopped and images of beasts made of flour were substituted for the real ones required in conducting the Yagyas. Idol worship and temple building on a large scale in South India have been attributed to Jain influence. The essence of Brahmanism was not idol worship. The Jains had erected statues to their Tirthankeras and other spiritual leaders and worshipped them in large temples. The method of worship being highly impressive and attractive was at once imitated.

Besides, we find that the Dravidians had loved war and adventurous life and their literature is full of references to their martial habits. With the advent of the Buddhists and the jains a change in the tone of the literature of the South came. The Jains and the Buddhists who entered the Tamil country in largs numbers disliked the military habits and the hunting pursuits of the Tamils as being contrary to the spirit of their religions which proclaimed above all the message of Ahimsa. Their simple life, their intense piety, and the zeal with which they propogated their faith soon won for them royal patronage and court favour These they fully took advantage of. Well versed in Sanskrit and Prakrit literature, they imposed their ideals, their expressions and forms of life on the literature of the place—giving rise to the Augustan Age in the Tamil literature. The groundwork is non-Aryan whereas the superstructure is necessarily Aryan. Besides their influence in the literary annals of the south, the Jains had wielded considerable political influence as well But the prohibition of blood-shedding so emphatically preached by the Jain moral code had led to the political debasement of the

whole Jain race. The states of the South could hold their own for sometime but the continued adherance to the faith of non-injury to living beings gradually undermined the powers of states and contributed to their decline ultimately, just as the non-violent faith of Asoka had sapped the foundations of the Mauryan Empire The Jains had great authority specially with the states of Mysore, Cholas, Chalnkyas, Rashtrakutas and Hoysalas. The state of Vijoynagar had afforded special protection to the Jains. The rivalry between the Saivas and the Jains had been carried to the bitter extreme in certain states. The Hindu kingdom of Vijoynagar had arisen out of the disorder and anarchy that arose out of the Mahomedan rule and Jainism might have expected a revival under its rulers. It is to be noted however that most of the Hindu rulers were controlled in their state policy by the Brahmins. Still it is pleasing to note that the kings of Vijoynagar had not only never persecuted the Jains but in a way patronised them also The Saivas and the Jains were allowed to pursue their religious practices with perfect freedom. Evidences go to prove even this that some of them professed the Jain faith. The fact that Jainism could make great headway even in the midst of adverse forces is an evidence of the liberalism of the Jains and the followers of the Vaidic Dharma towards each other.

We shall close this narrative after mentioning and paying our homage to the women stalwarts to the cause of Jainism. The names of Jakkiyabbe, Atlinubbe, Jakki Sundari, Pambabbe, Padmavatiyakka, Malala Devi, Cattala Devi, Lakshmimati, Santala Devi, Siriya Devi Somala Devi who held aloft the torch of the Jain Dharma in spite of all the obstructions and calamities, shall always remain the noblest examples of woman hood in all its beauty, delicacy, bravery and powers of endurance.

The Jaina Chronology.

By

Syt. B. Kamta Prasad Jain, D. L., M. R. A. S.

(*Continued from Vol. XII, No. II, page 75.*)

No.	Period & date.	Events.
189	510 A. D.	Tormāṇa, the Hūṇa aggressor occupied northern part of India. A Jainācārya converted him to Jainism. Huṇas were defeated in 528 A. D. by Yasho-dharman. —Jainism in North India, pp. 210—221
190	528—533 A. D.	Yasho-dharma of Mālwā ruled. According to late MM. K. P. Jāyaswāla's version Yaso-dharma was the King Kalki of the Purāṇas, who persecuted Jainas. He was destroyed by an Asura and his son Ajitanjaya succeeded him and favoured the Jainas. —SJI, II, 2, 103—104.
191	500 *Circa*	Pātrakesari flourished. He was converted to Jainism and was a famous āchārya of Digambara Jainas' Dramila Saṁgha. He was a great logician and author of "Jinendra-guṇa-saṁstuti" and "Trila-Kṣana-Kadarthana." —Anekānta, I, 68—78.
192	526—535 A. D.	King Dhruvasena I ruled at Vallabhi and Devardhi-gaṇi Kṣamāśramaṇa flourished. He called a conference of the Śvetāmbara Jaina Saṁgha at Vallabhi in order to discuss the

No.	Period & Date.	Events.
		extant Anga literature; which he got written in book form with due modifications and additions for the first time —*Jacobi*, Kalpasütra, p. 67 & SJI, II, 2, 116.
193	545 A. D.	Vikrama Saṁvat 601. Meghachandra (24) Succeeds Māṇikyanandi (23) as pontiff in the Nandi Saṁgha on thronement at Bhaddilapura (Deccan). *loc cit.*
194	571 A. D.	Vik: Saṁ 627. Śāntikirti (25) succeeds Meghachandra (24) as pontiff at Bhaddilapore. *Ibid.*
195	586 „	Vik: Saṁ. 642. Merukirti (26) scceeds Śāntikirti (25). *Ibid.*
196	587 „	Śaka era 509. Death of the Hindu astronomer Varāhamihira, according to Ātmarāja: mentions *Nirgranthas* (Digambara Jainas) as one of the seven classes of religious mendicants (Brihaj jātaka and Laghu-jātaka) and refers to the Jaina astronomer Siddhasena. —*Jacobi*, Kalpasūtra, Intro: and *Hoerule* Ajivikas, Ency: of Religion & Ethics, I, p. 266.
197	606—647 A. D.	Harśavardhana Śilāditya ascended to throne at Kanauja and became a great monarch of northern India. He was a cosmopolitan ruler and stopped the killing of animals. Bāṇa was his court poet, who composed the "Harṣa-çarit", in which he

No.	Period & Date.	Events.
		mentions naked Arhatas (Digambara Jainas). Harśa himself was an scholar and composed works in Sanskrit. He died in 647 A. D —SJI, II, 2, 104—108.
198	643 A. D. *Feb. March.*	Harśavardhana convened a conference of all faiths, in which four thousands Buddhist Bhikkus and three thousands Brāhamaṇa and Jaiṇa scholars participated. Hieun-Tsāng, the Chinese pilgrim was also present in it. Harśa honoured all the assembled Jaina and other mendicants. —Ibid, p. 109—110.
199	610 A D	Mahendravarmana, the famous Pallava King and a devout Jaina flourished. On his conversion to Śaivism, he destroyed the large Jaina monastery at Pāṭaliputṭinam in South Arcot. —*Smith*, *Early History of India*, p. 472.
200	„	Jaina cave temples at Sittannavasal (Puddukottai State) were built which are famous for their paintings and Pallava art. —Annual Bibles Indian Archacology, 1930, pp. 9—10.
201	„	Nidhipannā and Chandipannā, sons of Mangala Seṭhī caused a Jaina Temple built at Tagadūra during the reign of Mahendravarmana. On their request King Mahendra grauted the villagc of Mūlaśalli, which they

No.	Period & Date.	Events.
		donated to Kanakasena disciple of Vinayasēnāchārya for the repairs of the temple. —SJI, II, 2, page II.
202	623 A. D.	Vik: Sam, 680. Kalachuri King Śankara Gaṇa established the Tirtha of Kulapāka. *Ibid*, 122.
203	630 A. D.	630—644 A. D. The Chinese Buddhist pilgrim Hieun Tsāng in India: records valuable observations about the Jainas showing their geographical distribution etc. He notices a good number of Nigrantha (naked Jaina) ascetics in Afghānistāna, testifies to the flourishing condition of Jainism in Kalinga and meets the adherents of the Digambara sect everywhere in Bengal, Orissa and Southern India. —*Beal* Seyuki, I, 144 and Vol. II p. 205, and हुएनसांग का भारत भ्रमण (इं० प्रे)
204	"	Vik: Saṃ: 686. Mahākirti (27) succeeds Merukirti (26) as pontiff in the Nandi-Saṁgha: enthronement at Ujjain in Mālavā. —IA, XX, 353 ff.
205	634 A. D.	Saka 556. Aihole inscription of the reign of the Western Chālukya Pulakesin II Satyāśraya recording the construction of a Jaina temple: composed by the Jaina poet Ravikirti, who claims equality with Kālidāsa and Bhārāvi. —Ep. Ind., VI p. 4.

No.	Period & Date	Events.
206	634 A. D.	Ādur (Dhārawar) inscription of Chālukya King Rājakirtivarmā records his gift to a Jaina temple, which was built by the Nagarasetha. —SJI., II, 2, 122.
207	648 A. D	Vik: Sam: 704, Viṣṇunandin (28) succeeds Mahākirti (27) as pontiff in the Nandi Saṁgha at Ujjain. —*loc. ceted.*
208	650 A. D.	The Jaina caves at Dabarwali or Torlā Lenā may for the present be assigned to about this period, but perhaps they belong to a somewhat earlier date. —*Burgess*, Arch: Sur: of West India, III, p. 11.
209	655 A. D.	Terrible persecution of the Jainas in the Deccan by Kūṇa Sundara or Nedumāran Pāndya, a Jaina convert to Śaivism: assigned to about this date by the Scholars. Sundara married the Chola-princess, the sister of Rājendra Chola, who was a devout Śaiva. She invited her preceptor Tirujñāna Sambandara and they both were instrumental in getting the King converted to Śaivism. Scenes of Sundaras atrocity against the Jainas are depicted in the paintings which are on the walls of a Śaiva temple at Tivatūra (Dist. Arcot). —EHI. (19, 14) pp. 454-5 and SSIJ., I, pp. 64-68.

No.	Period & Date.	Events.
		Earlier Pāndya rulers were devout Jainas. A branch of them ruled at Bārakura and another at Kārakala. Most of these Pāndya Kings followed Jainism. —SJI., III, I, 116-117.
210	660 or 678 A D.	A. Vira. 1204. Raviṣeṇa, pupil of Lakṣamaṇasena composes "Padmapurāṇa." — *Jacobi* Kalpasūtra, Intro. p. 30.
211	655—660 A. D.	Ganga King Muṣakara flourished. He followed the religion of Jinas with devotion and built a Jaina temple near Bellary, known as "Mokkara-Basti" —The Gangas of Talkād, p. 45 and Mysore and Coorg from Inscripts: p p. 37
212	660—665 A. D.	Sri Vikrama was the son of Muṣakara and succeeded him on the Ganga throne. He was a scholar and under him Jainism prospered. —Ibid. pp. 204-205 & SJI., III, 2. 100.
213	670 A D	Bhū Vikrama ascended the Ganga throne. His feudatory was a King of Bāṇa family, who was known as Mahābali-Bāṇa-Vikrmādity-Govinda Sachindra, He was a devout Jaina. —Ibid. pp. 46-48 and Mysore and Coorg: p. 37.
214	670 A. D.	Vik: Sam: 726. Śri Bhūṣaṇa (29) succeeds Viṣṇunandin (28) as pontiff in the Nandi

No.	Period & Date.	Events.
		Saṁgha at Ujjain (Mālavā). *loc. cit.*
215	670—715 A. D.	Śiva Māra succeeded Bhū Vikramā on the throne of the Ganga dynasty. He fought with the Pallavas bravely, who attacked Gangavādi and defeating them, he forced them to pay homage He was a brave soldier and Chālukyas treated him with due honour. —The Gangas: p. 50.

—To be continued.

RULES.

1. The 'Jaina Antiquary' is an Anglo half-yearly Journal which is issued in two parts, *i.e.*, in year.

2. The inland subscription is Rs. 3 (including 'Jain Sidhanta Bhaskara') and foreign subscription is 4s. 8*d*. per annum, payable in advance. Specimen copy will be sent on receipt of Rs. 1-8-0.

3. Only the literary and other decent advertisements will be accepted for publication. The rates of charges may be ascertained on application to the Manager, 'Jaina Antiquary' The Jaina Sidhanta Bhavana, Arrah (India) to whom all remittances should be made.

4. Any change of address should also be intimated to him promptly.

5. In case of non-receipt of the journal within a fortnight from the approximate date of publication, the office at Arrah should be informed at-once.

6. The journal deals with topics relating to Jaina history-geography, art, archaeology, iconography, epigraphy, numismatics religion, literature, philosophy, ethnology, folklore, etc., from the earliest times to the modern period.

7. Contributors are requested to send articles, notes, etc., type, written, and addressed to. K. P. Jain, Esq., M. R. A. S., Editor, 'Jaina Antiquary' Aliganj, Dist. Etah (India).

8. The Editors reserve to themselves the right of accepting or rejecting the whole or portions of the articles, notes, etc.

9. The rejected contributions are not returned to senders if postage is not paid.

10. Two copies of every publication meant for review should be sent to the office of the journal at Arrah (India).

11. The following are the editors of the journal, who work honorarily simply with a view to foster and promote the cause of Jainology :—

Prof. HIRALAL JAIN, M.A., LL.B.

Prof. A. N. UPADHYE, M A , D. Litt.

B. KAMATA PRASAD JAIN, M.R.A.S.

Pt. K. BHUJABALI SHASTRI, VIDYABHUSANA.

Pt. NEMI CHANDRA JAIN SHASTRI, SAHITYARATNA

जैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम

१ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' हिन्दी षाण्मासिक पत्र है, जो वर्ष में दो बार प्रकाशित होता है।

२ 'जैन-एन्टीक्वेरी' के साथ इसका वार्षिक मूल्य देश के लिये ३) और विदेश के लिये ३॥) है, जो पेशगी लिया जाता है। १॥) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा रहेगी।

३ इसमें केवल साहित्य-संबन्धी या अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे प्रबन्धक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते हैं; मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते में परिवर्तन की सूचना भी तुरन्त आरा को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि 'भास्कर' प्राप्त न हो, तो इसकी सूचना शीघ्र कार्यालय को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर अर्वाचीन काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प पुरातत्त्व, मूर्त्ति-विज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य-दर्शन प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख टिप्पणी, समालोचना आदि सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकों को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास बिना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ जैन-सिद्धान्त-भास्कर' कार्यालय आरा के पते से ही भेजनी चाहिये।

११ इस पत्र के सम्पादक निम्न-लिखित सज्जन हैं जो अवैतनिक रूप से केवल जैनधर्म की उन्नति और उत्थान के अभिप्राय से कार्य्य करते हैं:—

प्रोफेसर हीरालाल, एम. ए., एल. एल. बी.
प्रोफेसर ए. एन. उपाध्ये, एम. ए., डी. लिट.
बाबू कामता प्रसाद, एम. आर. ए. एस.
पण्डित के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण
पं० नेमिचन्द्र शास्त्री, न्याय-ज्योतिष-तीर्थ, साहित्यरत्न

PRINTED BY D. K. JAIN, SHREE SARASWATI PRINTING WORKS, LTD.
ARRAH.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

भाग १४ किरण २

THE JAINA ANTIQUARY

Vol. XIII No. II

Edited by
Prof. Hiralal Jain, M. A., LL. B.
Prof. A. N. Upadhya, M. A., D. Litt.
B. Kamata Prasad Jain, M.R.A.S., D.L.
Pt. K. Bhujabali Shastri, Vidyabhushana.
Pt. Nemi Chandra Jain Shastri, Sahityaratna.

Published at
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY
(JAIN SIDDHANTA BHAVANA)
ARRAH, BIHAR, INDIA.

Inland Rs. 3. Foreign 4s. 8d Single Copy Rs. 1/8.

JANUARY, 1948.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन-पुरातत्त्व-सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

भाग १४ | पौष | किरण २

सम्पादक

प्रोफेसर हीरालाल जैन, एम. ए., एल-एल. बी., डी. फिल.
प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये, एम.ए., डी. लिट्.
बाबू कामता प्रसाद जैन, एम. आर. ए. एस., डी. एल.
पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण.
पं० नेमिचन्द्र जैन शास्त्री, साहित्यरत्न.

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ३) | विदेश में ३।) | एक प्रति का १॥)

ई० सन् १९४८

विषय सूची।

—:०:—

श्रीजिनाय नमः

जैन सिद्धान्त-भास्कर

जैनपुरातत्त्व और इतिहास-विषयक षाण्मासिक पत्र

भाग १४	जनवरी १९४८। पौष, वीर नि० सं० २४७३	किरण २

ग्वालियर में जैन पुरातत्त्व

[ले० श्रीयुत पं० परमानन्द शास्त्री]

---o---

भारतीय इतिहास में ग्वालियर का स्थान महत्त्वपूर्ण है, वहाँ प्राचीन अवशेषों की कमी नहीं है, उसके प्रसिद्ध सूबों और किलों में इतिहास की महत्त्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध होती है। ग्वालियर का यह किला पहाड़ की एक चट्टान पर स्थित है। कहा जाता है कि इसे सूरजसेन नाम के राजा ने बनवाया था, वहाँ ग्वालिय नाम का एक साधु रहता था जिसने राजा सूरजसेन के कुष्ठ रोग को दूर किया था। अतः उसकी स्मृति में ही ग्वालियर नाम प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ है। पर इसमें कोई सन्देह नहीं है कि ग्वालियर के इस किले का अस्तित्व विक्रम की छठी शताब्दी में था; क्योंकि ग्वालियर की पहाड़ी पर स्थित 'मात्रिचेता' द्वारा निर्मापित सूर्यमन्दिर के शिलालेख में उक्त दुर्ग का उल्लेख पाया जाता है। दूसरे किले में स्थित चतुर्भुज मन्दिर के वि० सं० ९३२-३३ के दो शिलावाक्यों में भी उक्त दुर्ग का समुल्लेख है। हाँ, शिलालेखों से इस बात का पता जरूर चलता है कि उत्तर भारत के प्रतिहार राजा मिहिरभोज ने जीत कर इसे अपने राज्य कन्नौज में शामिल कर लिया था और उसे विक्रम की ११ वीं शताब्दी के प्रारंभ में कच्छप या कछवाहा वंश के वज्रदामन नाम के राजा ने कन्नौज के प्रतिहारवंशी राजा से ग्वालियर को जीत कर अपना अधिकार कर लिया था। इस वंश ने ग्वालियर पर लगभग दो सौ वर्ष तक अपना शासन किया है; किन्तु बाद में पुनः प्रतिहारवंश की द्वितीय शाखा के राजाओं का उस पर अधिकार हो गया था; परन्तु वि० सं० १२४९ में दिल्ली के शासक अल्तमस ने ग्वालियर पर घेरा डालकर दुर्ग का विनाश किया, उस समय राजपूतों की शक्ति कुछ क्षीण हो चुकी थी, घोर संग्राम हुआ और राजपूतों ने अपने शौर्य का पूरा परिचय दिया; परन्तु मुट्ठी भ-

राजपूत उस विशाल सेना से कब तक लोहा लेते, आखिर राजपूतों ने अपनी आन की रक्षा के हित युद्ध में मर जाना ही श्रेष्ठ समझा, और राजपूतनियों ने 'जौहर' द्वारा अपने सतीत्व का परिचय दिया—वे अग्नि की विशाल ज्वाला में जल कर भस्म हो गईं—और राजपूत अपनी वीरता का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए और किले पर अल्तमस का अधिकार हो गया।

सन् १३९८ (वि० सं० १४५५) में तैमूरलंग ने भारत पर आक्रमण किया, तब अवसर पाकर तोमरवंशी वीरसिंह नाम के एक सरदार ने ग्वालियर पर अधिकार कर लिया और वह उक्त वंश के आधीन सन् १५३६ (वि० सं० १५९३) तक रहा। इसके बाद उक्त दुर्ग पर इब्राहीमलोदी का अधिकार हो गया, मुसलमानों ने अपने शासन काल में उक्त किले को कैदखाना ही बनाकर रक्खा। पश्चात् दुर्ग पर मुगलों का अधिकार हो गया. और अनन्तर जब बाबर उस दुर्ग को देखने के लिये गया, तब उसने उरवाही द्वार के दोनों ओर चट्टानों पर उत्कीर्ण हुईं नग्न जैन मूर्तियों के विनाश करने की आज्ञा दे दी थी—उसका यह कार्य कितना नृशंस एवं घृणापूर्ण था, इसे बतलाने की आवश्यकता नहीं।

सन् १८११ में दुर्ग पर मराठों का अधिकार हो गया, और तब से वहाँ पर उन्हीं का शासन चल रहा है। यह किला कला की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। किले में कई जगह जैन मूर्तियाँ खुदी हुई हैं। इस किले में से शहर के लिये एक सड़क जाती है, इस सड़क के किनारे दोनों ओर विशाल चट्टानों पर उत्कीर्ण हुई कुछ जैन मूर्तियाँ अंकित हैं, ये सब मूर्तियाँ पाषाणों की कर्कश चट्टानों को खोद कर बनाई गई हैं। इन मूर्तियों में भगवान् आदिनाथ की मूर्ति सब से विशाल है. उसके पैरों की लम्बाई नौ फीट है और इस तरह यह पैरों से पांच-छह गुणी ऊँची है। मूर्ति की कुल ऊँचाई ५७ फीट से कम नहीं है। मुनि शीलविजय और सौभाग्यविजय ने अपनी तीर्थमाला में इस मूर्ति का प्रमाण बावन गज बतलाया है[1], जो किसी तरह भी संभव नहीं है, और बाबर ने अपने आत्म-चरित में इस मूर्ति को करीब ४० फीट ऊँची लिखा है[2], जो ठीक नहीं है, साथही, उसमें उन मूर्तियों के खंडित कराने का आदेश भी निहित है। यद्यपि अधिकांश मूर्तियाँ खंडित करा दी गई हैं, फिर भी उनमें की अधिकांश मूर्तियाँ अखण्डित मौजूद हैं। किले से निकलते ही उरवाही द्वार की भगवान् आदिनाथ की उस विशाल मूर्ति का दर्शन कर के

१ "बावन गज प्रतिमा दीसती, गढ़ गुवालेरि सदा सोभती" ॥३॥

शीलविजय तीर्थमाला, पृ० १११।

"गढ़ ग्वालेर बावन गज प्रतिमा वंदू ऋषभ रंगरोली जी ॥" १४-२॥

—सौभाग्यविजय तीर्थमाला पृ० ९८।

२ देखें—बाबर का आत्म चरित। इसमें उक्त मूर्ति का प्रमाण ४० फीट लिखा है जो किसी गलती का परिणाम जान पड़ता है।

दर्शक का चित्त इतना आकृष्ट हो जाता है कि वह कुछ समय के लिये सब कुछ भूल जाता है और उस मूर्ति की ओर एकटक निर्निमेष देखते हुए भी तबियत नहीं हटती। सचमुच में यह मूर्ति बहुत ही सुन्दर, कलात्मक और शान्ति का पुंज है। इसके दर्शन से ही परम शान्ति का स्रोत बहने लगता है। यद्यपि भारत में जैनियों की इस प्रकार की और भी कई प्राचीन मूर्तियाँ विद्यमान हैं। उदाहरण के लिये श्रवणबेल्गोला की बाहुबली स्वामी की उस विशाल मूर्ति को ही ले लीजिये, वह कितनी आकर्षक, सुन्दर और मनमोहक है, इसे बतलाने की आवश्यकता नहीं। एक बार टाटा कम्पनी का प्रसिद्ध व्यापारी टाटा अपने कई अंग्रेज मित्रों के साथ दक्षिण की उस मूर्ति को देखने के लिये गया, ज्योंही वह मूर्ति के समीप पहुंचा और उसे देखने लगा, तो मूर्ति को देखते ही समाधिस्थ हो गया, और वह समाधि में इतना तल्लीन हो गया कि मानों वह पाषाण के रूप में स्थित है, तब उसके साथी अंग्रेज मित्रों ने उसे निश्चेष्ट खड़ा हुआ देख कर कहा कि मिस्टर टाटा तुम्हें क्या हो गया है जो हमलोगों से बात भी नहीं करते, चलो अब वापिस चलें; परन्तु टाटा व्यापारी उस समय समाधि में लीन था, मित्रों की बात का कौन जबाब देता, जब उसकी समाधि नहीं खुली तब उन्हें चिन्ता होने लगी; किन्तु आध घंटा व्यतीत होते ही समाधि खुल गई और उसने यह भावना व्यक्त की कि मुझे किसी चीज की आवश्यकता नहीं है; किन्तु मरते समय इस मूर्ति का दर्शन हो। इससे पाठक जैन मूर्तियों की उपयोगिता का अंदाज लगा सकते हैं। ये मूर्तियां वैराग्योत्पादक और शान्ति की आयतन हैं। इनकी पूजा वंदना करने से जीव परम शांति का अनुभव करने लगता है। इस प्रकार की कलात्मक मूर्तियों का निर्माण करने वाले शिल्पियों की अटूट साधना, अतुलित धैर्य और कला की चतुराई की जितनी प्रशंसा की जाय थोड़ी है। इसी प्रकार की मूर्तियाँ भगवान् नेमिनाथ और भगवान् महावीर की हैं।

इन सब मूर्तियों का निर्माण ग्वालियर के तोमरवंशी राजा डूंगरसिंह और उनके पुत्र कीर्तिसिंह या करणसिंह के राज्यकाल में हुआ है, ये तोमर वंश के प्रसिद्ध शासक थे, इनकी जैनधर्म पर बड़ी आस्था थी, और तत्कालीन भ० गुणकीर्ति आदि के प्रभाव से प्रभावित थे। इनके राज्य में वहाँ जैनधर्म ने खूब समृद्धि पाई। राजा डूंगरसिंह और कीर्तिसिंह का राज्यकाल वि० सं० १४८१ से वि० सं० १५३६ तक सुनिश्चित है। जैन मूर्तियों की खुदाई का कार्य राजा डूंगरसिंह ने शुरू किया था, वह उसे अपने जीवन-काल में पूरा नहीं कर सका, तब उसे उसके पुत्र कीर्तिसिंह ने पूरा कराया था। जैन-मूर्तियों की खुदाई का यह कार्य ३३ वर्ष पर्यन्त चला है, इतने लम्बे अर्से में सैकड़ों मूर्तियाँ उत्कीर्ण हुई हैं और उनपर सहस्रों रुपये व्यय किये गये हैं। यद्यपि ग्वालियर में जैनाचार्यों, मुनियों, भट्टारकों और विद्वानों का सतत समागम रहा है उनकी निस्पृहता एवं निरीहता, त्याग और तपश्चर्या तथा अहिंसा और सत्य की निष्ठा का महत्त्व वहाँ की

जनता में व्याप्त था और उससे जैन संस्कृति के प्रचार में बड़ी मदद मिली है। वहाँ के पुरातत्त्व की विपुल सामग्री को देखते हुए यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि ग्वालियर में जैन शासन का प्रचार एवं प्रसार प्राचीन समय से रहा है। इसकी पुष्टि दूबकुण्ड वाले वि० सं० ११४५ के उस शिलावाक्य से होती है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है, और उससे वि० की १२ वीं सदी में जैनाचार्यों के विहार और धर्मोपदेश आदि का कितना ही परिचय मिल जाता है।

शिलालेख में महत्त्व की बात तो यह है कि ग्वालियर में कच्छप वंश के शासकों के समय में भी वहाँ जैन मंदिर मौजूद थे और नूतन मन्दिरों का भी निर्माण हुआ था, साथ ही शिलालेख में उल्लिखित लाडबागड गणके देवसेन, कुलभूषण, दुर्लभसेन, अंबरसेन और शांतिषेण इन पाँच दिगम्बर जैनाचार्यों का समुल्लेख पाया जाता है जो उक्त प्रशस्ति के लेखक एवं शांतिषेण के शिष्य विजयकीर्ति से पूर्ववर्ती हैं। यदि इन पाँचों का समय १२५ वर्ष भी मान लिया जाय, जो अधिक नहीं है तो उसे ११४५ में से घटाने पर देवसेन का समय १०२० के करीब आयगा। ये देवसेन अपने समय के प्रसिद्ध विद्वान् थे।

ग्वालियर में भट्टारकों की प्राचीन गद्दी रही है, और उसमें देवसेन, विमलसेन, भावसेन, सहस्रकीर्ति, गुणकीर्ति, यशःकीर्ति, मलयकीर्ति और गुणभद्रादि नाम के अनेक भट्टारक हुए हैं। इनमें से भ० यशःकीर्ति और गुणभद्र ने विविध ग्रंथों की रचना भी की है। और इनके समय में कवि रइधू ने भी विविध ग्रंथों का निर्माण किया है। इससे स्पष्ट मालूम होता है कि विक्रम की १५ वीं १६ वीं शताब्दी में ग्वालियर में जैन शासन का बड़ा प्रचार था, वहाँ के श्रावक जनों में धार्मिक प्रेम और परोपकार की वृत्ति पाई जाती थी।

ग्वालियर स्टेट के वर्तमान क्षेत्र में भेलसा, (विदिशा) उदयगिरि, पद्मावती (पवाया) कुंतलपुर[1] (कोतवाल), मंदसौर[2] (दशपुर), अवन्ति (उज्जैन), चंदेरी और नरवर आदि नगरों में बौद्ध और हिन्दुओं के प्राचीन पुरातत्त्व अवशेषों के साथ जैनियों के पुरातत्त्व के अवशेष भी उपलब्ध होते हैं यद्यपि जैनियों के पुरातत्त्व के सम्बन्ध में कोई विशेष अन्वेषण नहीं किया गया और न जैनमूर्तियों के सम्बन्ध में विशेष जानकारी ही प्राप्त की गई, जिसके किये जाने की खास जरूरत है। फिर भी, गुप्तकालीन दो दिगम्बर मूर्तियां उपलब्ध हुई हैं,

१ पद्मावती (पवाया) और कुंतलपुर (कोतवाल) ये दोनों नगर नाग राजाओं की राजधानी रहे हैं। पद्मावती नगरी से ही पद्मावती पुरवालों का निकास हुआ है। इस नगरी की महत्ता का उल्लेख खजराहे के वि० सं० १०५२ के शिलालेख में किया गया है।

२ यह दशपुर (मंदसौर) वही प्राचीन नगर है जहाँ पर विक्रम की दूसरी, तीसरी शताब्दी के प्रसिद्ध दिगम्बराचार्य समन्तभद्र ने वाद भेरी बजाई थी। जैसा कि—'दशपुरनगरे भेरी मया ताडिता' वाक्य से प्रकट है। इससे यह स्पष्ट है कि दशपुर नगर में जिसे वर्तमान में मंदसौर कहते हैं जैन विद्वानों का प्रभुत्व रहा है, वहाँ आज भी जैनमन्दिर व शास्त्रभंडार पाया जाता है।

जिनमें एक मूर्ति बेसनगर से प्राप्त हुई थी, जो इस समय ग्वालियर किले के गूजरी महल के संग्रहालय में विद्यमान है। यह मूर्ति लगभग ७ फीट की ऊँचाई को लिये हुए है जो बड़ी ही सुन्दर तथा चित्ताकर्षक है[३]। और दूसरी उदयगिरि गुफा की है, जो अब खंडित रूप में है—केवल फणमात्र अवशिष्ट रह गया है[४]। यह जैनियों के तेईसवें तीर्थङ्कर भगवान् पार्श्वनाथ की भव्य मूर्ति थी।

जैन मूर्तियाँ ग्वालियर किले के अतिरिक्त नरवर और चंदेरी के किले में भी पाई जाती हैं, जिसमें नरवर के किले में वे नष्ट कर दी गई हैं। चंदेरी के किले में जो मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं वे विक्रम की १२ वीं १३ वीं शताब्दी की हैं। यदि जैन समाज ग्वालियर स्टेट में जैन पुरातत्त्व के अन्वेषण का कार्य प्रारंभ करे, जो भारी अर्थव्यय को लिये हुए है, तब तो वहाँ उसे अन्य स्थानों की अपेक्षा मूल्यवान जैन पुरातत्त्व के मिलने की संभावना है। यदि समग्र ग्वालियर के मूर्तिलेखों का ही संग्रह किया जाय तो उससे भी अनेक ऐतिहासिक गुत्थियों को सुलझाया जा सकता है। क्या जैन समाज इधर ध्यान देगा।

कतिपय जैन मन्दिर व मूर्ति निर्मापकों के समुल्लेख

(१) वर्तमान दूबकुंड (चडोभ) के उक्त शिलालेख में, जिसका ऊपर उल्लेख किया गया है; मुनि विजयकीर्ति के उपदेश से जैसवाल वंशी श्रावक दाहड, कूकेक, सूर्पट, देवधर और महीचन्द्र आदि चतुर श्रावकों ने वि० सं० ११४५ में विशाल जैन मन्दिर का निर्माण कराया था और जिसके पूजन, संरक्षण एवं जीर्णोद्धार आदि कार्यों के लिये कच्छपवंशी राजा विक्रमसिंह ने महाचक्र ग्राम में कुछ जमीन आदि भी प्रदान की थी[१]।

(२) जैसवालवंशी कुशराज ने, जो तोमरवंशी राजा वीरमदेव के महामात्य थे भगवान् चन्द्रप्रभ का एक चैत्यालय बनवाया था। और पद्मनाभ नाम के कायस्थ विद्वान से 'यशोधर चरित्र या दयासुन्दर' नाम का काव्य भी बनवाया था, जिसे पद्मनाभ ने महामुनि गुणकीर्ति के उपदेश से पूर्व सूत्रानुसार रचा था[२]।

---

३ देखो, विक्रमस्मृति ग्रंथ पृ० ७०४।

४ देखो, फ्लीट गुप्त अभिलेख पृ० २५८।

1 See Epigraphica India Val 11. P. 237.

२ ज्ञाता श्रीकुशराज एवं सकलक्ष्मापालचूडामणिः,
श्रीमत्तोमरवीरमस्य विदितो विश्वासपात्रं महान्।
मंत्री मंत्रविचक्षणः क्षणमयः क्षीणारि पक्षः क्षयात्,
क्षोण्यामीक्षणरक्षणक्षममति जैनेन्द्रपूजारतः॥
स्वर्गस्पर्द्धि समृद्धिकोऽतिविमलश्चैत्यालयः कारितो,
लोकानां हृदयंगमो बहुधनैश्चन्द्रप्रभस्य प्रभोः।

(३) अग्रवाल कुलावतंश, संसार शरीर भोगों से उदासीन, धर्मध्यान से संतृप्त, शास्त्रों के अर्थ रूपी रत्नसमूह से भूषित तथा एकादश प्रतिमाओं के संपालक खेल्हा नाम के ब्रह्मचारी श्रावक ने चन्द्रप्रभ भगवान की विशाल मूर्ति का निर्माण ग्वालियर में करवाया था[१]।

(४) साहू खेमसिंह के पुत्र कमलसिंह ने, दुर्गति की नाशक, मिथ्यात्व रूपी गिरीन्द्र को विनष्ट करने के लिये वज्र के समान, और रोग, शोक आदि दुःखों की नाशक भगवान् आदिनाथ की ग्यारह हाथ ऊँची एक विशाल मूर्ति का निर्माण कराया था और उसकी प्रतिष्ठा भी करवाई थी[२]।

(५) वि० सं० १५२१ में साहू पद्मसिंह ने महाकवि पुष्पदन्त का आदिपुराण लिखवाया था, उसमें ग्रंथ लिखाकर दान देनेवाले की दातृप्रशस्ति में पद्मसिंह के परिवार का परिचय कराते हुए लिखा है कि—पद्मसिंह ने एक लाख ग्रंथ लिखवाये थे और चौबीस जिनालय (जिनमंदिर) भी बनवाए थे, जैसा कि उक्त प्रशस्ति[३] की निम्न पंक्तियों से प्रकट है :—

ये नैतत्समकालमेव रुचिरं भव्यं च काव्यं तथा,
साधु श्रीकुशराजकेन सुधिया कीर्तिश्चिरस्थापकम् ॥

× × × ×

उपदेशेन ग्रंथोऽयं गुणकीर्तिमहामुनेः ।
कायस्थपद्मनाभेन रचितः पूर्वसूत्रतः ॥

—यशोधरचरित्रप्रशस्ति ।

१ तातम्मि खवि बंभवय-भार-धारेण, सिरिअयरवालंक वंसम्मि सारेण ।
संसार-तणु-भोय-णिव्विरण चित्तेण, वर धम्मझाणामयेणेवतित्तेण ।
खेल्हाहिहाणेण णमिऊण गुरुतेण, जसकित्ति विणयत्त मंडिय गुणोहेण ।
भो मयणदाण दावग्गिउल्हवण वण दाण, संसार-जलरासि-उत्तार-वर जाण ॥
तुम्हं पसाएण भव-दुह कयंतस्स, ससिपहजिणेंदस्स पडिमा विसुद्धस्स ।
काराविया मई जि गोवाहले तुंग, उड्डुचावि णामेण तित्थम्मि सुहसंग ।

—सम्मइजिनचरिउ प्रशस्ति ।

२ जो देवाहि देव तित्थंकरु, आइणाह तित्थेस सुहंकरु ।
तहु पडिमा दुग्गइ णिण्णासणि, जामिच्छत्त गिरिंद सरासणि ।
जो पुण भव्वह सुह गइ सासणि, जामहि रोय-सोय-दुह णासणि ।
सा एयारह कर अविहंगि, काराविय णिरूवम अइ तुंगी ।
अरु णाय अणाइम को लक्खइ, सुरगुरुताह गण ण जइ अक्खइ ।
करि विपयट्ठ तिलउ पुण दिण्णउ, चिरु भवि पविहिउ कलिमलु छिण्णउ ।
चउविह संघहं विणय पयासिउ, कज्जु सयलु जासिद्धु सुहासिउ ।

—सम्मतगुणनिधान प्रशस्ति ।

३ देखें, जैन साहित्य संशोधक खण्ड २ अंक १ पृ० ८०

"एयाहि मज्झि सिरि पोमसिंह, जिण सासण णंदण वण सुसिंहु ।
विज्जुल चंचल लच्छी सहाउ, आलोइवि हुउ जिणधम्म भाव ॥
जिणगंथ लिहाविउ लक्ख एक्कु, सावण लक्खाहागति रिक्कु ।
मुणि भोयणु भुंजाविय सहासु, चउवीस जिणालउ किउ सुभासु ॥

ये पद्मसिंह ग्वालियर के निवासी थे, और देव शास्त्र-गुरु के भक्त थे और विपुल धनादि से सम्पन्न थे। इस समुल्लेख पर से स्पष्ट है कि १६ वीं शताब्दि में भी वहाँ जैनधर्म का विशेष प्रचार था।

(६) भ० गुणभद्र ने संघवइ (संघपति) उद्धरण के जिनालय में ठहर कर लब्धि-विधान कथा की रचना साहु सारंगदेव के पुत्र देवदास की प्रेरणा से की थी[1]। जिससे स्पष्ट है कि संघपति उद्धरण ने जिनमंदिर भी बनवाया था।

ग्रन्थ रचना के कतिपय उल्लेख

विक्रम की १५ वीं और १७ वीं शताब्दी में भ० यशःकीर्ति, कवि रइधू, भ० गुण-भद्र, कवि तेजपाल, कवि पद्मनाभ कायस्थ, कवि परिमल्ल और कवि ब्रह्मगुलाल ने, जो ग्वालियर के भट्टारक जगभूषण के शिष्य थे, त्रेपनक्रिया, और कृपण जगावन आदि कितने ही ग्रंथों को रचना सं० १६६५ और १६७१ के मध्य में की है।

(१) विक्रम की १५ वीं शताब्दी के उपान्त्य समय में भ० यशःकीर्ति ने वि० सं० १४९७ वे में पाण्डव पुराण और सं० १५०० में हरिवंश पुराण की रचना की है। तथा जिनरात्रि कथा और रविव्रत कथा भी इन्हीं की बनाई हुई है। और चन्द्रप्रभ चरित भी इनका बनाया हुआ कहा जाता है। स्वयंभूदेव के हरिवंशपुराण की जीर्ण-शीर्ण प्रति प्राप्त हुई थी जिसका समुद्धार भी इन्होंने किया था। यह भ० गुणकीर्ति के लघुभ्राता और शिष्य थे[2]।

(२) कवि रइधू ने, जो हरिसिंह संघवी के पुत्र थे। इनकी जाति पद्मावतीपुरवाल थी। इन्होंने भ० यशःकीर्ति के प्रसाद से अनेक ग्रंथों की रचना वि० सं० १४२२ से लेकर सं० १५२१ से पूर्व की है। इनकी अभी तक २३ कृतियों का पता चला है जिनमें १८ रचनाओं को मैंने देखा है; दो रचनाएँ और भी उपलब्ध हैं पर वे अभी तक मेरे देखने में नहीं आई। शेष तीन कृतियाँ अभी अप्राप्य हैं, जिनके अन्वेषण होने की जरूरत है। रइधू और उनकी कृतियों का परिचय 'वर्णी अभिनन्दन' ग्रंथ में प्रकाशित मेरे लेख में देखना चाहिये।

---

१ देखें, लब्धि विधानकथा प्रशस्ति।

२ भ० यशःकीर्ति और उनकी रचनाओं के परिचय के लिये देखें, जैन-सिद्धांत-भास्कर भाग ११ कि० २ में प्रकाशित 'भट्टारक यशःकीर्ति' नाम का मेरा लेख।

(३) भ० गुणभद्र ने, जो भ० मलयकीर्ति के शिष्य थे, इन्होंने अपभ्रंश भाषा में छोटी छोटी १५ कथाओं की सृष्टि की है। इनका समय वि० की १६ वीं शताब्दी है।

(४) कवि तेजपाल ने, संभवनाथ चरित की रचना भी अपभ्रंश भाषा में की है और ग्रंथप्रशस्ति में भ० गुणकीर्ति, यशःकीर्ति, मलयकीर्ति और गुणभद्र का उल्लेख किया है। ब्रह्मगुलाल का उल्लेख ऊपर किया जा चुका है।

(५) कवि परिमल ने सं० १६५१ में, जो ग्वालियर के निवासी थे, आगरे में आकर श्रीपाल चरित की रचना की है। इसके सिवाय और भी कितने ग्रंथों का वहाँ निर्माण हुआ है, जिनके सम्बन्ध में मेरा अन्वेषणकार्य चालू है, प्राप्त होने पर उनका परिचय भी कराने का प्रयत्न किया जावेगा।

इसके अतिरिक्त ग्रंथों की अनेक प्रतिलिपियाँ वहाँ की गई हैं जिनमें पद्मसिंह के द्वारा एक लक्ष ग्रन्थ लिखवाने का उल्लेख किया जा चुका है। उसके सिवाय और भी बहुत-से ग्रन्थ समय समय पर लिखवाये गये हैं। वि० १४८६ में भ० यशःकीर्ति ने डूंगरसिंह के राज्य काल में कवि श्रीधर का सुकमालचरित और विबुध श्रीधर के संस्कृत भविष्यदत्त चरित की प्रतिलिपि अपने ज्ञानावरणीय कर्म के क्षयार्थ करवाई थी। सं० १५२१ में ज्ञानार्णव और महाकवि पुष्पदन्त के आदिपुराण की प्रतिलिपि भी कराई गई है। इनके अतिरिक्त और भी अनेक ग्रंथों की प्रतिलिपियाँ की गई हैं। ग्वालियर के स्वयं भट्टारकीय शास्त्रभंडार में सहस्रों ग्रन्थ हैं जिनकी प्रतिलिपियाँ भी प्रायः वहाँ हुई हैं।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय के साहित्य में भी अनेक उल्लेख ग्रन्थ रचना, मंदिर और मूर्ति-निर्माण के होंगे, जिनका मुझे परिचय नहीं है।

इस तरह ग्वालियर में जैन पुरातत्त्व का यह संक्षिप्त परिचय दिया गया है। यदि वहाँ के दिगम्बर, श्वेताम्बर सभी जैन पुरातत्त्व का संकलन किया जाय, जिसके किये जाने की महती आवश्यकता है तो उससे वहाँ विपुल ऐतिहासिक महत्वपूर्ण सामग्री के मिलने की संभावना है।

—०—

विश्व इतिहास और भूगोल के लिये जैन-साहित्य की महत्ता

(४)

[ले०—श्रीयुत बा० कामता प्रसाद जैन, D. L., M. R. A. S.]

(क्रमागत)

गताङ्क में विद्याधर-वंश की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला गया है; जिससे स्पष्ट है कि इस वंश के आदि पुरुष भारतवर्ष के ही मूल निवासी थे, यद्यपि वे राजशासन सम्बन्ध में वैताढ्य पर्वत पर जा रहे थे। कालान्तर में उनके अनेक वंश चारों ओर फैलगये थे। उनमें ही राक्षस और वानरवंशी विद्याधर नरेश हुए थे; किन्तु गलती से दूसरे लोग इन विशिष्ट मानवों को साक्षात् राक्षस और बन्दर समझते हैं। अतः राक्षसवंश और उसके निवास-स्थान के विषय में लिखना उपयुक्त है, जिससे जैन साहित्य का महत्व स्पष्ट होगा।

राक्षस-आदि विद्याधर वंश और उनकी भौगोलिक स्थिति

श्री रविषेणाचार्य कृत 'पद्मपुराण' में राक्षस और वानरवंशों का वर्णन मिलता है। रावण और हनुमान इन्हीं राजवंशों के नर-रत्न थे। 'पद्मपुराण' से स्पष्ट है कि दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ के समय में विजयार्द्ध की दक्षिण श्रेणी के चक्रवाल नगर के राजा पूर्णधन को विहायोतिलक नगर के राजा सहस्रनयन ने सम्राट् सगर की सहायता से हरा दिया था। पूर्णधन का पुत्र मेघवाहन भागकर भ० अजितनाथ की शरण में पहुंचा। समवशरण में राक्षस देवों के इन्द्र उससे प्रसन्न हुए और उसे लवण समुद्र के राक्षसद्वीप का राजा बना दिया। मेघवाहन का पुत्र महारक्ष उसके पश्चात्—उसके जैनमुनि हो जाने पर राजा हुआ और उसकी सन्तान उस द्वीप पर बराबर राज्य करती रही। इन राजाओं में एक राजा राक्षस नाम का बड़ा पराक्रमी हुआ। उसीके कारण यह विद्याधर वंश 'राक्षस' कहलाने लगा था। राक्षस के पुत्र कीर्तिधवल को मेघपुर के विद्याधर नरेश श्रीकंठ की पुत्री व्याही थी। एक संग्राम में श्रीकंठ अपने राज्य से हाथ धो बैठा था। इसलिये कीर्तिधवल ने उसे लंका से उत्तर भाग तीन सौ योजन समुद्र के मध्य वानर द्वीप का शासनाधिकारी बनाया। उस द्वीप में वानर मनुष्यों के समान क्रीड़ा करते थे अर्थात उसमें वनमानस रहते थे। श्रीकंठ ने उन वनमानसों को पाला और वहां किहुकंद पर्वत पर किहुकंद नगर बसाया। इसके उत्तराधिकारियों में एक अमरप्रभ राजा हुआ, जिसने अपनी ध्वजा में 'वानर' का चिन्ह रखना प्रारंभ किया। इसी कारण वह 'वानरवंशी' नाम से प्रसिद्ध हो गया। यह लाल मुखवाले विद्याधर राजा थे। बीसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ के समय में विद्याधरों में इन्द्र नाम का राजा महापराक्रमी हुआ। इसने सब ही विद्याधर राजाओं को अपने आधीन

करके उन्हें संगठित बनाया और उनका संगठन देवलोक की शाश्वतरचना के अनुरूप किया; देवों में जितने भेद हैं, वे सब उसने यहीं विद्याधर राजाओं में निश्चित किये। इस अनुरूप ही सुर, असुर, नाग, यक्ष, राक्षस आदि भेद राजाओं में मिलते हैं। राक्षसद्वीप अथवा लंका और पाताललंका का पराक्रमी राजा रावण हुआ, जो अहिंसाधर्म का अनुयायी था और जिसने पशुयज्ञों का अन्त किया था। सीता-अपहरण के कारण उसकी सच्चरित्रता पर काला धब्बा लगा था। इस प्रकार राक्षस और वानरवंशी राजाओं की उत्पत्ति उनको मानव घोषित करती है।

हिन्दू पुराणकारों ने भी राजा इन्द्र का उल्लेख किया है। उनके मतानुसार इन्द्र की राजधानी और उद्यान आदि उत्तरीय ध्रुव प्रदेश में थे। वहाँ पर ही इन्द्र ने स्वर्गादि की कल्पना की थी।[1] किन्तु गलती से उपरान्तकालीन लेखकों ने इन्द्र और उसके देवनामधारी सामन्तों को वस्तुतः देवयोनि का समझ लिया। वास्तव में वह विद्याधर राजा थे। इस समीकरण को दृष्टि में रखने पर जैन शास्त्रों का विजयार्द्ध पर्वत उत्तरीय ध्रुव में कहीं पर अवस्थित अनुमानित होता है। उत्तरीय ध्रुव की जो खोज हुई है, उससे पता चला है कि किसी जमाने में वहाँ सभ्य मनुष्य रहते थे...उजड़े हुये नगरों के खंडहर वहाँ मिले हैं। संभवतः शीतके अधिक प्रकोप के कारण वहाँ के निवासी यूरुप और मध्यएशिया में आ रहे थे[2]। संसार में एक समय शीत के अत्यधिक प्रकोप का पता वैज्ञानिकों को चला है[3]। उसी समय विद्याधर लोग अपने नगरों को छोड़कर चले आये होंगे[4]। मध्य एशिया, तुर्किस्तान और तातार देशवासी अपने को 'काश्यप' नामक पूर्वज का वंशज बतलाते हैं[5], जो कि भ० ऋषभदेव के गोत्र का एवं उग्रवंश के मूल नायक काश्यप का द्योतक है।

जैन शास्त्रों में विजयार्द्ध पर्वत भरत क्षेत्र के बीच में बतलाया है। इस पर्वत और गंगा-सिन्धु नदियों से भरत क्षेत्र के छः खण्ड हो जाते हैं; जिसमें बीच का एक आर्यखंड है। भरतक्षेत्र का विस्तार ५२६$\frac{6}{19}$ योजन है और एक योजन २००० कोस का माना जाता है। अतः भरतक्षेत्र का विस्तार उपलब्ध लोक से बहुत बड़ा होना चाहिये। इसका अर्थ यह है कि भारतवर्ष को भरतक्षेत्र नहीं समझा जा सकता और न भारत की गंगा सिन्धु नदियां वे महागंगा और महासिन्धु नाम की नदियाँ हैं। हाँ, भारतवर्ष सहित सब ही उपलब्ध और ज्ञात लोक का समावेश भरतक्षेत्र के आर्यखंड में हो जाता है। स्व०

---

१ एसियाटिक रिसर्चेज़, भाग ३ पृ० ४२।

२ "वीर", भाग २ अंक १०-११।

३ प्री-हिस्टॉरिक इंडिया, पृ० ४३।

४ "पद्मपुराण" (पृ० ५२-१२५) पढ़ने से यही बात स्पष्ट होती है।

हिस्टॉरिकल क्वार्टर्ली, भाग २, पृ० २८।

पं० गोपालदास जी बरैया भी उपलब्ध दुनियाँ को आर्यखंड के अन्तर्गत मानते थे[1]। श्रवण बेलगोल के स्व० पंडिताचार्य जी ने आर्यखंड को जिन ५६ देशों में विभक्त किया था, उनमें चीन, अरब आदि देश भी शामिल थे[2]। मध्य एशिया, अफ्रीका आदि देशों को पुराने साहित्य में 'आर्यबीज' कहा भी गया है[3]। अतः इन सब देशों को आर्य-खंड के अन्तर्गत मानना ठीक है ? इस अवस्था में जैन शास्त्रों में जिन स्थानों का वर्णन मिलता है, जैसे भरतचक्रवर्ती की दिग्विजय का वर्णन, तो वह विश्वभूगोल का परिचय पाने के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। योग्य विद्वानों को इस दिशा में विशेष अध्ययन और अन्वेषण करने की आवश्यकता है।

उदाहरणरूप में राक्षसवंशी विद्याधरों के मूल निवासस्थान राक्षसद्वीप को लीजिये। भारतवर्ष अथवा मध्यएशिया में इस नाम का कोई देश नहीं मिलता है। किन्तु यूनानी लेखकों ने मिश्रदेश में कतिपय ऐसे प्रदेशों का उल्लेख किया है जिसे राक्षस-द्वीप कहा जा सकता है। यूनानी लेखक उस प्रदेश को रॉकोटिस (Rhacotis) कहते थे[4]। यूनानी भूगोलवेत्ता केडरेनस (Cedrenus) ने उसे 'रॉखास्तेन' (Rakhasten) (= राक्षस्थान) कहा है। यह प्रदेश सिकन्दरिया के निकट स्थित था[5]। प्लिनी (Pliny) ने लिखा है कि मेसफीस (Mesphees) नामक मिश्र के एक प्राचीन राजा ने यहाँ पर दो स्तंभ बनवाये थे और उससे पहले अनेक राजाओं ने वहाँ दुर्ग वगैरह बनवाये थे[6]। यह प्रदेश अन्तरीय कुशद्वीप के किनारे पर 'त्रिशृङ्ग' अर्थात् तीनकूट वाले पर्वत से सटकर विद्यमान था[7]। जैन शास्त्रों में भी राक्षसद्वीप में तीनकूटवाला 'त्रिकूटाचल' पर्वत बतलाया गया है। वहाँ पर कमलों से मंडित उद्यान और वन भी बताये गये हैं। मिश्र के उस भाग में जहाँ सिकन्दरिया बसी है, पुराने जमाने में बहुत से वन थे, जिनके कारण वह 'अटवी' कहलाता था। नील नदी का यह मुहाना गहन वन से भरा था। यूनानी लोग उसे अपनी देवी का पवित्र स्थान (Sacred to the Goddess Diana) मानते थे[7]। इन सादृश्यों को देखकर यदि राक्षसद्वीप मिश्र की ओर माना जाय तो अनुचित नहीं है। भारत में तो वैसा कोई स्थान दिखता नहीं ! हमारे लिखने का अभिप्राय यह है कि यदि जैन शास्त्रों के कथनों का अध्ययन तुलनात्मक रूप में किया जावे, तो एक नया प्रकाश विद्वत् जगत को प्राप्त हो।

---

१ जैनहितैषी, भा० ७ अंक ६।

२ एसियाटिक रिसर्चेज़, भा० ९ पृ० २८२।

३ हिन्दी विश्वकोष, भा० २ पृ० ६७१-६७४ एवं एशि० रि०, भा० ३ पृ० ८८।

४ ऐशियाटिक रिसर्चेज़, भाग ३ पृ० १०० व १८६।

५ पूर्व०, पृ० १८६।

६ पूर्व०, पृ० १५४।

७ पूर्व०, पृ० ६७ व १६४।

प्राचीन भूगोल के विषय में भी बहुत सी नई बातें मालूम हों। विद्याधर वंश के राजाओं का सम्पर्क भारत-बाह्य देशों से रहा है। इसलिये उनके कथानकों का मध्य एशिया आदि देशों की कथाओं से तुलना कर के अध्ययन करना आवश्यक है।

इक्ष्वाकु आदि वंश

भारत के अवशेष मुख्य राजवंशों में कुरुवंश, हरिवंश, इक्ष्वाकुवंश, काश्यपवंश और नाथवंश रहते हैं। कुरुवंश के ही अर्धचक्र जयसेन प्रथम चक्रवर्ती सम्राट् भरत के सेनापति थे। वह मेघेश्वर भी कहलाते थे। कुरुक्षेत्र के वह शासक थे और उनकी राजधानी हस्तिनागपुर थी। शान्ति, कुन्थु, और अरह तीर्थङ्कर और चक्रवर्ती भी इस वंश में हुये थे। वात्सल्यधर्म के आदर्श के संस्थापक मुनि विष्णुकुमार भी इसी वंश के रत्न थे। 'महाभारत युद्ध' में कौरव पांडवों के वंशिष्ठी थे। सारांश कुरुवंश एक अत्यन्त प्राचीन और महत्वशाली राजवंश रहा है। इसका इतिवृत्त इकट्ठा करके देखने की आवश्यकता है कि विश्व इतिहास में उनका क्या स्थान है?

हरिवंश संभवतः कुरुवंश इतना प्राचीन नहीं है। 'हरिवंश पुराण' में इस वंश की उत्पत्ति राजा हरि द्वारा भ० मुनिसुव्रतनाथ के तीर्थकाल में हुई बताई जाती है। विद्याधर वंश का एक राजा इस देश में आ गया था। उसका पुत्र हरि हुआ, जो अपने पराक्रम के लिये प्रसिद्ध था[1]। किन्तु 'आदिपुराण' में (१६।३४१-२७५) 'हरिवंश' की उत्पत्ति भी भ० ऋषभ द्वारा हुई निर्दिष्ट है। वहाँ राजा हरिकान्त को इस वंश का मूलनायक बनाया है। इसी 'हरिवंश' में उपरान्त राजा यदु हुये थे, जिनसे 'यादव' वंश प्रसिद्ध हुआ था। इन यादवों का जनतन्त्रात्मक राजसंघ था, जिसका प्रत्येक सदस्य राजा कहलाता था। इन वंशों के विषय में भी विशेष अध्ययन की आवश्यकता है। विदेशों से इनका सम्पर्क रहा है।

इक्ष्वाकुवंश भ० ऋषभनाथ का मूल राजवंश था। 'आदिपुराण' में लिखा है कि "जिस समय कल्पवृक्ष नष्ट हुए थे, उस समय भगवान ने मनुष्यों के लिये प्रथम ही इक्षुरस ग्रहण करने का उपदेश दिया था, इसलिये लोग उन्हें 'इक्ष्वाकु कहते थे। 'इक्षून् आकयति कथयतीति इक्ष्वाकुः' अर्थात् जो ईख लाने को कहे उसे 'इक्ष्वाकु' कहते हैं"। (आदिपुराण संक्षिप्त, पृ० ७७-७८) इस वंश में बड़े २ पराक्रमी राजा हुए थे। पश्चात् इसी वंश से 'सूर्य' और 'चन्द्र' वंशों की भी उत्पत्ति हुई थी। इक्ष्वाकुवंशी राजाओं के शिलालेख भी मिलते हैं; जिनको अध्ययन करने की जरूरत है। विदेशी 'किश' राजवंशावली में भी इक्ष्वाकु का उल्लेख मिलता है। इससे विदित होता है कि इस वंश के महापुरुषों ने विदेशों में भी राज्यस्थापना की थी!

---

१ हरिवंशपुराण' (मा० चं० ग्रं०) सर्ग १५ श्लो० ५२—५८, पृ० २४६।

<u>**काश्यपवंश**</u> का ही अपर नाम 'उग्रवंश' है। 'संक्षिप्त आदिपुराण' (पृ० ७७) में लिखा है कि "काश्यप ने अपना नाम मघवा रक्खा और 'उग्रवंश' का मूल नायक हुआ।" तेइसवें तीर्थङ्कर पार्श्वनाथ भी उग्रवंश के थे। उपरान्त नागवंश के राजाओं का सम्पर्क उग्रवंश से माना जाता है। उरग या उग्र नागवंश के समान ही 'उइगरस्' (Uigurs) नामक जाति के लोग मध्य एशिया में रहते थे[1]। संभव है, यह मूलतः उग्रवंश से सम्बन्धित हों। मध्य एशिया के यह लोग अपने पूर्वज का नाम काश्यप ही बताते हैं[2]।

<u>**नाथवंश**</u> में अन्तिम तीर्थंकर महावीर का जन्म हुआ था। 'आदिपुराण' में लिखा है कि सती सुलोचना के पिता अकम्पन ने अपना नाम श्रीधर रक्खा था और वही 'नाथवंश' का मूल नायक हुआ था। यह वंश 'ज्ञातृकुल' नाम से भी प्रसिद्ध रहा है। इस वंश की ऐतिहासिक स्थिति प्रकट करने वाले कई लेख 'अनेकान्त' में प्रकाशित हुए थे।

इस प्रकार विज्ञ पाठक देखेंगे कि जैन साहित्य विश्वइतिहास और भूगोल के अध्ययन के लिये कितने महत्व की वस्तु है। क्या ही अच्छा हो कि योग्य जैन विद्वानों द्वारा इस दिशा में विशेष अन्वेषण कराया जावे। इतिशम्।

---

१ इंडियन हिस्टॉरीकल कारटर्ली, भा० १ पृ० ४६०।

२ इं० हि० का०, भा० २ पृ० २८।

नीतिवाक्यामृत और उसके कर्त्ता

[लेखक—श्रीयुत पं० गोविन्दराय जैन शास्त्री, पो० महरौनी, जिला झाँसी]

(गताङ्क से आगे)

अर्थशास्त्र और नीतिवाक्यामृत में कहाँ कहाँ और किस बात में अन्तर है इस बात के कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं :—

(१) चाणक्य की राय मे राजनीति अर्थ पुरुषार्थ में है, जबकि नीतिवाक्यामृत के कर्त्ता उसे धर्म, अर्थ और काम तीनों पुरुषार्थों में शामिल करते हैं, इसीलिए उन्होंने ग्रन्थ का नाम अर्थशास्त्र न रख कर नीतिवाक्यामृत रक्खा है क्योंकि पुरुषार्थ भरी नीति त्रिपथगा है।

(२) चाणक्य की राय में जब व्यसन सात हैं तब सोमदेव सूरि की सम्मति में व्यसन अठारह हैं।

(३) अर्थशास्त्र में सामाजिक सम्बन्ध के लिए जब कोई स्वतंत्र प्रकरण नहीं है तब नीतिवाक्यामृत में व्यवहार समुद्देश नामक स्वतंत्र प्रकरण है।

(४) अर्थ शास्त्र में जबकि राजा की दिनचर्या राज्यकार्योन्मुखी है अर्थात् केवल अर्थ साधने वाली है तब नीतिवाक्यामृत में धर्म, अर्थ और कामोन्मुखी है।

(५) आर्य चाणक्य ने राजमण्डलों की संख्या जब कि १२ लिखी तो नीतिवाक्यामृतकार ने १३।

(६) कौटिल्यादि नीतिकारों ने अनन्तर राज्य को मित्रमाना है पर सोमदेवसूरि ने एकान्ततः ऐसा नहीं माना है।

(७) दोनों शास्त्रों के उदाहरण भी भिन्न भिन्न हैं। प्रकीर्णक समुद्देश के विषयों की चर्चा आर्य चाणक्य ने नहीं की है जबकि सोमदेव सूरि ने इसके लिये स्वतंत्र ही समुद्देश लिखा है इस समुद्देश को आप नीतिवाक्यामृत का परिशिष्ट ही समझिये।

और विशेषता यह है कि आर्य चाणक्य ने जब कि "औपनिषदिकम्" नामक प्रकरण लिखकर हिंसात्मक गुप्त विधानों को अपने ग्रन्थ में स्थान दिया है, तब सोमदेवसूरि ने उसे सर्वथा ही छोड़ दिया है। हाँ यह बात सच है कि अर्थशास्त्र जाने बिना नीतिवाक्यामृत का अर्थ ठीक ठीक नहीं लग सकता। कारण अनुग्रह, परिहार, विष्टि, कृत्य, उपधा, शिष्ट, आत्मसम्पत्ति, द्रव्यप्रकृति आदि ऐसे अनेक शब्द आये हैं जो कि राजनीति में पारिभाषिक हैं उनका यथार्थ अर्थ समझने के लिए अर्थशास्त्र भाष्य का काम देता है।

एक शंका का समाधान

बंगाल के प्रसिद्ध विद्वान् स्वर्गीय पं० सतीशचन्द्र जी विद्याभूषण एम. ए., पी. एच. डी. ने नीतिवाक्यामृत को देख कर शंका की थी कि जब यह जैन-धर्माचार्य की रचना है तब इसमें वैदिकधर्म की छाप क्यों? इसी प्रकार अन्य अजैन विद्वानों ने भी यही शंका की थी। उसके उत्तर में नीचे लिखी चार बातें समझने में आई हैं, पाठक उनके ऊपर विचार करें।

(१) न जाने कब से इस देश में वर्णाश्रम व्यवस्था प्रचलित है सारे भारत का संगठन इसीकी न्यू पर खड़ा है। आज जब यह दशा है तब सोमदेव आचार्य के समय में तो उसका और प्रबल रूप होगा। कारण राजा और प्रजा दोनों ही उस समय उसके शासन में थे। वर्णाश्रमधर्म के परिपोषक वेद हैं अतः उन्हीं के आधार पर देश के रीतिरिवाजों का चलन था इसलिए वह लोक-धर्म कहलाता था। रूढ़ि अर्थात् रिवाज कानून न होने पर भी कानून का ही दर्जा रखता है। वह रिवाज तीन तरह का होता है—देशीय, जातीय और लौकिक, तीनों प्रकार के रिवाज वैदिक क्रियाओं से ओत-प्रोत थे।

(२) नीतिवाक्यामृत जिनके अनुरोध से लिखा गया था वे कन्नौज के महाराजा महेन्द्र-देव भी स्वयं वैदिक धर्मानुयायी थे।

(३) प्राचीन राजनीति का यह साहित्य जिसके मसाले से नीतिवाक्यामृत रचा गया है उसके बनाने वाले अधिकतर वैदिक-धर्मानुयायी ही थे।

(४) सोमदेवसूरि जैनधर्माचार्य होकर भी स्वयं इस बात के प्रचारक थे कि यदि लौकिक क्रियायें वैदिक रीति से प्रचलित हैं; जन साधारण में उनका स्थान जमा हुआ है तो हम उसका क्यों विरोध करें। राजा और प्रजा अपनी परम्पराओं को पालते हुए शान्ति से सुखोपभोग करे यही हम राजनीतिकारों को इष्ट है। लौकिक क्रियाओं के यदि वे वेद या अन्य शास्त्रों को प्रमाण मानते हैं तो इसमें हमारी क्या क्षति है। हमें तो उनकी मन-स्तुष्टि से तात्पर्य है। यदि कोई ईसाई हिन्दुओं के लिए लॉ लिखेगा तो वह हिन्दू लॉ ही होगी और यही कार्य ऊपर के तीन कारणों को देखते हुए श्रीसोमदेवसूरि ने किया है। अतः नीतिवाक्यामृत में वैदिक धर्म के आन्वीक्षिकी और त्रयीविषयों का सन्निवेश होना ही चाहिए था। हाँ यह बात ध्यान देनेयोग्य है कि इतना करने पर भी उन्होंने वेद को ईश्वरीय प्रणीत तथा स्वतः प्रमाण नहीं माना है वे उन्हें "ऐतीह" कहते हैं। ऐतीह का अर्थ होता है परम्परागत उपदेश और साथ में वे यह भी कहते हैं कि वेदों के सभी अंशों को सज्जन प्रमाणभूत न माने किन्तु उन्हीं अंशों को कि जिनमें सुनिश्चित प्रमाणों से कोई बाधा नहीं आती है अथवा पूर्वापर विरोध नहीं है। कुछ लौकिक क्रियायें ऐसी भी हैं कि जिनमें वास्तव में न तो धर्म है और न अधर्म; परन्तु लोक में प्रचलित होने से लौकिक धर्म में शामिल हैं।

ग्रन्थनिर्माण का कारण

नीतिवाक्यामृत की हिन्दी टीका लिखने के कुछ मास पश्चात् माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला में बम्बई से संस्कृत टीका सहित नीतिवाक्यामृत प्रकाशित हुआ। उसके देखने के लिए तब हमारी उत्कण्ठा बढ़ी क्योंकि हमारी टीका गोपाल नारायण कम्पनी द्वारा मुद्रित प्रति पर से थी। हमारे मांगने पर ग्रंथमाला के मंत्री श्रीयुत पं० प्रेमी जी ने वह हमारे पास भेज दी। संस्कृत टीका को देख कर तो हमारा मन प्रसन्न न हुआ क्योंकि उसकी रचना शिथिल थी। कौटिलीय अर्थशास्त्र की अप्राप्ति से उसके टीकाकार सूत्र का अर्थ नहीं खोल सके। बल्कि कई जगह तो वह विपरीत ही हो गया। विशेषज्ञ पाठक दोनों की तुलना कर जान सकते हैं। उदाहरण के तौर पर एक स्थल बताता हूँ:—

षाड्गुण्य समुद्देश में विजिगीषु का लक्षण आया है उसमें "आत्मदैव द्रव्यप्रकृति सम्पन्नः" ऐसा पद आया उसका अर्थ संस्कृत टीकाकार ने इस प्रकार लिखा है:—"आत्म शब्द से राज्याभिषेक, दैव से पुरातन शुभकर्म, द्रव्य से भाण्डागार और प्रकृति से अमात्य आदि जानना चाहिये।" पर वास्तव में इसका अर्थ यह नहीं है। प्रकृति शब्द से यहाँ अमात्यादि अर्थ इष्ट नहीं है किन्तु प्रकृति शब्द से उत्तर भेद अर्थ ही इष्ट है। जैसे कर्मों की १४८ प्रकृतियाँ होती हैं। यहाँ प्रकृति शब्द से द्रव्य शब्द भी पृथक् नहीं है वस्तुतः अर्थशास्त्र के अनुसार द्रव्य, प्रकृति एक पारिभाषिक शब्द है जिसका अर्थ होता है—अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष और सेना। इन पाँचों का एक नाम द्रव्यप्रकृति है और विजिगीषु आदि १२ राजमण्डल को मिलकर ये सब कुल ६० द्रव्यप्रकृतियाँ होती हैं। द्रव्य शब्द प्रकृति निर्पेक्ष नहीं किन्तु प्रकृति सापेक्ष है ऐसी दशा में द्रव्य का अर्थ भाण्डागार कैसे किया जा सकता है। इसी प्रकार आत्म शब्द का अर्थ राज्याभिषेक कैसे ठीक कहा जा सकता है। यद्यपि यहाँ राज्याभिषेक के बाद दिग्विजय करने की प्रथा थी तथापि राज्याभिषिक्त होते ही दिग्विजय करने के लिये योग्य नहीं हो जाता उसके लिए अन्य गुण बड़े आवश्यक हैं उन्हीं को यहां आत्मसम्पत्ति के नाम से कहा है। नीचे लिखे गुण आत्मसम्पत्ति में शामिल हैं:—प्रज्ञा, प्रगल्भ, स्मृति, मति और बल का होना। उन्नत शरीर से सुन्दर, कलाकुशल, अल्पभाषी, दृढ़, उपकार, और अपकार में दृष्ट प्रतीकारी, लज्जालु, प्रकृति (अमात्यादि) का विनियोगी, दीर्घदर्शी, दूरदर्शी, देश, काल, पुरुषार्थ और कार्य को विचार कर आरम्भकारी, संधि, विक्रम, दान, संयम, धन और शत्रु के छिद्र का विभागकारी, मुखविकार, परिहास, भ्रकुटिविक्षेप और नेत्र विकार को दबानेवाला, काम, क्रोध, लोभ, चापल्य और पैशून्य से शून्य, शक्यसामन्त, हँसमुख, स्पष्टभाषी और वृद्धोपदेशानुगामी होना चाहिए।

अर्थ शास्त्र में भी यह सूत्र कुछ शब्दों के हेर फेर से इसी प्रकार का है और इसका भाष्य भी वैसाही है जैसा कि ऊपर हमने लिखा है।

जहाँ कुछ पारिभाषिक शब्द आये हैं और लेखक के दोष से यदि उनका रूपान्तर हो गया है तो उसका ही अर्थ इस टीका में कर दिया गया है। जैसे "विष्टि" शब्द कुछ परिगणित मजदूरों का नाम है परन्तु लेखक-दोष से या समझ की कमी से वहाँ विशिष्ट पाठ हो गया है तो उसका ही अर्थ कर दिया गया है ऐसी अनेक त्रुटियाँ इस टीका में हैं। और जो उद्धरण भी दिये गये हैं उनकी रचना प्रशस्त नहीं, एक मामूली पंडित द्वारा एक ही भाषा में ढले हुए दिखते हैं। आर्य चाणक्य ने उन्हीं ऋषियों के जो वाक्य अपने यहाँ उद्धृत किये हैं वे कितने महत्त्व तथा ओज से पूर्ण हैं। इसलिए इस टीका के विषय में मेरी प्रेमी जी जैसी राय नहीं है। पर इस टीका से इतिहास की एक खोज के लिए नया प्रकाश मिला। इसके लिये हम बहुत कृतज्ञ हैं। इसमें लिखा है कि नीतिवाक्यामृत कन्नौज के महाराजाधिराज महेन्द्रदेव के लिये बनाया गया था। महेन्द्रदेव प्रतिहार वंशीय सार्वभौम सम्राट् थे। कौटिलीयअर्थशास्त्र की क्लिष्टता तथा विस्तार से वे खिन्न थे इसलिये उससे संक्षिप्त तथा सरल कोई अर्थशास्त्र बनाने के लिये उन्होंने श्रीसोमदेव सूरि से अनुरोध किया और उसी के फलस्वरूप यह ग्रंथ है।

"आर्य चाणक्य ने जिस प्रकार मौर्य चन्द्रगुप्त के लिए कौटिलीय अर्थशास्त्र लिखा उसी प्रकार आप हमारे लिए कोई अर्थशास्त्र लिखिये, जिससे दोनों की स्मृति बनी रहे।"

हमारी समझ में यह भावना भी महाराज महेन्द्रदेव के मन में होनी चाहिए अस्तु इस टीका के उपर्युक्त कथन से उस समय माननीय प्रेमी जी सहमत नहीं हुए उन्होंने आपत्ति की कि दोनों में समय का मेल नहीं खाता। एक दिन हम एक छात्र को यशस्तिलकचम्पू पढ़ा रहे थे। पढ़ाते पढ़ाते जब हमारी दृष्टि (सोऽयमाशार्पितयशा महेन्द्रामरमान्यधीः। देयात्ते सन्ततानन्दं वस्त्वभीष्टं जिनाधिपः।) इस श्लोक पर गई तब हमारे हर्ष का ठिकाना न रहा। क्योंकि श्लोक से संस्कृत टीका की उक्त बात का समर्थन होना था। वह द्व्यर्थक है। जिनेन्द्र अर्थ के साथ प्रत्येक चरण के प्रथम अक्षर को लेने से ग्रन्थकर्त्ता सोमदेव का भी अर्थ आता है और महेन्द्रामरमान्यधीः पद से महेन्द्रदेव से मान्य प्रतिभा वाले यह भी बात ध्वनित होती है। यद्यपि यह बात यशस्तिलक के टीकाकार ने नहीं लिखी है। इसके बाद मंगलाचरण के जिस प्रथम श्लोक पर हमारी दृष्टि पड़ी वह श्लोक यह है "श्रियं कुवलयानन्दप्रसादितमहोदयः। देवश्चन्द्रप्रभः पुष्याज्जगन्मानसवासिनीम् ॥" इस श्लोक के भी दो अर्थ हैं। "महोदय" का दूसरा अर्थ कन्नोज है क्योंकि उसका यह नाम भी महाकवि राजशेखर आदि के ग्रन्थों से प्रसिद्ध है। देव का अर्थ है "महेन्द्रदेव" आचार्य ने प्रेमवश मंगलाचरण में मंगल कामना कर इस सम्राट् को संक्षिप्त नाम से आशीर्वाद दिया है। सोमदेव कृत एक ग्रन्थ का भी नाम महेन्द्रमातलि संजल्प है। इस नाम में भी महेन्द्र पद आया है। यशस्तिलक में महेन्द्रदेव और महीपाल के वंश का भी नाम (रघुवंशमिव माघधीः प्रसूतम्) कहकर लिखा है। ये दोनों रघुवंशी थे। महेन्द्रदेव के

पिता "आदिवराह का" जिनका कि अपर नाम भोज भी था उल्लेख एक श्लिष्ट पद से हुआ है (आदिवराहदंष्ट्रामुक्ताफलमिव आ० ३ पृ० ५३) यशस्तिलक में सैकड़ों ऐतिहासिक बातों का कथन श्लिष्ट पदों में छिपा हुआ है, जिसके गहरे अध्ययन की आवश्यकता है। यशस्तिलक के पाठ से ऐसा ज्ञात होता है कि आचार्य ने यशोधर महाराज के वैभव के व्याज से अपने स्नेह पात्र महाराज महीपाल के वैभव का स्वयं दृष्ट वर्णन लिखा है। वैभव में दोनों की समता स्पष्ट झलकती है। एक जगह आचार्य ने यशोधर महाराज को स्पष्ट शब्दों में "अहिच्छत्रक्षत्रीय चूडामणि" लिखा है। पक्ष में सम्राट् महीपाल की भी ध्वनि प्रकट होती है क्योंकि अहिच्छत्रक्षत्रीय शाखा के वे भी थे। इसके सिवाय यशस्तिलक के द्वितीय आश्वास पृ० ११३ में "कलिकालव्यालधर्मावलोकमहीपाल" वाक्य से वे महीपाल का सम्बोधन करते हैं और उसकी प्रशंसा में कहते हैं कि हे महीपाल तू कलिकाल के लिए व्याल अर्थात् नाग है। महीपाल का एक पूर्वज महाराजा नागावलोक भी था जो कि धर्म तथा प्रताप के लिए अति प्रसिद्ध था अतः कलिकाल व्याल इस पद से यह भी ध्वनित होता है कि हे महीपाल तू कलिकाल का व्याल अर्थात् नागावलोक है क्योंकि तेरे गुण भी उसके समान ही हैं। धर्मावलोक (जिसका अर्थ होता है रक्षक) पद से पता लगता है कि यह महीपाल का दूसरा नाम था। धर्मावलोक, नागावलोक आदि नामों से ज्ञात होता है कि इस वंश के कुछ राजाओं के नाम में अवलोक पद लगाने की एक प्रथा थी। महान "अशोक" का नाम भी "धर्माशोक" पाया जाता है। "अस्मिन्महिपाल गजे सदाने जगत्यभूत्कस्य न दानभावः। क्षितिः सदानार्थिजनः सदानस्तवारिवर्गश्च यतः सदानः। 'अये' विग्रहाग्रहग्रहिल एव स महीपालः आ० ३" इन स्थलों में भी महीपाल का संकेत पाया जाता है। यशस्तिलक में महेन्द्रपाल और महीपाल के दरबारी कवि तथा उपाध्याय "राजशेखर" का नाम भी प्रसिद्ध महाकवियों की नामावली में लिखा है अतः उपर्युक्त कथन से तथा संस्कृत टीकावाली जनश्रुति के आधार से हम इस निर्णय पर पहुँचते हैं कि श्री सोमदेव सूरि का तथा कान्यकुब्जेश्वर सार्वभौम सम्राट् महेन्द्रदेव का तथा उनके उत्तराधिकारी महीपाल का अवश्य घनिष्ट स्नेह सम्बन्ध था, महेन्द्रदेव प्रथम ही नीतिवाक्यामृत के निर्माण में कारण हैं।

समय निर्णय।

सोमदेवसूरि कब हुए? और यशस्तिलकचम्पू तथा नीतिवाक्यामृत कब बने? यह जानने के लिये विशेष ऊहापोह करने की जरूरत नहीं है; क्योंकि ग्रंथ में दी हुई प्रशस्तियों से ही हमें इस बात का पता लग जाता है। यशस्तिलकचम्पू में नीचे लिखी हुई एक प्रशस्ति दी है :—

"शकनृपकालातीतसंवत्सरशतेष्वष्टस्वेकाशीत्यधिकेषु गतेषु अङ्कतः (८८१) सिद्धार्थ-संवत्सरान्तर्गतचैत्रमासमदनत्रयोदश्यां पाण्ड्यसिंहल-चोल-चेरमप्रभृतीन्महीपतीन्प्रसाध्य मेल-

पाटीप्रवर्धमानराज्यप्रभावे श्रीकृष्णराजदेवे सति तत्पादपद्मोपजीविनः समधिगतपञ्चमहाशब्द-महासामन्ताधिपतेश्चालुक्यकुलजन्मनः सामन्तचूडामणेः श्रीमदरिकेशरिणः प्रथमपुत्रस्य श्रीमद्वग्गराजस्य लक्ष्मीप्रवर्धमानवसुधारायां गंगाधारायां विनिर्मापित मिदं काव्यमिति।" अर्थात् शक सं० ८८१ (वि० सं० १०१६) में पाण्ड्य, सिंहल, चोल तथा चेरम आदि देशों के राजाओं को जीतनेवाले महाराजाधिराज श्रीकृष्णराजदेव जब मेल्पाटी में साम्राज्य संभाल रहे थे तथा उनके पादपद्मोपजीवी चालुक्य नरेश श्रीअरिकेशरि के प्रथम पुत्र महासामन्त महाराज श्री वद्दिगराज गंगाधारा में राज्य कर रहे थे तब यह यशस्तिलक चम्पू नाम का महाकाव्य सिद्धार्थ नामक संवत्सर में चैत्र की मदन त्रयोदशी को गंगाधारा में पूर्ण हुआ।

इस प्रशस्ति में जिस कृष्णराजदेव का नाम आया है और जिनको पाण्ड्य, चोल, आदि देशों का विजेता लिखा है वे दक्षिण के इतिहास के अनुसार राष्ट्रकूटवंशीय तृतीय श्रीकृष्ण राजदेव के हैं इनका अपर नाम अकालवर्ष भी था। इनके पिता का नाम तृतीय अमोघ वर्ष था ये दक्षिण के सार्वभौम सम्राट् थे और मेल्पाटी या मान्यखेट में इनकी राजधानी थी। चालुक्य नरेश इनके आधीन महासामन्त थे। कन्नड़ भाषा का प्रसिद्ध कवि "पोन्न" शान्ति पुराण का कर्त्ता है। इसकी रचना पर प्रसन्न होकर इन्हीं तृतीय कृष्णराजदेव ने इसको अपने दरबार से "उभयभाषा कविचक्रवर्ती" की पदवी दी थी। "कन्नड साहित्य" के इतिहास के लेखक ने तृतीय कृष्णराजदेव का राज्यकाल ई० सन् ९३९ से ९६८ (वि० सं० ९९३ से १०२२) तक लिखा है। यह समय यशस्तिलक की प्रशस्ति से ठीक मिलता है।

इसी प्रकार चालुक्य नरेश द्वितीय अरिकेशरी के समय में कनड़ी भाषा का सर्वश्रेष्ठ कवि "पम्प" हो गया है। इसके बनाये हुए दो ग्रंथ अति प्रसिद्ध हैं :—आदिपुराणचम्पू, भारत या विक्रमार्जुनविजय। इसकी रचनाओं पर मुग्ध होकर महाराजा अरिकेशरी ने कवि को धर्मपुर नामक ग्राम तथा पालकी आदि राजचिह्न पुरस्कार में दिये थे। पिछले ग्रंथ में कवि ने अपने आश्रयदाता अरिकेशरी की वंशावली इस प्रकार दी है :

युद्धमल-अरिकेशरी-नारसिंह-युद्धमल-वद्दिग-युद्धमल-नारसिंह और अरिकेशरी।

कवि का यह दूसरा ग्रंथ शक स० ८६३ (वि० सं० ९९८) में समाप्त हुआ। इसके १८ वर्ष बाद यशस्तिलकचम्पू काव्य पूर्ण हुआ तब उसके समय में द्वितीय अरिकेशरी का प्रथमपुत्र श्री वद्दिगराज राज करता हो यह बात बिलकुल ठीक जंचती है। यद्यपि वद्दिगराज वंशावली में एक और बतलाया गया है पर वह अरिकेशरी का पुत्र न था जिसकी ओर प्रशस्ति संकेत करती है किन्तु वह द्वितीय युद्धमल का पुत्र है। यह तो हुई यशस्तिलक की समाप्ति की बात, पर यशस्तिलक तथा नीतिवाक्यामृत का बनना कब और कहाँ प्रारम्भ हुआ यह जानने के लिए हमारे पास कोई सुगम साधन तो नहीं है तथापि

ग्रन्थ के भीतरी साहित्य से जो हमारे विचार उत्पन्न हुए हैं उन्हें सहृदय पाठकों के लिए नीचे लिखता हूँ :—

(१) श्री सोमदेव सूरि ने बहुत समय तक न्याय विद्या का अभ्यास कर अपने संघ गुरुओं की प्रथा के अनुसार पहिले पहल खण्डन-मण्डनात्मक ग्रन्थ लिखे और वे प्रायः दक्षिण में ही लिखे गये यह बात प्रशस्ति तथा यशस्तिलक के (आजन्म समभ्यस्ताच्छुष्कात्तर्कात्तृणादिममास्याः) पद से स्पष्टतया समझ में आती है। न्यायविद्यामें परिणत बुद्धि हो जाने के कारण जब उनको उसमें कोई नवीनता न रही तब उनका नित्य अपूर्व ज्ञान संग्रह के लिये उत्सुक मन अन्य विषयों की ओर झुका। उन्होंने उपलब्ध समस्त संस्कृतसाहित्य का बिना किसी भेद भाव के तथा बिना किसी परहेज के पर्यवेक्षण किया। जब कोई उनसे जैन दि० मुनि होने के कारण ऐसे ग्रंथों को देखने के लिये कुछ कहता तब वे उसका समाधान इस प्रकार कर देते कि "सज्जन पुरुषों के लिए संसार की सब विद्यायें तीर्थस्थान के समान है।" (लोकोयुक्तिः कलाश्छन्दः इत्यादि श्लोक को देखिये यह इसी बात को सूचित करता है) सच्चा ज्ञान पिपासु इसके सिवाय और उत्तर ही क्या दे सकता है। उन्होंने वेदों को भी पढ़ा था यह बात उनके "जुहूराण" 'भूर्भुवः' आदि शब्दों के प्रयोग से ज्ञात होती है। इस समय भी उनका न्याय का विषय कुछ न कुछ फिर भी चालू रहता ही था क्योंकि यह विषय उनका जन्म सिद्ध था। समस्त संस्कृत वाङ्मय का अवलोकन करते समय उन्हें ऐसे हजारों शब्द मिले जो एक तरह से लुप्त हो गये थे। उनका उद्धार करने के लिए उनके मन में कल्पना उठी। साथ ही उनको अहिंसा का विषय बड़ा प्रिय था क्योंकि अहिंसा के समर्थन के लिये ही तो उन्होंने यशस्तिलकचम्पू को लिखा है। नीतिवाक्यामृत में भी उन्होंने जहाँ तक शक्य था अहिंसा का समर्थन किया है। वे सोचते थे कि न्याय से कुछ विद्वान् ही लाभ उठाते हैं साधारण प्रजा तथा राजा न्यायविद्या से अनभिज्ञ होने के कारण लाभ नहीं उठाते। उससे केवल खण्डन-मण्डन ही होता है इसलिये ऐसा साहित्य रचा जावे जिससे सभी लोग सहज में सभी सम्प्रदाय के ऋषियों के वचनों से लाभ उठावें। उससे हमारे दोनों उद्देश्यों की सिद्धि होगी ऐसा विचार कर ही उन्होंने किसी साहित्यिक ग्रन्थ के रचने की ठानी। दक्षिण के तुलुदेश (दक्षिण कन्नड़) तथा महाराष्ट्रों में जैनियों का अधिक पाबल्य था। राजाश्रित या राजभक्ति पाये हुए उनमें बहुत बड़े-बड़े समर्थ विद्वान् मौजूद थे। कुछ अजैन जो उनके इस वैभव को नहीं देख सकते थे, कभी कभी संघर्ष भी कर बैठते थे। इस तरह सारा दक्षिण उस न्यायविद्या की चर्चा में अधिकतर लीन था। सोमदेव को भी संघाधिपति होने के कारण उसमें भाग लेना पड़ता था। इसलिए दक्षिण उस समय यशस्तिलकचम्पू जैसे समयसाध्य महाकाव्य की रचना के लिए उपयुक्त न था। उत्तर भारत ही उसके लिये उपयुक्त था। कारण वहाँ शास्त्रार्थों की धूम न थी साहित्यचर्चा ही अधिकतर थी।

मालवा, कन्नौज तथा त्रिपुरी के राजदरबार इस साहित्यिक गोष्ठी के बड़े पोषक थे। बाण, पद्मगुप्त, धनपाल, बिल्हण, धनञ्जय, राजशेखर आदि महाकवि इन्हीं स्थानों में आगे पीछे हुए हैं। इन सब कारणों को सोच कर श्री सोमदेव सूरि उत्तर भारत में आये होंगे, ऐसी कल्पना उठती है। उत्तर भारत में आकर जब से इसके यौधेय (जोहिये) प्रदेश में आये तब उन्होंने सोचा कि महाराज यशोधर इसी यौधेय देश के राजा थे। उन्होंने अपनी माता को अहिंसा के लिए बहुत समझाया पर माता ने नहीं माना और झूठी हिंसा करवाई, जिसके फलस्वरूप दोनों की कुगति हुई। अतः इसी विषय पर उन्होंने अपना महाकाव्य बनाना निश्चित किया जिसका कि नाम हम यशस्तिलकचम्पू देख रहे हैं। यशस्तिलक चम्पू के भीतरी साहित्य के सिवाय नीतिवाक्यामृत के "टिरिट्टलितम्" (टिर्राना) "कुरकील" "कोकल[१]" (पहाड़) "झँपाण" (झंपाण) "हरीतकी" (दातों के मसूड़े जिन्हें देशी बोली में में हरिया कहते हैं) "बाह" (बाँहमुजा) 'बुस' (भुसा) 'पेटक' (पेट) 'जामि' (जमाई) आदि शब्द तथा घत्ता चतुष्पदी आदि उत्तर प्रान्त के छन्द उनका उत्तर प्रान्त में प्रवास अवश्य सूचित करते हैं। उस समय के उपलब्ध काव्यों में कवियों ने अपनी कल्पना की कलाही प्रदर्शित की है। प्राचीन ज्ञान विज्ञान का उनमें कुछ भी संग्रह नहीं, भारत का यह महाधन यों ही लुप्त हो रहा था। काव्यों में दिल बहलाव के सिवाय लोक चतुराई, सदाचार, परोपकार आदि विषयों को कुछ स्थान नहीं था। अतः इन विषयों को अपने काव्य में स्थान देने का निश्चय किया। पाठक देखेंगे कि यशस्तिलक को आचार्य ने इन्हीं खूबियों के कारण असहाय और अनादर्श कहा है। जो लोग इस प्रथा को पसन्द नहीं करते थे, प्रचलित प्रथा के विरुद्ध इसे कहते थे। ऐसे लोगों को खुले शब्दों में आचार्य सरस्वती द्रोही कहते थे। उनको कविता सुनाना भी पसन्द नहीं करते थे, कारण वे सरस्वती विकास को रोकते थे। ढर्रेबाज लोग जनता को बौद्धिक दासत्व से जकड़ते हैं। आचार्य के इस भाव को जानने के लिए पाठक प्रथम आश्वास के "गुणेषु ये दोषमनीषयान्धाः" इत्यादि श्लोक को देखें। अस्तु आचार्य ने उत्तर भारत में रहकर यशस्तिलकचम्पू का बड़े श्रम से बहुत सा अंश रचा और हमारा अनुमान है कि वह अंश पाँचवें[२] आश्वास तक है। ग्रन्थ के समाप्त प्रायः होने से आचार्य को भी बड़ी खुशी हो रही थी। कारण वे जैसा चाहते थे वह वैसा ही काव्य बना था और स्वयं भी उसे वे अपने बूते से बाहिर समझते थे उसके बनने में सज्जनों का पुण्य ही एक कारण मानते थे।

टि० (१) उत्तर भारत में विध्यराज, विध्यवर्मा, पर्वत सिंह, पर्वतक आदि नाम राजाओं के रक्खे जाते थे। कक्कोल स्वयं एक त्रिपुरी के महाराजा का नाम था।

(२) पाठक प्रमाण के लिये नीचे लिखे श्लोक को देखें :—

"इयता ग्रन्थमथाप्रोक्तं चरितं यशोधरनृपस्य। इति उत्तरंतु वक्ष्ये श्रुतपठितमुपासकाध्ययनम् ॥
(आ० ५)

दिगम्बर जैन मुनि चौमासे के सिवाय अन्य समय में एक स्थान में बहुत समय तक न रह कर इधर उधर विहार करते रहते हैं। इस विहार में आत्मकल्याणार्थ ध्यानादिक तपस्या करते हुए परोपकार, धर्मोपदेश भी करते रहते हैं सोमदेवसूरि ने भी ऐसा ही किया होगा। बहुश्रुत तथा लोकानुभवी होने से उनका यश सारे उत्तर भारत में भी दक्षिण भारत की तरह छा गया था और वे सर्वप्रिय साधु हो गये थे। उत्तर भारत में उस समय कन्नौज के राजा ही सार्वभौम थे। श्री सोमदेव सूरि इस बात को अच्छी तरह जानते थे कि अहिंसाधर्म को प्रबल बनाने के लिए राजाश्रय, विद्वानों का सहयोग तथा सर्वसाधारण का विश्वास अत्यन्त आवश्यक है। इसलिये ये इन्हीं बातों के उपार्जन में लगे हुए थे। अपना व्यक्तित्व भी बढ़ा रहे थे और वह भी इतना महान् हो चुका था कि क्या राजा और क्या प्रजा, क्या मूर्ख और क्या पण्डित, क्या अमीर क्या गरीब, सभी लोग अत्यन्त श्रद्धा से बिना किसी धार्मिक भेद-भाव के उनकी बात को सुनते तथा मानते थे। ऐसी स्थिति में मालूम पड़ता है कि कन्नौज के महाराजा महेन्द्रदेव ने कन्नौज या साम्राज्य के अन्य किसी स्थान में श्री सोमदेवसूरि के दर्शन किये तथा हार्दिक आनन्द के साथ अपनी अपार भक्ति प्रगट की और हमारी समझ में भेंट का यह स्थान प्रायः कर के "महोदय" अर्थात् कन्नौज ही था क्योंकि यशस्तिलक में आचार्य ने अपने श्लिष्ट पदों में महोदय अर्थात् कन्नोज की भी बहुत प्रशंसा लिखी; वे कहते हैं :—नृपनृपतीश्वर भूरमणीश्वर यदिदमखिल-गुणासंश्रय। उक्तं किञ्चित्त्वत्स्तुतिकृतिचित्तच्चित्रं न महोदय।" इसका अर्थ यह है कि हे महोदय तू सचमुच राजराजेश्वर है (कारण बहुत से सामन्तराज इसी के अधीन हैं) और तू ही इस भूरमणी का स्वामी है तेरे में अखिल गुणों का बास है इसलिए हमने जो कुछ तेरी प्रशंसा में कहा है वह कुछ आश्चर्य कारक नहीं है कारण तू ऐसाही है। यद्यपि जैन मुनि किसी राजा के राजदरबार में नहीं जाते प्रत्युत राजा महाराजा तथा अन्य रईसगण अपने दलबल सहित उनके स्थान पर ही जाकर उनका दर्शन करते हैं। यह बात हमने वर्तमान में भी अपनी आँखों से देखी है। दक्षिण में जिस प्रकार जैनियों की कई राज-गद्दियाँ थीं वैसी उस समय उत्तर भारत में कोई जैन राजगद्दी नहीं थी। उत्तर भारत के राजा प्रायः सभी वैष्णव तथा शैव ही थे। इन निमित्तों के सिवाय फिर जिसका व्यक्तित्व असाधारण हो उसके मान सम्मान का क्या कहना।

श्री महाराज महेन्द्रदेव ने दर्शन के पश्चात् कठिन परिश्रम से बनाये हुए आचार्य के यशस्तिलकचम्पू काव्य को अपने दरबारी पण्डितों के साथ अवश्य सुना होगा और उसमें राजनीति के कौटिलीय अर्थशास्त्र आदि के तत्वों को सुन कर यदि इच्छा प्रकट की हो कि आप हमारे लिए संक्षिप्त तथा सरल नवीन ही कोई अर्थशास्त्र लिख दें तो बहुत अच्छा हो और अधिकतर संभव है कि आचार्य ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसका बनाना स्वीकार भी कर लिया हो क्योंकि वे अधिकारी थे। परन्तु दैवघटना बड़ी प्रबल है कि इस प्रथम

महेन्द्रदेव ने इस घटना के कुछ समय पश्चात् स्वर्गारोहण कर लिया। श्रद्धेय पं० गौरीशंकर हीराचन्द्र जी ओझा के राजपूताना इतिहास के पहिले भाग में इस राजा का राज्यकाल विक्रम सं० ९५० से ९६४ लिखा है। इसके बाद इनका पुत्र महीपाल वि० सं० ९७१ में राजसिंहासन पर बैठा। इसने भी अपने पूज्य पिता जी की तरह श्री सोमदेव सूरि की अधिक भक्ति की। पाठक प्रथम आश्वास के अन्तिम श्लोक के "सोऽमासार्पितयशा-महेन्द्रामरमान्यधीः।" सोऽयं पद पर ध्यान दें हिन्दी में इसका अर्थ यह होता है कि कवि "महेन्द्रामरमान्यधीः" और आसार्पितयशा' कह कर महेन्द्रदेव वाले पिछले सम्बन्ध की स्मृति दिलाता है। वे महीपाल को सूचित करते हैं कि जिसका यश दिगन्तव्यापी है और जिसका पाण्डित्य तुम्हारे पिता महेंद्रदेव से मान्य था वही मैं सोमदेव आचार्य तुम्हें आशीर्वाद देता हूँ कि सतत आनन्द देनेवाली अभीष्ट वस्तु तुम्हें प्राप्त हो। महेंद्रदेव बड़े गुणी तथा भक्त सम्राट् थे।

आचार्य उन्हें अब भी न भूले थे। पाठकों को यह जानना भी ठीक होगा कि यद्यपि यशस्तिलकचम्पू एक प्रकार के पूर्ण हो गया था (पाँचवें आश्वास तक) और आचार्य, महीपाल की मुलाकात के समय उसका पुनः संशोधन तथा घटनावश कहीं कहीं फेरफार कर रहे थे। यह बात हमें यशस्तिलकचम्पू की प्रारम्भिक प्रस्तावना पढ़ते समय झलकती है। आचार्य इस प्रस्तावना में यशस्तिलक के लिये भूतकाल की क्रिया का प्रयोग करते हैं अन्यथा आगे बननेवाली चीज के विषय में भविष्यत् काल की क्रिया का प्रयोग करते और चीज अभी सामने है ही नहीं उसके विषय में पहिले से ही प्रचुर प्रशंसात्मक पद्य स्वयं नहीं लिखते। यशस्तिलक के जो "देव" "महेन्द्रदेव" "धर्मावलोकपहीपाल" और "राजेश्वर" "भोज" आदि ऐतिहासिक नाम हैं। वे सब इसी संशोधन काल के हैं। नीतिवाक्यामृत बनाया तो गया प्रथम महेन्द्रदेव के लिए पर उनके स्वर्गवासी हो जाने के कारण उनकी चर्चा कर आचार्य ने उनके पुत्र तथा प्रजा को दुःखित करना उचित नहीं समझा। प्रथम भोज महेन्द्रदेव के पिता थे। इन सब बातों का सार यही निकलता है कि यशस्तिलक के पाँच आश्वास तथा नीतिवाक्यामृत उत्तर भारत में ही बने और यह समय प्रथम महेन्द्रदेव और महीपाल के शासन का था और संभव है कि आचार्य की वय इस समय ५० के लगभग हो। राजशेखर कवि के बनाये हुए पाँच ग्रंथ उपलब्ध हैं—(१) काव्यमीमांसा (२) कर्पूरमञ्जरी (३) बालरामायण (४) बालभारत और (५) विद्धशालभञ्जिका। इसने कर्पूरमञ्जरी की प्रस्तावना में अपने को महेन्द्रदेव का गुरु लिखा है और बालभारत की प्रस्तावना में अपनी विद्धशालभञ्जिका नाटिका का अभिनय इनके पुत्र महीपाल के सामने महोदय में होना सूचित करता है तथा इसी विद्धशालभञ्जिका का दूसरा अभिनय वह त्रिपुरी के राजा युवराज देव के दरबार में भी बताता है यह युवराज देव प्रथम था जिसका कि नाम कर्पूरवर्ष भी था। इसका अब तक कोई शिलालेख तो नहीं मिला है तो भी श्री युवराजदेव

(द्वितीय) की बिल्हरी में मिली हुई बृहत् वंशावली में लिखा है कि श्रीयुवराजदेव प्रथम के प्रपितामह कोकल्ल ने अपने दो बड़े कीर्तिस्तम्भ स्थापित किये थे। उत्तर भारत में महाराजा भोज और दक्षिण में कृष्णराज (जित्वा कृत्स्नां येन पृथ्वीमपूर्व्वकीर्तिस्तम्भद्वन्द्वमारोप्यतेस्म । कौम्भोद्भव्यान्दिश्यसौ कृष्णराजः कौवेर्याञ्च श्रीनिधिर्भोजदेवः) एफिग्राफिया इण्डिका, जिल्द १ पृ० २५६) यशस्तिलक चम्पू की समाप्ति के समय जो दक्षिण में कृष्णराज है वह तीसरा है क्योंकि अरिकेशरी के प्रथम पुत्र वद्दिग के साथ उसीका मेल खाता है न कि अन्य किसी कृष्णराज का। इसका राज्यकाल वि० सं० ९९३ से १०२२ तक रहा है ऐसा हम पहिले ही लिख आये हैं तब इनकी समकालीनता न तो कोकल से बनती है और न कन्नोज के भोज से क्योंकि भोज (आदिवराह मिहिर) का राज्यकाल वि० सं० ९३८ तक ही समाप्त हो जाता है। भोज की क्या, उसकी तो महेन्द्रपाल (निर्भयनरेन्द्र) के साथ भी संगति नहीं बैठती क्योंकि इसका राज्यकाल भी वि० सं ९६४ में ही पूर्ण हो जाता है। अतः यशस्तिलक की समाप्ति के समय महेन्द्रपाल था न कि और। इस विवरण से हमारा मन यह नतीजा निकालता है कि श्री सोमदेव सूरि, धवला के टीकाकार वीरसेनाचार्य तथा पं० आशाधर जी के समान ही दीर्घवयी थे और संभव है कि ९० वर्ष के ऊपर भी वय का भोग उन्होंने किया था। दक्षिणापथ से उत्तरापथ आने के समय उनकी वय ४० के लगभग होनी चाहिये। इसके उपरान्त ही उन्होंने यशस्तिलकचम्पू पाँचवें आश्वास तक तथा नीतिवाक्यामृत की रचना की। यह समय प्रथम महेन्द्रदेव तथा महिपाल का था। महेन्द्रदेव के गुरु राजशेखर के साथ उनकी अवश्य मित्रता होगी। महेन्द्रदेव और महिपाल जैन न होते हुए भी जैनधर्मानुरागी अवश्य थे। तभी जैनाचार्यों ने तथा जैनों ने जैनग्रंथों और मन्दिरों व मूर्तियों में उनका उल्लेख किया।

जब आचार्य उत्तरापथ से दक्षिणापथ चले आये तब उन्होंने छठे आश्वास से समाप्त्यन्त यशस्तिलकचम्पू पूरा किया और नीतिवाक्यामृत का सम्भवतः पुनः संशोधन भी। यह समय वद्दिग तथा कृष्णराज तृतीय का था उत्तर भारत में उस समय द्वितीय महेन्द्रदेव या देवपाल का शासन था। हमारी समझ में ऐसी संगति बैठती है। पाठक इस पर विचार करेंगे।

कन्नोज के प्रतिहार वंशीय राजाओं के जो दानपत्र या शिलालेख हमें अब तक ज्ञात हुए हैं उनका विवरण नीचे लिखे अनुसार है :—

प्रथम शिलालेख राजशाही की वारेन्द्र सुसायटी द्वारा खुदाई करने पर पहाड़ पर मिला है। यहाँ पहिले कोई मन्दिर था। इस खुदाई में दो खम्भे लेख सहित मिले हैं जिनमें से एक में प्रतीहारवंशीय राजा महेन्द्रपाल के राज्यारोहण से पांचवें साल का है। दूसरा सीरौन (जिला झाँसी ललितपुर डिवीजन) के दिगम्बर जैन मंदिर में है, बहुत बड़ा है। शिलालेख में प्रतिहार वंशीय महाराजा महेन्द्रपाल के नाम के साथ "सम्वत्सरशतेषु नवसु

षष्ठ्यधिकेषु चतुरन्वितेषु मार्गशिशिरमास बहुलपक्ष तृतीयाम्" खुदा हुआ है। जिसका अर्थ है महाराजा महेन्द्रपाल के राज्यकाल में वि० सं० ६६४ मगशिरवदी ३। तीसरा हड्डाला (काठियावाड़) में मिला है। जो कि दानपत्र के रूप में है इसमें कन्नोज के प्रतिहार राजा महिपालदेव के सामन्त धरिणी वराह के शक सं० ८३६ (वि० सं० ९७१) पौष वदी ४ उत्तरायणे खुदा हुआ है।

उक्त भोजदेव (प्रथम) के पाँच लेख अब तक उपलब्ध हुए हैं जिनमें सब से प्रथम दौलतपुरा (जोधपुर राज्य) में मिला हुआ वि० सं० ९०० फाल्गुन सुदी १३ का दानपत्र है जो राजपुताना म्युजियम (अजमेर) में सुरक्षित है।

ग्वालियर से मिले हुए कन्नोज के प्रतिहार राजा भोजदेव के शिलालेख में "नवसुत्रायस्त्रिंशधिकेषु माघशुक्ल द्वितीयाम्" अर्थात वि० सं० ९३३ माघ सुदी २ मिलता है।

उसका सब से पिछला शिलालेख पेहोआ से मिला है, जो हर्ष सं० २७६ (वि० सं० ९३८) वैशाख सुदी ७ का है। इन तीनों शिलालेखों से निश्चित है कि वि० सं० ९०० से ९३८ तक तो कन्नोज का स्वामी भोजदेव था और सम्भव है कि वि० सं० ९३८ के पीछे भी कुछ वर्षों तक जीवित रहा हो।

श्रद्धेय ओझा जी के राजपूताना इतिहास से उतार कर बम्बई से श्रीयुत पं० प्रेमी जी ने कृपाकर कन्नोज के प्रतिहार वंशीय कुछ राजाओं की जो नामावली भेजी है उसे भी हम उद्धृत करते हैं।—

(१) नागभट या नागावलोक वि० सं० ८१३ (२) काकुस्थ (३) देवराज (४) वासराज वि० सं० ८४० (५) नागभट द्वितीय वि० सं० ८७२ से ९० (६) रामचन्द्र (७) भोज (आदिवराह मिहिर) वि० सं० ९०० से ३८ तक (८) महेन्द्रपाल (महेन्द्रायुध, निर्भयनरेन्द्र) वि० सं० ९५० से ६४ (९) महीपाल वि० सं० ९७१-७५ (१०) भोज द्वितीय (११) विनायकपाल वि० सं० ९८८ (१२) महेन्द्रपाल द्वितीय वि० सं० १००३ (१३) देवपाल वि० सं० १००५ (१४) विजयपाल वि० सं० १०१६ (१५) राज्यपाल वि० सं० १०७५ (१६) त्रिलोचन पाहम वि० सं० १०८४ (१७) यशपाल वि० १०९३।

इन विवरणों को पढ़कर पाठक स्वयं इस निर्णय पर पहुँचेंगे कि यशस्तिलक और नीतिवाक्यामृत के कर्ता के साथ प्रथम महेन्द्रदेव का अवश्य घनिष्ठ सम्बन्ध था पर इसकी संगति तभी बैठ सकती है जब कि श्री सोमदेवसूरि को दीर्घवयी माना जाय।

अस्तु इसके बाद आचार्य उत्तरापथ से फिर दक्षिणापथ को लौट गये और वहाँ उन्होंने यशस्तिलकचम्पू के अन्तिम तीनों आश्वास जिनमें उपासकों के आचार का वर्णन है, पूर्ण किये। इसके बाद आचार्य ने सम्भव है नीतिवाक्यामृत को वह सुसंस्कृत रूप दिया जिसको कि हम देख रहे हैं।

आचार्य को वहाँ के संघर्ष पसन्द नहीं थे वे जानते थे कि वैदिक ब्राह्मणों की आजीविका वेदों पर ही निर्भर है उनके बिना समाज में उनका स्थान ही क्या रहता है। अतः जनता में उनके प्रति अटल विश्वास जमाये रखने के लिए वे उन्हें भगवत वाक्य उद्घोषित करते थे। इधर जैन लोग हिंसा से बड़ी घृणा करते थे वे मूढ़ जनता में होती हुई हिंसा का कारण इन्हीं वेदों को मानते थे अतः वे वेदों को पसन्द नहीं करते थे। एक पक्ष आजीविका का प्रधान कारण समझ कर उन्हें प्यार करता था तो दूसरा पक्ष हिंसा के कारण उन्हें कुप्यार करता था। लोकमान्य सार्वजनिक ग्रन्थ भी साम्प्रदाय दोष से हेय हो रहे थे। इसके लिए आचार्य ने जो समझौता अपने मन में तैयार किया था वह अब यहाँ आकर यशस्तिलक के उपासकाध्ययन में लिखा और अपने भक्त श्रावकों को उसके द्वारा समझाया कि यदि वैदिक ब्राह्मण लौकिक रीतियां वेद के अनुसार करते हैं अपनी आजीविका चलाते हैं या जनता उसमें रुचि प्रगट करती है तो करने दो यह तो उनका कुल परम्परा का कार्य है इसमें हमारी क्या हानि है। इसमें न धर्म है न अधम, यह तो लौकिक कार्य है। इधर दूसरे पक्ष के वैदिक लोगों को भी उन्होंने समझाया कि आप लोग भी सारे वेद को प्रमाण न मानें जो बातें प्रमाण और युक्ति से विरुद्ध हैं या जिनमें पूर्वापर विरोध है उन्हें छोड़ देवें। वेद भी मनुष्यकृत ही हैं भले ही उनके कर्त्ताओं को हम नहीं जानते हैं, पर वे ईश्वरकृत नहीं हैं क्योंकि ईश्वर का ज्ञान असीम है वह इन सीमित पुस्तकों में नहीं आ सकता। अतः वेद पौरुषेय हैं जैसे अन्य धर्मों के अन्य शास्त्र।

यशस्तिलक के चतुर्थ आश्वास में आचार्य लिखते हैं :—

प्राणाघातान्निवृत्तिः परधनहरणे संयमः सत्यवाक्यं,
काले शक्त्याप्रदेयं युवतिजनकथामूकभावः परेषाम्।
तृष्णास्रोतोविबन्धोगुरुषु च विनतिः सर्वभूतानुकम्पा,
सामान्यं सर्वशास्त्रेष्वनुपहतविधिः श्रेयसामेषमार्गः॥

इसका अर्थ यह है कि प्राणी हिंसा निवृत्ति, परधन का हरण नहीं करना, सत्यवचन बोलना, समय पर यथाशक्ति दान देना, पराई स्त्री में कुदृष्टि नहीं रखना, उनकी निन्द्यचर्चा नहीं करना, परिग्रह परिमाणव्रत रख कर तृष्णा के ऊपर नियंत्रण रखना, गुरुजनों की विनय और सर्व भूतानुकम्पा ये सब ऐसे शुभाचार हैं कि इनका पालन करना किसी भी धर्म के किसी भी शास्त्र में मना नहीं है। सर्वसम्मति से निश्चित कल्याण मार्ग है अतः एकमत होकर हम सब को इसी मार्ग पर चलना चाहिए इसी में हम सब की भलाई है इसमें किसी का विरोध भी नहीं है।

——:०:——

हुंबुज का ग्रन्थभाण्डार

[ले० श्रीयुत विद्याभूषण, पं० के० भुजबली शास्त्री, मूडबिद्री]

बहुत दिनों से विद्वानों की यह प्रबल इच्छा रही कि हुंबुज जैन मठ के ग्रंथागार के ताड़पत्र एवं कागज पर लिखे गये भिन्न-भिन्न भाषा के कुल ग्रंथों को एकबार बारीकी से अवलोकन किया जाय। क्योंकि अन्यान्य जैन मठों की तरह यह भी प्राचीन है और यहां पर कुछ अलभ्य एवं दुलभ्य प्राचीन ग्रन्थों की प्राप्ति की अधिक संभावना है। परंतु कारणवश अभी तक इस पवित्र कार्य के लिये सुयोग ही प्राप्त नहीं हुआ था।

बड़े हर्ष की बात है कि वर्तमान विद्वान् भट्टारक श्रद्धेय श्री देवेंद्रकीर्तिजी के सिंहासनारूढ़ होते ही सर्वप्रथम आपका लक्ष्य इसी आवश्यक लोककल्याणकारी, पुनीत कार्य की ओर गया और तुरंत ही आपने इस कार्य के लिये मुझे याद किया। भट्टारकजी की आज्ञानुसार डेढ़ दो माह हुंबुज में रह कर द्राविड़ लिपि में लिखे गये कुछ ग्रंथों को छोड़ कर शेष कन्नड तथा नागरी लिपि में लिखे गये कुल ग्रंथों को मैंने अन्य सहायकों के साथ यथाशक्ति और यथावकाश सावधानता से देखा।

इस बीच में हम लोगों ने २०२ बंडल और ३५१ ग्रंथों की सविवरण तालिका तैयार की है जो कि यथाशीघ्र वारंग मठ की ग्रंथतालिका के साथ प्रकाशित होने वाली है। ग्रंथतालिकानिर्माण के समाचार से अवगत होते ही मित्रवर डॉ० ए० एन० उपाध्ये आदि विद्वानों के पत्र आये कि ग्रंथागार के अवलोकन के उपरांत शीघ्र ही इस संबंध में 'जैन सिद्धांत-भास्कर' में आप एक लेख अवश्य प्रकट कर दें। इसी आशयानुसार 'भास्कर' के विज्ञ पाठकों के समक्ष भाण्डार में उपलब्ध कुछ अप्रकाशित प्राकृत, संस्कृत तथा कन्नड ग्रंथों की एक तालिका और कुछ प्रशस्तियाँ नीचे दी जाती हैं।

नं०	ग्रंथनाम	कर्त्ता	विषय	भाषा
१	आस्रवसंतति	श्रुतमुनि	सिद्धांत	प्राकृत
२	तत्त्वार्थसारदीपक	सकलकीर्ति	,,	संस्कृत
३	द्रव्यसंग्रहटीका	बालचंद्र	,,	कन्नड
४	परमागमसारटीका	चंद्रकीर्ति	,,	,,
५	[1]द्रव्यसंग्रहटीका	सुंदरवर्णी	,,	,,
६	सिद्धांतसारटीका	प्रभाचंद्र	,,	संस्कृत

१ इसका नाम 'भावनासार' है।

७	गोम्मटसारटीका	पद्मप्रभ त्रैविद्य	सिद्धान्त	कन्नड
८	,,	केशवण्ण	,,	,,
९	तत्त्वार्थवृत्ति	दिवाकरनंदी	,,	भाषा
१०	आत्मानुशासनटीका	केशवार्य	अध्यात्म	संस्कृत
११	जीवसंबोधन	बंधुवर्मा	,,	कन्नड
१२	परमात्मप्रकाशटीका	बालचंद्र	अध्यात्म	कन्नड
१३	पंचपरमेष्ठिस्वरूप	श्रीनंदी	,,	,,
१४	षट्समाचारलक्षण	×	,,	संस्कृत
१५	[२]उपदेशरत्नमाला	सकलभूषण	आचार	,,
१६	प्रतिष्ठाकल्पटिप्पण	कुमुदचंद्र	प्रतिष्ठा	,,
१७	जिनसंहिता	एकसंधि	,,	,,
१८	,,	ब्रह्मसूरि	,,	,,
१९	मृत्युञ्जयाराधना	×	आराधना	,,
२०	सहस्रनामाराधना	×	,,	,,
२१	न्यायमणिदीपिका	×	न्याय	,,
२२	प्रमाणप्रमेयकलिका	नरेंद्रसूरि	,,	,,
२३	प्रमाप्रमेय [अपूर्ण]	भावसेन त्रैविद्य	,,	,,
२४	लघीयस्त्रयवृत्ति	अभयचंद्र	,,	,,
२५	विश्वतत्त्वप्रकाश	भावसेन त्रैविद्य	,,	,,
२६	मंत्रव्याकरण	समंतभद्र	व्याकरण	,,
२७	रूपावतार	[३]धर्मकीर्ति	,,	,,
२८	रूपावतारवृत्ति	[४]वीरसेन	व्याकरण	संस्कृत
२९	शाकटायन अमोघवृत्ति	शाकटायन	,,	,,
३०	चंद्रप्रभटीका	×	काव्य	,,
३१	यशोधरटीका	लक्ष्मण	,,	,,
३२	राघवपाण्डवीयटीका	सूरि	,,	,,
३३	कर्णामृतपुराण	विजयकीर्ति	पुराण	हिंदी

२ इसका अपर नाम 'गुणषट्कर्मप्रकाशिका' है। कर्त्ता सकलभूषण शुभचंद्र के शिष्य हैं।

३ यह नाम 'जिनरत्नकोश' के आधार पर दिया गया है।

४ यह भैरवेश का आस्थान कवि था।

३४	आदिपुराण	हस्तिमल्ल	,,	संस्कृत
३५	,,	सकलकीर्ति	,,	,,
३६	*हरिवंशपुराण	×	,,	कन्नड
३७	जंबूस्वामिचरित	जिनदास	चरित	संस्कृत
३८	ज्ञानचंद्रचरित	कल्याणकीर्ति	,,	कन्नड
३९	सुविचारचरित	नेमण्ण	चरित	कन्नड
४०	नांपिकथाए	×	कथा	,,
४१	मरणकालज्ञान	×	ज्योतिष	संस्कृत
४२	†भैरवपद्मावतीकल्प	मल्लिषेण	मंत्रशास्त्र	,,
४३	†विद्यानुवाद	मतिसागर	,,	,,
४४	त्रिभुवनचूडामणि	×	लोकविज्ञान	कन्नड
४५	उपन्यास	×	समीक्षा	संस्कृत
४६	आदीश्वरयक्षगान	×	गीत	कन्नड
४७	पद्मावतीयक्षगान	×	,,	,,

ग्रंथ नं० १७७, शाकटायन अमोघवृत्ति—शाकटायन ।

जम्बूद्वीपमहीशहेममुकुटप्रोत्तुंगदेवाचल-
प्रांचद्दक्षिणभारतावनिसतीताटंकवृत्ताकृति ।
अस्ति क्षेमपुरं पुरंदरपुरीसौंदर्यगर्वापहं
देवेंद्रो नृपतिः प्रशास्ति तदिदं देवेंद्रवृंदोपमः ॥१॥
तद्भागिनेयपद्मभागतुलप्रतापदावाग्निदग्धरिपुभूधरभूरिवंशः ।
सत्कीर्तिफुल्लततिमंडितचंडमल्लः प्रोत्फुल्लगल्ललितोऽस्ति हि साल्वमल्लः ॥२॥
श्रीमज्जैनमतोदयाचलकनद्बालार्कबिंबोर्जित
स्फूर्जत्कीर्तिसुधाप्रवाहधवलत्रैलोक्यसौधालयः ।
नानाशास्त्रकलाकलापकुशलः प्रत्यर्थिपृथ्वीपति-
प्रोत्तुंगाद्रिततींद्रशस्त्रसदृशः श्रीसाल्वमल्लोऽस्ति सः ॥३॥
तस्य प्रधानपुरुषः पुरुषोत्तमश्री श्रीजैनमार्गगगनांगणबालभानुः ॥
सम्यक्त्वचंदिरसुधांबुधिचारुचेताः बाभाति भासुरवचाः व्रसंगमंत्री ॥४॥

---

* यह षट्पदि छंद में है ।

† यह प्रकाशनीय है । ग्रंथ सटीक एवं शुद्ध है ।

घनतरमरुमार्गे मारकासारपूरः ततिमिग्नभोद्वप्रौद्गपीयूषभानुः ।
दवदहनवृतोर्वीजातपाथोदकल्पः कलयति बुधवृंदं बंधुरः संगमंत्री ॥५॥
अथास्ति देशे गणपूर्वशैले दिगंबरस्फारमहाप्रभावः ।
व्यराजत प्राग्विजयादिकीर्तिस्तदग्रशिष्यः श्रुतकीर्तिदेवः ॥६॥
तत्पूर्वशिष्यो विमलादिकीर्तिस्तस्मादभूद्दिग्विमामृताब्धेः ।
सुसंयमाचारविशुद्धमूर्तिः प्रबुद्धशास्त्रो विजयादिकीर्तिः ॥७॥
तस्मै विशुद्धचिदमोघमनोज्ञवृत्तिं प्रादान्मुदा विजयकीर्तिमुनीश्वराय ।
सत्कीर्तये विमलपुण्यमहाधनाय बोधाय सल्लनृपतेवरसंगमंत्री ॥८॥
श्रीमद्दुंदुभिवत्सरे सुखकरे चाषाढमासे वरे
पक्षे चंद्रमरीचिमंडिततले श्रीद्वादशीसत्तिथौ ।
वारे शुक्रसमाह्वये विजयकीर्त्यार्याय धैर्यालयः
प्रदात्प्रांचदमोघवृत्तिमतुलां ज्ञानाप्तये संगमः ॥९॥
शुभकरवरमूर्तिः स्फारचारित्रपूर्तिः प्रशमितभुवनार्तिश्चारुचंद्राभकीर्तिः ।
अतिजितमदनार्तिः सद्दयामारपूर्तिर्विनुतविजयकीर्तिर्भामिते पुण्यमूर्तिः ॥१०॥
सद्धर्माबुधिपोषकः कुवलयानंदाय नित्योदयः
सद्वृत्तो मुखसंगतिद्रवदति (?) स्वच्छेंदुकांतो व्यधात् ।
चित्रं शत्रुपक्षनिघोरतिमिरप्राग्भारनालाचलं
नापच्छारदपार्वणाखिलकलः श्रीमाल्लमल्लो विधुः ॥११॥
श्रुतविनुतविनोदः पात्रदानानुमोदः परहितकृतिशीलः सद्यशः श्रीविशालः ।
समुपचितसुपुण्यः सज्जनौघाग्रगण्यः स जयतु कुलदीपः संगमः कामरूपः ॥१२॥

[अंतिम अंश]

ग्रंथ नं० १८० गोम्मटसार [कर्मकाण्ड] कन्नडटीका—केशवण्ण ।

श्रीमद्वंशसमुद्भवाः प्रविलसद्वृत्तोज्ज्वला निर्मला
प्रांचत्कांतिभराः सदाप्तरुचयो भव्याः सुसेव्याः सताम् ।
एते लोकशिरोमणित्वमधिकं संप्राप्य मुक्तोपमाः
भांतु स्वात्ममलामृतोदयभवैर्भास्वद्गुणैर्भूषिताः ॥१॥
श्रीसर्वज्ञसुबोधरत्नतलभाक् स्यात्कारधीरोद्धुरो
गंभीरो वरनेमिचंद्रविसरद्वाक्चंद्रिकावर्द्धितः ।

विस्तीर्णो गुणरत्नभूषणभरः सारार्थपूर्णो महान्
नित्यं गोम्मटसारसंहितसुधाम्भोधिः शिवायास्तु नः ॥२॥
[अंतिम अंश]

ग्रंथ नं० २०२, यशोधरकाव्यटीका—लक्ष्मण ।

वादिराजकृतकाव्यभावनं साधुजैनमुनिपादसेवनम् ।
वीतरागचरणाब्जलोकनं प्रीतयेऽस्तु मम जन्मजन्मनि ॥१॥
श्रीमत्पद्मणगुम्मटेत्यभिमता श्रावणिना भूतले
भातिश्चारु [?] चरित्रवार्द्धिहिमगुरुस्तत्प्रीतये लक्ष्मणः ।
मन्दो बन्धुरवादिराजविदुषः काव्यस्य कल्याणदम्
टीकां क्षेमपुरेऽकरोद्गुरुतरश्रीनेमिनाथालये ॥२॥
[अंतिम अंश]

ग्रंथ नं० १७४, पद्मचरित—रविषेण ।

कल्याणोत्सवमन्दिरे समभवत्कल्याणनाम्ना पुरे
विख्याते शुभचन्द्रदेवमुनिपश्रीपादसेवारतः ।
साहित्याम्बुजषट्पदः क्षितिगतः कल्पद्रुमो वादिनाम्
निष्पिश्रेष्ठितनूभवो हरिहरः सम्यक्त्वरत्नाकरः ॥१॥
तेन श्रीमदशेषशास्त्रनिपुणप्रज्ञाय कल्याणकी-
र्त्याचार्यप्रवराय पद्मचरितं पद्मावहं सर्वदा ।
श्रोतॄणां भवदुःखभीतमनसां स्याल्लेखयित्वार्पितम्
लोकालोक... वस्तुकलनप्रोद्दामबोधाप्तये ॥२॥
[अंतिम अंश]

ग्रंथ नं० ३८, पूर्वपुराण—जिनसेन ।

दुर्वारमारागिरिभेददक्षश्रीशान्तणाख्योत्तमवर्णिना मुदा ।
दत्तं नितान्तं सुचिरं सुजीयात्सुज्ञानदं पूर्वपुराणमेतत् ॥१॥
श्रीमदम्भोलिभृद्वन्द्यो गणभृद्भक्तिभावितः ।
जीयाच्छान्तिजिनाधीशः कोणसूरुपुराधिपः ॥२॥
[अंतिम अंश]

ग्रंथ नं० १६, त्रिलोकसारटीका—माधवचन्द्र ।

तत्र [कारंजामहाधर्मक्षेत्रे] श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्रीअमरकीर्तिदेवास्तद-नुक्रमेण भ० श्रीधर्मचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीधर्मभूषणदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीविशाल-कीर्तिदेवास्तत्पट्टे श्रीधर्मचन्द्रदेवास्तेषु विद्यमानेषु ब्रह्मगुणसागराय बघेरवालवंशे चामरीयागोत्रे साजस्सा, तद्भार्या बाई गंगाई, तयोः सुतः पुतलासा, तद्भामिनी ऐसा बाई, तयोः पुत्रः सर्वोपमायोग्यः माहिरासा, तत्प्रिया मालाई, तयोः सूनू द्वौ पुतलासा वर्धसा नामानौ, तयोर्मध्ये ज्येष्ठो धर्मभारधुरंधरः पुतलासाख्यस्तेनेयं त्रैलोक्यसारमहाग्रंथटीका ज्ञानावरणकर्मक्षयार्थं लिखाप्य दत्ता ।

[अंतिम अंश]

तारण स्वामी और उनके उपदेश

[ले० श्रीयुत ज्ञानचन्द्र जैन बी० ए०, एल०-एल० बी० नागपुर]

अध्यात्मवाद के सिद्धान्तों का प्रचार करने वाले अनेक विद्वान समय-समय पर हुए हैं। उन्होंने काल के मांग की पूर्ति की और मानव धर्म के सिद्धान्तों का प्रचार किया। पन्द्रहवीं शताब्दी में भारतवर्ष में एक धार्मिक क्रान्ति मची हुई थी। मुसलमानों के शासन काल में धर्म का पालन करना एक कठिन कार्य हो गया था। आवश्यकता ऐसे महात्माओं तथा सुधारकों की थी जो भगवान महावीर के सार्वभौमिक सिद्धान्तों का प्रचार कर प्राणीमात्र का कल्याण कर सकें। भगवान महावीर के निर्वाण काल के बाद अनेक आचार्यों तथा महात्माओं ने इन सिद्धान्तों का प्रचार किया और ऐसे अमूल्य ग्रन्थों की रचना की जो विश्व-साहित्य-गगन में हमेशा चमकते रहेंगे और अपने जाज्वल्यमान प्रकाश द्वारा मानव मात्र का उद्धार करेंगे। उस समय भारतवर्ष में जैन धर्म का बहुत प्रचार था। राजा और महाराजाओं ने भी उसे अपनाया था और उनके संरक्षण में भी उसका प्रचार हुआ। परन्तु कुछ समय के बाद जैन विद्वानों ने धर्म को इतना संकुचित बना दिया कि उसमें बाहर से आने वालों के लिये कोई स्थान नहीं रहा। ऊँच नीच का भेद फैल गया। फलतः मानव मात्र का कल्याण करने वाला जैनधर्म कुछ लोगों की ही संपत्ति बन गया। अन्य धर्मों का प्रचार हुआ परन्तु जैन-धर्म का क्रमशः ह्रास ही होता गया। यह क्रम कई वर्षों तक चलता रहा और जैन धर्मानुयायियों की संख्या घटती ही गई। उस समय आवश्यकता ऐसे महात्माओं की थी जो समस्त भेदभाव मिटा कर, जैन धर्म का विशाल द्वार सबके लिये खोल दें।

पन्द्रहवीं शताब्दि में तारण स्वामी नाम के एक आचार्य और सुधारक हो गये हैं। उनका जन्म पुहुपावती नगरी में सन् १४४८ (विक्रम संवत् १५०५) में हुआ था। आप सन्त कबीर, गुरु नानक, लोकाशाह तथा अन्य सुधारकों के समकालीन थे। स्वामी जी के पिता का नाम गढासाव था। वे बहलोलखां लोधी के दरबार में जो कि उस समय देहली के बादशाह थे किसी ओहदे पर थे। बाद में कुछ कारणवश वे देहली छोड़ पुहुपावती नगरी में बस गये। वहां पर ही स्वामी जी का जन्म हुआ। बाल्यकाल से ही आपके होनहार होने के लक्षण दिखलाई देते थे। आपकी स्मरण शक्ति बहुत तीव्र थी। आपकी शिक्षा श्री श्रुतसागर मुनि के पास हुई। अल्पकाल में ही आपने बहुत से ग्रन्थों का अध्ययन कर लिया। आप आजन्म ब्रह्मचारी रहे तथा महान अध्यात्मवादी तथा योगाभ्यासी थे। आप धर्म के बाह्य आडम्बरों को पसन्द नहीं करते थे और इसी कारण आपने मूर्तिपूजा का विरोध किया।

यदि हृदय पवित्र भावना से रिक्त है तो जड़ पूजा से क्या लाभ होगा। वास्तव में आत्मा ही सब कुछ है। वह ही परमात्मा है यदि हम उसे उस योग्य बना लें। आपने कहा कि जैन धर्म में समस्त प्राणियों के लिये स्थान है, वह सबका कल्याण करने वाला है। भगवान महावीर के समवशरण में पशु-पक्षियों तक को स्थान प्राप्त था। सत्त्वेषु मैत्री का पाठ पढ़ाने वाले जैनधर्म में नीच, ऊंच का भेद कभी भी नहीं हो सकता।

इन सब सिद्धान्तों को लेकर स्वामी जी ने फिर से धर्म प्रचार का बीड़ा उठाया। आपने भगवान महावीर की संघ योजना का अनुसरण किया।

उस समय के संकीर्ण हृदय वाले लोगों को आपके ये सिद्धान्त पसन्द न आये। उन्होंने स्वामी जी का विरोध किया। आपको कई प्रकार के प्रलोभन दिये गये, दबाव भी डाले गये कि आप इस प्रकार का प्रचार न करें परन्तु जब स्वामी जी अपने मार्ग से विचलित न हुए तो आपको मार डालने का भी प्रयत्न किया गया। मल्हारगढ़ किले के पास बेतवा नदी है उसके आसपास घने जंगल हैं। स्वामी जी इन्हीं जंगलों में निवास करते थे, क्योंकि वे सामायिक तथा ध्यान के लिये उपयुक्त स्थान थे। इस नदी के घाट से पार उतारने वाले मल्लाह को जिसका नाम चिदानन्द चौधरी था, यह कहा गया कि वह स्वामी जी को अपनी नाव में बैठा कर नदी के गहरे जल में ले जाकर छोड़ दे। उसने ऐसा ही किया और एक के बाद एक तीन गहरे स्थानों में ले जाकर स्वामी जी को डुबाने का प्रयत्न किया परन्तु जहां २ आपको डुबोने के लिये नाव उलटाई गई वहीं २ पर पानी के बीच स्वामी जी चबूतरे पर बैठे पाये गये। यह आश्चर्य जनक घटना देखकर चिदानन्द ने समझा कि स्वामी जी को अवश्य ही कोई महात्मा होना चाहिये और उसे अपने कार्य पर पछतावा हुआ। उसी दिन से चिदानन्द स्वामी जी का शिष्य बन गया। ये चबूतरे अभी भी बेतवा नदी के बीच मौजूद हैं और तारण पंथियों द्वारा पवित्र माने जाते हैं। प्रतिवर्ष हजारों यात्री इन चबूतरों के दर्शनों को जाते हैं और स्वामी जी के प्रति अपनी श्रद्धांजलियां अर्पण करते हैं।

धीरे २ स्वामी जी का विरोध घटने लगा। आप निर्भय होकर अपने मिशन में लगे रहे। आपने मध्यभारत, गुजरात, संयुक्तप्रान्त और मध्यप्रान्त का भ्रमण किया और अनेक लोगों में अपने सिद्धान्तों का प्रचार किया। बहुत से राजाओं ने भी जैन धर्म के सिद्धान्तों को अपनाया। इनमें गुजरात के राजा शिवकुमार, शाहकुमार तथा रायसेन गढ़ के राजा मुख्य थे। इस तरह अपने जीवन में आपने ५५३५१९ व्यक्तियों को अपने आम्नाय में दीक्षित किया। आपके शिष्य भी अनेक हो गये। इनमें मुख्य चिदानन्द चौधरी, लक्ष्मण पाण्डे, परमानन्द विलासी, सुन्दर शाह तेली और लुकमान शाह नाम के मुसलमान भी थे। स्वामी जी की मृत्यु के बाद उनके अनुयायियों ने इस सम्प्रदाय को तारण पंथ नाम से घोषित

किया और वे तारण पंथी कहलाने लगे। इस पंथ के मानने वालों में छह जातियां शामिल हैं, इनके नाम ये हैं:—चरणागार, समैया, असेठी, अयोध्या वासी, गोलापूरब और दोसके। ये समस्त जातियां एक हो गई हैं और उनमें रोटी बेटी व्यवहार होता है।

स्वामी जी द्वारा रचित ग्रन्थ

तारण स्वामी ने कुल १४ ग्रन्थों की रचना की है। ये ग्रन्थ पन्द्रहवीं शताब्दि में प्रचलित संस्कृत हिन्दी मिश्रित भाषा में है। बहुत समय तक इन ग्रन्थों की टीका तथा प्रकाशन की ओर ध्यान नहीं दिया गया परन्तु बाद में स्वर्गीय श्री ब्रह्मचारी शीतल प्रसाद जी ने इस कार्य को अपने हाथ में लिया और ७ ग्रन्थों की टीकाएं सरल हिन्दी भाषा में कीं। ये ग्रन्थ जैन मित्र कार्यालय सूरत से प्रकाशित भी हो गये हैं। बाकी ७ ग्रन्थों की टीका तथा प्रकाशन का कार्य अभी बाकी है। सारे ग्रन्थों में अध्यात्मवाद और जैन सिद्धान्तों का सुन्दर विवेचन किया गया है और उनमें आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग बतलाया गया है। उन सब में निश्चय नय की प्रधानता है। ग्रन्थों के नाम ये हैं:—

१ श्रावकाचार, २ मालारोहण, ३ पंडित पूजा, ४ कमल बत्तीसी, ५ न्याय समुच्चयसार, ६ उपदेश शुद्ध सार, ७ त्रिभंगी सार, ८ चौबीसठाणा, ९ ममल पाहुड, १० सुन्न स्वभाव, ११ सिद्ध स्वभाव, १२ खातिका विशेष, १३ छद्मस्थ वाणी, १४ नाममाला।

निर्वाण हुलसी ग्रन्थ के १८ वें श्लोक में जिसकी रचना तारण स्वामी की मृत्यु के बाद किसी शिष्य द्वारा हुई है, यह कहा गया है कि स्वामी जी ने ग्रन्थ रचना का कार्य माघ सुदी ५ संवत् १५६६ को समाप्त किया। छद्मस्थवाणी ग्रन्थ की अन्तिम कारिका में लिखा है कि 'थानों मैंने लिख प्रयोग दिये लेहरे पढ़े प्रिय प्रमाण धूर' अर्थात् जो ग्रन्थ मैंने लिख दिया है उन्हें प्रमाण मान उनका उपयोग करो। समस्त ग्रन्थों में कथन जैनाचार्यों के अनुकूल है।

निर्वाण काल

स्वामी जी का निर्वाण काल सन् १५१५ (ज्येष्ठ सुदी ६ दिन शुक्रवार विक्रम संवत् १५७२) है और आपका देहावसान श्री निसई क्षेत्र (मल्हारगढ़) में हुआ। उस समय इस क्षेत्र पर स्वामी जी के ५००० शिष्य एकत्रित हुए थे। मृत्यु के पूर्व स्वामी जी ने सब शिष्यों को धर्मोपदेश दिया।

स्वामी जी के जीवन से सम्बन्धित पवित्र स्थान

श्री निसई जी (मल्हारगढ़)

यह स्थान ग्वालियर स्टेट में मलहारगढ़ के किले के पास बेतवा नदी के तट पर स्थित है। यह बीना कोटा लाइन के मुंगावली स्टेशन से ६ मील की दूरी पर है। यहां पर प्रतिवर्ष

हजारों की तादाद में तारण पंथी यात्री आते हैं। यहां पर सुरम्य वन के बीच बड़े २ मन्दिर बने हुए हैं। बेतवा नदी के तट पर स्वामी जी के सामायिक करने का चबूतरा भी स्थित है। स्वामी जी के जीवन का अधिक भाग मल्हारगढ़ में ही बीता और उनका देहावसान भी यहां ही हुआ।

श्री सेमर खेडी

यह मध्यभारत की रियासत टोंक की सिरोंज तहसील में जंगलों के बीच स्थित है। यहां पर भी बड़े २ मन्दिर बने हुए हैं। स्वामी जी इन्हीं जंगलों में सामायिक करते थे, और ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने मुनि पद की दीक्षा यहां पर ली थी।

श्री सूखा निसई

यह स्थान मध्यप्रान्त के दमोह डिविजन में पथरिया स्टेशन से ७ मील दूर स्थित है। यह एक अतिशय क्षेत्र है। यहां पर स्वामी जी ने कुछ काल निवास किया था और आसपास के लोगों को उपदेश दिया था। यहां ४०० वर्ष पुरानी विशाल वापिका है और बगीचे के चारों ओर पक्का परकोटा है। खोज करने पर और भी प्राचीन बातें सामने आ सकती हैं।

नोट:—तारण स्वामी छद्मस्थ ज्ञानी थे, इस कारण मूर्त्ति पूजा की महत्ता को बिना समझे ही उसका उन्होंने खण्डन किया है। यदि वे गम्भीरता से विचार करते तो उन्हें अध्यात्मवाद के समान उसकी उपयोगिता भी मालूम पड़ जाती। जहाँ स्वामी जी ने अनेक सुधार के कार्य किये वहाँ उनसे एक गलती यह हो गई। — नेमिचन्द्र शास्त्री

भावदेवसूरि एवं लाहौर के सुलतान सम्बन्धी विशेष ज्ञातव्य

[लेखक—श्रीयुत बाबू अगरचन्द नाहटा]

